لا إله إلا الله محمد رسول الله

जिल्द-1

हदीस नं. 1-2222

مشكاة المصابيح

मिश्कातुल मासाबीह

वलियुद्दीन अबू अब्दुल्लाह मुहम्मद इब्ने

अब्दुल्लाह अल ख़तीब तबरेज़ी (वफ़ात 740 हि.)

तहकिम व तखरिज

हाफिज जुबैर अली ज़ई(वफ़ात 10 Nov. 2013)

उर्दू तर्जुमा

अबू अनस मुहम्मद सरवर गौहर

हिंदी तर्जुमा

मुहम्मद शोएब इब्ने डॉ. अब्दुल करीम

नज़र ए सानी

अलाउद्दीन अन्सारी फलाही

*अगर आप pdf मैं ये देख रहे है तो पेज नंबर पे क्लिक(CLICK) करने पर वो पेज खुल जाएगा इंशाअल्लाह

मुकद्दमा	3
गुज़ारिश ए नज़रे शानी	4
हाफ़िज़ जुबैर अली ज़ई ﷬ का मुकद्दमा	5
इमाम तबरेज़ी ﷬ का मुकद्दमा	7

किताबुल ईमान

ईमान का बयान	10
कबीरह गुनाहों और निफाक की अलामतो का बयान	30
वसवसो का बयान	35
तकदीर पर ईमान लाने का बयान	41
अज़ाब ए कब्र का बयान	59
किताब व सुन्नत को मज़बूती से पकड़ने का बयान	67

किताबुल इल्म

इल्म और उसकी फ़ज़ीलत का बयान	89

कतिाबुत्हारह

पाकीज़गी का बयान	116
वुज़ू के वाजिब होने के अस्बाब का बयान	123
कज़ा ए हाजत के आदाब का बयान	132
मिस्वाक करने का बयान	145
वुज़ू की सुन्नतो का बयान	149
गुसल का बयान	161
जुनुबी शख्स से मेलजोल रखने और इस के लिए मुबाह उमूर का बयान	167
पानी के अहकाम का बयान	174
नजासत दूर करने का बयान	179
मोज़ो पर मसाह करने का बयान	187
तयम्मुम का बयान	190
गुस्ल ए मस्नुन का बयान	194
हैज़ का बयान	197
मुस्तहाजा का बयान	201

किताबुस्सलात

नमाज़ का बयान	205
नमाज़ के वक्तो का बयान	210
अव्वल वक़्त में नमाज़ पढ़ने के तरीके का बयान	214
फ़ज़ाइल ए नमाज़ का बयान	225
अज़ान का बयान	230
अज़ान देने और अज़ान का जवाब देने की फ़ज़ीलत	235
अज़ान में ताखीर करने का बयान	243
मसाजिद और नमाज़ पढ़ने के मकामात का बयान	247
सतर का बयान	268
सूतरे का बयान	273
नमाज़ पढ़ने के तरीके का बयान	279
तकबीर ए तहरिमा के बाद पढ़ी जाने वाली चीजों का बयान	288
नमाज़ में किराअत का बयान	293
रुकू का बयान	307
सजदा और उस की फ़ज़ीलत का बयान	313
तशहहुद का बयान	319
नबी ﷺ पर दुरुद व सलाम भेजने और इसकी फ़ज़ीलत का बयान	324
तशहहुद की दुआओं का बयान	331
नमाज़ के बाद ज़िक्र करने का बयान	337
नमाज़ के दौरान नाजाइज़ और मुबाह आमाल का बयान	344
नमाज़ में भूल जाने का बयान	355
सजदा ए तिलावत का बयान	359
नमाज़ के लिए मना वक्तो का बयान	364
बा जमात नमाज़ और इसकी फ़ज़ीलत का बयान	370
सफ़ें सीधी करने का बयान	380
नमाज़ में खड़े होने की जगह का बयान	387
इमामत का बयान	391
इमाम की ज़िम्मेदारी का बयान	395
मुक्तदी के लिए इमाम की पैरवी और मस्बुक के हुक्म का बयान	398
दो मर्तबा नमाज़ पढ़ने वाले आदमी का बयान	404
सुन्नतें और इसकी फ़ज़ीलत का बयान	407

तहज्जुद की नमाज़ का बयान	416
तहज्जुद की नमाज़ के अज़कार का बयान	424
रात के कयाम (तहज्जुद) पर रगबत दिलाने का बयान	427
आमाल में मियाना रवी का बयान	434
वित्र का बयान	439
कुनूत का बयान	449
माहे रमज़ान के कयाम का बयान	452
चाश्त की नमाज़ का बयान	457
नफ्ल नमाज़ का बयान	461
नमाज़ की तस्बीह का बयान	464
सफ़र में नमाज़ का बयान	466
जुमा का बयान	473
जुमे के वाजिब होने का बयान	479
जुमा के दिन पाकी सफाई और मस्जिद जाने का बयान	483
जुमा के दिन खुतबे और नमाज़ का बयान	489
नमाज़ ए खौफ का बयान	494
नमाज़ ए इदेन का बयान	497
नमाज़ ए ईदैन का बयान	505
कुर्बानी का बयान	513
अतीरह का बयान	515
नमाज़ ए खुसूफ का बयान	520
सज्द ए शुक्र का बयान	521
नमाज़ ए इसतिसका का बयान	526

किताबुल जनाइज़

मरीज़ की इयादत और मर्ज़ के सवाब का बयान	531
मौत की तमन्ना करने और उसे याद रखने का बयान	555
निज़ा के आलम में मुब्तिला शख्स के पास क्या कहना चाहिए	561
मय्यत को गुस्ल और कफ़न देने का बयान	571
जनाज़े के साथ जाने और जनाज़े की नमाज़ पढ़ने के तरीके का बयान	575
मय्यत को दफ़न करने का बयान	589
मय्यत पे रोने का बयान	598
क़ब्रो की ज़ियारत का बयान	613

किताबुज्ज़कात

ज़कात का बयान	617
किन किन चीजों पर ज़कात फ़र्ज़ होता है	626
सदक ए फ़ित्र	634
किसको सदका देना जाएज नहीं	637
सवाल करना किसके लिए जाएज है और किसके लिए नाजाएज	642
सखावत की फ़ज़ीलत और बखील की मज़म्मत का बयान	650
सदके की फ़ज़ीलत का बयान	661
बेहतरीन सदके का बयान	675
बीवी का शौहर के माल से सदका करने का बयान	681
सदका वापस लेने का बयान	684

किताबुस्सौम

रोज़ो का बयान	685
चाँद को देखने का बयान	690
रोज़े से मुतल्लिक मुतफ़र्रिक मसाइल का बयान	694
उन कामो का बयान जिन से रोज़े की हालत में बचना चाहिए	699
मुसाफिर के रोज़े का बयान	705
क़ज़ा रोज़ो का बयान	709
नफ्ल रोज़ो का बयान	711
नफ्ली रोज़े और इफ्तार का बयान	723
कद्र की रात का बयान	726
एतेकाफ़ का बयान	731

कुरआन की फ़ज़ीलत का बयान

फ़ज़ाइल ए कुरान का बयान	735
तिलावत ए कुरान और दरस ए कुरान के आदाब का बयान	761
कुरान की किराअत और जमा करने में इख्तिलाफ का बयान	769

*अगर आप pdf मैं ये देख रहे है तो पेज नंबर पे क्लिक(CLICK) करने पर वो पेज खुल जाएगा इंशाअल्लाह

मुकद्दमा हिंदी तर्जुमा

الحمد لله رب العالمين و الصلوة والسلم على رسول الأمين أما بعض

तमाम तारीफे अल्लाह ही के लिए है, हम इसी की तारीफ़ करते हैं, इसी से मदद तलब करते हैं, इसी से मगफिरत चाहते हैं, और हम अपने नफ्स की शरारतों और अपने आमाल की बुराइयों से अल्लाह तआला की पनाह चाहते हैं, जिस शख्स को अल्लाह तआला हिदायत अता फरमादे इसे कोई गुमराह नहीं कर सकता और जिस को दो गुमराह कर दे इसे कोई हिदायत नहीं दे सकता, और में गवाही देता हूँ के अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं, एसी गवाही जो निजात के लिए वसीला और बुलंद दरजात के लिए ज़ामिन हो, और में गवाही देता हूँ के मुहम्मद ﷺ इस के बंदे और इस के रसूल है, अल्लाह तआला फैसल भाई पर रहम करे जिन्होंने मुझे मिशाकतुल मसाबिह के हिंदी तर्जुमे के इस मुक़द्दस काम पे चलाया, इस के आगे के पढ़ने वाले आगे पढ़े मैं कुछ पढ़ने वालों के लिए कुछ बाते कहना चाहता हूँ,

1. अल्हम्दुलिल्लाह, मिश्कातुल मसाबिह का तर्जुमा आज 7 नवम्बर 2022 के रोज़ तक मुकम्मल हो चूका है|
2. आज 29 जनवरी 2023 को पिछले संस्करण का सुधरा हुआ संस्करण अपलोड किया जा रहा है
3. वैसे ये तर्जुमा तो देवनागरी लिपि मैं है लेकिन इन को जहाँ तक हो सके आसान उर्दू और हिंदी के मिले जुले अलफ़ाज़ से किया गया है, और तर्जुमा करते वक़्त पूरी कोशीश की गई है के वो अलफ़ाज़ का इस्तेमाल किया जाए जो आम बोलचाल में इस्तेमाल हो रहे हों|
4. फिर भी इंसान होने के नाते मुझ से जो गलती हुई है उस के लिए मैं अल्लाह की पनाह चाहता हूँ और अल्लाह की मगफिरत चाहता हूँ, कोई इंसान गलती से पाक नहीं हो सकता गलती से पाक सिर्फ अल्लाह की ज़ात है| और आगे मेरी कोशिश होगी के में इस मजीद गलतियों में सुधार ला सकूं| और इस की जो भी गलती की निशानदेही की जाएगी उसे सुधार के pdf को http://archive.org पे अपलोड कर दिया जाएगा इन्शालाह उस की लिंक ये है 
5. इस किताब में जो अरबी मतन है उसकी तहकिम शैख़ अल्बानी رحمهما الله की है और जो हिंदी मतन मैं तहकिम है वो शैख़ जुबैर अली ज़ई رحمهما الله की है|
6. इस तर्जुमे मैं जो तखरिज और तहकिम का हिंदी तर्जुमा का काम अभी बाकी है, और इंशाअल्लाह जैसे है वो मुकम्मल होगा वैसे ही उसका pdf book भी online कर दी जाएगी|

अल्लाह तआला से दुआ है के वो मेरी इस कोशिश को मेरे लिए और मेरे वालिद मरहूम डॉ. अब्दुलकरीम और मुहतरम फैसल भाई के लिए तोषे आखिरत बनाए और पढ़ने वालो के लिए इल्म व तहकीक की दलील और रोशन मीनार बनाए, ताकि सहीह अहादीस पर अमल हो और ज़ईफ़ रिवायत से बचा जाए आमीन|

मुहम्मद शोएब इब्ने अब्दुल करीम इब्ने दोस्त मुहम्मद

7 नवम्बर 2022

गुजारिश

मैं ने मिश्कातुल मसाबीह के इस हिन्दी तर्जुमे को पढा है और बहुत सारी जगहों पर तसहीह भी की है । खास तौर पर उसके बाब और फसल के तर्जुमें को बेहतर से बेहतर बनाने की कोशिश की है । इस में कोइ बड़ी गलती नहीं है । इस को छापना और फैलाना बहुत अज़ीम काम है ।

इस किताब की तयारी में असल मेहनत मोहतरम मोहम्मद शुऐब साहब ने की है । उन के अलावह इरफान अली और दुसरे भाइयौं ने उन का साथ दिया है । हम सब की मेहनत के बावजुद इस में गलतीयौं का इमकान है । कारेइने किराम से दरखास्त है कि इसको हिदायत और सवाब की नियत से पढें और दूसरों तक पहुंचाएं । कोइ भी गलती मिलने पर हमें इत्तेला करें ताकि दूसरी बार छापने से पहले इसलाह कर सकें । अल्लाह से दुआ है कि इस किताब की तैयारी, छापने, पढने, अमल करने और फैलाने वाले सारे लोगों को जज़ाए खैर दे, दुनिया और आखिरत दोनों की कामयाबी अता फरमाए । आमीन ।

आप का दीनी भाइ

अलाउद्दीन अन्सारी फलाही

नेपाली जुबान में कुरआन का मुतर्जिम

हरीनगर- 7, सुन्सरी नेपाल

पी एच डी स्कालर, इस्लामिक स्टडीज (तफसीर)

एम ए, इस्लामिक स्टडीज (तफसीर)

सुल्तान शरीफ अली इस्लामिक युनिवरसीटी ब्रुनाइ दारुस्सलाम

बी ए आनर्स, इस्लामिक स्टडीज (अकीदा व कमपेरेटिभ रिलिजियन) इन्टरनेश्नल इस्लामिक युनिवर्सीटी इस्लामाबाद, पाकिस्तान

आलिमियत फजीलत, जामेअतुल फलाह बिलेरया गंज आजमगढ, यू पी इन्डिया

मुकद्दमा तखरिज व तहकिम मिश्कातुल मसाबिह

الحمد لله رب العالمين و الصلوة والسلم على رسول الأمين أما بعض

आठवीं सदी हीजरी में अल्लामा वलियुद्दीन अबू अब्दुल्लाह अल ख़तीब अल उमरी अल तबरेज़ी राहिमुल्लाह (वफात करीब 740 ही.) ने मशहूर सिका मुहद्दिस अब मुहम्मद हुसैन बिन मसूद बिन मुहम्मद अल फराअ अल बगवी राहिमुल्लाह (वफात 516 ही.) की किताब **मसाबिह अल सुन्नाह** को हदिसे इज़ाफो के साथ **मिश्कात उल मसाबिह** के नाम से मुरत्तब किया और इसे बर्रे सगीर पाक व हिन्द बलके आलमे इस्लाम में खूब पज़ेराई मिली, नेज़ बहुत से मदारिस में ये किताब दाखले निसाब भी है|

तबरेज़ी मज़कुर के बारे में उन के दोस्त अल्लामा शरफुद्दीन हुसैन बिन मुहम्मद बिन अब्दुल्लाह अल तय्बी राहिमुल्लाह (वफात 743 ही.) ने फ़रमाया: “दिनी भाई यकीं में हिस्सेदार यानी काबिल इ एतमाद साथी. औलिया में बाकी रह जाने वाले...”**(अल काशिफ अन हकाइक अल सुनन** जास 18)

तय्बी मजकुर ने **“अल काशिफ अन हकाइक अल सुनन”** के नाम से मिश्कातुल मसाबिह की मशहूर और अज़ीम शरह लिखी जो बारह (12) जिल्दों में मअल फहारिस मतबूअ है|

इस लिखनेवाले ने अल्लाह तआला के फज़ल व करम से मिश्कातुल मसाबिह पर “इज़ाअअल मसाबिह” के नाम से जो बड़े और अहम काम किए है वो निचे लिखे है:

1. तर्जुमा
2. तखरिज व तहकीक
3. सेहत व जईफ के लिहाज़ से हर रिवायत पर हुक्म
4. फिकहल हदीस के उनवान से मसाइल व फवाइद के इस्तंबात

इस की पहली जिल्द (हदीस अता 280) जो किताबुल इमान और किताबुल इल्म पर मुश्तमिल है, मुक्कम्मल हुई, और मेरे मुहतरम दोस्त मौलाना मुहम्मद सरूर आसिम हाफ़िज़ उल्लाह के अज़ीम क़ुतुब खाने (मक्तबा ए इस्लामिया फैसलाबाद लाहोर) से आला मीअयार पर मतबूअ है|

बाकी हिस्सा अभी ज़ैरे तकमील है और इस पर मक्दुर भर काम जारी है| जब दूसरी जिल्द मुकम्मल होगी तो इसे भी शै कर दिया जाए गा इंशाअल्लाह|

मिश्कात की मकबूलियत और अवाम की ज़रूरत के पेशे नज़र फिलहाल मक्तबा इ इस्लामिया की शाए करदा मिश्कात को ही तहकीक व तखरिज के साथ तीन जिल्दो में शाए किया जा रहा है|

मेरे नज़दीक सहीहैन(सहीह बुखारी और मुस्लिम) की तमाम मर्फुअ मुसनद मुत्तसिल रिवायत बिलकुल सहीह है और इन में से बाज़ रिवायत हसन लिज़ाती भी है, यानी हुज्जत है, नेज़ सहीहैन में मज़कूरा शर्त के मुताबिक़एक भी जईफ रिवायत नहीं, लिहाज़ा सहीहैन की अहादीस की सिर्फ तखरिज पर इक्तेफा किया गया है और उन के अलावा तमाम रिवायात की तखरिज व तहकीक कर दी गई है और ज़ईफ़ रिवायात की वजह ज़ईफ़ भी बयान करदी है, ताके जो ज़िन्दा रहे दलील देख कर जिए और जो मरे तो दलील देख कर मरे|

इस किताब की तर्किम(अहादीस की नंबरिंग) दारुल कुतुब अल इल्मिया बैरुत,लेबनान के दो जिल्दो में मतबूअ नुस्खे और मक्तबा इ इस्लामिया की शाएशुदा मिश्कातूल मसाबिह के ऐन मुताबिक़ है|

एक अहम् तरीन बात ये है के हदीस नंबर से लेकर नंबर 5972 तक ये तमाम नंबर मशहूर मुहद्दिस शैख़ मुहम्मद नासिरुद्दीन अल्बानी राहिमुल्लाह की तहकीक व तालिक वाल्ली मिश्कातुल मसाबिह के भी मुकम्मल मुवाफिक है और 5973 से आखिर तक मामूली फर्क है|

तंबीह: साहबे मिश्कात कई मकामत पर हदीस को जिस किताब के हवाले से ज़िक्र करते है, मसलन कॉल: रवाह मुस्लिम या रवाह अल बुखारी तो बाज़ मकामात पर असल किताब को देखने के बाद मालुम होता है के ये अलफ़ाज़ मिन्नोअन (बिलकुल समान) वो किताब में नहीं है, बलके इन्हें बतौर मफ्हुमया बतौर ए मुख्तलिफ रिवायत बयान किया गया है| लिहाज़ाहदीस का हवाला असल ज़िक्र की गई किताब से मिला लेना चाहिए, या फिर मिश्कात के ज़रिए से हवाला लिखते वक्त मिश्कात का ही ज़िक्र किया जाए, यानी वल लफ्ज़ की सराहत कर दी जाए, ताकि किसी किस्म का भ्रम बाकी न रहे|

अल्लाह तआला से दुआ है के वो मेरी इस कोशिश को मेरे लिए और मुहतरम मुहम्मद सरवर आसिम हाफिज़ाउल्लाह के लिए तोषे आखिरत बनाए और पढ़ने वालो के लिए इल्म व तहकीक की दलील और रोशन मीनार बनाए, ताकि सहीह अहादीस पर अमल हो और ज़ईफ़ रिवायत से बचा जाए आमीन|

हाफ़िज़ जुबैर अली ज़इ

26 जून 2011 इसवी

بِسْمِ اللّٰہِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ

इमाम तबरेज़ी ﷫ का मुकद्दमा

तमाम तारीफे अल्लाह ही के लिए है, हम इसी की तारीफ़ करते हैं, इसी से मदद तलब करते हैं, इसी से मगफिरत चाहते हैं, और हम अपने नफ्स की शरारतों और अपने आमाल की बुराइयों से अल्लाह तआला की पनाह चाहते हैं, जिस शख्स को अल्लाह तआला हिदायत अता फरमादे इसे कोई गुमराह नहीं कर सकता और जिस को दो गुमराह कर दे इसे कोई हिदायत नहीं दे सकता, और में गवाही देता हूँ के अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं, एसी गवाही जो निजात के लिए वसीला और बुलंद दरजात के लिए ज़ामिन हो, और में गवाही देता हूँ के मुहम्मद ﷺ इस के बंदे और इस के रसूल है, जिस ने उन्हें इस हालात में मबउस फ़रमाया के ईमान की राहों के निशान मिट चुके थे, इस के अनवार बुझ चुके थे, इस के अरकान कमज़ोर हो चुके थे और इस की जगहें मझहुल हो चुकी थी, तो आप ﷺ ने इस के निशानात, जो के मिट चुके थे, को बुलंद और उजागर किया, और आप ने कलमा ए तौहीद की ताईद में ऐसे इलिय्यिल शख्स को जो के (जहन्नम के) किनारे पर पहुँच चूका था, बचाया और आप ने राहे हिदायत के तलबगार पर इस रोशन राह को वाज़ेह किया, और आप ने सआदत के खज़ानो को इन पर वाज़ेह किया जो इन के मिल्कीयत का इरादा रखते है|

अम्मा बाद! नबी ए अकरम ﷺ की सीरत के साथ तमसिक तब ही टिकाऊ और लंबे वक्त तक चल सकता है जब आप से जारी होने वाले अहकामात (हुक्म) की इत्तेबा की जाए, और अल्लाह तआला की रस्सी (कुरान ए करीम) के साथ तमसिक आप ﷺ की सुन्नत के बयान के साथ ही मुकम्मल हो सकता हैं, और “किताब अल मसाबिह” जिसे मुह्यी अल सुनना और कातेअ बिदात इमाम अबू मुहम्मद हुसैन बिन मसउद अल फराअ अल बगवी, अल्लाह तआला इन के दरजात बुलंद फरमाए, ने लिखी, इस मौज़ू पर एक निहायत जामेअ किताब थी, और मुतफ़र्रिक अहादीस को एक जगह इकट्ठा करने के हवाले से इन्तहाई मुरत्तब किताब थी और जब मुसन्निफ़ ﷬ ने इख्तेसार का उस्लूब इख्तियार करते हुए सनदों को ख़त्म कर दिया तो बाज़ नाकेदीन (आलोचक) ने इस पर कलाम किया अगर छे इस का विश्वास के साथ नक़ल करना (और सनदों को ख़त्म करना) इन के ज़िक्र करने की तरह ही है, लेकिन जो इसनादें बयान बलाग हैं वो इस्नाद ख़त्म करने में नहीं, पस मैंने इस्तिखारा के ज़रिए तौफीके इलाही तलब करते हुए जिस चीज़ की तरफ इन्होंने तवज्जो नहीं की इस की निशानदेही कर दी और हर हदीस को बिला तक्दिम व ताखीर मुनासिब जगह पर लिख दिया, जैसा की मुत्तकिन व सिका और रसिखे इल्म आइम्मा ने इसे रिवायत किया, जैसे अबू अब्दुल्लाह मुहम्मद बिन इस्माइल बुखारी, अबुल हुसैन मुस्लिम बिन हज्जाज कुशैरी, अबू अब्दुल्लाह मालिक बिन अनस अस्बई,अबू अब्दुल्लाह मुहम्मद बिन इदरिस शाफीअ, अबू अब्दुल्लाह अहमद बिन मुहम्मद बिन हंबल शैबानी, अबू इसा मुहम्मद बिन इसा तिरमिज़ी, अबू दावुद सुलेमान बिन अशअष सिजिस्तानी, अबू अब्दुल रहमान अहमद बिन शुएब नसई, अबू अब्दुल्लाह

मुहम्मद बिन यज़ीद बिन माजा क़ज्विनी,अबू मुहम्मद अब्दुल्लाह बिन अब्दुल रहमान दारमी, अबूल हसनअली बिन उमर दारकुतनी, अबू बक्र अहमद बिन ,हुसैन बय्हकी, अबुल हुसैन राजीन बिन मुआविया अब्दरी ﷺ और इन के अलावा भी कुछ इन्ही के मिस्ल है जिन्होंने रिवायत किया है जबके वो क़लील है| और जब मैंने हदीस को इन आइम्मा की तरफ मंसूब कर दिया तो गोया मैंने इस हदीस को नबी ﷺ तक पहुंचा दिया, क्यूंकि वो (आइम्मा) इस (इस्नाद) से गरीग हो चुके और उन्होंने हमें भी नियाज़ कर दिया, और मैंने कुतब (जैसे किताबुल इल्म वगैरा) और अबवाब को वैसे ही रखा जैसे उन्होंने (इमाम बगवी ﷺ) ने तरतीब दिया था, और इस बारे में मैंने इन की इत्तेबा की, मैंने हर बाब को गालब तौर पर तीन फसलों में तकसीम किया| पहली फस्ल उन अहादीस पर मुश्तमिल हैं जिन्हें इमाम बुखारी और मुस्लिम दौनों ने रिवायत किया है या उन में से एक ने, और आर इस हदीस के इन के सिवा किसी और ने भी रिवायत किया है तो मैंने रिवायत में इन दोनों के आला दर्जे पर फैज़ होने की वजह से इन दोनों की रिवायत पर इक्तेफा किया हैं|

दूसरी फस्ल उन अहादीस पर मुश्तमिल हैं जिन को इमाम बुखारी और इमाम मुस्लिम के अलावा पहले ज़िक्र किए गए आइम्मा में से किसी ने रिवायत किया है, और तीसरी फस्ल उन अहादीस पर मुश्तमिल है जो मानी बाब पर मुश्तमिल हो और मनासब मुल्हकात में से हो, लेकिन यहाँ भी (रावी और रिवायत नक़्ल करने वाले इमाम के ज़िक्र की) शर्त का ख़याल रखा गया है, अगर वो सलफ (सहबा किराम) और खल्फ (ताबेइन) से मन्कुल व मरवी हो|

फिर अगर आप किसी बाब में कोई हदीस न पाए तो वो इस लिए है, की मैंने तकरार की वजह से इसे नक़्ल नहीं किया, और अगर आप हदीस का कुछ हिस्सा मतरुक पाए तो वो इस का इक्तेसार या इस के साथ मिला हुआ इस का इत्माम इस की अहमियत की वजह से होगा, और अगर आप को दोनों फसलो में कोई इख्तिलाफ नज़र आए के पहली फस्ल में सहीह बुखारी और सहीह मुस्लिम के अलावा कोई हदीस है और फस्ल दुम में सहीह बुखारी और सहीह मुस्लिम की कोई हदीस है, तो आप जान ले के मैंने अल जामेअ बैन अल सहीहैन ली हुमैदी और जामेअ अल उसूल दानों किताबो की पूरी छानबीन के बाद मैंने शेखैन और इन दोनों के मतन पर ऐतमाद किया है|

और अगर आप हदीस के मतन में इख्तिलाफ देखें तो वो हदीस के मुख्तलिफ तरिक की वजह से हैं, मुमकिन है के मुझे इस रिवायत का पता न चला हो जिसे अल शैख़ इमाम बगवी ﷺ ने (मसाबिह में) नक़्ल किया हो, और आप ये बहुत कम पाएंगे के में कहूँ: मैंने ये रिवायत कुतुबे असल में नहीं पाई, या मैंने इस से मुखतलिफ़ इस में पाई है, पस जब आप को ऐसी बात का पता चले तो आप मेरी समझ की कमी की वजह इस तासीर को मेरी तरफ मंसूब करे जनाब शैख़, अल्लाह तआला दारेनमें इन की कदर व मंज़िलात बढ़ाए, की तरफ नहीं, इस (तकसीर को जनाब अल शैख़ की तरफ मंसूब करने) से अल्लाह तआला की पनाह, जिस शख्स को, अल्लाह तआला इस पर रहम फरमाए, इस बारे में पता चले तो वो इस के मुतल्लिक हमें आगाह करे और दुरुस्त तारिक की तरफ हमारी रहनुमाई फरमाए, मैंने वुसअत व ताकत के मुताबिक़ (तर्क हदीस और इख्तिलाफ अलफ़ाज़ की) तहकीक व तफतीस में कोई कमी नहीं छोड़ी, और मैंने जिसे पाया वो इख्तिलाफ नक़्ल कर दिया, और अल शैख़ ﷺ ने जहाँ हदीस के गरीब या जईफ होने की तरफ इशारा किया है, मैंने ग़ालिब तौर पर वहां इस की वजह बयान कर दी हैं, और

जहाँ उन्होंने जो के अलसौल (मसलन मुन्कते, मौकूफ, मुरसल) यही हैं, इशारा नहीं किया तो, किसी मसलिहत के पेशे नज़र चंद मकामत के सिवा, मैंने भी इन की इत्तेबा में उसे वैसे ही छोड़ दिया, और बसा अवकात आप कुछ ऐसे मकामात पाएंगे जो के मह्मुल और वो इस लिए है के मुझे इस के रावी का पता नहीं चला, तो मैंने वहाँ कुछ नहीं लिखा इसे वैसे छोड़ दिया, पास अगर आप को पता चले तो आप इसे वहां लिख दे, अल्लाह तआला आप को बेहतर बदला अता फरमाए| मैंने किताब का नाम **"मिश्कतुल मस्सबिह"** रखा है, मैंने अल्लाह तआला से तौफिक और मदद करें, हिदायत दें और हमारी हिफाज़त फरमाए(गलती और लग्ज़िशसे बचाओ) अपने मकसद की तेसर तलब करता हो, और दरखवास्त करता हूँ, वो हयात और बाद अलममात मुझे और तमाम मुसलमान मर्दों और मुसलमान औरतों को फाइदा पहुंचाए| मेरे लिए अल्लाह ही काफी है और वो बतारिन कारज़ाश है|

وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ الْعَزِيزِ الْحَكِيمِ

١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّمَا الْأَعْمَال بِالنِّيَّاتِ وَإِنَّمَا لكل امْرِئ مَا نَوَى فَمَنْ كَانَتْ هِجْرَتُهُ إِلَى اللَّهِ وَرَسُولِهِ فَهِجْرَتُهُ إِلَى اللَّهِ وَرَسُولِهِ وَمَنْ كَانَتْ هِجْرَتُهُ إِلَى دُنْيَا يُصِيبُهَا أَوِ امْرَأَةٍ يَتَزَوَّجُهَا فَهِجرَته إِلَى مَا هَاجر إِلَيْهِ»

1. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तमाम आमाल का दारोमदार नियतो पर है, हर शख़्स को वही कुछ मिलेगा जो उस ने नियत की, पस जिस शख़्स की हिजरत अल्लाह और उस के रसूल की खातिर हुई तो उसकी हिजरत अल्लाह और उस के रसूल ﷺ की खातिर है, और जिस की हिजरत हसूले दुनिया या किसी औरत से शादी करने की खातिर हुई तो उसकी हिजरत इस की खातिर है, जिस की खातिर उस ने हिजरत की"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1 ، 54 ، 2529 ، 3898 ، 5070 ، 6689 ، 6953) و مسلم (1907 ، الامارة : 155)، (4927) [و النسائی ، الایمان و النذور : النیة فی المیمن ح 3825 ، السلفیة 2 / 135 ، و اللفظ له الا عنده '' لدنیا '' بدل '' الی دنیا '' وجاء فی بعض نسخ النسائی '' الی دنیا '']

ईमान का बयान	كتاب الْإِيمَان •
पहली फस्ल	الْفَصْل الأول •

٢ - (صَحِيح) عَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: بَيْنَا نَحْنُ عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ذَاتَ يَوْمٍ إِذْ طَلَعَ عَلَيْنَا رَجُلٌ شَدِيدُ بَيَاضِ الثِّيَابِ شَدِيدُ سَوَادِ الشَّعْرِ لَا يُرَى عَلَيْهِ أَثَرُ السَّفَرِ وَلَا يَعْرِفُهُ مِنَّا أَحَدٌ حَتَّى جَلَسَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم فأسند رُكْبَتَيْهِ إِلَى رُكْبَتَيْهِ وَوَضَعَ كَفَّيْهِ عَلَى فَخِذَيْهِ وَقَالَ: يَا مُحَمَّدُ أَخْبِرْنِي عَنِ الْإِسْلَامِ قَالَ: " الْإِسْلَامُ: أَنْ تَشْهَدَ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنَّ مُحَمَّدًا رَسُولُ اللَّهِ وَتُقِيمَ الصَّلَاةَ وَتُؤْتِيَ الزَّكَاةَ وَتَصُومَ رَمَضَانَ وَتَحُجَّ الْبَيْتَ إِنِ اسْتَطَعْتَ إِلَيْهِ سَبِيلًا ". قَالَ: صَدَقْتَ. فَعَجِبْنَا لَهُ يَسْأَلُهُ وَيُصَدِّقُهُ. قَالَ: فَأَخْبِرْنِي عَنِ الْإِيمَانِ. قَالَ: «أَنْ تُؤْمِنَ بِاللَّهِ وَمَلَائِكَتِهِ وَكُتُبِهِ وَرُسُلِهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ وَتُؤْمِنَ بِالْقَدَرِ خَيْرِهِ وَشَرِّهِ» . قَالَ صَدَقْتَ. قَالَ: فَأَخْبِرْنِي عَنِ الْإِحْسَانِ. قَالَ: «أَنْ تَعْبُدَ اللَّهَ كَأَنَّكَ تَرَاهُ فَإِنْ لَمْ تَكُنْ تَرَاهُ فَإِنَّهُ يَرَاكَ» . قَالَ: فَأَخْبِرْنِي عَنِ السَّاعَةِ. قَالَ: «مَا المسؤول عَنْهَا بِأَعْلَمَ مِنَ السَّائِلِ» . قَالَ: فَأَخْبِرْنِي عَنْ أَمَارَاتِهَا. قَالَ: «أَنْ تَلِدَ الْأَمَةُ رَبَّتَهَا وَأَنْ تَرَى الْحُفَاةَ الْعُرَاةَ الْعَالَةَ رِعَاءَ الشَّاءِ يَتَطَاوَلُونَ فِي الْبُنْيَانِ» . قَالَ: ثُمَّ انْطَلَقَ فَلَبِثْتُ مَلِيًّا ثُمَّ قَالَ لِي: «يَا عُمَرُ أَتَدْرِي مَنِ السَّائِلُ» ؟ قُلْتُ: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ. قَالَ: «فَإِنَّهُ جِبْرِيل أَتَاكُم يعلمكم دينكُمْ» . رَوَاهُ مُسلم

2. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम एक रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर थे की इस असना में एक आदमी हमारे पास आया, जिसके कपड़े बहोत ही सफ़ेद और बाल इन्तिहाई सियाह थे, उस पर न सफ़र के आसार नज़र आते थे और न हम में से कोई उसे जानता था, हत्ता कि वह दो ज़ानो हो कर नबी ﷺ के सामने बैठ गया और उस ने अपने दोनों हाथ अपनी रानो पर रख लिए, और कहा: मुहम्मद ﷺ इस्लाम के मुतल्लिक मुझे बताइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इस्लाम यह है कि तुम गवाही दो की अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं और यह कि मुहम्मद अल्लाह के रसूल! है, नमाज़ कायम करो, ज़कात अदा करो, रमज़ान के रोज़े रखो और अगर इस्तिताअत हो तो बैतुल्लाह का हज करो”, उस ने कहा: आप ने सच फ़रमाया, हमें उस से ताज्जुब हुआ की वह आप से पूछता है और आप की तस्दीक भी करता है, उस ने कहा: ईमान के बारे में मुझे बताइए आप ﷺ ने फ़रमाया: “यह कि तुम अल्लाह पर, उस के फरिश्तो, उसकी किताबो, उस के रसूलो और आखिरत के दिन पर ईमान लाओ और तुम तकदीर के अच्छा और बुरा होने पर ईमान लाओ‘‘, उस ने कहा: आप ने सच फ़रमाया, फिर उस ने कहा: इहसान के बारे में मुझे बताइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “यह कि तुम अल्लाह की इबादत इस तरह करो गोया तुम उसे देख रहे हो और अगर तुम उसे नहीं देख सके तो वह यक़ीनन तुम्हें देख रहा है”, उस ने कहा: कियामत के बारे में मुझे बताइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ सवाल करने वाला उस के मुतल्लिक साइल से ज़्यादा नहीं जानता”, उस ने कहा: उसकी निशानियो के बारे में मुझे बता दें, आप ﷺ ने फ़रमाया: “यह कि लौंडी अपने मालिक को जन्म देगी, और यह कि तुम नंगे पाँव, नंगे बदन, तंग दस्त बकरियों के चरवाहों को बुलंद व बाला इमारतों की तामीर और इन पर फख्र करते हुए देखोगे”, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: फिर वह शख़्स चला गया, मैं कुछ देर ठहरा, फिर आप ﷺ ने मुझ से पूछा: “उमर! क्या तुम जानते हो, साइल

कौन था? मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो जिब्राइल अलैहिस्सलाम थे, वह तुम्हें तुम्हारा दीन सिखाने के लिए तुम्हारे पास तशरीफ़ लाए थे”| (सहीह)

رواه مسلم (الايمان ج 1 ص 28 29 ح 8، (93) و اللفظ له الا عنده ’’ بينما ‘‘ بدل ’’ بينا ‘‘ وجاء فی اكمال اكمال المعلم لمحمد بن خليفة الابی 1 ص 102 ’’ بينا ‘‘)

٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَرَوَاهُ أَبُو هُرَيْرَة مَعَ اخْتِلَافٍ وَفِيهِ: " وَإِذَا رَأَيْتَ الْحُفَاةَ الْعُرَاةَ الصُّمَّ الْبُكْمَ مُلُوكَ الْأَرْضِ فِي خَمْسٍ لَا يَعْلَمُهُنَّ إِلَّا اللَّهُ. ثُمَّ قَرَأَ: (إِنَّ اللَّهَ عِنْدَهُ عِلْمُ السَّاعَةِ وَيُنَزِّلُ الْغَيْثَ) الْآيَة

3. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु ने इस हदीस को कुछ अल्फाज़ के इख्तिलाफ के साथ रिवायत किया है, इस हदीस में है: “जब तुम नंगे पाँव, नंगे बदन, बहरे, गूंगे लोगों को मुल्क के बादशाह देखोगे और यह (वाकिया कियामत) पांच चीजों में से है जिन्हें सिर्फ अल्लाह ही जानता है, फिर आप ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: “बेशक कियामत का इल्म अल्लाह ही के पास है और वही बारिश नाज़िल करता है ‘‘‘‘‘‘‘”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (50 ، 4777) و مسلم (الايمان : 9)، (97)

٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " بُنِيَ الْإِسْلَامُ عَلَى خَمْسٍ: شَهَادَةِ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ وَإِقَامِ الصَّلَاةِ وَإِيتَاءِ الزَّكَاةِ وَالْحَجِّ وَصَوْمِ رَمَضَانَ "

4. इब्ने उमर बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इस्लाम की बुनियाद पांच चीजों पर रखी गई है, गवाही देना कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, और यह कि मुहम्मद ﷺ उस के बंदे और उस के रसूल हैं, नमाज़ कायम करना, ज़कात अदा करना, हज करना और रमज़ान के रोज़े रखना”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (8) و مسلم (16 / 21)، (113)

٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ " الْإِيمَانُ بضع وَسَبْعُونَ شُعْبَة فأفضلها: قَول لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَدْنَاهَا: إِمَاطَةُ الْأَذَى عَنِ الطَّرِيقِ والحياء شُعْبَة من الايمان "

5. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ईमान की सत्तर से कुछ इज़ाफ़ी (ज़्यादा) शाखें है, उनमें से सबसे अफज़ल यह कहना है की अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, और सबसे अदना यह है कि रास्ते से तकलीफदेह चीज़ को हटा देना और हया भी ईमान की एक शाख है”|(मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (9) و مسلم (35 / 58 و اللفظ له)، (153)

٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ «الْمُسْلِمُ مَنْ سَلِمَ الْمُسْلِمُونَ مِنْ لِسَانِهِ وَيَدِهِ وَالْمُهَاجِرُ مَنْ هَجَرَ مَا نَهَى اللَّهُ عَنْهُ» هَذَا لَفْظُ الْبُخَارِيِّ وَلِمُسْلِمٍ قَالَ: " إِنَّ رَجُلًا سَأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَيُّ الْمُسْلِمِينَ خَيْرٌ؟ قَالَ: مَنْ سَلِمَ الْمُسْلِمُونَ من لِسَانه وَيَده "

6. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुसलमान वह है जिस की ज़ुबान और हाथ से मुसलमान महफ़ूज़ रहे, और मुहाजिर वह है जो अल्लाह की मना करदा चीजों को छोड़ दे”| यह सहीह बुखारी की रिवायत के अल्फाज़ है, जबकि सहीह मुस्लिम की रिवायत के अल्फाज़ है: फ़रमाया के किसी आदमी ने नबी ﷺ से दरियाफ्त किया, कौन सा मुसलमान बेहतर है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस की ज़ुबान और हाथ से मुसलमान महफ़ूज़ हो” | (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (10) و مسلم (40 / 64)، (161)

٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يُؤْمِنُ أَحَدُكُمْ حَتَّى أَكُونَ أَحَبَّ إِلَيْهِ مِنْ وَالِدِهِ وَوَلَدِهِ وَالنَّاسِ أَجْمَعِينَ»

7. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से कोई मोमिन नहीं हो सकता हत्ता कि मैं उसे उस के वालिद, उसकी औलाद और तमाम लोगों से ज़्यादा महबूब हो जाऊं”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (15) و مسلم (44 / 70)، (169)

٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ " ثَلَاثٌ مَنْ كُنَّ فِيهِ وَجَدَ بِهِنَّ حَلَاوَةَ الْإِيمَانِ: مَنْ كَانَ اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَحَبَّ إِلَيْهِ مِمَّا سِوَاهُمَا وَمَنْ أَحَبَّ عَبْدًا لَا يُحِبُّهُ إِلَّا لِلَّهِ ص:١ وَمَنْ يَكْرَهُ أَنْ يَعُودَ فِي الْكُفْرِ بَعْدَ أَنْ أَنْقَذَهُ اللَّهُ مِنْهُ كَمَا يكره أَن يلقى فِي النَّار "

8. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स में तीन खसलते हो उस ने उन के ज़रिए ईमान की लज्ज़त व हलावत को पा लिया, जिस को अल्लाह और उस के रसूल सबसे ज़्यादा महबूब हो, जो शख़्स किसी से महज़ अल्लाह की रज़ा की खातिर मुहब्बत करता हो, और जो शख़्स दोबारा काफ़िर बनना उस के बाद के अल्लाह ने इसे उस से बचा लिया, इसे नापसंद करता हो जैसे वह आग में डाला जाना नापसंद करता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (21) و مسلم (43 / 67)، (165)

٩ - (صَحِيح) وَعَنِ الْعَبَّاسِ بن عبد الْمطلب قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «ذَاقَ طَعْمَ الْإِيمَانِ مَنْ رَضِيَ بِاللَّهِ رَبًّا وَبِالْإِسْلَامِ دِينًا وَبِمُحَمَّدٍ رَسُولًا» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

9. अब्बास बिन अब्दुल मुत्तलिब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अल्लाह के रब होने, इस्लाम के दीन होने और मुहम्मद ﷺ के रसूल होने पर राज़ी हो गया उस ने ईमान की लज्ज़त को पा लिया”। (सहीह)

رواه مسلم (34 / 56)، (151)

١٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَالَّذِي نَفْسُ مُحَمَّدٍ بِيَدِهِ لَا يسمع بِي أحد مِنْ هَذِهِ الْأُمَّةِ يَهُودِيٌّ وَلَا نَصْرَانِيٌّ ثُمَّ يَمُوتُ وَلَمْ يُؤْمِنْ بِالَّذِي أُرْسِلْتُ بِهِ إِلَّا كَانَ من أَصْحَاب النَّار» . رَوَاهُ مُسلم

10. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मुहम्मद ﷺ की जान है! इस उम्मत के जिस यहूदी और ईसाई ने मेरे मुतल्लिक सुन लिया और फिर वह मुझ पर उतारे गए दीन व शरियत पर ईमान लाए बगैर फौत हो जाए तो वह जहन्नमी है”। (सहीह)

رواه مسلم (153 / 240)، (386)

١١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى الْأَشْعَرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " ثَلَاثَةٌ لَهُمْ أَجْرَانِ: رَجُلٌ مِنْ أَهْلِ الْكِتَابِ آمَنَ بِنَبِيِّهِ وَآمَنَ بِمُحَمَّدٍ وَالْعَبْدُ الْمَمْلُوكُ إِذَا أَدَّى حَقَّ اللَّهِ وَحَقَّ مَوَالِيهِ وَرَجُلٌ كَانَتْ عِنْدَهُ أَمَةٌ يَطَؤُهَا فَأَدَّبَهَا فَأَحْسَنَ تَأْدِيبَهَا وَعَلَّمَهَا فَأَحْسَنَ تَعْلِيمَهَا ثُمَّ أَعْتَقَهَا فَتَزَوَّجَهَا فَلَهُ أَجْرَانِ "

11. अबू मूसा अशअरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन किस्म के लोगों के लिए दो अज़र है, अहले किताब में से वह शख़्स जो अपने नबी पर ईमान लाया और फिर मुहम्मद ﷺ पर ईमान लाया, ममलुक गुलाम जब वह अल्लाह का हक अदा करे और अपने मालिको का भी हक अदा करे और एक वह शख़्स जिसके पास कोई लौंडी हो, वह उस से हमबिस्तरी करता हो, पस वह इसे आदाब सिखाए और अच्छी तरफ से मुअदब बनाए, उस को बेहतरीन ज़ेवर, तालीम से आरास्ता करे, फिर उस को आज़ाद कर दे और उस के बाद उस से शादी कर ले तो उस के लिए दो अज़र है”। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (97 و الادب المفرد : 203) و مسلم (154 / 241)، (387)

١٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَمِرْتُ أَنْ أُقَاتِلَ النَّاسَ حَتَّى يَشْهَدُوا أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنَّ مُحَمَّدًا رَسُولُ اللَّهِ وَيُقِيمُوا الصَّلَاةَ وَيُؤْتُوا الزَّكَاةَ فَإِذَا فَعَلُوا ذَلِكَ عَصَمُوا مِنِّي دِمَاءَهُمْ وَأَمْوَالَهُمْ إِلَّا بِحَق الْإِسْلَام وحسابهم على الله. إِلَّا أَنَّ مُسْلِمًا لَمْ يَذْكُرْ» إِلَّا بِحَقِّ الْإِسْلَام "

12. इब्ने उमर बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुझे लोगों से किताल करने का हुक्म दिया गया है, हत्ता कि वह गवाही दे के अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, और यह कि मुहम्मद ﷺ अल्लाह के रसूल हैं, और वह नमाज़ कायम करे और ज़कात दें, जब इन का यह तर्ज़े अमल होगा तो उन्होंने हुदूदे

इस्लाम के अलावा अपनी जानो और अपने मालो को मुझ से बचा लिया, सिवाय कि हुदूद ए इस्लाम के और उनका हिसाब अल्लाह के जिम्मे है”| बुखारी, मुस्लिम, अलबत्ता इमाम मुस्लिम ने “हुदूद ए इस्लाम” का ज़िक्र नहीं किया | (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (25 و اللفظ لہ) و مسلم (22 / 36)، (129)

١٣ - (صَحِيح) وَعَن أنس أَنَّهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ صَلَّى صَلَاتَنَا وَاسْتَقْبَلَ قِبْلَتَنَا وَأَكَلَ ذَبِيحَتَنَا فَذَلِكَ الْمُسْلِمُ الَّذِي لَهُ ذِمَّةُ اللَّهِ وَذِمَّةُ رَسُولِهِ فَلَا تُخْفِرُوا اللَّهَ فِي ذمَّته» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

13. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स हमारी नमाज़ की तरह नमाज़ पढ़े, हमारे किब्ले की तरफ रुख करे और हमारा ज़बिहा खाए तो वह ऐसा मुसलमान है जिसे अल्लाह और उस के रसूल की अमान हासिल है, सो तुम अल्लाह की अमान और जिम्मे को न तोड़ो”| (सहीह)

رواہ البخاری (391)

١٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: أَتَى أَعْرَابِيٌّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: دُلَّنِي عَلَى عَمَلٍ إِذَا عَمِلْتُهُ دَخَلْتُ الْجَنَّةَ. قَالَ: «تَعْبُدُ اللَّهَ وَلَا تُشْرِكُ بِهِ شَيْئًا وَتُقِيمُ الصَّلَاةَ الْمَكْتُوبَةَ ص:١ وَتُؤَدِّي الزَّكَاةَ الْمَفْرُوضَةَ وَتَصُومُ رَمَضَانَ» . قَالَ: وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَا أَزِيدُ عَلَى هَذَا شَيْئًا وَلَا أَنْقُصُ مِنْهُ. فَلَمَّا وَلَّى قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ سَرَّهُ أَنْ يَنْظُرَ إِلَى رَجُلٍ مِنْ أَهْلِ الْجنَّة فَلْيَنْظر إِلَى هَذَا»

14. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक देहाती नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, मुझे कोई ऐसा अमल बताइए जिसके करने से मैं जन्नत में दाखिल हो जाऊं, आप ने फ़रमाया: “तुम अल्लाह की इबादत करो और उस के साथ किसी किस्म का शिर्क न करो, फ़र्ज़ नमाज़ कायम करो, फ़र्ज़ ज़कात अदा करो और रमज़ान के रोज़े रखो”, उस ने कहा: उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मेरी जान है! मैं इस में कोई कमी बेशी नहीं करूँगा, जब वह चला गया तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जिस शख़्स को पसंद हो के वह जन्नती शख़्स को देखे तो वह इसे देख ले| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (1397) و مسلم (14 / 15)، (107)

١٥ - (صَحِيح) وَعَن سُفْيَان بن عبد الله الثَّقَفِيّ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ قُلْ لِي فِي الْإِسْلَامِ قَوْلًا لَا أَسْأَلُ عَنْهُ أَحَدًا بَعْدَكَ وَفِي رِوَايَةٍ: غَيْرَكَ قَالَ: " قُلْ: آمَنْتُ بِاللَّه ثمَّ اسْتَقِم. رَوَاهُ مُسلم

15. सुफियान बिन अब्दुलाह सक्फी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: ऐ अल्लाह के रसूल ﷺ! मुझे इस्लाम के मुतल्लिक कोई ऐसी बात बताइए कि मैं उस के मुतल्लिक आप के बाद किसी से न

पूछु, और एक रिवायत में है आप के सिवा किसी से न पूछु, आप ﷺ ने फ़रमाया: “कहो मैं अल्लाह पर ईमान लाया, फिर साबित कदम हो जाओ”| (सहीह)

رواه مسلم (38 / 62)، (159)

١٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ طَلْحَةَ بْنِ عُبَيْدِ اللَّهِ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ أَهْلِ نَجْدٍ ثَائِرُ الرَّأْسِ نَسْمَعُ دَوِيَّ صَوْتِهِ وَلَا نَفْقَهُ مَا يَقُولُ حَتَّى دَنَا مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَإِذَا هُوَ يَسْأَلُ عَنِ الْإِسْلَامِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خَمْسُ صَلَوَاتٍ فِي الْيَوْمِ وَاللَّيْلَةِ» . فَقَالَ: هَلْ عَلَيَّ غَيْرُهُنَّ؟ فَقَالَ: " لَا إِلَّا أَنْ تَطَّوَّعَ. قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: وَصِيَامُ شَهْرِ رَمَضَانَ ". قَالَ: هَلْ عَلَيَّ غَيْرُهُ؟ قَالَ: «لَا إِلَّا أَنْ تَطَّوَّعَ» . قَالَ: وَذَكَرَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الزَّكَاةَ فَقَالَ: هَلْ عَلَيَّ غَيْرُهَا؟ فَقَالَ: " لَا إِلَّا أَنْ تَطَّوَّعَ. قَالَ: فَأَدْبَرَ الرَّجُلُ وَهُوَ يَقُولُ: وَاللَّهِ لَا أَزِيدُ عَلَى هَذَا وَلَا أَنْقُصُ مِنْهُ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَفْلح الرجل إِن صدق»

16. तल्हा बिन अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अहले नज़द से परेशानहाल बिखरे बालो वाला एक शख़्स रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ, हम उसकी आवाज़ की गुनगुनाहट सुन रहे थे, लेकिन हम उसकी बात नहीं समझ रहे थे, हत्ता कि वह रसूलुल्लाह ﷺ के करीब हुआ, और वह इस्लाम के मुतल्लिक पूछने लगा, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दिन और रात में पांच नमाज़े’‘, उस ने अर्ज़ किया: क्या इन के अलावा भी कोई चीज़ मुझ पर फ़र्ज़ है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं, मगर यह कि तुम नफ्ल पढ़ो’‘, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया.” और माहे रमज़ान के रोज़े’‘, उस ने पूछा: क्या उस के अलावा भी मुझ पर कोई चीज़ लाज़िम है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं, इल्ला यह कि तुम नफ्ली रोज़ा रखो’‘, रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे ज़कात के मुतल्लिक बताया तो उस ने कहा: क्या उस के अलावा मुझ पर कोई चीज़ फ़र्ज़ है? तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं, इल्ला यह कि तुम नफ्ली सदका करो’‘, रावी बयान करते हैं, वह आदमी यह कहते हुए वापस चला गया: अल्लाह की क़सम! मैं इस में किसी किस्म की कमी बेशी नहीं करूँगा, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया.” अगर उस ने सच कहा है तो वह कामियाब हो गया”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (46) و مسلم (11 / 8)، (100)

١٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: إِنَّ وَفْدَ عَبْدِ الْقَيْسِ لَمَّا أَتَوُا النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنِ الْقَوْمُ؟ أَوْ: مَنِ الْوَفْدُ؟ " قَالُوا: رَبِيعَةُ. قَالَ: " مَرْحَبًا بِالْقَوْمِ أَوْ: بِالْوَفْدِ غَيْرَ خَزَايَا وَلَا نَدَامَى ". قَالُوا: يَا رَسُول الله إِنَّا لَا نستطيع أَن نَأْتِيَكَ إِلَّا فِي الشَّهْرِ الْحَرَامِ وَبَيْنَنَا وَبَيْنَكَ هَذَا الْحَيُّ مِنْ كُفَّارِ مُضَرَ فَمُرْنَا بِأَمْرٍ فصل نخبر بِهِ مَنْ وَرَاءَنَا وَنَدْخُلُ بِهِ الْجَنَّةَ وَسَأَلُوهُ عَنِ الْأَشْرِبَةِ. فَأَمَرَهُمْ بِأَرْبَعٍ وَنَهَاهُمْ عَنْ أَرْبَعٍ: ص:١ أَمَرَهُمْ بِالْإِيمَانِ بِاللَّهِ وَحْدَهُ ال: «أَتَدْرُونَ مَا الْإِيمَانُ بِاللَّهِ وَحْدَهُ؟» قَالُوا: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ. قَالَ: «شَهَادَةِ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنَّ مُحَمَّدًا رَسُولُ اللَّهِ وَإِقَامِ الصَّلَاةِ وَإِيتَاءِ الزَّكَاةِ وَصِيَامِ رَمَضَانَ وَأَنْ تُعْطُوا مِنَ الْمَغْنَمِ الْخُمُسَ» وَنَهَاهُمْ عَنْ أَرْبَعٍ: عَنِ الْحَنْتَمِ وَالدُّبَّاءِ وَالنَّقِيرِ وَالْمُزَفَّتِ وَقَالَ: «احْفَظُوهُنَّ وَأَخْبِرُوا بِهِنَّ مَنْ وَرَاءَكُمْ»

وَلَفظه لِلْبُخَارِيّ

17. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, कि जब अब्दुल कैस का वफद नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: "ये कौन लोग है या कौन सा वफद है?" उन्होंने अर्ज़ किया, हम रबिआ कबिले के लोग है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "कौम या वफद! खुशामदीद, तुम कुशादा जगह आए और तुम न रुसवा हुए न नादिम", उन्होंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! हम सिर्फ हुरमत वाले महिनो में आप की खिदमत में हाज़िर हो सकते है, हमारे और आप के दरमियान में मुदार के कुफ्फार का यह कबिले आबाद है, आप किसी फैसलाकुन अमीर के मुतल्लिक हुक्म फरमा दीजिए, ताकि हम अपने पिछले साथियो को उस के मुतल्लिक बताए और हम सब उसकी वजह से जन्नत में दाखिल हो जाए, और उन्होंने आप से मशरुबात के मुतल्लिक दरियाफ्त किया तो आप ने चार चीजों के मुतल्लिक उन्हें हुक्म फ़रमाया और चार चीजों से उन्हें मना फ़रमाया, आप ने एक अल्लाह पर ईमान लाने के मुतल्लिक उन्हें हुक्म दिया: "फ़रमाया: "क्या तुम जानते हो के एक अल्लाह पर ईमान लाने से किया मुराद है?" उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "इस बात की गवाही देना कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं और यह कि मुहम्मद ﷺ अल्लाह के रसूल! है, नमाज़ कायम करना, ज़कात अदा करना और रमज़ान के रोज़े रखना और यह कि तुम माले गनीमत में से पांचवा हिस्सा अदा करो", और आप ने उन्हें चार मना फ़रमाया, आप ने अल-हंतम, अल-दूबाअ अल-नकीर, और अल-मुउजफ्फत (ये उन बर्तनों के नाम है जिन में शराब रखी जाती थी) से मना फ़रमाया और फ़रमाया: "उन्हें याद रखो और अपने पिछले साथियो को उन के मुतल्लिक बता दो"। बुखारी व मुस्लिम, हदीस के अल्फाज़ बुखारी के हैं। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (53) و مسلم (17 / 24)، (116)

١٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَحَوْلَهُ عِصَابَةٌ مِنْ أَصْحَابِهِ: " بَايِعُونِي عَلَى أَنْ لَا تُشْرِكُوا بِاللَّهِ شَيْئًا وَلَا تَسْرِقُوا وَلَا تَزْنُوا وَلَا تَقْتُلُوا أَوْلَادَكُمْ وَلَا تَأْتُوا بِبُهْتَانٍ تَفْتَرُونَهُ بَيْنَ أَيْدِيكُمْ وَأَرْجُلِكُمْ وَلَا تَعْصُوا فِي مَعْرُوفٍ فَمَنْ وَفَى مِنْكُم فَأَجْرُهُ عَلَى اللَّهِ وَمَنْ أَصَابَ مِنْ ذَلِكَ شَيْئًا فَعُوقِبَ بِهِ فِي الدُّنْيَا فَهُوَ كَفَّارَةٌ لَهُ وَمَنْ أَصَابَ مِنْ ذَلِكَ شَيْئًا ثُمَّ سَتَرَهُ اللَّهُ عَلَيْهِ فِي الدُّنْيَا فَهُوَ إِلَى اللَّهِ: إِنْ شَاءَ عَفَا عَنْهُ وَإِنْ شَاءَ عَاقَبَهُ " فَبَايَعْنَاهُ عَلَى ذَلِك

18. उबादा बिन अस-सामित(र) बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने जबकि आप के सहाबा किराम की एक जमाअत आप के इर्दगिर्द थी फ़रमाया: "तुम इस बात पर मेरी बैत करो की तुम अल्लाह के साथ किसी को शरीक नहीं बनाओगे, तुम न चोरी करोगे न ज़िना करोगे, तुम ना अपनी औलाद को क़त्ल करोगे न अपनी तरफ से किसी पर बोहतान लगाओगे और ना ही अच्छे काम में नाफ़रमानी करोगे, पस तुम में से जो शख़्स (ये अहद) वफ़ा करेगा तो उस का अज़र अल्लाह के जिम्मे है और जिस ने उनमें से किसी चिज़ का इर्तिकाब किया और इसे दुनिया में उसकी सज़ा मिल गई तो उस के लिए कफ्फारा है और जिस ने उनमें से किसी चिज़ का इर्तिकाब किया फिर अल्लाह ने उसकी परदापोशी फरमाई उस का मुआमला अल्लाह के सुपुर्द

है, अगर वह चाहे तो उस से दरगुज़र फरमाए और अगर चाहे तो उसे सज़ा दे", पस हमने उस पर आप की बैत कर ली | (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (18) و مسلم (1709 / 41)، (4461)

١٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ خَرَجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي أَضْحَى أَوْ فِطْرٍ إِلَى الْمُصَلَّى فَمَرَّ عَلَى النِّسَاءِ فَقَالَ يَا مَعْشَرَ النِّسَاءِ تَصَدَّقْنَ فَإِنِّي أُرِيتُكُنَّ أَكْثَرَ ص:١ أَهْلِ النَّارِ فَقُلْنَ وَبِمَ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ تُكْثِرْنَ اللَّعْنَ وَتَكْفُرْنَ الْعَشِيرَ مَا رَأَيْتُ مِنْ نَاقِصَاتِ عَقْلٍ وَدِينٍ أَذْهَبَ لِلُبِّ الرجل الحازم من إحداكن قُلْنَ وَمَا نُقْصَانُ دِينِنَا وَعَقْلِنَا يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ أَلَيْسَ شَهَادَةُ الْمَرْأَةِ مِثْلَ نِصْفِ شَهَادَةِ الرَّجُلِ قُلْنَ بَلَى قَالَ فَذَلِكَ مِنْ نُقْصَان عقلهَا أَلَيْسَ إِذَا حَاضَتْ لَمْ تَصِلِّ وَلَمْ تَصُمْ قُلْنَ بَلَى قَالَ فَذَلِكَ مِنْ نُقْصَانِ دِينِهَا

19. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ईद उल अदहा या ईद उल फ़ित्र के मौके पर ईदगाह की तरफ तशरीफ़ लाए तो आप औरतों के पास से गुज़रे तो फ़रमाया: "औरतों की जमाअत! सदका करो क्योंकि मैंने जहन्नम में तुम्हारी अक्सरियत देखी है", उन्होंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! किस वजह से, आप ﷺ ने फ़रमाया: तुम लान-तान ज़्यादा करती हो और खाविंद की नाशुक्री करती हो, मैंने तुम से ज़्यादा किसी को दीन और अक़ल में नुक्स रखने के बावजूद पुख्ता राय मर्द की अक़ल को ले जाने वाला नहीं पाया", उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हमारे दीन और हमारी अक़ल का क्या नुकसान है? आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या औरत की गवाही मर्द की गवाही से आधी नहीं?" उन्होंने कहा: जी हाँ, क्यों नहीं! आप ﷺ ने फ़रमाया: "ये उसकी अक़ल का नुक्स है", आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या जब इसे हैज़ आता है तो इस वक़्त वह नमाज़ और रोज़ा तर्क नहीं करती?" उन्होंने अर्ज़ किया, क्यों नहीं! ऐसे ही है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "ये उस के दीन के नुक्स में से है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (304) و مسلم (132 / 80)، (243)

٢٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: " قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ اللَّهُ كَذَبَنِي ابْن آدم وَلم يكن لَهُ ذَلِك وَشَتَمَنِي وَلم يكن لَهُ ذَلِك أما تَكْذِيبه إِيَّايَ أَن يَقُول إِنِّي لن أُعِيدهُ كَمَا بَدأته وَأما شَتمه إِيَّايَ أَن يَقُول اتخذ الله ولدا وَأَنا الصَّمَدُ الَّذِي لَمْ أَلِدْ وَلَمْ أُولَدْ وَلَمْ يكن لي كُفؤًا أحد (لَمْ يَلِدْ وَلَمْ يُولَدْ وَلَمْ يَكُنْ لَهُ كُفؤًا أحد)»» كُفؤًا وكفيئا وكفاء وَاحِد

20. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह तआला फरमाता है, इब्ने आदम ने मेरी तकज़ीब की हालाँकि यह उस के लिए मुनासिब नहीं, और उस ने मुझे बुरा-भला कहा, हालाँकि यह उस के लायक नहीं था, रहा उस का मुझे झुठलाना, तो वह उस का यह कहना है की वह मुझे दोबारा पैदा नहीं करेगा, जैसे उस ने शुरू में मुझे पैदा किया था, हालाँकि पहली बार पैदा करना मेरे लिए दोबारा पैदा करने से ज़्यादा आसान नहीं? और रहा उस का मुझे बुरा-भला कहना तो वह उस का यह

कहना है, अल्लाह की औलाद है, हालाँकि मैं यकता बेनियाज़ हूँ, जिस की ना औलाद है न वालिदेन और न कोई मेरा हमसर है”| (सहीह)

رواه البخاری (4974 ، 4975)

٢١ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَة عَن ابْنِ عَبَّاسٍ: " وَأَمَّا شَتْمُهُ إِيَّايَ فَقَوْلُهُ: لِي وَلَدٌ وَسُبْحَانِي أَنْ أَتَّخِذَ صَاحِبَةً أَوْ وَلَدًا "

21. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से मरवी हदीस में है: “और रहा उस का मुझे गाली देना, तो वह उस का यह कहना है, मेरी औलाद है, हालाँकि मैं उस से पाक हूँ कि ना मेरी बीवी हो ना मेरी औलाद हो”| (सहीह)

رواه البخاری (4482)

٢٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: " قَالَ اللَّهُ تَعَالَى: يُؤْذِينِي ابْنُ آدَمَ يَسُبُّ الدَّهْرَ وَأَنَا الدَّهْرُ بِيَدِيَ الْأَمْرُ أُقَلِّبُ اللَّيْلَ وَالنَّهَارَ "

22. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह तआला ने फ़रमाया: इब्ने आदम ज़माने को गाली देने के बाईस मुझे तकलीफ पहुंचाता है, हालाँकि मैं ज़माना हूँ, तमाम मुआमलात मेरे हाथ में है, मैं ही दिन-रात को बदलता हूँ| (मुत्तफ़क़ अलेह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4826 ، 7491) و مسلم (2246 / 2)، (5863)

٢٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى الْأَشْعَرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا أَحَدٌ أَصْبَرُ عَلَى أَذًى يَسْمَعُهُ مِنَ اللَّهِ يَدْعُونَ لَهُ الْوَلَدَ ثُمَّ يُعَافِيهِمْ وَيَرْزُقُهُمْ»

23. अबू मूसा अशअरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तकलीफदेह बात सुन कर उस पर सब्र करने वाला अल्लाह से बढ़कर कोई नहीं, वह उस के लिए औलाद का दावा करते हैं, लेकिन वह फिर भी उन से दरगुज़र करता है और उन्हें रिज़्क़ बहम पहुंचाता है | (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (7378) و مسلم (2804 / 49)، (7080)

٢٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن معَاذ رَضِي الله عَنهُ قَالَ كُنْتُ رِدْفَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم على حمَار يُقَال لَهُ عفير فَقَالَ يَا معَاذ هَل تَدْرِي حَقُّ اللَّهِ عَلَى عِبَادِهِ وَمَا حَقُّ الْعِبَادِ عَلَى اللَّهِ؟ قُلْتُ اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ قَالَ فَإِنَّ حَقَّ اللَّهِ عَلَى الْعِبَادِ أَنْ يَعْبُدُوهُ وَلَا يُشْرِكُوا بِهِ شَيْئًا وَحَقُّ الْعِبَادِ عَلَى اللَّهِ أَنْ لَا يُعَذِّبَ مَنْ لَا يُشْرِكُ بِهِ شَيْئًا فَقُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ أَفَلَا أُبَشِّرُ بِهِ النَّاسَ قَالَ لَا تُبَشِّرْهُمْ فَيَتَّكِلُوا

24. मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं नबी ﷺ के पीछे गधे पर सवार था, मेरे और आप के दरमियान सिर्फ पालान की एक लकड़ी थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मुआज़! क्या तुम जानते हो के अल्लाह का अपने बंदो पर क्या हक़ है?" मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह का बंदो पर यह हक़ है के वह उसकी इबादत करे और उस के साथ किसी को शरीक न बनाएं, और बंदो का अल्लाह पर यह हक़ है के वह इस शख़्स को अज़ाब न दे जो उस के साथ किसी किस्म का शिर्क न करता हो'', मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या मैं लोगों को उसकी बशारत ना दे दूं? आप ﷺ ने फ़रमाया: "उन्हें बशारत न दो वरना वह इस बात पर तवक्कुल कर लेंगे"। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2856) و مسلم (30 / 48 ، 49)، (143 و 144)

٢٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسِ بْنِ مَالِكٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَمُعَاذٌ رديفه على الرحل قَالَ: «يَا معَاذ بن جبل قَالَ لَبَّيْكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ وَسَعْدَيْكَ قَالَ يَا مُعَاذُ قَالَ لَبَّيْكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ وَسَعْديك ثَلَاثًا قَالَ مَا مِنْ أَحَدٍ يَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنَّ مُحَمَّدًا رَسُولُ اللَّهِ صِدْقًا مِنْ قَلْبِهِ إِلَّا حَرَّمَهُ اللَّهُ عَلَى النَّارِ قَالَ يَا رَسُولَ اللَّهِ أَفَلَا أُخْبِرُ بِهِ النَّاس فيستبشروا قَالَ إِذا يتكلوا وَأَخْبَر بِهَا مُعَاذٌ عِنْدَ مَوْتِهِ تَأَثُّمًا»

25. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ सवारी पर थे जबकि मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु आप के पीछेबैठे थे आप ﷺ ने फ़रमाया: "मुआज़!" उन्होंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! सआदतमंदी के साथ हाज़िर हूँ, आप ने फिर फ़रमाया: "मुआज़!" उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! सआदतमंदी के साथ हाज़िर हूँ, आप ने फिर फ़रमाया: "मुआज़!" उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! सआदतमंदी के साथ हाज़िर हूँ, तीन मर्तबा ऐसे हुआ, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: "जो शख़्स सच्चे दिल से यह गवाही देता है के अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं और यह कि मुहम्मद ﷺ अल्लाह के रसूल हैं, तो अल्लाह उस पर जहन्नम की आग हराम कर देता है", उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या मैं उस के मुतल्लिक लोगों को न बता दू ताकि वह खुश हो जाए? आप ﷺ ने फ़रमाया: "तब तो वह तवक्कुल कर लेंगे'', फिर मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु ने गुनाह से बचने के लिए अपने मौत के करीब उस के मुतल्लिक बताया। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (128) و مسلم (32 / 53)، (148)

٢٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ أَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَعَلَيْهِ ثَوْبٌ أَبْيَضُ وَهُوَ نَائِمٌ ثُمَّ أَتَيْتُهُ وَقَدِ اسْتَيْقَظَ فَقَالَ: «مَا مِنْ عَبْدٍ قَالَ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ ثُمَّ مَاتَ عَلَى ذَلِكَ إِلَّا دَخَلَ الْجَنَّةَ قُلْتُ وَإِنْ زَنَى وَإِنْ سَرَقَ قَالَ وَإِنْ زَنَى وَإِنْ سَرَقَ قُلْتُ وَإِنْ زَنَى وَإِنْ سَرَقَ قَالَ وَإِنْ زَنَى وَإِنْ سَرَقَ قُلْتُ وَإِنْ زَنَى وَإِنْ سَرَقَ قَالَ وَإِنْ زَنَى وَإِنْ سَرَقَ عَلَى رَغْمِ أَنْفِ أَبِي ذَرٍّ وَكَانَ أَبُو ذَرٍّ إِذَا حَدَّثَ بِهَذَا قَالَ وَإِنْ رَغِمَ أَنْفُ أَبِي ذَر»

26. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो आप सफ़ेद कपड़ा ओढ़े सो रहे थे, मैं फिर दोबारा हाज़िर हुआ तो आप बेदार हो चुके थे, तब आप ﷺ ने फ़रमाया: "जिस

शख़्स ने यह इकरार किया के अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, फिर वह इसी पर फौत हो गया, तो वह जन्नत में दाखिल होगा", मैंने अर्ज़ किया: अगरचे उस ने ज़िना किया हो और चोरी की हो, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अगरचे उस ने ज़िना किया हो और चोरी की हो", मैंने फिर अर्ज़ किया: अगरचे उस ने ज़िना किया हो और चोरी की हो, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अगरचे उस ने ज़िना किया हो और चोरी की हो", मैंने अर्ज़ किया: अगरचे उस ने ज़िना किया हो और चोरी की हो, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अगरचे उस ने ज़िना किया हो और चोरी की हो ख्वाह अबू ज़र को नागवार हो"| अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु जब यह हदीस बयान करते तो यह अल्फाज़ भी बयान करते थे, अगरचे अबू ज़र को नागवार गुज़रे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5827) و مسلم (94 / 154)، (273)

٢٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ شَهِدَ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ وَأَنَّ عِيسَى عَبْدُ اللَّهِ وَرَسُولُهُ وَابْنُ أَمَتِهِ وَكَلِمَتُهُ أَلْقَاهَا إِلَى مَرْيَمَ وَرُوحٌ مِنْهُ وَالْجَنَّةُ وَالنَّارُ حَقٌّ أَدْخَلَهُ اللَّهُ الْجَنَّةَ عَلَى مَا كَانَ من الْعَمَل»

27. उबादा बिन अस-सामित(र) बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स यह गवाही दे की अल्लाह के सिवा कोई माबूद नही, वह यकता है, उस का कोई शरीक नहीं, और यह कि मुहम्मद ﷺ उस के बंदे और उस के रसूल हैं, और यह कि इसा अलैहिस्सलाम अल्लाह के बंदे उस के रसूल और उसकी बंदी के बेटे है, उस का कलिमा है, जिसे उस ने मरियम अलैहिस्सलाम की तरफ डाला और उसकी तरफ एक रूह है, जन्नत और जहन्नम हक़ है, अल्लाह इस शख़्स को जन्नत में दाखिल फरमाएगा ख्वाह उस के आमाल कैसे भी हो"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3435) و مسلم (28 / 46)، (140)

٢٨ - (صَحِيح) وَعَن عَمْرو بن الْعَاصِ قَالَ: «أَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فقلت ابْسُطْ يَمِينك فلأبايعك ص:١ فَبسط يَمِينه قَالَ فَقَبَضْتُ يَدِي فَقَالَ مَا لَكَ يَا عَمْرُو قلت أردْت أَن أَشْتَرط قَالَ تَشْتَرِطُ مَاذَا قُلْتُ أَنْ يُغْفَرَ لِي قَالَ أما علمت أَنَّ الْإِسْلَامَ يَهْدِمُ مَا كَانَ قَبْلَهُ وَأَنَّ الْهِجْرَةَ تَهْدِمُ مَا كَانَ قَبْلَهَا وَأَنَّ الْحَجَّ يهدم مَا كَانَ قبله» ؟»» وَالْحَدِيثَانِ الْمَرْوِيَّانِ عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: " قَالَ اللَّهُ تَعَالَى: «أَنَا أَغْنَى الشُّرَكَاءِ عَنِ الشِّرْكِ» . والاخر: «الْكِبْرِيَاء رِدَائِي» سَنَذْكُرُهُمَا فِي بَابِ الرِّيَاءِ وَالْكِبْرِ إِنْ شَاءَ الله تَعَالَى

28. अम्र बिन आस ﷺ बयान करते हैं, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो मैंने अर्ज़ किया: अपना दायाँ हाथ बढ़ाइये ताकि मैं आप की बैत करू, आप ने दायाँ हाथ बढ़ाया तो मैंने अपना हाथ खींच लिया, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अम्र! तुम्हें क्या हुआ?" मैंने अर्ज़ किया: मैं शर्त कायम करना चाहता हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: "बताओ क्या शर्त कायम करना चाहते हो? मैंने अर्ज़ किया: यह कि मुझे बख्श दिया जाए, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अम्र! क्या तुम्हें मालुम नहीं के इस्लाम पहले (हालते कुफ्र वाले) गुनाह मिटा देता है, हिजरत अपने से पहले किए हुए गुनाह मिटा देती है और बेशक हज भी उन गुनाहों को मिटा देता है जो

उस से पहले किए होते हैं”| और अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से मरवी दो हदीसे अल्लाह तआला ने फ़रमाया: “मैं शरीको के शिर्क से बेनियाज़ हूँ” और दूसरी हदीस: “कब्र मेरी चादर है” मैं इन दोनों हदीसो को इंशाअल्लाह तआला “بَاب الرِّيَاء والسمعة (रिया और शोहरत का बयान)” और “بَاب الْغَضَب وَالْكبر (गुस्से और तकबीर का बयान)” में बयान करूँगा| (सहीह)

رواہ مسلم (121 / 192)، (321) 0 حدیث :’’ قال اللہ تعالیٰ : انا اغنی الشرکاء عن الشرک ‘‘ سیاتی (5315) و حدیث :’’ الکبریاء ردائی ‘‘ سیاتی (5110)

كتاب الْإِيمَان • ईमान का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٩ - (لم تتمّ دراسته) عَن معَاذ بن جبل قَالَ كُنْتُ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي سفر فَأَصْبَحت يَوْمًا قَرِيبا مِنْهُ وَنحن نسير فَقلت يَا رَسُولَ اللَّهِ أَخْبِرْنِي بِعَمَلٍ يُدْخِلُنِي الْجَنَّةَ وَيُبَاعِدنِي عَن النَّار قَالَ لقد سَأَلتنِي عَن عَظِيمٍ وَإِنَّهُ لَيَسِيرٌ عَلَى مَنْ يَسَّرَهُ اللَّهُ عَلَيْهِ تَعْبُدُ اللَّهَ وَلَا تُشْرِكُ بِهِ شَيْئًا وَتُقِيمَ الصَّلَاةَ وَتُؤْتِيَ الزَّكَاةَ وَتَصُومَ رَمَضَانَ وَتَحُجَّ الْبَيْتَ ثُمَّ قَالَ أَلَا أَدُلُّكَ عَلَى أَبْوَابِ الْخَيْرِ الصَّوْمُ جُنَّةٌ وَالصَّدَقَةُ تُطْفِئُ الْخَطِيئَةَ كَمَا يُطْفِئُ المَاء النَّار وَصَلَاة الرجل من جَوف اللَّيْل قَالَ ثمَّ تَلا (تَتَجَافَى جنُوبهم عَن الْمضَاجِع)»» حَتَّى بَلَغَ (يَعْمَلُونَ)»» ثُمَّ قَالَ أَلَا أَدُلُّكَ بِرَأْس الْأَمر كُله وَعَمُودِهِ وَذِرْوَةِ سَنَامِهِ قُلْتُ بَلَى يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ رَأْسُ الْأَمْرِ الْإِسْلَامُ وَعَمُودُهُ الصَّلَاةُ وَذِرْوَةُ سَنَامِهِ الْجِهَادُ ثُمَّ قَالَ أَلَا أُخْبِرُكَ بِمِلَاكِ ذَلِكَ كُلِّهِ قُلْتُ بَلَى يَا نَبِيَّ اللَّهِ فَأَخَذَ بِلِسَانِهِ فَقَالَ كُفَّ عَلَيْكَ هَذَا فَقُلْتُ يَا نَبِيَّ اللَّهِ وَإِنَّا لَمُؤَاخَذُونَ بِمَا نتكلم بِهِ فَقَالَ ثَكِلَتْكَ أُمُّكَ يَا مُعَاذُ وَهَلْ يَكُبُّ النَّاسَ فِي النَّارِ عَلَى وُجُوهِهِمْ أَوْ عَلَى مَنَاخِرِهِمْ إِلَّا حَصَائِدُ أَلْسِنَتِهِمْ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَه

29. मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मुझे कोई ऐसा अमल बताइए जो मुझे जन्नत में दाखिल कर दे और जहन्नुम से दूर कर दे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने एक बहोत बड़ी बात के मुतल्लिक पूछा है, लेकिन वह ऐसे शख़्स के लिए आसान है, जिस पर अल्लाह तआला इसे आसान फरमादे, तुम अल्लाह की इबादत करो और उस के साथ किसी को शरीक न बनाओ, नमाज़ कायम करो, ज़कात अदा करो, रमज़ान के रोज़े रखो और बैतुल्लाह का हज”, फिर फ़रमाया: “क्या मैं तुम्हें अबवाबे खैर के मुतल्लिक बताऊँ? रोज़ा ढाल है, सदका गुनाहों को ऐसे मिटा देता है जैसे पानी आग को बुझा देता है, और रात के अवकात में आदमी का नमाज़ पढ़ना (गुनाहों को मिटा देता है)“| फिर आप ने सूरत-उल सज़दा की आयत तिलावत फरमाई: “उन के पहलु बिस्तरो से दूर रहते है”, हत्ता कि आप ने “वो अमल किया करते थे” तक तिलावत मुकम्मल फरमाई फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या मैं तुम्हें दीन की बुनियाद उस के सुतून और उसकी चोटी के मुतल्लिक बताऊँ?” मैंने अर्ज़ किया: क्यों नहीं? अल्लाह के रसूल! ज़रूर बताइए आप ﷺ ने फ़रमाया: “दीन की बुनियाद इस्लाम है? उस का सुतून नमाज़ और उसकी चोटी जिहाद है”, फिर फ़रमाया: “क्या मैं तुम्हें उन सबसे बड़ी चीज़ के मुतल्लिक बताऊँ?” मैंने अर्ज़ किया: क्यों नहीं? अल्लाह के नबी! ज़रूर बताइए, आप ने अपनी ज़ुबान को पकड़ कर फ़रमाया: “इसे रोक लो”, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के नबी! हम उस से जो कलाम करते हैं क्या उस पर हमारा मुआखज़ा होगा आप

ﷺ ने फ़रमाया: “मुआज़ तेरी माँ तुझे गम पाए लोगों को उनकी ज़ुबान की कमाई ही उन के चेहरे या नथुनों के बल जहन्नम में गिराएगी”। (हसन)

حسن ، رواه احمد (5 / 231 ح 22366) و الترمذی (2616 وقال : هذا حديث حسن صحيح) و ابن ماجه (3973) [و للحديث شواهد عند احمد (5 / 236237 ، 248) وغيره وهوبها حسن]

٣٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي أَمَامَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَحَبَّ لِلَّهِ وَأَبْغَضَ لِلَّهِ ص:١ وَأَعْطَى لِلَّهِ وَمَنَعَ لِلَّهِ فَقَدِ اسْتَكْمَلَ الْإِيمَان» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

30. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने अल्लाह के लिए मुहब्बत की, अल्लाह की खातिर बुग्ज़ रखा, अल्लाह की रज़ा की खातिर अता किया और अल्लाह के लिए रोक लिया तो उस ने ईमान मुकम्मल कर लिया”। (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4681)

٣١ - (لم تتمّ دراسته) رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ عَنْ مُعَاذِ بْنِ أَنَسٍ مَعَ تَقْدِيمٍ وَتَأْخِير وَفِيه: «فقد اسْتكْمل إيمَانه»

31. और इमाम तिरमिज़ी रहिमहुल्लाह ने मुआज़ बिन अनस रदियल्लाहु अन्हु से अल्फाज़ की तकदिम ताखीर के साथ इसे यूँ रिवायत किया है: “इस शख़्स ने अपना ईमान मुकम्मल कर लिया”। (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2521 وقال : هذا حديث منكر) [و صححه الحاكم على شرط الشيخين (2 / 164) و وافقه الذهبی : الصواب انه حسن ، خلافًا لمن اعله]

٣٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَفْضَلُ الْأَعْمَالِ الْحُبُّ فِي اللَّهِ وَالْبُغْضُ فِي اللَّهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

32. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह की रज़ा की खातिर मुहब्बत करना और अल्लाह की रज़ा की खातिर बुग्ज़ रखना आमाल में सबसे अफज़ल अमल है”। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4599) * فيه رجل مجهول ، لم نعرف اسمه ، و يزيد بن ابی زياد ضعيف مدلس مختلط و لبعض حديثه شواهد عند الترمذی (2521) وغيره

٣٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْمُسْلِمُ مَنْ سَلِمَ الْمُسْلِمُونَ مِنْ لِسَانِهِ وَيَدِهِ وَالْمُؤْمِنُ مَنْ أَمِنَهُ النَّاسُ عَلَى دِمَائِهِمْ وَأَمْوَالِهِمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ

33. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुसलमान वह है जिस की

जुबान और जिसके हाथ से मुसलमान महफ़ूज़ रहे, और मोमिन वह है जिस से लोग अपने जानो और मालो के बारे में बेखोफ और पुर अमन हो”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (2627 وقال : هذا حديث حسن صحيح) و النسائی (8 / 104 ، 105 ح 4998) [و صححه ابن حبان (الاحسان : 180) و الحاکم (1 / 10) علی شرط مسلم و وافقه الذهبی] * ابن عجلان مدلس و عنعن و للحديث شواهد کثيرة وهوبها صحيح

٣٤ - (لم تتمّ دراسته) وَزَادَ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ» . بِرِوَايَةِ فَضَالَةَ: «وَالْمُجَاهِدُ مَنْ جَاهَدَ نَفْسَهُ فِي طَاعَةِ اللَّهِ وَالْمُهَاجِر من هجر الْخَطَايَا والذنوب»

34. इमाम बय्हकी ने फुज़ालह और मुजाहिद की रिवायत से यह इज़ाफा नकल किया है: “मुजाहिद वह है जो अल्लाह की इताअत के बारे में अपने नफ्स से जिहाद करे जबकि मुहाजिर वह है जो खताओं और गुनाहों से किनाराकशी हो जाए”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه البيهقی فی شعب الايمان (11123) [و احمد (6 / 21 ، 22 ح 24458 ، 24467) و ابن ماجه (3934) و صححه ابن حبان (الموارد : 25) و الحاکم (1 / 10 ، 11)]

٣٥ - (حسن) وَعَنْ أَنَسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَلَّمَا خَطَبَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَّا قَالَ: «لَا إِيمَانَ لِمَنْ لَا أَمَانَةَ لَهُ وَلَا دِينَ لِمَنْ لَا عَهْدَ لَهُ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

35. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ जब भी हमें ख़िताब करते तो फरमाते: “जिस शख़्स में अमानत नहीं उस का ईमान ही नहीं, और जिस शख़्स का अहद नहीं उस का कोई दीन ही नहीं”| (हसन)

حسن ، رواه البيهقی فی شعب الايمان (4352 و السنن الکبری 6 / 288) [و احمد (3 / 135 ح 12410 ، و 3 / 154 ، 210 ، 251) و اورده الضياء فی المختارة (5 / 74 ح 1699 ، 7 / 224 ح 26602663) و للحديث شواهد عند ابن حبان (الاحسان : 194 ، و سنده حسن) و ابن خزيمة (3335) وغيرهما وهوبها حسن]

كتاب الْإِيمَان • ईमान का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ شَهِدَ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنَّ مُحَمَّدًا رَسُولُ اللَّهِ حَرَّمَ الله عَلَيْهِ النَّار»

36. उबादा बिन सामित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स गवाही दे की अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, और मुहम्मद ﷺ अल्लाह के रसूल हैं, अल्लाह ने उस को जहन्नम पर हराम कर दिया है”। (सहीह)

مسلم ، كتاب الايمان ، باب الدليل على ان من مات على التوحيد دخل الجنة قطعًا ، رقم : (142)، ترمذى ، رقم : 2638

٣٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عُثْمَانَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ مَاتَ وَهُوَ يَعْلَمُ أَنَّهُ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ دَخَلَ الْجَنَّةَ» . رَوَاهُ مُسلم

37. उस्मान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स को इस हालत में मौत आए के वह जानता हो के अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं तो वह जन्नत में दाखिल होगा”। (सहीह)

مسلم ، كتاب الايمان ، باب الدليل على ان من مات على التوحيد دخل الجنة قطعًا ، رقم : (136)، احمد ، 1 / 65 ، رقم : 464 ، ابن حبان ، رقم : 201

٣٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ جَابِرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " ثِنْتَانِ مُوجِبَتَانِ. ص:١ قَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا الْمُوجِبَتَانِ؟ قَالَ: (مَنْ مَاتَ يُشْرِكُ بِاللَّهِ شَيْئًا دَخَلَ النَّارَ وَمَنْ مَاتَ لَا يُشْرِكُ بِاللَّهِ شَيْئًا دخل الْجنَّة)»» (رَوَاهُ مُسلم)

38. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दो खसलते बाईस मौजुब है”, किसी शख़्स ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वह दो मौजुब क्या है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स अल्लाह के साथ शिर्क करता हुआ फौत हो जाए, तो वह जहन्नम में दाखिल होगा, और जो शख़्स इस हाल में फौत हो के वह अल्लाह के साथ किसी को शरीक न बनाता हो तो वह जन्नत में दाखिल होगा”। (सहीह)

مسلم ، كتاب الايمان ، باب الدليل على من مات لا يشرك بالله شيئًا دخل الجنة ، رقم : (269)، احمد ، 3 / 391 ، رقم : 15270

٣٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كُنَّا قُعُودًا حَوْلَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ معنا أَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا فِي نَفَرٍ فَقَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ بَيْنَ أَظْهُرِنَا فَأَبْطَأَ عَلَيْنَا وَخَشِينَا أَنْ يُقْتَطَعَ دُونَنَا وَفَزِعْنَا فَقُمْنَا فَكُنْتُ أَوَّلَ مَنْ فَزِعَ فَخَرَجْتُ أَبْتَغِي رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى أَتَيْتُ حَائِطًا لِلْأَنْصَارِ لِبَنِي النَّجَّارِ فَدُرْتُ بِهِ هَلْ أَجِدُ لَهُ بَابًا فَلَمْ أَجِدْ فَإِذَا رَبِيعٌ يَدْخُلُ فِي جَوْفِ حَائِطٍ مِنْ بِئْرٍ خَارِجَةٍ وَالرَّبِيعُ الْجَدْوَلُ فاحتفزت كَمَا يحتفز الثَّعْلَب فَدَخَلْتُ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ أَبُو هُرَيْرَةَ فَقُلْتُ نَعَمْ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ مَا شَأْنُكَ قُلْتُ كُنْتَ بَيْنَ أَظْهُرِنَا فَقُمْتَ فَأَبْطَأْتَ عَلَيْنَا فَخَشِينَا أَنْ تُقْتَطَعَ دُونَنَا فَفَزِعْنَا فَكُنْتُ أَوَّلَ مَنْ فَزِعَ فَأَتَيْتُ هَذَا الْحَائِطَ فَاحْتَفَزْتُ كَمَا يَحْتَفِزُ الثَّعْلَبُ وَهَؤُلَاءِ النَّاس ورائي فَقَالَ يَا أَبَا هُرَيْرَة وَأَعْطَانِي نَعْلَيْه قَالَ اذْهَبْ بنعلي هَاتين فَمن لقِيت من وَرَاء هَذَا الْحَائِط يَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ مُسْتَيْقِنًا بِهَا قَلْبُهُ فَبَشِّرْهُ بِالْجَنَّةِ فَكَانَ أَوَّلُ مَنْ لَقِيتُ عُمَرَ فَقَالَ مَا هَاتَانِ النَّعْلَانِ يَا أَبَا هُرَيْرَة فَقلت هَاتَانِ نَعْلَا

رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَعَثَنِي بِهِمَا مَنْ لَقِيتُ يَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ مُسْتَيْقِنًا بِهَا قَلْبُهُ بَشرته بِالْجَنَّةِ فَضرب عمر بِيَدِهِ بَيْنَ ثَدْيَيَّ فَخَرَرْتُ لِاسْتِي فَقَالَ ارْجِعْ يَا أَبَا هُرَيْرَةَ فَرَجَعْتُ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فأجهشت بكاء وركبني عمر فَإِذا هُوَ على أثري فَقَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ص:١ مَا لَك يَا أَبَا هُرَيْرَة قلت لقِيت عمر فَأَخْبَرته بِالَّذِي بعثتني بِهِ فَضرب بَين ثديي فَخَرَرْت لاستي قَالَ ارْجع فَقَالَ لَهُ رَسُول الله يَا عُمَرُ مَا حَمَلَكَ عَلَى مَا فَعَلْتَ قَالَ يَا رَسُولَ اللَّهِ بِأَبِي أَنْتَ وَأُمِّي أَبَعَثْتَ أَبَا هُرَيْرَةَ بِنَعْلَيْكَ مَنْ لَقِيَ يَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ مُسْتَيْقِنًا بِهَا قَلْبُهُ بَشَّرَهُ بِالْجَنَّةِ قَالَ نَعَمْ قَالَ فَلَا تَفْعَلْ فَإِنِّي أَخْشَى أَنْ يَتَّكِلَ النَّاسُ عَلَيْهَا فخلهم يعْملُونَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فخلهم ". رَوَاهُ مُسلم

39. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के इर्दगिर्दबैठे हुए थे, जबकि अबू बक्र व उमर रदियल्लाहु अन्हु सहाबा की एक जमाअत के साथ हमारे साथ थे के रसूलुल्लाह ﷺ हमारे पास से उठ कर चले गए, आप ने हमारे पास वापस आने में ताखीर की तो हमें अंदेशा हुआ की हमारी गैर मौजूदगी में आप को कोई तकलीफ न पहुंचाई जाए, पस हम (आप की तलाश में) उठ खड़े हुए, तो सबसे पहला शख़्स मैं था जो परेशान हुआ तो मैं वहा से रसूलुल्लाह ﷺ को तलाश करने के लिए रवाना हुआ, हत्ता कि मैं अंसार कबिले के एक खानदान बनू नजार के एक बाग़ के पास आया तो मैंने उस का चक्कर लगाया, ताकि मुझे उस का कोई दरवाज़ा मिल जाए लेकिन मैंने कोई दरवाज़ा न पाया, लेकिन वहां एक बैरूनी कुंवा था, जिस से एक नाली बाग की दिवार से अंदर जाती थी, पस मैं सिमट कर उस रास्ते से रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में पहुँच गया, तो आप ﷺ ने पूछा: अबू हुरैरा! मैंने अर्ज़ किया: जी हाँ, अल्लाह के रसूल! आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हें क्या हुआ? (के यहाँ चले आए?) मैंने अर्ज़ किया: आप हमारे पास तशरीफ़ फरमा थे, की आप उठ कर गए और हमारे पास वापस आने में ताखीर की तो हमें अंदेशा हुआ की हमारी गैर मौजूदगी में आप को कोई तकलीफ न पहुंचाई जाए, पस हम घबरा गए, मैं पहला शख़्स था जो परेशानी का शिकार हुआ, पस मैं इस बाग़ के पास पहुंचा तो मैं सुकड़ कर इस नाले के ज़रिए अन्दर आ गया जिस तरह लोमड़ी सुकड़ और सिमट जाती है, और वह लोग मेरे पीछे है, और आप ﷺ ने अपने नालेन मुबारक मुझे देकर फ़रमाया: “ए अबू हुरैरा! मेरे यह जूते ले जाओ और इस दिवार के बाहर ऐसा जो शख़्स तुम्हें मिले दिल के यकीन के साथ गवाही देता हो के अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, तो उसे जन्नत की बशारत दे दो”, तो सबसे पहले उमर रदियल्लाहु अन्हु से मुलाकात हुई, उन्होंने पूछा: अबू हुरैरा! यह दोनों जूते कैसे है, मैंने कहा: यह दोनों जूते रसूलुल्लाह ﷺ के है, आप ने यह दे कर मुझे भेजा है की मैं ऐसे जिस शख़्स से मिलु, जो दिल के यकीन के साथ गवाही देता हो के, अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, मैं उसे जन्नत की बशारत दू, (ये सुन कर) उमर रदियल्लाहु अन्हु ने मेरे सीने पर मारा तो मैं सुरिन के बल गिर पड़ा, उन्होंने कहा: अबू हुरैरा वापस चले जाओ, मैं रोता हुआ रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में वापस आया, जबकि उमर रदियल्लाहु अन्हु भी मेरे पीछे पीछे चले आए रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अबू हुरैरा! तुम्हें क्या हुआ?” मैंने अर्ज़ किया: मैं उमर रदियल्लाहु अन्हु से मिला तो उन्होंने मेरे सिने पर इस ज़ोर से मारा की मैं सुरिन के बल गिर पड़ा, और कहा के वापस चले जाओ, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उमर तुम्हें ऐसा करने पर किस चीज़ ने अमादा किया?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरे वालिदेन आप पर कुरबान हो, क्या आप ने अपने जूते दे कर अबू हुरैरा को भेजा था के तुम जिस ऐसे शख़्स को मिलो जो दिल के यकीन के साथ गवाही देता हो के अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, उस को जन्नत की खुशखबरी सुना दो, आप ﷺ ने फ़रमाया: “हाँ”, उन्होंने अर्ज़ किया, आप ऐसे न करे, मुझे अंदेशा है के लोग इस बात पर तवक्कुल कर लेंगे, आप उन्हें छोड़ दे ताकि वह अमल करते रहे तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया:

“उन्हें (अपने हाल पर) छोड़ दो (ताकि अमल करते रहे)”। (सहीह)

مسلم ،كتاب الايمان ، باب الدليل على ان من مات على التوحيد دخل الجنة قطعًا ، رقم : (147)

٤٠ - (لم تتمّ دراسته) عَن مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ قَالَ: «قَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَفَاتِيحُ الْجَنَّةِ شَهَادَةُ أَنْ لَا إِلَه إِلَّا الله» . رَوَاهُ أَحْمد

40. मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “इस बात की गवाही देना कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं जन्नत की चाबी है”। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (5 / 242 ح 22453) * شهر بن حوشب : عن معاذ ، منقطع

٤١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عُثْمَانَ بْنِ عَفَّانَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: إِنَّ رِجَالًا مِنْ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حِينَ تُوُفِّيَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَزِنُوا عَلَيْهِ حَتَّى كَادَ بَعْضُهُمْ يُوَسْوِسُ قَالَ عُثْمَان وَكنت مِنْهُم فبينا أَنا جَالس فِي ظلّ أَطَم من الْآطَام مر عَليّ عمر رَضِي الله عَنهُ فَسلم عَليّ فَلم أشعر أَنه مر وَلَا سلم فَانْطَلق عمر حَتَّى دخل على أبي بكر رَضِي الله عَنهُ فَقَالَ لَهُ مَا يُعْجِبك أَنِّي مَرَرْت على عُثْمَان فَسلمت عَلَيْهِ فَلم يرد عَليّ السَّلَام وَأَقْبل هُوَ وَأَبُو بكر فِي وِلَايَةِ أَبِي بَكْرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ حَتَّى سلما عَليّ جَمِيعًا ثمَّ قَالَ أَبُو بكر جَاءَنِي أَخُوك عمر فَذكر أَنه مر عَلَيْك فَسلم فَلم ترد عَلَيْهِ السَّلَام فَمَا الَّذِي حملك على ذَلِك قَالَ قُلْتُ مَا فَعَلْتُ فَقَالَ عُمَرُ بَلَى وَاللَّهِ لقد فعلت وَلكنهَا عبيتكم يَا بني أُميَّة قَالَ قُلْتُ وَاللَّهِ مَا شَعَرْتُ أَنَّكَ مَرَرْتَ وَلَا سَلَّمْتَ قَالَ أَبُو بَكْرٍ صَدَقَ عُثْمَانُ وَقد شَغَلَكَ عَنْ ذَلِكَ أَمْرٌ فَقُلْتُ أَجَلْ قَالَ مَا هُوَ فَقَالَ عُثْمَان رَضِي الله عَنهُ توفى الله عز وَجل نَبِيَّهُ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَبْلَ أَنْ نَسْأَلَهُ عَنْ نَجَاةِ هَذَا الْأَمْرِ قَالَ أَبُو بكر قد سَأَلته عَن ذَلِك قَالَ فَقُمْت إِلَيْهِ فَقلت لَهُ بِأَبِي أَنْتَ وَأُمِّي أَنْتَ أَحَقُّ بِهَا قَالَ أَبُو بَكْرٍ قُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا نَجَاةُ هَذَا الْأَمْرِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ص:٢ مَنْ قَبِلَ مِنِّي الْكَلِمَةَ الَّتِي عَرَضْتُ عَلَى عَمِّي فَرَدَّهَا فَهِيَ لَهُ نجاة. رَوَاهُ أَحْمد

41. उस्मान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ ने वफात पाई तो आप के सहाबा किराम आप की वफात पर ग़मज़दा हो गए, हत्ता कि करीब था उनमें से बाज़ वसवसे का शिकार हो जाते, उस्मान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, और मैं भी उन्हीं में से था, पस मैं बैठा हुआ था, के इस असना में उमर रदियल्लाहु अन्हु पास से गुज़रे और उन्होंने मुझे सलाम किया, लेकिन (शिद्दते ग़म की वजह से) मुझे उस का कोई पता नहीं चला, पस उमर रदियल्लाहु अन्हु ने अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु से शिकायत की, फिर वह दोनों आए हत्ता कि इन दोनों ने एक साथ मुझे सलाम किया, तो अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: आप ने किस वजह से अपने भाई उमर के सलाम का जवाब नहीं दिया, मैंने कहा: मैंने तो ऐसे नहीं किया, तो उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: क्यों नहीं, अल्लाह की क़सम! आप ने ऐसे किया है, उस्मान रदियल्लाहु अन्हु कहते हैं मैंने कहा: अल्लाह की क़सम! मुझे आप के गुज़रने का पता है ना सलाम करने का, अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: उस्मान ने सच फ़रमाया, किसी अहम काम ने आप को उस से

गाफ़िल रखा होगा? तो मैंने कहा: आप ने ठीक कहा, उन्होंने पूछा: वह कौन सा अहम काम है? मैंने कहा: अल्लाह तआला ने नबी ﷺ को वफात दे दि उस से पहले के हम आप से इस मुआमले की निजात के बारे में दरियाफ्त कर लेते, अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: मैंने उस के मुतल्लिक आप से पूछ लिया था, मैं इन की तरफ मुतवज्जे हुआ और उन्हें कहा: मेरे वालिदेन आप पर कुरबान हो, आप ही उस के ज़्यादा हक़दार थे, अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: मैंने कहा: अल्लाह के रसूल! इस मुआमले का हल क्या है? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने मुझ से वह कलिमा, जो मैंने अपने चचा पर पेश किया लेकिन उसने इनकार कर दिया, कबूल कर लिया तो वही उस के लिए निजात है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (1 / 6 ح 20) * فيه رجل من الانصار من اهل الفقه : لم اعرفه ولم يوثقه الزهرى

٤٢ - (صَحِيح) عَن الْمِقْدَاد بن الْأسود قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَقُولُ لَا يَبْقَى عَلَى ظَهْرِ الْأَرْضِ بَيْتُ مَدَرٍ وَلَا وَبَرٍ إِلَّا أَدْخَلَهُ اللَّهُ كلمة الاسلام بعز عَزِيز أَو ذل ذليل إِمَّا يعزهم الله عز وَجل فَيَجْعَلُهُمْ مِنْ أَهْلِهَا أَوْ يُذِلُّهُمْ فَيَدِينُونَ لَهَا»» رَوَاهُ أَحْمد

42. मिकदाद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अल्लाह रुए ज़मीन के हर शहर बस्ती के हर घर में कलिमा ए इस्लाम दाखिल फरमादेगा, ख्वाह इसे कोई इज्ज़त के साथ कबूल कर ले या ज़िल्लत के साथ जिंदा रहे, वह लोग जिन्हें अल्लाह इज्ज़त अता फरमाएगा तो वह इनको उस का अहल (मुहाफ़िज़) बना देगा या इनको ज़लील कर देगा तो वह उसकी इताअत इख़्तियार कर लेंगे”, मैंने कहा: गोया दीन पुरे का पूरा इसी का हो जाएगा| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (6 / 4 ح 24315) [و صححه ابن حبان (موارد : 1631 ، 1632) و الحاكم (4 / 430) على شرط الشيخين و وافقه الذهبى]

٤٣ - (٤٢ (لم تتمّ دراسته) عَن وهب بن مُنَبِّه قِيلَ لَهُ: أَلَيْسَ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ مِفْتَاحُ الْجَنَّةِ قَالَ بَلَى وَلَكِنْ لَيْسَ مِفْتَاحٌ إِلَّا لَهُ أَسْنَانٌ فَإِنْ جِئْتَ بِمِفْتَاحٍ لَهُ أَسْنَانٌ فَتَحَ لَكَ وَإِلَّا لَمْ يَفْتَحْ لَكَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ فِي تَرْجَمَة بَاب

43. वहबी बिन मुनब्बाह रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्हें कहा गया क्या (لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ) (अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं) जन्नत की चाबी नहीं? उन्होंने कहा: क्यों नहीं!, लेकिन हर चाबी के दन्दाने होते हैं, अगर तुम दन्दान वाली चाबी लाओगे तो आप के लिए उसे खोल दिया जाएगा, वरना नहीं खोला जाएगा| (सहीह)

رواه البخارى (كتاب الجنائز باب : 1 قبل ح 1237)

٤٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ:»» إِذَا أَحْسَنَ أَحَدُكُمْ إِسْلَامَهُ فَكُلُّ حَسَنَةٍ

يَعْمَلُهَا تُكْتَبُ لَهُ بِعشر أَمْثَالهَا إِلَى سبع مائَة ضعف وكل سَيِّئَة يعملها تكْتب لَهُ بِمِثْلِهَا "

44. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई अपने इस्लाम को संवार ले तो उस का हर नेक अमल दस गुना से सातसो गुना तक बढ़ाकर लिखा जाएगा, जबकि उसकी हर बुराई उतनी ही लिखी जाएगी हत्ता कि वह अल्लाह से जा मिले”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (42) و مسلم (129 / 205)، (336)۔

٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ أَنَّ رَجُلًا سَأَلَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا الْإِيمَانُ قَالَ إِذَا سَرَّتْكَ حَسَنَتُكَ وَسَاءَتْكَ سَيِّئَتُكَ فَأَنْتَ مُؤْمِنٌ قَالَ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَمَا الْإِثْمُ قَالَ إِذَا حَاكَ فِي نَفْسِكَ شَيْءٌ فَدَعْهُ» . رَوَاهُ أَحْمد

45. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के किसी आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया, ईमान क्या है? आप ﷺ ने फ़रमाया: जब तेरी नेकी तुझे खुश कर दे और तेरी बुराई तुझे ग़मगीन कर दे तो तू मोमिन है”, उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! तो गुनाह क्या है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब कोई चीज़ तेर दिल में खटके तो उसे छोड़ दो”| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (5 / 251 ح 22519) [و صححه ابن حبان (الموارد : 103) و الحاكم على شرط الشيخين (1 / 14) و وافقه الذهبى]

٤٦ - (لم تتمّ دراسته) عَن عَمْرو بن عبسة قَالَ: أَتَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ص:٢ فَقُلْتُ يَا رَسُول الله من تبعك عَلَى هَذَا الْأَمْرِ قَالَ حُرٌّ وَعَبْدٌ قُلْتُ مَا الْإِسْلَامُ قَالَ طِيبُ الْكَلَامِ وَإِطْعَامُ الطَّعَامِ قُلْتُ مَا الْإِيمَانُ قَالَ الصَّبْرُ وَالسَّمَاحَةُ قَالَ قُلْتُ أَيُّ الْإِسْلَامِ أَفْضَلُ قَالَ مَنْ سَلِمَ الْمُسْلِمُونَ مِنْ لِسَانِهِ وَيَدِهِ قَالَ قُلْتُ أَيُّ الْإِيمَانِ أَفْضَلُ قَالَ خُلُقٌ حَسَنٌ قَالَ قُلْتُ أَيُّ الصَّلَاةِ أَفْضَلُ قَالَ طُولُ الْقُنُوتِ قَالَ قُلْتُ أَيُّ الْهِجْرَةِ أَفْضَلُ قَالَ أَنْ تَهْجُرَ مَا كره رَبك عز وَجل قَالَ قلت فَأَيُّ الْجِهَادِ أَفْضَلُ قَالَ مَنْ عُقِرَ جَوَادُهُ وَأُهْرِيقَ دَمُهُ قَالَ قُلْتُ أَيُّ السَّاعَاتِ أَفْضَلُ قَالَ جَوف اللَّيْل الآخر. . . رَوَاهُ أَحْمد

46. अमर बिन अबसत रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! इस दीन पर आप के साथ और कौन है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “आज़ाद और गुलाम’‘,मैंने अर्ज़ किया: इस्लाम क्या है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अच्छी और पाकिज़ा गुफ्तगू और अच्छा खाना खिलाना’‘, मैंने अर्ज़ किया: ईमान क्या है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “सब्र व इस्तिकामत’‘, रावी बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: कौन सा मुसलमान अफज़ल है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस की ज़ुबान और हाथ से मुसलमान महफ़ूज़ रहे’‘, उन्होंने कहा: मैंने अर्ज़ किया: कौन सा ईमान अफज़ल है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अच्छे अख़लाक़’‘, रावी बयान करते हैं, मैं अर्ज़ किया: कौन सी नमाज़ अफज़ल है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “लम्बी कयाम वाली’‘, वह बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: कौन सी हिजरत बेहतर है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तू अपने रब की नापसंद चीजों से किनाराकशी हो जा’‘, उन्होंने कहा: मैंने पूछा, कौन सा

जिहाद अफज़ल है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस के घोड़े की टांगे काट दी जाए और इसे शहीद कर दिया जाए’‘, रावी बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: कौन सा वक़्त बेहतर है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “रात का आखिरी हिस्सा’‘| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (4 / 385 ح 19655) [و ابن ماجه : 2794 مختصرًا] * فيه محمد بن ذكوان : ضعيف ، و لبعض الحديث شواهد عند مسلم (294)، (1930) و الحاكم (1 / 164) وغيرهما و حديث ابن ماجه (2794) حسن

٤٧ - (صَحِيح) وَعَن مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ قَالَ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ لَقِيَ اللَّهَ لَا يُشْرِكُ بِهِ شَيْئا يُصَلِّي الْخَمْسَ وَيَصُومُ رَمَضَانَ غُفِرَ لَهُ قُلْتُ أَفَلَا أُبَشِّرُهُمْ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ دَعْهُمْ يَعْمَلُوا» . رَوَاهُ أَحْمد

47. मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स इस हालत में अल्लाह से मुलाकात करे के वह उस के साथ किसी को शरीक न ठहराता हो, पांचो नमाज़े पढ़ता हो और रमज़ान के रोज़े रखता हो तो इसे बख्श दीया जाएगा’‘, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या मैं उन्हें बशारत ना सुना दू? आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन्हें छोड़ दो, ताकि वह अमल करते रहे”| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (5 / 232 ح 22378) [و الترمذى (2530) و اعله وله شاهد صحيح عند الترمذى (2531) و صححه الحاكم (1 / 80)]

٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن معَاذ أَنَّهُ سَأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ أَفْضَلِ الْإِيمَانِ قَالَ: «أَنْ تُحِبَّ لِلَّهِ وَتُبْغِضَ لِلَّهِ وَتُعْمِلَ لِسَانَكَ فِي ذِكْرِ اللَّهِ قَالَ وماذا يَا رَسُول الله قَالَ وَأَن تحب للنَّاس مَا تحب لنَفسك وَتَكْرَهُ لَهُمْ مَا تَكْرَهُ لِنَفْسِكَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ

48. मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने नबी ﷺ से ईमान की बेहतरीन खसलत के बारे में दरियाफ्त किया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम अल्लाह के लिए मुहब्बत करो, अल्लाह के लिए बुग्ज़ रखो और अपने जुबान को अल्लाह के ज़िक्र में मसरूफ रखो”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! उस के बाद क्या करू? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम लोगों के लिए वही कुछ पसंद करो जो अपने लिए पसंद करते हो और इन के लिए इस चीज़ को नापसंद करो जिसे अपने लिए नापसंद करते हो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (5 / 247 ح 22481) * زبان و تلميذه رشدين : ضعيفان ، ورشدين : تابعه ابن لهيعة

कबीरह गुनाहों और निफाक की अलामतो का बयान • بَاب الْكَبَائِر وعلامات النِّفَاق

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٤٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَيُّ الذَّنْبِ أَكْبَرُ عِنْدَ اللَّهِ قَالَ أَنْ تَدْعُوَ لِلَّهِ نِدًّا وَهُوَ خَلَقَكَ قَالَ ثُمَّ أَيٌّ قَالَ ثمَّ أَنْ تَقْتُلَ وَلَدَكَ خَشْيَةَ أَنْ يَطْعَمَ مَعَكَ قَالَ ثمَّ أَي قَالَ ثمَّ أَن تُزَانِي بحليلة جَارك فَأنْزل الله عز وَجل تَصْدِيقَهَا (وَالَّذِينَ لَا يَدْعُونَ مَعَ اللَّهِ إِلَهًا آخَرَ وَلَا يَقْتُلُونَ النَّفْسَ الَّتِي حَرَّمَ اللَّهُ إِلَّا بِالْحَقِّ وَلَا يزنون وَمن يفعل ذَلِك يلق أثاما)»» الْآيَة

49. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, किसी आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अल्लाह के नज़दीक कौन सा गुनाह सबसे बड़ा है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “यह कि तू अल्लाह का शरीक बनाए, हालाँकि उस ने तुम्हें पैदा फ़रमाया, उस ने कहा: फिर कौन सा? आप ने फ़रमाया: “यह कि तु इस अंदेशे के पेशे नज़र अपने बच्चे को क़त्ल कर दे के वह तुम्हारे साथ खाएगा’‘, उस ने अर्ज़ किया: फिर कौन सा? आप ने फ़रमाया: “यह कि तू अपने पड़ोसी की बीवी से ज़िना करे’‘, अल्लाह ने इस मसअले की तस्दीक में यह आयत नाज़िल फरमाई: “और वह लोग है जो अल्लाह के साथ और माबुदो को नहीं पुकारते और जिसके क़त्ल करने को अल्लाह ने हराम करार दिया है उसे नाहक क़त्ल नहीं करते और ना ही वह ज़िना करते हैं”। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (6861) و مسلم (86 / 142)، (258) و اللفظ لہ

٥٠ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْكَبَائِرُ الْإِشْرَاكُ بِاللَّهِ وَعُقُوقُ الْوَالِدَيْنِ وَقَتْلُ النَّفْسِ وَالْيَمِين الْغمُوس» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

50. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: अल्लाह के साथ शरीक बनाना, वालिदेन की नाफ़रमानी करना, कत्ले नफ्स और झूठी कसम उठाना कबीरा गुनाह है। (सहीह)

رواہ البخاری (6675)

٥١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَفِي رِوَايَةِ أَنَسٍ: «وَشَهَادَةُ الزُّورِ» بَدَلُ: «الْيَمِينُ الْغمُوس»

51. अनस रदियल्लाहु अन्हु की रिवायत में झूठी क़सम की बजाए झूठी गवाही का ज़िक्र है। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (2653) و مسلم (88 / 144)، (261)

٥٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «اجْتَنِبُوا السَّبْعَ الْمُوبِقَاتِ قَالُوا يَا رَسُولَ اللَّهِ وَمَا هُنَّ قَالَ الشِّرْكُ بِاللَّهِ وَالسِّحْرُ وَقَتْلُ النَّفْسِ الَّتِي حَرَّمَ اللَّهُ ص:٢ إِلَّا بِالْحَقِّ وَأَكْلُ الرِّبَا وَأَكْلُ مَالِ الْيَتِيمِ وَالتَّوَلِّي يَوْمَ الزَّحْفِ وَقَذْفُ الْمُحْصَنَاتِ الْمُؤْمِنَاتِ الْغَافِلَاتِ»

52. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सात खतरनाक चीजों से बचा करो”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वह क्या है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह के साथ शिर्क करना, जादू करना, जिसके क़त्ल करने को अल्लाह ने हराम करार दिया है/ इसे नाहक क़त्ल करना, सूद खाना, यतीम का माल खाना, लड़ाई के दिन मैदान ए जिहाद से पीठ फेर कर फरार होना और पाक दामन औरतो पर तोहमत लगाना”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2766) و مسلم (89 / 145)، (262)

٥٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَزْنِي الزَّانِي حِينَ يَزْنِي وَهُوَ مُؤْمِنٌ وَلَا يشرب الْخمر حِين يشْربهَا وَهُوَ مُؤمن وَلَا يَسْرِقُ السَّارِقُ حِينَ يَسْرِقُ وَهُوَ مُؤْمِنٌ وَلَا ينتهب نهبة ذَات شرف يرفع النَّاس إِلَيْهِ أَبْصَارهم فِيهَا حِينَ يَنْتَهِبُهَا وَهُوَ مُؤْمِنٌ وَلَا يَغُلُّ أَحَدُكُمْ حِين يغل وَهُوَ مُؤمن فإياكم إِيَّاكُمْ»

53. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस वक़्त ज़ानि ज़िना करता है तो वह इस वक़्त मोमिन नहीं होता, जिस वक़्त चोर चोरी करता है तो इस वक़्त वह मोमिन नहीं होता, जब वह शराब पीता है तो शराब नौशी के वक़्त वह मोमिन नहीं होता, जब लूटने वाला लूटता है तो वह लूटने के वक़्त मोमिन नहीं होता, जबकि लोगों इसे देख रहे होते हैं और जब खयानत करने वाला खयानत करता है तो वह इस वक़्त मोमिन नहीं होता है, पस तुम बच जाओ बच जाओ”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2475) و مسلم (57 / 100)، (202)

٥٤ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَة ابْن عَبَّاس: «وَلَا يَقْتُلُ حِينَ يَقْتُلُ وَهُوَ مُؤْمِنٌ» . قَالَ عِكْرِمَةُ: قُلْتُ لِابْنِ عَبَّاسٍ: كَيْفَ يُنْزَعُ الْإِيمَانُ مِنْهُ؟ قَالَ: هَكَذَا وَشَبَّكَ بَيْنَ أَصَابِعِهِ ثُمَّ أَخْرَجَهَا فَإِنْ تَابَ عَادَ إِلَيْهِ هَكَذَا وَشَبَّكَ بَيْنَ أَصَابِعِهِ وَقَالَ أَبُو عَبْدِ اللَّهِ: لَا يَكُونُ هَذَا مُؤْمِنًا تَامًّا وَلَا يَكُونُ لَهُ نُورُ الْإِيمَان. هَذَا لفظ البُخَارِيّ

54. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा की रिवायत में है: “जिस वक़्त कातिल क़त्ल करता है तो इस वक़्त वह मोमिन नहीं होता”, इकरमा बयान करते हैं, मैंने इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से पूछा उस से ईमान कैसे निकाल लिया जाता है, उन्होंने ने फ़रमाया: इस तरह और उन्होंने एक हाथ की उंगलिया दूसरे हाथ की उंगलियों मैं डाली और फिर उन्हें निकाल लिया, पस अगर वह तौबा कर ले तो ईमान उसकी तरफ इस तरहलौट आता है, और उन्होंने एक हाथ की उंगलिया दूसरे हाथ की उंगलियों मैं डाली और अबू अब्दुल्लाह इमाम बुखारी (रह)) ने फ़रमाया: ना ऐसा शख़्स कामिल (सर्वोत्तम) मोमिन होगा ना उस के लिए नूर ईमान

होगा”, यह बुखारी के अल्फाज़ है| (सहीह)

رواه البخارى (6809) * وقول البخارى : لم اجده

٥٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: («آيَةُ الْمُنَافِقِ ثَلَاثٌ» . زَادَ مُسْلِمٌ: «وَإِنْ صَامَ وَصَلَّى وَزَعَمَ أَنَّهُ مُسْلِمٌ» . ثُمَّ اتَّفَقَا: «إِذَا حَدَّثَ كَذَبَ وَإِذَا وَعَدَ أَخْلَفَ وَإِذَا اؤتمن خَان»

55. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुनाफ़िक़ की तीन निशानिया हैं, जब बात करे तो झूठ बोले, जब वादा करे खिलाफर्ज़ी करे और जब उस के पास अमानत रखी जाए तो खयानत करे”| # इमाम मुस्लिम ने अल्फाज़ इज़ाफ़ी (ज़्यादा) नकल किए है: “अगरचे वह रोज़ा रखे नमाज़ पढ़े और वह मुसलमान होने का दावा करे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (33) و مسلم (59 / 107 ، 109)، (211 و 213)

٥٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَرْبَعٌ مَنْ كُنَّ فِيهِ كَانَ مُنَافِقًا خَالِصًا وَمَنْ كَانَتْ فِيهِ خَصْلَةٌ مِنْهُنَّ كَانَتْ فِيهِ خَصْلَةٌ مِنَ النِّفَاقِ حَتَّى يَدَعَهَا إِذَا اؤْتُمِنَ خَانَ وَإِذَا حَدَّثَ كَذَبَ وَإِذَا عَاهَدَ غَدَرَ وَإِذَا خَاصم فجر»

56. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स में चार खसलते हो वह खालिस (पक्का) मुनाफ़िक़ है, और जिस में उनमें से एक खसलत हो तो उस में निफ़ाक़ की एक खसलत है, हत्ता कि वह इसे छोड़ दे, जब उस के पास अमानत रखी जाए तो उस में खयानत करे, जब बात करे झूठ बोले, जब अहद करे तो दगाबाज़ी करे और जब झगड़ा करे तो गाली गलोच पर उतर आए”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (34 و اللفظ له) و مسلم (58 / 106)، (210)

٥٧ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مثل الْمُنَافِق كَمثل الشَّاة الْعَائِرَةِ بَيْنَ الْغُنْمَيْنِ تَعِيرُ إِلَى هَذِهِ مَرَّةً وَإِلَى هَذِه مرّة» . رَوَاهُ مُسلم

57. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुनाफ़िक़ की मिसाल इस भ्रमित (कन्फ्यूज्ड) बकरी की तरह है जो दो झुंड के दरमियान हो कभी वह उसकी तरफ जाती है कभी उसकी तरफ”| (सहीह)

رواه مسلم (2784 / 17)، (7043)

بَاب الْكَبَائِرِ وعلامات النِّفَاق • कबीरह गुनाहों और निफाक की अलामतो का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٥٨ - (ضَعِيف) عَنْ صَفْوَانَ بْنِ عَسَّالٍ قَالَ: قَالَ يَهُودِيٌّ لصاحبه اذْهَبْ بِنَا إِلَى هَذَا النَّبِي فَقَالَ صَاحِبُهُ لَا تَقُلْ نَبِيٌّ إِنَّهُ لَوْ سَمِعَكَ كَانَ لَهُ أَرْبَعَة أَعْيُنٍ فَأَتَيَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَسَأَلَاهُ عَنْ تِسْعِ آيَاتٍ بَيِّنَاتٍ فَقَالَ لَهُم: «لَا تُشْرِكُوا بِاللَّهِ شَيْئًا وَلَا تَسْرِقُوا وَلَا تَزْنُوا وَلَا تَقْتُلُوا النَّفْسَ الَّتِي حَرَّمَ اللَّهُ إِلَّا بِالْحَقِّ وَلَا تَمْشُوا بِبَرِيءٍ إِلَى ذِي سُلْطَانٍ لِيَقْتُلَهُ وَلَا تَسْحَرُوا وَلَا تَأْكُلُوا الرِّبَا وَلَا تَقْذِفُوا مُحصنَة وَلَا تولوا الْفِرَار يَوْمَ الزَّحْفِ وَعَلَيْكُمْ خَاصَّةً الْيَهُودَ أَنْ لَا تَعْتَدوا فِي السبت» . قَالَ فقبلوا يَده وَرجله فَقَالَا نَشْهَدُ أَنَّكَ نَبِيٌّ قَالَ فَمَا يَمْنَعُكُمْ أَنْ تتبعوني قَالُوا إِن دَاوُد دَعَا ربه أَن لَا يزَال فِي ذُرِّيَّتِهِ نَبِيٌّ وَإِنَّا نَخَافُ إِنْ تَبِعْنَاكَ أَنْ تَقْتُلَنَا الْيَهُودُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ

58. सफवान बिन अस्साल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, किसी यहूदी ने अपने साथी से कहा हमें इस नबी के पास ले चलो, तो उस ने अपने साथी से कहा: तुम नबी ना कहो: क्योंकि अगर उस ने तुम्हारी बात सुन ली तो वह बहोत खुश होगा, पस वह दोनों रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए, तो उन्होंने वाज़ेह निशानियो के बारे में आप से दरियाफ्त किया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम अल्लाह के साथ किसी को शरीक न बनाओ, न ज़िना करो, न किसी ऐसी जान को जिसका क़त्ल अल्लाह ने हराम करार दिया है और न किसी बेगुनाह शख़्स को किसी अधिकार वाले के पास ले जाओ के वह इसे क़त्ल कर दे, ना जादू करो ना सूद खाओ, पाक दामन औरत पर तोहमत न लगाओ, न लड़ाई के दिन मैदान ए जिहाद से पीठ फेर कर भागो, और तुम बिलखुसुस यहूद पर लाज़िम है के तुम हफ्ते के दिन के बारे में ज़्यादती न करो”, रावी बयान करते हैं, इन दोनों ने आप ﷺ के हाथ और पाँव चूमे और कहा, हम गवाही देते हैं की आप ﷺ नबी है, आप ने फ़रमाया: “तो फिर कौन सी चीज़ तुम्हें मेरी इत्तेबा नहीं करने देती?” उन्होंने अर्ज़ किया: दाउद (अ) ने अपने रब से दुआ की थी के नबूवत का सिलसिला उसकी औलाद में जारी रहे, और हम डरते हैं की अगर हमने आप ﷺ की इत्तेबा कर ली तो यहूद हमें क़त्ल कर देंगे | (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2733 وقال : ھذا حدیث حسن صحیح ، 3144) و ابوداؤد (لم اجده) و النسائی (7 / 111 ح 4083) [و ابن ماجه (3705)] قلت : فیه عبدالله بن سلمة : حسن الحدیث علی الراجح

٥٩ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَنَسِ بْنِ مَالِكٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «ثَلَاث من أَصْلِ الْإِيمَانِ الْكَفُّ عَمَّنْ قَالَ لَا إِلَهَ إِلَّا الله وَلَا نكفره بذنب وَلَا نخرجهُ من الْإِسْلَام بِعَمَل ص:٢ وَالْجِهَادُ مَاضٍ مُنْذُ بَعَثَنِي اللَّهُ إِلَى أَنْ يُقَاتل آخر أمتِي الدَّجَّال لَا يُبْطِلُهُ جَوْرُ جَائِرٍ وَلَا عَدْلُ عَادل وَالْإِيمَان بالأقدار» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

59. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन (खसलते) ईमान की असल बुनियाद है (لَا إِلَهَ إِلَّا الله) (अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं)| का इकरार करने वाले शख़्स के दर पै होने से रुक जाना, किसी गुनाह या किसी और खिलाफे शरह अमल की वजह से किसी को इस्लाम से ख़ारिज मत करो, जिहाद जारी है, जब से अल्लाह ने मुझे मबउस फ़रमाया है, और यह इस वक़्त तक

जारी रहेगा जब इस उम्मत का आखिरी शख़्स दज्जाल से किताल करेगा,ना किसी ज़ालिम का जुल्म इसे रोक सकेगा न किसी आदिल का अदल और तकदीर पर ईमान रखना"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2532) * فيه يزيد بن ابى شيبة وهو مجهول

٦٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا زَنَى الْعَبْدُ خَرَجَ مِنْهُ الْإِيمَانُ فَكَانَ فَوْقَ رَأْسِهِ كَالظُّلَّةِ فَإِذا خرج من ذَلِك الْعَمَل عَاد إِلَيْهِ الايمان» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

60. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब बंदा ज़िना करता है तो ईमान उस से निकल कर छत्री की तरह उस के सर पर हो जाता है, जब वह इस अमल से रुजू कर लेता है तो ईमान भी उसकी तरफ पलट आता है"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (معلقًا بعد ح 2625) و ابوداؤد (4690) [و صححه الحاكم على شرط الشيخين 1 / 22 و وافقه الذهبى]

بَاب الْكَبَائِر وعلامات النِّفَاق • कबीरह गुनाहों और निफाक की अलामतो का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٦١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ مُعَاذٍ قَالَ: أَوْصَانِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِعَشْرِ كَلِمَاتٍ قَالَ لَا تُشْرِكْ بِاللَّهِ شَيْئًا وَإِنْ قُتِلْتَ وَحُرِّقْتُ وَلَا تَعُقَّنَّ وَالِدَيْكَ وَإِنْ أَمَرَاكَ أَنْ تَخْرُجَ مِنْ أَهْلِكَ وَمَالِكَ وَلَا تَتْرُكَنَّ صَلَاةً مَكْتُوبَةً مُتَعَمِّدًا فَإِنَّ مَنْ تَرَكَ صَلَاةً مَكْتُوبَةً مُتَعَمِّدًا فَقَدْ بَرِئَتْ مِنْهُ ذِمَّةُ اللَّهِ وَلَا تَشْرَبَنَّ خَمْرًا فَإِنَّهُ رَأْسُ كُلِّ فَاحِشَةٍ وَإِيَّاكَ وَالْمَعْصِيَةَ فَإِنَّ بالمعصية حل سخط الله عز وَجل وَإِيَّاكَ وَالْفِرَارَ مِنَ الزَّحْفِ وَإِنْ هَلَكَ النَّاسُ وَإِذا أصَاب النَّاس موتان وَأَنت فيهم فَاثْبتْ وَأَنْفق عَلَى عِيَالِكَ مِنْ طَوْلِكَ وَلَا تَرْفَعْ عَنْهُمْ عَصَاكَ أَدَبًا وَأَخِفْهُمْ فِي اللَّهِ. رَوَاهُ أَحْمَدُ

61. मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे दस चीजों का हुक्म देते हुए फ़रमाया: "अल्लाह के साथ किसी को शरीक न बनाना ख्वाह तुझे क़त्ल कर दिया जाए और जला दिया जाए, वालिदेन की नाफ़रमानी न करना ख्वाह वह तुम्हें हुक्म दे की तू अपने अहल व माल से अलग हो जा, फ़र्ज़ नमाज़ जान बुझकर तर्क न करना, क्योंकि जिस ने जान बुझकर फ़र्ज़ नमाज़ तर्क कर दी तो उन से अल्लाह की अमान ख़त्म हो गई, शराब न पीना क्योंकि वह हर बेहयाई की बुनियाद है, नज़र अंदाज़गी से बचते रहना क्योंकि नज़र अंदाज़गी अल्लाह की नाराज़ी का बाईस बनती है, मैदान ए जिहाद से फरार न होना ख्वाह लोग हलाक हो जाए, जब लोग (ताऊन की वजह से) मौत का शिकार हो जाए और तुम उनमें मौजूद हो तो फिर वहीँ रहो, अपने इस्तिताअत के मुताबिक अपने माल में से अपने औलाद पर खर्च कर, अदब सिखाने

की खातिर उन से कोई समझोता न कर, (मारने की ज़रूरत पड़े तो मार) और अल्लाह के बारे में उन्हें डराते रहो"| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه احمد (5 / 238 ح 22425) * سنده منقطع ، و للحديث شاهد مختصر عند ابن ماجه (4034 وهو حسن) وقوله :’’ وان امراک ان تخرج من اهلک و مالک ‘‘ لا شاهد له

٦٢ - (صَحِيح) وَعَن حُذَيْفَة قَالَ: إِنَّمَا كَانَ النِّفَاق عَلَى عَهْدِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَمَّا الْيَوْمَ فَإِنَّمَا هُوَ الْكفْر بعد الايمان. رَوَاهُ البُخَارِيّ

62. हुज़ैफ़ा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, निफाक तो रसूलुल्लाह ﷺ के दौर मैं था, जबकि अब तो कुफ्र है या ईमान है| (सहीह)

رواه البخاری (7114)

بَاب الوسوسة • वसवसो का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٦٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى تَجَاوَزَ عَنْ أُمَّتِي مَا وَسْوَسَتْ بِهِ صُدُورُهَا مَا لم تعْمل بِهِ أَو تَتَكَلَّمْ»

63. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "बेशक अल्लाह ने मेरी उम्मत के दिलों में पैदा होने वाले वस्वसो से दरगुज़र फ़रमाया है जब तक वह उन के मुताबिक अमल न कर ले या बात न कर ले"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2528) و مسلم (127 / 202)، (332)

٦٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: جَاءَ نَاسٌ مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَسَأَلُوهُ: إِنَّا نَجِدُ فِي أَنْفُسِنَا مَا يَتَعَاظَمُ أَحَدُنَا أَنْ يَتَكَلَّمَ بِهِ. قَالَ: «أَو قد وجدتموه» قَالُوا: نعم. قَالَ: «ذَاكَ صَرِيح الْإِيمَان» . رَوَاهُ مُسلم

64. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के चंद सहाबा नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए, तो उन्होंने आप से दरियाफ्त किया: हम अपने दिलों में ऐसे वसवसे पाते है की उन्हें बयान करना हम बहोत गिराह समझते है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या तुम भी ऐसा महसूस करते हो?' उन्होंने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: "ये तो वाज़ेह ईमान है"| (सहीह)

رواه مسلم (132 / 209)، (340)

٦٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَأْتِي الشَّيْطَانُ أَحَدَكُمْ فَيَقُولُ: مَنْ خلق كَذَا؟ مَنْ خَلَقَ كَذَا؟ حَتَّى يَقُولَ: مَنْ خَلَقَ رَبَّكَ؟ فَإِذَا بَلَغَهُ فَلْيَسْتَعِذْ بِاللَّهِ وَلْيَنْتَهِ "

65. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "शैतान तुम्हारे किसी शख़्स के पास आता है तो वह कहता है: उस को किस ने पैदा किया? उस को किसने पैदा किया? हत्ता कि कहता है तेरे रब को किसने पैदा किया है? पस जब तुम में से कोई इस हद तक पहुँच जाए तो वह अल्लाह की पनाह तलब करे और इस शैतानी ख्याल को छोड़ दे"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3276) و اللفظ له ، و مسلم (134 / 214)، (345)

٦٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا يَزَالُ النَّاسُ يَتَسَاءَلُونَ حَتَّى يُقَالَ هَذَا خَلَقَ اللَّهُ الْخَلْقَ فَمَنْ خَلَقَ اللَّهَ؟ فَمَنْ وَجَدَ مِنْ ذَلِكَ شَيْئًا فَلْيَقُلْ: آمنت بِاللَّهِ وَرُسُله "

66. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "लोग आपस में सवाल करते रहेंगे हत्ता कि कहा जाएगा: इस मखलूक को तो अल्लाह ने पैदा फ़रमाया है, तो अल्लाह को किस ने पैदा किया है? पस जो इस तरह की सूरत महसूस करे तो वह कहे: मैं अल्लाह और उसके रसूलो पर ईमान लाया"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (7296 مختصرًا بذكر ابليس لعنه الله) و مسلم (213 ، 212 / 134)، (343 و 344)

٦٧ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَا مِنْكُمْ مِنْ أَحَدٍ إِلَّا وَقَدْ وُكِّلَ بِهِ قَرِينُهُ مِنَ الْجِنِّ وَقَرِينُهُ مِنَ الْمَلَائِكَةِ. قَالُوا: وَإِيَّاكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: وَإِيَّايَ وَلَكِنَّ اللَّهَ أَعَانَنِي عَلَيْهِ فَأَسْلَمَ فَلَا يَأْمُرُنِي إِلَّا بِخَيْرٍ ". رَوَاهُ مُسلم

67. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तुम में से हर शख़्स के साथ उस का एक जिन्न और एक फ़रिश्ता साथी मामूर कर दिया गया है", सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप ﷺ के साथ भी? आप ने फ़रमाया: "मेरे साथ भी, लेकिन अल्लाह ने उस के खिलाफ मेरी इआनत की तो वह मुतीअ हो गया, वह मुझे सिर्फ खैर व भलाई की बात ही कहता है"| (सहीह)

رواه مسلم (69 / 2814)، (7108)

٦٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الشَّيْطَانَ يَجْرِي مِنَ الانسان مجْرى الدَّم»

68. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "शैतान इंसान में खून की तरह गर्दिश करता है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2038) و مسلم (2175 / 24) کلاهما من حدیث صفیة به ، و مسلم (23 / 2174)، (5678 و 5679) من حدیث انس رضی الله عنه فقط

٦٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ بَنِي آدَمَ مَوْلُودٌ إِلَّا يَمَسُّهُ الشَّيْطَانُ حِينَ يُولَدُ فَيَسْتَهِلُّ صَارِخًا مِنْ مَسِّ الشَّيْطَانِ غَيْرَ مَرْيَمَ وَابْنِهَا»

69. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मरयम और उन के बेटे (इसा (अस)) के सिवा औलाद ए आदम के यहाँ पैदा होने वाले हर बच्चे को शैतान उसकी विलादत के वक़्त डंक मारता है तो वह चीख मारके रोता है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3431) و مسلم (2366 / 145)، (6133)

٧٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «صِيَاحُ الْمَوْلُودِ حِينَ يَقَعُ نَزْغَةٌ من الشَّيْطَان»

70. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब बच्चा पैदाइश के वक़्त चीखता है तो उस का यह चीखना शैतान के डंक की वजह से होता है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (لم اجده ، وله عنده طریق آخر بغیر هذا اللفظ : 4548) و مسلم (148 / 2367)، (6136)

٧١ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِنَّ إِبْلِيسَ يَضَعُ عَرْشَهُ عَلَى المَاء ثمَّ يبْعَث سراياه فَأَدْنَاهُمْ مِنْهُ مَنْزِلَةً أَعْظَمُهُمْ فِتْنَةً يَجِيءُ أَحَدُهُمْ فَيَقُولُ فَعَلْتُ كَذَا وَكَذَا فَيَقُولُ مَا صَنَعْتَ شَيْئًا قَالَ ثُمَّ يَجِيءُ أَحَدُهُمْ فَيَقُولُ مَا تَرَكْتُهُ حَتَّى فَرَّقْتُ بَيْنَهُ وَبَيْنَ امْرَأَتِهِ قَالَ فَيُدْنِيهِ مِنْهُ وَيَقُولُ نَعَمْ أَنْتَ قَالَ الْأَعْمَشُ أرَاهُ قَالَ «فيلتزمه» . رَوَاهُ مُسلم

71. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "शैतान अपना तख़्त पानी पर सजाता है, फिर वह अपने लश्करो को रवाना करता है, वह लोगों को गुमराह करते हैं, उनमें से उस का ज़्यादा मुकर्रब वह होता है, जो उनमें सबसे ज़्यादा गुमराहकुन हो, उनमें से एक आता है तो वह बताता है, मैंने यह यह किया, तो वह कहता है: तूने कुछ भी नहीं किया'', आप ﷺ ने फ़रमाया: "फिर उनमें से एक आता है तो वह कहता है: मैंने फलां का पीछा नहीं छोड़ा हत्ता कि मैंने उस के और उसकी बीवी के दरमियान जुदाई डाल दी'', आप ﷺ ने फ़रमाया: "वो (शैतान) इसे अपने करीब कर लेता है और कहता है: "हाँ, तुम

बहोत खूब हो'', आमश बयान करते हैं, मेरा ख्याल है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तो वह शैतान इसे गले लगा लेता है"| (सहीह)

رواه مسلم (67 / 2813)، (7106)

٧٢ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِن الشَّيْطَان قد أيس أَنْ يَعْبُدَهُ الْمُصَلُّونَ فِي جَزِيرَةِ الْعَرَبِ وَلَكِنَّ فِي التحريش بَينهم» . رَوَاهُ مُسلم

72. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: "शैतान इस बात से मायूस हो चूका है की जज़ीरा अरब में नमाज़ी इस की पूजा करे, लकिन वह इन्हें आपस में लड़ाने की कोशिश करता रहेगा| (सहीह)

رواه مسلم (65 / 2812)، (7103)

वसवसो का बयान — بَاب الوسوسة

दूसरी फस्ल — الْفَصْلُ الثَّانِي

٧٣ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَاءَهُ رَجُلٌ فَقَالَ: إِنِّي أُحَدِّثُ نَفْسِي بِالشَّيْءِ لَأَنْ أَكُونَ حُمَمَةً أَحَبُّ إِلَيَّ مِنْ أَنْ أَتَكَلَّمَ بِهِ. قَالَ: «الْحَمْدُ لِلَّهِ الَّذِي رَدَّ أَمْرَهُ إِلَى الْوَسْوَسَةِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

73. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया: मेरा दिल में कुछ ऐसा वसवसे पैदा होता है के इसे बयान करने से कोयला बन जाना मुझे ज़्यादा पसंद है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह का शुक्र है जिस ने इस मुआमले को वसवसे में बदल दिया"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (5112) [و النسائی فی الکبری (10503) و صححه ابن حبان (الموارد : 46)]

٧٤ - (ضَعِيف) وَعَن بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ لِلشَّيْطَانَ لَمَّةً بِابْنِ ص:٢ آدَمَ وَلِلْمَلَكِ لَمَّةً فَأَمَّا لَمَّةُ الشَّيْطَانَ فَإِيعَادٌ بِالشَّرِّ وَتَكْذِيبٌ بِالْحَقِّ وَأَمَّا لَمَّةُ الْمَلَكِ فَإِيعَادٌ بِالْخَيْرِ وَتَصْدِيقٌ بِالْحَقِّ فَمَنْ وَجَدَ ذَلِكَ فَلْيَعْلَمْ أَنَّهُ من الله فليحمد اللَّهَ وَمَنْ وَجَدَ الْأُخْرَى فَلْيَتَعَوَّذْ بِاللَّهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ ثُمَّ قَرَأَ (الشَّيْطَانُ يَعِدُكُمُ الْفَقْرَ ويأمركم بالفحشاء)»» الْآيَة)»» أخرجه التِّرْمِذِيّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث حسن غَرِيب

74. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "शैतान इब्ने आदम के दिल

में ख्याल डालता है और फ़रिश्ता भी ख्याल डालता है, रहा शैतान का वसवसे डालना तो वह शर और हक़ के झुठलाने का वादा देता है, रहा फ़रिश्ते का ख्याल डालना तो वह खैर और तस्दीक हक़ का वादा देता है, जो शख़्स इस तरह का ख्याल महसूस करे तो वह जान ले के यह अल्लाह की तरफ से है, पस वह अल्लाह का शुक्र अदा करे और जो शख़्स दूसरा ख्याल पाए तो वह शैतान मरदूद से अल्लाह की पनाह तलब करे, फिर आप ने यह आयत तिलावत फरमाई." शैतान तुम्हें मुफलिसी का वादा देता है और बुरे काम की तरगीब व हुक्म देता है"| तिरमिज़ी, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2988) [و النسائی فی الکبری (11051 / التفسیر :71) و ابن حبان (الموارد : 40)] * عطاء بن السائب اختلط و الراوی عنه بعد اختلاطه (انظر النکواکب النیرات وغیره) و الحدیث : اخرجه الطبری فی تفسیره (3 / 59) بسند حسن عن عبدالله (بن مسعود) رضی الله عنه من قوله وهو الصواب و للموقوف شواهد وله حکم الرفع

٧٥ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: " لَا يَزَالُ النَّاسُ يَتَسَاءَلُونَ حَتَّى يُقَالَ: هَذَا خَلَقَ اللَّهُ الْخَلْقَ فَمَنْ خَلَقَ اللَّهَ؟ فَإِذَا قَالُوا ذَلِك فَقولُوا الله أحد الله الصَّمد لَمْ يَلِدْ وَلَمْ يُولَدْ وَلَمْ يَكُنْ لَهُ كفوا أحد ثمَّ ليتفل عَن يسَاره ثَلَاثًا وليستعذ من الشَّيْطَان ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

75. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ने फ़रमाया: "लोग एक दूसरे से सवाल करते रहेंगे हत्ता कि यूँ भी कहा जाएगा: इस मखलूक को तो अल्लाह ने तखलीक किया, तो अल्लाह को किस ने पैदा किया? जब वह यह कहे तो तुम कहना अल्लाह यकता है, अल्लाह बेनियाज़ है, उसकी ना औलाद है न वालिदेन और न कोई उस का हमसर है, फिर तीन मर्तबा अपने बाएँ जानिब थूक दे, और शैतान मरदूद से अल्लाह की पनाह तलब करे"| अबू दावुद, और हम अम्र बिन अह्व से मरवी हदीस इंशाअल्लाह बाब खुतबा यौम उल नहर में ज़िक्र करेंगे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4723 ، 4721) و اللفظ مرکب [و النسائی فی الکبری (10497 ، و عمل الیوم و اللیلة : 661)] 0 حدیث عمرو بن الاحوص یاتی (2670)

بَاب الوسوسة • वसवसो का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٧٦ - (صَحِيح) عَن أنس بن مَالك يَقُولَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَنْ يَبْرَحَ النَّاسُ يَتَسَاءَلُونَ حَتَّى يَقُولُوا هَذَا الله خَالق كل شَيْء فَمن خلق الله» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ. وَلِمُسْلِمٍ: " قَالَ: قَالَ اللَّهُ عَزَّ وَجل: إِن أمتك لَا يزالون يَقُولُونَ: مَا كَذَا؟ مَا كَذَا؟ حَتَّى يَقُولُوا: هَذَا اللَّهُ خَلَقَ الْخَلق فَمَنْ خَلَقَ اللَّهَ عَزَّ وَجل؟ "

76. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “लोग एक दूसरे से सवाल करते रहेंगे हत्ता कि वह कहेंगे, इन सब चीजों को अल्लाह ने पैदा फ़रमाया, तो फिर अल्लाह अज्ज़वजल को किस ने पैदा किया? इसे बुखारी ने रिवायत किया | # और मुस्लिम की रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह अज्ज़वजल ने फ़रमाया: आप की उम्मत के लोग इस तरह कहते रहेंगे, यह क्या है? इसे क्यों पैदा किया है? हत्ता कि वह कहेंगे इस मखलूक को तो अल्लाह ने पैदा फ़रमाया तो फिर अल्लाह अज्ज़वजल को किस ने पैदा किया है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7296) و مسلم (217 / 136)، (351)

٧٧ - (صَحِيح) عَن عُثْمَان بن أبي الْعَاصِ أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ الشَّيْطَانَ قَدْ حَالَ بيني وَبَين صَلَاتي وقراءتي يُلَبِّسُهَا عَلَيَّ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ذَاكَ شَيْطَانٌ يُقَالُ لَهُ خِنْزِبٌ فَإِذَا أَحْسَسْتَهُ فَتَعَوَّذْ بِاللَّهِ مِنْهُ وَاتْفُلْ عَلَى يسارك ثَلَاثًا قَالَ فَفَعَلْتُ ذَلِكَ فَأَذْهَبَهُ اللَّهُ عَنِّي» . رَوَاهُ مَسْلِمٌ

77. उस्मान बिन अबिल आस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! ﷺ! बेशक शैतान मेरे, मेरी नमाज़ और मेरी किराअत के दरमियान हाइल हो जाता है और वह नमाज़ को मुझ पर मुल्ताबिस कर देता है, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “वो शैतान है उसे खंज़ब कहा जाता है, पस जब तुम महसूस करो तो उस से अल्लाह की पनाह तलब करो और तीन बार अपने बाएँ जानिब थूक दो”, (वो बयान करते हैं) पस मैंने ऐसे किया तो अल्लाह ने इसे मुझ से दूर कर दिया”| (सहीह)

رواه مسلم (68 / 2203)، (5738)

٧٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الْقَاسِمِ بْنِ مُحَمَّدٍ أَنَّ رَجُلًا سَأَلَهُ فَقَالَ: «إِنِّي أهم فِي صَلَاتي فيكثر ذَلِك عَليّ فَقَالَ الْقَاسِم بن مُحَمَّد امْضِ فِي صَلَاتك فَإِنَّهُ لن يذهب عَنْكَ حَتَّى تَنْصَرِفَ وَأَنْتَ تَقُولُ مَا أَتْمَمْتُ صَلَاتي» . رَوَاهُ مَالك

78. कासिम बिन मुहम्मद से रिवायत है के किसी आदमी ने उन से मसअला दरियाफ्त किया तो कहा: नमाज़ में मेरा ख्याल किसी दूसरी तरफ चला जाता है, और अक्सर ऐसा होता है, तो उन्होंने कहा: अपने नमाज़ जारी रखो, क्योंकि तुम्हारे नमाज़ से फारिग़ होने तक यह आते रहेंगे, और (नमाज़ के इख्तिताम) पर तुम कहोगे: मैंने अपनी नमाज़ मुकम्मल नहीं की| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه مالک فی الموطا (1 / 100 ح 222) * هذا من البلاغات ، لم اجد له سندًا صحيحًا ولا حسنًا

تَكدीर पर ईमान लाने का बयान • بَاب الْإِيمَان بِالْقدرِ

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٧٩ - (صَحِيح) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَتَبَ اللَّهُ مقادير الْخَلَائق قبل أَن يخلق السَّمَوَات وَالْأَرْض بِخَمْسِينَ أَلْفَ سَنَةٍ» قَالَ: «وَكَانَ عَرْشُهُ على المَاء» . رَوَاهُ مُسلم

79. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह ने ज़मीन व आसमान की तखलीक से पचास हज़ार साल पहले मखलूक की तकदीर लिखी, और उस का अर्श पानी पर था”| (सहीह)

رواه مسلم (16 / 2653)، (6748) [و الخطيب فی تاریخ بغداد (2 / 252)]

٨٠ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُّ شَيْءٍ بِقَدَرٍ حَتَّى الْعَجز والكيس» . رَوَاهُ مُسلم

80. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर चीज़ हत्ता कि आजिज़ी व दानाई तकदीर के मुताबिक है”| (सहीह)

رواه مسلم (18 / 2655)، (6751)

٨١ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «احْتَجَّ آدَمُ وَمُوسَى عَلَيْهِمَا السَّلَام عِنْدَ رَبِّهِمَا فَحَجَّ آدَمُ مُوسَى قَالَ مُوسَى أَنْتَ آدَمُ الَّذِي خَلَقَكَ اللَّهُ بِيَدِهِ وَنَفَخَ فِيكَ مِنْ رُوحِهِ وَأَسْجَدَ لَكَ مَلَائِكَتَهُ وَأَسْكَنَكَ فِي جَنَّتِهِ ثُمَّ أَهَبَطْتَ النَّاسَ بِخَطِيئَتِكَ إِلَى الأَرْض فَقَالَ آدَمُ أَنْتَ مُوسَى الَّذِي اصْطَفَاكَ اللَّهُ بِرِسَالَتِهِ وَبِكَلَامِهِ وَأَعْطَاكَ الْأَلْوَاحَ فِيهَا تِبْيَانُ كُلِّ شَيْءٍ وَقَرَّبَكَ نَجِيًّا فَبِكَمْ وَجَدْتَ اللَّهِ كَتَبَ التَّوْرَاةَ قَبْلَ أَنْ أُخْلَقَ قَالَ مُوسَى بِأَرْبَعِينَ عَامًا قَالَ آدَمُ فَهَلْ وَجَدْتَ فِيهَا (وَعَصَى آدَمُ ربه فغوى)»» قَالَ نَعَمْ قَالَ أَفَتَلُومُنِي عَلَى أَنْ عَمِلْتُ عَمَلًا كَتَبَهُ اللَّهُ عَلَيَّ أَنْ أَعْمَلَهُ قَبْلَ أَنْ يَخْلُقَنِي بِأَرْبَعِينَ سَنَةً قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَحَجَّ آدَمُ مُوسَى» . رَوَاهُ مُسلم

81. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आदम और मूसा अलैहिस्सलाम ने अपने रब के यहाँ मुनाज़रा व मुबाह्शा किया, तो आदम (अस), मूसा अलैहिस्सलाम पर ग़ालिब रहे, मूसा अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: आप आदम अलैहिस्सलाम है जिन्हें अल्लाह ने अपने हाथ से तखलीक फ़रमाया, उस में अपनी रूह फूंकी, अपने फरिश्तो से आप को सजदाह कराया, आप को अपनी जन्नत में बसाया फिर आप ने अपनी गलती से लोगों को ज़मीन पर उतारा, आदम अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: आप मूसा अलैहिस्सलाम है जिन्हें अल्लाह ने अपनी रिसालत और अपने कलाम के लिए मुन्तखब फ़रमाया, आप को तख्तिया अता की जिन में हर चिज़ का बयान है, आप को किसी वास्ते के बगैर सरगोशी

का सोभाग्य (सम्मान) बख्शा, आप के ख्याल में मेरी तखलीक से कितना अरसा कबल अल्लाह तआला ने तौरात लिखी होगी? मूसा अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: चालीस बरस, आदम अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: क्या आप ने उस में यह चीज़ भी पाई: आदम अलैहिस्सलाम ने अपने रब की नाफ़रमानी की तो वह भटक गए? उन्होंने ने फ़रमाया: जी हाँ, आदम अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: क्या आप मुझे ऐसे अमल करने पर मलामत करते हैं जिस का करना अल्लाह ने मुझे पैदा करने से भी चालीस बरस पहले मुझ पर लाज़िम कर दिया था”, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आदम अलैहिस्सलाम मूसा अलैहिस्सलाम पर ग़ालिब गए‘‘। (सहीह)

رواه مسلم (15 / 2652)، (6744) [و البخارى (6614 وغيره) مختصرًا]

٨٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن عبد الله بن مَسْعُود قَالَ: حَدَّثَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ الصَّادِق المصدوق: «إِن أحدكُم يجمع خلقه فِي بطن أمه أَرْبَعِينَ يَوْمًا ثمَّ يكون فِي ذَلِك علقَة مثل ذَلِك ثمَّ يكون فِي ذَلِك مُضْغَة مثل ذَلِك ثمَّ يُرْسل الْملك فينفخ فِيهِ الرّوح وَيُؤمر بِأَرْبَع كَلِمَات بكتب رزقه وأجله وَعَمله وشقي أَو سعيد فوالذي لَا إِلَه غَيره إِن أحدكُم لَيَعْمَلُ بِعَمَلِ أَهْلِ الْجَنَّةِ حَتَّى مَا يَكُونُ بَيْنَهُ وَبَيْنَهَا إِلَّا ذِرَاعٌ فَيَسْبِقُ عَلَيْهِ الْكِتَابُ فَيَعْمَلُ بِعَمَلِ أَهْلِ النَّارِ فَيَدْخُلُهَا وَإِنَّ أَحَدَكُمْ لَيَعْمَلُ بِعَمَلِ أَهْلِ النَّارِ حَتَّى مَا يَكُونُ بَيْنَهُ وَبَيْنَهَا إِلَّا ذِرَاعٌ فَيَسْبِقُ عَلَيْهِ الْكِتَابُ فَيَعْمَلُ بِعَمَلِ أَهْلِ الْجَنَّةِ فَيَدْخُلُهَا»

82. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ जो के सच्चे और मुखलिस है, फ़रमाया: “तुम में से हर एक की तखलीक उसकी माँ के पेट में इस तरह मुकम्मल की जाती है के वह चालीस रोज़ तक नुत्फा रहता है, फिर इतनी मुद्दत जमा हुआ खून रहता है, फिर उतनी ही मुद्दत गोश्त का लोथड़ा रहता है, फिर अल्लाह चार बाते लिखने के लिए उसकी तरफ एक फ़रिश्ता भेजता है, पस वह उस का अमल, उसकी उमर, उस का रिज़क़ और उस का बदनसीब या सआदत मंद होना लिखता है, फिर उस में रूह फूंक दी जाती है, पस उस ज़ात की क़सम जिसके सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, बेशक तुम में से कोई शख़्स अहल ए जन्नत के से अमल करता रहता है, हत्ता कि उस के और जन्नत के दरमियान में सिर्फ एक हाथ का फासला रह जाता है, तो वह लिखी हुई तकदीर उस पर ग़ालिब आ जाती है तो वह जहन्नुमियो का सा कोई अमल कर बैठता है, तो वह उस में दाखिल हो जाता है, और (इसी तरह) तुम में से कोई जहन्नुमियो के से अमल करता रहता है, हत्ता कि उस के और जहन्नम के दरमियान सिर्फ एक हाथ का फासला रह जाता है, तो वह लिखी हुई तकदीर उस पर ग़ालिब जाती है और वह अहल ए जन्नत का सा अमल कर लेता है, तो वह उस में दाखिल हो जाता है”। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6594) و مسلم (1 / 2643)، (6723) [و ابوداؤد (4708)]

٨٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن سهل بن سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الْعَبْدَ لَيَعْمَلُ عَمَلَ أَهْلِ النَّارِ وَإِنَّهُ مِنْ أَهْلِ الْجَنَّةِ وَيَعْمَلُ عَمَلَ أَهْلِ الْجَنَّة وَإِنَّهُ من أهل النَّار وَإِنَّمَا الْعَمَّال بالخواتيم»

83. सहल बिन साद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ‘’ बंदा जहन्नुमियो के से अमल करता रहता है हालांकि वह जन्नती होता है, दूसरा आदमी जन्नतियो वाले अमल करता रहता है,

हालाँकि वह जहन्नमी होता है, आमाल तो वह काबिले एतबार है जो आखिरी है” | (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6607 و اللفظ له) و مسلم (179 / 112)، (306)

٨٤ - (صَحِيح) عَن عَائِشَة أم الْمُؤمنِينَ قَالَتْ: «دُعِيَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى جِنَازَةِ صَبِيٍّ مِنَ الْأَنْصَارِ فَقُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ طُوبَى لِهَذَا عُصْفُورٌ مِنْ عَصَافِيرِ الْجَنَّةِ لَمْ يَعْمَلِ السُّوءَ وَلَمْ يُدْرِكْهُ قَالَ أَوَ غَيْرُ ذَلِكِ يَا عَائِشَةُ إِنَّ اللَّهَ خَلَقَ لِلْجَنَّةِ أَهْلًا خَلَقَهُمْ لَهَا وَهُمْ فِي أَصْلَابِ آبَائِهِمْ وَخَلَقَ لِلنَّارِ أَهْلًا خَلَقَهُمْ لَهَا وهم فِي أصلاب آبَائِهِم» . رَوَاهُ مُسلم

84. आइशा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसुलुल्लाह ﷺ को एक अंसारी बच्चे के जनाज़े की दावत दी गई, तो मैंने कहा: अल्लाह के रसूल! जन्नत की इस चिड़िया के लिए बशारत है, इस ने कोई बुराई की ना इस का वक़्त पाया, आप ﷺ ने फ़रमाया: आइशा! क्या इसी के अलावा कोई बात है, बेशक अल्लाह ने जन्नत के लिए कुछ लोग पैदा फरमाए, उन्हें जन्नत ही के लिए पैदा फ़रमाया, जबकि वह अपने आबाओ के पुश्त मैं थे और (इसी तरह) जहन्नम के लिए कुछ लोग पैदा किए, उन्हें जहन्नम ही के लिए पैदा फ़रमाया जबकि वह अपने आबाओ के सलब में थे| (सहीह)

رواه مسلم (31 / 2662)، (6768)

٨٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن عَليّ رَضِي الله عَنهُ قَالَ كُنَّا فِي جَنَازَة فِي بَقِيع الْغَرْقَد فَأَتَانَا النَّبِي صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فَقعدَ وقعدنا حوله وَمَعَهُ مخصرة فَنَكس فَجعل ينكت بمخصرته ثمَّ قَالَ مَا مِنْكُم من أحد مَا من نفس منفوسة إِلَّا كتب مَكَانهَا من الْجنَّة وَالنَّار وَإِلَّا قد كتب شقية أَو سعيدة فَقَالَ رجل يَا رَسُولَ اللَّهِ أَفَلَا نَتَّكِلُ عَلَى كِتَابِنَا وَنَدع الْعَمَل فَمن كَانَ منا من أهل السَّعَادَة فسيصير إِلَى عمل أهل السَّعَادَة وَأما من كَانَ منا من أهل الشقاوة فسيصير إِلَى عمل أهل الشقاوة قَالَ أما أهل السَّعَادَة فييسرون لعمل السَّعَادَة وَأما أهل الشقاوة فييسرون لِعَمَلِ الشَّقَاوَةِ ثُمَّ قَرَأَ ص:٣ (فَأَمَّا مَنْ أَعْطَى وَاتَّقَى وَصدق بِالْحُسْنَى)»» الْآيَة

85. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से हर एक की जहन्नम में और जन्नत में जगह लिख दी गई है’‘, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या हम फिर अपने लिखी हुई तकदीर पर भरोसा कर ले और अमल करना छोड़ दे? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अमल करते रहो, हर एक को जिसके लिए इसे पैदा किया गया है, मयस्सर कर दिया जाता है, जो शख़्स सआदतमंदो में से होगा तो उस के लिए अहले सआदत के अमल आसान कर दिए जाएँगे और जो शख़्स बदनसीबो में से हुआ तो उस के लिए बदनसीबी वाले अमल आसान कर दिए जाएँगे, फिर आप ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: “जिस किसी ने अल्लाह की राह में दिया और डरता रहा और अच्छी बात की तस्दीक की तो हम बहोत जल्द उस के लिए नेकी की राहे आसान कर देंगे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1362) و مسلم (6 / 2647)، (6731) [و البيهقى فى كتاب القضاء و القدر (47)]

٨٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ كَتَبَ عَلَى ابْنِ آدَمَ حَظَّهُ مِنَ الزِّنَا أَدْرَكَ ذَلِكَ لَا مَحَالَةَ فَزِنَا الْعَيْنِ النَّظَرُ وَزِنَا اللِّسَانِ الْمَنْطِقُ وَالنَّفْسُ تَمَنَّى وَتَشْتَهِي وَالْفَرْجُ يصدق ذَلِك كُله ويكذبه»»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ قَالَ: «كُتِبَ عَلَى ابْنِ آدَمَ نَصِيبُهُ مِنَ الزِّنَا مُدْرِكٌ ذَلِكَ لَا محَالة فالعينان زِنَاهُمَا النَّظَرُ وَالْأُذُنَانِ زِنَاهُمَا الِاسْتِمَاعُ وَاللِّسَانُ زِنَاهُ الْكَلَامُ وَالْيَدُ زِنَاهَا الْبَطْشُ وَالرِّجْلُ زِنَاهَا الْخُطَا وَالْقَلْبُ يَهْوَى وَيَتَمَنَّى وَيُصَدِّقُ ذَلِكَ الْفَرْجُ وَيُكَذِّبُهُ»

86. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह ने औलाद ए आदम पर उस के ज़िना का हिस्सा लिख दिया है, जिसे वह ज़रूर पा कर रहेगा, आँख का ज़िना देखना है, जुबान का ज़िना बोलना है, जबकि नफ्स तमन्ना और आरज़ू करता है, और शर्मगाह उसकी तस्दीक या तकज़ीब करती है”| और मुस्लिम की रिवायत में है: “अल्लाह ने इब्ने आदम पर उस के ज़िना का हिस्सा लिख दिया है, जिसे वह ज़रूर पा कर रहेगा, आँख का ज़िना देखना है, कानों का ज़िना सुनना है, जुबान का ज़िना बात करना है, हाथ का ज़िना पकड़ना है, टांग का ज़िना चल कर जाना है, जबकि नफ्स तमन्ना और आरज़ू करता है और शर्मगाह उसकी तस्दीक या तकज़ीब करती है” | (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6612 ، 6243) و مسلم (20 / 2657)، (6754)

٨٧ - (صَحِيح) وَعَن عمرَان بن حضين: إِن رجلَيْنِ من مزينة أَتَيَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَا يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ مَا يَعْمَلُ النَّاسُ الْيَوْمَ وَيَكْدَحُونَ فِيهِ أَشِيءٌ قُضِيَ عَلَيْهِمْ وَمَضَى فيهم من قدر قد سَبَقَ أَوْ فِيمَا يَسْتَقْبِلُونَ بِهِ مِمَّا أَتَاهُمْ بِهِ نَبِيُّهُمْ وَثَبَتَتِ الْحُجَّةُ عَلَيْهِمْ فَقَالَ لَا بَلْ شَيْءٌ قُضِيَ عَلَيْهِمْ وَمَضَى فِيهِمْ وَتَصْدِيقُ ذَلِكَ فِي كِتَابِ اللَّهِ عَزَّ وَجَلَّ (وَنَفْسٍ وَمَا سواهَا فألهمها فجورها وتقواها)»» رَوَاهُ مُسلم

87. इमरान बिन हुसैन रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के मज़िना कबिले के दो आदमियों ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! लोग जो आज अमल कर रहे हैं और उस के लिए मेहनत व कोशिश कर रहे हैं, क्या यह ऐसी चीज़ है जिस का फैसला किया जा चुका है और पहले से जो तकदीर है के नाफ़िज़ हो चुकी है, या वह इस चीज़ की तरफ जा रहे हैं जो उन के नबी उन के पास लेकर आए और उन के खिलाफ हुज्जत कायम की? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं, बल्कि यह एक ऐसी चीज़ है जिस का उन के मुतल्लिक फैसला हो चूका है और इन के बारे में नाफ़िज़ हो चुकी, और उसकी तस्दीक अल्लाह अज्ज़वजल की किताब में है: “और नफ्स की क़सम और उसकी जो कुछ उस ने दुरुस्त किया, फिर बदकारी और परहेज़गारी दोनों की इसे समझ अता की”| (सहीह)

رواه مسلم (10 / 2650)، (6739)

٨٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ قُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي رَجُلٌ شَابٌّ وَأَنَا أَخَافُ عَلَى نَفْسِي الْعَنَتَ وَلَا أَجِدُ مَا أَتَزَوَّجُ بِهِ النِّسَاءَ كَأَنَّهُ يَسْتَأْذِنُهُ فِي الِاخْتِصَاءِ قَالَ: فَسَكَتَ عَنِّي ثُمَّ قُلْتُ مِثْلَ ذَلِكَ فَسَكَتَ عَنِّي ثُمَّ قُلْتُ مِثْلَ ذَلِكَ فَسَكَتَ عَنِّي ثُمَّ قُلْتُ مِثْلَ ذَلِكَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا أَبَا هُرَيْرَةَ جَفَّ الْقَلَمُ بِمَا أَنْتَ لَاقٍ فَاخْتَصِ ص:٣ على ذَلِك أَو ذَر» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

88. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैं जवान आदमी हूँ और मुझे अपने मुतल्लिक ज़िना का अंदेशा है, जबकि मेरे पास शादी करने के लिए कुछ भी नहीं, गोया के वह आप से खस्सी होने की इजाज़त तलब करते हैं, रावी बयान करते हैं, आप ने मुझे कोई जवाब न दिया, फिर मैंने वही बात अर्ज़ की, आप फिर ख़ामोश रहे, मैंने फिर वही अर्ज़ किया, आप फिर ख़ामोश रहे, कोई जवाब न दिया, मैंने फिर वही बात अर्ज़ की तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अबू हुरैरा तुमने जो कुछ करना है या तुम्हारे साथ जो कुछ होना है उस के मुतल्लिक कलम लिख कर खुश्क हो चूका, अब उस के बावजूद तुम खस्सी हो जाओ या छोड़ दो”| (सहीह)

رواه البخاری (5076)

٨٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَقُول إِنَّ قُلُوبَ بَنِي آدَمَ كُلَّهَا بَيْنَ أُصْبُعَيْنِ من أَصَابِعِ الرَّحْمَن كقلب وَاحِد يصرفهُ حَيْثُ يَشَاءُ ثُمَّ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الله مُصَرِّفَ الْقُلُوبِ صَرِّفْ قُلُوبَنَا عَلَى طَاعَتِكَ» . رَوَاهُ مُسلم

89. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “औलाद ए आदम के तमाम कुलूब, कल्बे वाहिद (अकेले दिल) की तरह रहमान की दो उंगलियों में है, वह जिसे चाहता है उसे बदलता रहता है”, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह दिलों को फेरने वाले हमारे दिलों को अपने इताअत पर फेर देना (यानी साबित कदम)”| (सहीह)

رواه مسلم (17 / 2654)، (6750)

٩٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنهُ كَانَ يحدث قَالَ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ مَوْلُودٍ إِلَّا يُولَدُ عَلَى الْفِطْرَةِ فَأَبَوَاهُ يُهَوِّدَانِهِ أَوْ يُنَصِّرَانِهِ أَوْ يُمَجِّسَانِهِ كَمَا تُنْتَجُ الْبَهِيمَةُ بَهِيمَةً جَمْعَاءَ هَلْ تُحِسُّونَ فِيهَا مِنْ جَدْعَاءَ ثُمَّ يَقُول أَبُو هُرَيْرَة رَضِي الله عَنهُ (فطْرَة الله الَّتِي فطر النَّاس عَلَيْهَا)»» الْآيَة»

90. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर पैदा होने वाला बच्चा फितरत (इस्लाम) पर पैदा किया जाता है, पस उस के वालिदेन इसे यहूदी बना देते है, या इसे नसरानी बना देते है, या इसे मजूसी बना देते है, जैसे जानवर सहीह सालिम जानवर को जन्म देता है, क्या तुम उस में से किसी का कान कटा हुआ महसूस करते हो? फिर उन्होंने यह आयत पढ़ी: “ये वह फितरत है, जिस पर अल्लाह ने लोगों को पैदा किया है, और अल्लाह की इस बनाई हुई चीज़ में कोई तबदीली न करो यही दुरुस्त दीन है” | (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1358) و مسلم (22 / 2658)، (6755)

٩١ - (صَحِيح) وَعَن أبي مُوسَى قَالَ قَامَ فِينَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِخَمْسِ كَلِمَاتٍ فَقَالَ: «إِنَّ اللَّهَ عز وَجل لَا

يَنَامُ وَلَا يَنْبَغِي لَهُ أَنْ يَنَامَ يَخْفِضُ الْقِسْطَ وَيَرْفَعُهُ يُرْفَعُ إِلَيْهِ عَمَلُ اللَّيْلِ قَبْلَ عَمَلِ النَّهَارِ وَعَمَلُ النَّهَارِ قَبْلَ عَمَلِ اللَّيْل حجابه النُّور» . رَوَاهُ مُسلم

91. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: रसूलुल्लाह ﷺ ने खड़े हो कर हमें पांच चीजों के मुतल्लिक खबर देते हुए फ़रमाया: “बेशक अल्लाह न सोता है न यह उसकी शान के लायक है के वह सो जाए, वह मीज़ान को ऊपर नीचे करता रहता है, रात का अमल दिन के अमल से पहले और दिन का अमल रात के अमल से पहले, उसकी तरफ पहुंचा दिया जाता है, उस का हिजाब नूर है, अगर वह इस हिजाब को उठा दे तो उस के चेहरे के अनवार वहां तक इस मखलूक को जला दे जहाँ तक उसकी निगाह पहुँचती है”। (सहीह)

رواه مسلم (293 / 179)، (445)

٩٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَدُ اللَّهِ مَلْأَى لَا تَغِيضُهَا نَفَقَةٌ سَحَّاءُ اللَّيْلَ وَالنَّهَارَ أَرَأَيْتُمْ مَا أَنْفَقَ مُنْذُ خَلَقَ السَّمَاءَ وَالْأَرْضَ؟ فَإِنَّهُ لَمْ يَغِضْ مَا فِي يَدِهِ وَكَانَ عَرْشُهُ عَلَى الْمَاءِ وَبِيَدِهِ الْمِيزَانُ يَخْفِضُ وَيَرْفَع» ص:٣»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ: «يَمِينُ اللَّهِ مَلْأَى قَالَ ابْنُ نُمَيْرٍ مَلْآنُ سَحَّاءُ لَا يُغِيضُهَا شَيْءٌ اللَّيْل والنهار»

92. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह का हाथ भरा हुआ है, रात दिन की सखावत इसे कम नहीं करती, तुमने देखा के उस ने ज़मीन व आसमान की तखलीक के वक्त से जो खर्च किया उस ने उस के हाथ के खज़ाने में कोई कमी नहीं की और उस का अर्श पानी पर है और मीज़ान उस के हाथ में है वह इसे पस्त करता और बुलंद करता है”। # और मुस्लिम की रिवायत में है: “अल्लाह का दायाँ हाथ भरा हुआ है”, इब्ने नमीर ने कहा: “दोनों हाथ भरे हुए हैं रात और दिन की सखावत उसमें कोई कमी नहीं करती‘‘। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4684) و مسلم (37 / 993)، (2308 و 2309)0 يمين الله ملاى الخ ، رواه مسلم (36 / 993)

٩٣ - وَعَنْهُ قَالَ: سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ ذَرَّارِيِّ الْمُشْرِكِينَ قَالَ: «اللَّهُ أعلم بِمَا كَانُوا عاملين»

93. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ से मुशरिकीन की औलाद के बारे में दरियाफ्त किया गया, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन के आमाल के मुतल्लिक अल्लाह बेहतर जानता है”। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1384) و مسلم (27 / 2659)، (6763)

بَاب الْإِيمَان بِالْقدرِ • तकदीर पर ईमान लाने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٩٤ - (ضَعِيف) وَعَن عبَادَة بن الصَّامِت قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول «إِنَّ أَوَّلَ مَا خَلَقَ اللَّهُ الْقَلَمُ فَقَالَ اكْتُبْ فَقَالَ مَا أَكْتُبُ قَالَ اكْتُبِ الْقَدَرَ مَا كَانَ وَمَا هُوَ كَائِنٌ إِلَى الْأَبَدِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ إِسْنَادًا

94. उबादा बिन सामित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह ने सबसे पहले कलम को पैदा फ़रमाया तो उसे फ़रमाया: “लिखो उस ने अर्ज़ किया, क्या लिखू? फ़रमाया : तकदीर लिखो उस ने जो कुछ हो चूका था और जो कुछ होना था सब लिख दिया”| तिरमिज़ी, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया, यह हदीस सनद के लिहाज़ से ग़रीब है| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (3319 وقال : حسن غريب ، 2155) * و للحديث المرفوع طرق وهو بها صحيح روی ابو يعلی فی مسنده عن ابن عباس عن النبی صلی الله عليه و آله وسلم قال : ان اول شئی خلقه الله القلم و امره فكتب كل شی ، (2329 و اسنده صحيح)

٩٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن مُسلم بن يسَار قَالَ سُئِلَ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنْ هَذِهِ الْآيَةِ (وَإِذْ أَخَذَ رَبُّكَ مِنْ بَنِي آدَمَ مِنْ ظُهُورهمْ)»» قَالَ عُمَرُ ص:٣ بْنُ الْخَطَّابِ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يسْأَل عَنْهَا فَقَالَ: «خلق آدم ثمَّ مسح ظَهره بِيَمِينِهِ فأستخرج مِنْهُ ذُرِّيَّةً فَقَالَ خَلَقْتُ هَؤُلَاءِ لِلْجَنَّةِ وَبِعَمَلِ أهل الْجنَّة يعْملُونَ ثمَّ مسح ظَهره فَاسْتَخْرَجَ مِنْهُ ذُرِّيَّةً فَقَالَ خَلَقْتُ هَؤُلَاءِ لِلنَّارِ وبعمل أهل النَّار يعْملُونَ فَقَالَ رجل يَا رَسُول الله فَفِيمَ الْعَمَل يَا رَسُول الله قَالَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِنَّ اللَّهَ إِذَا خَلَقَ الْعَبْدَ لِلْجَنَّةِ اسْتَعْمَلَهُ بِعَمَلِ أَهْلِ الْجَنَّةِ حَتَّى يَمُوتَ عَلَى عَمَلٍ من أَعمال أهل الْجنَّة فيدخله الله الْجَنَّةَ وَإِذَا خَلَقَ الْعَبْدَ لِلنَّارِ اسْتَعْمَلَهُ بِعَمَلِ أَهْلِ النَّارِ حَتَّى يَمُوتَ عَلَى عَمَلٍ مِنْ أَعمال أهل النَّار فيدخله الله النَّار» . رَوَاهُ مَالك وَالتِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

95. मुस्लिम बिन यस्सार रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु से इस आयत के बारे में पूछा गया: “जब तेरे रब ने बनी आदम की पुश्त से उनकी औलाद को पैदा किया”, तो उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को जब उन से इस आयत के बारे में दरियाफ्त किया गया तो फरमाते हुए सुना: “बेशक अल्लाह ने आदम अलैहिस्सलाम को पैदा फ़रमाया, फिर अपना दायाँ हाथ उनकी पुश्त पर फेरा तो उन से कुछ औलाद निकाली और फ़रमाया मैंने उन्हें जन्नत के लिए पैदा किया है और वह अहल ए जन्नत के से अमल करेंगे, फिर उनकी पुश्त पर हाथ फेरा तो उन से कुछ औलाद निकाली तो फ़रमाया मैंने उन्हें जहन्नम के लिए पैदा किया है, और वह अहल ए जहन्नम से अमल करेंगे, (ये सुन कर) किसी आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! तो फिर अमल किस लिए करना है? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब अल्लाह किसी बंदे को जन्नत के लिए पैदा फरमाता है तो इसे अहल ए जन्नत के आमाल पर लगा देता है, हत्ता कि वह अहल ए जन्नत के से आमाल पर ही फौत होता है, अल्लाह तआला इस वजह से इसे जन्नत में दाखिल फरमा देता है, और जब वह किसी बंदे को जहन्नम के लिए पैदा फरमाता है तो इसे जहन्नुमियो वाले आमाल पर लगा देता है, हत्ता कि वह जहन्नुमियो वाले आमाल पर ही फौत होता है, तो वह

इस वजह से उस को जहन्नम में दाखिल कर देता है”। (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه مالک فی الموطا (2 / 898 ح 1726) و الترمذی (3075 وقال : حسن و مسلم [بن يسار] لم يسمع من عمر) و ابوداؤد (4703) [و البغوی فی شرح السنة (1 / 138 ، 139 ح 77)] * مسلم بن يسار سمعه من نعيم بن ربيعة وهو رجل مجهول ، وثقه ابن حبان وحده و لبعض الحديث شواهد معنوية : انظر الاستذكار (8 / 261)

٩٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ قَالَ: خَرَجَ عَلَيْنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَفِي يَده كِتَابَانِ فَقَالَ: «أَتَدْرُونَ مَا هَذَانِ الكتابان فَقُلْنَا لَا يَا رَسُولَ اللَّهِ إِلَّا أَنْ تُخْبِرَنَا فَقَالَ لِلَّذِي فِي يَدِهِ الْيُمْنَى هَذَا كِتَابٌ مِنْ رَبِّ الْعَالَمِينَ فِيهِ أَسْمَاءُ أَهْلِ الْجَنَّةِ وَأَسْمَاء آبَائِهِم وقبائلهم ثمَّ أجمل على آخِرهم فَلَا يُزَادُ فِيهِمْ وَلَا يُنْقَصُ مِنْهُمْ أَبَدًا ثُمَّ قَالَ لِلَّذِي فِي شِمَالِهِ هَذَا كِتَابٌ مِنْ رَبِّ الْعَالَمِينَ فِيهِ أَسْمَاءُ أَهْلِ النَّارِ وَأَسْمَاء آبَائِهِم وقبائلهم ثمَّ أجمل على آخِرهم فَلَا يُزَادُ فِيهِمْ وَلَا يُنْقَصُ مِنْهُمْ أَبَدًا فَقَالَ أَصْحَابُهُ فَفِيمَ الْعَمَلُ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنْ كَانَ أَمْرٌ قَدْ فُرِغَ مِنْهُ فَقَالَ سَدِّدُوا وَقَارِبُوا فَإِنَّ صَاحِبَ الْجَنَّةِ يُخْتَمُ لَهُ بِعَمَلِ أَهْلِ الْجَنَّةِ وَإِنْ عَمِلَ أَيَّ عَمَلٍ وَإِنَّ صَاحِبَ النَّارِ يُخْتَمُ لَهُ بِعَمَلِ أَهْلِ النَّارِ وَإِنْ عَمِلَ أَيَّ عَمَلٍ ص:٣ ثُمَّ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِيَدَيْهِ فَنَبَذَهُمَا ثُمَّ قَالَ فَرَغَ رَبُّكُمْ مِنَ الْعِبَادِ فريق فِي الْجَنَّة وفريق فِي السعير» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ صَحِيح

96. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ बाहर तशरीफ़ लाए तो आप ﷺ के हाथो में दो किताबे थी, आप ने फ़रमाया: “क्या तुम जानते हो के यह दो किताबे क्या है?‘‘ हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! जब तक आप न बताए, हम नहीं जानते, तो आप ﷺ ने अपने दाएँ हाथ वाली किताब के बारे में फ़रमाया: “ये किताब रब्बुल आलमीन की तरफ से है, उस में जन्नतियो, उन के आबाअ और उन के क़बीलो के नाम है, फिर उन के आख़िर पर पूरा हिसाब कर दिया गया है, लिहाज़ा उनमें कोई कमी बेशी नहीं की जा सकती”, फिर आप ने अपनी बाएँ हाथ वाली किताब के बारे में फ़रमाया: “ये किताब रब्बुल आलमीन की तरफ से है उस में जहन्नुमियो, उन के आबाअ और उन के क़बीलो के नाम है, फिर उन के आख़िर पर पूरा हिसाब कर दिया गया है, लिहाज़ा उस में कोई कमी बेशी नहीं की जा सकती”, तो आप के सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! जब फैसला हो चुका है तो फिर अमल किस लिए करना है? आप ने फ़रमाया: “मियाने रिवाय से दुरुस्त आमाल करते रहो, क्योंकि जन्नती शख़्स से आखिरी अमल जन्नतियो वाला कराया जाएगा, अगरचे पहले उस ने कैसे भी अमल किए हो, और जहन्नमी से आखिरी अमल जहन्नुमियो वाला कराया जाएगा ख्वाह उस से पहले उस ने कैसे भी अमल किए हो”, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने हाथो से वह किताबे रख कर फ़रमाया: “तुम्हारा रब बंदो (के मुआमले) से फारिग़ हो चूका, पस एक गिरोह जन्नत में और एक गिरोह जहन्नम में जाएगा”। (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2141 وقال : هذا حديث حسن صحيح غريب)

٩٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي خزامة عَن أَبِيه قَالَ سَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ رُقًى نَسْتَرْقِيهَا وَدَوَاءً نَتَدَاوَى بِهِ وَتُقَاةً نَتَّقِيهَا هَلْ تَرُدُّ مِنْ قَدَرِ اللَّهِ شَيْئًا قَالَ: «هِيَ مِنْ قَدَرِ الله» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

97. अबू खुज़ामा अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! रहनुमाई फरमाइए, दम, जिसके ज़रिए हम दम कराते है, दवाई, जिसके ज़रिए हम इलाज करते हैं, और बचाव की चीज़े (मसलन ढाल वगैरा) जिन के ज़रिए हम बचाव करते हैं, क्या यह अल्लाह की तकदीर से कुछ रोक सकती है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो असबाब इख़्तियार करना भी अल्लाह की तकदीर में से है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (3 / 421 ح 1555115554) و الترمذی (2065 وقال : هذا حديث حسن) و ابن ماجه (3437) * ابن ابی خزامة مجهول الحال ، وثقه الترمذی وحده و لبعض الحديث شواهد ، انظر الحديث الآتی (99)

٩٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي هُرَيْرَة قَالَ: خَرَجَ عَلَيْنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَنَحْنُ نَتَنَازَعُ فِي الْقَدَرِ فَغَضِبَ حَتَّى احْمَرَّ وَجْهُهُ حَتَّى كَأَنَّمَا فُقِئَ فِي وجنتيه الرُّمَّانِ فَقَالَ أَبِهَذَا: «أُمِرْتُمْ أَمْ بِهَذَا أُرْسِلْتُ إِلَيْكُمْ إِنَّمَا هَلَكَ مَنْ كَانَ قَبْلُكُمْ حِينَ تنازعوا فِي هَذَا الْأَمر عزمت عَلَيْكُم أَلا تتنازعوا فِيهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ حَدِيثٌ غَرِيبٌ لَا نَعْرِفُهُ إِلَّا مِنْ هَذَا الْوَجْهِ من حَدِيث صَالح المري وَله غرائب يتفرد بهَا لَا يُتَابع عَلَيْهَا قلت: لَكِن يشْهد لَهُ الَّذِي بعده

98. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम तकदीर के बारे में बहस कर रहे थे, इसी दौरान रसूलुल्लाह ﷺ हमारे पास तशरीफ़ ले आए और आप सख्त नाराज़ हुए हत्ता कि आप का चेहरा मुबारक सुर्ख हो गया, गोया आप के रुखसारो पर अनार के दाने निचोड़ दिए गए है, तो आप ने फ़रमाया: “क्या तुम्हें इस (तक़दीर के मसअले पर बहस करने) का हुक्म दिया गया? क्या मुझे इस चीज़ के साथ तुम्हारी तरफ भेजा गया है? तुम से पहली कौमो ने इस मुआमले में बहस व तनाज़ा किया तो वह हलाक हो गई, मैं तुम्हें क़सम देता हूँ और तुम पर वाजिब करता हूँ कि तुम इस मसअले पर बहस व तनाज़ा न करो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2133 وقال : هذا حديث غريب ، الخ) * صالح المری ضعيف ، و انظر الحديث الآتی (99) فهو شاهد لبعضه

٩٩ - (حسن) وروى ابْن مَاجَه فِي الْقدر نَحْوَهُ عَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ

99. इब्ने माजा ने अम्र बिन शुऐब अन अबी अन जदह की सनद से इसी तरह रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (85)

١٠٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ اللَّهَ خَلَقَ آدَمَ مِنْ قَبْضَةٍ قَبَضَهَا مِنْ جَمِيعِ الْأَرْضِ فَجَاءَ بَنُو آدَمَ عَلَى قَدْرِ الْأَرْضِ مِنْهُمُ الْأَحْمَرُ وَالْأَبْيَضُ ص:٣ وَالْأَسْوَدُ وَبَيْنَ ذَلِكَ وَالسَّهْلُ وَالْحَزْنُ وَالْخَبِيثُ وَالطَّيِّبُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

100. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अल्लाह ने आदम अलैहिस्सलाम को एक मुठ्ठी (भर मिट्टी) से जो उस ने सारी सतह ज़मीन से हासिल की थी, पैदा

फ़रमाया, आदम अलैहिस्सलाम की औलाद ज़मीन (की रंगत) की माकूल से पैदा हुई, उनमें से कुछ सुर्ख है, कुछ सफ़ेद और कुछ काले और कुछ सुर्ख व सफ़ेद के दरमियानमें, कुछ नरम मिज़ाज और कुछ सख्त मिज़ाज, कुछ बुरी आदत वाले और कुछ पाकिज़ा सिफात वाले”। (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (4 / 400 ح 19811) و الترمذى (2955 وقال : هذا حديث حسن صحيح) و ابوداؤد (4693) [و صححه ابن حبان (الموارد : 2083) و الحاكم (2 / 261 ، 262) و وافقه الذهبى]

١٠١ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " إِنَّ اللَّهَ خَلَقَ خَلْقَهُ فِي ظُلْمَةٍ فَأَلْقَى عَلَيْهِمْ مِنْ نُورِهِ فَمَنْ أَصَابَهُ مِنْ ذَلِكَ النُّورِ اهْتَدَى وَمَنْ أَخْطَأَهُ ضَلَّ فَلِذَلِك أَقُول: جف الْقَلَب على علم الله ". رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ

101. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूल अल्लाह को फरमाते हुए सुना: “अल्लाह ने अपने मखलूक को अंधेरे में पैदा फ़रमाया, फिर इन पर अपना नूर डाला, पस जिस को यह नूर मयस्सर गया वह हिदायत पा गया और जो उस से महरूम रहा वह गुमराह हो गया, पस मैं इसीलिए कहता हूँ, अल्लाह के इल्म पर कलम खुश्क हो चूका है”। (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (2 / 176 ح 6644 ب) و الترمذى (2642 وقال : هذا حديث حسن) [و صححه ابن حبان (الموارد : 1812) و الحاكم (1 / 30) و وافقه الذهبى]

١٠٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُكْثِرُ أَنْ يَقُولَ: «يَا مُقَلِّبَ الْقُلُوبِ ثَبِّتْ قَلْبِي عَلَى دِينِكَ» فَقُلْتُ: يَا نَبِيَّ اللَّهِ آمَنَّا بِكَ وَبِمَا جِئْتَ بِهِ فَهَلْ تَخَافُ عَلَيْنَا؟ قَالَ: «نَعَمْ إِنَّ الْقُلُوبَ بَيْنَ أُصْبُعَيْنِ مِنْ أَصَابِعِ اللَّهِ يُقَلِّبُهَا كَيْفَ يَشَاءُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

102. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ कसरत के साथ यह दुआ किया करते थे: दिलों को बदलने वाले! मेरा दिल को अपने दीन पर साबित रखना, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के नबी! हम आप पर और आप की शरियत पर ईमान ला चुके, तो क्या आप को हमारे बारे में अंदेशा है? आप ने फ़रमाया: हाँ, क्योकि दिल अल्लाह की दो उंगलियों के दरमियान है, वह जिस तरह चाहता है इन्हें बदलता रहता है”। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2140 وقال : هذا حديث حسن) و ابن ماجه (3834) [و صححه الحاكم (1 / 526) و وافقه الذهبى] * فى سند الترمذى : الاعمش مدلس و عنعن وفى سند ابن ماجه : يزيد بن ابان الرقاشى ضعيف و حديث مسلم (2654)، (6750) يغنى عنه و انظر الحديث السابق (89)

١٠٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَثَلُ الْقَلْبِ كَرِيشَةٍ بِأَرْض فَلَاةٍ يُقَلِّبُهَا الرِّيَاحُ ظَهْرًا لِبَطْنٍ» . رَوَاهُ أَحْمد

103. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: दिल की मिसाल ऐसे है जैसे किसी बियाबान में कोई (परिंदे का) पर हो, जिसे हवाए हर वक़्त उलट पलट करती हो"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (4 / 408 ح 19895) [و ابن ماجه (88) و البغوی فی شرح السنة (1 / 164 ح 87 و اللفظ له)] * يزيد الرقاشی ضعيف وقال ابو موسى الاشعری رضی الله عنه : انما سمی القلب قلبًا لتقلبه و انما مثل القلب مثل ريشة بفلاة من الارض ، (مسند علی بن الجعد : 1450 و سنده صحيح)

١٠٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَلِيٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا يُؤْمِنُ عَبْدٌ حَتَّى يُؤْمِنَ بِأَرْبَعٍ: يَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنِّي رَسُولُ اللَّهِ بَعَثَنِي بِالْحَقِّ وَيُؤْمِنُ بِالْمَوْتِ وَالْبَعْثِ بَعْدَ الْمَوْتِ وَيُؤْمِنُ بِالْقَدَرِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْن مَاجَه

104. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "कोई बंदा मोमिन नहीं हो सकता हत्ता कि वह चार चीजों पर ईमान ले आए, वह गवाही दे की अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, और मैं अल्लाह का रसूल हूँ, उस ने मुझे हक़ के साथ मबउस किया है, वह मौत और मौत के बाद जिंदा किए जाने पर ईमान रखता हो और वह तकदीर पर ईमान रखता हो"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (2145) و ابن ماجه (81) [و صححه ابن حبان (الاحسان : 178) و الحاكم (1 / 33) و وافقه الذهبی] * رواه ربعی عن رجل عن علی رضی الله عنه فالسند معلل

١٠٥ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " صِنْفَانِ مِنْ أُمَّتِي لَيْسَ لَهُمَا فِي الْإِسْلَامِ نَصِيبٌ: الْمُرْجِئَةُ وَالْقَدَرِيَّةُ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

105. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मेरी उम्मत के दो गिरोह ऐसे है जिन का इस्लाम में कोई हिस्सा नहीं यानी मरजिया और कदरिया"| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2149 وقال : هذا حديث حسن غريب) [و ابن ماجه (62)] * نزار ضعيف و للحديث شواهد ضعيفة

١٠٦ - (حسن) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «يَكُونُ فِي أُمَّتِي خَسْفٌ وَمَسْخٌ وَذَلِكَ فِي الْمُكَذِّبِينَ بِالْقَدَرِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وروى التِّرْمِذِيّ نَحوه

106. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "मेरी उम्मत में ज़मीन में धंस जाना और सूरते बदल जाना होगा और यह हाल तकदीर को झुठलाने वालो में होगा"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4613) و الترمذی (2153 و اللفظ له و 2152 و حسنه) [و ابن ماجه (4061) و سياتی طرفه (116)]

١٠٧ - (حسن) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْقَدَرِيَّةُ مَجُوسُ هَذِهِ الْأُمَّةِ إِنْ مَرِضُوا فَلَا تَعُودُوهُمْ وَإِنْ مَاتُوا فَلَا تشهدوهم» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

107. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कदरिया इस उम्मत के मजूसी है, पस अगर वह बीमार हो जाए तो उनकी इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) न करो और अगर वह फौत हो जाए तो उन के जनाज़े में न जाओ”| (सहीह,ज़ईफ़)

سنده ضعيف و الحديث صحيح ، رواه احمد (2 / 86 ح 5584 ، 2 / 125 ح 6077) و ابوداؤد (4691 و اللفظ له) * ابو حازم سلمة بن دينار لم يسمع من ابن عمر رضی الله عنه فالسند منقطع وله شاهد صحيح عند الطبرانی فی الاوسط (5 / 114 ح 4217)

١٠٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُجَالِسُوا أَهْلَ الْقَدَرِ وَلَا تفاتحوهم» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

108. उमर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कदरियो को अपने मजलिसो में ना बिठाओ न उन्हें सलाम करने में पहल करो| (और न उन से फैसले कराओ और ना ही उन से मुनाज़रा करो)”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4710 ، 4720) [و صححه ابن حبان : الموارد 1825] * حكيم بن شريک مجهول الحال وثقه ابن حبان وحده و سکت الحاکم علی حديثه (1 / 85) ولم يصححه

١٠٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " سِتَّةٌ لَعَنْتُهُمْ وَلَعَنَهُمُ اللَّهُ وَكُلُّ نَبِيٍّ يُجَابُ: الزَّائِدُ فِي كِتَابِ اللَّهِ وَالْمُكَذِّبُ بِقَدَرِ اللَّهِ ص:٣ وَالْمُتَسَلِّطُ بِالْجَبَرُوتِ لِيُعِزَّ مَنْ أَذَلَّهُ اللَّهُ وَيُذِلَّ مَنْ أَعَزَّهُ اللَّهُ وَالْمُسْتَحِلُّ لِحَرَمِ اللَّهِ وَالْمُسْتَحِلُّ مِنْ عِتْرَتِي مَا حَرَّمَ اللَّهُ وَالتَّارِكُ لِسُنَّتِي ". رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي الْمدْخل ورزين فِي كِتَابه

109. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “छे किस्म के लोगों पर मैंने लानत की और अल्लाह ने भी इन पर लानत की, और हर नबी की दुआ कबूल होती है, अल्लाह की किताब में इज़ाफा करने वाला, अल्लाह की तकदीर को झुठलाने वाला, ताकत के बल कुर्सी पर मुसल्लत होने वाला शख़्स ताकि वह किसी ऐसे शख़्स को मुअज्ज़ज़ बनाए जिसे अल्लाह ने ज़लील बनाया हो, और किसी ऐसे शख़्स को ज़लील बना दे जिसे अल्लाह ने मुअज्ज़ज़ बनाया हो, अल्लाह के हरम की बेहुरमती करने वाला, मेरी औलाद की बेहुरमती करने वाला और मेरी सुन्नत को तर्क करने वाला”| (हसन)

حسن ، رواه البيهقی فی المدخل (لم اجده ، و رواه فی شعب الايمان : 4010 ، 4011) و رزين فی کتابه (لم اجده) [و الترمذی (2154) و صححه ابن حبان (الموارد : 52) و الحاکم (1 / 36 علی اختلاف فی السند) و وافقه الذهبی]

١١٠ - (صَحِيح) وَعَن مطر بن عكام قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا قَضَى اللَّهُ لِعَبْدٍ أَنْ يَمُوتَ بِأَرْضٍ جَعَلَ لَهُ إِلَيْهَا حَاجَةً» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيّ

110. मतर बिन उकामस बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब अल्लाह किसी बंदे के मुतल्लिक फैसला फरमाता है के इसे फलां जगह मौत आ जाए तो वह इस शख़्स के लिए इस जगह कोई ज़रूरत पैदा कर देता है”। (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (5 / 227 ح 22332) و الترمذى (2146 وقال : هذا حديث حسن غريب و 2147) [و صححه الحاكم على شرط الشيخين (1 / 42 ، 347) و وافقه الذهبى]

١١١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ ذَرَارِيُّ الْمُؤْمِنِينَ؟ قَالَ: «مِنْ آبَائِهِمْ» . فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ بِلَا عَمَلٍ؟ قَالَ: «اللَّهُ أَعْلَمُ بِمَا كَانُوا عَامِلِينَ» . قُلْتُ فذراري الْمُشْرِكِينَ؟ قَالَ: «مِنْ آبَائِهِمْ» . قُلْتُ: بِلَا عَمَلٍ؟ قَالَ: «اللَّهُ أَعْلَمُ بِمَا كَانُوا عَامِلِينَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

111. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मोमिनो के बच्चे (इन के बारे में क्या हुक्म है)? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने आबाअ के साथ होंगे”, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! अमल के बगैर ही आप ने फ़रमाया: “उन्होंने जो करना था अल्लाह उस से बखूबी वाकिफ़ है”, मैंने अर्ज़ किया: तो मुशरिकीन के बच्चे? आप ने फ़रमाया: “वो भी अपने आबाअ के साथ, मैंने अर्ज़ किया: अमल के बगैर ही, आप ने फ़रमाया: “उन्होंने जो करना था अल्लाह उस से बखूबी वाकिफ़ था”। (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (4712) [و الاجرى فى الشريعة ص 195 ح 405] * بقية : صرح بالسماع و تابعه محمد بن حرب ، و للحديث طريق آخر عند احمد (4 / 76)

١١٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: الوائدة والموؤدة فِي النَّار ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

112. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिंदा दफ़नाने वाली और जिस की खातिर जिंदा दफनाया गया जहन्नमी है”। (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (4717) [و ابن حبان ، الموارد : 67] * و للحديث شواهد

तकदीर पर ईमान लाने का बयान • بَاب الْإِيمَان بِالْقدرِ

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

١١٣ - (لم تتمّ دراسته) عَن أبي الدرداد قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ فَرَغَ إِلَى كُلِّ عَبْدٍ مِنْ خَلْقِهِ مِنْ خَمْسٍ: مِنْ أَجَلِهِ وَعَمَلِهِ وَمَضْجَعِهِ وَأَثَرِهِ وَرِزْقِهِ ". رَوَاهُ أَحْمَدُ

113. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक अल्लाह अज्ज़वजल

हर बंदे की तखलीक से मुतल्लिक उसकी पांच चीजों, उसकी उमर, उस के अमल, उस के मरने और दफन होने की जगह, उस के नुक्स और उस के रिज़्क़ से फारिग़ हो चूका”| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (5 / 197 ح 22066 و 22065) [و ابن ابی عاصم فی السنة : 303 و صححه ابن حبان ، الموارد : 1811] * فرج بن فضالة : تابعه مروان بن محمد و للحديث طرق

١١٤ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ تَكَلَّمَ فِي شَيْءٍ مِنَ الْقَدَرِ سُئِلَ عَنْهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَمَنْ لَمْ يَتَكَلَّمْ فِيهِ لم يسْأَل عَنهُ» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

114. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस ने तकदीर के मुतल्लिक ज़रा भी बात की तो रोज़ ए कियामत उस से उस के मुतल्लिक पूछताछ होगी और जिस ने उस के मुतल्लिक कोई बात न की उस से पूछताछ नहीं होगी”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (84) * وقال : البوصيرى :’’ هذا اسناد ضعيف لا تفاقهم على ضعف يحيى بن عثمان ، و شيخه (يحيى بن عبدالله بن ابى مليكة) لين الحديث ‘‘

١١٥ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ الدَّيْلَمِيِّ قَالَ: أَتَيْتُ أُبَيَّ بْنَ كَعْبٍ فَقُلْتُ لَهُ: قَدْ وَقَعَ فِي ص:٤ نَفْسِي شَيْء من الْقدر فَحَدثني بِشَيْء لَعَلَّ الله أَن يذهبه من قلبِي قَالَ لَو أَن الله عَذَّبَ أَهْلَ سَمَاوَاتِهِ وأَهلَ أَرْضِهِ عَذَّبَهُمْ وَهُوَ غَيْرُ ظَالِمٍ لَهُمْ وَلَوْ رَحِمَهُمْ كَانَتْ رَحْمَتُهُ خَيْرًا لَهُمْ مِنْ أَعْمَالِهِمْ وَلَوْ أَنْفَقْتَ مِثْلَ أُحُدٍ ذَهَبًا فِي سَبِيلِ اللَّهِ مَا قَبِلَهُ اللَّهُ مِنْكَ حَتَّى تُؤْمِنَ بِالْقَدَرِ وَتَعْلَمَ أَنَّ مَا أَصَابَكَ لَمْ يَكُنْ لِيُخْطِئَكَ وَأَنَّ مَا أَخْطَأَكَ لَمْ يَكُنْ لِيُصِيبَكَ وَلَوْ مُتَّ عَلَى غَيْرِ هَذَا لَدَخَلْتَ النَّارَ قَالَ ثُمَّ أَتَيْتُ عَبْدَ اللَّهِ بْنَ مَسْعُودٍ فَقَالَ مِثْلَ ذَلِكَ قَالَ ثُمَّ أَتَيْتُ حُذَيْفَةَ بْنَ الْيَمَانِ فَقَالَ مثل ذَلِك قَالَ ثُمَّ أَتَيْتُ زَيْدَ بْنَ ثَابِتٍ فَحَدَّثَنِي عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِثْلَ ذَلِكَ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

115. इब्ने दयल्मि रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं उबई बिन काब के पास आया तो मैंने उन्हें कहा: मेरे दिल में तकदीर के मुतल्लिक कुछ शुबा सा है, पस आप मुझे कोई हदीस सुनाइए, उम्मीद है अल्लाह इसे मेरे दिल से दूर कर दे, तो उन्होंने ने फ़रमाया: अगर अल्लाह अज्ज़वजल आसमान और ज़मीन वालो को अज़ाब देना चाहे तो वह उन्हें अज़ाब देने में ज़ालिम नहीं होगा, और अगर वह इन पर रहम फरमाए, तो इन के लिए उसकी रहमत उन के आमाल से बेहतर होगी, और अगर तुम ओहद पहाड़ के बराबर सोना अल्लाह की राह में खर्च कर दो तो अल्लाह इसे कबूल नहीं करेगा, हत्ता कि तुम तकदीर पर ईमान ले आओ और तुम जान लो के जो कुछ तुम्हें पहुंचा वह तुम से दूर नहीं हो सकता था, और कुछ तुम से दूर हो गया वह तुम्हें पहुँच नहीं सकता था, और अगर तुम इस अकीदे के अलावा किसी और अकीदे पर फौत हो गए तो तुम जहन्नम में जाओगे, इब्ने दयल्मि बयान करते हैं, फिर मैं इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु के पास आया तो उन्होंने भी इसी तरह फ़रमाया, फिर मैं हुज़ैफ़ा बिन यमान रदियल्लाहु अन्हु की खिदमत में आया तो

उन्होंने भी यही फ़रमाया, फिर मैं ज़ैद बिन साबित रदियल्लाहु अन्हु के पास आया तो उन्होंने मुझे इसी की मिस्ल नबी ﷺ से हदीस बयान की”। (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (5 / 182 ، 183 ح 21922 و 5 / 185 ح 21947 و 5 / 189 ح 21992) و ابوداؤد (4699) و ابن ماجه (77) [و البيهقى فى كتاب القضاء و القدر (200) و صححه ابن حبان (الموارد : 1817)]

١١٦ - (حسن) عَن نَافِع أَن ابْن عمر جَاءَهُ رجل فَقَالَ إِنَّ فُلَانًا يَقْرَأُ عَلَيْكَ السَّلَامَ فَقَالَ لَهُ إِنَّهُ بَلَغَنِي أَنَّهُ قَدْ أَحْدَثَ فَإِنْ كَانَ قَدْ أَحْدَثَ فَلَا تُقْرِئْهُ مِنِّي السَّلَامَ فَإِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُول يكون فِي هَذِه الْأمة أَو فِي أمتِي الشَّك مِنْهُ خَسْفٌ أَوْ مَسْخٌ أَوْ قَذْفٌ فِي أَهْلِ الْقَدَرِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ غَرِيبٌ

116. नाफेअ से रिवायत है के एक आदमी इब्ने उमर के पास आया तो उस ने कहा: फलां शख़्स आप को सलाम कहता है, तो उन्होंने कहा: मुझे पता चला है के उस ने बिदअत इजाद की, पस अगर तो उस ने बिदअत इजाद की है तो फिर मेरी तरफ से इसे सलाम न कहना, क्योंकि मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “मेरी उम्मत में या इस उम्मत में, ज़मीन में धंसना, सूरते मसख हो जाना या आसमान से हथोड़ो की बारिश होना होगा”। तिरमिज़ी, अबू दावुद, इब्ने माजा इमाम तिरमिज़ी ने कहा यह हदीस हसन सहीह ग़रीब है। (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (2152) و ابوداؤد 4613) و ابن ماجه (4061) [و تقدم طرفه : 106]

١١٧ - (لم تتمّ دراسته) عَن عَلِيّ رَضِي الله عَنهُ قَالَ سَأَلت خَدِيجَة النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ وَلَدَيْنِ مَاتَا لَهَا فِي الْجَاهِلِيَّةِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " هُمَا فِي النَّارِ قَالَ فَلَمَّا رأى الْكَرَاهِيَة فِي وَجْهِهَا قَالَ لَوْ رَأَيْتِ مَكَانَهُمَا لَأَبْغَضْتِهِمَا قَالَتْ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَوَلَدِي مِنْكَ قَالَ فِي الْجنَّة قَالَ ثُمَّ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِنَّ الْمُؤْمِنِينَ وَأَوْلَادَهُمْ فِي الْجَنَّةِ وَإِنَّ الْمُشْرِكِينَ وَأَوْلَادَهُمْ فِي النَّارِ ثُمَّ قَرَأَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ (وَالَّذِينَ آمَنُوا وَاتَّبَعَتْهُمْ ذُرِّيَّتُهُمْ بِإِيمَانٍ أَلْحَقْنَا بِهِمْ ذرياتهم)

117. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, खदीजा रदियल्लाहु अन्हु ने नबी ﷺ से ज़माने जाहिलियत में वफात पाने वाले अपने दो बच्चो के बारे में दरियाफ्त किया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “वो जहन्नम में है”, रावी बयान करते हैं, जब आप ने उन के चेहरे पर नागवारी के असरात देखा तो फ़रमाया: “अगर आप इन दोनों की जगह देख ले तो आप उन से बुग्ज़ रखे”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप से जो मेरी औलाद पैदा हुई है? आप ने फ़रमाया: “जन्नत में”, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मोमिन और उनकी औलाद जन्नत में, मुशरिक और उनकी औलाद जहन्नम में”, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: “और जो लोग ईमान लाए और उनकी औलाद ने ईमान लाने मैं इन की पैरवी की तो हम उनकी औलाद को भी उन के साथ मिला देंगे”। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه [عبدالله بن] احمد (فى زوائد المسند 1 / 134 ، 135 ح 1131) * محمد بن عثمان : مجهول لم يوثقه غير ابن حبان ، وللحديث شواهد ضعيفة

١١٨ - (حسن) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَمَّا خَلَقَ اللَّهُ آدم مسح ظَهره فَسقط من ظَهْرِهِ كُلُّ نَسَمَةٍ هُوَ خَالِقُهَا مِنْ ذُرِّيَّتِهِ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ وَجَعَلَ بَيْنَ عَيْنَيْ كُلِّ إِنْسَانٍ مِنْهُمْ وَبِيصًا مِنْ نُورٍ ثُمَّ عَرَضَهُمْ عَلَى آدَمَ فَقَالَ أَيْ رَبِّ مَنْ هَؤُلَاءِ قَالَ هَؤُلَاءِ ذُرِّيَّتُكَ فَرَأَى رَجُلًا مِنْهُمْ فَأَعْجَبَهُ وَبِيصُ مَا بَين عَيْنَيْهِ فَقَالَ أَي رب من هَذَا فَقَالَ هَذَا رجل من آخر الْأُمَم من ذريتك يُقَال لَهُ دَاوُدُ فَقَالَ رَبِّ كَمْ جَعَلْتَ عُمُرَهُ قَالَ سِتِّينَ سنة قَالَ أَي رب زده من عمري أَرْبَعِينَ سنة فَلَمَّا قضي عمر آدم جَاءَهُ ملك الْمَوْت فَقَالَ أَوَلَمْ يَبْقَ مِنْ عُمُرِي أَرْبَعُونَ سَنَةً قَالَ أولم تعطها ابْنك دَاوُد قَالَ فَجحد آدم فَجحدت ذُرِّيَّته وَنسي آدم فنسيت ذُرِّيَّته وخطئ آدم فخطئت ذُرِّيَّته» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

118. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब अल्लाह ने आदम अलैहिस्सलाम को पैदा किया तो उनकी पुश्त पर हाथ फेरा तो उनकी पुश्त से वह तमाम रूहें, जिन्हें उस ने उनकी औलाद से रोज़ ए कियामत तक पैदा करना था, निकल आई और उनमें से हर इंसान की पेशानी पर नूर का एक निशान लगा दिया, फिर उन्हें आदम अलैहिस्सलाम पर पेश किया तो उन्होंने अर्ज़ किया, मेरे परवरदिगार! यह कौन है? फ़रमाया: तुम्हारी औलाद, पस उन्होंने उनमें एक शख़्स को देखा तो उसकी पेशानी का निशान उन्हें बहोत अच्छा लगा, तो उन्होंने अर्ज़ किया, मेरे परवरदिगार! यह कौन है? फ़रमाया: दाउद अलैहिस्सलाम तो उन्होंने अर्ज़ किया, मेरे परवरदिगार आप ने उसकी कितनी उमर मुकर्रर की है? फ़रमाया: साठ साल, उन्होंने अर्ज़ किया, परवरदिगार मेरी उमर से चालीस साल इसे मज़ीद अता फरमा दें”, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब आदम अलैहिस्सलाम की उमर के चालीस बरस बाकी रह गई तो मलिकुल मौत उन के पास आया तो आदम अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: क्या मेरी उमर के चालीस बरस बाकी नहीं रहती? उस ने जवाब दिया, क्या आप ने वह अपने बेटे दाऊद (अ) को नहीं दी थी? आदम अलैहिस्सलाम ने इनकार कर दिया, इसी तरह उसकी औलाद ने भी इनकार किया, आदम अलैहिस्सलाम भूल गए और इस दरख्त से कुछ खा लिया, तो अब उसकी औलाद भी भूल जाती है, और आदम अलैहिस्सलाम ने गलती की और उसकी औलाद भी खताकार है”। (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3076 وقال : هذا حديث حسن صحيح) [و صححه الحاكم 2 / 586]

١١٩ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «خَلَقَ اللَّهُ آدَمَ حِينَ خَلَقَهُ فَضَرَبَ كَتِفَهُ الْيُمْنَى فَأَخْرَجَ ذُرِّيَّةً بَيْضَاءَ كَأَنَّهُمُ الذَّرُّ وَضَرَبَ كَتِفَهُ الْيُسْرَى فَأَخْرَجَ ذُرِّيَّةً سَوْدَاءَ كَأَنَّهُمُ الْحُمَمُ فَقَالَ لِلَّذِي فِي يَمِينِهِ إِلَى الْجَنَّةِ وَلَا أُبَالِي وَقَالَ للَّذي ص:٤ فِي كَفه الْيُسْرَى إِلَى النَّارِ وَلَا أُبَالِي» . رَوَاهُ أَحْمَدُ

119. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह ने आदम अलैहिस्सलाम को पैदा फ़रमाया, जब उन्हें पैदा फ़रमाया तो अल्लाह तआला ने उन के दाएँ कंधे पर मारा और सफ़ेद औलाद को निकाला, जैसे चीटियाँ हो, और उस ने उन के बाएँ कंधे पर मारा तो कालि औलाद निकाली जैसे कोयला हो, तो अल्लाह ने उनकी दाएँ तरफ वालो के मुतल्लिक फ़रमाया: यह जन्नती है और मुझे कोई परवाह नहीं, और जो उन के बाएँ कंधे की तरफ थे उन के मुतल्लिक फ़रमाया: यह जहन्नमी है, और मुझे कोई परवाह नहीं“। (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (6 / 441 ح 28036)

١٢٠ - (صَحِيح) وَعَن أبي نَضرة أَنَّ رَجُلًا مِنْ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُقَالُ لَهُ أَبُو عَبْدِ اللَّهِ دَخَلَ عَلَيْهِ أَصْحَابُهُ يَعُودُونَهُ وَهُوَ يَبْكِي فَقَالُوا لَهُ مَا يُبْكِيكَ أَلَمْ يَقُلْ لَكَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خُذْ مِنْ شَارِبِكَ ثُمَّ أَقِرَّهُ حَتَّى تَلْقَانِي قَالَ بَلَى وَلَكِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ قَبَضَ بِيَمِينِهِ قَبْضَةً وَأُخْرَى بِالْيَدِ الْأُخْرَى وَقَالَ هَذِهِ لِهَذِهِ وَهَذِه لهَذِهِ وَلَا أُبَالِي فَلَا أَدْرِي فِي أَيِّ الْقَبْضَتَيْنِ أَنَا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ

120. अबू नजरह से रिवायत है के नबी ﷺ के अबू अब्दुल्लाह नामी सहाबी बीमार हो गए तो उनके साथी उनकी इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) के लिए आए तो वह रो रहे थे, उन्होंने कहा: आप क्यों रो रहे हैं? क्या रसूलुल्लाह ﷺ ने आप से यह नहीं फरमाया अपनी मूंछे कतराओ, फिर उस पर कायम रहो हत्ता कि तुम (होज़े कौसर) पर मुझ से आ मिलो? उन्होंने कहा: क्यों नहीं! ज़रूर फ़रमाया था, लेकिन मैंने रसूल अल्लाह को फरमाते हुए सुना: “अल्लाह अज्ज़वजल ने अपने दाएँ हाथ से मुठ्ठी भरी, और दूसरे हाथ से दूसरी, और फ़रमाया यह इस (जन्नत) के लिए है, और यह इस (जहन्नम) के लिए है, और मुझे कोई परवाह नहीं”, जबकि मुझे मालुम नहीं, की मैं इन दो मुट्ठियों में से किस में हूँ”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (5 / 68 ح 20944 ، 4 / 176 ح 17736)

١٢١ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " أَخذ الله الْمِيثَاق من ظهر آدم بنعمان يَعْنِي عَرَفَةَ فَأَخْرَج من صلبه كل ذُرِّيَّة ذَرَاهَا فَنَثَرَهُمْ بَيْنَ يَدَيْهِ كَالذَّرِّ ثُمَّ كَلَّمَهُمْ قِبَلًا قَالَ: (أَلَسْتُ بِرَبِّكُمْ قَالُوا بَلَى شَهِدْنَا أَنْ تَقُولُوا يَوْمَ الْقِيَامَةِ إِنَّا كُنَّا عَنْ هَذَا غافلين أَوْ تَقُولُوا إِنَّمَا أَشْرَكَ آبَاؤُنَا مِنْ قَبْلُ وَكُنَّا ذُرِّيَّةً مِنْ بَعْدِهِمْ أَفَتُهْلِكُنَا بِمَا فَعَلَ المبطلون)»» رَوَاهُ أَحْمد

121. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह ने अरफा के नज़दीक मक़ाम ए नअमान पर औलाद ए आदम से अहद लेने का इरादा फ़रमाया तो उनकी सलब से (उन की) तमाम औलाद को“ जिसे पैदा करना था” निकाली तो उन्हें इन के सामने बिखेर दिया, जैसे चीटियाँ हो, फिर उन से बराएरास्त ख़िताब किया तो फ़रमाया: “क्या मैं तुम्हारा रब नहीं हूँ? सब ने कहा, क्यों नहीं! हम उस पर गवाह है (ये इकरार इसलिए लिया गया) के कहीं कियामत के दिन तुम यह कहो के हम तो इस हकीक़त से महज़ बेखबर थे, या यूँ कहो के शिर्क तो हमारे आबाअ ने किया था, हम तो उनकी औलाद है जो उन के बाद आए, क्या तू हमें उन गलत कारो के कामो पर हलाक कर देगा”| (हसन)

سنده حسن ، رواه احمد (1 / 272 ح 2455) [و النسائى فى الكبرى (6 / 347 ح 11191) و صححه الحاكم (1 / 27 ، 2 / 544) و وافقه الذهبى] * و للحديث شواهد منها ما رواه الطبرى فى تفسيره (9 / 75 ، 76) بسند صحيح عن ابن عباس موقوفًا وله حكم المرفوع

١٢٢ - (حسن) عَن أبي بن كَعْب فِي قَوْلِ اللَّهِ عَزَّ وَجَلَّ (وَإِذْ أَخَذَ رَبُّكَ مِنْ بَنِي آدَمَ مِنْ ظُهُورهمْ ذرياتهم وأشهدهم على أنفسهم)»» الْآيَة قَالَ جمعهم فجعلهم أرواحا ثُمَّ صَوَّرَهُمْ فَاسْتَنْطَقَهُمْ فَتَكَلَّمُوا ثُمَّ أَخَذَ ص:٤ عَلَيْهِمُ الْعَهْدَ وَالْمِيثَاقَ وَأَشْهَدَهُمْ عَلَى أَنْفُسِهِمْ أَلَسْتُ بِرَبِّكُمْ قَالَ فَإِنِّي أشهد عَلَيْكُم السَّمَوَات السَّبْعَ وَالْأَرَضِينَ السَّبْعَ وَأُشْهِدُ عَلَيْكُمْ أَبَاكُمْ آدَمَ عَلَيْهِ السَّلَام أَنْ تَقُولُوا يَوْمَ الْقِيَامَةِ لَمْ نَعْلَمْ بِهَذَا اعْلَمُوا أَنَّهُ لَا إِلَهَ غَيْرِي وَلَا رَبَّ غَيْرِي فَلَا تُشْرِكُوا بِي شَيْئًا وَإِنِّي سَأُرْسِلُ إِلَيْكُمْ رُسُلِي يُذَكِّرُونَكُمْ عَهْدِي وَمِيثَاقِي وَأُنْزِلُ عَلَيْكُمْ كُتُبِي قَالُوا شَهِدْنَا بِأَنَّكَ رَبُّنَا وَإِلَهُنَا لَا رب لَنَا غَيْرُكَ فَأَقَرُّوا بِذَلِكَ وَرُفِعَ

عَلَيْهِمْ آدَمُ يَنْظُرُ إِلَيْهِمْ فَرَأَى الْغَنِيَّ وَالْفَقِيرَ وَحَسَنَ الصُّورَةِ وَدُونَ ذَلِكَ فَقَالَ رَبِّ لَوْلَا سَوَّيْتَ بَيْنَ عِبَادِكَ قَالَ إِنِّي أَحْبَبْتُ أَنْ أُشْكَرَ وَرَأَى الْأَنْبِيَاءَ فِيهِمْ مِثْلَ السُّرُجِ عَلَيْهِمُ النُّورُ خُصُّوا بِمِيثَاقٍ آخَرَ فِي الرِّسَالَةِ وَالنُّبُوَّةِ وَهُوَ قَوْلُهُ تَعَالَى (وَإِذ أخذنَا من النَّبِيين ميثاقهم)»» إِلَى قَوْله (عِيسَى ابْن مَرْيَم)»» كَانَ فِي تِلْكَ الْأَرْوَاحِ فَأَرْسَلَهُ إِلَى مَرْيَمَ فَحُدِّثَ عَنْ أُبَيٍّ أَنَّهُ دَخَلَ مِنْ فِيهَا. رَوَاهُ أَحْمد

122. उबई बिन काब रदियल्लाहु अन्हु ने अल्लाह अज्ज़वजल के फरमान: "जब आप के रब ने बनी आदम से उनकी पुश्त से उनकी नसल को निकाला'' की तफसीर में फ़रमाया: उस ने इनको जमा किया तो उनकी मुख्तलिफ किस्म बना दी, फिर उनकी तस्वीर कशी की, उन्हें बोलने को कहा तो उन्होंने कलाम किया, फिर उन से अहद व मिशाक लिया और उन्हें उनकी जानो पर गवाह बनाया: "क्या मैं तुम्हारा रब नहीं हूँ?" उन्होंने कहा: क्यों नहीं!" फिर अल्लाह तआला ने फ़रमाया: मैं सातों आसमानों, सातों ज़मीनों और तुम्हारे बाप आदम अलैहिस्सलाम को तुम पर गवाह बनाता हूँ, के कहीं तुम रोज़ ए कियामत यह न कहो: हमें उस का पता नहीं, जान लो के मेरे सिवा ना कोई माबूद ए बरहक़ है न कोई रब, मेरे साथ, किसी को शरीक न बनाना, मैं अपने रसूल तुम्हारी तरफ भेजूंगा, वह मेरा अहद व मिशाक तुम्हें याद दिलाते रहेंगे, और मैं अपने किताबे तुम पर नाज़िल फर्माऊंगा, तो उन्होंने कहा: हम गवाही देते हैं की, तू हमारा रब है और हमारा माबूद है, ना तेरे सिवा हमारा कोई रब है न माबूद, उन्होंने उस का इकरार कर लिया, और आदम अलैहिस्सलाम को इन पर ज़ाहिर किया गया, वह उन्हें देखने लगी तो उन्होंने गनी व फ़क़ीर और खुबसूरत व बदसूरत को देखा तो अर्ज़ किया, परवरदिगार! तूने अपने बंदो में बराबरी क्यों नहीं की? अल्लाह तआला ने फ़रमाया: मैं पसंद करता हूँ, के मेरा शुक्र किया जाए, और उन्होंने अंबिया अलैहिस्सलाम को देखा, उनमें चिरागो की तरह थे, इन पर नूर (बरस रहा) था, और उन से रिसालत व नबूवत के बारे में खुसूसी अहद लिया गया, अल्लाह तआला के फरमान से यही अहद मुराद है "और जब हमने तमाम नबियों से, आप से, नुह, इब्राहीम, मूसा, और इसा बिन मरयम अलैहिस्सलाम से अहद लिया था", इसा अलैहिस्सलाम इन अरवाह में थे, तो अल्लाह ने उन्हें मरयम (अहस) की तरफ भेजा, अबी रदियल्लाहु अन्हु से बयान किया गया के इस (रूह) को मरयम (अहस) के मुंह के ज़रिए दाखिल किया गया। (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه [عبدالله بن] احمد (5 / 135 ح 21552) [و الفريابى فى كتاب القدر : 52] * سليمان التيمى مدلس و عنعن و باقى السند حسن و للحديث شاهد ضعيف عند الحاكم (2 / 323324 ح 3255)

163. मिक्दाम बिन मुअदी करीब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सुन लो! मुझे कुरान और उसके साथ उसकी मिस्ल अता की गई है, सुन लो! करीब है के कोई शक्म सैर शख़्स अपनी मुसनद पर यूँ कहे: तुम इस कुरान को लाज़िम पकड़ो, पस तुम जो चीज़ उस में हलाल पाओ इसे हलाल समझो और तुम जो चीज़ उस में हराम पाओ तो उसे हराम समझो, हालाँकि अल्लाह के रसूल! ﷺ ने जिस चीज़ को हराम करार दिया है के ऐसे ही है जैसे अल्लाह ने हराम करार दिया है, सुन लो, पालतू गधे, नुकीले दांत वाले दरिन्दे और ज़मीन की गिरी पड़ी कोई चीज़, इल्ला यह कि वह खुद उन से बेनियाज़ हो जाए, तुम्हारे लिए हलाल नहीं, और जो शख़्स किसी कौम के यहाँ पड़ाव डाले तो उन लोगों पर लाज़िम है के वह उसकी दावत करे, और अगर वह उसकी दावत न करे तो फिर इसे हक़ हासिल है के वह अपने खाने के बराबर उन से वुसुल करे”। (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (4604) و الدارمى (1 / 144 ح 592) و ابن ماجه (12) [و صححه ابن حبان ، الموارد : 97]

١٦٤ - (ضَعِيف) وَعَن الْعِرْبَاض بن سَارِيَة قَالَ: قَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أيحسب أحدكُم متكأ عَلَى أَرِيكَتِهِ يَظُنُّ أَنَّ اللَّهَ لَمْ يُحَرِّمْ شَيْئًا إِلَّا مَا فِي هَذَا الْقُرْآنِ أَلَا وَإِنِّي وَاللَّهِ قَدْ أَمَرْتُ وَوَعَظْتُ وَنَهَيْتُ عَنْ أَشْيَاءَ إِنَّهَا لَمِثْلُ الْقُرْآنِ أَوْ أَكْثَرُ وَإِنَّ اللَّهَ لَمْ يُحِلَّ لَكُمْ أَنْ تَدْخُلُوا بُيُوتَ أَهْلِ الْكِتَابِ إِلَّا بِإِذْنٍ وَلَا ضَرْبَ نِسَائِهِمْ وَلَا أَكْلَ ثِمَارِهِمْ إِذَا أَعْطَوْكُمُ الَّذِي عَلَيْهِمْ» رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَفِي إِسْنَادِهِ: أَشْعَثُ بْنُ شُعْبَةَ الْمِصِّيصِي قد تكلم فِيهِ

164. इरबाज़ बिन सारीया रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ खड़े हुए और फ़रमाया: “क्या

तुम में से कोई अपने मुसनद पर टेक लगा कर यह गुमान करता है की अल्लाह ने सिर्फ वही कुछ हराम करार दिया है जिस का ज़िक्र कुरान में है? सुन लो! अल्लाह की क़सम! मैंने भी कुछ चीजों के बारे में हुक्म दिया है, वाज़ व नसीहत की और कुछ चीजों से मना किया, बिलाशुबा वह भी कुरान की मिस्ल है बल्कि उस से भी ज़्यादा हैं, बेशक अल्लाह ने तुम्हारे लिए हलाल नहीं किया की तुम बिला इजाज़त अहले किताब (ज़िम्मियो) के घरो में दाखिल हो जाओ और जब तक वह तुम्हें जिज़िया देते रहे, उनकी औरतों को मारना और उन के फल खाना तुम्हारे लिए हलाल नहीं"| अबू दावुद, उसकी सनद में अशअस बिन शुऐब मिस्सिसी रावी है जिस पर कलाम किया गया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3050) * اشعث بن شعبة وثقه ابن حبان وحده و ضعفه ابو زرعة وغيره و ضعفه راجح ولم يثبت توثيقه عن ابی داود وقال فيه الذهبی : ليس بالقوی ، (ديوان الضعفاء : 473)

١٦٥ - (صَحِيح) وَعَنْهُ: قَالَ: صَلَّى بِنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ذَاتَ يَوْمٍ ثُمَّ أَقْبَلَ عَلَيْنَا بِوَجْهِهِ فَوَعَظَنَا مَوْعِظَةً بَلِيغَةً ذَرَفَتْ مِنْهَا الْعُيُونُ وَوَجِلَتْ مِنْهَا الْقُلُوبُ فَقَالَ رَجُلٌ يَا رَسُولَ اللَّهِ كَأَنَّ هَذِهِ مَوْعِظَةُ مُوَدِّعٍ فَأَوْصِنَا قَالَ: «أُوصِيكُمْ بِتَقْوَى اللَّهِ وَالسَّمْعِ وَالطَّاعَةِ وَإِنْ كَانَ عبدا حَبَشِيًّا فَإِنَّهُ من يَعش مِنْكُم يرى اخْتِلَافًا كَثِيرًا فَعَلَيْكُمْ بِسُنَّتِي وَسُنَّةِ الْخُلَفَاءِ الرَّاشِدِينَ الْمَهْدِيِّينَ تَمَسَّكُوا بِهَا وَعَضُّوا عَلَيْهَا بِالنَّوَاجِذِ وَإِيَّاكُمْ وَمُحْدَثَاتِ الْأُمُورِ فَإِنَّ كُلَّ مُحْدَثَةٍ بِدْعَةٌ وَكُلَّ بِدْعَةٍ ضَلَالَةٌ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ إِلَّا أَنَّهُمَا لَمْ يَذْكُرَا الصَّلَاةَ

165. इरबाज़ बिन सारीया रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें नमाज़ पढ़ाई, फिर आप ने अपना रूखे अनवर (चेहरा) हमारी तरफ किया तो एक बड़े बलिग़ अंदाज़ में हमें वाज़ व नसीहत फरमाई, जिस से आँखे अश्कबार हो गई और दिल डर गए, एक आदमी ने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! यह तो अलविदाई नसीहतें मालुम होती, पस आप हमें वसीयत फरमाइए, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "मैं तुम्हें अल्लाह का तक़्वा इख़्तियार करने, सुनने और इताअत करने की वसीयत करता हूँ, ख्वाह वह (अमिर) हब्शी गुलाम हो, क्योंकि तुम में से जो शख़्स मेरे बाद जिंदा रहेगा वह बहोत इख्तिलाफ देखेगा, पस तुम पर मेरी और हिदायत याफ्ता खुलफ़ा ए राशेदीन की सुन्नत लाज़िम है, पस तुम उस से तमसिक इख़्तियार करो और दाढ़ो के साथ इसे पकड़ लो, और दीन में नए काम जारी करने से बचो, क्योंकि दीन में हर नया काम बिदअत है और हर बिदअत गुमराही है"| अहमद अबू दावुद, तिरमिज़ी, इब्ने माजा अलबत्ता इमाम तिरमिज़ी और इमाम इब्ने माजा ने नमाज़ का ज़िक्र नहीं किया| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (4 / 126 ، 127 ح 17275) و ابوداؤد (4607) و الترمذی (2676 وقال : حسن صحيح) و ابن ماجه (43) [و صححه ابن حبان (الموارد : 102) و الحاکم (1 / 95 ، 96) و وافقه الذهبی]

١٦٦ - (حسن) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ خَطَّ لَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَطًّا ثُمَّ ص:٥ قَالَ: «هَذَا سَبِيلُ اللَّهِ ثُمَّ خَطَّ خُطُوطًا عَنْ يَمِينِهِ وَعَنْ شِمَالِهِ وَقَالَ هَذِهِ سُبُلٌ عَلَى كُلِّ سَبِيلٍ مِنْهَا شَيْطَانٌ يَدْعُو إِلَيْهِ» ثُمَّ قَرَأَ (إِن هَذَا صِرَاطِي مُسْتَقِيمًا فَاتَّبِعُوهُ)»» الْآيَة. رَوَاهُ أَحْمد وَالنَّسَائِيّ والدارمي

166. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमारे लिए एक लकीर

खिचां, फिर फ़रमाया: "ये अल्लाह की राहे है", फिर आप ﷺ ने उस के दाएँ बाएँ कुछ ख़त खिंचे और फ़रमाया: "ये और राहें है, और उनमें से हर राह पर एक शैतान है, जो इस राह की तरफ बुलाता है", फिर आप ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: "ये मेरी सीधी राह है, पस उसकी इत्तेबा करो"। (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (1 / 435 ح 4142) و النسائی (فی الکبری : 11174 ، التفسیر : 194) و الدارمی (1 / 67 ، 68 ح 208) [و صححه ابن حبان (الموارد : 1741 ، 1742) و الحاکم (2 / 318) و رواه ابن ماجه (11)]

١٦٧ - (سَنَده ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يُؤْمِنُ أَحَدُكُمْ حَتَّى يَكُونَ هَوَاهُ تَبَعًا لِمَا جِئْتُ بِهِ» رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةَ وَقَالَ النَّوَوِيُّ فِي أَرْبَعِينِهِ: هَذَا حَدِيثٌ صَحِيحٌ رَوَيْنَاهُ فِي كتاب الْحجَّة بِإِسْنَاد صَحِيح

167. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तुम में से कोई शख़्स मोमिन नहीं हो सकता हत्ता कि उसकी ख्वाहिशात मेरी लाइ हुई शरियत के ताबेअ हो जाए"। इमाम बगवी ने शरह सुन्ना में उसे रिवायत किया है, इमाम नववी ने अरबईन में फ़रमाया: यह हदीस सहीह है और हमने इसे किताब अल हुज्जा में सहीह सनद के साथ रिवायत किया है। (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه البغوی فی شرح السنة (1 / 212 ، 213 ح 104) و النووی فی الاربعین (41) [و قوام السنة فی کتاب الحجة (1 / 251 ح 103)] * هشام بن حسان مدلس و عنعن واما نعیم بن حماد فثقة صدوق کما حققته فی '' ارشاد العباد فی توثیق نعیم بن حماد '' و حدیثه لا ینزل عن درجة الحسن ابدًا فی غیر ما انکر علیه ومن تکلم فیه فقد اخطا ولا بن رجب الحنبلی علل باطلة فی تضعیف هذا الحدیث ، فی کتابه '' جامع العلوم و الحکم '' اجبت عنها فی رسالة خاصة و الحمدلله

١٦٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ بِلَالِ بْنِ الْحَارِثِ الْمُزَنِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «من أَحْيَا سُنَّةً مِنْ سُنَّتِي قَدْ أُمِيتَتْ بَعْدِي فَإِنَّ لَهُ مِنَ الْأَجْرِ مِثْلَ أُجُورِ مَنْ عَمِلَ بِهَا مِنْ غَيْرِ أَنْ يَنْقُصَ مِنْ أُجُورِهِمْ شَيْئًا وَمَنِ ابْتَدَعَ بِدْعَةً ضَلَالَةً لَا يَرْضَاهَا اللَّهُ وَرَسُولُهُ كَانَ عَلَيْهِ مِنَ الْإِثْمِ مِثْلُ آثَامِ مَنْ عَمِلَ بِهَا لَا يَنْقُصُ من أوزارهم شَيْئا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

168. बिलाल बिन हारिस मुज़नी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस ने मेरी किसी ऐसी सुन्नत कोअहया (जिंदा) किया, जिसे मेरे बाद तर्क कर दिया गया था, तो इसे भी उस पर अमल करने वालो के बराबर सवाब मिलेगा और उन के अज़र में कोई कमी नहीं होगी, और जिस ने बिदअत व ज़लालत को जारी किया, उसे अल्लाह और उस के रसूल पसंद नहीं करते, तो उसे भी इतना ही गुनाह मिलेगा जितना उस पर अमल करने वालो को मिलेगा और उन के गुनाहों में कोई कमी नहीं होगी"। (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جذا ، رواه الترمذی (2677 وقال : هذا حدیث حسن) [و ابن ماجه : 209 ببعض الاختلاف و انظر الحدیث الآتی : 169] * فیه کثیر بن عبدالله العوفی : ضعیف جدًا متهم بالکذاب ، ضعفه الجمهور و اخطا من قواه

١٦٩ - (ضَعِيف) وَرَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ عَنْ كَثِيرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ

169. इसे तिरमिज़ी ने रिवायत किया है और इब्ने माजा ने यह रिवायत कसीर बिन अब्दुल्लाह बिन अम्र अन अबी अन जदह के तरीक से बयान की है। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه ابن ماجه (210) * فيه كثير بن عبدالله بن عوف ضعيف جدًا متهم ، انظر الحديث السابق : 168

١٧٠ - (سَنَده ضَعِيف) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ عَوْفٍ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ الدِّينَ لَيَأْرِزُ إِلَى الْحِجَازِ كَمَا تَأْرِزُ الْحَيَّةُ إِلَى جُحْرِهَا وَلَيَعْقِلَنَّ الدِّينُ مِنَ الْحِجَازِ مَعْقِلَ الْأُرْوِيَّةِ مِنْ رَأْسِ الْجَبَلِ إِنَّ الدِّينَ بَدَأَ غَرِيبًا وَسَيَعُودُ كَمَا بَدَأَ فَطُوبَى لِلْغُرَبَاءِ وَهُمُ الَّذِينَ يُصْلِحُونَ مَا أَفْسَدَ النَّاسُ مِنْ بَعْدِي من سنتي» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

170. अमर बिन ऑफ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दीन हज्जाज़ की तरफ इस तरह सिमट जाएगा जिस तरह सांप अपने बिल की तरफ सिमट जाता है, और दीन हज्जाज़ में इस तरह महफ़ूज़ होगा जिस तरह पहाड़ी बकरी पहाड़ की चोटी पर पनाह लेती है, बेशक दीन का आगाज़ अजनबियत के आलम में हुआ और वह अनकरीब इसी हालत मेंलौट जाएगा जैसे शुरू हुआ, ऐसे अजनबियों के लिए खुशखबरी है, और यही वह लोग है जो मेरी सुन्नत की इस्लाह व अहया (जिंदा) करेंगे जिसे लोगों ने मेरे बाद ख़राब कर दिया होगा”। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الترمذی (2630 وقال : حسن) * فيه كثير بن عبدالله العوفى ضعيف جدًا متهم ، تقدم : 168

١٧١ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَيَأْتِيَنَّ عَلَى أُمَّتِي مَا أَتَى عَلَى بَنِي إِسْرَائِيلَ حَذْوَ النَّعْلِ بِالنَّعْلِ حَتَّى إِنَّ كَانَ مِنْهُمْ مَنْ أَتَى أُمَّهُ عَلَانِيَةً لَكَانَ فِي أُمَّتِي مَنْ يَصْنَعُ ذَلِكَ وَإِنَّ بَنِي إِسْرَائِيلَ تَفَرَّقَتْ عَلَى ثِنْتَيْنِ وَسَبْعِينَ مِلَّةً وَتَفْتَرِقُ أُمَّتِي عَلَى ثَلَاثٍ وَسَبْعِينَ مِلَّةً كُلُّهُمْ فِي النَّارِ إِلَّا مِلَّةً وَاحِدَةً قَالُوا وَمن هِيَ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ مَا أَنَا عَلَيْهِ وأصحابي» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

171. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरी उम्मत पर ऐसा वक़्त आएगा जैसे बनी इसराइल पर आया था, और वह मुमासलत में ऐसे होगा जैसे जूता जूते के बराबर होता है, हत्ता कि अगर उनमें से किसी ने अपने माल से एलानिया बदकारी की होगी तो मेरी उम्मत में भी ऐसा करने वाला शख़्स होगा, बेशक बनी इसराइल बहत्तर फिरको में तकसीम हुए और मेरी उम्मत तिहत्तर फिरको में तकसीम होगी, एक मिल्लत के सिवा बाकी सब जहन्नम में होंगे”, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! ﷺ वह एक मिल्लत कौन सी है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस पर मैं और मेरे सहाबा है”। (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (2641 وقال : حسن غريب) * ابن انعم الافريقى ضعيف (تقريب التهذيب : 3862) و للحديث شواهد ضعيفة

١٧٢ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةِ أَحْمَدَ وَأَبِي دَاوُدَ عَنْ مُعَاوِيَةَ: «ثِنْتَانِ وَسَبْعُونَ فِي النَّارِ وَوَاحِدَةٌ فِي الْجَنَّةِ وَهِيَ الْجَمَاعَةُ وَإِنَّهُ سَيَخْرُجُ فِي أُمَّتِي أَقْوَامٌ تَتَجَارَى بِهِمْ تِلْكَ الْأَهْوَاءُ كَمَا يَتَجَارَى الْكَلْبُ بِصَاحِبِهِ لَا يَبْقَى مِنْهُ عِرْقٌ وَلَا مَفْصِلٌ إِلَّا دخله»

172. अहमद और अबू दावुद में मुआविया रदियल्लाहु अन्हु से मरवी रिवायत में है: “बहत्तर जहन्नम में जाएँगे और एक जन्नत में जाएगा, और अनकरीब मेरी उम्मत में ऐसे लोग ज़ाहिर होंगे उनमें यह बिदआत इस तरह सरायत कर जाएगी जिस तरह बावले कुत्ते का असर कटे हुए शख़्स के रग व रेशे में सरायत कर जाता है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (4 / 102 ح 17061) و ابوداؤد (4597)

١٧٣ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ اللَّهَ لَا يَجْمَعُ أُمَّتِي أَوْ قَالَ: أُمَّةَ مُحَمَّدٍ عَلَى ضَلَالَةٍ وَيَدُ اللَّهِ عَلَى الْجَمَاعَةِ وَمَنْ شَذَّ شَذَّ فِي النَّار ". . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

173. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह तआला मेरी उम्मत को”, या फ़रमाया: “मुहम्मद ﷺ की उम्मत को गुमराही पर जमा नहीं करेगा और अल्लाह तआला का हाथ जमाअत पर है और जो शख़्स जमाअत से जुदा हुआ वह जहन्नम में अलग डाला जाएगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (2167 وقال : ھذا حدیث غریب) * سلیمان بن سفیان المدنی ضعیف و للحدیث شواھد عند الحاکم (1 / 116 ح 399 و سنده صحیح) وغیره دون قوله :’’ ومن شذ شذ فی النار ‘‘ فھو ضعیف و الباقی صحیح

١٧٤ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اتَّبِعُوا السَّوَادَ الْأَعْظَمَ فَإِنَّهُ مَنْ شَذَّ شَذَّ فِي النَّارِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ من حَدِيث أنس

174. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सवाद ए आज़म की इत्तेबा करो, क्योंकि जो अलग हुआ वह जहन्नम में डाला जाएगा”, इमाम इब्ने माजा ने यह हदीस अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत की है | (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه [الحاکم فی المستدرک (1 / 115 ، 116) و ابن ماجه (3950 بالفاظ مختلفة) من حدیث انس رضی الله عنه بسند ضعیف جدًا ، معان : لین الحدیث ، و ابو خلف : متروک رماه ابن معین بالکذب* و للحدیث شواھد ضعیفة جدًا عند ابی نعیم فی اخبار اصبھان (2 / 208) وغیره

١٧٥ - (ضَعِيف) وَعَن أنس قَالَ: قَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا بُنَيَّ إِنْ قَدَرْتَ أَنْ تصبح وتمسي لَيْسَ فِي قَلْبِكَ غِشٌّ لِأَحَدٍ فَافْعَلْ» ثُمَّ قَالَ: «يَا بني وَذَلِكَ من سنتي وَمن أَحْيَا سُنَّتِي فَقَدْ أَحَبَّنِي وَمَنْ أَحَبَّنِي كَانَ مَعِي فِي الْجَنَّة» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

175. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “बेटा! अगर तो सुबह व शाम इस हालत में कर सके के तुम्हार दिल में किसी के लिए बद्ख्वाही न हो तो ऐसा कर”, फिर फ़रमाया: “बेटा! यह तर्ज़े अमल मेरी सुन्नत है और जिस ने मेरी सुन्नत से मुहब्बत की तो उस ने मुझ से मुहब्बत की, और जिस ने मुझ से मुहब्बत की तो वह जन्नत में मेरे साथ होगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (2678 وقال : ھذا حدیث حسن غریب) * فیه علی بن زید بن جدعان وھو ضعیف

١٧٦ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ تَمَسَّكَ بِسُنَّتِي عِنْدَ فَسَادِ أُمَّتِي فَلَهُ أجر مائَة شَهِيد»

176. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने मेरी उम्मत के फसाद के वक़्त मेरी सुन्नत पर अमल किया तो उस के लिए सौ शहीद का सवाब है”। (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه [البيهقى فى الزهد (209) و ابن عدى (2 / 739) و عندهما الحسن بن قتيبة ضعفه الجمهور و عبدالخالق بن المنذر لا يعرف ، انظر لسان الميزان (3 / 401) و رواه الطبرانى فى الاوسط (5410) و فيه محمد بن صالح العدوى ، قال الهيشمى :’’ ولم ارمن ترجمه ‘‘ (مجمع الزوائد 1 / 172 و انظر 3 / 208) فالحديث ضعيف كما فى الانوار للبغوى بتحقيقى (1237)]

١٧٧ - (حسن) وَعَنْ جَابِرٌ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حِينَ أَتَاهُ عُمَرُ فَقَالَ إِنَّا نَسْمَعُ أَحَادِيثَ مِنْ يَهُودَ تُعْجِبُنَا أَفْتَرَى أَنْ نَكْتُبَ بَعْضَهَا؟ فَقَالَ: «أَمُتَهَوِّكُونَ أَنْتُمْ كَمَا تَهَوَّكَتِ الْيَهُودُ وَالنَّصَارَى؟ لَقَدْ جِئْتُكُمْ بِهَا بَيْضَاءَ نَقِيَّةً وَلَوْ كَانَ مُوسَى حَيًّا مَا وَسِعَهُ إِلَّا اتِّبَاعِي» . رَوَاهُ أَحْمد وَالْبَيْهَقِيّ فِي كتاب شعب الايمان

177. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, के जब उमर रदियल्लाहु अन्हु उन के पास आए तो उन्होंने कहा, हम यहूद से कुछ ताज्जुब अंगेज़ बाते सुनते है, क्या आप इजाज़त मरहमत फरमाते हैं की हम उनमें से बाज़ लिख लिया करे, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम भी यहूद व नसारा की तरह (अपने दीन के बारे में हैरान हो), जबकि मैं तुम्हारे पास साफ़ और वाज़ेह दीन लेकर आया हूँ, अगर मूसा अलैहिस्सलाम भी जिंदा होते तो इन के लिए भी मेरी इत्तेबा के सिवा किसी और चीज़ की इत्तेबा जाईज़ न होती”। (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (3 / 387 ح 15223) و البيهقى فى كتاب شعب الايمان (176) [و الدارمى 1 / 115 ، 116 ح 441] * مجالد : ضعيف ، ضعفه الجمهور و للحديث شواهد ضعيفة عند الرويانى (1 / 175 ح 225) وغيره

١٧٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ أَكَلَ طَيِّبًا وَعَمِلَ فِي سُنَّةٍ وَأَمِنَ النَّاسُ بَوَائِقَهُ دَخَلَ الْجَنَّةَ فَقَالَ رَجُلٌ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِن هَذَا الْيَوْم لكثيرفي النَّاسِ قَالَ: «وَسَيَكُونُ فِي قُرُونٍ بَعْدِي» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

178. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने हलाल खाया, सुन्नत के मुवाफिक अमल किया और लोग उसकी शरान्गेज़ियो से महफूज़ रहे तो वह जन्नत में दाखिल होगा”, किसी आदमी ने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! इस दौर में तो इस तरह के बहोत से लोग है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “और मेरे बाद के अदवार में भी होंगे”। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2520 وقال : حديث غريب) [و صححه الحاكم (4 / 104) و تناقض قول الذهبى فيه] * ابوبشر مجهول الحال وثقه الحاكم وحده وتناقض قول الذهبى فيه فتساقط

١٧٩ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّكُم فِي زمَان تَرَكَ مِنْكُمْ عُشْرَ مَا أُمِرَ بِهِ هَلَكَ ثُمَّ يَأْتِي زَمَانٌ مَنْ عَمِلَ مِنْهُمْ بِعُشْرِ مَا أَمر بِهِ نجا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

179. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम इस दौर में हो के तुम में से जिस ने अहकाम शरिया के दसवें हिस्से पर अमल न किया तो वह हलाक हो जाएगा, फिर एक ऐसा दौर आएगा के उनमें से जिस ने अहकामात शरिया के दसवें हिस्से पर अमल कर लिया तो वह निजात पा जाएगा”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (2267 وقال : هذا حديث غريب) * نعيم بن حماد حسن الحديث (كما تقدم : 167) ولكن هذا مما انكر عليه ، و سفيان بن عيينة مدلس و عنعن

١٨٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا ضَلَّ قَوْمٌ بَعْدَ هُدًى كَانُوا عَلَيْهِ إِلَّا أُوتُوا الْجَدَلَ» . ثُمَّ قَرَأَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ هَذِهِ الْآيَةَ: (مَا ضَرَبُوهُ ص:٦ لَكَ إِلَّا جدلا بل هم قوم خصمون)»» رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

180. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब कोई कौम हिदायत याफ्ता होने के बाद गुमराही इख़्तियार कर लेती है, तो बाहमी निज़ाअ उनका पेशा बन जाता है”, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: (مَا ضَرَبُوهُ لَكَ إِلَّا جدلا بل هم قوم خصمون) “वो आप से यह बाते महज़ झगड़ा पैदा करने के लिए करते हैं बल्कि यह लोग है ही झगड़ालू ”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (5 / 252 ح 22517 ، 5 / 256 ح 22558) و الترمذى (3253 وقال : حسن صحيح)و ابن ماجه (48) [و صححه الحاكم (2 / 448) و وافقه الذهبى]

١٨١ - (ضَعِيف) وَعَن أَنَسِ بْنِ مَالِكٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَقُولُ: لَا تُشَدِّدُوا عَلَى أَنْفُسِكُمْ فَيُشَدِّدَ اللَّهُ عَلَيْكُمْ فَإِنَّ قَوْمًا شَدَّدُوا عَلَى أَنْفُسِهِمْ فَشَدَّدَ اللَّهُ عَلَيْهِمْ فَتِلْكَ بَقَايَاهُمْ فِي الصَّوَامِعِ والديار (رَهْبَانِيَّةً ابتدعوها مَا كتبناها عَلَيْهِم)»» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

181. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ फ़रमाया करते थे: “अपने आप को मशक्कत में न डाला करो, वरना अल्लाह भी तुम्हें मशक्कत में डाल देगा, क्योंकि एक कौम ने अपने आप पर सख्ती की तो अल्लाह ने भी इन पर सख्ती की, यहूद व नसारा की इबादतगाहो में यह सख्तिया इन्ही की बाकियात हैं”, फिर आप ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: (رَهْبَانِيَّةً ابتدعوها مَا كتبناها عَلَيْهِم) “रह्बानियत उन्होंने खुद इजाद की थी हमने इसे इन पर फ़र्ज़ नहीं किया था”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4904) * سعيد بن عبد الرحمن بن ابى العمياء وثقه ابن حبان وحده و لبعض الحديث شاهد عند البخارى فى التاريخ الكبير (4 / 94) و سنده حسن وهو يغنى عنه

١٨٢ - (ضَعِيف جدا) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " نَزَلَ الْقُرْآنُ عَلَى خَمْسَةِ أَوْجُهٍ: حَلَالٍ وَحَرَامٍ وَمُحْكَمٍ وَمُتَشَابِهٍ وَأَمْثَالٍ. فَأَحِلُّوا الْحَلَالَ وَحَرِّمُوا الْحَرَامَ وَاعْمَلُوا بِالْمُحْكَمِ وَآمِنُوا بِالْمُتَشَابِهِ وَاعْتَبِرُوا بِالْأَمْثَالِ ". هَذَا لَفْظُ الْمَصَابِيحِ. وَرَوَى الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الايمان وَلَفْظُهُ: «فَاعْمَلُوا بِالْحَلَالِ وَاجْتَنِبُوا الْحَرَامَ وَاتَّبِعُوا الْمُحْكَمَ»

182. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कुरान पांच उमूर के मुतल्लिक नाज़िल हुआ, हलाल व हराम, मुहकम व मुतशाबिहात और इमसाल, तुम हलाल को हलाल और हराम को हराम समझो, मुहकम पर अमल करो और मुतशाबिहात पर ईमान लाओ और इमसाल पहली उम्मतो के वाकिआत से इबरत हासिल करो”| यह मसाबिह के अल्फाज़ हैं, बयहकी ने शौबुल ईमान मैं इन अल्फाज़ से नकल किया है: “हलाल पर अमल करो, हराम से बचा करो और मुहकम की इत्तेबा करो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جذا ، رواه البیھقی فی شعب الایمان (2293) * فیه معارک بن عباد : ضعیف ، و عبدالله بن سعید بن ابی سعید المقبری : متروک

١٨٣ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " الْأَمْرُ ثَلَاثَةٌ: أَمْرٌ ص:٦ بَيِّنٌ رُشْدُهُ فَاتَّبِعْهُ وَأَمْرٌ بَيِّنٌ غَيُّهُ فَاجْتَنِبْهُ وَأَمْرٌ اخْتُلِف فِيهِ فَكِلْهُ إِلَى اللَّهِ عَزَّ وَجل)»» رَوَاهُ أَحْمد

183. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अम्र (हुक्म) तीन किस्म के है, एक अम्र (हुक्म) वह है जिस की रशद व भलाई वाज़ेह है, पस उसकी इत्तेबा करो, एक अम्र (हुक्म) वह है जिस की गुमराही वाज़ेह है जिस से बचा करो, और एक अम्र (हुक्म) वह है जिसके मुतल्लिक इख्तिलाफ किया गया है, पस इसे अल्लाह अज्ज़वजल के सुपुर्द करो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جذا ، رواه احمد (لم اجده) [و الطبرانی فی الکبیر (10 / 386 ح 10774)] * فیه ابو المقدام هشام بن زیاد : متروک

• بَاب الِاعْتِصَام بِالْكتاب وَ السّنة — किताब व सुन्नत को मज़बूती से पकड़ने का बयान

• الْفَصْل الثَّالِث — तीसरी फस्ल

١٨٤ - (ضَعِيف) عَنْ مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الشَّيْطَانَ ذِئْبُ الْإِنْسَانِ كَذِئْبِ الْغَنَمِ يَأْخُذُ الشَّاذَّةَ وَالْقَاصِيَةَ وَالنَّاحِيَةَ وَإِيَّاكُمْ وَالشِّعَابَ وَعَلَيْكُمْ بِالْجَمَاعَةِ وَالْعَامَّةِ» . رَوَاهُ أَحْمد

184. मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक शैतान इंसान के लिए भेड़िया है, जैसे बकरियों के लिए भेड़िया होता है, वह अलग होने वाली, दूर जाने वाली और एक

को लाज़िम पकड़ लो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (5 / 243 ح 22458 و 5 / 232 ح 22379) [و عبد بن حمید فی مسنده (114 ، المنتخب)] * السند منقطع ، العلاء بن زیاد و شھر بن حوشب لم یسمعا من سیدنا معاذ رضی الله عنه و حدیث ابی داود (547) یغنی عنه

١٨٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ فَارَقَ الْجَمَاعَةَ شبْرًا فقد خلع رقة الْإِسْلَامِ مِنْ عُنُقِهِ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ

185. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस ने जमाअत से बालिश्त बराबर अलायेदगी इख़्तियार की तो उस ने अपने गर्दन से इस्लाम की रस्सी (यानी पाबन्दी) उतार दी”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (5 / 180 ح 21894) و ابوداؤد (4758) * و روی ابن ابی عاصم فی السنة (1053) ، بسند حسن عن خالد بن وھبان عن ابی ذر بلفظ :’’ من فارق الجماعة والاسلام فقد خلع ربقة الاسلام من عنقه ‘‘ و خالد ھذا تابعی معروف و ثقه ابن حبان و جھله الحافظ فی تقریب التھذیب و اشار الحاکم (1 / 117) بان العلماء یحتجون بحدیثه و حدیثه حسن بالشواھد وله شاھد عند الترمذی (2863) وھو حدیث صحیح

١٨٦ - (حسن) وَعَن مَالك بن أنس مُرْسَلًا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " تَرَكْتُ فِيكُمْ أَمْرَيْنِ لَنْ تَضِلُّوا مَا تَمَسَّكْتُمْ بِهِمَا: كِتَابَ اللَّهِ وَسُنَّةَ رَسُولِهِ «. رَوَاهُ فِي الْمُوَطَّأ»

186. मालिक बिन अनस रदियल्लाहु अन्हु मुरसल रिवायत बयान करते हैं, कि रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं तुम में दो चीज़े छोड़ कर जा रहा हूँ, पस जब तक तुम इन दोनों पर अमल करते रहोगे तो कभी गुमराह नहीं होगे, (यानी) अल्लाह की किताब और उस के रसूल की सुन्नत”| (हसन)

حسن ، رواه مالک فی الموطا (2 / 899 ح 1727) * السند منقطع و للحدیث شواھد کثیرة جدًا ، منھا ما رواه الحاکم (1 / 93 ح 318 بلفظ :’’ انی قد ترکت فیکم ما ان اعتصمتم به فلن تضلوا ابدًا : کتاب الله و سنة نبیه صلی الله علیه و آله وسلم و سنده حسن) و عموم القرآن یؤیده

١٨٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ غُضَيْف بن الْحَارِث الثمالِي قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: (مَا أَحْدَثَ قَوْمٌ بِدْعَةً إِلَّا رُفِعَ مِثْلُهَا مِنَ السُّنَّةِ فَتَمَسُّكٌ بِسُنَّةٍ خَيْرٌ مِنْ إِحْدَاث بِدعَة)»» رَوَاهُ أَحْمد

187. गदिफ बिन हारिस सीमाली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब कोई कौम बिदअत इजाद करती हैं तो इसी की मिस्ल सुन्नत उठा ली जाती है, पस सुन्नत पर अमल करना बिदअत इजाद करने से बेहतर है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (4 / 105 ح 17095) * ابوبکر بن ابی مریم : ضعیف (تقدم : 124) و بقیة صدوق مدلس و عنعن

١٨٨ - (صَحِيح) وَعَنْ حَسَّانَ قَالَ: «مَا ابْتَدَعَ قَوْمٌ بِدْعَةً فِي دِينِهِمْ إِلَّا نَزَعَ اللَّهُ مِنْ سُنَّتِهِمْ مِثْلَهَا ثُمَّ لَا يُعِيدُهَا إِلَيْهِمْ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَة.» رَوَاهُ الدَّارِمِيّ "

188. हस्सान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब कोई कौम अपने दीन में कोई बिदअत इजाद करती हैं तो अल्लाह उसकी मिस्ल उनकी सुन्नत छीन लेता है, फिर वह इसे रोज़ ए कियामत तक उनकी तरफ नहीं लौटाता"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الدارمی (1 / 45 ح 99)

١٨٩ - (ضَعِيف) وَعَن إِبْرَاهِيم بن ميسرَة قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ وَقَّرَ صَاحِبَ بِدْعَةٍ فَقَدْ أَعَانَ عَلَى هَدْمِ الْإِسْلَامِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الايمان مُرْسلا

189. इब्राहीम बिन मय्सराह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स ने किसी बिदअती की ताज़ीम व नुसरत की तो उस ने इस्लाम के गिराने पर मदद की"| (हसन)

حسن ، رواه البيهقی فی شعب الايمان (9464) [و السند منقطع وله الوان عند اللالکائی (فی السنة المنسوبة اليه 1 / 139 ح 273) و الهروی فی ذم الکلام (ص 219 ح 927 ، 928) و للحديث شاهد حسن عند ابن عساکر فی تاريخ دمشق (28 / 318 ، 319) و الاجری فی الشريعة (ص 962 ح 2040) فيه العباس بن يوسف الشکلی ترجمته فی تاريخ بغداد (12 / 153 ، 154) و تاريخ دمشق وغيرهما وقال الصفدی :'' وهو مقبول الرواية '' والوافی بالوفيات (16 / 373 ت 5932) و کذا قال الذهبی فی تاريخ الاسلام (23 / 479 وفيات 314 ه) فهو حسن الحديث فالحديث حسن ، وبنحوه صح عن فضيل بن عياض (انظر حلية الاولياء 8 / 103) و ابراهيم بن ميسرة (انظر ذم الکلام : 928) من قولهما]

١٩٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابْن عَبَّاس قَالَ: من تعلم كتاب الله ثمَّ ابتع مَا فِيهِ هَدَاهُ اللَّهُ مِنَ الضَّلَالَةِ فِي الدُّنْيَا وَوَقَاهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ سُوءَ الْحِسَابِ»» وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: مَنِ اقْتَدَى بِكِتَابِ اللَّهِ لَا يَضِلُّ فِي الدُّنْيَا وَلَا يَشْقَى فِي الْآخِرَةِ ثُمَّ تَلَا هَذِهِ الْآيَةَ: (فَمَنِ اتَّبَعَ هُدَايَ فَلَا يضل وَلَا يشقى)»» رَوَاهُ رزين

190. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: जिस शख़्स ने अल्लाह की किताब की तालीम हासिल की, फिर उस के मुताबिक अमल किया तो अल्लाह इस शख़्स को दुनिया में गुमराही से बचाता है और कियामत के दिन इसे हिसाब की तकलीफ से बचाएगा"| और एक रिवायत में है, इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: जिस शख़्स ने अल्लाह की किताब की इक्तेदा की तो वह ना दुनिया में गुमराह होगा न आखिरत में तकलीफ उठाएगा, फिर इस आयत की तिलावत फरमाई: "जो शख़्स मेरी हिदायत की पैरवी करेगा वह ना गुमराह होगा न तकलीफ में पड़ेगा"| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه رزين (کم اجده) [رواه عبدالرزاق (3 / 382 ح 6033 فيه ثلاث علل : عبد الرزاق و سفيان بن عيينة مدلسان و عنعنا ، و عطاءبن السائب لم يدرک ابن عباس رضی الله عنه فالسند ضعيف منقطع) و ابن ابی شيبة (10 / 467 ، 468 ح 29946 و سنده ضعيف من اجل اختلاط عطاء بن السائب ، 13 / 371 ، 372 ح 34770 ، ابو خالد الاحمر مدلس و عنعن) و الحاکم (2 / 381 ح 3438 و عنه البيهقی فی شعب الايمان : 2029) و صححه و وافقه الذهبی ، و رواه الطبری فی تفسيره (ج 16 ص 163 ، نسخة محققة 7 / 931 ح 24434) و الحديث الموقوف سنده ضعيف ، عند الحاکم و الطبری و ابن ابی شيبة فی الرواية الاولی عطاء بن السائب اختلط]

١٩١ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " ضَرَبَ اللَّهُ مَثَلًا صِرَاطًا مُسْتَقِيمًا وَعَنْ جَنَبَتَيِ الصِّرَاطِ سُورَانِ فِيهِمَا أَبْوَابٌ مُفَتَّحَةٌ وَعَلَى الْأَبْوَابِ سُتُورٌ مُرْخَاةٌ وَعِنْدَ رَأْسِ الصِّرَاطِ دَاعٍ يَقُولُ: اسْتَقِيمُوا عَلَى الصِّرَاطِ وَلَا تَعْوَجُّوا وَفَوْقَ ذَلِكَ دَاعٍ يَدْعُو كُلَّمَا هَمَّ عَبْدٌ أَنْ يَفْتَحَ شَيْئًا مِنْ تِلْكَ الْأَبْوَابِ قَالَ: وَيْحَكَ لَا تَفْتَحْهُ فَإِنَّكَ إِنْ تَفْتَحْهُ تَلِجْهُ ". ثُمَّ فَسَّرَهُ فَأَخْبَرَ: " أَنَّ الصِّرَاطَ هُوَ الْإِسْلَامُ وَأَنَّ الْأَبْوَابَ الْمُفَتَّحَةَ مَحَارِمُ اللَّهِ وَأَنَّ السُّتُورَ الْمُرْخَاةَ حُدُودُ اللَّهِ وَأَنَّ الدَّاعِيَ عَلَى رَأْسِ الصِّرَاطِ هُوَ الْقُرْآنُ وَأَنَّ الدَّاعِيَ مِنْ فَوْقِهِ وَاعِظُ اللَّهِ فِي قَلْبِ كُلِّ مُؤمن)»» رَوَاهُ رزين وَأحمد

191. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह ने सिरातुल मुस्तकीम की मिसाल बयान फरमाई, के रास्ते के दोनों तरफ दो दीवारे हैं, उनमें दरवाज़े खुले हुए हैं और दरवाज़ो पर परदे लटक रहे है, रास्ते के सिरे पर एक दाई है, वह कह रहा है, सीधे चलते जाओ, टेढ़े मत होना, और उस के ऊपर एक और दाई है, जब कोई शख़्स उन दरवाज़ो में से किसी चीज़ को खोलने का इरादा करता है तो वह कहता है: तुम पर अफ़सोस है, इसे मत खोलो, क्योंकि अगर तुमने उसे खोल दिया तो तुम उस में दाखिल हो जाओगे”, फिर आप ﷺ ने उसकी वज़ाहत करते हुए फ़रमाया: “रास्ता इस्लाम है, खुले हुए दरवाज़े अल्लाह की हराम करदा अशियाअ हैं, लटके हुए परदे अल्लाह की हुदूद हैं, रास्ते के सिरे पर दाई कुरान है, और उस के ऊपर जो दाई है, वह हर मोमिन का दिल में अल्लाह का वाइज़ है”। (इस की कोई असल इन अल्फाज़ के साथ नहीं रवाह रजिन मझे नहीं मिली.)

لا اصل له بهذا اللفظ ، رواه رزين (لم اجده) [و الاجرى فى الشريعة (ص 12 ح 16 بلفظ آخر مختصر جدًا و سنده صحيح) و انظر الحديث الآتى فهو شاهد له]

١٩٢ - (صَحِيح) وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ عَنِ النَّوَّاسِ بْنِ سَمْعَانَ وَكَذَا التِّرْمِذِيُّ عَنْهُ إِلَّا أَنَّهُ ذَكَرَ أخصر مِنْهُ

192. इमाम अहमद और बयहकी ने शौबुल ईमान में नवासी बिन समआन रदियल्लाहु अन्हु से और इसी तरह इमाम तिरमिज़ी ने इन्ही से रिवायत किया है, अलबत्ता उन्होंने उस से मुख़्तसर रिवायत किया है। (हसन)

حسن ، رواه احمد (4 / 182 ، 183 ح 17784) و البيهقى فى شعب الايمان (7216) و الترمذى (2859 وقال : غريب) [و صححه الحاكم على شرط مسلم 1 / 73 و وافقه الذهبى]

١٩٣ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: مَنْ كَانَ مُسْتَنًّا فليسن بِمَنْ قَدْ مَاتَ فَإِنَّ الْحَيَّ لَا تُؤْمَنُ عَلَيْهِ الْفِتْنَةُ. أُولَئِكَ أَصْحَابُ مُحَمَّدٍ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانُوا أَفْضَلَ هَذِهِ الْأُمَّةِ أَبَرَّهَا قُلُوبًا وَأَعْمَقَهَا عِلْمًا وَأَقَلَّهَا تَكَلُّفًا اخْتَارَهُمُ اللَّهُ لِصُحْبَةِ نَبِيِّهِ وَلِإِقَامَةِ دِينِهِ ص:٦ فَاعْرِفُوا لَهُمْ فَضْلَهُمْ وَاتَّبِعُوهُمْ عَلَى آثَارِهِمْ وَتَمَسَّكُوا بِمَا اسْتَطَعْتُمْ مِنْ أَخْلَاقِهِمْ وَسِيَرِهِمْ فَإِنَّهُمْ كَانُوا عَلَى الْهَدْيِ الْمُسْتَقِيمِ. رَوَاهُ رزين

193. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: जो कोई किसी शख़्स की राहे अपनाना चाहे तो वह उन शख़्स की राहे अपनाए जो फौत हो चुके हैं, क्योंकि जिंदा शख़्स फितने से महफूज़ नहीं रहा, और वह (फौतशुदा लोग) मुहम्मद ﷺ के साथी हैं, वह इस उम्मत के बेहतरीन लोग थे, वह दिल के साफ़ इल्म में मुन्सिफ और तकल्लुफ व तसनीअ में बहोत कम थे, अल्लाह ने अपने नबी ﷺ की सोहबत और अपने दीन

की इकामत के लिए उन्हें मुन्तखब फ़रमाया, पस उनकी फ़ज़ीलत को पहचानो, उन के आसार की इत्तेबा करो और उन के अख़लाक़ व किरदार को अपनाने की मुनासिब कोशिश करो, क्योंकि वह हिदायत मुस्तकीम पर थे"। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه رزين (لم اجده) [و ابن عبدالبر فی جامع بیان العلم و فضله (2 / 97)] * فيه سنيد ضعيف و قتادة عن ابن مسعود : منقطع و روى احمد عن عبدالله بن مسعود قال : ان الله نظر فی قلوب العباد فوجد قلب محمد صلی الله علیه و آله وسلم خیر قلوب العباد فاصطفاه لنفسه فابتعثه برسالته ثم نظر فی قلوب العباد بعد قلب محمد فوجد قلوب اصحابه خير قلوب العباد فجعلهم وزراء نبيه يقاتلون على دينه فما راى المسلمون حسنا فهو عند الله حسن وما راوه سيئًا فهو عند الله سی (1 / 379 ح 3600) و سنده حسن

١٩٤ - (حسن) عَن جَابِرٍ: (أَنَّ عُمَرَ بْنَ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِنُسْخَةٍ مِنَ التَّوْرَاةِ فَقَالَ يَا رَسُولَ اللَّهِ هَذِهِ نُسْخَةٌ مِنَ التَّوْرَاةِ فَسَكَتَ فَجَعَلَ يَقْرَأ وَوجه رَسُول الله يَتَغَيَّرُ فَقَالَ أَبُو بَكْرٍ ثَكِلَتْكَ الثَّوَاكِلُ مَا تَرَى مَا بِوَجْهِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَنَظَرَ عُمَرُ إِلَى وَجْهِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ أَعُوذُ بِاللَّه من غضب الله وَغَضب رَسُوله صلى الله عَلَيْهِ وَسلم رَضِينَا بِاللَّهِ رَبًّا وَبِالْإِسْلَامِ دِينًا وَبِمُحَمَّدٍ نَبِيًّا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " وَالَّذِي نَفْسُ مُحَمَّدٍ بِيَدِهِ لَوْ بَدَا لَكُمْ مُوسَى فَاتَّبَعْتُمُوهُ وَتَرَكْتُمُونِي لَضَلَلْتُمْ عَنْ سَوَاءِ السَّبِيلِ وَلَوْ كَانَ حَيًّا وَأَدْرَكَ نُبُوَّتِي لَاتَّبَعَنِي)»» رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

194. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु तौरात का एक नुस्खा लेकर रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! यह तौरात का नुस्खा है, आप ख़ामोश रहे और उन्होंने इसे पढ़ना शुरू कर दिया, जबकि रसूल अल्लाह के चेहरा मुबारक का रंग बदलने लगा, अबू बक्र ने फ़रमाया: गुम करने वाली तुम्हें गुम पाए, तुम रसूलुल्लाह ﷺ के रूखे अनवर (चेहरा) की तरफ नहीं देख रहे, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने रसूलुल्लाह ﷺ का चेहरा मुबारक देखा तो फ़ौरन कहा, मैं अल्लाह और उस के रसूल ﷺ के गज़ब से अल्लाह की पनाह चाहता हूँ, मैं अल्लाह के रब होने, इस्लाम के दीन होने और मुहम्मद ﷺ के नबी होने पर राज़ी हूँ, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मुहम्मद ﷺ की जान है, अगर मूसा अलैहिस्सलाम भी तुम्हारे सामने आजाए और तुम मुझे छोड़ कर उनकी इत्तेबा करने लगो तो तुम सीधी राह से गुमराह हो जाओगे और अगर वह जिंदा होते और वह मेरी नबूवत (का ज़माना) पा लेते तो वह भी मेरी ही इत्तेबा करते"। (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الدارمی (1 / 115 ، 116 ح 441) * مجالد ضعيف (تقدم : 188) و للحديث شواهد ضعيفة

١٩٥ - (مَوْضُوع) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَلَامِي لَا يَنْسَخُ كَلَامَ اللَّهِ وَكَلَامُ اللَّهِ يَنْسَخُ كَلَامِي وَكَلَامُ اللَّهِ يَنْسَخُ بعضه بَعْضًا»

195. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ने फ़रमाया: "मेरा कलाम, अल्लाह के कलाम को मंसूख नहीं कर सकता, जबकि अल्लाह का कलाम मेरे कलाम को मंसूख कर सकता है और अल्लाह का कलाम एक दूसरे को मंसूख कर सकता है"। (मौज़ू)

اسناده موضوع ، رواه الدارقطنی (4 / 145) * فيه جبرون بن واقد : متهم

١٩٦ - (مَوْضُوع) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ أَحَادِيثَنَا يَنْسَخُ بَعْضُهَا بَعْضًا كنسخ الْقُرْآن»

196. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हमारी अहादीस भी एक दूसरे को मंसूख कर देती है, जिस तरह कुरान का बाज़ हिस्सा दूसरे हिस्से को मंसूख कर देता है। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا منكر ، رواه الدارقطنى (4 / 145) * فيه محمد بن الحارث و محمد بن عبد الرحمن البيلمانى و ابوه : ضعفاء كلهم ، ’’ و محمد بن عبد الرحمن : حدث عن ابيه بنسخة شبيهًا بماتى حديث ، كلها موضوعة ‘‘ قاله ابن حبان

١٩٧ - (ضَعِيف) وَعَن أبي ثَعْلَبَة الْخُشَنِي قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ فَرَضَ فَرَائِضَ فَلَا تُضَيِّعُوهَا وَحَرَّمَ حُرُمَاتٍ فَلَا تَنْتَهِكُوهَا وَحَدَّ حُدُودًا فَلَا تَعْتَدُوهَا وَسَكَتَ عَنْ أَشْيَاءَ مِنْ غَيْرِ نِسْيَانٍ فَلَا تَبْحَثُوا عَنْهَا» . رَوَى الْأَحَادِيثَ الثَّلَاثَةَ الدَّارَقُطْنِيُّ

197. अबू सअलबा अल खुशैनी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक अल्लाह ने फ़राइज़ मुकर्रर किए है, उन्हें ज़ाए न करो, उस ने हुरुमात को हराम करार दिया, पस उन के करीब न जाओ और अल्लाह ने हुदूद मुतय्यीन की है पस उन से तजावुज़ न करो और उस ने जानते बुजते कुछ चीजों से सुकूत फ़रमाया, पस उन के मुतल्लिक बहस न करो”। मज़कुरह तीनो अहादीस को दार कुतनी ने बयान किया है। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارقطنى (4 / 183 ، 184) [و البيهقى (10 / 12 ، 13)] * مكحول لم يدرک ابا ثعلبة رضى الله عنه فالسند منقطع ، و للحديث شواهد ضعيفة

كتاب الْعلم • इल्म और उसकी फ़ज़ीलत का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

١٩٨ - (صَحِيح) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «بَلِّغُوا عَنِّي وَلَوْ آيَةً وَحَدِّثُوا عَنْ بَنِي إِسْرَائِيلَ وَلَا حَرَجَ وَمَنْ كَذَبَ عَلَيَّ مُتَعَمِّدًا فَلْيَتَبَوَّأْ مَقْعَدَهُ مِنَ النَّارِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

198. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरी तरफ से पहुंचा दो ख्वाह एक आयत ही हो, बनी इसराइल के वाकिआत बयान करो उस में कोई हर्ज नहीं, और जो शख़्स जानबूझकर मुझ पर झूठ बोले वह अपना ठिकाना जहन्नम में बना ले”| (सहीह)

رواه البخاری (3461)

١٩٩ - (صَحِيح) وَعَن سَمُرَة بن جُنْدُب وَالْمُغِيرَةِ بْنِ شُعْبَةَ قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ حَدَّثَ عَنِّي بِحَدِيثٍ يَرَى أَنَّهُ كَذِبٌ فَهُوَ أَحَدُ الْكَاذِبِينَ» . رَوَاهُ مُسلم

199. समुरह बिन जुन्दुब और मुगिरह बिन शौबा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स मुझ से हदीस बयान करे वह जानता हो के यह झूठ है तो वह भी झूठी हदीस वज़ा करने वालो में से एक है”| (सहीह)

رواه مسلم (1)

٢٠٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ مُعَاوِيَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ يُرِدِ اللَّهُ بِهِ خَيْرًا يُفَقِّهْهُ فِي الدِّينِ وَإِنَّمَا أَنَا قَاسِمٌ وَاللَّهِ يُعْطِي»

200. मुआविया रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह जिसके साथ भलाई का इरादा फरमाता है तो उसे दीन के मुतल्लिक समझ बुझ अता फरमा देता है, मैं तो सिर्फ (इल्म) तकसीम करने वाला हूँ जबकि (फहम) अल्लाह अता करता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (71) و مسلم (98 / 1037)، (2389)

٢٠١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «النَّاس مَعَادِنُ كَمَعَادِنِ الذَّهَبِ وَالْفِضَّةِ خِيَارُهُمْ فِي الْجَاهِلِيَّةِ خِيَارُهُمْ فِي الْإِسْلَامِ إِذَا فقهوا» . رَوَاهُ مُسلم

201. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इंसान भी सोने और चांदी की खानों की तरह एक खान है, उनमें से जो दौरे जाहिलियत में अच्छे थे, वह इस्लाम में भी अच्छे है, बशर्ते कि वह दीन में समझ बुझ पैदा करे”| (सहीह)

رواه مسلم (199 / 2526)، (6454) [و البخارى : 3493 ، 3496 مختصرًا]

٢٠٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا حَسَدَ إِلَّا فِي اثْنَتَيْنِ رَجُلٍ آتَاهُ اللَّهُ مَالًا فَسَلَّطَهُ عَلَى هَلَكَتِهِ فِي الْحَقِّ وَرَجُلٍ آتَاهُ اللَّهُ ص:٧ الْحِكْمَة فَهُوَ يقْضِي بهَا وَيعلمهَا)

202. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दो किस्म के लोगों पर रश्क करना जाईज़ है, एक वह आदमी जिसे अल्लाह ने माल अता किया, और फिर उस को राह ए हक़ में उसे खर्च करने की तौफिक दी, और एक वह आदमी जिसे अल्लाह ने हिकमत अता की और वह उस के मुताबिक फैसला करता है और इसे (दुसरो को) सिखाता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (73) و مسلم (268 / 816)، (1896)

٢٠٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا مَاتَ الْإِنْسَانُ انْقَطَعَ عَمَلُهُ إِلَّا مِنْ ثَلَاثَةِ أَشْيَاءَ: صَدَقَةٍ جَارِيَةٍ أَوعلم ينْتَفع بِهِ أَوولد صَالح يَدْعُو لَهُ)»» رَوَاهُ مُسلم

203. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब इंसान फौत हो जाता है तो तीन कामो, सदका ए जारिया, वह इल्म जिस से इस्तेफ़ादा किया जाए और नेक औलाद जो उस के लिए दुआ करे, के सिवा उस के आमाल का सिलसिला मुन्कतेअ हो जाता है”| (सहीह)

رواه مسلم (14 / 1631)، (4223)

٢٠٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ نَفَّسَ عَنْ مُؤْمِنٍ كُرْبَةً مِنْ كُرَبِ الدُّنْيَا نَفَّسَ اللَّهُ عَنْهُ كُرْبَةً مِنْ كُرَبِ يَوْمِ الْقِيَامَةِ وَمِنْ يَسَّرَ عَلَى مُعْسِرٍ يَسَّرَ اللَّهُ عَلَيْهِ فِي الدُّنْيَا وَالْآخِرَة. وَمَنْ سَتَرَ مُسْلِمًا سَتَرَهُ اللَّهُ فِي الدُّنْيَا وَالْآخِرَةِ وَاللَّهُ فِي عَوْنِ الْعَبْدِ مَا كَانَ الْعَبْدُ فِي عَوْنِ أَخِيهِ وَمَنْ سَلَكَ طَرِيقًا يَلْتَمِسُ فِيهِ عِلْمًا سَهَّلَ اللَّهُ لَهُ بِهِ طَرِيقًا إِلَى الْجَنَّةِ وَمَا اجْتَمَعَ قَوْمٌ فِي بَيْتٍ مِنْ بُيُوتِ اللَّهِ يَتْلُونَ كِتَابَ اللَّهِ وَيَتَدَارَسُونَهُ بَيْنَهُمْ إِلَّا نَزَلَتْ عَلَيْهِمُ السَّكِينَةُ وَغَشِيَتْهُمُ الرَّحْمَةُ وَحَفَّتْهُمُ الْمَلَائِكَةُ وَذَكَرَهُمُ اللَّهُ فِيمَنْ عِنْدَهُ وَمَنْ بَطَّأَ بِهِ عَمَلُهُ لَمْ يُسْرِعْ بِهِ نسبه» . رَوَاهُ مُسلم

204. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने किसी मोमिन से दुनिया की कोई तकलीफे दूर की, तो अल्लाह उस से कियामत के दिन की कोई तकलीफ दूर फरमादेगा, जिस शख़्स ने किसी तंग दस्त पर आसानी की तो अल्लाह उस पर दुनिया व आखिरत में आसानी फरमाएगा, जिस ने किसी मुसलमान की ऐबपोशी की तो अल्लाह उसकी दुनिया व आखिरत में ऐबपोशी फरमाएगा, अल्लाह बंदे

की मदद फरमाता रहता है जब तक बंदा अपने भाई की मदद करता रहता है, और जिस शख़्स ने तलब ए इल्म के लिए कोई सफ़र किया तो अल्लाह इस वजह से उस के लिए राहे जन्नत आसान फरमा देता है, और जब कुछ लोग अल्लाह के किसी घर में इकठ्ठे हो कर अल्लाह की किताब की तिलावत करते हैं और आपस में पढ़ते पढ़ाते है तो इन पर सकिनत नाज़िल होती है, रहमत उन्हें ढांप लेती है, फ़रिश्ते उन्हें घेर लेते है और अल्लाह अपने पास फरिश्तो में उनका तज़किरह फरमाता है, और जिसके अमल ने इसे पीछे कर दिया तो नसब इसे आगे नहीं पढ़ा सकेगा"| (सहीह)

رواه مسلم (38 / 2699)، (6853)

٢٠٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِن أول النَّاس يقْضى عَلَيْهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ رَجُلٌ اسْتُشْهِدَ فَأُتِيَ بِهِ فَعَرَّفَهُ نِعَمَهُ فَعَرَفَهَا قَالَ فَمَا عَمِلْتَ فِيهَا؟ قَالَ قَاتَلْتُ فِيكَ حَتَّى اسْتُشْهِدْتُ قَالَ كَذَبْتَ وَلَكِنَّكَ قَاتَلْت لِأَنْ يُقَالَ جَرِيءٌ فَقَدْ قِيلَ ثُمَّ أَمر بِهِ فسحب على وَجهه حَتَّى ألقِي فِي النَّارِ وَرَجُلٌ تَعَلَّمَ الْعِلْمَ وَعَلَّمَهُ وَقَرَأَ الْقُرْآنَ فَأُتِيَ بِهِ فَعَرَّفَهُ نِعَمَهُ فَعَرَفَهَا قَالَ فَمَا عَمِلْتَ فِيهَا قَالَ تَعَلَّمْتُ الْعِلْمَ وَعَلَّمْتُهُ وَقَرَأْتُ فِيكَ الْقُرْآنَ قَالَ كَذَبْتَ وَلَكِنَّكَ تَعَلَّمْتَ الْعلم ليقال عَالِمٌ وَقَرَأْتَ الْقُرْآنَ لِيُقَالَ هُوَ قَارِئٌ فَقَدْ قِيلَ ثُمَّ أُمِرَ بِهِ فَسُحِبَ عَلَى وَجْهِهِ حَتَّى أُلْقِيَ فِي النَّارِ وَرَجُلٌ وَسَّعَ اللَّهُ عَلَيْهِ وَأَعْطَاهُ مِنْ أَصْنَافِ الْمَالِ كُلِّهِ فَأُتِيَ بِهِ فَعَرَّفَهُ ص:٧ نِعَمَهُ فَعَرَفَهَا قَالَ فَمَا عَمِلْتَ فِيهَا؟ قَالَ مَا تَرَكْتُ مِنْ سَبِيلٍ تُحِبُّ أَنْ يُنْفَقَ فِيهَا إِلَّا أَنْفَقْتُ فِيهَا لَكَ قَالَ كَذَبْتَ وَلَكِنَّكَ فَعَلْتَ لِيُقَالَ هُوَ جَوَادٌ فَقَدْ قِيلَ ثُمَّ أُمِرَ بِهِ فَسُحِبَ عَلَى وَجْهِهِ ثُمَّ أُلْقِيَ فِي النَّارِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

205. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "रोज़ ए कियामत सबसे पहले शहीद का फैसला सुनाया जाएगा, इसे पेश किया जाएगा, तो अल्लाह इसे अपने नेअमतें याद कराएगा और वह उनका एतराफ़ करेगा, फिर अल्लाह फरमाएगा: तूने उन के बदले में (शुक्र के तौर पर) क्या किया? वह अर्ज़ करेगा: मैंने तेरी खातिर जिहाद किया हत्ता कि मुझे शहीद कर दिया गया, अल्लाह फरमाएगा: तूने झूठ कहा, क्योंकी तूने दाद सजाअत हासिल करने के लिए जिहाद किया था, पस वह कह दिया गया, फिर उस के मुतल्लिक हुक्म दिया जाएगा तो उसे मुंह के बल घंसिट कर जहन्नम में डाल दीया जाएगा, दूसरा शख़्स जिस ने इल्म हासिल किया, और इसे दुसरो को सिखाया, और कुरआन ए करीम की तिलावत की, इसे भी पेश किया जाएगा, तो अल्लाह इसे अपने नेअमतें याद कराएगा, वह उनका एतराफ़ करेगा, अल्लाह पूछेगा की तूने उन के बदले में क्या किया? वह अर्ज़ करेगा: मैंने इल्म सिखा और इसे दुसरो को सिखाया और मैं तेरी रज़ा की खातिर कुरान की तिलावत करता रहा, अल्लाह फरमाएगा: तूने झूठ कहा, अलबत्ता तूने इल्म इसलिए हासिल किया था के तुम्हें आलिम कहा जाए और कुरान पढ़ा ताकि तुम्हें कारी कहा जाए, वह कह दिया गया, फिर उस के मुतल्लिक हुक्म दिया जाएगा तो उसे मुंह के बल घंसिट कर जहन्नम में डाल दीया जाएगा, और तीसरा वह शख़्स जिसे अल्लाह तआला ने माल व ज़र की जुमला इक्साम से खूब नवाज़ा होगा, इसे पेश किया जाएगा तो अल्लाह इसे अपने नेअमतें याद कराएगा, वह उन्हें पहचान लेगा तो अल्लाह पूछेगा तूने उन के बदले में क्या किया? वह अर्ज़ करेगा: मैंने उन तमाम मुवाके पर जहाँ खर्च करना तुझे पसंद था खर्च किया, अल्लाह फरमाएगा: तूने झूठ कहा तूने तो

इसलिए खर्च किया के तुझे बड़ा सखी कहा जाए, पस वह कह दिया गया, फिर उस के मुतल्लिक हुक्म दिया जाएगा तो उसे मुंह के बल घंसिट कर जहन्नम में डाल दीया जाएगा”| (सहीह)

رواه مسلم (152 / 1905)، (4923)

٢٠٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ لَا يَقْبِضُ الْعِلْمَ انْتِزَاعًا يَنْتَزِعُهُ مِنَ الْعِبَادِ وَلَكِنْ يَقْبِضُ الْعِلْمَ بِقَبْضِ الْعُلَمَاءِ حَتَّى إِذَا لَمْ يُبْقِ عَالِمًا اتَّخَذَ النَّاسُ رُءُوسًا جُهَّالًا فَسُئِلُوا فَأَفْتَوْا بِغَيْرِ عِلْمٍ فضلوا وأضلوا»

206. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह इल्म को बंदो के सीनों से नहीं निकालेगा, बल्कि वह उलमाअ की रूहें कब्ज़ कर के इल्म को उठा लेगा, हत्ता कि जब वह किसी आलिम को बाकी नहीं रखेगा तो लोगबेवकूफ सरदार बना लेंगे, जब उन से मसअला दरियाफ्त किया जाएगा, तो वह इल्म के बगैर फ़तवा देंगे, वह खुद गुमराह होंगे और दुसरो को गुमराह करेंगे”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخاری (100) و مسلم (13 / 2673)، (6796)

٢٠٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن شَقِيق: كَانَ عبد الله يُذَكِّرُ النَّاسَ فِي كُلِّ خَمِيسٍ فَقَالَ لَهُ رَجُلٌ يَا أَبَا عَبْدِ الرَّحْمَنِ لَوَدِدْتُ أَنَّكَ ذكرتنا كُلِّ يَوْمٍ قَالَ أَمَا إِنَّهُ يَمْنَعُنِي مِنْ ذَلِكَ أَنِّي أَكْرَهُ أَنْ أُمِلَّكُمْ وَإِنِّي أَتَخَوَّلُكُمْ بِالْمَوْعِظَةِ كَمَا كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَتَخَوَّلُنَا بِهَا مَخَافَةَ السَّآمَةِ عَلَيْنَا

207. शकिक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु हर जुमेरात लोगों को वाज़ व नसीहत किया करते थे, किसी आदमी ने उन से कहा: अबू अब्दुलरहमान मैं चाहता हूँ कि आप हर रोज़ हमें वाज़ व नसीहत किया करे, उन्होंने ने फ़रमाया: सुन लो! हर रोज़ वाज़ व नसीहत करने से मुझे यही चीज रोकती है की मैं तुम्हें उकताहट में डालना नापसंद करता हूँ, मैं वाज़ व नसीहत के ज़रिए तुम्हारा वैसे ही ख्याल रखता हूँ जैसे रसूलुल्लाह ﷺ इस अंदेशे के पेशे नज़र के हम उकता न जाए हमारा ख्याल रखा करते थे”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخاری (68) و مسلم (82 / 2821)، (7127)

٢٠٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا تَكَلَّمَ بِكَلِمَةٍ أَعَادَهَا ثَلَاثًا حَتَّى تُفْهَمَ عَنْهُ وَإِذَا أَتَى عَلَى قَوْمٍ فَسَلَّمَ عَلَيْهِمْ سَلَّمَ عَلَيْهِمْ ثَلَاثًا ". رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

208. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ कोई गुफ्तगू फरमाते, तो आप एक जुमले को तीन मर्तबा दोहराते हत्ता कि इसे समझ और याद कर लिया जाए, और जब आप किसी कौम के पास तशरीफ़ लाते

और उन्हें सलाम करने का इरादा फरमाते, तो तीन मर्तबा सलाम करते”| (बुखारी)

رواه البخارى (95)

٢٠٩ - (صَحِيح) عَن أبي مَسْعُود الْأَنْصَارِيِّ قَالَ جَاءَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ إِنِّي أَبْدِعَ بِي فَاحْمِلْنِي فَقَالَ مَا عِنْدِي فَقَالَ رَجُلٌ يَا رَسُولَ اللَّهِ أَنَا أَدُلُّهُ عَلَى مَنْ يَحْمِلُهُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ دَلَّ عَلَى خَيْرٍ فَلَهُ مثل أجر فَاعله» . رَوَاهُ مُسلم

209. अबू मसउद अंसारी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया: मेरी सवारी हलाक हो गई है, आप मुझे सवारी इनायत फरमादे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मेरे पास तो कोई सवारी नहीं”, एक आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैं उसे ऐसे आदमी के मुतल्लिक बताता हूँ जो इसे सवारी दे देगा, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “खैर व भलाई की तरफ रहनुमाई करने वाले को इस भलाई को सरंजाम देने वाले की मिस्ल अज्र व सवाब मिलेगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (133 / 1893)، (4899)

٢١٠ - (صَحِيح) وَعَن جرير قَالَ: (كُنَّا فِي صدر النهارعند رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَجَاءَهُ قَوْمٌ عُرَاةٌ مُجْتَابِي النِّمَارِ أَوِ الْعَبَاءِ مُتَقَلِّدِي السُّيُوفِ عَامَّتُهُمْ مِنْ مُضَرَ بَلْ كُلُّهُمْ مِنْ مُضَرَ ص:٧ فَتَمَعَّرَ وَجْهُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِمَا رَأَى بِهِمْ مِنَ الْفَاقَةِ فَدَخَلَ ثُمَّ خَرَجَ فَأَمَرَ بِلَالًا فَأَذَّنَ وَأَقَامَ فَصَلَّى ثُمَّ خَطَبَ فَقَالَ: (يَا أَيُّهَا النَّاسُ اتَّقُوا رَبَّكُمُ الَّذِي خَلَقَكُمْ مِنْ نَفْسٍ وَاحِدَةٍ)»» إِلَى آخَرِ الْآيَةِ (إِنَّ اللَّهَ كَانَ عَلَيْكُمْ رقيبا)»» وَالْآيَةُ الَّتِي فِي الْحَشْرِ (اتَّقُوا اللَّهَ وَلْتَنْظُرْ نَفْسٌ مَا قَدَّمَتْ لِغَدٍ)»» تَصَدَّقَ رَجُلٌ مِنْ دِينَارِهِ مِنْ دِرْهَمِهِ مِنْ ثَوْبِهِ مِنْ صَاعِ بُرِّهِ مِنْ صَاعِ تَمْرِهِ حَتَّى قَالَ وَلَوْ بِشِقِّ تَمْرَةٍ قَالَ فَجَاءَ رَجُلٌ مِنَ الْأَنْصَارِ بِصُرَّةٍ كَادَتْ كَفُّهُ تَعْجَزُ عَنْهَا بل قد عجزت قَالَ ثُمَّ تَتَابَعَ النَّاسُ حَتَّى رَأَيْتُ كَوْمَيْنِ مِنْ طَعَامٍ وَثِيَابٍ حَتَّى رَأَيْتُ وَجْهُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَتَهَلَّلُ كَأَنَّهُ مُذْهَبَةٌ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ سَنَّ فِي الْإِسْلَامِ سُنَّةً حَسَنَةً فَلَهُ أَجْرُهَا وَأَجْرُ مَنْ عَمِلَ بِهَا مِنْ بَعْدِهِ مِنْ غَيْرِ أَنْ يَنْقُصَ مِنْ أُجُورِهِمْ شَيْءٌ وَمَنْ سَنَّ فِي الْإِسْلَامِ سُنَّةً سَيِّئَةً كَانَ عَلَيْهِ وِزْرُهَا وَوِزْرُ مَنْ عَمِلَ بِهَا مِنْ بَعْدِهِ مِنْ غَيْرِ أَنْ يَنْقُصَ مِنْ أَوْزَارِهِمْ شَيْءٌ» . رَوَاهُ مُسلم

210. जरीर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम दिन के पहले पहर रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर थे की एक कौम आप के पास आई, उन के बदन नंगे थे, उन्होंने ऊनी धारीदार आम चादरे पहन रखी थी, और वह तलवारे उठाए हुए थे, उनमें से ज़्यादातर, बल्कि सब के सब मुज़िर कबिले के थे, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने इन पर फाका के आसार देखे तो गम की वजह से आप के चेहरे का रंग बदल गया, आप घर तशरीफ़ ले गए फिर बाहर आए, आप ने बिलाल रदियल्लाहु अन्हु को हुक्म दिया तो उन्होंने और इकामत कही, आप ﷺ ने नमाज़ पढ़ाई, फिर खुत्बा इरशाद फ़रमाया: “लोगो! अपने रब से डर जाओ, जिस ने तुम्हें नफ्से वाहिद से पैदा फ़रमाया, और इसी से उस का जोड़ा पैदा किया और इन दोनों की नसल से बहोत से मर्द और औरते फैला दी, और इस अल्लाह से डरो जिसके नाम पर तुम एक दूसरे से सवाल करते हो और कराबतदारी (के तालुकात मुन्कतेअ करने) से डरो, यकीन जानो के अल्लाह तुम पर निगरान है”, और सूरतुल खशर की आयत तिलावत फरमाई: “इमानवालो! अल्लाह से डरो, और चाहिए के हर मुतनफ्स देख ले के वह कल के लिए क्या कुछ आगे भेजता है, और तुम अल्लाह

से डरो, बेशक अल्लाह तुम्हारे आमाल से बाखबर है", पस किसी ने दीनार सदका किया, किसी ने दिरहम, किसी ने कपड़ा, किसी ने गंदुम का साअ और किसी ने एक साअ खजूरे सदका की, हत्ता कि आप ﷺ ने फ़रमाया: "ख्वाह खजूर का टुकड़ा सदका करो", रावी बयान करते हैं, अंसार में से एक आदमी एक थेली उठाए हुए आया करीब था के उस का हाथ इसे उठाने से आजिज़ आ जाता, बल्कि आजिज़ ही आ गया, फिर लोग मुसलसल आने लगे, हत्ता कि मैंने अनाज और कपड़ो के दो ढेर देखे, हत्ता कि मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के चेहरा मुबारक को सोने की तरह दमकता हुआ देखा, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स ने इस्लाम में कोई अच्छा तरीका शुरू किया तो उसे उस का और उस के बाद उस पर अमल करने वालो का सवाब मिलता है, और उन के सवाब में कोई कमी नहीं की जाती, और जिस शख़्स ने इस्लाम में कोई बुरा तरीका शुरू किया तो उस को उस का और उस के बाद उस पर अमल करने वालो का गुनाह मिलता है और उन के गुनाह में कोई कमी नहीं की जाती"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (69 / 1017)، (2351)

٢١١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُقْتَلُ نَفْسٌ ظُلْمًا إِلَّا كَانَ عَلَى ابْنِ آدَمَ الْأَوَّلِ كِفْلٌ مِنْ دَمِهَا لِأَنَّهُ أَوَّلُ مَنْ سَنَّ الْقَتْلَ» . وَسَنَذْكُرُ حَدِيثَ مُعَاوِيَةَ: «لَا يَزَالُ مِنْ أُمَّتِي» فِي بَابِ ثَوَابِ هَذِهِ الْأُمَّةِ إِنْ شَاءَ الله تَعَالَى

211. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स को ना जायज़ क़त्ल किया जाता है तो उस के क़त्ल का कुछ हिस्सा आदम अलैहिस्सलाम के पहले बेटे पर होता है, क्योंकि उस ने क़त्ल का तरीका इजाद किया था"| # हदीस ए मुआविया यअती हम हदीस मुआविया (र) (لَا يَزَالُ مِنْ أُمَّتِي) बाब इस उम्मत के सवाब में ज़िक्र करेंगे इंशाअल्लाह तआला| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخاری (3335) و مسلم (27 / 1677)، (4379) 0 حديث معاوية ، ياتی (6276)

इल्म और उसकी फ़ज़ीलत का बयान	• كتاب الْعلم
दूसरी फस्ल	• الْفَصْل الثَّانِي

340. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई शख़्स कोई चीज़ पिए तो वह बर्तन में सांस न ले, और जब बैतूलखला में जाए तो अपने दाएँ हाथ से अपने शर्मगाह को ना छुए और दाएँ से इस्तिंजा भी ना करे”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخاری (153) و مسلم (63 / 267)، (613)

٣٤١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: (قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: مَنْ تَوَضَّأَ فَلْيَسْتَنْثِرْ وَمَنِ اسْتَجْمَرَ فليوتر "

341. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स वुज़ू करे तो वह नाक झाड़े और जो ढेलों से इस्तिंजा करे तो वह ढेले ताक अदद में ले”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخارى (161) و مسلم (22 / 237)، (562)

٣٤٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَدْخُلُ الْخَلَاءَ فَأَحْمِلُ أَنَا وَغُلَامٌ إِدَاوَةً مِنْ مَاءٍ وَعَنَزَةً يستنجي بِالْمَاءِ

342. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ बैतूलखला में जाते तो मैं और एक दूसरा लड़का पानी का बर्तन और बरछी उठाते, और आप पानी से इस्तिंजा करते”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخارى (150) و مسلم (70 / 271)، (620)

कज़ा ए हाजत के आदाब का बयान • بَاب آدَاب الْخَلَاء

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٤٣ - (ضَعِيف) عَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا دَخَلَ الْخَلَاءَ نَزَعَ خَاتَمَهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيُّ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ غَرِيبٌ»» وَقَالَ أَبُو دَاوُدَ: هَذَا حَدِيثٌ مُنْكَرٌ. وَفِي رِوَايَتِهِ وَضَعَ بَدَلَ نزع

343. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ जब बैतूलखला में जाने का इरादा फरमाते, तो आप अपने अंगूठी उतार देते| इसे अबू दावुद, नसई और तिरमिज़ी ने रिवायत किया है, और इमाम तिरमिज़ी रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह ग़रीब है, और अबू दावुद रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: यह रिवायत मुनकर है, उनकी रिवायत में (نزع) के बजाए (وضع) का लफ्ज़ है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (19) و النسائى (8 / 178 ح 5216) و الترمذى (1746) [و ابن ماجه 303] * ابن جریج مدلس و عنعن

٣٤٤ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَرَادَ الْبَرَازَ انْطَلَقَ حَتَّى لَا ص:١١ يراهُ أحد. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

344. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ पेशाब व पाखाना का इरादा फरमाते, तो आप (सहरा की तरफ) चलते जाते हत्ता कि आप नज़रों से ओजल हो जाते| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2) [و ابن ماجه 335] * اسماعیل بن عبدالملک ضعیف ضعفه الجمهور و احادیث ابی داود (2549) و النسائی (16) و السراج (المسند :17) و غیرهم تغنی عنه

٣٤٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: كُنْتُ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ذَاتَ يَوْمٍ فَأَرَادَ أَنْ يَبُولَ فَأَتَى دَمِثًا فِي أَصْلِ جِدَارٍ فَبَال ثُمَّ قَالَ: «إِذَا أَرَادَ أَحَدُكُمْ أَنْ يَبُولَ فليرتد لبوله» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

345. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं एक रोज़ नबी ﷺ के साथ था, आप ने पेशाब करने का इरादा किया तो आप दिवार की बुनियाद के पास नरम जगह आए और पेशाब किया, फिर फ़रमाया: “जब तुम में से कोई पेशाब करने का इरादा करे तो वह पेशाब करने के लिए मुनासिब जगह तलाश करे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3) * فيه شيخ : لم اعرفه

٣٤٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم إِذَا أَرَادَ الْحَاجَةَ لَمْ يَرْفَعْ ثَوْبَهُ حَتَّى يَدْنُوَ مِنَ الْأَرْض. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد والدارمي

346. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ कजाए हाजत का इरादा फरमाते, तो आप (बैठते वक़्त) ज़मीन के करीब हो कर अपना कपड़ा उठाया करते थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (14) و ابوداؤد (14) و الدارمی (1 / 171 ح 672) * رجل : مجهول ، وجاء عند البيهقی و غيره من طريق الاعمش عن القاسم بن محمد عن عمر به و الاعمش مدلس و عنعن

٣٤٧ - (حسن) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّمَا أَنَا لَكُمْ مِثْلُ الْوَالِدِ لِوَلَدِهِ أَعَلِّمُكُمْ إِذَا أَتَيْتُمُ الْغَائِطَ فَلَا تَسْتَقْبِلُوا الْقِبْلَةَ وَلَا تَسْتَدْبِرُوهَا وَأَمَرَ بِثَلَاثَةِ أَحْجَارٍ وَنَهَى عَنِ الرَّوْثِ وَالرِّمَّةِ وَنَهَى أَنْ يَسْتَطِيبَ الرَّجُلُ بِيَمِينِهِ. رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

347. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं तुम्हारे लिए इसी तरह हूँ, जिस तरह वालिद अपने बच्चे के लिए होता है, मैं तुम्हें सिखा सकता हूँ, जब तुम पेशाब व पाखाना के लिए जाओ तो ना किब्ले की तरफ मुंह करो न पुश्त, आप ने (इस्तेंजा के लिए) तीन पत्थर इस्तेमाल करने का हुक्म फ़रमाया, आप ने लेंडी और हड्डी से (इस्तेंजा करने से) मना फ़रमाया और दाएँ हाथ से इस्तिंजा करने से मना फ़रमाया”| (हसन)

حسن ، رواه ابن ماجه (313) و الدارمی (1 / 172 ح 680) [و ابوداؤد (8) و النسائی (1 / 38 ح 40)]

٣٤٨ - (صَحِيح) وَعَن عَائِشَة قَالَتْ: كَانَتْ يَدُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْيُمْنَى لِطَهُورِهِ ص:١١ وَطَعَامِهِ وَكَانَتْ يَدُهُ الْيُسْرَى لِخَلَائِهِ وَمَا كَانَ مِنْ أَذًى. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

348. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ का दायाँ हाथ वुज़ू, और खाने के लिए था, जबकि बायाँ हाथ इस्तिंजा और नापसंदीदा कामो के लिए था”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (33) * سعيد بن ابی عروبة مدلس و حديث ابی داود (32) يغنی عنه

٣٤٩ - (حَسَنٌ) وَعَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا ذَهَبَ أَحَدُكُمْ إِلَى الْغَائِطِ فَلْيَذْهَبْ مَعَهُ بِثَلَاثَةِ أَحْجَارٍ يَسْتَطِيبُ بِهِنَّ فَإِنَّهَا تُجْزِئُ عَنْهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ

349. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई पेशाब व पाखाना के लिए जाए तो वह इस्तिंजा करने के लिए अपने साथ तीन ढेले ले जाए, यह उस के लिए काफी होंगे”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (6 / 108 ح 25280) و ابوداؤد (40) و النسائى (1 / 41 ، 42 ح 44) و الدارمى (1 / 171 ، 172 ح 676) [و الدارقطنى (1 / 54 ، 55 و سنده حسن]

٣٥٠ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَسْتَنْجُوا بِالرَّوْثِ وَلَا بِالْعِظَامِ فَإِنَّهَا زَادُ إِخْوَانِكُمْ مِنَ الْجِنِّ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ إِلَّا أَنَّهُ لَمْ يَذْكُرْ: «إِخْوَانكُمْ من الْجِنّ»

350. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “गोबर और हड्डी के साथ इस्तिंजा न करो, क्योंकि वह तुम्हारे जिन भाइयो की खुराक है”| तिरमिज़ी, नसई, अलबत्ता इमाम नसई ने “तुम्हारी जिन भाइयो की खुराक” के अल्फाज़ ज़िक्र नहीं है | (सहीह,मुस्लिम)

صحيح ، رواه الترمذى (18) و النسائى (1 / 37 ، 38 ح 39) [و رواه مسلم : 450، (1007)]

٣٥١ - (صَحِيح) وَعَن رويفع بن ثَابت قَالَ: قَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: يَا رُوَيْفِعُ لَعَلَّ الْحَيَاةَ سَتَطُولُ بِكَ بَعْدِي فَأَخْبِرِ النَّاسَ أَنَّ مَنْ عَقَدَ لِحْيَتَهُ أَوْ تَقَلَّدَ ص:١١ وَتَرًا أَوِ اسْتَنْجَى بِرَجِيعِ دَابَّة أَو عظم فَإِن مُحَمَّدًا بَرِيء مِنْهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

351. रवय्फी बिन साबित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “रवय्फी! शायद मेरे बाद तुम्हारी उमर दराज़ हो जाए, लोगों को बता देना कि जिस ने अपने दाढ़ी को गिरह दी या गले में तानत डाली या जानवर की लीदिया हड्डी से इस्तिंजा किया तो मुहम्मद ﷺ उस से बरी है”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (36) [و النسائى (8 / 135 ، 136 ح 5070]

٣٥٢ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنِ اكْتَحَلَ فَلْيُوتِرْ مَنْ فَعَلَ فَقَدْ أَحْسَنَ وَمَنْ لَا فَلَا حَرَجَ وَمَنِ اسْتَجْمَرَ فَلْيُوتِرْ مَنْ فَعَلَ فَقَدْ أَحْسَنَ وَمَنْ لَا فَلَا حرج وَمن أكل فَمَا تخَلّل فليلفظ وَمَا لَاكَ بِلِسَانِهِ فَلْيَبْتَلِعْ مَنْ فَعَلَ فَقَدْ أَحْسَنَ وَمَنْ لَا فَلَا حَرَجَ وَمَنْ أَتَى الْغَائِط فليستتر وَمن لَمْ يَجِدْ إِلَّا أَنْ يَجْمَعَ كَثِيبًا مِنْ رَمْلٍ فَلْيَسْتَدْبِرْهُ فَإِنَّ الشَّيْطَانَ يَلْعَبُ بِمَقَاعِدِ بَنِي آدَمَ مَنْ فَعَلَ فَقَدْ أَحْسَنَ وَمَنْ لَا فَلَا حَرَجَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ والدارمي

352. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स सुरमा लगाए तो वह ताक अदद में लगाए, जिस ने ऐसे किया उस ने अच्छा किया, और जिस ने ऐसे न किया तो कोई हरज नहीं, जो शख़्स ढेले से इस्तिंजा करे तो वह भी ताक अदद में ढेले इस्तेमाल करे, जिस ने ऐसे किया तो उस ने अच्छा किया और जिस ने न किया तो कोई हरज नहीं, जो शख़्स कोई चीज़ खाए तो जो उसने किसी चीज़ इस्तेमाल करने से निकाली उन्हें फेंक दे और जो अपने ज़ुबान के ज़रिए निकाली तो उन्हें निगल जाए, जिस ने ऐसा किया उस ने अच्छा किया और जिस ने न किया तो कोई हरज नहीं, और जो शख़्स पेशाब व पाखाना के लिए जाए तो वह परदा करे, अगर वह कोई चीज़ न पाए तो वह रेत का एक टीला सा बनाए और उसकी तरफ पुश्त कर ले क्योंकि शैतान, औलाद ए आदम की मकअद के साथ खेलता है, जिस ने ऐसे किया उस ने अच्छा किया और जिस ने न किया तो कोई हरज नहीं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (35) و ابن ماجه (337 ، 338) و الدارمی (1 / 169 ، 170 ح 668) * حصين : مجهول الحال

٣٥٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مُغَفَّلٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَبُولَنَّ أَحَدُكُمْ فِي مُسْتَحَمِّهِ ثُمَّ يَغْتَسِلُ فِيهِ أَوْ يَتَوَضَّأُ فِيهِ فَإِنَّ عَامَّةَ الْوَسْوَاسِ ص:١١ مِنْهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ إِلَّا أَنَّهُمَا لم يذكرَا: «ثمَّ يغْتَسل فِيهِ أَوِيتوضأ فِيهِ»

353. अब्दुल्लाह बिन मुगफ्फल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से कोई अपने ग़ुस्ल खाने में पेशाब न करे, फिर वह उस में ग़ुस्ल करे या वुज़ू करे क्योंके, ज़्यादातर वसवसे इसी (पेशाब) से होते हैं”| अबू दावुद, तिरमिज़ी, नसई, अलबत्ता इन दोनों ने “ फिर उस में ग़ुस्ल करे या वुज़ू करे”, के अल्फाज़ ज़िक्र नहीं है| (ज़ईफ़,हसन)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (27) و الترمذی (21) و النسائی (1 / 34 ح 36) [و ابن ماجه : 304] * الحسن البصری مدلس و عنعن و حديث ابی داود (28) يغنی عنه

٣٥٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبد الله بن سرجس قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَبُولَنَّ أَحَدُكُمْ فِي جُحْرٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

354. अब्दुल्लाह बिन सरजिस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से कोई बिल (कीड़े मकोड़े की जगह) में पेशाब न करे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد 29) و النسائی (1 / 33 ، 34 ح 34) * قتادة مدلس و عنعن

٣٥٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ مُعَاذٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " اتَّقُوا الْمَلَاعِنَ الثَّلَاثَةَ: الْبَرَازَ فِي الْمَوَارِدِ وَقَارِعَةِ الطَّرِيقِ وَالظِّلِّ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجه

355. मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन बातो से बचो, जिन के करने वाले पर लानत की जाती है, पानी के घाट, रास्ते के दरमियान और साए में पेशाब व पाखाना करने से”| (ज़ईफ़,मुस्लिम)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (26) و ابن ماجه (328) * ابو سعيد الحميرى لم يدرک معاذ بن جبل رضى الله عنه فالسند منقطع و للحديث شاهد ضعيف عند احمد (1 / 299) و حديث مسلم (269)، (618) يغنى عنه

٣٥٦ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَخْرُجِ الرَّجُلَانِ يَضْرِبَانِ الْغَائِطَ كَاشِفَيْنِ عَنْ عَوْرَتِهِمَا يَتَحَدَّثَانِ فَإِنَّ اللَّهَ يَمْقُتُ عَلَى ذَلِكَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

356. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दो शख़्स पेशाब व पाखाना करते वक़्त उरिया हालत में बाहम बाते न करे, क्योंकि अल्लाह ऐसा करने पर नाराज़ होता है”| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه احمد (3 / 36 ح 11330) و ابوداؤد (15) و ابن ماجه (342) * عكرمة بن عمار عن يحيى بن ابى كثير مضطرب الحديث شاهدان ضعيفان

٣٥٧ - (صَحِيح) وَعَنْ زَيْدِ بْنِ أَرْقَمَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ هَذِهِ الْحُشُوشَ مُحْتَضَرَةٌ فَإِذَا أَتَى أَحَدُكُمُ الْخَلَاءَ فَلْيَقُلْ: أَعُوذُ بِاللَّهِ مِنَ الْخُبُثِ والخبائث ". ص:١١ رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

357. ज़ैद बिन अरक़म रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उन मकामात पर जिन्नात की रिहाईश रहती है लिहाज़ा जब तुम में से कोई बैतूलखला जाए तो यह दुआ पढ़े: “मैं नर और मादा नापाक जिन्नात से अल्लाह की पनाह चाहता हूँ”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (6) و ابن ماجه (296)

٣٥٨ - (صَحِيح لغيره) وَعَنْ عَلِيٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «سَتْرُ مَا بَيْنَ أَعْيُنِ الْجِنِّ وَعَوْرَاتِ بَنِي آدَمَ إِذَا دَخَلَ أَحَدُهُمُ الْخَلَاءَ أَنْ يَقُولَ بِسْمِ اللَّهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ وَإِسْنَاده لَيْسَ بِقَوي

358. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब उनमें से कोई बैतूलखला में जाए तो वह (بسم الله) बिस्मिल्लाह (अल्लाह के नाम से) कहे, यह जिन्नो की आंखो और औलाद ए आदम की परदा की चीजों (शर्मगाह वगैरा) के दरमियान परदा और आड़ है”| तिरमिज़ी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है और उसकी इसनाद क़वी नहीं | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (606) [و ابن ماجه : 297] * ابو اسحاق مدلس و عنعن

٣٥٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا خَرَجَ مِنَ الْخَلَاءِ قَالَ «غفرانك» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه والدارمي

359. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब नबी ﷺ बैतूलखला से बाहर तशरीफ़ लाते तो यह दुआ (غفرانك) “मैं तेरी मगफिरत चाहता हूँ” पढ़ा करते थे| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (7 وقال : غريب حسن) و ابن ماجه (300) و الدارمى (1 / 174 ح 686) [و ابوداؤد :30]

٣٦٠ - (حَسَنٍ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَتَى الْخَلَاءَ أَتَيْتُهُ بِمَاءٍ فِي تَوْرٍ أَوْ رَكْوَةٍ فَاسْتَنْجَى ثُمَّ مَسَحَ يَدَهُ عَلَى الْأَرْضِ ثُمَّ أَتَيْتُهُ بِإِنَاءٍ آخَرَ فَتَوَضَّأَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وروى الدَّارِمِيّ وَالنَّسَائِيّ مَعْنَاهُ

360. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ बैतूलखला जाते तो मैं मिट्टी के बरतन या चमड़े की छागिल में आप को पानी पेश करता, आप इस्तिंजा करते, फिर अपना हाथ ज़मीन पर फिराते, फिर मैं एक दूसरा बर्तन पेश खिदमत करता तो आप वुज़ू फरमाते”| अबू दावुद, दारमी और नसई ने भी इन्ही के मानी में रिवायत किया है| (सहीह,हसन)

صحيح ، رواه ابوداؤد (45) و الدارمى (1 / 173 ح 684) و النسائى (1 / 45 ح 50 و سنده حسن وهو حديث صحيح كما قال النسائى) [و ابن ماجه :358]

٣٦١ - (صَحِيح) وَعَن الحكم بن سُفْيَان قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا بَالَ تَوَضَّأَ وَنَضَحَ فَرْجَهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

361. हकम बिन सुफियान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ पेशाब करते तो वुज़ू फरमाते और अपने शर्मगाह पर पानी के छींटे मारते थे”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (166) و النسائى (1 / 86 ح 134) [و ابن ماجه :461] * فى السند بعض الاختلاف وهو لا يضر و للحديث شواهد

٣٦٢ - (حسن) وَعَن أُمَيْمَة بنت رقيقَة قَالَتْ: كَانَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ص:١١ قَدَحٌ مِنْ عَيْدَانٍ تَحْتَ سَرِيرِهِ يَبُولُ فِيهِ بِاللَّيْلِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

362. उमैमा बिन्ते रक़यका रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ की चारपाई के नीचे लकड़ी का एक प्याला होता था जिस में आप ﷺ रात के वक़्त पेशाब किया करते थे| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (24) و النسائى (1 / 31 ح 32)

٣٦٣ - (ضَعِيف) وَعَن عمر قَالَ: رَآنِي النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَنَا أَبُولُ قَائِمًا فَقَالَ: «يَا عُمَرُ لَا تَبُلْ قَائِمًا» فَمَا بُلْتُ قَائِمًا بَعْدُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجهْ»» قَالَ الشَّيْخُ الْإِمَامُ مُحْيِي السّنة C: قد صَحَّ:

363. उमर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने मुझे देखा, जबकि मैं खड़ा पेशाब कर रहा था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उमर खड़े हो कर पेशाब न करो”, पस उस के बाद मैंने कभी खड़े हो कर पेशाब नहीं किया |अल शैख़ अल इमाम मुह्यी अल सुन्नी रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: यह हदीस साबित है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (12 ، معلقاً) و ابن ماجه (308) * فيه عبد الكريم بن ابی المخارق : ضعيف ضعفه الجمهور و قال عمر : ما بلت قائمًا منذ اسلمت (رواه ابن ابی شيبة 1 / 124 ح 1324 ، و سنده صحيح)

٣٦٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ حُذَيْفَةَ قَالَ: أَتَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سباطة قوم فَبَال قَائِما. . قيل: كَانَ ذَلِك لعذر

364. हुज़ैफ़ा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ किसी कौम के कूड़े कड़कट के ढेर पर आए तो आप ने खड़े हो कर पेशाब किया | इमाम बुखारी और इमाम मुस्लिम ने रिवायत किया है और कहा गया है के यह (खड़े हो कर पेशाब करना) किसी उज़्र की वजह से था| (मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخاری (224) و مسلم (73 / 273)، (624) و قول محی السنة فی مصابيح السنة (1 / 200 ح 256)

بَاب آدَاب الْخَلَاء • कज़ा ए हाजत के आदाब का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٦٥ - (ضَعِيف) عَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: «مَنْ حَدَّثَكُمْ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَبُولُ قَائِمًا فَلَا تُصَدِّقُوهُ مَا كَانَ يَبُول إِلَّا قَاعِدا» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

365. आइशा रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: जो शख़्स तुम्हें यह बताए के नबी ﷺ खड़े हो कर पेशाब किया करते थे, तो उसकी तस्दीक न करो, आप तो सिर्फ बैठ कर पेशाब किया करते थे | (हसन)

حسن ، رواه احمد (6 / 192 ح 26124) و الترمذی (12) و النسائی (1 / 26 ح 29)

٣٦٦ - (حسن) وَعَن زيد بن حَارِثَة عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنَّ جِبْرِيلَ أَتَاهُ فِي أَوَّلِ ص:١١ مَا أُوحِيَ إِلَيْهِ فَعَلَّمَهُ الْوُضُوءَ وَالصَّلَاةَ فَلَمَّا فَرَغَ مِنَ الْوُضُوءِ أَخَذَ غُرْفَةً مِنَ الْمَاءِ فَنَضَحَ بِهَا فَرْجَهُ» . رَوَاهُ أَحْمد وَالدَّارَقُطْنِيّ

366. ज़ैद बिन हारिस रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की “ जब जिब्राइल पहली मर्तबा उन के पास वही लेकर आए तो उन्होंने आप को वुज़ू और नमाज़ सिखाई, जब वुज़ू से फारिग़ हुए तो चुल्लू में पानी

लिया और इसे अपने शर्मगाह पर छिड़क दिया”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (4 / 161 ح 17619) و الدارقطنى (1 / 111) [و ابن ماجه : 362] * ابن لهيعة مدلس و عنعن و حديث : 361 يغنى عنه

٣٦٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " جَاءَنِي جِبْرِيلُ فَقَالَ: يَا مُحَمَّدُ إِذَا تَوَضَّأْتَ فَانْتَضِحْ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ وَسَمِعْتُ مُحَمَّدًا يَعْنِي الْبُخَارِيَّ يَقُولُ: الْحَسَنُ بْنُ عَلِيٍّ الْهَاشِمِي الرَّاوِي مُنكر الحَدِيث

367. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिब्राइल मेरे पास आए तो उन्होंने कहा: मुहम्मद ﷺ! जब आप वुज़ू करे तो (इस के बाद शर्मगाह पर) पानी छिड़क लिया करे “| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है और मैंने मुहम्मद यानी इमाम बुखारी रहिमहुल्लाह से सुना के हसन बिन अलियुल हाश्मी रावी मुनकर उल हदीस है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (50)

٣٦٨ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: " بَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فَقَامَ عُمَرُ خَلْفَهُ بِكُوزٍ مِنْ مَاءٍ فَقَالَ: مَا هَذَا يَا عمر؟ قَالَ: مَاءٌ تَتَوَضَّأُ بِهِ. قَالَ: مَا أُمِرْتُ كُلَّمَا بُلْتُ أَنْ أَتَوَضَّأَ وَلَوْ فَعَلْتُ لَكَانَتْ سُنَّةً «.» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه "

368. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने पेशाब किया तो उमर रदियल्लाहु अन्हु पानी का लौटा लिए आप के पीछे खड़े थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उमर यह क्या है? उन्होंने अर्ज़ किया, पानी है, आप उस से वुज़ू फरमाइएगे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुझे यह हुक्म नहीं दिया गया कि जब में पेशाब करूँ तो वुज़ू भी करू, अगर में ऐसा करूँ तो यह सुन्नत बन जाएगी”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (42) و ابن ماجه (327) * عبدالله بن يحيى التوام : ضعيف

٣٦٩ - (صَحِيح لغيره) وَعَن أبي أَيُّوب وَجَابِر وَأنس: أَن هَذِه الْآيَة نَزَلَتْ (فِيهِ رِجَالٌ يُحِبُّونَ أَنْ يَتَطَهَّرُوا وَاللَّهُ يحب المطهرين)»» قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا مَعْشَرَ الْأَنْصَارِ إِنَّ اللَّهَ قَدْ أَثْنَى عَلَيْكُمْ فِي الطُّهُورِ فَمَا طَهُورُكُمْ قَالُوا نَتَوَضَّأُ لِلصَّلَاةِ وَنَغْتَسِلُ مِنَ الْجَنَابَةِ وَنَسْتَنْجِي بِالْمَاءِ قَالَ فَهُوَ ذَاك فعليكموه» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

369. अबू अय्यूब जाबिर और अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब यह आयत: (فِيهِ رِجَالٌ يُحِبُّونَ أَنْ يَتَطَهَّرُوا وَاللَّهُ يحب المطهرين) “उस में ऐसे लोग है जो इस बात को पसंद करते हैं की पाक साफ़ रहे, और अल्लाह पाक साफ़ रहने वालो को पसंद करता है: “नाज़िल हुई तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अंसार की जमाअत! अल्लाह ने पाकीज़गी के बारे में तुम्हारी तारीफ़ की है, तुम्हारी पाकीज़गी क्या है? उन्होंने अर्ज़ किया, हम हर

नमाज़ के लिए वुज़ू करते हैं, ग़ुस्ल ए जनाबत करते हैं और पानी से इस्तिंजा करते हैं, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “पस यही वजह है, चुनांचे तुम उसकी पाबन्दी करो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (355)

٣٧٠ - (صَحِيح) وَعَن سلمَان قَالَ قَالَ لَهُ بعض الْمُشْركين وَهُوَ يستهزئ بِهِ إِنِّي لأرى صَاحبكُم يعلمكم كل شَيْء حَتَّى الخراءة قَالَ أَجَلْ أَمَرَنَا أَنْ لَا نَسْتَقْبِلَ الْقِبْلَةَ وَلَا نَسْتَنْجِيَ بِأَيْمَانِنَا وَلَا نَكْتَفِيَ بِدُونِ ثَلَاثَةِ أَحْجَارٍ لَيْسَ فِيهَا رَجِيعٌ وَلَا عَظْمٌ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ وَأحمد وَاللَّفْظ لَهُ

370. सलमान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, किसी मुशरिक ने अजराः मज़ाक कहा मेरा ख्याल है की तुम्हारा साथी (रसूलुल्लाह ﷺ) तुम्हें पेशाब व पाखाना के आदाब भी सिखाता है, मैंने कहा हाँ बिलकुल ठीक है, आप ﷺ ने हमें हुक्म दिया है के हम पेशाब व पाखाना के वक़्त ना किब्ले की तरफ मुंह करे न दाएँ हाथ से इस्तिंजा करे, और हम (इस्तेंजा के लिए) तीन ढेलों से कम इस्तेमाल न करे, और उनमें लेंडी और हड्डी न हो”| इसे मुस्लिम और अहमद ने रिवायत किया है मज़कुरह अल्फाज़ अहमद के है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (57 / 262)، (606) و احمد (5 / 437 ح 24103)

٣٧١ - (صَحِيح) وَعَن عبد الرَّحْمَن بن حَسَنَةَ قَالَ: " خَرَجَ عَلَيْنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَفِي يَده كَهَيئَةِ الدَّرَقَةُ فَوَضَعَهَا ثُمَّ جَلَسَ فَبَالَ إِلَيْهَا فَقَالَ بَعْضُهُمْ: انْظُرُوا إِلَيْهِ يَبُولُ كَمَا تَبُولُ الْمَرْأَةُ فَسَمعهُ فَقَالَ أَو مَا عَلِمْتَ مَا أَصَابَ صَاحِبَ بَنِي إِسْرَائِيلَ كَانُوا إِذا أَصَابَهُم شَيْء من الْبَوْلُ قَرَضُوهُ بِالْمَقَارِيضِ فَنَهَاهُمْ فَعُذِّبَ فِي قَبْرِهِ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

371. अब्दुल रहमान बिन हसन रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ हमारे पास तशरीफ़ लाए, आप के हाथ में चमड़े की ढाल थी, आप ने इसे रखा, फिर बैठ कर उसकी तरफ रुख कर के पेशाब किया, तो उनमें से किसी ने कहा: उन्हें देखो, कैसे औरत की तरह (छुप कर) पेशाब कर रहे हैं, नबी ﷺ ने उसकी बात सुन ली और फ़रमाया: “तुम पर अफ़सोस है, क्या तुम उस से बाखबर नहीं जो बनी इसराइल के एक साथी के साथ हुआ की जब उन्हें पेशाब लग जाता तो वह इस हिस्से को कैची से काट दिया करते थे, चुनांचे इस शख़्स ने इनको मना कर दिया, जिस की वजह से इसे उसकी कब्र में अज़ाब दिया गया”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (22) و ابن ماجه (346) * الاعمش مدلس و عنعن

٣٧٢ - وَرَوَاهُ النَّسَائِيّ عَنهُ عَن أبي مُوسَى

372. इमाम नसई ने यह रिवायत उन (अब्दुल रहमान बिन हसन (र)) की सनद से अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत की है| (ज़ईफ़,हसन)

اسناده ضعيف ، رواه النسائی (1 / 26 ، 28 ح 30) * عن عبد الرحمن بن حسنة فقط دون ذکر ابی موسیؓ

٣٧٣ - (حسن) عَن مَرْوَان الْأَصْفَر قَالَ: «رَأَيْتُ ابْنَ عُمَرَ أَنَاخَ رَاحِلَتَهُ مُسْتَقْبِلَ الْقِبْلَةِ ثُمَّ جَلَسَ يَبُولُ إِلَيْهَا فَقُلْتُ يَا أَبَا عَبْدِ الرَّحْمَنِ أَلَيْسَ قَدْ نُهِيَ عَنْ هَذَا قَالَ بلَى إِنَّمَا نُهِيَ عَنْ ذَلِكَ فِي الْفَضَاءِ فَإِذَا كَانَ بَيْنَكَ وَبَيْنَ الْقِبْلَةِ شَيْءٌ يَسْتُرُكَ ص:١٢ فَلَا بَأْس» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

373. मरवान अस्फर रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा को देखा के उन्होंने अपने सवारी को किबले रुख बिठाया, फिर उस के रुख बैठ कर पेशाब किया, मैंने अर्ज़ किया: अबू अब्दुलरहमान! क्या उस से मना नहीं किया गया? उन्होंने ने फ़रमाया: (नहीं) बल्कि सिर्फ खुली फिज़ा में उस से मना किया गया है, अगर तुम्हारे और किबले के दरमियान में कोई ऐसी चीज़ हो जो तुम्हारे लिए परदा हो तो फिर (किब्ला रुख पेशाब करने में) कोई हरज नहीं “| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (11) * الحسن بن ذكوان ضعيفه الجمهور و حديثه فى صحيح البخارى متابعة وهو مدلس ايضًا و عنعن

٣٧٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: إِذَا خَرَجَ مِنَ الْخَلَاءِ قَالَ: «الْحَمْدُ لِلَّهِ الَّذِي أَذْهَبَ عَنِّي الْأَذَى وَعَافَانِي» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

374. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ बैतूलखला से बाहर तशरीफ़ लाए तो यह दुआ पढ़ते: “हर किस्म की तारीफ़ व शुक्र अल्लाह के लिए है जिस ने मुझ से तकलीफे दूर की और मुझे आफियत अता फरमाई”| (ज़ईफ़,मुस्लिम)

اسناده ضعیف ، رواه ابن ماجه (301) * اسماعيل بن مسلم المكى : ضعيف الحديث و فيه علل أخرى

٣٧٥ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: " لَمَّا قَدِمَ وَفْدُ الْجِنِّ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ انْهَ أُمَّتَكَ أَنْ يَسْتَنْجُوا بِعَظْمٍ أَوْ رَوْثَةٍ أَوْ حُمَمَةٍ فَإِنَّ اللَّهَ جَعَلَ لَنَا فِيهَا رِزْقًا فَنَهَانَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ ذَلِكَ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

375. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब जिन्नो का वफद नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उन्होंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! ﷺ! अपनी उम्मत को हड्डी या लीदिया, कोइले से इस्तिंजा करने से मना फरमाइए, क्योंकि अल्लाह ने उन चीजों में हमारे लिए रिज़क़ रखा है, पस रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें उस से मना फरमा दिया | (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (39)

• بَاب السِّوَاك मिस्वाक करने का बयान

• الْفَصْل الأول पहली फस्ल

٣٧٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْلَا أَنْ أَشُقَّ عَلَى أُمَّتِي لَأَمَرْتُهُمْ بِتَأْخِيرِ الْعشَاء وبالسواك عِنْد كل صَلَاة»

376. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अगर मुझे अपनी उम्मत पर मशक्कत का अंदेशा न होता तो मैं उन्हें नमाज़ ए ईशा ताखीर से पढ़ने और हर नमाज़ के साथ मिस्वाक करने का हुक्म फरमाता"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (887) و مسلم (42 / 252)، (589)

٣٧٧ - (صَحِيح) وَعَن شُرَيْح بن هَانِئ قَالَ: سَأَلْتُ عَائِشَةَ: بِأَيِّ شَيْءٍ كَانَ يَبْدَأُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذا دخل بَيته؟ قَالَت: بِالسِّوَاكِ. رَوَاهُ مُسلم

377. शरीह बिन हानी रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने आइशा रदियल्लाहु अन्हा से दरियाफ्त किया, जब रसूलुल्लाह ﷺ घर तशरीफ़ लाते तो आप सबसे पहले कौन सा काम किया करते थे? उन्होंने ने फ़रमाया: मिस्वाक| (मुस्लिम)

رواه مسلم (43 / 253)، (590)

٣٧٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ حُذَيْفَةَ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا قَامَ لِلتَّهَجُّدِ مِنَ اللَّيْلِ يَشُوصُ فَاهُ بِالسِّوَاكِ

378. हुज़ैफ़ा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ रात तहज्जुद के लिए उठते तो आप मिस्वाक से अपने मुंह को साफ़ करते| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (245) و مسلم (46 / 255)، (593)

٣٧٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " عَشْرٌ مِنَ الْفِطْرَة: قَصُّ الشَّارِبِ وَإِعْفَاءُ اللِّحْيَةِ وَالسِّوَاكُ وَاسْتِنْشَاقُ الْمَاءِ وَقَصُّ الْأَظْفَارِ وَغَسْلُ الْبَرَاجِمِ وَنَتْفُ الْإِبِطِ وَحَلْقُ الْعَانَةِ وَانْتِقَاصُ الْمَاءِ)»» يَعْنِي الِاسْتِنْجَاءَ - قَالَ الرَّاوِي: ونسيت الْعَاشِرَة إِلَّا أَن تكون الْمَضْمَضَة. رَوَاهُ مُسلم»» وَفِي رِوَايَةٍ «الْخِتَانُ» بَدَلَ «إِعْفَاءُ اللِّحْيَةِ» لَمْ أَجِدْ هَذِهِ الرِّوَايَةَ ص:١٢ فِي «الصَّحِيحَيْنِ» وَلَا فِي كِتَابِ الْحُمَيْدِيِّ»» وَلَكِنْ ذَكَرَهَا صَاحِبُ «الْجَامِعِ» وَكَذَا الْخطابِيّ فِي «معالم السّنَن» :

379. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दस खसलते फितरत से है, मूंछे कतरना, दाढ़ी बढ़ाना, मिस्वाक करना, नाक में पानी झाड़ना, नाख़ून कतरना, उंगलियों के जोड़ धोना, बगलों के बाल उखेड़ना, ज़ेरे नाफ़ बाल मूंदना और इस्तिंजा करना रावी बयान करते हैं, दसवी खसलत में भूल गया हूँ, मुमकिन है के कुल्ली करना हो, एक रिवायत में दाढ़ी बढ़ाने के बजाए खत्नो का ज़िक्र है, मैंने यह रिवायत ना सहीहैन में पाई है न किताब अल हुमैदी में लेकिन साहब “अल जामेअ” और इसी तरह अल खत्ताबी ने “मआलिम अल सुनन” में उसे ज़िक्र किया है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (56 / 261)، (604)

٣٨٠ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي دَاوُد بِرِوَايَة عمار بن يَاسر

380. अबू दावुद ने अम्मार बिन यासिर रदियल्लाहु अन्हुमा की रिवायत से ज़िक्र किया है| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه ابوداؤد (54) * على بن زيد بن جدعان ضعيف ضعفه الجمهور

بَاب السِّوَاك • मिस्वाक करने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٨١ - (صَحِيح) عَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «السِّوَاكُ مَطْهَرَةٌ لِلْفَمِ مَرْضَاةٌ لِلرَّبِّ» . رَوَاهُ الشَّافِعِيُّ وَأَحْمَدُ وَالدَّارِمِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَرَوَاهُ الْبُخَارِيّ فِي صَحِيحه بِلَا إِسْنَاد

381. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मिस्वाक मुंह को साफ़ करने वाली और रब की रज़ामंदी का बाईस है”| शाफ़ई, अहमद, दारमी, नसई और इमाम बुखारी ने इसे अपने सहीह में मुअल्लक बयान किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه الشافعی فی الام (1 / 23) و احمد (6 / 47 ح 24707) و الدارمی (1 / 174 ح 690) و النسائی (1 / 10 ح 5) و البخاری (کتاب الصوم باب : 27 قبل ح 1934 معلقاً)

٣٨٢ - (حسن) وَعَنْ أَبِي أَيُّوبَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " أَرْبَعٌ مِنْ سُنَنِ الْمُرْسَلِينَ: الْحَيَاءُ وَيُرْوَى الْخِتَانُ وَالتَّعَطُّرُ وَالسِّوَاكُ وَالنِّكَاحُ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

382. अबू अय्यूब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “चार चीज़े तमाम रसूलो की

सुन्नत है: हया, किसी रिवायत में खतने का ज़िक्र है, इत्र लगाना, मिस्वाक करना और निकाह करना”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذی (1080 وقال : حسن غریب) * حجاج بن ارطاۃ : مدلس و عنعن و ابو الشمائل : مجھول ، و للحدیث شواھد ضعیفۃ

٣٨٣ - (حسن) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَا يَرْقُدُ مِنْ لَيْلٍ وَلَا نَهَارٍ فَيَسْتَيْقِظُ إِلَّا يَتَسَوَّكُ قَبْلَ أَنْ يَتَوَضَّأَ. رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

383. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ रात या दिन के किसी हिस्से में सोते तो आप बेदार हो कर वुज़ू करने से पहले मिस्वाक किया करते थे| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ احمد (6 / 160 ح 25787) و ابوداؤد (57) * علی بن زید بن جدعان ضعیف و ام محمد : لم اجد من و ثقھا

٣٨٤ - (حَسَنٌ) وَعَنْهَا قَالَتْ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَسْتَاكُ فَيُعْطِينِي السِّوَاكَ لِأَغْسِلَهُ فَأَبْدَأُ بِهِ فَأَسْتَاكُ ثُمَّ أَغْسِلُهُ وَأَدْفَعُهُ إِلَيْهِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

384. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ मिस्वाक किया करते थे, फिर आप मिस्वाक मुझे दे देते, ताकि मैं उसे धो दू तो मैं धोने से पहले खुद मिस्वाक करती, फिर इसे धो कर आप को लौटा देती”| (हसन)

حسن ، رواہ ابوداؤد (52)

مِسْواक करने का बयान — بَاب السِّوَاك

तीसरी फस्ल — الْفَصْل الثَّالِث

٣٨٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " أَرَانِي فِي الْمَنَامِ أَتَسَوَّكُ بِسِوَاكٍ فَجَاءَنِي رَجُلَانِ أَحَدُهُمَا أَكْبَرُ مِنَ الْآخَرِ فَنَاوَلْتُ السِّوَاكَ الْأَصْغَرَ مِنْهُمَا فَقِيلَ لِي: كبر فَدَفَعته إِلَى الْأَكْبَرِ مِنْهُمَا "

385. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “मैंने अपने आप को ख्वाब में मिस्वाक करते हुए देखा, चुनांचे इस दौरान दो आदमी मेरे पास आए, उनमें से एक दूसरे से बड़ा था, मैंने उनमें से छोटे को मिस्वाक दे दी, तो मुझे कहा गया बड़े को दो चुनांचे मैंने बड़े को दे दि”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (246) و مسلم (246 / 2271)، (5933)

٣٨٦ - (ضَعِيف جدا) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَا جَاءَنِي جِبْرِيلُ عَلَيْهِ السَّلَامُ قَطُّ إِلَّا أَمَرَنِي بِالسِّوَاكِ لَقَدْ خَشِيتُ أَنْ أُحْفِيَ مُقَدِّمَ فِيَّ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ

386. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिब्राइल अलैहिस्सलाम जब भी मेरे पास तशरीफ़ लाते तो आप मुझे मिस्वाक करने का हुक्म फरमाते, मुझे तो अंदेशा हुआ की में कहीं अपने मुंह सामने का हिस्सा न छिल दू”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه احمد (5 / 263 ح 22625) * على بن يزيد الالهانى : ضعيف جدًا ، و عُبَيْدِ اللهِ بْنِ زَحْرٍ : ضعيف ، ضعفه الجمهور

٣٨٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَقَدْ أَكْثَرْتُ عَلَيْكُمْ فِي السِّوَاكِ» رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

387. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैंने तुम्हें मिस्वाक के बारे में बहोत मर्तबा कहा है”| (बुखारी)

رواه البخارى (888)

٣٨٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَسْتَنُّ وَعِنْدَهُ رَجُلَانِ أَحَدُهُمَا أَكْبَرُ مِنَ الْآخَرِ فَأُوحِيَ إِلَيْهِ فِي فَضْلِ السِّوَاكِ أَنْ كَبِّرْ أَعْطِ السِّوَاك أكبرهما. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

388. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ मिस्वाक कर रहे थे और आप के पास दो आदमी थे, उनमें से एक दूसरे से बड़ा था, चुनांचे आप ﷺ ने छोड़ी हुई मिस्वाक के बारे में आप की तरफ वही आई के यह बड़े को दे दी”| (सहीह)

سنده صحيح ، رواه ابوداؤد (50)

٣٨٩ - (ضَعِيف) وَعَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَفْضُلُ الصَّلَاةُ الَّتِي ص:١٢ يُسْتَاكُ لَهَا عَلَى الصَّلَاةِ الَّتِي لَا يُسْتَاكُ لَهَا سَبْعِينَ ضعفا» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي شعب الْإِيمَان

389. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मिस्वाक कर के पढ़ी गई नमाज़, मिस्वाक के बगैर पढ़ी गई नमाज़ से सत्तर गुना अफज़ल है”| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (2774 ، 2773) و السنن الكبرىٰ (1 / 38) * فيه معاوية بن يحيى الصدفى ضعيف ، و محمد بن اسحاق مدلس و عنعن و للحديث شواهد ضعيفة جدًا

٣٩٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَلَمَةَ عَنْ زَيْدِ بْنِ خَالِدٍ الْجُهَنِيِّ قَالَ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَوْلَا أَنْ

أَشُقَّ عَلَى أُمَّتِي لَأَمَرْتُهُمْ بِالسِّوَاكِ عِنْدَ كُلِّ صَلَاةٍ وَلَأَخَّرْتُ صَلَاةَ الْعِشَاءِ إِلَى ثُلُثِ اللَّيْلِ» قَالَ فَكَانَ زَيْدُ بْنُ خَالِدٍ يَشْهَدُ الصَّلَوَاتِ فِي الْمَسْجِدِ وَسِوَاكُهُ عَلَى أُذُنِهِ مَوْضِعَ الْقَلَمِ مِنْ أُذُنِ الْكَاتِبِ لَا يَقُومُ إِلَى الصَّلَاةِ إِلَّا اسْتَنَّ ثُمَّ رَدَّهُ إِلَى مَوْضِعِهِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ إِلَّا أَنَّهُ لَمْ يَذْكُرْ: «وَلَأَخَّرْتُ صَلَاةَ الْعِشَاءِ إِلَى ثُلُثِ اللَّيْلِ» . وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حسن صَحِيح

390. अबू सलमा रहिमहुल्लाह ज़ैद बिन खालिद जुहनी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: अगर मुझे अपनी उम्मत पर मशक्कत का अंदेशा न होता तो मैं उन्हें हर नमाज़ के वक़्त मिस्वाक करने का हुक्म देता और नमाज़ ए ईशा को तिहाई रात तक मोअख़्ख़र करता"| ज़ैद बिन खालिद मस्जिद में नमाज़े पढ़ने के लिए आते तो कातिब के कलम की तरह उनकी मिस्वाक उन के कान पर होती थी, और वह जब नमाज़ के लिए खड़े होते तो मिस्वाक करते और फिर इसे उसकी जगह (कान) पर रख देते| तिरमिज़ी, अबू दावुद, अलबत्ता उन्होंने " मैं नमाज़ ए ईशा को तिहाई रात तक मोअख़्ख़र करता के अल्फाज़ ज़िक्र नहीं किए| इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (सहीह,ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ الترمذی (23) و ابوداؤد (47) * محمد بن اسحاق مدلس و عنعن و الحدیث المرفوع صحیح ، انظر مسند الامام احمد (4 / 116 ح 17048)

वुज़ू की सुन्नतो का बयान • بَاب سنَن الْوضُوء

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٣٩١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا اسْتَيْقَظَ أَحَدُكُمْ مِنْ نَوْمِهِ فَلَا يَغْمِسْ يَدَهُ فِي الْإِنَاءِ حَتَّى يَغْسِلَهَا فَإِنَّهُ لَا يَدْرِي أَيْنَ بَاتَتْ يَدُهُ»

391. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम में से कोई नींद से बेदार हो तो वह अपना हाथ बर्तन में न डाले, हत्ता कि इसे तीन मर्तबा धोले, क्योंकि वह नहीं जानता के उस के हाथ ने रात कहाँ बसर की"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (162) و مسلم (87 / 278)، (643)

٣٩٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا اسْتَيْقَظَ أَحَدُكُمْ مِنْ مَنَامه فليستنثر ثَلَاثًا فَإِن الشَّيْطَان يبيت على خيشومه»

392. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम में से कोई शख़्स नींद से बेदार हो कर वुज़ू करे तो वह तीन मर्तबा नाक झाड़े क्योंकि शैतान उसकी नाक में रात बसर करता है"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (3295) و مسلم (23 / 238)، (564)

٣٩٣ - (صَحِيح) وَقيل لعبد الله بن زيد: كَيْفَ كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَتَوَضَّأُ؟ فَدَعَا بِوَضُوءٍ فَأَفْرَغَ عَلَى يَدَيْهِ فَغَسَلَ يَدَيْهِ مَرَّتَيْنِ مَرَّتَيْنِ ثُمَّ مَضْمَضَ وَاسْتَنْثَرَ ثَلَاثًا ثُمَّ غَسَلَ وَجْهَهُ ثَلَاثًا ثُمَّ غَسَلَ يَدَيْهِ مَرَّتَيْنِ مَرَّتَيْنِ إِلَى الْمِرْفَقَيْنِ ثُمَّ مَسَحَ رَأْسَهُ بِيَدَيْهِ فَأَقْبَلَ بِهِمَا وَأَدْبَرَ بَدَأَ بِمُقَدَّمِ رَأْسِهِ ثُمَّ ذَهَبَ بِهِمَا إِلَى قَفَاهُ ثُمَّ ردهما حَتَّى يرجع إِلَى الْمَكَانِ الَّذِي بَدَأَ مِنْهُ ثُمَّ غَسَلَ رِجْلَيْهِ. رَوَاهُ مَالِكٌ وَالنَّسَائِيُّ وَلِأَبِي دَاوُدَ نَحْوُهُ ذكره صَاحب الْجَامِع

393. अब्दुल्लाह बिन ज़ैद बिन आसिम रदियल्लाहु अन्हु से दरियाफ्त किया गया के रसूलुल्लाह ﷺ कैसे वुज़ू किया करते थे? पस उन्होंने वुज़ू के लिए पानी मंगवाया तो “अपने हाथो पर पानी डाला और दो दो मर्तबा हाथ धोए, फिर तीन मर्तबा कुल्ली की और नाक झाड़ी, फिर तीन मर्तबा अपना चेहरा धोया, फिर दोनों हाथो को कहोनियो समेत दो दो मर्तबा धोया, फिर अपने हाथो से सर का मसाह किया और उन्हें सर की अगली तरफ से गुद्दी तक ले गए और फिर सर की अगली तरफ जहाँ से शुरू किया था वापस ले आए, फिर अपने दोनों पाँव धोए”| मालिक, नसई, और अबू दावुद में इसी तरह है साहब “ अल जामेअ” ने भी इसे ज़िक्र किया है | (सहीह)

صحيح [متفق عليه] ، رواه مالک فی الموطا (1 / 18 ح 31) و النسائی (1 / 71 ح 97) و ابوداؤد (118) * و انظر الحديث الآتی فهو طرف منه (394)

٣٩٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَفِي الْمُتَّفَقِ عَلَيْهِ: قِيلَ لِعَبْدِ اللَّهِ بْنِ زَيْدِ بْنِ عَاصِمٍ: تَوَضَّأْ لَنَا وُضُوءَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَدَعَا بِإِنَاءٍ فَأَكْفَأَ مِنْهُ عَلَى يَدَيْهِ فَغَسَلَهُمَا ثَلَاثًا ثُمَّ أَدْخَلَ يَدَهُ ص:١٢ فَاسْتَخْرَجَهَا فَمَضْمَضَ وَاسْتَنْشَقَ مِنْ كَفٍّ وَاحِدَةٍ فَفَعَلَ ذَلِكَ ثَلَاثًا ثُمَّ أَدْخَلَ يَدَهُ فَاسْتَخْرَجَهَا فَغَسَلَ وَجْهَهُ ثَلَاثًا ثُمَّ أَدْخَلَ يَدَهُ فَاسْتَخْرَجَهَا فَغَسَلَ يَدَيْهِ إِلَى الْمِرْفَقَيْنِ مَرَّتَيْنِ مَرَّتَيْنِ ثُمَّ أَدْخَلَ يَدَهُ فَاسْتَخْرَجَهَا فَمَسَحَ بِرَأْسِهِ فَأَقْبَلَ بِيَدَيْهِ وَأَدْبَرَ ثُمَّ غَسَلَ رِجْلَيْهِ إِلَى الْكَعْبَيْنِ ثُمَّ قَالَ هَكَذَا كَانَ وُضُوءُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ»» وَفِي رِوَايَةٍ: فَأَقْبَلَ بِهِمَا وَأَدْبَرَ بَدَأَ بِمُقَدَّمِ رَأْسِهِ ثُمَّ ذَهَبَ بِهِمَا إِلَى قَفَاهُ ثُمَّ رَدَّهُمَا حَتَّى رَجَعَ إِلَى الْمَكَانِ الَّذِي بَدَأَ مِنْهُ ثُمَّ غَسَلَ رجلَيْهِ»» وَفِي رِوَايَة: فَمَضْمض واستنشق واستنثر ثَلَاثًا بِثَلَاث غَرَفَاتٍ مِنْ مَاءٍ»» وَفِي رِوَايَةٍ أُخْرَى: فَمَضْمَضَ وَاسْتَنْشَقَ مِنْ كَفَّةٍ وَاحِدَةٍ فَفَعَلَ ذَلِكَ ثَلَاثًا»» وَفِي رِوَايَةٍ لِلْبُخَارِيِّ: فَمَسَحَ رَأْسَهُ فَأَقْبَلَ بِهِمَا وَأَدْبَرَ مَرَّةً وَاحِدَةً ثُمَّ غَسَلَ رِجْلَيْهِ إِلَى الْكَعْبَيْنِ»» وَفِي أُخْرَى لَهُ: فَمَضْمَضَ وَاسْتَنْثَرَ ثَلَاثَ مَرَّات من غرفَة وَاحِدَة

394. और सहीहैन में है की अब्दुल्लाह बिन ज़ैद बिन आसिम रदियल्लाहु अन्हु से कहा गया के हमें रसूलुल्लाह ﷺ का वुज़ू कर के दिखाइए, पस उन्होंने पानी का एक बर्तन मंगवाया, “और उस में से कुछ पानी अपने हाथो पर उंडेला, और उन्हें तीन मर्तबा धोया, फिर अपने हाथ को पानी के बर्तन में डाला और उस में पानी लेकर एक ही चुल्लू से कुल्ली की और नाक में पानी डाला, उन्होंने यह तीन मर्तबा किया, फिर उन्होंने अपना हाथ बर्तन में डालकर उस से पानी निकाला और तीन मर्तबा अपना चेहरा धोया, फिर अपना हाथ बर्तन में डाला और पानी निकाल कर दो दो मर्तबा हाथो को कहोनियो समेत धोया, फिर अपना हाथ बर्तन में डालकर उस से और पानी निकाल कर अपने सर का मसाह किया, अपने हाथो को आगे ले गए और वापस लाए, फिर उन्होंने टखनो तक पाँव धोए”, फिर उन्होंने फ़रमाया रसूलुल्लाह ﷺ का वुज़ू इसी की मिस्ल था, एक रिवायत में है: “सर का मसाह करते वक़्त हाथो को सर की अगली जानिब से गुद्दी तक ले गए और फिर उन्हे वहीँ वापस ले आए जहाँ से शुरू किया था, फिर अपने दोनों पाँव धोए”, एक दूसरी रिवायत में है: “आप ने तीन मर्तबा कुल्ली की नाक में पानी डाला और नाक झाड़ी और ऐसा तीन चुल्लू पानी के साथ किया” एक और रिवायत में है: आप ने एक चुल्लू के साथ ही कुल्ली की और नाक में पानी डाला और आप ने ऐसा तीन मर्तबा किया, बुखारी की रिवायत में है: “आप ने सर का मसाह किया, आप हाथो को आगे ले गए और वापस लाए, आप ने यह एक मर्तबा किया, फिर आप ने

टखनो तक दोनों पाँव धोए और बुखारी की दूसरी रिवायत में है आप ने एक ही चुल्लू से तीन मर्तबा कुल्ली की और नाक झाड़ी”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (185 ، 186 ، 191 ، 192 ، 199) و مسلم (18 / 235)، (555)

٣٩٥ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: تَوَضَّأَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم مَرَّةً مَرَّةً لَمْ يَزِدْ عَلَى هَذَا. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

395. अब्दुल्लाह बिन अब्बास रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक एक मर्तबा आज़ाए वुज़ू को धोया और उस से ज़्यादा नहीं किया| (बुखारी)

رواه البخارى (157)

٣٩٦ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ زَيْدٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم تَوَضَّأَ مَرَّتَيْنِ مَرَّتَيْنِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

396. अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने दो दो मर्तबा आज़ाए वुज़ू को धोया| (बुखारी)

رواه البخارى (158)

٣٩٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عُثْمَانَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّهُ تَوَضَّأَ بِالْمَقَاعِدِ فَقَالَ: أَلَا أُرِيكُمْ وُضُوءَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ فَتَوَضَّأَ ثَلَاثًا ثَلَاثًا. رَوَاهُ مُسلم

397. उस्मान रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने मकाइड (मदीना के पास जगह) पर वुज़ू किया, तो फ़रमाया: क्या मैं तुम्हें रसूलुल्लाह ﷺ का तरीका ए वुज़ू न दिखाऊ? चुनांचे उन्होंने वुज़ू करते वक़्त तीन तीन बार आज़ाए वुज़ू को धोया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (9 / 230)، (545)

٣٩٨ - (صَحِيح) وَعَن عبد الله بن عَمْرو قَالَ: رَجَعْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ مَكَّةَ إِلَى الْمَدِينَةِ حَتَّى إِذا كُنَّا بِمَاء بِالطَّرِيقِ تعجل قوم عِنْد الْعَصْر فتوضؤوا وهم عِجَال فَانْتَهَيْنَا إِلَيْهِم وَأَعْقَابُهُمْ تَلُوحُ لَمْ يَمَسَّهَا الْمَاءُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَيْلٌ لِلْأَعْقَابِ من النَّار أَسْبغُوا الْوضُوء» . رَوَاهُ مُسلم

398. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ मक्का से मदीना वापस आ रहे थे, हत्ता कि हम रास्ते में पानी के पास से गुज़रे, कुछ लोगों ने नमाज़ ए असर के लिए जल्दी की है,

पस उन्होंने जल्दबाज़ी में वुज़ू किया, चुनान्चे जब हम उन के पास पहुंचे तो देखा के उनकी एड़िया (खुश्क होने की वजह से) चमक रही थी, उन तक पानी नहीं पहुंचा था, पस रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “एड़ियो के लिए जहन्नम की आग है, वुज़ू खूब अच्छी तरह मुकम्मल करो”| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (26 / 241)، (570)

٣٩٩ - (صَحِيح) وَعَن الْمُغيرَة بن شُعْبَة قَالَ: إِنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَوَضَّأَ فَمَسَحَ بِنَاصِيَتِهِ وَعَلَى الْعِمَامَةِ وَعَلَى الْخُفَّيْنِ. رَوَاهُ مُسلم

399. मुगिरा बिन शैबा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि नबी ﷺ ने वुज़ू किया तो आप ने अपनी पेशानी, इमामे और मोज़ो पर मसाह किया| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (83 / 274)، (636)

٤٠٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُحِبُّ التَّيَمُّنَ مَا اسْتَطَاعَ فِي شَأْنِهِ كُلِّهِ: فِي طهوره وترجله وتنعله

400. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ ने अपने तमाम उमूर (मसलन) वुज़ू करने, कंघी करने और जूता पहनने में दाएँ तरफ से शुरू करना मक्दोर भर पसंद किया करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (426) و مسلم (67 / 268)، (617)

بَاب سنَن الْوضُوء • वुज़ू की सुन्नतो का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٤٠١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذا لبستم وَإِذا توضأتم فابدؤوا بأيامنكم» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

401. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम लिबास पहनो और जब तुम वुज़ू करो तो अपने दाएँ तरफ से शुरू करो”| (सहीह,ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ احمد (2 / 354 ح 8637) و ابوداؤد (4141) [و ابن ماجہ (402) و صححہ ابن خزیمۃ (158) و ابن حبان (147 ، 1452)
* الاعمش مدلس و عنعن و حدیث الترمذی (1766) صحیح وھو یغنی عنه

٤٠٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سعيد بْنِ زَيْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا وُضُوءَ لِمَنْ لَمْ يَذْكُرِ اسْمَ الله عَلَيْهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

402. सईद बिन ज़ैद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स वुज़ू करते वक़्त (بِسْمِ اللَّهِ) “अल्लाह के नाम से” ना पढ़े उस का वुज़ू नहीं”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (25) و ابن ماجه (398) [و له شاهد حسن عند ابن ماجه : 397 ، ياتى : 404]

٤٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ

403. अहमद और अबू दावुद ने अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत की है| (हसन)

حسن ، رواه احمد (2 / 418 ح 9408) و ابوداؤد (101) [و ابن ماجه : 399]

٤٠٤ - (لم تتمّ دراسته) والدارمي عَن أبي سعيد الْخُدْرِيّ عَن أَبِيه وَزَادُوا فِي أَوله:

404. और दारमी ने अबू सईद खुदरी अन अबी की सनद से रिवायत किया है, और उस के शुरू में इज़ाफा किया है: “जिस का वुज़ू नहीं, उसकी नमाज़ नहीं”| (हसन)

حسن ، رواه الدارمى (1 / 176 ح 697 وسنده حسن [ابن ماجه (397)]حسن ، رواه الدارمى (1 / 176 ح 697 وسنده حسن [ابن ماجه (397)])

٤٠٥ - (صَحِيح) وَعَنْ لَقِيطِ بْنِ صَبِرَةَ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَخْبِرْنِي عَنِ الْوُضُوءِ. قَالَ: «أَسْبِغِ الْوُضُوءَ وَخَلِّلْ بَيْنَ الْأَصَابِعِ وَبَالِغْ فِي الِاسْتِنْشَاقِ إِلَّا أَنْ تَكُونَ صَائِمًا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَرَوَى ابْنُ مَاجَه والدارمي إِلَى قَوْله: بَين الْأَصَابِع

405. लकिट बिन सबुरह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मुझे वुज़ू के मुतल्लिक बताइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वुज़ू अच्छी तरह करो, उंगलियों के दरमियान खिलाल करो और रोज़ा की हालत के अलावा नाक में पानी खूब चढ़ाओ”| अबू दावुद, तिरमिज़ी, नसई, और इब्ने माजा और दारमी ने (بَين الْأَصَابِ) तक रिवायत किया है| (सहीह,हसन)

صحيح ، رواه ابوداؤد (142) و الترمذى (788 وقال : حسن صحيح) و النسائى (1 / 66 ح 87 ، 1 / 79 ح 114) و ابن ماجه (407 ، 448) و الدارمى (1 / 179 ح 711) [و صححه ابن خزيمة (150 ، 168) و ابن حبان (الموارد : 159) و الحاكم (1 / 147 ، 148) و وافقه الذهبى]

٤٠٦ - (حسن) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا تَوَضَّأْتَ فَخَلِّلْ بَيْنَ أَصَابِعِ يَدَيْكَ وَرِجْلَيْكَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ. وَرَوَى ابْنُ مَاجَهْ نَحْوَهُ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

406. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम वुज़ू करो तो अपने हाथो और अपने पाँव की उंगलियों का खिलाल करो”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा ने भी इसी तरह रिवायत किया है, और तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی 39) و ابن ماجه (447)

٤٠٧ - (صَحِيح) وَعَن الْمُسْتَوْرِد بن شَدَّاد قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا تَوَضَّأَ يُدَلِّكُ أَصَابِعَ رِجْلَيْهِ بِخِنْصَرِهِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجه

407. मुसतवरिद बिन सद्दाद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को देखा की जब आप ﷺ वुज़ू फरमाते, तो अपने छोटी ऊँगली के साथ पाँव की उंगलियों को खूब मलते| (हसन)

صحیح ، رواه الترمذی (40 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (148) و ابن ماجه (446)

٤٠٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا تَوَضَّأَ أَخَذَ كَفًّا مِنْ مَاءٍ فَأَدْخَلَهُ تَحْتَ حَنَكِهِ فَخَلَّلَ بِهِ لحيته وَقَالَ: «هَكَذَا أَمرنِي رَبِّي» . ص:١٢ رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

408. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ वुज़ू फरमाते, तो चुल्लू में पानी लेकर ठोड़ी के नीचे दाखिल करते और उस से अपने दाढ़ी का खिलाल करते और फरमाते: “मेरे रब ने मुझे इसी तरह हुक्म फ़रमाया है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (145) * الولید بن زوران لین الحدیث و عند الحاکم طریق آخر (1 / 149 ح 529) و فیه الزهری مدلس و عنعن و للحدیث طریق آخر عند الحاکم (530) و قال ابو حاتم الرازی : الخطا من مروان (بن محمد الطاطری) ،، (انظر علل الحدیث : 16)

٤٠٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُثْمَانَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يُخَلِّلُ لِحْيَتَهُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ والدارمي

409. उस्मान रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ अपने दाढ़ी का खिलाल किया करते थे| (सहीह,हसन)

حسن ، رواه الترمذی (31 وقال : ھذا حدیث حسن صحیح) و الدارمی (1 / 179 ح 710) [و ابن ماجه : 430]

٤١٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي حَيَّةَ قَالَ رَأَيْتُ عَلِيًّا تَوَضَّأَ فَغَسَلَ كَفَّيْهِ حَتَّى أَنْقَاهُمَا ثُمَّ مَضْمَضَ ثَلَاثًا واستنشق ثَلَاثًا وَغسل وَجهه ثَلَاثًا وذراعيه ثَلَاثًا وَمسح بِرَأْسِهِ مرّة ثمَّ غسل قَدَمَيْهِ إِلَى الْكَعْبَيْنِ ثُمَّ قَامَ فَأَخَذَ فَضْلَ طَهُورِهِ فَشَرِبَهُ وَهُوَ قَائِمٌ ثُمَّ قَالَ أَحْبَبْتُ أَنْ أريكم كَيفَ كَانَ طَهُورِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

410. अबू हय्य रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने अली रदियल्लाहु अन्हु को देखा के उन्होंने वुज़ू किया तो अपने हाथ धोए और उन्हें खूब अच्छी तरह साफ़ किया, फिर तीन मर्तबा कुल्ली की तीन बार नाक साफ़ की, तीन बार चेहरा धोया, तीन बार बाज़ू धोए, एक मर्तबा सर का मसाह किया, फिर टखनो तक पाँव धोए, फिर खड़े हुए और वुज़ू से बचा हुआ पानी खड़े हो कर पिया, फिर फ़रमाया मैंने चाहा के तुम्हें दिखाऊ के रसूलुल्लाह ﷺ का वुज़ू कैसे था| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (48) و النسائی (1 / 70 ، 71 ح 96) [و ابوداؤد : 116]

٤١١ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ خَيْرٍ قَالَ: نَحْنُ جُلُوسٌ نَنْظُرُ إِلَى عَلِيٍّ حِينَ تَوَضَّأَ فَأَدْخَلَ يَدَهُ الْيُمْنَى فَمَلَأَ فَمَهُ فَمَضْمَضَ وَاسْتَنْشَقَ وَنَثَرَ بِيَدِهِ الْيُسْرَى فَعَلَ هَذَا ثَلَاثَ مَرَّاتٍ ثُمَّ قَالَ مَنْ سَرَّهُ أَنْ يَنْظُرَ إِلَى طَهُورِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَهَذَا طَهُورُهُ. رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

411. अब्दी खैर रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, जब अली रदियल्लाहु अन्हु ने वुज़ू किया तो हम बैठें उन्हें देख रहे थे, चुनांचे उन्होंने अपना दायाँ हाथ बर्तन में डाला (और उस से पानी ले कर) अपने मुंह और नाक में डाला, फिर बाएँ हाथ से नाक साफ़ की, आप ने तीन मर्तबा ऐसे ही किया, फिर फ़रमाया: जिसे पसंद हो के वह रसूलुल्लाह ﷺ का वुज़ू देखे तो यह आप का वुज़ू है| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ الدارمی (1 / 178 ح 707) [و النسائی 1 / 67 ح 91]

٤١٢ - (صَحِيح) وَعَن عبد الله بن زيد قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَضْمَضَ وَاسْتَنْشَقَ مِنْ كَفٍّ وَاحِدَةٍ فَعَلَ ذَلِك ثَلَاثًا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ

412. अब्दुल्लाह बिन ज़ैद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को देखा के आप ने एक ही चुल्लू से कुल्ली की और नाक में पानी डाला, और आप ने तीन मर्तबा ऐसे ही किया| (सहीह,हसन,मुस्लिम)

اسنادہ صحیح ، رواہ ابوداؤد (119) و الترمذی (28 وقال : حسن غریب) [و ھو متفق علیه / رواہ البخاری (191) و مسلم (235)، (555)]

٤١٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَسَحَ بِرَأْسِهِ وَأُذُنَيْهِ: بَاطِنَهُمَا بِالسَّبَّاحَتَيْنِ وَظَاهِرَهُمَا بإبهاميه)»» (رَوَاهُ النَّسَائِيّ)

413. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने अपने सर का मसाह किया, और आप ने कानों के अन्दर के हिस्सों का शहादत की उंगलियों से और बाहर के हिस्सों का अंगूठो से मसाह किया| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ النسائی (1 / 74 ح 102) [و الترمذی (36) و ابن ماجه (439)]

٤١٤ - (حسن) وَعَن الرّبيع بنت معوذ: أَنَّهَا رَأَتِ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَتَوَضَّأُ قَالَتْ فَمَسَحَ رَأْسَهُ مَا أَقْبَلَ مِنْهُ وَمَا أَدْبَرَ وَصُدْغَيْهِ وَأُذُنَيْهِ مَرَّةً وَاحِدَةً»» وَفِي رِوَايَةٍ أَنَّهُ تَوَضَّأَ فَأَدْخَلَ أُصْبُعَيْهِ فِي جُحْرَيْ أُذُنَيْهِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ»» وَرَوَى التِّرْمِذِيُّ الرِّوَايَةَ الأولى وَأحمد وَابْن مَاجَه الثَّانِيَة

414. रुब्बीअ बिन्ते मुअव्विज़ रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने नबी ﷺ को वुज़ू करते हुए देखा, उन्होंने कहा: आप ने अपने सर की अगली जानिब और पिछली जानिब (पुरे सर का) दोनों कनपटियों और दोनों कानों का एक मर्तबा मसाह किया, और एक रिवायत में है की आप ﷺ ने वुज़ू किया तो अपने दो उंगलिया अपने दोनों कानों के सुराखों मैं डाली| अबू दावुद, तिरमिज़ी ने पहली रिवायत बयान की जबकि अहमद और इब्ने माजा ने दूसरी| (ज़ईफ़,हसन)

٥٤٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عَائِشَة قَالَتْ: كُنْتُ أَغْتَسِلُ أَنَا وَالنَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم ص:١٧ مِنْ إِنَاءٍ وَاحِدٍ وَكِلَانَا جُنُبٌ وَكَانَ يَأْمُرُنِي فَأَتَّزِرُ فَيُبَاشِرُنِي وَأَنَا حَائِضٌ وَكَانَ يُخْرِجُ رَأْسَهُ إِلَيَّ وَهُوَ مُعْتَكِفٌ فَأَغْسِلُهُ وَأَنَا حَائِض

546. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैं और नबी ﷺ एक ही बर्तन से ग़ुस्ल किया करते थे, जबकि हम दोनों जुनुबी होते थे, आप मुझे हुक्म देते तो मैं आज़ार पहन लेती, फिर आप मेरे साथ लेट जाते, जबकि मैं हैज़ से होती, आप एअतेकाफ़ की हालत में अपना सर मुबारक मेरी तरफ कर देते, तो में उसे धो देती हालांकि में हैज़ से होती थी| (मुत्तफ़क़ अलैह,सहीह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (299 ، 301) و مسلم (1 / 293)، (679)

٥٤٧ - (صَحِيح) وَعَنْهَا قَالَتْ: كُنْتُ أَشْرَبُ وَأَنَا حَائِضٌ ثُمَّ أُنَاوِلُهُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فَيَضَعُ فَاهُ عَلَى مَوْضِعٍ فِيَّ فَيَشْرَبُ وَأَتَعَرَّقُ الْعَرْقَ وَأَنَا حَائِضٌ ثُمَّ أُنَاوِلُهُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم فَيَضَع فَاه على مَوضِع فِي. رَوَاهُ مُسلم

547. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैं हालत ए हैज़ में कोई चीज़ पीती फिर मैं उसे नबी ﷺ को दे देती तो आप इसी जगह अपना मुंह लगाते, जहाँ मैंने मुंह लगाया था, और मैं हड्डी वाली बोटी खाती जबकि मैं हैज़ से होती थी, फिर मैं उसे नबी ﷺ को दे देती तो आप इसी जगह मुंह लगाते जहाँ मेरा मुंह लगा था| (मुस्लिम)

رواه مسلم (14 / 300)، (692)

٥٤٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهَا قَالَتْ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم يتكئ على حجري وَأَنا حَائِض ثمَّ يقْرَأ الْقُرْآن

548. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ मेरी गोद में टेक लगाते और कुरान ए हकिम की तिलावत फरमाते हालाँकि में इस वक़्त मखसूस अय्याम में होती थी| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (297) و مسلم (15 / 301)، (693)

٥٤٩ - (صَحِيح) وَعَنْهَا قَالَتْ: قَالَ لِي النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نَاوِلِينِي الْخُمْرَةَ مِنَ الْمَسْجِدِ» . فَقُلْتُ: إِنِّي حَائِضٌ

فَقَالَ: «إِنَّ حَيْضَتَكِ لَيْسَتْ فِي يدك» . رَوَاهُ مُسلم

549. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “मुझे मस्जिद से चटाई पकड़ा दो”, मैंने अर्ज़ किया: में हैज़ से हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक तेरा हैज़ तेरे हाथ में नहीं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (11 / 298)، (689)

٥٥٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ مَيْمُونَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي فِي مِرْطٍ بَعْضُهُ عَلَيَّ وَبَعْضُهُ عَلَيْهِ وَأَنا حَائِض

550. मेमुना रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ एक ऊनी चादर में नमाज़ पढ़ा करते थे, इस का कुछ हिस्सा मुझ पर होता और कुछ आप पर होता, जबकि मैं हैज़ से थी| (मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (379) و مسلم (273 / 513)، (1146)

بَاب الْحيض • हैज़ का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٥٥١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَتَى حَائِضًا أَوِ امْرَأَةً فِي دُبُرِهَا أَوْ كَاهِنًا فَقَدْ كَفَرَ بِمَا أُنْزِلَ عَلَى مُحَمَّدٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَفِي رِوَايَتِهِمَا: «فَصَدَّقَهُ بِمَا يَقُولُ فَقَدْ كَفَرَ»»» وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: لَا نَعْرِفُ هَذَا الْحَدِيثَ إِلَّا من حَدِيث حَكِيم الْأَثْرَم عَن أبي تَيْمِية عَن أبي هُرَيْرَة

551. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने हाइज़ा से जिमाअ किया या औरत से लवाटत किया या वह किसी काहिन के पास गया तो उस ने मुहम्मद ﷺ पर नाज़िल की गई शरियत का इनकार कर दिया”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा, दारमी, हसन: और इब्ने माजा और दारमी की रिवायत में है: “अगर उस ने इस (काहिन की) बात को सच्चा जाना तो बिलाशुबा उस ने कुफ्र किया”| इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: हम यह हदीस सिर्फ हकिमुल अषरम अन अबी तमीम अन अबी हुरैरा की सनद से जानते हैं| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (135) و ابن ماجه (639) و الدارمی (1 / 260 ح 1141) [و اعل بما لا يقدح]

٥٥٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُول الله مَا تحل لي مِن امْرَأَتِي وَهِيَ حَائِضٌ؟ قَالَ: «مَا فَوْقَ الْإِزَارِ وَالتَّعَفُّفُ عَنْ ذَلِكَ أَفْضَلُ» . رَوَاهُ رَزِينٌ وَقَالَ مُحْيِي السُّنَّةِ: إِسْنَادُهُ لَيْسَ بِقَوِيٍّ

552. मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! जब मेरी अहलिया हालत ए हैज़ में हो तो उसकी क्या चीज़े मेरे लिए हलाल है? आप ने फ़रमाया: “जो चीज़ आज़ार से ऊपर है, लेकिन उस से भी बचना अफज़ल है” रजिन ने इसे रिवायत किया और मुह्यी अल सुन्नी ने फ़रमाया: उसकी इसनाद क़वी नहीं| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه رزين (لم اجده) [و ابوداؤد (213)] و انظر مصابيح السنه (1 / 246 ح 385) لقول محيى السنة البغوى رحمه الله* عبد الرحمن بن عائذ : لم يدرک معاذ بن جبل رضی الله عنه और) انظر جامع التحصيل ص 223)

٥٥٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا وَقَعَ الرَّجُلُ بِأَهْلِهِ وَهِيَ حَائِضٌ فَلْيَتَصَدَّقْ بِنِصْفِ دِينَارٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد النَّسَائِيّ والدارمي وَابْن مَاجَه

553. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब आदमी अपने अहलिया से अय्याम ए हैज़ में मुजामअत करे तो वह आधा दीनार सदका करे”| (सहीह,ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الترمذی (136) و ابوداؤد (266) و النسائی (1 / 153 ح 290) و الدارمی (1 / 254 ح 1110 ، 1112) و ابن ماجه (640) [و صححه الحاکم (1 / 171 ، 172) و وافقه الذهبی] * خصيف ضعيف ضعفه الجمهور و شريک القاضی مدلس و عنعن و اسانيد هذا الحديث کلها ضعيفة معلولة

٥٥٤ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا كَانَ دَمًا أَحْمَرَ فَدِينَارٌ وَإِذَا كَانَ دَمًا أَصْفَرَ فَنِصْفُ دِينَارٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

554. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ने फ़रमाया: “जब (हैज़ का) खून सुर्ख़ हो तो (जिमाअ करने की सूरत में) एक दीनार और जब खून ज़र्द हो तो आधा दीनार”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (137) [و البيهقی (1 / 316 ، 317) و ابن ماجه (650)] * فيه عند الکريم ابواميه کما فی النکت الظراف (5 / 248 ح 6491) و السنن الکبری للبيهقی و غيرهما وهو ضعيف

हैज़ का बयान • بَاب الْحيض

तीसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّالِث

٥٥٥ - (صَحِيح) عَن زيد بن أسلم قَالَ: أَنَّ رَجُلًا سَأَلَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: مَا يَحِلُّ لِي مِنَ امْرَأَتِي وَهِيَ حَائِضٌ؟ فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَشُدُّ عَلَيْهَا إِزَارَهَا ثُمَّ شَأْنُكَ بِأَعْلَاهَا» . رَوَاهُ مَالِكٌ وَالدَّارِمِيُّ مُرْسلا

555. ज़ैद बिन असलम रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, एक आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ से मसअला दरियाफ्त करते

हुए अर्ज़ किया, जब मेरी अहलिया हालत ए हैज़ में हो तो उसकी क्या चीज़े मेरे लिए हलाल है? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उस का आज़ार कस कर बांध, फिर उस से ऊपर का हिस्सा तेरे लिए हलाल है”| मालिक और दारमी ने मुरसल रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواہ مالک (1 / 57 ح 122) و الدارمی (1 / 241 ح 1037) * السند مرسل وله شاهد عند ابی داود (212) و سنده حسن

٥٥٦ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كُنْتُ إِذَا حِضْتُ نَزَلْتُ عَنِ الْمِثَالِ على الْحَصِير فَلم نقرب رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَمْ ندن مِنْهُ حَتَّى نطهر. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

556. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब मुझे हैज़ आता तो मैं बिस्तर से चटाई पर आ जाती और जब तक हम पाक न हो जाती हम आप ﷺ के करीब न जाती| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (271) * ابو الیمان الرجال : مستور و ام ذرۃ : مجھولۃ الحال

بَاب الْمُسْتَحَاضَة • मुस्तहाजा का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٥٥٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: جَاءَتْ فَاطِمَةُ بِنْتُ أَبِي حُبَيْشٍ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَتْ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي امْرَأَةٌ أُسْتَحَاضُ فَلَا أطهر أفأدع الصَّلَاة فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا إِنَّمَا ذَلِكِ عِرْقٌ وَلَيْسَ بِحَيْضٍ فَإِذَا أَقْبَلَتْ حَيْضَتُكِ فَدَعِي الصَّلَاةَ وَإِذَا أَدْبَرَتْ فَاغْسِلِي عَنْك الدَّم ثمَّ صلي»

557. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, फ़ातिमा बिन्ते अबी हुबैश नबी ﷺ की खिदमत में आई और उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैं इस्तिहाज़ा की मरीज़ हूँ, मैं पाक नहीं रहती, क्या मैं नमाज़ छोड़ दूँ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं वह तो एक रग का खून है, हैज़ नहीं, पस जब तुम्हें हैज़ आए तो नमाज़ छोड़ दो, और जब वह जाता रहे तो खून साफ़ कर (यानी ग़ुस्ल कर) और फिर नमाज़ पढ़ो”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (228) و مسلم (62 / 333)، (753)

بَاب الْمُسْتَحَاضَة • मुस्तहाजा का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٥٥٨ - (حسن) عَنْ عُرْوَةَ بْنِ الزُّبَيْرِ عَنْ فَاطِمَةَ بِنْتِ أَبِي حُبَيْشٍ: أَنَّهَا كَانَتْ تُسْتَحَاضُ فَقَالَ لَهَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا كَانَ دم الْحيض فَإِنَّهُ دم أسود يعرف فَأَمْسِكِي عَنِ الصَّلَاةِ فَإِذَا كَانَ الْآخَرُ فَتَوَضَّئِي وَصَلِّي فَإِنَّمَا هُوَ عِرْقٌ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيّ

558. उरवा बिन जुबैर रहिमहुल्लाह फ़ातिमा बिन्ते अबी हुबैश रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं की उन्हें इस्तिहाज़ा का मर्ज़ था, नबी ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “जब हैज़ का खून होगा तो वह सियाह रंग का होगा और वह आसानी से पहचाना जाता है, जब वह हो तो नमाज़ न पढ़ो और जब दूसरा (खून) हो तो फिर वुज़ू कर और नमाज़ पढ़ो वह तो महज़ रग का खून है”| (सहीह,ज़ईफ़,मुस्लिम)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (286) و النسائى (1 / 185 ح 362) [و صححه ابن حبان (الاحسان : (1345) و الحاكم (1 / 174) على شرط مسلم و وافقه الذهبى] * الزهرى مدلس و عنعن

٥٥٩ - (ضَعِيف) وَعَن أم سَلمَة: إِنَّ امْرَأَةً كَانَتْ تُهْرَاقُ الدَّمَ عَلَى عَهْدِ ص:١٧ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَاسْتَفْتَتْ لَهَا أم سَلمَة رَسُول الله صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فَقَالَ: «لِتَنْظُرْ عَدَدَ اللَّيَالِي وَالْأَيَّامِ الَّتِي كَانَتْ تَحِيضُهُنَّ مِنَ الشَّهْرِ قَبْلَ أَنْ يُصِيبَهَا الَّذِي أَصَابَهَا فَلْتَتْرُكِ الصَّلَاةَ قَدْرَ ذَلِكَ مِنَ الشَّهْرِ فَإِذَا خلفت ذَلِك فلتغتسل ثمَّ لتستثفر بِثَوْب ثمَّ لتصل» . رَوَاهُ مَالك وَأَبُو دَاوُد والدارمي وروى النَّسَائِيّ مَعْنَاهُ

559. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के दौर में एक औरत को इस्तिहाज़ा का खून आता था, उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा ने उस के बारे में नबी ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया तो आप ने फ़रमाया: “इसे चाहिए के इस मर्ज़ में मुब्तिला होने से पहले, इसे महीने में जितने दिन हैज़ का खून आता था, उन्हें शुमार कर के इतने दिन महीने में नमाज़ छोड़ दे, और जब वह दिन गुज़र जाए तो वह ग़ुस्ल करे और कपड़े का लंगोट बांध ले और फिर नमाज़ पढ़े”| मालिक, अबू दावुद, दारमी जबकि नसई ने भी इसी मानी में रिवायत किया है| (ज़ईफ़,मुस्लिम)

سنده ضعيف ، رواه مالك (1 / 62 ح 133) و ابوداؤد (274) و الدارمى (1 / 200 ح 786) و النسائى (1 / 119 ، 120 ح 209) * سليمان بن يسار لم يسمعه من ام سلمةؓ بل اخبره رجل به و الرجل مجهول و حديث مسلم (333) يغنى عنه

٥٦٠ - (صَحِيح) وَعَنْ عَدِيِّ بْنِ ثَابِتٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ - قَالَ يَحْيَى بْنُ مَعِينٍ: جَدُّ عَدِيٍّ اسْمُهُ دِينَارٌ - عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَالَ فِي الْمُسْتَحَاضَةِ: «تَدَعُ الصَّلَاةَ أَيَّامَ أَقْرَائِهَا الَّتِي كَانَتْ تَحِيضُ فِيهَا ثُمَّ تَغْتَسِلُ وَتَتَوَضَّأُ عِنْدَ كُلِّ صَلَاةٍ وَتَصُومُ وَتُصَلِّي» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

560. अदि बिन साबित अपने बाप से और वह इस (अदि) के दादा से रिवायत करते हैं, याह्या बिन मुईन ने कहा: अदि के दादा का नाम दीनार है, उन्होंने नबी ﷺ से रिवायत किया के आप ﷺ ने इस्तिहाज़ा में मुब्तिला औरत के बारे में फ़रमाया: “वो अपने अय्याम ए हैज़ का लिहाज़ रखते हुए इतने दिन नमाज़ न पढ़े फिर वह ग़ुस्ल करे और हर नमाज़ के लिए वुज़ू करे और वह रोज़ा रखे और नमाज़ पढ़े”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (126 ، 127) و ابوداؤد (297)[و ابن ماجه : 625] * ابو اليقظان عثمان بن عمير ضعيف مدلس مختلط ، غال فى الشيخ (و انظر الفتح المبين فى تحقيق طبقات المدلسين ص : (105) و والد عدى بن ثابت مجهول الحال

٥٦١ - (حسن) وَعَن حمْنَة بنت جحش قَالَتْ: كُنْتُ أَسْتَحَاضُ حَيْضَةً كَثِيرَةً شَدِيدَةً فَأَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَسْتَفْتِيهِ وَأُخْبِرُهُ فَوَجَدْتُهُ فِي بَيْتِ أُخْتِي زَيْنَبَ بِنْتِ جَحْشٍ فَقُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أُسْتَحَاضُ حَيْضَةً كَثِيرَةً شَدِيدَةً فَمَا تَأْمُرُنِي فِيهَا؟ قَدْ مَنَعَتْنِي الصَّلَاةَ وَالصِّيَامَ. قَالَ: «أَنْعَتُ لَكِ الْكُرْسُفَ فَإِنَّهُ يُذْهِبُ ص:١٧ الدَّمَ» . قَالَتْ: هُوَ أَكْثَرُ مِنْ ذَلِكَ. قَالَ: «فَتَلَجَّمِي» قَالَتْ هُوَ أَكْثَرُ مِنْ ذَلِكَ. قَالَ: «فَاتَّخِذِي ثَوْبًا» قَالَتْ هُوَ أَكْثَرُ مِنْ ذَلِكَ إِنَّمَا أَثُجُّ ثَجًّا. فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «سَآمُرُكِ بِأَمْرَيْنِ أَيَّهُمَا صَنَعْتِ أَجْزَأَ عَنْكِ مِنَ الْآخَرِ وَإِنْ قَوِيتِ عَلَيْهِمَا فَأَنت أعلم» فَقَالَ لَهَا: " إِنَّمَا هَذِهِ رَكْضَةٌ مِنْ رَكَضَاتِ الشَّيْطَانِ فتحيضي سِتَّة أَيَّام أَو سَبْعَة أَيَّام فِي عِلْمِ اللَّهِ ثُمَّ اغْتَسِلِي حَتَّى إِذَا رَأَيْتِ أَنَّكِ قَدْ طَهُرْتِ وَاسْتَنْقَأْتِ فَصَلِّي ثَلَاثًا وَعِشْرِينَ لَيْلَةً أَوْ أَرْبَعًا وَعِشْرِينَ لَيْلَةً وَأَيَّامَهَا وصومي وَصلي فَإِن ذَلِك يجزئك وَكَذَلِكَ فافعلي كَمَا تَحِيضُ النِّسَاءُ وَكَمَا يَطْهُرْنَ مِيقَاتُ حَيْضِهِنَّ وَطُهْرِهِنَّ وَإِنْ قَوِيتِ عَلَى أَنْ تُؤَخِّرِينَ الظُّهْرَ وتعجليين الْعَصْر فتغتسلين وتجمعين الصَّلَاتَيْنِ: الظُّهْرِ وَالْعَصْرِ وَتُؤَخِّرِينَ الْمَغْرِبَ وَتُعَجِّلِينَ الْعِشَاءَ ثُمَّ تَغْتَسِلِينَ وَتَجْمَعِينَ بَيْنَ الصَّلَاتَيْنِ فَافْعَلِي وَتَغْتَسِلِينَ مَعَ الْفَجْرِ فَافْعَلِي وَصُومِي إِنْ قَدَرْتِ عَلَى ذَلِكَ ". فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَهَذَا أَعْجَبُ الْأَمْرَيْنِ إِلَيَّ» . رَوَاهُ أَحْمَدَ وَأَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ

561. हमन बिन्ते जहश रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मुझे निहायत शदीद किस्म का मर्ज़ इस्तिहाज़ा था, मैं नबी ﷺ की खिदमत में आई ताकि आप को उस के मुतल्लिक बताऊँ और मसअला दरियाफ्त करू, चुनांचे मैंने उन्हें अपने बहन जैनब बिन्ते जहश रदियल्लाहु अन्हु के घर पाया तो मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मुझे शदीद किस्म का इस्तिहाज़ा लाहक है, आप इस बारे में मुझे क्या हुक्म फरमाते हैं? इस ने तो मुझे नमाज़ रोज़े से रोक रखा है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं तुम्हें रुई इस्तेमाल करने का मशवरा देता हूँ, क्योंकि वह खून रोक देगी”, उन्होंने अर्ज़ किया, वह उस से कही ज़्यादा हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तो फिर लंगोट कस ले”, उन्होंने अर्ज़ किया, वह उस से भी है ज़्यादा हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “फिर लंगोट के नीचे कोई कपड़ा रख ले”, उन्होंने अर्ज़ किया, मुआमला उस से कही ज़्यादा शदीद है, मैं तो पानी की तरह खून बहाती हूँ, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “मैं तुम्हें दो उमूर का हुक्म देता हूँ, तुमने उनमें से जो भी कर लिया, वह दूसरे से किफ़ायत कर जाएगा, और अगर तुम दोनों की ताकत रखो तो फिर तुम (अपनी हालत के मुतल्लिक) बेहतर जानती हो”, आप ﷺ ने इसे फ़रमाया: “ये तो एक शैतानी बीमारी है, तुम मामूल के मुताबिक छे या सात दिन तक अपने आप को हाइज़ा तसव्वुर कर लिया करो, फिर ग़ुस्ल करो हत्ता कि जब तुम समझो की तुम पाक साफ़ हो गई हो तो तेईस या चोबीस दिन नमाज़ पढ़ो और रोज़ा रखो, यह तुम्हारे लिए काफी होगा, और तुम हर माह इसी तरह किया करो जिस तरह हैज़ वाली औरते अपने मखसूस अय्याम में और उस से पाक होने के बाद करती है, और अगर तुम यह ताकत रखो के नमाज़ ए ज़ुहर को मोअख़्ख़र कर लो और नमाज़ ए असर को जल्दी कर लो, फिर ज़ुहर व असर को इकट्ठा पढ़ लो, इसी तरह मग़रिब को मोअख़्ख़र कर लो और ईशा को पहले कर लो, फिर ग़ुस्ल कर के दोनों नमाज़े इकट्ठी पढ़ लो,

पस ऐसे किया करो और नमाज़ ए फ़ज़र के लिए ग़ुस्ल करो और रोज़ा रखो, अगर तुम ऐसा कर सको तो करो”, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “और दोनों उमूर में से मुझे यह (गुसल कर के नमाज़ जमा करना) ज़्यादा पसंदीदा है”| (ज़ईफ़,हसन)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (6 / 439 ح 28022) و ابوداؤد (287) و الترمذى (128 وقال : حسن صحيح) [و ابن ماجه : 622 ، 627] * عبدالله بن محمد بن عقيل : ضعيف على الراجح ، تقدم (414)

بَاب الْمُسْتَحَاضَة • मुस्तहाजा का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٥٦٢ - (صَحِيح) عَن أَسمَاء بنت عُمَيْس قَالَت: قُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ فَاطِمَةَ بِنْتَ أَبِي حُبَيْشٍ اسْتُحِيضَتْ مُنْذُ كَذَا وَكَذَا فَلَمْ تُصَلِّ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «سُبْحَانَ اللَّهِ إِنَّ هَذَا مِنَ الشَّيْطَانِ لِتَجْلِسَ فِي مِرْكَنٍ فَإِذَا رَأَتْ صُفَارَةً فَوْقَ الْمَاءِ فَلْتَغْتَسِلْ لِلظُّهْرِ وَالْعَصْرِ غُسْلًا وَاحِدًا وَتَغْتَسِلْ لِلْمَغْرِبِ وَالْعِشَاءِ غُسْلًا وَاحِدًا وَتَغْتَسِلْ لِلْفَجْرِ غُسْلًا وَاحِدًا وَتَوَضَّأُ فِيمَا بَيْنَ ذَلِكَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَقَالَ:

562. अस्मा बिन्ते उमैश रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! ﷺ फ़ातिमा बिन्ते हुबैश रदियल्लाहु अन्हा इतनी मुद्दत से इस्तिहाज़ा में मुब्तिला है, और उस ने इस दौरान नमाज़ नहीं पढ़ी, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सुबहानल्लाह! यह इस्तिहाज़ा शैतान की तरफ से है, वह एक बर्तन में बेठे, अगर वह पानी के ऊपर ज़र्दी देखे तो वह ज़ुहर व असर के लिए एक ग़ुस्ल करे, मग़रिब व ईशा के लिए एक ग़ुस्ल करे और फ़ज़र के लिए एक ग़ुस्ल करे और उन के माबिन ज़ुहर व असर के ग़ुस्ल के माबिन वुज़ू कर ले”| (सहीह,ज़ईफ़,मुस्लिम)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (296) [و صححه الحاكم على شرط مسلم (1 / 174) و وافقه الذهبى] * الزهرى عنعن

٥٦٣ - (مَوْقُوف) رَوَى مُجَاهِدٌ عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: لَمَّا اشْتَدَّ عَلَيْهَا الْغُسْلُ أَمَرَهَا أَنْ تَجْمَعَ بَيْنَ الصَّلَاتَيْنِ

563. और उस ने कहा के मुजाहिद ने इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है, जब उस के लिए ग़ुस्ल करना मुश्किल हो गया तो आप ने इसे दो नमाज़े इकट्ठी पढ़ने का हुक्म फ़रमाया| (सहीह,हसन)

صحيح ، رواه [الدارمى (1 / 221 ح 908 و سنده حسن) و الطحاوى فى معانى الآثار (1 / 101 ، 102)]

نمाज़ का बयान • كتاب الصَّلَاة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٥٦٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الصَّلَوَاتُ الْخَمْسُ وَالْجُمُعَةُ إِلَى الْجُمُعَةِ وَرَمَضَانُ إِلَى رَمَضَانَ مُكَفِّرَاتٌ لَمَّا بَيْنَهُنَّ إِذَا اجْتُنِبَتِ الْكَبَائِرِ» . رَوَاهُ مُسلم

564. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब कबिराह गुनाहों से बचा जाए तो पांच नमाज़े, जुमा दूसरे जुमा तक और रमज़ान दूसरे रमज़ान तक होने वाले सगिरह गुनाहों का कफ्फारा है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (16 / 233)، (552)

٥٦٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " أَرَأَيْتُمْ لَوْ أَنَّ نَهْرًا بِبَابِ أَحَدِكُمْ يَغْتَسِلُ فِيهِ كُلَّ يَوْمٍ خَمْسًا هَلْ يَبْقَى مِنْ دَرَنِهِ شَيْءٌ؟ قَالُوا: لَا يَبْقَى مِنْ دَرَنِهِ شَيْءٌ. قَالَ: فَذَلِكَ مَثَلُ الصَّلَوَاتِ الْخَمْسِ يَمْحُو اللَّهُ بِهِنَّ الْخَطَايَا "

565. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुझे बताओ अगर तुम में से किसी शख़्स के घर के सामने नहर हो और वह हर रोज़ उस में पांच मर्तबा ग़ुस्ल करता हो तो क्या उस के जिस्म पर कोई मेल बाकी रह जाएगा? सहाबा ने अर्ज़ किया, उस के जिस्म पर कोई मेल बाकी नहीं रहेगी आप ने फ़रमाया: यही पांच नमाज़ो की मिसाल है, अल्लाह उन के ज़रिए खताए मिटा देता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (528) و مسلم (283 / 667)، (1522)

٥٦٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: إِنَّ رَجُلًا أَصَابَ مِنِ امْرَأَةٍ قُبْلَةً فَأَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرَهُ فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى: (وَأَقِمِ الصَّلَاةَ طَرَفَيِ النَّهَارِ وَزُلَفًا مِنَ اللَّيْلِ إِن الْحَسَنَات يذْهبن السَّيِّئَات)»» فَقَالَ الرَّجُلُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَلِي هَذَا؟ قَالَ: «لِجَمِيعِ أُمَّتِي كُلِّهِمْ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «لِمَنْ عَمِلَ بِهَا مِنْ أُمَّتِي»

566. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, किसी आदमी ने किसी औरत का बोसा ले लिया फिर उस ने आकर नबी ﷺ को बताया, तो अल्लाह तआला ने यह आयत नाज़िल फरमाई: “दिन के दोनों अतराफ़ और रात की चंद साअतो में नमाज़ पढ़ा करे, यक़ीनन नेकियाँ बुराइओ को दूर कर देती है”, इस आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! यह मेरे लिए खास है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “मेरी सारी उम्मत के लिए है” और एक रिवायत में है: “जिस ने मेरी उम्मत में से उस पर अमल किया”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (526) و مسلم (42 / 2763)، (7004)

٥٦٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ فَقَالَ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أَصَبْتُ حَدًّا فأقمه عَليّ قَالَ وَلم يسْأَله عَنهُ قَالَ وَحَضَرَتِ الصَّلَاةُ فَصَلَّى مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا قَضَى النَّبِيُّ ص:١٨ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الصَّلَاة قَامَ إِلَيْهِ الرَّجُلُ فَقَالَ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أَصَبْتُ حَدًّا فأقم فِي كتاب الله قَالَ أَلَيْسَ قَدْ صَلَّيْتَ مَعَنَا قَالَ نَعَمْ قَالَ فَإِنَّ اللَّهَ قَدْ غَفَرَ لَكَ ذَنْبَكَ أَو قَالَ حدك "

567. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी आया उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैं मौजुब हद वाला अमल कर बैठा हूँ लिहाज़ा आप मुझ पर हद कायम फरमाइए, रावी बयान करते हैं, आप ﷺ ने उस से इस (अमल) के मुतल्लिक कुछ दरियाफ्त न किया, इतने में नमाज़ का वक़्त हो गया, तो इस ने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ नमाज़ पढ़ी, जब नबी ﷺ नमाज़ अदा कर चुके तो वह आदमी खड़ा हुआ और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैं (ऐसा काम किया है के) हद को पहुँच चूका हूँ, लिहाज़ा आप मेरे मुतल्लिक अल्लाह का हुक्म नाफ़िज़ फरमाइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम ने हमारे साथ नमाज़ नहीं पढ़ी? उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह ने तुम्हारे गुनाह या तुम्हारी हद को मुआफ़ फरमा दिया”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخاری (6733) و مسلم (44 / 2764)، (7006)

٥٦٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: سَأَلْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَي الْأَعْمَال أحب إِلَى الله قَالَ: «الصَّلَاةُ لِوَقْتِهَا» قُلْتُ ثُمَّ أَيُّ قَالَ: «بِرُّ الْوَالِدَيْنِ» قُلْتُ ثُمَّ أَيُّ قَالَ: «الْجِهَادُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ» قَالَ حَدَّثَنِي بِهِنَّ وَلَوِ استزدته لزادني

568. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ से दरियाफ्त किया के अल्लाह को कौन सा अमल सबसे ज़्यादा महबूब है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “वक़्त पर नमाज़ अदा करना”, मैंने अर्ज़ किया: फिर कौन सा? आप ﷺ ने फ़रमाया: “वालिदेन से अच्छा सुलूक करना”, मैंने अर्ज़ किया: फिर कौन सा? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह की राह में जिहाद करना”, इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, आप ने मुझे यह बाते बताइ, अगर में मज़ीद दरियाफ्त करता तो आप मुझे और ज़्यादा बताते| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخاری (527) و مسلم (139 / 85)، (254)

٥٦٩ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «بَيْنَ الْعَبْدِ وَبَيْنَ الْكُفْرِ ترك الصَّلَاة» . رَوَاهُ مُسلم

569. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “मोमिन बंदे और कुफ्र के दरमियान फर्क नमाज़ का तर्क करना है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (134 / 82)، (246)

نماز़ का बयान • كتاب الصَّلَاة

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٥٧٠ - (صَحِيح) عَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خَمْسُ صَلَوَاتٍ افْتَرَضَهُنَّ اللَّهُ تَعَالَى مَنْ أَحْسَنَ وُضُوءَهُنَّ وَصَلَّاهُنَّ لوقتهن وَأَتم ركوعهن خشوعهن كَانَ لَهُ عَلَى اللَّهِ عَهْدٌ أَنْ يَغْفِرَ لَهُ وَمَنْ لَمْ يَفْعَلْ فَلَيْسَ لَهُ عَلَى اللَّهِ عَهْدٌ إِنْ شَاءَ غَفَرَ لَهُ وَإِنْ شَاءَ عَذَّبَهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَرَوَى مَالك وَالنَّسَائِيّ نَحوه

570. उबादा बिन सामित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह तआला ने पांच नमाज़े फ़र्ज़ की है, जिस शख़्स ने इन के लिए अच्छी तरह वुज़ू किया, उन्हें उन के वक़्त पर अदा किया और उन के रुकूअ व खुशु को मुकम्मल किया तो अल्लाह का उस के लिए अहद है के वह इसे मुआफ़ फरमादेगा और जिस ने ऐसे न किया तो उस से अल्लाह का कोई अहद नहीं, अगर वह चाहे तो इसे मुआफ़ फरमादे, और अगर चाहे तो उसे सज़ा दे”| अहमद, अबू दावुद, जबकि मालिक और इमाम नसई ने भी उसकी तरह रिवायत किया है| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (5 / 317 ح 23080) و ابوداؤد (1420) و مالک (1 / 123 ح 267) و النسائی (1 / 230 ح 462) [و ابن ماجه (1401) و صححه ابن حبان (252 ، 253)

٥٧١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «صَلُّوا خَمْسَكُمْ وَصُومُوا ص:١٨ شَهْرَكُمْ وَأَدُّوا زَكَاةَ أَمْوَالِكُمْ وَأَطِيعُوا ذَا أَمْرِكُم تدْخلُوا جنَّة ربكُم» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ

571. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपनी पांच (फ़र्ज़) नमाज़े पढ़ो, अपने माह (ए रमज़ान) के रोज़े रखो, अपने अमवाल की ज़कात दो, और अमीर की इताअत करो तो इस तरह तुम अपने रब की जन्नत में दाखिल हो जाओगे”| (सहीह,हसन,मुस्लिम)

اسناده حسن ، رواه احمد (5 / 251 ح 22514) و الترمذی (616 وقال : حسن صحیح) [و صححه الحاکم علی شرط مسلم 1 / 9 و وافقه الذهبی]

٥٧٢ - (حسن) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مُرُوا أَوْلَادَكُمْ بِالصَّلَاةِ وَهُمْ أَبْنَاءُ سَبْعِ سِنِينَ وَاضْرِبُوهُمْ عَلَيْهَا وَهُمْ أَبْنَاءُ عَشْرِ سِنِين وَفَرِّقُوا بَيْنَهُمْ فِي الْمَضَاجِعِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَكَذَا رَوَاهُ فِي شرح السّنة عَنهُ

572. अम्र बिन शुऐब रहिमहुल्लाह अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम्हारे बच्चे सात बरस के हो जाए तो उन्हें नमाज़ के मुतल्लिक हुक्म दो, और जब वह दस बरस के हो जाए (और वह उस में कोताही करे) तो उन्हें उस पर सज़ा दो, और उन के बिस्तर अलग

कर दो”| अबू दावुद, और शरह सुन्ना मैं भी इस तरह रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (495) و البغوی فی شرح السنة (2 / 406 ح 505)

٥٧٣ - (حسن) وَفِي المصابيح عَن سُبْرَة بن معبد

573. मसाबिह में सबरह बिन मअबद रदियल्लाहु अन्हु से मरवी है| (सहीह)

صحيح ، رواه البغوی فی المصابيح (1 / 253 ح 400) [و ابوداؤد (494) و الترمذی (407 و صححه)]

٥٧٤ - (صَحِيح) وَعَنْ بُرَيْدَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْعَهْدُ الَّذِي بَيْنَنَا وَبَيْنَهُمُ الصَّلَاةُ فَمَنْ تَرَكَهَا فَقَدْ كَفَرَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ وَابْن مَاجَه

574. बुरैदाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हमारे और उन (मुनाफिकिन) के दरमियान में नमाज़ अहद है पस जिस ने इसे तर्क किया तो उस ने कुफ्र किया”| (सहीह,हसन)

اسناده صحيح ، رواه احمد (5 / 346 ح 23325) و الترمذی (2621 وقال : حسن صحيح غريب) و النسائی (1 / 231 ، 232 ح 464) و ابن ماجه (1079) [و صححه ابن حبان (255) و الحاکم (1 / 6 ، 7) و وافقه الذهبی]

كتاب الصَّلَاة • नमाज़ का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٥٧٥ - (صَحِيح) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي عَالَجْتُ امْرَأَةً فِي أَقْصَى الْمَدِينَةِ وَإِنِّي أَصَبْتُ مِنْهَا مَا دُونَ أَنْ أَمَسَّهَا فَأَنَا هَذَا فَاقْضِ فِيَّ مَا شِئْتَ. فَقَالَ عُمَرُ لَقَدْ سَتَرَكَ اللَّهُ لَو سترت نَفْسكَ. قَالَ وَلَمْ يَرُدَّ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَيْهِ شَيْئًا فَقَامَ الرَّجُلُ فَانْطَلَقَ فَأَتْبَعَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَجُلًا فَدَعَاهُ وتلا عَلَيْهِ هَذِه الْآيَة (أقِم الصَّلَاةَ طَرَفِي النَّهَارِ وَزُلَفًا مِنَ اللَّيْلِ إِنَّ الْحَسَنَات يذْهبن السَّيِّئَات ذَلِك ذكرى لِلذَّاكِرِينَ)»» فَقَالَ رَجُلٌ مِنَ الْقَوْمِ يَا نَبِيَّ اللَّهِ هَذَا لَهُ خَاصَّة قَالَ: «بل للنَّاس كَافَّة» . رَوَاهُ مُسلم

575. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने मदीना के दूसरे किनारे एक औरत से तिब्ब आज़माई की, मैंने जिमाअ के अलावा उस के साथ सब कुछ किया, चुनान्चे में हाज़िर हूँ, आप मेरे मुतल्लिक जो चाहे फैसला फरमाइए, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने इसे कहा: अल्लाह ने तुम्हारी परदापोशी की थी काश की तुम भी अपने परदापोशी करते, रावी बयान करते हैं, नबी ﷺ ने इसे कोई जवाब न दिया, और वह आदमी खड़ा हुआ और चला गया, चुनांचे नबी ﷺ ने किसी आदमी को उस के पीछे भेजा तो उसे बुलाकर यह आयत सुनाई: “दिन के दोनों अतराफ़

और रात की चंद साअतो में नमाज़ पढ़ा करे, यक़ीनन नेकियाँ बुराइओ को दूर कर देती है और यह नसीहत कबूल करने वालो के लिए नसीहत है”, हाज़िरिन में से किसी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के नबी! यह उस के लिए खास है? तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं, बल्कि तमाम लोगों के लिए है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (42 / 2763)، (7004)

٥٧٦ - (حسن) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: خَرَجَ زَمَنَ الشِّتَاءِ وَالْوَرَقُ يَتَهَافَتُ فَأَخَذَ بِغُصْنَيْنِ مِنْ شَجَرَةٍ قَالَ فَجَعَلَ ذَلِكَ الْوَرَقُ يَتَهَافَتُ قَالَ فَقَالَ: «يَا أَبَا ذَرٍّ» قُلْتُ لَبَّيْكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «إِنَّ العَبْد الْمُسلم ليصل الصَّلَاة يُرِيد بهَا وَجه الله فتهافت عَنهُ ذنُوبه كَمَا يتهافت هَذَا الْوَرَقُ عَنْ هَذِهِ الشَّجَرَةِ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ

576. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ पतझड़ में बाहर तशरीफ़ लाए तो आप ﷺ ने दो शाखों को पकड़ा, रावी ने बयान किया के पत्ते गिरने लगे और आप ﷺ ने फ़रमाया: “ए अबू ज़र! मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! हाज़िर हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक मुसलमान बंदा अल्लाह की रज़ा के लिए नमाज़ पढ़ता है तो उस से गुनाह ऐसे झड़ जाते हैं जैसे इस दरख्त से पत्ते गिरते है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (5 / 179 ح 21889) * فيه مزاحم بن معاوية الضبى مجهول الحال وثقه ابن حبان وحده من المتقدمين و للحديث شواهد ضعيفة ، انظر تنقيح الرواة (1 / 100)

٥٧٧ - (حسن) وَعَن زيد بن خَالِد الْجُهَنِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ صَلَّى سَجْدَتَيْنِ لَا يَسْهُو فِيهِمَا غَفَرَ اللَّهُ لَهُ مَا تَقَدَّمَ مِنْ ذَنْبِهِ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ

577. ज़ैद बिन खालिद अल जुहनी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स हुज़ूर ए क़ल्ब से दो रकते पढ़ता है तो अल्लाह उस के पिछले गुनाह मुआफ़ फरमा देता है”| (सहीह,हसन,मुस्लिम)

حسن ، رواه احمد (5 / 194 ح 22033) [و ابوداؤد (905 مطولاً) و صححه الحاكم على شرط مسلم (1 / 132) و وافقه الذهبى]

٥٧٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ عَنْ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَنَّهُ ذَكَرَ الصَّلَاةَ يَوْمًا فَقَالَ: «مَنْ حَافَظَ عَلَيْهَا كَانَتْ لَهُ نُورًا وَبُرْهَانًا وَنَجَاةً يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَمن لم يحافظ عَلَيْهَا لم يكن لَهُ نور وَلَا برهَان وَلَا نجاة وَكَانَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ مَعَ قَارُونَ وَفِرْعَوْنَ وَهَامَانَ وَأُبَيِّ بْنِ خَلَفٍ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالدَّارِمِيُّ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

578. अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने एक रोज़ नमाज़ का ज़िक्र करते हुए फ़रमाया: “जिस ने नमाज़ की हिफाज़त व पाबन्दी की तो वह इस शख़्स के लिए रोज़

ए कियामत नूर, दलील और निजात होगी, और जिस ने उसकी हिफाज़त व पाबन्दी न की तो रोज़ ए कियामत उस के लिए नूर, दलील और निजात नहीं होगी और वह कारून, फिरोन, हामान और अबी बिन खल्फ के साथ होगा"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (2 / 169 ح 6576) و الدارمی (2 / 301 ، 302 ح 2724) و البیھقی فی شعب الایمان (2823) * عیسی بن ھلال : وثقه الحاکم و الجمھور وھو حسن الحدیث (انظر نیل المقصود : 1399)

٥٧٩ - (صَحِيح) وَعَن عبد الله بن شَقِيق قَالَ: كَانَ أَصْحَابُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَا يَرَوْنَ شَيْئًا مِنَ الْأَعْمَالِ تَرْكه كفر غير الصَّلَاة. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

579. अब्दुल्लाह बिन शकिक रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा आमाल में सिर्फ तर्क ए नमाज़ को कुफ्र तसव्वुर किया करते थे| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (2622) [و للحدیث لون آخر عند الحاکم (1 / 7 ح 12)]

٥٨٠ - (حسن) وَعَن أبي الدَّرْدَاء قَالَ: أَوْصَانِي خَلِيلِي أَنْ لَا تُشْرِكَ بِاللَّهِ شَيْئًا وَإِنْ قُطِّعْتَ وَحُرِّقْتَ وَلَا تَتْرُكْ صَلَاةً مَكْتُوبَة مُتَعَمدا فَمن تَركهَا مُتَعَمدا فقد بَرِئت مِنْهُ الذِّمَّةُ وَلَا تَشْرَبِ الْخَمْرَ فَإِنَّهَا مِفْتَاحُ كل شَرّ. رَوَاهُ ابْن مَاجه

580. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मेरे खलील (नबी ﷺ) ने मुझे वसीयत फरमाई के अल्लाह के साथ किसी को शरीक न बनाना ख्वाह तुम्हें टुकड़े टुकड़े कर दिया जाए और ख्वाह तुम्हें जला दिया जाए, और जान बुझ कर फ़र्ज़ नमाज़ तर्क न करना, जिस ने जान बुझकर इसे तर्क कर दिया तो उस से ज़िम्मा उठ गया, और शराब न पीना क्योंकि वह तमाम बुराइओ की चाबी है"| (हसन)

حسن ، رواه ابن ماجه (4034) [و حسنه البوصیری] * فیه شھر بن حوشب : حسن الحدیث و للحدیث شواھد

• بَاب الْمَوَاقِيت — नमाज़ के वक्तो का बयान

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

٥٨١ - (صَحِيح) عَن عبد اللَّهِ ابْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَقْتُ الظُّهْرِ إِذَا زَالَتِ الشَّمْسُ وَكَانَ ظِلُّ الرَّجُلِ كَطُولِهِ مَا لَمْ يَحْضُرِ الْعَصْرُ وَوَقْتُ الْعَصْرِ مَا لَمْ تَصْفَرَّ الشَّمْسُ وَوَقْتُ صَلَاةِ الْمَغْرِبِ مَا لَمْ يَغِبِ الشَّفَقُ وَوَقْتُ صَلَاةِ الْعِشَاءِ إِلَى نِصْفِ اللَّيْلِ الْأَوْسَطِ وَوَقْتُ صَلَاةِ الصُّبْحِ مِنْ طُلُوعِ الْفَجْرِ مَا لَمْ تَطْلُعِ الشَّمْسُ فَإِذَا طَلَعَتِ الشَّمْسُ فَأَمْسِكْ عَنِ الصَّلَاة فَإِنَّهَا تطلع بَين قَرْنَي شَيْطَان» . رَوَاهُ مُسلم

581. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नमाज़ ए ज़ुहर का वक़्त ज़वाल ए आफ़ताब से शुरू होता है और आदमी का साया उस के कद के बराबर हो जाने और असर का वक़्त न होने तक रहता है, और असर का वक़्त सूरज के ज़र्द हो जाने से पहले तक रहता है, और मग़रिब का वक़्त शफ़क़(गुरूब ए आफ़ताब के बाद अफक पर जो सुरखी होती है) के रहने तक रहता है, और ईशा का वक़्त आधी रात तक रहता है जबकि नमाज़ ए फज़्र का वक़्त तुलुए फज़्र से तुलुए आफ़ताब से पहले तक रहता है, और जब सूरज तुलुअ होने लगे तो फिर नमाज़ न पढ़ो क्योंकि वह शैतान के सींगो के दरमियान से तुलुअ होता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (173 / 612)، (1388)

٥٨٢ - (صَحِيح) وَعَن بُرَيْدَة قَالَ: أَنَّ رَجُلًا سَأَلَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ وَقْتِ الصَّلَاةِ فَقَالَ لَهُ: «صَلِّ مَعَنَا هَذَيْنِ» يَعْنِي الْيَوْمَيْنِ فَلَمَّا زَالَتِ الشَّمْسُ أَمَرَ بِلَالًا فَأَذَّنَ ثُمَّ أَمَرَهُ فَأَقَامَ الظُّهْرَ ثُمَّ أَمَرَهُ فَأَقَامَ الْعَصْرَ وَالشَّمْسُ مُرْتَفِعَةٌ بَيْضَاءُ نَقِيَّةٌ ثُمَّ أَمَرَهُ فَأَقَامَ الْمَغْرِبَ حِينَ غَابَتِ الشَّمْسُ ثُمَّ أَمَرَهُ فَأَقَامَ الْعِشَاءَ حِينَ غَابَ الشَّفَقُ ثُمَّ أَمَرَهُ فَأَقَامَ الْفَجْرَ حِينَ طَلَعَ الْفَجْرُ فَلَمَّا أَنْ كَانَ ص:١٨ الْيَوْمُ الثَّانِي أَمَرَهُ فَأَبْرَدَ بِالظُّهْرِ فَأَبْرَدَ بِهَا فَأَنْعَمَ أَنْ يُبْرِدَ بِهَا وَصَلَّى الْعَصْرَ وَالشَّمْسُ مُرْتَفِعَةٌ أَخَّرَهَا فَوْقَ الَّذِي كَانَ وَصَلَّى الْمَغْرِبَ قَبْلَ أَنْ يَغِيبَ الشَّفَقُ وَصَلَّى الْعِشَاءَ بَعْدَمَا ذَهَبَ ثُلُثُ اللَّيْلِ وَصَلَّى الْفَجْرَ فَأَسْفَرَ بِهَا ثُمَّ قَالَ أَيْنَ السَّائِلُ عَنْ وَقْتِ الصَّلَاةِ فَقَالَ الرَّجُلُ أَنَا يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «وَقْتُ صَلَاتِكُمْ بَين مَا رَأَيْتُمْ» . رَوَاهُ مُسلم

582. बुरैदाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, किसी आदमी ने नमाज़ो के अवकात के बारे में रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने इसे फ़रमाया: “तुम दो दिन हमारे साथ नमाज़ पढ़ो”, जब सूरज ढल गया तो आप ने बिलाल को हुक्म फ़रमाया तो उन्होंने आज़ान दी, फिर आप ने हुक्म दिया तो उन्होंने इकामत कही, फिर आप ने उन्हें हुक्म दिया तो उन्होंने असर के लिए इकामत कही, जबकि सूरज बुलंद साफ़ चमक दार था, फिर आप ने उन्हें हुक्म दिया तो उन्होंने सूरज गुरूब हो जाने पर मग़रिब के लिए इकामत कही, और फिर जब शफ़क़गायब हो गई तो आप ने उन्हें नमाज़ ए ईशा के लिए इकामत कहने का हुक्म फ़रमाया, फिर जब फज़्र तुलुअ हो गया तो आप ने उन्हें नमाज़ ए फज़्र के लिए इकामत कहने का हुक्म फ़रमाया, दूसरे रोज़ आप ने उन्हें ज़ुहर को ठंडा करने का हुक्म फ़रमाया तो उन्होंने इसे खूब मोअख़्ख़र किया, आप ने असर पढ़ी जबकि सूरज बुलंद था, आप ने गुज़िश्ता रोज़ से इसे मोअख़्ख़र किया, आप ने शफ़क़गायब हो जाने से पहले मग़रिब पढ़ी और तिहाई रात गुज़र जाने के बाद ईशा पढ़ी, और फज़्र तुलुअ फज़्र के रोशन हो जाने पर पढ़ी, फिर फ़रमाया: “नमाज़ो के अवकात मालुम करने वाला शख़्स कहाँ है?” तो इस आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैं हाज़िर हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारी नमाज़ो का वक़्त उन अवकात के दरमियान में है जिस का तुम मुलाहेज़ा कर चुके हो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (176 / 613)، (1391)

नमाज़ के वक्तो का बयान • بَاب الْمَوَاقِيت

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٥٨٣ - (صَحِيح) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَمَّنِي جِبْرِيلُ عِنْدَ الْبَيْتِ مَرَّتَيْنِ فَصَلَّى بِيَ الظُّهْرَ حِينَ زَالَتِ الشَّمْسُ وَكَانَتْ قَدْرَ الشِّرَاكِ وَصَلَّى بِيَ الْعَصْرَ حِين كَانَ ظلّ كل شَيْء مثله وَصلى بِي يَعْنِي الْمغرب حِين أفطر الصَّائِم وَصلى بِي الْعشَاء حِينَ غَابَ الشَّفَقُ وَصَلَّى بِيَ الْفَجْرَ حِينَ حَرُمَ الطَّعَامُ وَالشَّرَابُ عَلَى الصَّائِمِ فَلَمَّا كَانَ الْغَدُ صَلَّى بِيَ الظُّهْرَ حِينَ كَانَ ظِلُّهُ مِثْلَهُ وَصَلَّى بِيَ الْعَصْرَ حِينَ كَانَ ظِلُّهُ مِثْلَيْهِ وَصَلَّى بِيَ الْمَغْرِبَ حِينَ أَفْطَرَ الصَّائِمُ وَصَلَّى بِيَ الْعِشَاءَ إِلَى ثُلُثِ اللَّيْلِ وَصَلَّى بِيَ الْفَجْرَ فَأَسْفَرَ ثُمَّ الْتَفَتَ إِلَيَّ فَقَالَ يَا مُحَمَّدُ هَذَا وَقْتُ الْأَنْبِيَاءِ مِنْ قَبْلِكَ وَالْوَقْتُ مَا بَيْنَ هَذَيْنِ الْوَقْتَيْنِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ

583. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिब्राइल अलैहिस्सलाम ने बैतुल्लाह के करीब मुझे दो मर्तबा नमाज़ पढ़ाई, (एक मर्तबा) जब सूरज तस्मिया के बराबर ढल गया तो उन्होंने मुझे ज़ुहर पढ़ाई, और जब हर चिज़ का साया इस (चीज़) के मिसल हो गया तो उन्होंने मुझे असर पढ़ाई, जिस वक़्त रोज़दार इफ्तार करता है इस वक़्त मुझे मग़रिब पढ़ाई, और शफ़क़ख़त्म हो जाने पर मुझे ईशा पढ़ाई, और जिस वक़्त रोज़दार पर खाना पीना हराम हो जाता है जिस वक़्त मुझे फज़र पढ़ाई, पस अगला रोज़ हुआ तो उन्होंने मुझे ज़ुहर इस वक़्त पढ़ाई जब हर चिज़ का साया इस (चीज़) के मिसल हो गया और जब हर चिज़ का साया दो मिसल हो गया तो मुझे असर पढ़ाई, और जिस वक़्त रोज़दार इफ्तार करता है इस वक़्त मुझे मग़रिब पढ़ाई, और तिहाई रात गुज़रने पर मुझे ईशा पढ़ाई, और सुबह रोशन हो जाने पर नमाज़ ए फज़र पढ़ाई, फिर वह मेरी तरफ मुतवज्जे हुए और फ़रमाया मुहम्मद यह आप से पहले अंबिया अलैहिस्सलाम का वक़्त है और नमाज़ो का वक़्त इन्ही दो अवकात के दरमियान में है”| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (393) و الترمذی (149) [و صححه ابن خزیمة (325) و ابن الجارود (149 ، 150) و الحاکم (1 / 193)]

नमाज़ के वक्तो का बयान • بَاب الْمَوَاقِيت

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٥٨٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن ابْنِ شِهَابٍ أَنَّ عُمَرَ بْنَ عَبْدِ الْعَزِيزِ أَخَّرَ الْعَصْرَ شَيْئًا فَقَالَ لَهُ عُرْوَةُ: أَمَا إِنَّ جِبْرِيلَ قَدْ نَزَلَ فَصَلَّى أَمَامَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ لَهُ عُمَرُ: اعْلَمْ مَا تَقُولُ يَا عُرْوَةُ فَقَالَ: سَمِعْتُ بَشِيرَ بْنَ أَبِي مَسْعُودٍ يَقُولُ سَمِعْتُ أَبَا مَسْعُودٍ يَقُولُ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «نَزَلَ جِبْرِيلُ فَأَمَّنِي فَصَلَّيْتُ مَعَهُ ثُمَّ صَلَّيْتُ مَعَهُ ثُمَّ صَلَّيْتُ مَعَهُ ثُمَّ صَلَّيْتُ مَعَهُ ثُمَّ صَلَّيْتُ مَعَهُ» يحْسب بأصابعه خمس صلوَات

584. इब्ने शिहाब ज़ुहरी रहिमहुल्लाह से रिवायत है के उमर बिन अब्दुल अज़ीज़ रहिमहुल्लाह ने नमाज़ ए असर

में कुछ ताख़ीर की तो उरवा (बिन ज़ुबैर (रह)) ने उन्हें कहा: आगाह रहो के जिब्राइल अलैहिस्सलाम तशरीफ़ लाए तो उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ के आगे नमाज़ पढ़ी, तो उमर रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: उरवा तुम्हें पता होना चाहिए की तुम क्या कर रहे हो, उन्होंने कहा: मैंने बशीर बिन अबी मसउद रहिमहुल्लाह को बयान करते हुए सुना, उन्होंने कहा: मैंने अबू मसउद रदियल्लाहु अन्हु से सुना वह बयान करते हैं, के मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिब्राइल अलैहिस्सलाम तशरीफ़ लाए तो उन्होंने मेरी इमामत कराइ तो मैंने उन के साथ नमाज़ पढ़ी, फिर मैंने उन के साथ (दूसरी) नमाज़ पढ़ी, फिर मैंने उन के साथ नमाज़ पढ़ी, फिर मैंने उन के साथ नमाज़ पढ़ी, फिर मैंने उन के साथ नमाज़ पढ़ी”, यूँ पांच दफा अपने उंगलियों पर शुमार किया| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (3221) و مسلم (166 / 160)، (1379)

٥٨٥ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ: أَنَّهُ كَتَبَ إِلَى عُمَّالِهِ إِنَّ أَهَمَّ أُمُورِكُمْ عِنْدِي الصَّلَاة فَمن حَفِظَهَا وَحَافَظَ عَلَيْهَا حفِظَ دِينَهُ وَمَنْ ضَيَّعَهَا فَهُوَ لِمَا سِوَاهَا أَضْيَعُ ثُمَّ كَتَبَ أَنْ صلوا الظّهْر إِذا كَانَ الْفَيْءُ ذِرَاعًا إِلَى أَنْ يَكُونَ ظِلُّ أَحَدِكُمْ مِثْلَهُ وَالْعَصْرَ وَالشَّمْسُ مُرْتَفِعَةٌ بَيْضَاءُ نَقِيَّةٌ قَدْرَ مَا يَسِيرُ الرَّاكِبُ فَرْسَخَيْنِ أَوْ ثَلَاثَةً قبل مغيب الشَّمْس وَالْمغْرب إِذا غربت الشَّمْسُ وَالْعِشَاءَ إِذَا غَابَ الشَّفَقُ إِلَى ثُلُثِ اللَّيْلِ فَمَنْ نَامَ فَلَا نَامَتْ عَيْنُهُ فَمَنْ نَامَ فَلَا نَامَتْ عَيْنُهُ فَمَنْ نَامَ فَلَا نَامَتْ عَيْنُهُ وَالصُّبْحَ وَالنُّجُومُ بَادِيَةٌ مُشْتَبِكَةٌ. رَوَاهُ مَالك

585. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के आप ने अपने गवर्नर के नाम ख़त लिखा के मेरे नज़दीक तुम्हारा सबसे अहम काम नमाज़ है, जिस ने उसकी हिफाज़त व पाबन्दी की उस ने अपने दीन की हिफाज़त की, और जिस ने इसे ज़ाए किया तो फिर वह उस के अलावा दीगर उमूर ए दीन को ज़्यादा ज़ाए करने वाला है, फिर आप ने लिखा के नमाज़ ए ज़ुहर का वक़्त यह है कि साया एक हाथ हो और यह इस वक़्त तक रहता है के तुम में से हर एक का साया इस (आदमी) के साए के बराबर हो जाए, और नमाज़ ए असर का वक़्त यह है कि सूरज बुलंद, सफ़ेद और चमक दार हो और इतना वक़्त हो के सवार गुरूब ए आफ़ताब से पहले दो या तीन फ़रसख (तकरीबन दस या पन्द्रह किलो मीटर) का फासला तेअ कर सके और नमाज़ ए मग़रिब का वक़्त वह है जब सूरज गुरूब हो जाए, और नमाज़ ए ईशा का वक़्त शफ़क़ख़त्म होने से शुरू होता है और तिहाई रात तक रहता है, पस जो शख़्स सो जाए तो (अल्लाह करे) उसकी आँख को आराम हासिल न हो, जो शख़्स सो जाए तो उसकी आँख को आराम हासिल न हो, जो सो जाए तो (अल्लाह करे) उसकी आँख को आराम हासिल न हो और सुबह का वक़्त वह है की जब सुबह सादिक हो जाए लेकिन सितारे अभी नुमाया हो| (सहीह)

صحیح ، رواه مالک (1 / 6 ، 7 ح 5) * السند منقطع و للاثر طرق کثیرة عند مالک و غیره (انظر الموطا 1 / 7 و سنده صحیح)

٥٨٦ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: كَانَ قَدْرُ صَلَاةِ رَسُول الله صلى الله عَلَيْهِ وَسلم الظّهْر فِي الصَّيْفِ ثَلَاثَةَ أَقْدَامٍ إِلَى خَمْسَةِ أَقْدَامٍ وَفِي الشِّتَاءِ خَمْسَةَ أَقْدَامٍ إِلَى سَبْعَةِ أَقْدَامٍ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

586. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ मौसमे गर्मी में नमाज़ ए ज़ुहर इस वक़्त पढ़ते

थे जब आदमी का साया तीन कदम से पांच कदम तक होता जबकि मौसमे सरमा में साया पांच से सात कदम तक होता| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (400) و النسائی (1 / 250 ، 251 ح 504)

بَاب تَعْجِيل الصَّلَوَات • अव्वल वक़्त में नमाज़ पढ़ने के तरीके का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٥٨٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ سَيَّارِ بْنِ سَلَامَةَ قَالَ: دَخَلْتُ أَنَا وَأَبِي عَلَى أَبِي بَرْزَةَ الْأَسْلَمِيِّ فَقَالَ لَهُ أَبِي كَيْفَ كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي الْمَكْتُوبَةَ فَقَالَ كَانَ يُصَلِّي الْهَجِيرَ الَّتِي تَدْعُونَهَا الْأُولَى حِينَ تَدْحَضُ الشَّمْسُ وَيُصلي الْعَصْر ثُمَّ يَرْجِعُ أَحَدُنَا إِلَى رَحْلِهِ فِي أَقْصَى الْمَدِينَةِ وَالشَّمْسُ حَيَّةٌ وَنَسِيتُ مَا قَالَ فِي الْمغرب وَكَانَ يسْتَحبّ أَن يُؤَخر الْعشَاء الَّتِي تَدْعُونَهَا الْعَتَمَةَ وَكَانَ يَكْرَهُ النَّوْمَ قَبْلَهَا والْحَدِيث بعْدهَا وَكَانَ يَنْفَتِل مِنْ صَلَاةِ الْغَدَاةِ حِينَ يَعْرِفُ الرَّجُلُ جَلِيسَهُ وَيَقْرَأُ بِالسِتِّينَ إِلَى الْمِائَةِ. وَفِي رِوَايَةٍ: وَلَا يُبَالِي بِتَأْخِيرِ الْعِشَاءِ إِلَى ثُلُثِ اللَّيْلِ وَلَا يُحِبُّ النَّوْمَ قَبْلَهَا وَالْحَدِيثَ بَعْدَهَا

587. सय्यार बिन सलाम रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैं और मेरे वालिद अबू बुरैज़ा असलमी रदियल्लाहु अन्हु के पास गए तो मेरे वालिद ने उन से रसूलुल्लाह ﷺ की फ़र्ज़ नमाज़ की कैफियत के बारे में दरियाफ्त किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: आप नमाज़ ए ज़ुहर, जिसे तुम पहली नमाज़ कहते हो, इस वक़्त पढ़ा करते थे जब सूरज ढल जाता, आप नमाज़ ए असर पढ़ते तो फिर हम में से कोई मदीना के आखिरी किनारे वाकेअ अपने रिहाइश गाह पर वापस जाता तो सूरज बिलकुल सफ़ेद और चमक दार होता था, रावी बयान करते हैं, मैं मग़रिब के बारे में भूल गया के उन्होंने क्या कहा था, और जब आप नमाज़ ए ईशा जिसे तुम (अतमह) कहते हो, को ताखीर से पढ़ना पसंद फरमाते थे, आप इस (नमाज़ ए ईशा) से पहले सो जाना और उस के बाद बाते करना, ना पसंद फरमाते थे, और आप नमाज़ ए फज़र में सलाम फेर कर नमाज़ियो की तरफ रुख फरमाते तो इस वक़्त हर नमाज़ी अपने साथ वाले नमाज़ी को पहचान लेता था, और आप साठ से सौ आयात तक तिलावत फ़रमाया करते थे, और एक रिवायत में है आप ﷺ नमाज़ ए ईशा को तिहाई रात तक बगैर किसी परवाह के मोअख़्ख़र कर दिया करते थे, और आप नमाज़ ए ईशा से पहले सोना और उस के बाद बाते करने को ना पसंद किया करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (541) و مسلم (235 / 647)، (1462)

٥٨٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن مُحَمَّد بن عَمْرو هُوَ ابْن الْحَسَنِ بْنِ عَلِيٍّ قَالَ: سَأَلْنَا جَابِرَ بْنَ عَبْدِ اللَّهِ عَنْ صَلَاةِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ كَانَ يُصَلِّي الظُّهْرَ بِالْهَاجِرَةِ وَالْعَصْرَ وَالشَّمْسُ حَيَّةٌ وَالْمَغْرِبَ إِذَا وَجَبَتْ وَالْعِشَاءَ إِذَا كَثُرَ النَّاسُ عَجَّلَ وَإِذَا قَلُّوا أَخَّرَ وَالصُّبْح بِغَلَس

588. मुहम्मद बिन अम्र बिन हसन बिन अली रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, हमने जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से नबी ﷺ की नमाज़ो के बारे में दरियाफ्त किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: आप नमाज़ ए ज़ुहर ज़वाल ए आफ़ताब के फ़ौरन बाद जबकि असर इस वक़्त पढ़ते जब सूरज खूब रोशन और चमक दार होता, और मग़रिब इस वक़्त पढ़ते जब सूरज गुरूब हो जाता, जबकि ईशा के बारे में ऐसे था की जब लोग ज़्यादा इकठ्ठे हो जाते तो आप ﷺ जल्दी पढ़ लेते और जब नमाज़ी कम होते तो उसे ताखीर से पढ़ते और फ़ज़र की नमाज़ तारीकी में पढ़ा करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (565) و مسلم (233 / 646)، (1488)

٥٨٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كُنَّا إِذَا صَلَّيْنَا خَلْفَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِالظَّهَائِرِ سَجَدْنَا على ثيابنا اتقاء الْحر

589. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब हम नबी ﷺ के पीछे नमाज़ ए ज़ुहर पढ़ा करते थे तो हम गर्मी से बचने के लिए अपने कपड़ो पर (सर रख कर) सजदाह किया करते थे| बुखारी, मुस्लिम, और मज़कुरह अल्फाज़ सहीह बुखारी के है| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (542) و مسلم (191 / 620)، (1407)

٥٩٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا اشْتَدَّ الْحَرُّ فَأَبْرِدُوا بِالصَّلَاةِ»

590. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब गर्मी शदीद हो तो फिर नमाज़ ए ज़ुहूर पढ़ने में ताखीर करो”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (533) و مسلم (180 / 615)، (1395) 0 حدیث ابی سعید : رواه البخاری (538)

٥٩١ - وَفِي رِوَايَةٍ لِلْبُخَارِيِّ عَنْ أَبِي سَعِيدٍ: " بِالظُّهْرِ فَإِنَّ شِدَّةَ الْحَرِّ مِنْ فَيْحِ جَهَنَّمَ وَاشْتَكَتِ النَّارُ إِلَى رَبِّهَا فَقَالَتْ: رَبِّ أَكَلَ بَعْضِي بَعْضًا فَأَذِنَ لَهَا بِنَفَسَيْنِ نَفَسٍ فِي الشِّتَاءِ وَنَفَسٍ فِي الصَّيْفِ أَشَدُّ مَا تَجِدُونَ مِنَ الْحر وَأَشد مَا تَجِدُونَ من الزَّمْهَرِير ". وَفِي رِوَايَةٍ لِلْبُخَارِيِّ: «فَأَشَدُّ مَا تَجِدُونَ مِنَ الْحَرِّ فَمِنْ سَمُومِهَا وَأَشَدُّ مَا تَجِدُونَ مِنَ الْبرد فَمن زمهريرها»

591. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु से ज़ुहर के मुतल्लिक बुखारी की रिवायत में है: “क्योंकि गर्मी की शिद्दत जहन्नम की भांप की वजह से है, जहन्नम ने अपने रब से शिकायत करते हुए अर्ज़ किया, मेरे रब! मेरे बाज़ हिस्से ने बाज़ को खा लिया, चुनांचे अल्लाह तआला ने इसे दो सांस, एक सांस मौसमे सरमा में और एक सांस मौसमे

गर्मी में, लेने की इजाज़त फरमाई, तुम जो ज़्यादा गर्मी और ज़्यादा शर्दी पाते हो वह इसी वजह से है” बुखारी, मुस्लिम, | और बुखारी की रिवायत में है ،” पस तुम जो गर्मी की शिद्दत पाते हो तो वह उसकी गरम हवा की वजह से है, और तुम जो ज़्यादा शर्दी पाते हो तो वह उसकी ठंडक की वजह से है|‘‘ (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (537) و مسلم (186 / 617)، (1402) کلاهما من حدیث ابی هریرة رضی الله عنه ، و لحدیث ابی سعید انظر الحدیث السابق (590)

٥٩٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي الْعَصْرَ وَالشَّمْسُ مُرْتَفِعَةٌ حَيَّةٌ فَيَذْهَبُ الذَّاهِبُ إِلَى الْعَوَالِي فَيَأْتِيهِمْ وَالشَّمْسُ مُرْتَفِعَةٌ وَبَعْضُ الْعَوَالِي مِنَ الْمَدِينَةِ على أَرْبَعَة أَمْيَال أَو نَحوه

592. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ असर पढ़ा करते थे जबकि सूरज बुलंद चमक दार होता था, जाने वाला शख़्स (नमाज़ ए असर मस्जिद ए नबवी में अदा करने के बाद) “ अवाली” (मदीना की नज़दीक बस्तियों में) जाता तो सूरज बुलंद होता और बाज़ बस्तियां मदीना से तकरीबन चार मील की मुसाफ़त पर थी| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (550) و مسلم (192 / 621)، (1408)

٥٩٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " تِلْكَ صَلَاةُ الْمُنَافِقِ: يَجْلِسُ يَرْقُبُ الشَّمْسَ حَتَّى إِذَا اصْفَرَّتْ وَكَانَتْ بَيْنَ قَرْنَيِ الشَّيْطَانِ قَامَ فَنَقَرَ أَرْبَعًا لَا يَذْكُرُ اللَّهَ فِيهَا إِلَّا قَلِيلا ". رَوَاهُ مُسلم

593. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये मुनाफ़िक़ शख़्स की नमाज़ है जो बैठ कर सूरज का इंतज़ार करता रहता है हत्ता कि जब वह ज़र्द और शैतान के सींगो के दरमियान में पहुँचने के करीब हो जाता है तो वह खड़ा हो कर चार थोंगिया मारता है और उनमें अल्लाह तआला का बहोत कम ज़िक्र करता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (195 / 622)، (1412)

٥٩٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الَّذِي تَفُوتُهُ صَلَاةُ الْعَصْرِ فَكَأَنَّمَا وُتِرَ أَهْلَهُ وَمَالَهُ»

594. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स की नमाज़ ए असर फौत हो गई तो गोया उस का घर बार लुट गया”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (552) و مسلم (200 / 626)، (1417)

٥٩٥ - (صَحِيح) وَعَنْ بُرَيْدَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ تَرَكَ صَلَاةَ الْعَصْرِ فقد حبط عمله. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

595. बुरैदाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने नमाज़ ए असर तर्क कर दी तो उस का अमल ज़ाए हो गया”| (बुखारी)

رواہ البخاری (553)

٥٩٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ رَافِعِ بْنِ خَدِيجٍ قَالَ: كُنَّا نُصَلِّي الْمَغْرِبَ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَيَنْصَرِف أَحَدنَا وَإِنَّهُ ليبصر مواقع نبله "

596. राफीअ बिन ख़दीज रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ मग़रिब पढ़ा करते थे, तो हम में से कोई वापस जाता तो वह अपने तीर के गिरने की जगह को देख लेता था”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (559) و مسلم (217 / 637)، (1441)

٥٩٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانُوا يُصَلُّونَ الْعَتَمَةَ فِيمَا بَيْنَ أَنْ يغيب لاشفق إِلَى ثلث اللَّيْل الأول

597. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, सहाबा किराम गुरूब ए शफ़क़ और रात के तिहाई अव्वल के दरमियान में नमाज़ ए ईशा पढ़ा करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (864) و مسلم (لم اجدہ)

٥٩٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَيُصَلِّي الصُّبْحَ فَتَنْصَرِفُ النِّسَاءُ مُتَلَفِّعَاتٌ بمروطهن مَا يعرفن من الْغَلَس

598. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ ए फज्र पढ़ते तो औरतें अपनी चादरों में लपटी हुई वापस जाती और वह तारीकी की वजह से पहचानी नहीं जाती थी| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (867) و مسلم (232 / 645)، (1459)

٥٩٩ - (صَحِيح) وَعَن قَتَادَة وَعَن أَنَسٍ: أَنَّ نَبِيَّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَزَيْدَ بْنَ ثَابِتٍ تَسَحَّرَا فَلَمَّا فَرَغَا مِنْ سَحُورِهِمَا قَامَ نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى الصَّلَاةِ فَصَلَّى. قُلْنَا لِأَنَسٍ: كَمْ كَانَ بَيْنَ فَرَاغِهِمَا مِنْ سَحُورِهِمَا وَدُخُولِهِمَا فِي الصَّلَاة؟ قَالَ: قَدْرُ مَا يَقْرَأُ الرَّجُلُ خَمْسِينَ آيَةً. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

599. क़तादाह रहिमहुल्लाह अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ और ज़ैद बिन साबित ने सहरी खाई, पस जब वह अपनी सहरी खाने से फारिग़ हुए तो नबी ﷺ नमाज़ के लिए खड़े हुए तो आप ने नमाज़ पढ़ाई, हमने अनस रदियल्लाहु अन्हु से पूछा: उन के सहरी खा कर नमाज़ शुरू करने के दरमियान में कितने वक़्त का वक्फा था, उन्होंने ने फ़रमाया: जितने वक़्त में आदमी पचास आयात की तिलावत कर लेता है| (बुखारी)

رواه البخارى (576)

٦٠٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " كَيْفَ أَنْتَ إِذَا كَانَتْ عَلَيْكَ أُمَرَاءُ يُمِيتُونَ الصَّلَاةَ أَوْ قَالَ: يُؤَخِّرُونَ الصَّلَاةَ عَنْ وَقْتِهَا؟ قُلْتُ: فَمَا تَأْمُرُنِي؟ قَالَ: " صَلِّ الصَّلَاةَ لِوَقْتِهَا فَإِنْ أَدْرَكْتَهَا مَعَهُمْ فَصَلِّ فَإِنَّهَا لَكَ نَافِلَةٌ. رَوَاهُ مُسلم

600. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम पर ऐसे (हुक्मरान) होंगे जो नमाज़े ज़ाया करेंगे या फ़रमाया: वह नमाज़ो को उन वक़्त से मोअख़्ख़र करेंगे तो इस वक़्त तुम्हारी क्या कैफियत होगी? मैंने अर्ज़ किया: आप मुझे क्या हुक्म फरमाते हैं? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नमाज़ को उस के वक़्त पर पढ़ना, और अगर तुम उन के साथ भी पा लो तो फिर (नमाज़) पढ़ लो, तो वह तुम्हारे लिए बतौर नफ्ल होगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (238 مختصرًا)، (1465) [و ابوداؤد : 431 و اللفظ له]

٧٢٨ - (حسن) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم قَالَ: «مَنْ خَرَجَ مِنْ بَيْتِهِ مُتَطَهِّرًا إِلَى صَلَاةٍ مَكْتُوبَة فَأجره كَأجر الْحَاج الْمُحْرِمِ وَمَنْ خَرَجَ إِلَى تَسْبِيحِ الضُّحَى لَا يُنْصِبُهُ إِلَّا إِيَّاهُ فَأَجْرُهُ كَأَجْرِ الْمُعْتَمِرِ وَصَلَاةٌ عَلَى إِثْرِ صَلَاةٍ لَا لَغْوَ بَيْنَهُمَا كِتَابٌ فِي عليين» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

728. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स बा वुज़ू होकर फ़र्ज़ नमाज़ के लिए अपने घर से रवाना होता है तो उस का अजर इहराम बांध कर हज के लिए रवाना होने वाले के अजर की तरह है, और जो शख़्स सिर्फ नमाज़ चाश्त के लिए रवाना होता है उस के लिए उमरा करने वाले की मिस्ल अजर है, और एक नमाज़ के बाद दूसरी नमाज़ इस तरह पढ़ना कि उन के दरमियान कोई लग्व बात न हो उस का अमल इल्लिय्यीन में लिख दिया जाता है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (5 / 268 ح 22660) و ابوداؤد (558)

٧٢٩ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ «إِذَا مَرَرْتُمْ بِرِيَاضِ الْجَنَّةِ فَارْتَعُوا» قِيلَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَمَا رِيَاضُ الْجَنَّةِ؟ قَالَ: «الْمَسَاجِدُ» . قُلْتُ: وَمَا الرَّتْعُ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «سُبْحَانَ اللَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ وَلَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَالله أكبر» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

729. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम जन्नत के बाग़ों के पास से गुज़रो तो कुछ खा पी लिया करो”, अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल! जन्नत के बाग़ात क्या है? आप ने फ़रमाया: “मसाजिद!" पूछा गया अल्लाह के रसूल! खाने पीने से क्या मुराद है? आप ﷺ ने फ़रमाया: (سُبْحَانَ اللَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ وَلَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَالله أكبر) “ अल्लाह पाक है, हर किस्म की तारीफ़ अल्लाह के लिए है, अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं और अल्लाह सबसे बड़ा है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3509 وقال : غریب) * حمید المکی مجھول الحال ، و تکلم فیه البخاری وغیره و ضعفه راجح

٧٣٠ - (حَسَنٍ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَتَى الْمَسْجِدَ لِشَيْءٍ فَهُوَ حَظُّهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

730. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स जिस चीज़ के लिए मस्जिद में जाता है वही उस का नसीब होगी (जो इसे आखिरत में मिलेगी”| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (472) * عثمان بن ابی العاتکة ضعیف ضعفه الجمھور

٧٣١ - (ضَعِيف) وَعَنْ فَاطِمَةَ بِنْتِ الْحُسَيْنِ عَنْ جَدَّتِهَا فَاطِمَةَ الْكُبْرَى رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمْ قَالَتْ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا دَخَلَ الْمَسْجِدَ صَلَّى عَلَى مُحَمَّدٍ وَسَلَّمَ وَقَالَ: «رَبِّ اغْفِرْ لِي ذُنُوبِي وَافْتَحْ لِي أَبْوَابَ رَحْمَتِكَ» وَإِذَا خَرَجَ صَلَّى عَلَى مُحَمَّدٍ وَسَلَّمَ وَقَالَ رَبِّ اغْفِرْ لِي ذُنُوبِي وَافْتَحْ لِي أَبْوَابَ فَضْلِكَ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَحْمَدُ وَابْنُ مَاجَهْ وَفِي رِوَايَتِهِمَا

قَالَتْ: إِذَا دَخَلَ الْمَسْجِدَ وَكَذَا إِذَا خَرَجَ قَالَ: «بِسْمِ اللَّهِ وَالسَّلَامُ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ» بَدَلَ: صَلَّى عَلَى مُحَمَّدٍ وَسَلَّمَ. وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ لَيْسَ إِسْنَادُهُ بِمُتَّصِلٍ وَفَاطِمَةُ بِنْتُ الْحُسَيْنِ لَمْ تدْرك فَاطِمَة الْكُبْرَى

731. फ़ातिमा बिन्ते हुसैन रहिमहुल्लाह अपने दादी फातिमतुल कुबरा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत करती हैं, उन्होंने ने फ़रमाया: जब नबी ﷺ मस्जिद में दाखिल होते तो यह दुआ पढ़ते मुहम्मद ﷺ पर सलात व सलाम हो और फरमाते मेरे रब मेरे गुनाह बख्श दे और मेरे लिए अपने रहमत के दरवाज़े खोल दे और जब आप मस्जिद से बाहर निकलते तो फरमाते मुहम्मद ﷺ पर सलात व सलाम हो और फरमाते: “मेरे रब मेरे गुनाह बख्श दे और मेरे लिए फ़ज़्ल के दरवाज़े खोल दे। तिरमिज़ी, अहमद इब्ने माजा और इन दोनों की रिवायत में है उन्होंने फ़रमाया: जब आप ﷺ मस्जिद में दाखिल होते और इसी तरह जब आप बाहर तशरीफ़ लाते तो “ मुहम्मद पर सलात व सलाम हो” के बजाए: “अल्लाह के नाम से और रसूल अल्लाह पर सलाम हो”, के अल्फाज़ पढ़ते थे। इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: उसकी सनद मुत्तसिल नहीं? फ़ातिमा बिन्ते हुसैन रहिमहुल्लाह की फतिमतुल कुबरा रदियल्लाहु अन्हु से मुलाकात साबित नहीं| (ज़ईफ़,मुस्लिम)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (314) و احمد (6 / 282 ح 26948) و ابن ماجه (771) * لیث بن ابی سلیم ضعیف من جهة حفظه ، و مدلس و السند منقطع ، و حدیث مسلم (713 ب)، (1652) یغنی عنه

٧٣٢ - (حسن) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ تَنَاشُدِ الْأَشْعَارِ فِي الْمَسْجِدِ وَعَنِ الْبَيْعِ وَالِاشْتِرَاءِ فِيهِ وَأَنْ يَتَحَلَّقَ النَّاسُ يَوْمَ الْجُمُعَةِ قَبْلَ الصَّلَاةِ فِي الْمَسْجِدِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ

732. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने मस्जिद में शेरगोइ, खरीद व फरोख्त और जुमा के रोज़ नमाज़ से पहले मस्जिद में हलक़े बना कर बैठने से मना फ़रमाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1079) و الترمذی (322 وقال : حدیث حسن) [و ابن ماجه (749 ، 766 ، 1133) و النسائی (2 / 47 ، 48 ح 715) و محمد بن عجلان صرح بالسماع عند احمد (2 / 179 ، و اطراف المسند 4 / 32 ح 5171)]

٧٣٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا رَأَيْتُمْ مَنْ يَبِيعُ أَوْ يَبْتَاعُ فِي الْمَسْجِدِ فَقُولُوا: لَا أَرْبَحَ اللَّهُ تِجَارَتَكَ. وَإِذَا رَأَيْتُمْ مَنْ يَنْشُدُ فِيهِ ضَالَّةً فَقُولُوا: لَا رَدَّ اللَّهُ عَلَيْكَ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ

733. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम किसी शख़्स को मस्जिद में खरीद व फरोख्त करते हुए देखो तो तुम कहो: अल्लाह तेरी तिजारत को नफ़ामंद न बनाए और जब तुम किसी शख़्स को उस में गुमशुदा जानवर का एलान करते हुए देखो तो तुम कहो: अल्लाह करे वह चीज़ तुम्हें न मिले”| (सहीह,हसन,मुस्लिम)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (1321 وقال : حسن غریب) و الدارمی (1 / 326 ح 1408) [و صححه ابن خزیمة (1305) و ابن حبان (313) و الحاکم علی شرط مسلم (2 / 56)، (1260) و وافقه الذهبی ، و للحدیث طریق آخر عند مسلم (568)]

٧٣٤ - (حسن) وَعَنْ حَكِيمِ بْنِ حِزَامٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يُسْتَقَادَ فِي الْمَسْجِدِ وَأَنْ يُنْشَدَ فِيهِ الْأَشْعَارُ وَأَنْ تُقَامَ فِيهِ الْحُدُودُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ فِي ص:٢٢ سُنَنِهِ وَصَاحِبُ جَامِعِ الْأُصُولِ فِيهِ عَنْ حَكِيمٍ

734. हकिम बिन हिज़ाम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मस्जिद में किसास का मुतालबा करने, अशआर पढ़ने और हुदूद कायम करने से मना फ़रमाया| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (4490) و ذکره ابن الاثیر فی جامع الاصول (3 / 346) * وفی سماع زفر بن وثیمة من حکیم بن حزام نظر ، [و لبعض الحدیث شواھد ضعیفة عند ابن ماجه (2599) و غیره]

٧٣٥ - (لم تتمّ دراسته) وَفِي المصابيح عَن جَابر

735. मसाबिह में जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से मरवी है| (ज़ईफ़)

ضعیف ، ذکر البغوی فی مصابیح السنة (1 / 297 ح 520) من حدیث جابر رضی اللہ عنه من غیر ان یعزو الی احد ، و اشار الترمذی الی حدیث جابر : 322 و لم اجده من اخرجه) [و لبعض الحدیث شواھد ضعیفة عند احمد (3 / 434) وغیرہو انظر الحدیث السابق : 734]

٧٣٦ - (صَحِيح) وَعَن مُعَاوِيَة بن قُرَّة عَنْ أَبِيهِ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنْ هَاتَيْنِ الشَّجَرَتَيْنِ يَعْنِي الْبَصَلَ وَالثُّومَ وَقَالَ: «مَنْ أَكَلَهُمَا فَلَا يَقْرَبَنَّ مَسْجِدَنَا» . وَقَالَ: «إِن كُنْتُم لابد آكليهما فأميتوهما طبخا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

736. मुआविया बिन कुर्रत रहिमहुल्लाह अपने वालिद से बयान करते हैं, कि रसूलुल्लाह ﷺ ने इन दो पौधों यानी प्याज़ और लहसुन से मना किया और फ़रमाया: “जो उन्हें खाए वह हमारी मस्जिद में न आए”, और फ़रमाया: “अगर तुमने उन्हें ज़रूर ही खाना है तो फिर पका कर उनकी बू ज़ाइल कर दो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3827) [و النسائی فی الکبریٰ (6681) و احمد (4 / 19)]

٧٣٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْأَرْضُ كُلُّهَا مَسْجِدٌ إِلَّا الْمَقْبَرَةَ وَالْحَمَّامَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ والدارمي

737. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कब्रिस्तान और हमाम के अलावा सारी ज़मीन मस्जिद है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (492) و الترمذی (317) و الدارمی (1 / 323 ح 1397) [و ابن ماجه (745) و صححه ابن حبان (338 ، 339) و الحاکم علی شرط الشیخین (1 / 251) و وافقه الذھبی]

٧٣٨ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يُصَلَّى فِي سَبْعَةِ مَوَاطِنَ: فِي الْمَزْبَلَةِ وَالْمَجْزَرَةِ

وَالْمَقْبَرَةِ وَقَارِعَةِ الطَّرِيقِ وَفِي الْحَمَّامِ وَفِي مَعَاطِنِ الْإِبِلِ وَفَوْقَ ظَهْرِ بَيْتِ اللَّهِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

738. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने सात जगहों कूड़े करकट के ढेर, जिबह खाना, कब्रिस्तान, शारा ए आम, हमाम, ऊँटों के बाड़े और बैतुल्लाह की छत पर नमाज़ पढ़ने से मना फ़रमाया| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الترمذى (346) و ابن ماجه (746) * زيد بن جبيرة متروک و للحديث شاهد ضعيف عند ابن ماجه (747)

٧٣٩ - وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «صَلُّوا فِي مَرَابِضِ ص:٢٣ الْغَنَمِ وَلَا تُصَلُّوا فِي أَعْطَانِ الْإِبِلِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

739. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बकरियों के बाड़े में नमाज़ पढ़ो लेकिन ऊटों के बाड़े में नमाज़ न पढ़ो”| (सहीह,हसन)

حسن ، رواه الترمذى (348 وقال : حسن صحيح) [و ابن ماجه (768) و صححه ابن خزيمة (795) و ابن حبان (336) و للحديث شواهد]

٧٤٠ - (حَسَنٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: لَعَنَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم زَائِرَاتِ الْقُبُورِ وَالْمُتَّخِذِينَ عَلَيْهَا الْمَسَاجِدَ وَالسُّرُجَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

740. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने क़ब्रो की ज़ियारत करने वाली औरतो पर और क़ब्रो को सजदागाह बनाने वालों और इन पर चराग़ाँ करने वालों पर लअनत फरमाई है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3236) و الترمذى (320 وقال : حسن) و النسائى (4 95 ح 2045) [و ابن ماجه : 1575] * ابو صالح باذام مولى ام هانى ضعيف مدلس و حدث بهذا الحديث بعد ما کبر اى بعد ما اختلط

٧٤١ - (حسن) وَعَن أبي أَمَامَة قَالَ: إِنَّ حَبْرًا مِنَ الْيَهُودِ سَأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَيُّ الْبِقَاعِ خَيْرٌ؟ فَسَكَتَ عَنْهُ وَقَالَ: «أَسْكُتُ حَتَّى يَجِيءَ جِبْرِيلُ» فَسَكَتَ وَجَاءَ جِبْرِيلُ عَلَيْهِ السَّلَامُ فَسَأَلَ فَقَالَ: مَا المسؤول عَنْهَا بِأَعْلَمَ مِنَ السَّائِلِ وَلَكِنْ أَسْأَلُ رَبِّي تَبَارَكَ وَتَعَالَى. ثُمَّ قَالَ جِبْرِيلُ: يَا مُحَمَّدُ إِنِّي دَنَوْتُ مِنَ اللَّهِ دُنُوًّا مَا دَنَوْتُ مِنْهُ قطّ. قَالَ: وَكَيفَ كَانَ ياجبريل؟ قَالَ: كَانَ بَيْنِي وَبَيْنَهُ سَبْعُونَ أَلْفَ حِجَابٍ مِنْ نُورٍ. فَقَالَ: شَرُّ الْبِقَاعِ أَسْوَاقُهَا وَخَيْرُ الْبِقَاع مساجدها

741. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, किसी यहूदी आलिम ने नबी ﷺ से सवाल किया: कौन सा हिस्सा ज़मीन बेहतर है, आप ख़ामोश हो गए और फ़रमाया: “मैं जिब्राइल अलैहिस्सलाम के आने तक ख़ामोश रहूँगा”, आप ख़ामोश रहे और जिब्राइल अलैहिस्सलाम आए तो आप ﷺ ने दरियाफ्त किया तो उन्होंने कहा: इस बारे में सवाल करने वाला साइल से ज़्यादा नहीं जानता, लेकिन मैं अपने रब तबारक व तआला से दरियाफ्त करूँगा। फिर जिब्राइल अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: मुहम्मद ﷺ मैं अल्लाह के इतना करीब हुआ कि में उस से पहले कभी इतना करीब नहीं हुआ। आप ﷺ ने पूछा: “जिब्राइल वह क़रीब होना कैसे था ?” उन्होंने ने फ़रमाया:

मेरे और उस के माबैन नूर के सत्तर हज़ार पर्दे थे। अल्लाह तआला ने फ़रमाया: बदतरीन मक़ामात बाज़ार और बेहतरीन मक़ामात मसाजिद हैं| (इसका कोई असल नहीं)

لا اصل له بهذا اللفظ ، لم اجده عن ابی امامة رضی الله عنه* ولاصل الحديث شواهد عند ابن حبان (الموارد : 1599 عن ابن عمر) و الطبرانی فی كبير (2 / 128 ح 1545) و احمد (4 / 81 ح 16865) و الحاكم (2 / 7) من حديث جبير بن مطعم رضی الله عنه ، و الطبرانی فی الاوسط (7140) من حديث انس رضی الله عنه بالفاظ أخرى

بَاب الْمَسَاجِد ومواضع الصَّلَاة • मसाजिद और नमाज़ पढ़ने के मकामात का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٧٤٢ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ جَاءَ مَسْجِدِي هَذَا لم يَأْته إِلَّا لِخَيْرٍ يَتَعَلَّمُهُ أَوْ يُعَلِّمُهُ فَهُوَ بِمَنْزِلَةِ الْمُجَاهِدِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَمَنْ جَاءَ لِغَيْرِ ذَلِكَ فَهُوَ بِمَنْزِلَةِ الرَّجُلِ يَنْظُرُ إِلَى مَتَاعِ غَيْرِهِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

742. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जो शख़्स मेरी इस मस्जिद में महज़ कोई खैर व भलाई सीखने या सिखाने की गर्ज़ से आए तो वह अल्लाह की राह में जिहाद करने वाले के मक़ाम व मर्तबा पर है और जो शख़्स उस के अलावा किसी और गर्ज़ से आए तो वह इस आदमी की तरह है जो किसी के माल पर नज़र रखता हो"| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (227) و البيهقی فی شعب الايمان (1698) [و صححه ابن حبان (الموارد : 81) و الحاكم (1 / 91) و وافقه الذهبی]

٧٤٣ - (ضَعِيف) وَعَنِ الْحَسَنِ مُرْسَلًا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَأْتِي عَلَى النَّاسِ زَمَانٌ يَكُونُ حَدِيثُهُمْ فِي مَسَاجِدِهِمْ فِي أَمْرِ دُنْيَاهُمْ. فَلَا تُجَالِسُوهُمْ فَلَيْسَ لِلَّهِ فِيهِمْ حَاجَةٌ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي شعب الْإِيمَان

743. हसन बसरी से मुरसल रिवायत है उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "लोगो पर एक ऐसा दौर आएगा कि उनकी मसाजिद में उनकी गुफ्तगू का मौज़ू उन के दुनियवी उमूर होंगे। पस तुम उन के साथ न बैठो। अल्लाह को उनकी कोई हाजत नहीं।" (ज़ईफ़,हसन)

ضعيف ، رواه البيهقی فی شعب الايمان (لم اجده) * و رواه الحاكم (4 / 323) وغيره باسناد موضوع عن سفيان الثوری عن عون بن ابی جحيفة عن الحسن بن ابی الحسن عن انس به نحو المعنى و للحديث شواهد ضعيفة عند ابن حبان (311 فيه علل ، منها عنعنة الاعمش) وغيره

٧٤٤ - (صَحِيح) وَعَنِ السَّائِبِ بْنِ يَزِيدَ قَالَ: كُنْتُ نَائِمًا فِي الْمَسْجِدِ فحصبني ص:٢٣ رجل فَنَظَرت فَإِذا عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ فَقَالَ اذْهَبْ فَأْتِنِي بِهَذَيْنِ فَجِئْتُهُ بِهِمَا فَقَالَ: مِمَّنْ أَنْتُمَا أَوْ مِنْ أَيْنَ أَنْتُمَا قَالَا: مِنْ أَهْلِ الطَّائِفِ. قَالَ: لَوْ كُنْتُمَا مِنْ أَهْلِ الْمَدِينَةِ

لَأَوْجَعْتُكُمَا تَرْفَعَانِ أَصْوَاتَكُمَا فِي مَسْجِدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

744. साइब बिन यज़ीद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं मस्जिद में सोया हुआ था तो किसी आदमी ने मुझे कंकरी मारी। मैंने देखा तो वह उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु थे। उन्होंने ने फ़रमाया: जाओ और इन दोनों आदमियों को मेरे पास लाओ। मैं उन्हें उन के पास ले आया तो उन्होंने ने फ़रमाया: तुम किस कबिले से हो और कहाँ से हो? उन्होंने कहा: अहले ताईफ से। उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अगर तुम अहले मदीना से होते तो मैं तुम्हें ज़रूर सज़ा देता। तुम रसूलुल्लाह ﷺ की मस्जिद में अपनी आवाज़े बुलंद करते हो। (बुखारी)

رواه البخاری (470)

٧٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن مَالك قَالَ: بَنَى عُمَرُ رَحَبَةً فِي نَاحِيَةِ الْمَسْجِدِ تُسَمَّى الْبُطَيْحَاءَ وَقَالَ مَنْ كَانَ يُرِيدُ أَنَّ يَلْغَطَ أَوْ يُنْشِدَ شِعْرًا أَوْ يَرْفَعَ صَوْتَهُ فَلْيَخْرُجْ إِلَى هَذِهِ الرَّحَبَةِ. رَوَاهُ فِي الْمُوَطَّأ

745. इमाम मालिक रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने मस्जिद के कोने में बुत्याहा नामी एक सहन तैयार किया और फ़रमाया: जो शख़्स फ़िज़ूल बातें करना चाहे या शेर पढ़ना चाहे या अपने आवाज़ बुलंद करना चाहे तो वह इस सहन की तरफ चला जाए| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواه مالک فی الموطا (1 / 175 ح 424) * هذا من البغات و اسند عن سالم عن عمرو وهو منقطع ، و جاء فی الاستذکار (2 / 368) و شرح الزرقانی (424) و هم فی السند

٧٤٦ - (صَحِيح) وَعَن أنس: رَأَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نُخَامَةً فِي الْقِبْلَةِ فَشَقَّ ذَلِكَ عَلَيْهِ حَتَّى رُئِيَ فِي وَجهه فَقَامَ فحكه بِيَدِهِ فَقَالَ: «إِنَّ أَحَدَكُمْ إِذَا قَامَ فِي صلَاته فَإِنَّمَا يُنَاجِي ربه أَو إِن رَبَّهُ بَيْنَهُ وَبَيْنَ الْقِبْلَةِ فَلَا يَبْزُقَنَّ أَحَدُكُمْ قِبَلَ قِبْلَتِهِ وَلَكِنْ عَنْ يَسَارِهِ أَوْ تَحْتَ قَدَمِهِ» ثُمَّ أَخَذَ طَرَفَ رِدَائِهِ فَبَصَقَ فِيهِ ثُمَّ رَدَّ بَعْضَهُ عَلَى بَعْضٍ فَقَالَ: «أَوْ يفعل هَكَذَا» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

746. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने किब्ले (की तरफ दिवार) में थूक देखा तो यह आप पर इस क़दर शाक गुज़रा कि उस के असरात आप के चेहरे पर नुमाया हो गए, पस आप खड़े हुए और अपने हाथ से इसे साफ़ किया, फिर फ़रमाया: “जब तुम में से कोई नमाज़ पढ़ता है तो वह अपने रब से हम कलाम होता है, क्योंकि उस का रब उसके और किबले के बीच में होता है। पस तुम में से कोई अपने किब्ले की तरफ न थूके बल्कि अपने बाएं तरफ या अपने पाँव के नीचे”, फिर आप ﷺ ने अपनी चादर का किनारा पकड़ा फिर उस में थूका और इस कपड़े को एक दूसरे के साथ मल दिया और फ़रमाया : ’या फिर वह इस तरह कर ले|' (बुखारी)

رواه البخاری (405)

٧٤٧ - (صَحِيح) وَعَن السَّائِب بن خَلاد - وَهُوَ رَجُلٍ مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِنْ رَجُلًا أَمَّ قَوْمًا فَبَصَقَ

فِي الْقِبْلَةِ وَرَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَنْظُرُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حِينَ فَرَغَ: «لَا يُصَلِّي لَكُمْ» . فَأَرَادَ بَعْدَ ذَلِك أَن يُصَلِّي لَهُم فمنعوه وَأَخْبرُوهُ بِقَوْلِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرَ ذَلِكَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: نَعَمْ وَحَسِبْتُ أَنَّهُ قَالَ: «إِنَّكَ آذيت الله وَرَسُوله» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

747. साइब बिन खल्लाद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने फ़रमाया: किसी आदमी ने कुछ लोगों की इमामत करायी तो उस ने किब्ले रुख थूक दिया, जबकि रसूलुल्लाह ﷺ इसे देख रहे थे। जब वह नमाज़ से फारिग़ हुआ तो रसूलुल्लाह ﷺ ने उसकी कौम से फ़रमाया: “ये तुम्हें नमाज़ न पढ़ाए”, फिर उस के बाद उस ने नमाज़ पढ़ाना चाही तो उन्होंने इसे रोक दिया और इसे रसूलुल्लाह ﷺ के फरमान से आगाह किया। जिस शख़्स ने आप से उस का तज़किरह किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "हाँ मैंने रोका है”, रावी बयान करते हैं, मेरा ख्याल है कि आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने अल्लाह और उस के रसूल को अज़ीयत पहुंचाई है”| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (481) [و صححه ابن حبان (334) وله شاهد من حديث ابن عمر رضی الله عنه]

٧٤٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ قَالَ: احْتَبَسَ عَنَّا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ص:٢٣ ذَاتَ غَدَاة عَن صَلَاة الصُّبْح حَتَّى كدنا نتراءى عين الشَّمْس فَخرج سَرِيعا فثوب بِالصَّلَاةِ فَصَلَّى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَتَجَوَّزَ فِي صَلَاتِهِ فَلَمَّا سَلَّمَ دَعَا بِصَوْتِهِ فَقَالَ لَنَا عَلَى مَصَافِّكُمْ كَمَا أَنْتُمْ ثُمَّ انْفَتَلَ إِلَيْنَا ثُمَّ قَالَ أَمَا إِنِّي سَأُحَدِّثُكُم مَا حَبَسَنِي عَنْكُمُ الْغَدَاةَ إِنِّي قُمْتُ مِنَ اللَّيْلِ فَتَوَضَّأْتُ وَصَلَّيْتُ مَا قُدِّرَ لِي فَنَعَسْتُ فِي صَلَاتِي حَتَّى اسْتَثْقَلْتُ فَإِذَا أَنَا بِرَبِّي تَبَارَكَ وَتَعَالَى فِي أَحْسَنِ صُورَةٍ فَقَالَ يَا مُحَمَّدُ قُلْتُ لَبَّيْكَ رَبِّ قَالَ فِيمَ يخْتَصم الْمَلأ الْأَعْلَى قلت لَا أَدْرِي رب قَالَهَا ثَلَاثًا قَالَ فَرَأَيْتُهُ وَضَعَ كَفَّهُ بَيْنَ كَتِفَيَّ حَتَّى وَجَدْتُ بَرْدَ أَنَامِلِهِ بَيْنَ ثَدْيَيَّ فَتَجَلَّى لِي كُلُّ شَيْءٍ وَعَرَفْتُ فَقَالَ يَا مُحَمَّدُ قُلْتُ لَبَّيْكَ رَبِّ قَالَ فِيمَ يَخْتَصِمُ الْمَلأُ الْأَعْلَى قلت فِي الْكَفَّارَات قَالَ مَا هُنَّ قُلْتُ مَشْيُ الْأَقْدَامِ إِلَى الْجَمَاعَاتِ وَالْجُلُوسُ فِي الْمَسَاجِد بَعْدَ الصَّلَوَاتِ وَإِسْبَاغُ الْوَضُوءِ حِينَ الْكَرِيهَاتِ قَالَ ثُمَّ فِيمَ؟ قُلْتُ: فِي الدَّرَجَاتِ. قَالَ: وَمَا هن؟ إِطْعَام الطَّعَام ولين الْكَلَام وَالصَّلَاة وَالنَّاس نيام. ثمَّ قَالَ: سل قل اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ فِعْلَ الْخَيْرَاتِ وَتَرْكَ الْمُنْكَرَاتِ وَحُبَّ الْمَسَاكِينِ وَأَنْ تَغْفِرَ لِي وَتَرْحَمَنِي وَإِذَا أَرَدْتَ فِتْنَةً قوم فتوفني غير مفتون أَسأَلك حبك وَحُبَّ مَنْ يَحْبُكُ وَحُبَّ عَمَلٍ يُقَرِّبُنِي إِلَى حبك ". فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّهَا حَقٌّ فَادْرُسُوهَا ثُمَّ تَعَلَّمُوهَا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ وَسَأَلْتُ مُحَمَّد ابْن إِسْمَاعِيل عَن هَذَا الحَدِيث فَقَالَ: هَذَا حَدِيث صَحِيح

748. मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ हमें नमाज़ ए फजर पढ़ाने के लिए तशरीफ़ न लाए। करीब था कि हम सूरज तुलुअ होने का मुशाह्बा कर लेते। फिर आप बहुत तेज़ी से तशरीफ़ लाए, चुनांचे नमाज़ के लिए इकामत कही गई। रसूलुल्लाह ﷺ ने इख्तिसार के साथ नमाज़ पढ़ाई, पस जब आप ﷺ ने सलाम फेरा तो बा आवाज़े बुलंद फ़रमाया: “अपनी जगहों पर ऐसे ही बैठें रहो।” फिर आप ﷺ ने हमारी तरफ मुतवज्जे हो कर फ़रमाया: “मैं अभी तुम्हें बताता हूँ कि मैं तुम्हें नमाज़ पढ़ाने के लिए क्यों नहीं आया। मैं रात को बेदार हुआ, वुज़ू किया और जिस क़दर मुकद्दर में था मैंने नमाज़ पढ़ी। मुझे नमाज़ में ऊंघ आने लगी, हत्ता कि वह मुझ पर ग़ालिब गई। तब मैंने अपने रब तबारक व तआला को बेहतरीन सूरत में देखा चुनांचे उस ने फ़रमाया, "मुहम्मद" मैंने अर्ज़ किया: "मेरे रब हाज़िर हूँ।" फ़रमाया फ़रिश्ते किसी चीज़ के बारे में बहस व मुबाहसा कर रहे हैं, मैंने अर्ज़ किया: "मैं नहीं जानता ”, अल्लाह तआला ने तीन मर्तबा ऐसे फ़रमाया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैंने इसे देखा के उस ने अपना हाथ मेरे कंधो के दरमियान रखा, हत्ता कि मैंने उसकी उंगलियों के पोरों की ठंडक अपने कल्ब व सदर में महसूस की और मेरे सामने हर चीज़ वाज़ेह हो गई और मैंने पहचान

ली। फिर रब तआला ने फ़रमाया: मुहम्मद मैंने अर्ज़ किया: मेरे रब में हाज़िर हूँ, फ़रमाया "मुकर्रब फ़रिश्ते किसी चीज़ के बारे में बहस व मुबाहसा कर रहे हैं", मैंने अर्ज़ किया: "गुनाह मिटा देने वाले आमाल के बारे में। फ़रमाया, वह क्या है? मैंने अर्ज़ किया: बा जमाअत नमाज़ पढ़ने के लिए चल कर जाना, नमाज़ के बाद मसाजिद में बैठें रहना, नागवारी के बावजूद अच्छी तरह वुज़ू करना। फ़रमाया, फिर वह किसी चीज़ के बारे में बहस कर रहे हैं? मैंने अर्ज़ किया: दरजात के बारे में। फ़रमाया वह क्या है, मैंने अर्ज़ किया: खाना खिलाना, नरमी से बात करना और जब लोग सो रहे हों नमाज़ ए तहज्जुद पढ़ना। फ़रमाया कुछ मांग लें", आप ﷺ ने फ़रमाया: "मैंने अर्ज़ किया, ऐ अल्लाह! तुझ से नेक आमाल बजा लाने, बुरे काम छोड़ देने और मसाकीन से मुहब्बत करने की तौफिक मांगता हूँ और यह कि तू मुझे बख्श दे और मुझ पर रहम फरमा और जब तू किसी कौम को फितने से दो चार करना चाहे तो मुझे उस में मुब्तिला किए बगैर फौत कर देना। मैं तुझ से तेरी मुहब्बत, तुझ से मुहब्बत करने वालों की मुहब्बत और ऐसे अमल की मुहब्बत का सवाल करता हूँ जो मुझे तेरी मुहब्बत के करीब कर दे।" फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "ये ख्वाब हक़ है, पस इसे याद करो और फिर इसे दूसरों को बताओ।" अहमद; तिरमिज़ी। इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है और मैंने मुहम्मद बिन इस्माइल (इमाम बुखारी) रहिमहुल्लाह से इस हदीस के मुतल्लिक दरियाफ्त किया तो उन्होंने फ़रमाया: यह हदीस सहीह है| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (5 / 243 ح 22465) و الترمذی (3235) [و نقل عن البخاری انه صححه]

٧٤٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ إِذا دخل الْمَسْجِد قَالَ: «أَعُوذُ بِاللَّهِ الْعَظِيمِ وَبِوَجْهِهِ الْكَرِيمِ وَسُلْطَانِهِ الْقَدِيمِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ» قَالَ: «فَإِذَا قَالَ ذَلِكَ قَالَ الشَّيْطَان حفظ مني سَائِر الْيَوْم» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

749. अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ मस्जिद में दाखिल होते तो यह दुआ किया करते: "मैं शैतान मरदूद से अल्लाह अज़ीम उसकी ज़ात करीम और उसकी क़दीम बादशाहत व कुदरत के ज़रिए पनाह चाहता हूँ" आप ﷺ ने फ़रमाया: "पस जब कोई शख़्स यह दुआ पढ़ता है तो शैतान कहता है, यह अब सारा दिन मुझ से महफ़ूज़ रहेगा"| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (466)

٧٥٠ - (صَحِيح) وَعَن عَطاء بْنِ يَسَارٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «اللَّهُمَّ لَا تجْعَل قَبْرِي وثنا يعبد اشْتَدَّ غَضَبُ اللَّهِ عَلَى قَوْمٍ اتَّخَذُوا قُبُورَ أَنْبِيَائهمْ مَسَاجِد» . رَوَاهُ مَالك مُرْسلا

750. अता इब्ने यस्सार रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह मेरी कब्र को बुत न बनाना के उसकी पूजा की जाए अल्लाह उन लोगों पर सख्त नाराज़ हो जिन्होंने अंबिया अलैहिस्सलाम की क़बरो को सजदाह गाह बना लिया", इमाम मालिक ने इसे मुरसल रिवायत किया| (सहीह)

صحیح ، رواه مالک (1 / 172 ح 415) * هذا مرسل وله شواهد عند احمد (2 / 246) و غیره

٧٥١ - (لم تتمّ دراسته) (وَعَنْ مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَسْتَحِبُّ الصَّلَاةَ فِي الْحِيطَانِ. قَالَ بَعْضُ رُوَاتِهِ يَعْنِي الْبَسَاتِينَ رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ لَا نَعْرِفُهُ إِلَّا مِنْ حَدِيثِ الْحَسَنِ بن أبي جَعْفَر وَقد ضعفه يحيى ابْن سعيد وَغَيره

751. मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ बाग़ात में नफ्ल नमाज़ पढ़ना पसंद फ़रमाया करते थे", इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है, हम इसे सिर्फ हसन बिन अबी जाफर के वास्ते से जानते हैं जबकि याह्या बिन सईद वगैरा ने इसे जईफ करार दिया है| (ज़ईफ़,हसन)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (334) * الحسن بن ابى جعفر : ضعيف

٧٥٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَنَسِ بْنِ مَالِكٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «صَلَاةُ الرَّجُلِ فِي بَيْتِهِ بِصَلَاةٍ وَصَلَاتُهُ فِي مَسْجِدِ الْقَبَائِلِ بِخَمْسٍ وَعِشْرِينَ صَلَاةً وَصَلَاتُهُ فِي الْمَسْجِدِ الَّذِي يجمع فِيهِ بخمسمائة صَلَاةٍ وَصَلَاتُهُ فِي الْمَسْجِدِ الْأَقْصَى بِخَمْسِينَ أَلْفِ صَلَاةٍ وَصَلَاتُهُ فِي مَسْجِدِي بِخَمْسِينَ أَلْفِ صَلَاةٍ وَصلَاته فِي الْمَسْجِد الْحَرَام بِمِائَة ألف صَلَاة» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

752. अनस बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "आदमी की अपने घर में पढ़ी हुई नमाज़ (सवाब के लिहाज़ से) एक नमाज़ है, उसकी इस मस्जिद में नमाज़ जिस में मुख्तलिफ कबिले नमाज़ पढ़ते है पच्चीस नमाज़ो की तरह है और जिस मस्जिद में जुमा होता हो उस में उसकी नमाज़ पांच सौ नमाज़ो की तरह है, मस्जिद ए अक्सा में उसकी नमाज़ पचास हज़ार नमाज़ो की तरह है, उसकी मेरी मस्जिद में पढ़ी गई नमाज़ पचास हज़ार नमाज़ो की तरह है और मस्जिद ए हराम में उसकी नमाज़ एक लाख नमाज़ो की तरह है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (1413) * ابو الخطاب الدمشقى : مجهول

٧٥٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَيُّ مَسْجِدٍ وُضِعَ فِي الْأَرْضِ أَوَّلُ؟ قَالَ: «الْمَسْجِدُ الْحَرَامُ» قَالَ: قُلْتُ: ثُمَّ أَيٌ؟ قَالَ: «ثُمَّ الْمَسْجِدُ الْأَقْصَى» . قُلْتُ: كَمْ بَيْنَهُمَا؟ قَالَ: «أَرْبَعُونَ عَامًا ثُمَّ الْأَرْضُ لَكَ مَسْجِدٌ فَحَيْثُمَا أَدْرَكَتْكَ الصَّلَاةُ فصل»

753. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! रुए ज़मीन पर सबसे पहले कौन सी मस्जिद? तामीर की गई आप ﷺ ने फ़रमाया: "मस्जिद हराम", रावी कहते हैं मैंने अर्ज़ किया: फिर कौन सी मस्जिद? आप ﷺ ने फ़रमाया: "मस्जिद अक्सा", मैंने अर्ज़ किया: इन दोनों की तामीर के दरमियान कितना वक्फा है? आप ﷺ ने फ़रमाया: "चालीस साल फिर सारी ज़मीन तेरे लिए मस्जिद है, जहाँ नमाज़ का वक़्त हो जाए नमाज़ पढ़ लो |-‘‘| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (3366) و مسلم (2 / 520)، (1162)

सतर का बयान • بَاب السّتْر

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٧٥٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن عمر بن أبي سَلمَة قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي فِي ثَوْبٍ وَاحِدٍ مُشْتَمِلًا بِهِ فِي بَيْتِ أُمِّ سَلَمَةَ وَاضِعًا طَرَفَيْهِ عَلَى عَاتِقيهِ

754. उमर बिन अबी सलमा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा के घर एक कपड़े में लपटे हुए नमाज़ पढ़ते देखा आप ने इस कपड़े के दो किनारे अपने कंधो पर रखे हुए थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواہ البخاری (355 ، 356) و مسلم (278 / 517)، (1152)

٧٥٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «لَا يصلين أحدكُم فِي الثَّوْب الْوَاحِد لَيْسَ على عَاتِقيهِ مِنْهُ شَيْء»

755. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से कोई शख़्स एक कपड़े में इस तरह नमाज़ न पढ़े के उस के कंधो पर कोई चीज़ न हो|”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواہ البخاری (359) و مسلم (277 / 517)، (1151)

٧٥٦ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ صَلَّى فِي ثَوْبٍ وَاحِدٍ فليخالف بَين طَرفَيْهِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

756. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स एक कपड़े में नमाज़ पढ़े तो वह उस के दोनों किनारों को एक दूसरे के मुखालिफ सिम्त कर ले (दाए किनारे को बाएँ कंधे पर और बाएँ किनारे को दाएँ कंधे पर)| (बुखारी)

رواہ البخاری (360)

٧٥٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: صَلَّى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي خَمِيصَةٍ لَهَا أَعْلَامٌ فَنَظَرَ إِلَى أَعْلَامِهَا نَظْرَةً فَلَمَّا انْصَرَفَ قَالَ: «اذْهَبُوا بِخَمِيصَتِي هَذِهِ إِلَى أَبِي جَهْمٍ وَأْتُونِي بِأَنْبِجَانِيَّةِ أَبِي جهم فَإِنَّهَا أَلهتني آنِفا عَن صَلَاتي» ص:٢٣»» وَفِي رِوَايَةٍ لِلْبُخَارِيِّ قَالَ: " كُنْتُ أَنْظُرُ إِلَى علمهَا وَأَنا فِي الصَّلَاة فَأَخَاف أَن يفتنني

757. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूल अल्लाह ने एक मन्कश चादर में नमाज़ पढ़ी, आप ने उस के नक्श व निगार को देखा, आप ﷺ जब नमाज़ से फारिग़ हुए तो फ़रमाया: “मेरी यह चादर अबू जहम के पास ले जाओ और अबू जहम की नक्श व निगार की बगैर चादर ले आओ, इस ने तो मेरी नमाज़ में खलल डाल दिया था”, बुखारी, मुस्लिम और बुखारी की एक रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं उस के नक्श व निगार देख रहा था जबकि मैं नमाज़ में था मुझे अंदेशा हुआ की यह मुझे किसी फितने का शिकार न कर दे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (373) و مسلم (62 / 556)، (1239)

٧٥٨ - (صَحِيح) وَعَن أنس قَالَ: كَانَ قِرَامٌ لِعَائِشَةَ سَتَرَتْ بِهِ جَانِبَ بَيْتِهَا فَقَالَ لَهَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَمِيطِي عَنَّا قِرَامَكِ هَذَا فَإِنَّهُ لَا يَزَالُ تَصَاوِيرُهُ تَعْرِضُ لِي فِي صَلَاتِي» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

758. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, आइशा रदियल्लाहु अन्हा के पास एक परदा था जिसके साथ उन्होंने अपने घर की एक जानिब को ढांप रखा था, नबी ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “अपने इस परदे को इससे दूर कर दे, क्योंकि उसकी तसाविर मेरी नमाज़ में मुसलसल मेरे सामने आती रही| (बुखारी)

رواه البخاری (374)

٧٥٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: أُهْدِيَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَرُّوجُ حَرِيرٍ فَلَبِسَهُ ثُمَّ صَلَّى فِيهِ ثُمَّ انْصَرَفَ فَنَزَعَهُ نَزْعًا شَدِيدًا كَالْكَارِهِ لَهُ ثمَّ قَالَ: " لَا يَنْبَغِي هَذَا لِلْمُتقين

759. उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ को एक रेशमी कोट तोहफे में दिया गया तो आप ने इसे पहन कर नमाज़ पढ़ी, फिर नमाज़ से फारिग़ हो कर सख्त ना पसंदगी के आलम में उसे उतार दिया और फ़रमाया: “ये मुत्तकी लोगों के शियाए शान नहीं| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (375) و مسلم (23 / 2075)، (5427)

सतर का बयान • بَاب السّتْر

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٧٦٠ - (حسن) عَن سَلمَة بن الْأَكْوَع قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي رَجُلٌ أَصِيدُ أَفَأُصَلِّي فِي الْقَمِيصِ الْوَاحِدِ؟ قَالَ: نَعَمْ وَازْرُرْهُ وَلَوْ بِشَوْكَةٍ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَرَوَى النَّسَائِيّ نَحوه

760. सलमा बिन अकवा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैं शिकारी आदमी हूँ, क्या मैं एक कमीज़ में नमाज़ पढ़ लिया करू? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ टांक लिया करो चाहे काँटों का इस्तेमाल कर लो| अबू दावुद, इमाम नसई ने भी इसी तरह रिवायत किया है| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (632) و النسائی (2 / 70 ح 766) [و صححه ابن خزیمة (777 ، 778) و ابن حبان (الاحسان : 2291) و الحاکم (1 / 250) و وافقه الذھبی و اعله البخاری فی صحیحه (فتح : 1 / 465 قبل ح 351]

٧٦١ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: بَيْنَمَا رَجُلٌ يُصَلِّي مسبلا إِزَارِهِ قَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اذْهَبْ فَتَوَضَّأْ» فذهب وَتَوَضَّأَ ثُمَّ جَاءَ فَقَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا لَكَ أَمَرْتَهُ أَنْ يَتَوَضَّأَ؟ قَالَ: «إِنَّهُ كَانَ يُصَلِّي وَهُوَ مُسْبِلٌ إِزَارَهُ وَإِنَّ اللَّهَ ص:٢٣ تَعَالَى لَا يَقْبَلُ صَلَاةَ رَجُلٍ مُسْبِلٍ إِزَارَهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

761. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी अपना तहबंद लटकाए नमाज़ पढ़ रहा था, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: “जाओ वुज़ू करो”, वह गया और वुज़ू कर के फिर हाज़िर हुआ तो किसी आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप ने इसे वुज़ू करने का हुक्म क्यों फ़रमाया? आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो अपना तहबंद लटकाए हुए नमाज़ पढ़ रहा था, जबकि अल्लाह तहबंद लटका कर नमाज़ पढ़ने वाले शख़्स की नमाज़ कबूल नहीं फरमाता”| (सहीह,हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (638) [و صححه ابن حبان (2406) و رواه البیھقی (2 / 242) عن رجل من اصحاب النبی صلی اللہ علیه وسلم نحوه و سنده حسن لذاته و خطا من ضعفه] * فیه ابو جعفر المدنی الموذن و ثقه الجمھور و حدثه لا ینزل عن ردجة الحسن

٧٦٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُقْبَلُ صَلَاةُ حَائِضٍ إِلَّا بِخِمَارٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ

762. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “किसी बालिगा औरत की नंगे सर नमाज़ कबूल नहीं होती| (सहीह,मुस्लिम)

صحیح ، رواه ابوداؤد (641) و الترمذی (377 وقال : حسن) [و صححه ابن خزیمة (775) و ابن حبان (الاحسان : 1708 ، 1709) و الحاکم علی شرط مسلم (1 / 251) و وافقه الذھبی]

٧٦٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ أَنَّهَا سَأَلَتْ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَتُصَلِّي الْمَرْأَةُ فِي درع وخمار لَيْسَ عَلَيْهَا إِزَارٌ؟ قَالَ: «إِذَا كَانَ الدِّرْعُ سَابِغًا يُغَطِّي ظُهُورَ قَدَمَيْهَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَذَكَرَ جمَاعَة وَقَفُوهُ على أم سَلمَة

763. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया क्या औरत तहबंद के बगैर सिर्फ कमीज़ और दुपट्टे में नमाज़ पढ़ सकती है, आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ जब कमीज़ इस क़दर कामिल(सर्वोत्तम) और कुशादा हो के वह उस के पाँव ढांपती हो| अबू दावुद, और उन्होंने रावियो की एक

जमाअत का ज़िक्र किया, उन्होंने इस हदीस को उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा पर मौकूफ करार दिया है| (सहीह,ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (640) [و صححه الحاکم علی شرط البخاری (1 / 250) واختلف قول الذھبی فیه] * ام محمد بن زید مجھولة الحال و ثقھا الحاکم وحده

٧٦٤ - (حَسَنٍ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: نَهَى عَنِ السَّدْلِ فِي الصَّلَاةِ وَأَنْ يُغَطِّيَ الرَّجُلُ فَاهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ

764. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि रसूलुल्लाह ﷺ ने दौरान ए नमाज़ गले में कपड़ा लटकाने और मुंह ढांपने से मना फ़रमाया| (ज़ईफ़,हसन)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (643) و الترمذی (378) * فیه الحسن بن ذکوان مدلس و عنعن و فی السند الثانی : عسل بن سفیان ضعیفانوار الصحیفه (د 643)

٧٦٥ - (صَحِيح) وَعَنْ شَدَّادِ بْنِ أَوْسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خَالِفُوا الْيَهُودَ فَإِنَّهُمْ لَا يُصَلُّونَ فِي نِعَالِهِمْ وَلَا خِفَافِهِمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

765. शद्दाद बिन अवसी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: यहूदियों की मुखालिफत करो क्योंकि वह अपने जूतो और मोज़ो में नमाज़ नहीं पढ़ते| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (652) [و صححه ابن حبان (357) و الحاکم (1 / 260) و وافقه الذھبی]

٧٦٦ - (صَحِيح) وَعَن أبي سعيد الْخُدْرِيّ قَالَ: بَيْنَمَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي ص:٢٣ بِأَصْحَابِهِ إِذْ خلع نَعْلَيْه فَوَضَعَهُمَا عَنْ يَسَارِهِ فَلَمَّا رَأَى ذَلِكَ الْقَوْمُ أَلْقَوْا نِعَالَهُمْ فَلَمَّا قَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَاتَهُ قَالَ: «مَا حَمَلَكُمْ على إلقائكم نعالكم؟» قَالُوا: رَأَيْنَاك ألقيت نعليك فَأَلْقَيْنَا نِعَالَنَا. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنْ جِبْرِيلَ أَتَانِي فَأَخْبَرَنِي أَنَّ فيهمَا قذرا إِذا جَاءَ أحدكُم إِلَى الْمَسْجِدَ فَلْيَنْظُرْ فَإِنْ رَأَى فِي نَعْلَيْهِ قَذَرًا أَو أَذَى فَلْيَمْسَحْهُ وَلِيُصَلِّ فِيهِمَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ

766. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, इस दौरान के रसूलुल्लाह ﷺ अपने सहाबा को नमाज़ पढ़ा रहे थे की आप ﷺ ने अचानक अपने जूते उतार कर अपने बाएँ तरफ रख दिए, जब सहाबा ने यह देखा तो उन्होंने भी अपने जूते उतार दिए, जब रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ पढ़ चुके तो फ़रमाया: “तुम्हें किसी चीज़ ने जूते उतारने पर अमादा किया ?” उन्होंने अर्ज़ किया, हमने आप ﷺ को जूते उतारते हुए देखा तो हमने भी उतार दिए रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिब्राइल मेरे पास तशरीफ़ लाए तो उन्होंने मुझे बताया की उनमें नजासत

है, जब तुम में से कोई मस्जिद में आए तो वह देखे अगर वह अपने जूतो में नजासत देखे तो वह इसे साफ़ करे फिर उनमें नमाज़ पढ़ ले| (सहीह,मुस्लिम)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (650) و الدارمى (1 / 320 ح 1385) [و صححه ابن خزيمة (1017) و ابن حبان (360) و الحاكم على شرط مسلم (1 / 260) و وافقه الذهبى]

٧٦٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا صَلَّى أَحَدُكُمْ فَلَا يَضَعْ نَعْلَيْهِ عَنْ يَمِينِهِ وَلَا عَنْ يَسَارِهِ فَتَكُونَ عَنْ يَمِينِ غَيْرِهِ إِلَّا أَنْ لَا يَكُونَ عَنْ يسَاره أحد وليضعهما بَيْنَ رِجْلَيْهِ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «أَوْ لِيُصَلِّ فِيهِمَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَرَوَى ابْنُ مَاجَهْ مَعْنَاهُ

767. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई नमाज़ पढ़े तो वह अपने जूते अपने दाएँ तरफ न रखे न बाएँ तरफ क्योंकि उसकी बाएँ जानिब किसी दूसरे शख़्स की दाएँ जानिब होगी, वहां अगर उस के बाएँ तरफ कोई न हो तो फिर बाएँ तरफ रख ले वरना उन्हें अपने पाँव के दरमियान रखे”| अबू दावुद इब्ने माजा ने भी इसी तरह रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (654) و ابن ماجه (1432) [و صححه ابن خزيمة (1016) و ابن حبان (361) و الحاكم على شرط الشيخين (1 / 259) و وافقه الذهبى]

بَاب السّتْر • सतर का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٧٦٨ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: دَخَلْتُ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَرَأَيْتُهُ يُصَلِّي عَلَى حَصِيرٍ يَسْجُدُ عَلَيْهِ. قَالَ: وَرَأَيْتُهُ يُصَلِّي فِي ثَوْبٍ وَاحِدٍ مُتَوَشِّحًا بِهِ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

768. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो मैंने आप को चटाई पर नमाज़ पढ़ते और उस पर सजदाह करते हुए देखा और उन्होंने बयान किया के मैंने आप को एक कपड़े में इस तरह नमाज़ पढ़ते हुए देखा के आप ने अपने जिस्म को एक कपड़े में ढांप रखा था| (मुस्लिम)

رواه مسلم (284 / 519)، (1159)

٧٦٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ ص:٢٤ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي حافيا ومتنعلا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

769. अम्र बिन शुऐब रहिमहुल्लाह अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: मैंने

रसूलुल्लाह ﷺ को कभी नंगे पाँव और कभी जूतो में नमाज़ पढ़ते हुए देखा| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (653) [و ابن ماجه : 1038]

٧٧٠ - (صَحِيح) وَعَنْ مُحَمَّدِ بْنِ الْمُنْكَدِرِ قَالَ: صَلَّى جَابِرٌ فِي إِزَارٍ قَدْ عَقَدَهُ مِنْ قِبَلِ قَفَاهُ وثيابه مَوْضُوعَة على المشجب قَالَ لَهُ قَائِلٌ تُصَلِّي فِي إِزَارٍ وَاحِدٍ فَقَالَ إِنَّمَا صَنَعْتُ ذَلِكَ لِيَرَانِيَ أَحْمَقُ مِثْلُكَ وَأَيُّنَا كَانَ لَهُ ثَوْبَانِ عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

770. मुहम्मद बिन मुन्कदिर रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, जाबिर रदियल्लाहु अन्हु ने एक तहबंद में इस तरह नमाज़ पढ़ी के उन्होंने इसे गर्दन की तरफ बांधा हुआ था, जबकि उन के कपड़े मिश्जब घरोंची पर रखे हुए थे, किसी ने उन से कहा: आप एक कपड़े में नमाज़ पढ़ रहे हैं उन्होंने ने फ़रमाया: मैंने यह महज इसलिए किया है ताकि आप जैसे अहमक शख़्स मुझे देख ले रसूलुल्लाह ﷺ के दौर में हम में से कौन शख़्स था जिसके पास दो कपड़े होते थे| (बुखारी)

رواه البخارى (352)

٧٧١ - (ضَعِيف) وَعَنْ أُبَيِّ بْنِ كَعْبٍ قَالَ: الصَّلَاةُ فِي الثَّوْبِ الْوَاحِدِ سُنَّةٌ كُنَّا نَفْعَلُهُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَا يُعَابُ عَلَيْنَا. فَقَالَ ابْنُ مَسْعُودٍ: إِنَّمَا كَانَ ذَاكَ إِذْ كَانَ فِي الثِّيَاب قلَّة فَأَما إِذْ وَسَّعَ اللَّهُ فَالصَّلَاةُ فِي الثَّوْبَيْنِ أَزْكَى. رَوَاهُ أَحْمد

771. उबई बिन काब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक कपड़े में नमाज़ पढ़ना सुन्नत है, हम रसूलुल्लाह ﷺ की मौजूदगी में ऐसा किया करते थे और हमें मना नहीं किया जाता था, इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: यह तब था जब कपड़ो की किल्लत थी, पस जब अल्लाह फराखी अता फरमादे तो फिर दो कपड़ो में नमाज़ पढ़ना बेहतर व अफज़ल है| (सहीह)

صحيح ، رواه [عبدالله بن] احمد (5 / 141 ح 21599) * حدث به الجريرى قبل اختلاطه و للحديث شاهد عند ابى داود (635) و غيره

سूतरे का बयान • بَاب السُّتْرَة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٧٧٢ - (صَحِيح) عَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَغْدُو إِلَى الْمُصَلَّى وَالْعَنَزَةُ بَيْنَ يَدَيْهِ تُحْمَلُ وَتُنْصَبُ بِالْمُصَلَّى بَيْنَ يَدَيْهِ فيصَلي إِلَيْهَا. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

772. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ सुबह के वक़्त ईदगाह की तरफ जाते, एक छोटा नैज़ा आप के आगे आगे उठा कर ले जाया जाता और इसे ईदगाह में आप के सामने गाड़ दिया जाता, फिर आप उसकी तरफ रुख कर के नमाज़ पढ़ते| (बुखारी)

رواه البخاری (973)

٧٧٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أَبِي جُحَيْفَة قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِمَكَّةَ وَهُوَ بِالْأَبْطَحِ فِي قُبَّةٍ حَمْرَاءَ مِنْ أَدَمٍ وَرَأَيْتُ بِلَالًا أَخَذَ وَضُوءَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَرَأَيْتُ النَّاسَ يبتدرون ذَاك الْوَضُوءَ فَمَنْ أَصَابَ مِنْهُ شَيْئًا تَمَسَّحَ بِهِ وَمن لم يصب مِنْهُ شَيْئا أَخَذَ مِنْ بَلَلِ يَدِ صَاحِبِهِ ثُمَّ رَأَيْتُ بِلَالًا أَخَذَ عَنَزَةً فَرَكَزَهَا وَخَرَجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حُلَّةٍ حَمْرَاءَ مُشَمِّرًا صَلَّى إِلَى الْعَنَزَةِ بِالنَّاسِ رَكْعَتَيْنِ وَرَأَيْت النَّاس وَالدَّوَاب يَمرونَ من بَين يَدي العنزة

773. अबू जुहैफा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को मक्का में देखा जबकि आप वादी बतहा में चमड़े के एक सुर्ख खैमे में थे, और मैंने बिलाल रदियल्लाहु अन्हु को देखा के वह रसूलुल्लाह ﷺ के वुज़ू का पानी लिए खड़े है, और मैंने लोगों को देखा के वह वुज़ू के इस पानी को हासिल करने के लिए एक दूसरे पर सबकत ले जाने की कोशिश कर रहे हैं, चुनांचे जिसे तो उस में से कुछ मिल जाता है उसे अपने जिस्म पर मल लेता है, और जिसे उस में से कुछ न मिलता तो वह अपने साथी के हाथ की नमी हासिल कर लेता, फिर मैंने बिलाल रदियल्लाहु अन्हु को देखा के उन्होंने छोटा नैज़ा लेकर गाड़ दिया, फिर रसूलुल्लाह ﷺ सुर्ख जोड़ा ज़ेबतीन (पहना हुआ) किए हुए तेज़ी से तशरीफ़ लाए, आप ने छोटे नेज़े की तरफ रुख कर के लोगों को दो रकते पढ़ाइ और मैंने लोगों और चोपायो को आप के आगे से गुज़रते हुए देखा| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (376 ، 633) و مسلم (249 / 503)، (1119)

٧٧٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ نَافِعٍ عَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يُعَرِّضُ رَاحِلَتَهُ ص:٢٤ فَيصَلي إِلَيْهَا. وَزَادَ الْبُخَارِيُّ قُلْتُ: أَفَرَأَيْتَ إِذَا هَبَّتِ الرِّكَابُ. قَالَ: كَانَ يَأْخُذُ الرَّحْلَ فَيُعَدِّلُهُ فَيُصَلِّي إِلَى آخرته

774. नाफेअ इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ अपने सवारी बेठा दिया करते और फिर उसकी तरफ रुख कर के नमाज़ पढ़ा करते थे| बुखारी, मुस्लिम # और इमाम बुखारी ने यह इज़ाफा नकल किया है रावी बयान करते हैं, मैंने कहा: जब ऊंट चरने के लिए जाते थे (तो फिर क्या करते थे ?) उन्होंने कहा: वह पालान व कजावा पकड़ते और इसे सामने रख कर उस के आखिरी हिस्सा की तरफ रुख कर के नमाज़ पढ़ लिया करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (507) و مسلم (247 / 502)، (1117)

٧٧٥ - (صَحِيح) وَعَنْ طَلْحَةَ بْنِ عُبَيْدِ اللَّهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِذا وَضَعَ أَحَدُكُمْ بَيْنَ يَدَيْهِ مِثْلَ مُؤْخِرَةِ الرَّحْلِ فَلْيصل وَلَا يبال من مر وَرَاء ذَلِك» . رَوَاهُ مُسلم

775. तल्हा बिन उबैदुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई शख़्स पालान की पिछली लकड़ी के बराबर कोई चीज़ अपने आगे रख ले तो वह नमाज़ पढ़े और जो उस से पर गुज़रे उसकी कोई परवाह न करे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (241 / 499)، (1111)

٧٧٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي جهيم قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «لَوْ يَعْلَمُ الْمَارُّ بَيْنَ يَدَيِ الْمُصَلِّي مَاذَا عَلَيْهِ لَكَانَ أَنْ يَقِفَ أَرْبَعِينَ خَيْرًا لَهُ مِنْ أَنْ يَمُرَّ بَيْنَ يَدَيْهِ» . قَالَ أَبُو النَّضر: لَا أَدْرِي قَالَ: «أَرْبَعِينَ يَوْمًا أَوْ شَهْرًا أَو سنة»

776. अबिल जुह्नी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर नमाज़ी के आगे से गुज़रने वाले शख़्स को पता चल जाए के इसे कितना गुनाह या नुकसान होगा तो उस के लिए उस के आगे से गुज़रने से चालीस तक खड़े रहना बेहतर होता”| अबू नज़र ने फ़रमाया: मैं नहीं जानता के आप ﷺ ने चालीस दिन या माह या चालीस साल फरमाया| | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (510) و مسلم (261 / 507)، (1132)

٧٧٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا صَلَّى أَحَدُكُمْ إِلَى شَيْءٍ يَسْتُرُهُ مِنَ النَّاسِ فَأَرَادَ أَحَدٌ أَنْ يَجْتَازَ بَيْنَ يَدَيْهِ فَلْيَدْفَعْهُ فَإِنْ أَبَى فَلْيُقَاتِلْهُ فَإِنَّمَا هُوَ شَيْطَانٌ» . هَذَا لَفْظُ الْبُخَارِيِّ وَلمُسلم مَعْنَاهُ

777. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई शख़्स किसी ऐसी चीज़ की तरफ रुख कर के नमाज़ पढ़े, जो इसे लोगों से छिपा रही हो यानी किसी चीज़ को सुतरह बना कर नमाज़ पढ़े और फिर भी कोई शख़्स उस के आगे से गुज़रना चाहे तो वह इसे रोके, लेकिन अगर वह बाज़ न आए तो फिर वह उस से लड़े क्योंकि वह शैतान है”| यह बुखारी के अल्फाज़ है और मुस्लिम के अल्फाज़ भी इसी मानी में है| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (509) و مسلم (259 / 505)، (1129)

٧٧٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَقْطَعُ الصَّلَاةَ الْمَرْأَةُ وَالْحِمَارُ وَالْكَلْبُ. وَيَقِي ذَلِكَ مثل مؤخرة الرحل» . رَوَاهُ مُسلم

778. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “औरत, गधा और कुत्ता नमाज़ी के आगे से गुज़र कर नमाज़ तोड़ देते है, जबकि पालान की आखिरी लकड़ी की मिस्ल कोई चीज़ उस से बचाती है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (266 / 511)، (1139)

٧٧٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي مِنَ اللَّيْلِ وَأَنَا مُعْتَرِضَةٌ بَيْنَهُ وَبَيْنَ الْقِبْلَةِ كَاعْتِرَاضِ الْجَنَازَةِ

779. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ नमाज़ ए तहज्जुद पढ़ा करते थे जबकि मैं आप के और किबले के दरमियान इस तरह लेटी होती थी जिस तरह इमाम के आगे जनाज़ा रखा होता है| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (383 ، 384) و مسلم (267 / 512)، (1140)

٧٨٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: أَقْبَلْتُ رَاكِبًا عَلَى أَتَانٍ وَأَنَا يَوْمَئِذٍ قَدْ نَاهَزْتُ الِاحْتِلَامَ وَرَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي بِالنَّاسِ بِمِنًى إِلَى غَيْرِ جِدَارٍ فَمَرَرْتُ بين يدي الصَّفّ فنزلت فَأرْسلت الْأَتَانَ تَرْتَعُ وَدَخَلْتُ فِي الصَّفِّ فَلَمْ يُنْكِرْ ذَلِك عَليّ أحد

780. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैं एक दिन गधे पर सवार हो कर आया, मैं इन दिनों करिबुल बुलुग था, जबकि रसूल अल्लाह इस वक़्त किसी दिवार की ओट लिए बगैर मीना में नमाज़ पढ़ा रहे थे, पस मैं एक सफ के आगे से गुज़रा फिर मैं गधे से उतरा और इसे चरने के लिए छोड़ दिया, और खुद सफ में शामिल हो गया और किसी ने भी मुझ पर एतराज़ न किया| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (493) و مسلم (254 / 504)، (1124)

بَاب السِتْرَة • सूतरे का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٧٨١ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا صَلَّى أَحَدُكُمْ فَلْيَجْعَلْ تِلْقَاءَ وَجْهِهِ شَيْئًا فَإِنْ لَمْ يَجِدْ فَلْيَنْصِبْ عَصَاهُ فَإِنْ لَمْ يَكُنْ مَعَهُ عَصَى فَلْيَخْطُطْ خَطًّا ثُمَّ لَا يَضُرُّهُ مَا مَرَّ أَمَامه» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

781. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई नमाज़ पढ़े तो वह अपने सामने कोई चीज़ रख ले अगर कोई चीज़ न पाए तो फिर अपने लाठी गाड़ ले, और अगर उस के पास लाठी भी न हो तो फिर एक लकीर खींच ले फिर उस के आग इसे जो भी गुज़र जाए वह उस के लिए मुज़िर नहीं होगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (689) و ابن ماجه (943) * هذا الحديث ضعيفه سفيان بن عيينة و الداقطنى و الجمهور وهو الصواب

٧٨٢ - (صَحِيح) وَعَن سهل بن أبي حثْمَة قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذا صَلَّى أَحَدُكُمْ إِلَى سُتْرَةٍ فَلْيَدْنُ مِنْهَا لَا يَقْطَعِ الشَّيْطَانُ عَلَيْهِ صَلَاتَهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

782. सहल बिन अबी हशम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई शख़्स सुतरह की तरफ रुख कर के नमाज़ पढ़े तो वह उस के करीब हो जाए ताकि शैतान उसकी नमाज़ कतअ न कर सके”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (695) [و النسائی (2 / 62 ح 749) و صححه ابن خزيمة (803) و ابن حبان (409) و الحاكم على شرط الشيخين (1 / 251 ، 252) و وافقه الذهبى]

٧٨٣ - (ضَعِيف) وَعَنِ الْمِقْدَادِ بْنِ الْأَسْوَدِ قَالَ: مَا رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي إِلَى عُودٍ وَلَا عَمُودٍ وَلَا شَجَرَةٍ إِلَّا جَعَلَهُ عَلَى حَاجِبِهِ الْأَيْمَنِ أَوِ الْأَيْسَرِ وَلَا يصمد لَهُ صمدا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

783. मिकदाद बिन असवद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को जब भी किसी लकड़ी सुतून और दरख्त की तरफ रुख कर के नमाज़ पढ़ते हुए देखा तो आप इसे अपने दाएँ या बाएँ अबरो के सामने करते थे और आप उस के बिलकुल सामने खड़े नहीं होते थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (693) * ضباعة لاتعرف و المهلب : مجهول ، و الوليد بن كامل لين الحديث

٧٨٤ - (ضَعِيف) وَعَنِ الْفَضْلِ بْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: أَتَانَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَنَحْنُ فِي بَادِيَةٍ لَنَا وَمَعَهُ عَبَّاسٌ فَصَلَّى فِي صَحْرَاءَ لَيْسَ بَيْنَ يَدَيْهِ سُتْرَةٌ وَحِمَارَةٌ لَنَا وَكَلْبَةٌ تعبثان بَين يَدَيْهِ فَمَا بالى ذَلِك. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وللنسائي نَحوه

784. फ़ज़्ल बिन अब्बास रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम जंगल में थे के रसूलुल्लाह ﷺ अब्बास रदियल्लाहु अन्हु की साथ में हमारे पास तशरीफ़ लाए आप ने सुतरह के बगैर सहरा में नमाज़ अदा की, जबकि हमारी गधे और कुतिया आप के आगे खेल रही थी आप ने इसे कोई अहमियत न दिया| अबू दावुद, नसई की रिवायत भी इसी तरह है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (718) و النسائی (2 / 65 ح 754) * عباس بن عبيدالله لم يدرک عمه الفضل بن عباس رضى الله عنه فالسند منقطع

٧٨٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَقْطَعُ الصَّلَاةَ شَيْء وادرؤوا مَا اسْتَطَعْتُمْ فَإِنَّمَا هُوَ شَيْطَانٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

785. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कोई चीज़ नमाज़ को नहीं तोड़ती, पस मक्दोर भर इसे रोको क्योंकि वह गुजरने वाला शैतान है| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (719) [و للحديث شاهد قوى عند الدارقطنى (1 / 367)]

सूतरे का बयान • بَاب السِتْرَة

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٧٨٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن عَائِشَة قَالَت: كُنْتُ أَنَامُ بَيْنَ يَدَيْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَرِجْلَايَ فِي قِبْلَتِهِ فَإِذَا سَجَدَ غَمَزَنِي فَقَبَضْتُ رِجْلِي وَإِذَا قَامَ بَسَطْتُهُمَا قَالَتْ: وَالْبُيُوتُ يَوْمَئِذٍ لَيْسَ فِيهَا مَصَابِيحُ

786. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैं रसूलुल्लाह ﷺ के आगे सो जाया करती थी, जबकि मेरे पाँव आप ﷺ के सजदाह की जगह पर होते थे, जब आप सजदाह करते तो आप मुझे हाथ से दबा देते तो मैं अपने पाँव समेट लेती और जब आप ﷺ खड़े हो जाते तो मैं उन्हें फैला देती उन्होंने बताया उन दिनों घरो में चिराग नहीं हुआ करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواہ البخاری (513) و مسلم (272 / 512)، (1145)

٧٨٧ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ يَعْلَمُ أَحَدُكُمْ مَا لَهُ فِي أَنْ يَمُرَّ بَيْنَ يَدَيْ أَخِيهِ مُعْتَرِضًا فِي الصَّلَاةِ كَانَ لَأَنْ يُقِيمَ مِائَةَ عَامٍ خَيْرٌ لَهُ مِنَ الْخُطْوَةِ الَّتِي خَطَا» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ

787. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर तुम में किसी को नमाज़ में मशगुल अपने भाई के आगे से गुज़रने का गुनाह मालुम हो तो उस के लिए सौ बरस खड़े रहना एक कदम उठाने से बेहतर होता| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (946) * عبید الله بن عبد الرحمن بن موهب : و ثقه الجمهور و عمه حسن الحديث

٧٨٨ - (مَوْقُوف) وَعَنْ كَعْبِ الْأَحْبَارِ قَالَ: لَوْ يَعْلَمُ الْمَارُّ بَيْنَ يَدَيِ الْمُصَلِّي مَاذَا عَلَيْهِ لَكَانَ أَنْ يُخْسَفَ بِهِ خَيْرًا مِنْ أَنْ يَمُرَّ بَيْنَ يَدَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ: أَهْوَنَ عَلَيْهِ. رَوَاهُ مَالِكٌ

788. काब अह्बार रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, अगर नमाज़ी के आगे से गुज़रने वाले को पता चल जाता के इसे उस पर कितना गुनाह मिलेगा तो वह समझता के इसे धंसा दीया जाना तो यह उस के लिए उस के आगे से गुज़रने से बेहतर होता और एक रिवायत में है उस पर आसान होता| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه مالك (1 / 155 ح 363) * زید بن اسلم بری من التدلیس کما حققته فی الفتح المبین تحقیق کتاب المدلسین لابن حجر (ص 23 ت 11 / 1) * قوله :'' علیه '' لم اجده و الله اعلم

٧٨٩ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا صَلَّى أَحَدُكُمْ إِلَى غَيْرِ السُّتْرَةِ فَإِنَّهُ يَقْطَعُ صَلَاتَهُ الْحِمَارُ وَالْخِنْزِيرُ وَالْيَهُودِيُّ وَالْمَجُوسِيُّ وَالْمَرْأَةُ وَتُجْزِئُ عَنْهُ إِذَا مَرُّوا بَيْنَ يَدَيْهِ عَلَى قَذْفَةٍ بِحَجَرٍ»

. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

789. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम में से कोई शख़्स सुतरह के बगैर नमाज़ पढ़े तो गधा, खिंजिर, यहूदी, मजूसी और औरत गुज़र कर उसकी नमाज़ तोड़ देते हैं और अगर वह पत्थर फ़ेकने के फासले के बराबर उस के आगे से गुज़र जाए तो फिर उसकी नमाज़ हो जाएगी"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (704) * شک الراوی فی اتصاله بقوله : احسبه

नमाज़ पढ़ने के तरीके का बयान • بَاب صفة الصَّلَاة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٧٩٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ: أَنَّ رَجُلًا دَخَلَ الْمَسْجِدَ وَرَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَالِسٌ فِي نَاحِيَةِ الْمَسْجِدِ فَصَلَّى ثُمَّ جَاءَ فَسَلَّمَ عَلَيْهِ فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وسلم: «وَعَلَيْك السَّلَام ارْجِعْ فَصَلِّ فَإِنَّك لَمْ تُصَلِّ» . فَرَجَعَ فَصَلَّى ثُمَّ جَاءَ فَسَلَّمَ فَقَالَ: «وَعَلَيْكَ السَّلَامُ ارْجِعْ فَصَلِّ فَإِنَّكَ لَمْ تُصَلِّ» فَقَالَ فِي الثَّالِثَةِ أَوْ فِي الَّتِي بَعْدَهَا عَلِّمْنِي يَا رَسُولَ اللَّهِ فَقَالَ: «إِذَا قُمْتَ إِلَى الصَّلَاةِ فَأَسْبِغِ الْوُضُوءَ ثُمَّ اسْتَقْبِلِ الْقِبْلَةَ فَكَبِّرْ ثُمَّ اقْرَأْ بِمَا تَيَسَّرَ مَعَكَ مِنَ الْقُرْآنِ ثُمَّ ارْكَعْ حَتَّى تَطْمَئِنَّ رَاكِعًا ثُمَّ ارْفَعْ حَتَّى تَسْتَوِّيَ قَائِمًا ثُمَّ اسْجُدْ حَتَّى تَطْمَئِنَّ سَاجِدًا ثُمَّ ارْفَعْ حَتَّى تَطْمَئِنَّ جَالِسًا ثُمَّ اسْجُدْ حَتَّى تَطْمَئِنَّ سَاجِدًا ثُمَّ ارْفَعْ حَتَّى تَطْمَئِنَّ جَالِسًا» . وَفِي رِوَايَةٍ: «ثُمَّ ارْفَعْ حَتَّى تَسْتَوِيَ قَائِمًا ثم افْعَل ذَلِك فِي صَلَاتك كلهَا»

790. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी मस्जिद में आया, जबकि रसूलुल्लाह ﷺ मस्जिद के एक जानिब तशरीफ़ फरमा थे, पस उस ने नमाज़ पढ़ी फिर रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर होकर सलाम अर्ज़ किया, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे सलाम का जवाब दे कर फ़रमाया: "वापिस जा कर नमाज़ पढ़ो, क्योंकि तुमने नमाज़ नहीं पढ़ी, पस वह गया और नमाज़ दोहराई, फिर आकर सलाम अर्ज़ किया, तो आप ﷺ ने सलाम का जवाब दे कर फ़रमाया: "वापिस जा कर नमाज़ पढ़ो, क्योंकि तुमने नमाज़ नहीं पढ़ी", पस तीसरी या चोथी मर्तबा उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! ﷺ !मुझे सिखा दें आप ﷺ ने फ़रमाया: "जब तुम नमाज़ पढ़ने का क़सद करे तो खूब अच्छी तरह वुज़ू करो, फिर किबले रुख खड़े हो कर (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहो, फिर जिस क़दर कुरान तुम्हें याद हो पढ़ो, फिर इत्मिनान के साथ रुकू करो, फिर सीधे खड़े हो जाओ, फिर इत्मिनान के साथ सजदाह करो, फिर उठो हत्ता कि इत्मिनान के साथ बैठ जाओ, फिर इत्मिनान के साथ सजदाह करो, फिर उठो हत्ता कि इत्मिनान के साथ बैठ जाओ", और एक दूसरी रिवायत में है: "फिर उठो हत्ता कि तुम इत्मिनान के साथ खड़े हो जाओ फिर अपने तमाम फ़र्ज़ व नफ्ल नमाज़ो में ऐसे ही किया करो|"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخاری (757) و مسلم (45 / 397)، (885)

٧٩١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَسْتَفْتِحُ الصَّلَاةَ بِالتَّكْبِيرِ وَالْقِرَاءَةِ بِ (الْحَمْدُ لِلَّهِ

رَبِّ الْعَالَمِينَ)»» وَكَانَ إِذَا رَكَعَ لَمْ يُشْخِصْ ص:٢٤ رَأْسَهُ وَلَمْ يُصَوِّبْهُ وَلَكِنْ بَيْنَ ذَلِكَ وَكَانَ إِذَا رَفَعَ رَأْسَهُ مِنَ الرُّكُوعِ لَمْ يَسْجُدْ حَتَّى يَسْتَوِيَ قَائِمًا وَكَانَ إِذَا رَفَعَ رَأْسَهُ مِنَ السَّجْدَةِ لَمْ يَسْجُدْ حَتَّى يَسْتَوِيَ جَالِسًا وَكَانَ يَقُولُ فِي كُلِّ رَكْعَتَيْنِ التَّحِيَّةَ وَكَانَ يَفْرِشُ رِجْلَهُ الْيُسْرَى وَيَنْصِبُ رِجْلَهُ الْيُمْنَى وَكَانَ يَنْهَى عَنْ عُقْبَةِ الشَّيْطَانِ وَيَنْهَى أَنْ يَفْتَرِشَ الرَّجُلُ ذِرَاعَيْهِ افْتِرَاشَ السَّبُعِ وَكَانَ يختم الصَّلَاة بِالتَّسْلِيمِ. رَوَاهُ مُسلم

791. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ (اللّٰہُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर से और किराअत ((अलहम्दु लिल्लाहि रब्बिल आलमीन)) से शुरू किया करते थे जब आप रुकू करते तो अपना सर मुबारक ना ऊपर उठाते थे न नीचे झुकाते थे बल्कि इन दोनों सूरतो के दरमियान बराबर रखते थे, जब रुकू से सर उठाते तो बिलकुल सीधा खड़े होते और फिर सजदाह करते जब सजदे से सर उठाते तो फिर इत्मिनान से बैठ जाते और फिर दूसरा सजदाह करते, आप हर दो रक्अतो के बाद अत्तहियात पढ़ते थे, आप बाएँ पाँव को बिछा देते और दाएँ पाँव को खड़ा रखते थे आप शैतान की तरह बैठनेसिरिन के बल बैठ कर टांगे खड़ी कर लेना और हाथ ज़मीन पर लगा देना से और दरिंदो की तरह बाज़ू बिछा कर सजदाह करने से मना किया करते थे और आप السَّلَامُ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَةُ اللَّهِ " ﷺ (सलामती हो तुम पर और अल्लाह की रहमत हो)" पर नमाज़ ख़त्म किया करते थे|. (मुस्लिम)

رواه مسلم (240 / 498)، (1110) و اعل بما لا يقدح

٧٩٢ - (صَحِيح) وَعَن أبي حميد السَّاعِدِيّ قَالَ: فِي نَفَرٍ مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَنَا أَحْفَظُكُمْ لِصَلَاةِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَأَيْتُهُ إِذَا كَبَّرَ جَعَلَ يَدَيْهِ حِذَاءَ مَنْكِبَيْهِ وَإِذَا رَكَعَ أَمْكَنَ يَدَيْهِ مِنْ رُكْبَتَيْهِ ثُمَّ هَصَرَ ظَهْرَهُ فَإِذَا رَفَعَ رَأْسَهُ اسْتَوَى حَتَّى يَعُودَ كُلُّ فَقَارٍ مَكَانَهُ فَإِذَا سَجَدَ وَضَعَ يَدَيْهِ غَيْرَ مُفْتَرِشٍ وَلَا قَابِضِهِمَا وَاسْتَقْبَلَ بِأَطْرَافِ أَصَابِعِ رِجْلَيْهِ الْقِبْلَةَ فَإِذَا جَلَسَ فِي الرَّكْعَتَيْنِ جَلَسَ على رجله الْيُسْرَى وَنصب الْيُمْنَى وَإِذَا جَلَسَ فِي الرَّكْعَةِ الْآخِرَةِ قَدَّمَ رِجْلَهُ الْيُسْرَى وَنَصَبَ الْأُخْرَى وَقَعَدَ عَلَى مَقْعَدَتِهِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

792. अबू हुमैद साअदि रदियल्लाहु अन्हु ने रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा की एक जमाअत में फ़रमाया रसूलुल्लाह ﷺ की नमाज़ के मुतल्लिक में तुम सबसे ज़्यादा जानता हूँ, मैंने आप ﷺ को देखा जब आप ने (اللّٰہُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहा तो अपने हाथ कंधो के बराबर कर लिए, जब आप ने रुकू किया तो अपने हाथ घुटनों पर रखे, फिर अपने कमर को झुकाया, जब रुकू से सर उठाया तो बिलकुल सीधे खड़े हो गए, हत्ता कि हर हड्डी अपने जगह पर गई, जब सजदाह किया तो आप ने हाथ रखे जो के ना बिछे हुए थे न समटे हुए थे और आप ने पाँव की उंगलियों के किनारों को किब्ले की तरफ किया था, जब आप दो रक्अतो में बैठते तो आप अपने बाएँ पाँव परबैठे और दाएँ पाँव को खड़ा किया और जब आखिरी रक्अत में बैठते तो बाएँ पाँव को आगे बढ़ाकर सुरिन पर बैठ गए और दाएँ पाँव को खड़ा किया| (बुखारी)

رواه البخارى (828)

٧٩٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَرْفَعُ يَدَيْهِ حَذْوَ مَنْكِبَيْهِ إِذَا افْتَتَحَ الصَّلَاةَ وَإِذَا كَبَّرَ لِلرُّكُوعِ وَإِذَا رَفَعَ رَأْسَهُ مِنَ الرُّكُوعِ رَفَعَهُمَا كَذَلِكَ وَقَالَ: سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ رَبَّنَا لَكَ الْحَمْدُ وَكَانَ لَا يَفْعَلُ ذَلِكَ فِي

السُّجُودِ

793. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ जब नमाज़ शुरू करते रुकू के लिए (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते और जब रुकू से सर उठाते तो रफअ अल यदेन किया करते थे और आप ﷺ रुकूअ से उठते वक़्त फरमाते: "अल्लाह ने सुन ली जिस ने उसकी हम्द बयान की हमारे रब तमाम हम्द शिताइश तेरे ही लिए है" और आप सजदो के बिच में यह रफअ अल यदेन नहीं किया करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (735) و مسلم (21 / 390)، (861)

٧٩٤ - (صَحِيح) وَعَنْ نَافِعٍ: أَنَّ ابْنَ عُمَرَ كَانَ إِذَا دَخَلَ فِي الصَّلَاةِ كَبَّرَ وَرَفَعَ يَدَيْهِ وَإِذَا رَكَعَ رَفَعَ يَدَيْهِ وَإِذَا قَالَ سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ رَفَعَ يَدَيْهِ وَإِذَا قَامَ مِنَ الرَّكْعَتَيْنِ رَفَعَ يَدَيْهِ وَرَفَعَ ذَلِكَ ابْنُ عُمَرَ إِلَى نَبِيِّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

794. नाफेअ उसे रिवायत है कि जब इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा नमाज़ शुरू करते तो (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते और हाथ उठाते थे जब रुकू करते तो हाथ उठाते जब " समिअल्लाहू लीमन हमीदह" कहता तो हाथ उठाते और जब दो रकते पढ़ कर खड़े होते तो हाथ उठाते थे जबकि इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा ने इस हदीस को नबी ﷺ से मरफुअ रिवायत किया है| (बुखारी)

رواہ البخاری (739) * و اعل بما لا یقدح و صححه جمهور المحدثین ، جعلنا الله فی زمرتهم

٧٩٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن مَالك بن الْحُوَيْرِث قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا كَبَّرَ رَفَعَ يَدَيْهِ حَتَّى يُحَاذِيَ بِهِمَا أُذُنَيْهِ وَإِذَا رَفَعَ رَأْسَهُ مِنَ الرُّكُوعِ فَقَالَ: سَمِعَ اللَّهُ ص:٢٤ لِمَنْ حَمِدَهُ فَعَلَ مِثْلَ ذَلِك. وَفِي رِوَايَة: حَتَّى يُحَاذِي بهما فروع أُذُنَيْهِ

795. मालिक बिन हुवैरिस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहता तो अपने हाथ उठाते हत्ता कि वह उन्हें कानों के बराबर ले आते जब रुकू से सर उठाते और " समिअल्लाहू लीमन हमीदह" कहता तो भी इसी तरह करते और एक दूसरी रिवायत में हत्ता कि वह उन्हें कानों की लो के बराबर कर लेते| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (737) و مسلم (25 / 391)، (865) * و جاء فی روایة ضعفة عند النسائی (2 / 205206 ح 1086) :'' و اذا سجد و اذا رفع راسه من السجود '' یعنی رفع یدیه ، و سند ضعیف ، قتادة مدلس و عنعن ولم یرو عنه شعبة ، بل رواہ سعید بن ابی عروبة عنه

٧٩٦ - (صَحِيح) وَعَنْهُ أَنَّهُ رَأَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي فَإِذَا كَانَ فِي وِتْرٍ مِنْ صَلَاتِهِ لَمْ يَنْهَضْ حَتَّى يَسْتَوِيَ قَاعِدًا. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

796. मालिक बिन हुवैरिस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने नबी ﷺ को नमाज़ पढ़ते हुए देखा जब

आप नमाज़ की ताक रक्अत में होते तो इत्मिनान से बैठ जाते और फिर दूसरी रक्अत के लिए खड़े होते| (बुखारी)

رواه البخارى (823)

٧٩٧ - (صَحِيح) وَعَن وَائِل بن حجرأنه رأى النَّبِي صلى الله عَلَيْهِ وَسلم رفع يَدَيْهِ حِينَ دَخَلَ فِي الصَّلَاةِ كَبَّرَ ثُمَّ الْتَحَفَ بِثَوْبِهِ ثُمَّ وَضَعَ يَدَهُ الْيُمْنَى عَلَى الْيُسْرَى فَلَمَّا أَرَادَ أَنْ يَرْكَعَ أَخْرَجَ يَدَيْهِ من الثَّوْب ثمَّ رفعهما ثمَّ كبر فَرَكَعَ فَلَمَّا قَالَ سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ رَفَعَ يَدَيْهِ فَلَمَّا سَجَدَ سَجَدَ بَيْنَ كَفَّيْهِ. رَوَاهُ مُسلم

797. वाइल बिन हुज्र रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने नबी ﷺ को देखा की जब आप ने नमाज़ शुरू की तो हाथ उठाकर (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहा, फिर अपना कपड़ा लपेट लिया, फिर दायाँ हाथ बाएँ पर रखा जब रुकू करने का इरादा किया तो कपड़े से हाथ निकाले रफअ अल यदेन किया और (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहा फिर रुकू किया, जब “ समिअल्लाहू लीमन हमीदह” कहा तो रफअ अल यदेन किया और जब सजदाह किया तो दोनों हाथो के दरमियान सजदाह किया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (54 / 401)، (896)

٧٩٨ - (صَحِيح) وَعَن سهل بن سعد قَالَ: كَانَ النَّاسُ يُؤْمَرُونَ أَنْ يَضَعَ الرَّجُلُ الْيَدَ الْيُمْنَى عَلَى ذِرَاعِهِ الْيُسْرَى فِي الصَّلَاةِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

798. सहल बिन साद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, लोगों को हुक्म दिया जाता था के हर आदमी दौरान ए नमाज़ अपना दायाँ हाथ बाएँ बाज़ू पर रखे| (बुखारी)

رواه البخارى (740)

٧٩٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا قَامَ إِلَى الصَّلَاةِ يُكَبِّرُ حِينَ يَقُومُ ثُمَّ يُكَبِّرُ حِينَ يَرْكَعُ ثُمَّ يَقُولُ: «سَمِعَ ص:٢٥ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ» حِينَ يَرْفَعُ صُلْبَهُ مِنَ الرَّكْعَةِ ثُمَّ يَقُولُ وَهُوَ قَائِمٌ: «رَبَّنَا لَكَ الْحَمْدُ» ثُمَّ يُكَبِّرُ حِينَ يَهْوِي ثُمَّ يُكَبِّرُ حِينَ يسْجد ثمَّ يكبر حِين يرفع رَأسه يَفْعَلُ ذَلِكَ فِي الصَّلَاةِ كُلِّهَا حَتَّى يَقْضِيَهَا وَيُكَبِّرُ حِينَ يَقُومُ مِنَ الثِّنْتَيْنِ بَعْدَ الْجُلُوسِ

799. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ के लिए खड़े हो जाते तो (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते, फिर जब रुकू करते तो (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते, फिर जब रुकू से सर उठाते तो “ समिअल्लाहू लीमन हमीदह” फरमाते फिर आप हालत कयाम में “ रब्बना लकल हम्द” पढ़ते फिर जब सजदाह के लिए झुकते तो (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते, फिर जब सजदे से सर उठाते तो (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते, फिर जब सजदाह करते तो (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते, फिर जब सजदे से सर उठाते तो (اللَّهُ أَكْبَرُ)

अल्लाहु अकबर कहते, फिर नमाज़ मुकम्मल होने तक इसी तरह करते और जब दो रकते पढ़ कर बैठनेके बाद खड़े होते तो (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخارى (789) و مسلم (28 / 392)، (868)

٨٠٠ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَفْضَلُ الصَّلَاةِ طُولُ الْقُنُوتِ» . رَوَاهُ مُسلم

800. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “लम्बी कयाम वाली नमाज़ सबसे अफज़ल है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (164 / 756)، (1768)

بَاب صفة الصَّلَاة • नमाज़ पढ़ने के तरीके का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٨٠١ - (صَحِيح) عَن أبي حميد السَّاعِدِيّ قَالَ فِي عشرَة مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَنَا أَعْلَمُكُمْ بِصَلَاةِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالُوا فَاعْرِضْ. قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا قَامَ إِلَى الصَّلَاة يرفع يَدَيْهِ حَتَّى يُحَاذِيَ بِهِمَا مَنْكِبَيْهِ ثُمَّ يُكَبِّرُ ثُمَّ يَقْرَأُ ثُمَّ يُكَبِّرُ وَيَرْفَعُ يَدَيْهِ حَتَّى يُحَاذِيَ بِهِمَا مَنْكِبَيْهِ ثُمَّ يَرْكَعُ وَيَضَعُ رَاحَتَيْهِ عَلَى رُكْبَتَيْهِ ثُمَّ يَعْتَدِلُ فَلَا يُصَبِّي رَأْسَهُ وَلَا يُقْنِعُ ثُمَّ يَرْفَعُ رَأْسَهُ فَيَقُولُ: «سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ» ثُمَّ يَرْفَعُ يَدَيْهِ حَتَّى يُحَاذِيَ بِهِمَا مَنْكِبَيْهِ مُعْتَدِلًا ثُمَّ يَقُولُ: «اللَّهُ أَكْبَرُ» ثُمَّ يَهْوِي إِلَى الْأَرْضِ سَاجِدًا فَيُجَافِي يَدَيْهِ عَن جَنْبَيْهِ وَيفتح أَصَابِعَ رِجْلَيْهِ ثُمَّ يَرْفَعُ رَأْسَهُ وَيُثْنِي رِجْلَهُ الْيُسْرَى ص:٢٥ فَيَقْعُدُ عَلَيْهَا ثُمَّ يَعْتَدِلُ حَتَّى يَرْجِعَ كل عظم إِلَى مَوْضِعِهِ مُعْتَدِلًا ثُمَّ يَسْجُدُ ثُمَّ يَقُولُ: «اللَّهُ أَكْبَرُ» وَيَرْفَعُ وَيَثْنِي رِجْلَهُ الْيُسْرَى فَيَقْعُدُ عَلَيْهَا ثُمَّ يَعْتَدِلُ حَتَّى يَرْجِعَ كُلُّ عَظْمٍ إِلَى مَوْضِعِهِ ثُمَّ يَنْهَضُ ثُمَّ يَصْنَعُ فِي الرَّكْعَةِ الثَّانِيَةِ مِثْلَ ذَلِكَ ثُمَّ إِذَا قَامَ مِنَ الرَّكْعَتَيْنِ كَبَّرَ وَرَفَعَ يَدَيْهِ حَتَّى يُحَاذِيَ بِهِمَا مَنْكِبَيْهِ كَمَا كَبَّرَ عِنْدَ افْتِتَاحِ الصَّلَاةِ ثُمَّ يَصْنَعُ ذَلِكَ فِي بَقِيَّةِ صَلَاتِهِ حَتَّى إِذَا كَانَتِ السَّجْدَةُ الَّتِي فِيهَا التَّسْلِيمُ أَخَّرَ رِجْلَهُ الْيُسْرَى وَقَعَدَ مُتَوَرِّكًا عَلَى شِقِّهِ الْأَيْسَرِ ثُمَّ سَلَّمَ. قَالُوا: صَدَقْتَ هَكَذَا كَانَ يُصَلِّي. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد والدارمي وَرَوَى التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ مَعْنَاهُ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ»» وَفِي رِوَايَةٍ لِأَبِي دَاوُدَ مِنْ حَدِيثِ أَبِي حُمَيْدٍ: ثُمَّ رَكَعَ فَوَضَعَ يَدَيْهِ عَلَى رُكْبَتَيْهِ كَأَنَّهُ قَابِضٌ عَلَيْهِمَا وَوَتَّرَ يَدَيْهِ فَنَحَّاهُمَا عَنْ جَنْبَيْهِ وَقَالَ: ثُمَّ سَجَدَ فَأَمْكَنَ أَنْفَهُ وَجَبْهَتَهُ الْأَرْضَ وَنَحَّى يَدَيْهِ عَنْ جَنْبَيْهِ وَوَضَعَ كَفَّيْهِ حَذْوَ مَنْكِبَيْهِ وَفَرَّجَ بَيْنَ فَخِذَيْهِ غَيْرَ حَامِلٍ بَطْنَهُ عَلَى شَيْءٍ مِنْ فَخِذَيْهِ حَتَّى فَرَغَ ثُمَّ جَلَسَ فَافْتَرَشَ رِجْلَهُ الْيُسْرَى وَأَقْبَلَ بِصَدْرِ الْيُمْنَى عَلَى قِبْلَتِهِ وَوَضَعَ كَفَّهُ الْيُمْنَى عَلَى رُكْبَتِهِ الْيُمْنَى وَكَفَّهُ الْيُسْرَى عَلَى رُكْبَتِهِ الْيُسْرَى وَأَشَارَ بِأُصْبُعِهِ يَعْنِي السَّبَّابَةَ. وَفِي أُخْرَى لَهُ: وَإِذَا قَعَدَ فِي الرَّكْعَتَيْنِ قَعَدَ عَلَى بَطْنِ قَدَمِهِ الْيُسْرَى وَنَصَبَ الْيُمْنَى وَإِذَا كَانَ فِي الرَّابِعَةِ أَفْضَى بِوَرِكِهِ الْيُسْرَى إِلَى الْأَرْضِ وَأَخْرَجَ قَدَمَيْهِ مِنْ نَاحِيَةٍ وَاحِدَة

801. अबू हुमैद साअदि रदियल्लाहु अन्हु ने नबी ﷺ के दस सहाबा की मौजूदगी में फ़रमाया: रसूलुल्लाह ﷺ की नमाज़ के मुतल्लिक में तुम सबसे ज़्यादा जानता हूँ, उन्होंने ने फ़रमाया: बयान करो उन्होंने ने फ़रमाया: जब नबी ﷺ नमाज़ का इरादा फरमाते, तो कंधो के बराबर हाथ उठाते, फिर (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते, फिर

किराअत करते फिर (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कह कर कंधो के बराबर हाथ उठाते, फिर रुकू करते और अपने हथेलियों घुटनों पर रख देते, फिर बराबर हो जाते, आप सर को ना झुकाते न बुलंद करते, फिर सर उठाते तो "समिअल्लाहू लीमन हमीदह" कहते, फिर कंधो के बराबर हाथ उठाते और इत्मिनान के साथ बराबर खड़े हो जाते, फिर (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते और सजदाह के लिए ज़मीन की तरफ झुक जाते, आप अपने हाथ पहलु से दूर रखते, पाँव की उंगलिया खोलते, फिर सर उठाते, बाएँ पाँव को मोड़ते और उस पर बैठ जाते और इस क़दर इत्मिनान से बैठते के हर हड्डी अपने जगह पर जाती और इत्मिनान सेबैठे रहते फिर सजदाह करते, फिर (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते हुए उठते, बायाँ पाँव मोड़ते और उस पर बैठ जाते और इस क़दर इत्मिनान से बैठते के हर हड्डी अपने जगह पर जाती, फिर खड़े होते, फिर दूसरी रक्अत में इसी तरह करते, फिर जब दूसरी रक्अत के बाद खड़े होते तो (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कह कर कंधो के बराबर रफअ अल यदेन करते, जैसे के नमाज़ शुरू करते वक़्त किया था, फिर अपने बकिया नमाज़ मैं भी ऐसे ही किया करते थे, हत्ता कि जब आखिरी सजदाह होता जिसके बाद सलाम फेरना होता तो, आप अपना बायाँ पाँव बाहर निकाल लिया करते और बाएँ सुरिन पर बैठ जाते, और फिर सलाम फिराते, उन्होंने दस सहाबा ए किराम रदियल्लाहु अन्हुम अजमईन ने फ़रमाया: आप ने दुरुस्त कहा, आप ﷺ ऐसे ही नमाज़ पढ़ा करते थे| अबू दावुद, दारमी जबकि तिरमिज़ी, और इब्ने माजा ने भी इसी मानी में रिवायत किया है, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है, अबू दावुद में अबू हुमैद से मरवी हदीस में है फिर आप ने रुकू किया तो हाथ घुटनों पर रखे गोया, आप ने उन्हें पकड़ा हुआ है, आप ने हाथो को कमान के छल्ले की तरह कर दिया और उन्हें पहलु से दूर रखा, और उन्होंने बयान किया के आप ﷺ ने फिर सजदाह किया तो नाक और पेशानी को ज़मीन पर रखा, हाथो को पहलु से दूर रखा और हथेलियों को कंधो के बराबर रखा और रानो को कुशादा रखा और पेट का कोई हिस्सा उन के साथ लगने न दिया, हत्ता कि (सजदे से) फारिग़ हो गए फिर बैठ गए तो बाएँ पाँव को बिछा दिया और दाएँ पाँव के पंजे को किबले रुख कर लिया, दाएँ हाथ को दाएँ घुटने पर और बाएँ हाथ को बाएँ घुटने पर रख दिया और अन्गुंश्ते शहादत से इरशाद किया, अबू दावुद की दूसरी रिवायत में है, जब आप दो रक्अतो के बाद बैठते तो आप बाएँ पाँव परबैठे और दाएँ पाँव को खड़ा किया और जब चोथी रक्अत के बाद बैठते तो आप ने बाएँ सुरिन को ज़मीन के साथ मिला दिया यानी बाएँ सुरिन परबैठे और दोनों पाँव एक ही तरफ निकाल दिए| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (730) و الدارمی (1 / 313 ، 314 ح 1363) و الترمذی (304 ، 305) و ابن ماجه (1061) [و صححه ابن خزيمة (587 ، 588) و ابن حبان (442 ، 491 ، 492)] * الرواية الثانية و الثالثة لابی داود (734 ، 735 ، 731) * عبد الحميد بن جعفر ثقه و ثقه الجمهور و محمد بن عمرو بن عطاء سمعه من ابی حميد و غيره ، و اعل بما لا يقدح

٨٠٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ وَائِلِ بْنِ حُجْرٍ: أَنَّهُ أَبْصَرَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حِينَ ص:٢٥ قَامَ إِلَى الصَّلَاةِ رَفَعَ يَدَيْهِ حَتَّى كَانَتَا بِحِيَالِ مَنْكِبَيْهِ وحاذى بإبهاميه أُذُنَيْهِ ثُمَّ كَبَّرَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ. وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ: يَرْفَعُ إِبْهَامَيْهِ إِلَى شَحْمَةِ أُذُنَيْهِ

802. वाइल बिन हुज्र रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने नबी ﷺ को देखा की जब आप नमाज़ के लिए खड़े हुए तो हाथो को कंधो के बराबर उठाया और अंगूठो को कानों के बराबर किया, फिर (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहा और अबू दावुद ही की रिवायत में है आप ﷺ अंगूठो को कानों की लो तक उठाया करते थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (724) * عبد الجبار بن وائل : لم يسمع من ابيه

٨٠٣ - (حسن) وَعَنْ قَبِيصَةَ بْنِ هُلْبٍ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَؤُمُّنَا فَيَأْخُذُ شِمَالَهُ بِيَمِينِهِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجه

803. कबिस बिन हुल्ब रहिमहुल्लाह अपने वालिद हुल्ब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ हमें नमाज़ पढ़ाते तो आप दाएँ हाथ से बाएँ को पकड़ लेते| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (252 وقال : حسن) و ابن ماجه (809) و عند احمد (5 / 226) :'' یضع هذا علی صدره '' و سند حسن]

٨٠٤ - (صَحِيح) وَعَن رِفَاعَة بن رَافع قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ فَصَلَّى فِي الْمَسْجِدِ ثُمَّ جَاءَ فَسَلَّمَ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَعِدْ صَلَاتَكَ فَإِنَّكَ لَمْ تُصَلِّ» . فَقَالَ: عَلِّمْنِي يَا رَسُولَ اللَّهِ كَيْفَ أُصَلِّي؟ قَالَ: «إِذَا تَوَجَّهْتَ إِلَى الْقِبْلَةِ فَكَبِّرْ ثُمَّ اقْرَأْ بِأُمِّ الْقُرْآنِ وَمَا شَاءَ اللَّهُ أَنْ تَقْرَأَ فَإِذَا رَكَعْتَ فَاجْعَلْ رَاحَتَيْكَ عَلَى رُكْبَتَيْكَ وَمَكِّنْ رُكُوعَكَ وَامْدُدْ ظَهْرَكَ فَإِذَا رَفَعْتَ فَأَقِمْ صُلْبَكَ وَارْفَعْ رَأْسَكَ حَتَّى تَرْجِعَ الْعِظَامُ إِلَى مَفَاصِلِهَا فَإِذَا سَجَدْتَ فَمَكِّنِ السُّجُودَ فَإِذَا رَفَعْتَ فَاجْلِسْ عَلَى فَخِذِكَ الْيُسْرَى ثُمَّ اصْنَعْ ذَلِكَ فِي كُلِّ رَكْعَةٍ وَسَجْدَةٍ حَتَّى تَطْمَئِنَّ. هَذَا لَفْظُ» الْمَصَابِيحِ ". وَرَوَاهُ أَبُو دَاوُدُ مَعَ تَغْيِيرٍ يَسِيرٍ وَرَوَى التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ مَعْنَاهُ. وَفِي رِوَايَةٍ ص:٢٥ لِلتِّرْمِذِيِّ قَالَ: «إِذَا قُمْتَ إِلَى الصَّلَاةِ فَتَوَضَّأْ كَمَا أَمَرَكَ اللَّهُ بِهِ ثُمَّ تَشَهَّدْ فَأَقِمْ فَإِنْ كَانَ مَعَكَ قُرْآنٌ فَاقْرَأْ وَإِلَّا فَاحْمَدِ اللَّهَ وَكَبِّرْهُ وَهَلله ثمَّ اركع»

804. रफाअ बिन राफीअ बयान करते हैं, एक आदमी आया उस ने मस्जिद में नमाज़ पढ़ी फिर नबी ﷺ को सलाम किया तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: "नमाज़ दोबारा पढ़ो क्योंकि तुमने नमाज़ नहीं पढ़ी", उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे सिखा दें की मैं कैसे नमाज़ पढ़ू, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जब तुम किबले रुख हो जाओ तो (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहो, फिर सुरह फातिहा और जो चाहो सूरत पढ़ो, जब (रुकूअ से) उठो तो कमर सीधी करो और सर उठाओ हत्ता कि हड्डिया अपने जोड़ो में वापस आजाए, जब सजदाह करे तो खूब अच्छी तरह सजदाह करो जब (सजदे से) उठो तो बाएँ रान पर बेठो, फिर हर रुकू व सुजूद में ऐसे ही करो हत्ता कि इत्मिनान हो जाए", यह मसाबिह के अल्फाज़ हैं, इमाम अबू दावुद ने कुछ तबदीली के साथ इसे रिवायत किया है, इमाम तिरमिज़ी और इमाम नसई ने इसी मानी में रिवायत किया है, और तिरमिज़ी की रिवायत में है फ़रमाया: "जब तुम नमाज़ का इरादा करे तो अल्लाह की तालीम व हुक्म के मुताबिक वुज़ू करो, फिर कलिमा शहादत पढ़ो (बाज़ ने कहा आज़ान दो) फिर इकामत कहो, अगर तुम्हें कुरान याद हो तो कुरान पढ़ो, वरना الْحَمد لله (तमाम तारीफ़े अल्लाह के लिए है) (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर और لا اله الا الله पढ़ो और फिर रुकू करो| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (859) و الترمذی (302 وقال : حدیث حسن) و النسائی (2 / 193 ح 1054) [و صححه ابن خزیمة (638) و ابن حبان (484)]

٨٠٥ - (ضَعِيف) وَعَنِ الْفَضْلِ بْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الصَّلَاةُ مَثْنَى مثنى تشهد فِي كل رَكْعَتَيْنِ وَتَخَشُّعٌ وَتَضَرُّعٌ وَتَمَسْكُنٌ ثُمَّ تُقْنِعُ يَدَيْكَ يَقُول ك تَرْفَعُهُمَا إِلَى رَبِّكَ مُسْتَقْبِلًا بِبُطُونِهِمَا وَجْهَكَ وَتَقُولُ يَا رَبِّ يَا رَبِّ وَمَنْ لَمْ يَفْعَلْ ذَلِكَ فَهُوَ كَذَا وَكَذَا» . وَفِي رِوَايَةٍ: «فَهُوَ خداج» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

805. फ़ज़ल बिन अब्बास रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "नमाज़ दो रक्अत है,

हर दो रक्अत के बाद तशह्हुद पढ़ो खुशु व खुजू और आजिज़ी व बेचारगी का इज़्हार कर, फिर हाथ बुलंद कर के अपने रब से दुआ कर और जिस ने ऐसे न किया तो वह इस तरह इस तरह है”| और एक दूसरी रिवायत में है: “तो वह नाकिस है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (385) * عبدالله بن نافع بن العمياء : مجهول ، بل ضعفه الجمهور و السند معلل

باب صفة الصَّلَاة • नमाज़ पढ़ने के तरीके का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٨٠٦ - (صَحِيح) عَنْ سَعِيدِ بْنِ الْحَارِثِ بْنِ الْمُعَلَّى قَالَ: صَلَّى لَنَا أَبُو سَعِيدٍ الْخُدْرِيُّ فَجَهَرَ بِالتَّكْبِيرِ حِينَ رَفَعَ رَأْسَهُ مِنَ السُّجُودِ وَحِينَ سَجَدَ وَحِينَ رَفَعَ مِنَ الرَّكْعَتَيْنِ وَقَالَ: هَكَذَا رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

806. सईद बिन हारिस बिन मुअल्ली रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु ने हमें नमाज़ पढ़ाइ तो उन्होंने जब सजदो से सर उठाया, जब सजदाह किया और जब दो रक्अतो के बाद खड़े हुए तो बुलंद आवाज़ से (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहा और फ़रमाया, मैंने नबी ﷺ को इसी तरह करते देखा है|(बुखारी)

رواه البخارى (825)

٨٠٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عِكْرِمَةَ قَالَ: صَلَّيْتُ خَلْفَ شَيْخٍ بِمَكَّةَ فَكَبَّرَ ثِنْتَيْنِ ص:٢٥ وَعِشْرِينَ تَكْبِيرَةً فَقُلْتُ لِابْنِ عَبَّاسٍ: إِنَّهُ أَحْمَقُ فَقَالَ: ثَكِلَتْكَ أُمُّكَ سُنَّةُ أَبِي الْقَاسِمِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

807. इकरिमा रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने मक्का में एक बुज़ुर्ग के पीछे नमाज़ पढ़ी तो उन्होंने बाईस मर्तबा (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहा तो मैंने इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से कहा: यह तो अहमक है, उन्होंने कहा: तेरी माँ तुझे गम पाए यह तो अबुल कासिम ﷺ की सुन्नत है| (बुखारी)

رواه البخارى (788)

٨٠٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عَلِيِّ بْنِ الْحُسَيْنِ مُرْسَلًا قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُكَبِّرُ فِي الصَّلَاة كلما خفض وَرفع فَلم تزل صلَاته حَتَّى لَقِي الله تَعَالَى. رَوَاهُ مَالك

808. अली बिन हुसैन उसे मुरसल रिवायत है उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ में जब झुकते और जब उठते तो (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहा करते थे, आप ﷺ पूरी जिंदगी इसी तरह नमाज़ पढ़ते रहे| (सहीह)

صحيح ، رواه مالك (1 / 76 ح 161) * السند مرسل و للحديث شواهد كثيرة وهو بها صحيح

٨٠٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَلْقَمَةَ قَالَ: قَالَ لَنَا ابْنُ مَسْعُودٍ: أَلَا أُصَلِّي بكم صَلَاة رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ فَصَلَّى وَلَمْ يَرْفَعْ يَدَيْهِ إِلَّا مَرَّةً وَاحِدَةً مَعَ تَكْبِيرَةِ الِافْتِتَاحِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ. وَقَالَ أَبُو دَاوُدَ: لَيْسَ هُوَ بِصَحِيح على هَذَا الْمَعْنى

809. अल्कमा रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: क्या मैं तुम है रसूलुल्लाह ﷺ की नमाज़ न पढ़ाऊ, चुनांचे उन्होंने सिर्फ नमाज़ के आगाज़ पर (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते हुए हाथ उठाए तिरमिज़ी, अबू दावुद, नसई, और अबू दावुद ने फ़रमाया: इस मानी में यह हदीस सहीह नहीं| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (257 وقال : حدیث حسن) و ابوداؤد (748) و النسائی (2 / 195 ح 1059) * و صححه ابن حزم و ضعفه ابن المبارک و الشافعی و الجمهور ، وفی سفیان الثوری وهو مدلس مشهور و عنعن و هذا العلة و حدها کافیه لضعف الحدیث و الحق انه حدیث ضعیف و اخطا من قال :’’ انه حدیث صحیح و اسناد صحیح علی شرط مسلم ‘‘ و کیف یکون السند صحیحا و فیه مدلس مشهور و کان یدلس عن الضعفاء و المجروحین و عنعن !!

٨١٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي حُمَيْدٍ السَّاعِدِيِّ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا قَامَ إِلَى الصَّلَاةِ اسْتَقْبَلَ الْقِبْلَةَ وَرَفَعَ يَدَيْهِ وَقَالَ: الله أكبر. رَوَاهُ ابْن مَاجَه

810. अबू हुमैद साअदि रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ के लिए खड़े होते तो किबले रुख हो कर हाथ उठाते और “ अल्लाहु अकबर” कहते| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابن ماجه (803) [و تقدم طرفه : 801]

٨١١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: صَلَّى بِنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الظّهْر وَفِي مُؤخر الصُّفُوف رجل فَأَسَاءَ الصَّلَاةَ فَلَمَّا سَلَّمَ نَادَاهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا فُلَانُ ص:٢٥ أَلَا تَتَّقِي اللَّهَ؟ أَلَا تَرَى كَيْفَ تُصَلِّي؟ إِنَّكُمْ تُرَوْنَ أَنَّهُ يَخْفَى عَلَيَّ شَيْءٌ مِمَّا تَصْنَعُونَ وَاللَّهِ إِنِّي لَأَرَى مِنْ خَلْفِي كَمَا أَرَى من بَين يَدي» رَوَاهُ أَحْمد

811. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें नमाज़ ए ज़ुहर पढ़ाई पिछली सफों में किसी आदमी ने नमाज़ में खराबी की, जब सलाम फेरा तो रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे बुलाया: “फलां शख़्स क्या तुम अल्लाह से नहीं डरते, क्या तुम नहीं देखते की तुम केसी नमाज़ पढ़ते हो, क्या तुम समझते हो के तुम जो करते हो वह मुझ पर छुपा रहता है, अल्लाह की क़सम! मैं जिस तरह अपने आगे देखता हूँ वैसे ही अपने पीछे देखता हूँ”| (सहीह)

صحیح ، رواه احمد (2 / 449 ح 9795) * ابن اسحاق صرح بالسماع عند ابن خزیمة (474) و للحدیث شواهد عند البخاری وغیره انظر (ح 869)

بَابُ مَا يُقْرَأُ بَعْدَ التَّكْبِيرِ • तकबीर ए तहरिमा के बाद पढ़ी जाने वाली चीजों का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٨١٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يسكت بَين التَّكْبِير وَبَين الْقِرَاءَة إسكاتة قَالَ أَحْسبهُ قَالَ هنيَّة فَقلت بِأبي وَأُمِّي يَا رَسُولَ اللَّهِ إِسْكَاتُكَ بَيْنَ التَّكْبِيرِ وَالْقِرَاءَة مَا تَقُولُ قَالَ: «أَقُولُ اللَّهُمَّ بَاعِدْ بَيْنِي وَبَيْنَ خَطَايَايَ كَمَا بَاعَدْتَ بَيْنَ الْمَشْرِقِ وَالْمَغْرِبِ اللَّهُمَّ نَقِّنِي مِنَ الْخَطَايَا كَمَا يُنَقَّى الثَّوْبُ الْأَبْيَضُ مِنَ الدَّنَسِ اللَّهُمَّ اغْسِلْ خَطَايَايَ بِالْمَاءِ والثلج وَالْبرد»

812. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ तकबीर तहरिमा और किराअत के दरमियान कुछ देर सुकूत फ़रमाया करते थे, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मेरे वालिदेन आप ﷺ पर कुरबान हो आप तकबीर तहरिमा और किराअत के दरमियान जो सुकूत फरमाते हैं उस में क्या पढ़ते है, आप ﷺ ने फ़रमाया: में यह दुआ पढ़ता हूँ, “ए अल्लाह! मेरे और मेरे गुनाहों के दरमियान ऐसे दूरी डाल दे जैसी तूने मशरिक व मगरिब के बिच में दूरी डाली है, अल्लाह मुझे गुनाहों से ऐसे पाक साफ़ कर दे जिस तरह सफ़ेद कपड़ा मेल से साफ़ कर दिया जाता है, अल्लाह मेरे गुनाहों को पानी बर्फ और ओलो से धो दे.” (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (744) و مسلم (147 / 598)، (1354)

٨١٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَلِيِّ بْنَ أَبِي طَالِبِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا قَامَ إِلَى الصَّلَاةِ وَفِي رِوَايَةٍ: كَانَ إِذَا افْتَتَحَ الصَّلَاةَ كَبَّرَ ثُمَّ قَالَ: «وَجَّهْتُ وَجْهِي لِلَّذِي فَطَرَ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْض حَنِيفًا وَمَا أَنَا مِنَ الْمُشْرِكِين إِنَّ صَلَاتِي وَنُسُكِي وَمَحْيَايَ وَمَمَاتِي لِلَّهِ رَبِّ الْعَالَمِينَ لَا شَرِيكَ لَهُ وَبِذَلِكَ أَمَرْتُ وَأَنَا مِنَ الْمُسْلِمِينَ اللَّهُمَّ أَنْتَ الْمَلِكُ لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ أَنْتَ رَبِّي وَأَنَا عَبْدُكَ ظَلَمْتُ نَفْسِي وَاعْتَرَفْتُ ص:٢٥ بِذَنْبِي فَاغْفِرْ لِي ذُنُوبِي جَمِيعًا إِنَّهُ لَا يَغْفِرُ الذُّنُوبَ إِلَّا أَنْتَ وَاهْدِنِي لِأَحْسَنِ الْأَخْلَاقِ لَا يَهْدِي لِأَحْسَنِهَا إِلَّا أَنْتَ وَاصْرِفْ عَنِّي سَيِّئَهَا لَا يَصْرِفُ عَنِّي سَيِّئَهَا إِلَّا أَنْتَ لَبَّيْكَ وَسَعْدَيْكَ وَالْخَيْرُ كُلُّهُ فِي يَدَيْكَ وَالشَّرُّ لَيْسَ إِلَيْكَ أَنَا بِكَ وَإِلَيْكَ تَبَارَكْتَ وَتَعَالَيْتَ أَسْتَغْفِرُكَ وَأَتُوبُ إِلَيْكَ» وَإِذَا رَكَعَ قَالَ: «اللَّهُمَّ لَكَ رَكَعْتُ وَبِكَ آمَنْتُ وَلَكَ أَسْلَمْتُ خَشَعَ لَكَ سَمْعِي وبصري ومخي وعظمي وعصبي» فَإِذا رفع قَالَ: «اللَّهُمَّ رَبَّنَا لَكَ الْحَمْدُ مِلْءَ السَّمَاوَاتِ وملء الأَرْض وملء مَا بَيْنَهُمَا وَمِلْءَ مَا شِئْتَ مِنْ شَيْءٍ بَعْدُ»»» وَإِذَا سَجَدَ قَالَ: «اللَّهُمَّ لَكَ سَجَدْتُ وَبِكَ آمَنْتُ وَلَكَ أَسْلَمْتُ سَجَدَ وَجْهِي لِلَّذِي خَلَقَهُ وَصُوَّرَهُ وَشَقَّ سَمْعَهُ وَبَصَرَهُ تَبَارَكَ اللَّهُ أَحْسَنُ الْخَالِقِينَ»»» ثُمَّ يَكُونُ مِنْ آخِرِ مَا يَقُولُ بَيْنَ التَّشَهُّدِ وَالتَّسْلِيمِ: «اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِي مَا قَدَّمْتُ وَمَا أَخَّرْتُ وَمَا أَسْرَرْتُ وَمَا أَعْلَنْتُ وَمَا أَسْرَفْتُ وَمَا أَنْتَ أَعْلَمُ بِهِ مِنِّي أَنْتَ الْمُقَدِّمُ وَأَنْتَ الْمُؤَخِّرُ لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَفِي رِوَايَةٍ لِلشَّافِعِيِّ: «وَالشَّرُّ لَيْسَ إِلَيْكَ وَالْمَهْدِيُّ مَنْ هَدَيْتَ أَنَا بِكَ وَإِلَيْكَ لَا مَنْجَى مِنْكَ وَلَا مَلْجَأَ إِلَّا إِلَيْكَ تَبَارَكْتَ»

813. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ नमाज़ का इरादा फरमाते और एक रिवायत में है जब आप ﷺ नमाज़ शुरू किया करते, तो तकबीर कह कर यह दुआ पढ़ा करते, “मेंने यक्सू हो कर अपने चेहरे को उस ज़ात की तरफ मुतवज्जे किया जिस ने ज़मीन व आसमान को अदम से तखलीक फ़रमाया और मैं मुशरिको में से नहीं हूँ, बेशक मेरी नमाज़, मेरी कुर्बानी, मेरा जीना और मेरा मरना दोनों जहाँ के रब अल्लाह के लिए है, उस का कोई शरीक नहीं, मुझे इसी का हुक्म दिया गया है, और मैं मुसलमानों (इताअत गुज़ार) में से होऊँ, ऐ अल्लाह!

तू मालिक है, तू मेरा रब है और मैं तेरा बंदा हूँ, मैंने अपनी जान पर ज़ुल्म किया, मैंने अपने गुनाहों का एतराफ़ किया, अब तू मेरे सारे गुनाह मुआफ़ कर दे, क्योंकि तेरे सिवा कोई गुनाह बख्श नहीं सकता, बेहतरीन अख़लाक़ की तरफ मेरी रहनुमाई फरमा, अच्छे अख़लाक़ की तरफ सिर्फ तू ही रहनुमाई कर सकता है, बुरे अख़लाक़ मुझ से दूर कर दे, क्योंकि सिर्फ तू ही बुरे अख़लाक़ मुझ से दूर कर सकता है, मैं तेरी इबादत पर कायम हूँ और यह मेरे लिए बाईस सआदत है, तमाम खैर व भलाई तेरे हाथो में है, जबकि बुराई तेरी तरफ मंसूब नहीं की जा सकती, मैं तेरे हुक्म व तौफिक से हूँ, औरलौट कर तेरी ही तरफ आना है, तू बरकत वाला बुलंद शान वाला है, मैं तुझ से मगफिरत तलब करता हूँ, और तेरी तरफ रुजू करता हूँ, ” और जब आप ﷺ रुकू करते तो यह दुआ पढ़ते: “ए अल्लाह! मैंने तेरे लिए रुकू किया, तुझ पर ईमान लाया, तेरी इताअत इख़्तियार की, मेरे कान, मेरी आँखे, मेरा दिमाग, मेरी हड्डियों और मेरे अअसाब ने तेरे लिए ही आजिज़ी इख़्तियार की, ” जब आप ﷺ (रुकूअ से) सर उठाते तो यह दुआ पढ़ते: “अल्लाह हमारे रब हर किस्म की तारीफ़ तेरे ही लिए है, जिस से आसमान व ज़मीन और जो उस के दरमियान है भर जाए और उस के बाद इस चीज़ के भराव के बराबर जब तू चाहे, ” और जब आप ﷺ सजदाह करते तो यह दुआ करते: “अल्लाह मैंने तेरे लिए सजदाह किया, तुझ पर ईमान लाया, तेरी इताअत इख़्तियार की, मेरे चेहरे ने उस ज़ात को सजदाह किया जिस ने इसे पैदा फ़रमाया, उसकी तस्वीर व सूरत बनाई, उस को समाअ व बसर से नवाज़ा, बरकत वाला अल्लाह बेहतरीन तखलीक करने वाला है.” फिर आख़िर पर तशह्हुद और सलाम फेरने के दरमियान यह दुआ करते: “अल्लाह तू मेरे अगले, पिछले, पोशीदा और ज़ाहिर गुनाह और जो मैंने ज़्यादती की और वह गुनाह जिन के मुतल्लिक तू मुझ से भी ज़्यादा जानता है, सब मुआफ़ फरमा, तू ही तरक्की देने वाला और तू ही गिरावट की जानिब ले जाने वाला है, तेरे सिवा कोई माबूद नही”, और शाफ़ई रहिमहुल्लाह की रिवायत में है: “और बुराई तेरी तरफ मंसूब नहीं की जा सकती, हिदायत वाला वह है जिसे तू हिदायत अता फरमाए, मैं तेरी तौफिक से हूँ और मेरा लौटना भी तेरी ही तरफ है? निजा हो पनाह सिर्फ तुझ से मिल सकती है, तू बरकत वाला है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (201 / 771)، (1812) و الشافعی فی الام (1 / 106 و سند صحیح)

٨١٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ رَجُلًا جَاءَ فَدَخَلَ الصَّفَّ وَقد حفزه النَّفس فَقَالَ: الْحَمْدُ لِلَّهِ حَمْدًا كَثِيرًا طَيِّبًا مُبَارَكًا فِيهِ فَلَمَّا قَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَاتَهُ قَالَ: ص:٢٥ «أَيُّكُمُ الْمُتَكَلِّمُ بِالْكَلِمَاتِ؟» فَأَرَمَّ الْقَوْمُ. فَقَالَ: «أَيُّكُمُ الْمُتَكَلِّمُ بِالْكَلِمَاتِ؟» فَأَرَمَّ الْقَوْمُ. فَقَالَ: «أَيُّكُمُ الْمُتَكَلِّمُ بِهَا فَإِنَّهُ لَمْ يَقُلْ بَأْسًا» فَقَالَ رَجُلٌ: جِئْتُ وَقَدْ حَفَزَنِي النَّفْسُ فَقَلْتُهَا. فَقَالَ: «لَقَدْ رَأَيْتُ اثْنَيْ عَشَرَ مَلَكًا يَبْتَدِرُونَهَا أَيُّهُمْ يرفعها» . رَوَاهُ مُسلم

814. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी कर सफ में शामिल हो गया, उसकी सांस फूली हुई थी, उस ने कहा अल्लाह सबसे बड़ा है, अल्लाह के लिए हम्द है, हम्द बहोत ज़्यादा पाकिज़ा और बा बरकत, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने नमाज़ मुकम्मल कर ली तो फ़रमाया: “तुम में से यह कलिमात किस ने कहे थे ?” तमाम सहाबा ए किराम रदियल्लाहु अन्हुम अजमईन ख़ामोश रहे फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये कलिमात किस ने कहे थे ?” वह फिर ख़ामोश रहे तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये कलिमात किस ने कहे थे, उस ने कोई काबिल मुआखिज़ा (इलज़ाम लगाना) बात नहीं की”, एक आदमी ने अर्ज़ किया, मैं आया तो मेरी सांस फुल चुकी थी, चुनांचे वह कलिमात मैंने कहे थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैंने बारह फरिश्तो को उन कलिमात की तरफ सबकत करते हुए

देखा के उनमें से कौन उन्हें ऊपर लेकर जाए”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (149 / 600)، (1357)

بَابُ مَا يُقْرَأُ بَعْدَ التَّكْبِيرِ • तकबीर ए तहरिमा के बाद पढ़ी जाने वाली चीजों का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٨١٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذْ افْتَتَحَ الصَّلَاةَ قَالَ: «سُبْحَانَكَ اللَّهُمَّ وَبِحَمْدِكَ وَتَبَارَكَ اسْمُكَ وَتَعَالَى جَدُّكَ وَلَا إِلَهَ غَيْرُكَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

815. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ शुरू करते तो यह दुआ किया करते थे: “ए अल्लाह! तू पाक है, तेरी तारीफ़ के साथ हम तेरी पाकीज़गी बयान करते हैं, तेरा नाम बा बरकत है, तेरी शान बुलंद है और तेरे सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (243) و ابوداؤد (776) [و ابن ماجه (806) من طريق آخر و صححه الحاكم (1 / 235)]

٨١٦ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ عَنْ أَبِي سَعِيدٍ»» وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ لَا نَعْرِفُهُ إِلَّا مِنْ حَدِيثِ حَارِثَةَ وَقَدْ تُكُلِّمَ فِيهِ مِنْ قِبَلِ حفظه

816. इब्ने माजा ने इसे अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: हम इस हदीस को सिर्फ हारिस के वास्ते से जानते हैं, जबकि उसकी कमज़ोर कुव्वत याददाश्त की वजह से उस पर कलाम किया गया है| (हसन)

حسن ، رواه ابن ماجه (804) [و ابوداؤد كما سياتى (1217) و صححه ابن خزيمة (467)]

٨١٧ - (ضَعِيف) وَعَن جُبَير بن مطعم: أَنَّهُ رَأَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي صَلَاةً قَالَ: «اللَّهُ أَكْبَرُ كَبِيرًا اللَّهُ أَكْبَرُ كَبِيرًا اللَّهُ أَكْبَرُ كَبِيرًا وَالْحَمْدُ لِلَّهِ كَثِيرًا وَالْحَمْدُ لِلَّهِ كَثِيرًا وَالْحَمْدُ لِلَّهِ كَثِيرًا وَسُبْحَان الله بكرَة وَأَصِيلا» ثَلَاثًا «أَعُوذُ بِاللَّهِ مِنَ الشَّيْطَانِ مِنْ نَفْخِهِ وَنَفْثِهِ وَهَمْزِهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ إِلَّا أَنَّهُ لَمْ يَذْكُرْ: «وَالْحَمْدُ لِلَّهِ كَثِيرًا» . وَذَكَرَ فِي آخِرِهِ: «مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ» وَقَالَ عُمَرُ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ: نَفْخُهُ الْكِبْرُ وَنَفْثُهُ الشِّعْرُ وهمزه الموتة

817. जुबेर बिन मुतअम रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को नमाज़ पढ़ते हुए देखा तो इस वक़्त आप ﷺ यह पढ़ रहे थे फ़रमाया: “अल्लाह बहोत ही बड़ा है, अल्लाह बहोत ही बड़ा है, अल्लाह बहोत ही बड़ा है, अल्लाह के लिए बहोत ज़्यादा तारीफ़ है, अल्लाह के लिए बहोत ज़्यादा तारीफ़ है, अल्लाह के लिए

बहोत ज़्यादा तारीफ़ है, तीन मर्तबा फ़रमाया अल्लाह के लिए सुबह व शाम पाकीज़गी है, मैं शैतान से उसकी फूंक, उस के वसवसे और उस के खतरे से अल्लाह की पनाह चाहता हूँ”| अबू दावुद, इब्ने माजा अलबत्ता इब्ने माजा ने ((وَالْحَمْدُ لِلَّهِ كَثِيرًا)) का ज़िक्र नहीं किया और उन्होंने आख़िर पर : ((مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ)) का ज़िक्र किया और उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: उसकी फूंक से मुराद कब्र उस के वसवसे से मुराद अशआर और उस के खतरे से जीन मुराद है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (764) و ابن ماجه (807) [و صححه ابن حبان (443 ، 444) و ابن الجارود (180) و الحاكم (1 / 235) و وافقه الذهبى]

٨١٨ - (ضَعِيف) وَعَن سَمُرَة بن جُنْدُب: أَنَّهُ حَفِظَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَكْتَتَيْنِ: سَكْتَةً إِذا كَبَّرَ وَسَكْتَةً إِذَا فَرَغَ مِنْ قِرَاءَةِ (غَيْرِ الْمَغْضُوبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّالّين)»» فَصَدَّقَهُ أُبَيُّ بْنُ كَعْبٍ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وروى التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه والدارمي نَحوه

818. समुरह बिन जुन्दुब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ से दो सकते याद किए एक सकता जब आप ﷺ तकबीर तहरिमा कहते और एक सकता जब आप غَيْرِ الْمَغْضُوبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّالّين) ﷺ) की किराअत से फारिग़ होते, उबई बिन काब रदियल्लाहु अन्हु ने उनकी तस्दीक की अबू दावुद, तिरमिज़ी, इब्ने माजा और दारमी ने भी इसी तरह रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (779) و الترمذى (251 وقال : حسن) و ابن ماجه (844) و الدارمى (1 / 283 ح 1246) [و صححه ابن خزيمة (1578) و ابن حبان (448) و الحاكم (1 / 215) على شرط الشيخين و وافقه الذهبى]

٨١٩ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا نَهَضَ مِنَ الرَّكْعَة الثَّانِيَة استفتح الْقِرَاءَة ب «الْحَمد لله رب الْعَالمين» وَلَمْ يَسْكُتْ. هَكَذَا فِي صَحِيحِ مُسْلِمٍ. وَذَكَرَهُ الْحُمَيْدِيُّ فِي أَفْرَادِهِ وَكَذَا صَاحِبُ الْجَامِعِ عَنْ مُسلم وَحده

819. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ दूसरी रक्अत के लिए खड़े होते तो अलहम्दु लिल्लाही रब्बिल आलमीन से किराअत शुरू करते थे और आप ﷺ सकता नहीं फरमाते थे सहीह मुस्लिम में इसी तरह है, हुमैदी ने इसे इमाम मुस्लिम के मुफ़्रदात में ज़िक्र किया और इसी तरह साहब जामेअ ने इसे सिर्फ मुस्लिम से रिवायत किया है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (148 / 599)، (1356)

تकबीर ए तहरिमा के बाद पढ़ी जाने वाली चीजों का बयान • بَابُ مَا يُقْرَأُ بَعْدَ التَّكْبِيرِ

तीसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّالِث

٨٢٠ - (صَحِيحٌ) عَنْ جَابِرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا اسْتَفْتَحَ الصَّلَاةَ كَبَّرَ ثُمَّ قَالَ: «إِنَّ صَلَاتِي وَنُسُكِي وَمَحْيَايَ وَمَمَاتِي لِلَّهِ رَبِّ الْعَالَمِينَ لَا شَرِيكَ لَهُ وَبِذَلِكَ أُمِرْتُ وَأَنَا مِنَ الْمُسلمين اللَّهُمَّ اهدني لِأَحْسَنِ الْأَعْمَالِ وَأَحْسَنِ الْأَخْلَاقِ لَا يَهْدِي لِأَحْسَنِهَا إِلَّا أَنْتَ وَقِنِي سَيِّئَ الْأَعْمَالِ وَسَيِّئَ الْأَخْلَاقِ لَا يَقِي سَيِّئَهَا إِلَّا أَنْتَ» . رَوَاهُ النَّسَائِيُّ

820. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ नमाज़ शुरू करते तो तकबीर कह कर यह दुआ पढ़ा करते थे: “बेशक मेरी नमाज़, मेरी कुर्बानी, मेरा जीना और मेरा मरना अल्लाह दोनों जहानों के रब के लिए है, मुझे इसी का हुक्म दिया गया है और मैं पहला इताअत गुज़ार हूँ ऐ अल्लाह! बेहतरीन आमल व अख़लाक़ की तरफ मेरी रहनुमाई फरमा उन बेहतरीन आमल व अख़लाक़ की तरफ सिर्फ तू ही रहनुमाई कर सकता है, बुरे आमाल और बुरे अख़लाक़ से मुझे बचा उन बुरे आमल व अख़लाक़ से सिर्फ तू ही बचा सकता है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه النسائى (2 / 129 ح 897)

٨٢١ - (صَحِيح) وَعَن مُحَمَّد بن مسلمة قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا قَامَ يُصَلِّي تَطَوُّعًا قَالَ: «اللَّهُ أَكْبَرُ وَجَّهْتُ وَجْهِيَ لِلَّذِي فَطَرَ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْض ص:٢٦ حَنِيفا مُسلما وَمَا أَنَا مِنَ الْمُشْرِكِينَ» . وَذَكَرَ الْحَدِيثَ مِثْلَ حَدِيثِ جَابِرٍ إِلَّا أَنَّهُ قَالَ: «وَأَنَا مِنَ الْمُسْلِمِينَ» . ثُمَّ قَالَ: «اللَّهُمَّ أَنْتَ الْمَلِكُ لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ سُبْحَانَكَ وَبِحَمْدِكَ» ثُمَّ يَقْرَأُ. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

821. मुहम्मद बिन मुस्लिम, रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ नफ्ल नमाज़ के लिए खड़े होते तो (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कह कर यह दुआ फरमाते: “मैंने यक्सू हो कर अपने चेहरे को उस ज़ात की तरफ मुतवज्जे कर लिया जिस ने अदम से ज़मीन व आसमान को पैदा फ़रमाया और मैं मुशरिको में से नहीं हूँ” और उन्होंने मुहम्मद बिन मसलमाह) ने जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस के मिसल ज़िक्र किया अलबत्ता उन्होंने ((अन्ना मीनल मुस्लिमीन)) “ मैं मुसलमान हूँ” ज़िक्र किया है, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह तू ही बादशाह है, तेरे सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं और हम तेरी हम्द के साथ तेरी पाकीज़गी बयान करते हैं,”| फिर आप ﷺ किराअत फरमाते| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائى (2 / 131 ح 899 ببعض الاختلاف

नमाज़ में किराअत का बयान • بَاب الْقِرَاءَة فِي الصَّلَاة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٨٢٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا صَلَاةَ لمن لم يقْرَأ بِفَاتِحَة الْكتاب»»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ: «لِمَنْ لَمْ يَقْرَأْ بِأُمِّ الْقُرْآن فَصَاعِدا»

822. उबादा बिन सामित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स ने नमाज़ में सुरह फातिहा नहीं पढ़ी उसकी कोई नमाज़ नहीं"| बुखारी, मुस्लिम # और मुस्लिम की रिवायत में है: "इस की नमाज़ नहीं होती जो सुरह फातिहा और कुछ इज़ाफ़ी (ज़्यादा) न पढ़े", (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (756) و مسلم (34 / 394)، (874 و 877) و الرواية الثانية له (37 ، 36 / 394)

٨٢٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ صَلَّى صَلَاةً لَمْ يَقْرَأْ فِيهَا بِأُمِّ الْقُرْآنِ فَهِيَ خِدَاجٌ ثَلَاثًا غَيْرُ تَمَامٍ» فَقِيلَ لِأَبِي هُرَيْرَةَ: إِنَّا نَكُون وَرَاء الإِمَام فَقَالَ اقْرَأْ بِهَا فِي نَفْسِكَ فَإِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «قَالَ اللَّهُ تَعَالَى قَسَمْتُ الصَّلَاةَ بَيْنِي وَبَيْنَ عَبْدِي نِصْفَيْنِ وَلِعَبْدِي مَا سَأَلَ فَإِذَا قَالَ الْعَبْدُ (الْحَمد لله رب الْعَالمين)»» قَالَ اللَّهُ تَعَالَى حَمِدَنِي عَبْدِي وَإِذَا قَالَ (الرَّحْمَن الرَّحِيم)»» قَالَ اللَّهُ تَعَالَى أَثْنَى عَلَيَّ عَبْدِي وَإِذَا قَالَ (مَالك يَوْمِ الدّين)»» قَالَ مجدني عَبدِي وَقَالَ مرّة فوض إِلَيّ عَبدِي فَإِذا قَالَ (إياك نعْبد وَإِيَّاك نستعين)»» قَالَ هَذَا بَيْنِي وَبَيْنَ عَبْدِي وَلِعَبْدِي مَا سَأَلَ فَإِذَا قَالَ (اهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيمَ صِرَاطَ الَّذِينَ أَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ غَيْرِ الْمَغْضُوبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّالِّين)»» قَالَ هَذَا لِعَبْدِي وَلِعَبْدِي مَا سَأَلَ» رَوَاهُ مُسلم .

823. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स ने नमाज़ पढ़ी लेकिन उस में सुरह फातिहा न पढ़ी तो वह नमाज़ नाकिस है", आप ﷺ ने यह तीन मर्तबा फ़रमाया: "मुकम्मल नहीं" अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से कहा गया हम इमाम के पीछे होते हैं उन्होंने ने फ़रमाया: इसे अपने दिल में पढ़ो क्योंकि मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "अल्लाह तआला ने फ़रमाया: मैंने नमाज़ यानी सुरह फातिहा को अपने और अपने बंदे के दरमियान आधा आधा तकसीम कर दिया और मेरे बंदे ने जो सवाल क्या यह इसे मिल गया, चुनांचे जब बंदा कहता है " हर किस्म की हम्द अल्लाह ही के लिए है जो तमाम जहानों का रब है" अल्लाह तआला फरमाता है, मेरे बंदे ने मेरी हम्द बयान की और जब बंदा कहता है " जो बहोत मेहरबान निहायत रहम वाला है" अल्लाह तआला फरमाता है, मेरे बंदे ने मेरी सना बयान की जब कहता है " यौमे जज़ा का मालिक है" अल्लाह फरमाता है, मेरे बंदे ने मेरी शान व शौकत बयान की जब बंदा कहता है " हम तेरी ही इबादत करते हैं और तुझ ही से मदद चाहते है", अल्लाह फरमाता है, यह मेरे और मेरे बंदे के दरमियान है और मेरे बंदे के लिए वह कुछ है जो उस ने सवाल किया और जब बंदा कहता है " हमें सीधी राह दिखा उन लोगों की राहे जिन पर तूने इनाम किया उनकी नहीं जिन पर तेरा गज़ब हुआ और न उन लोगों की राहे जो गुमराह हुए",

अल्लाह तआला फरमाता है “ यह मेरे बंदे के लिए है और मेरे बंदे के लिए वह है जिस का उस ने सवाल किया”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (38 / 395)، (878)

٨٢٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَبَا بكر وَعمر رَضِي الله عَنْهُمَا كَانُوا يَفْتَتِحُونَ الصَّلَاةَ بِ «الْحَمْدُ لِلَّهِ رَبِّ الْعَالمين»)»» رَوَاهُ مُسلم

824. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ और अबू बक्र व उमर रदियल्लाहु अन्हु अलहम्दु लिल्लाही रब्बिल आलमीन से नमाज़ शुरू किया करते थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (52 / 399)، (892)

٨٢٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا أَمَّنَ الْإِمَامُ فَأَمِّنُوا فَإِنَّهُ مَنْ وَافَقَ تَأْمِينُهُ تَأْمِينَ الْمَلَائِكَةِ غُفِرَ لَهُ مَا تقدم من ذَنبه)»» وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: " إِذَا قَالَ الْإِمَامُ: (غَيْرِ المغضوب عَلَيْهِم وَلَا الضَّالّين)»» فَقُولُوا: آمِينَ فَإِنَّهُ مَنْ وَافَقَ قَوْلُهُ قَوْلَ الْمَلَائِكَةِ غُفِرَ لَهُ مَا تَقَدَّمَ مِنْ ذَنْبِهِ ". هَذَا لَفْظُ الْبُخَارِيِّ وَلِمُسْلِمٍ نَحْوُهُ»» وَفِي أُخْرَى لِلْبُخَارِيِّ قَالَ: «إِذَا أَمَّنَ الْقَارِئُ فَأَمِّنُوا فَإِنَّ الْمَلَائِكَةَ تُؤَمِّنُ فَمَنْ وَافَقَ تَأْمِينُهُ تَأْمِينَ الْمَلَائِكَةِ غفر لَهُ مَا تقدم من ذَنبه»

825. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब इमाम आमीन कहे तो तुम आमीन कहो क्योंकि जिस की आमीन फरिश्तो की आमीन के मुवाफिक साथ हो गई उस के पिछले गुनाह मुआफ़ कर दिए जाते हैं”, बुखारी, मुस्लिम, और एक रिवायत में है: “जब इमाम (غَيْرِ الْمَغْضُوبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّالِّين) कहे तो तुम आमीन कहो क्योंकि जिस का कौल फरिश्तो के कौल के मुवाफिक हो गया उस के पिछले गुनाह मुआफ़ कर दिए जाते हैं. “ यह अल्फाज़ बुखारी के हैं और मुस्लिम की रिवायत भी इसी तरह है| # और बुखारी की दूसरी रिवायत में है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब कारी इमाम आमीन कहे तो तुम आमीन कहो, क्योंकि फ़रिश्ते भी आमीन कहते हैं, जिस की आमीन फरिश्तो की आमीन के मुवाफिक हो गई, उस के पिछले गुनाह मुआफ़ कर दिए जाते हैं|” (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (780) و مسلم (72 / 410)، (915 و 920) والرواية الثانيه للبخارى (642) و مسلم (76 / 410) و الرواية الثانيه للبخارى (782)

٨٢٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي مُوسَى الْأَشْعَرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا صَلَّيْتُمْ فَأَقِيمُوا صُفُوفَكُمْ ثُمَّ لِيَؤُمَّكُمْ أَحَدُكُمْ فَإِذَا كَبَّرَ فكبروا وَإِذ قَالَ (غير المغضوب عَلَيْهِم وَلَا الضَّالّين)»» فَقُولُوا آمِينَ يُجِبْكُمُ اللَّهُ فَإِذَا كَبَّرَ وَرَكَعَ فَكَبِّرُوا وَارْكَعُوا فَإِنَّ الْإِمَامَ يَرْكَعُ قَبْلَكُمْ وَيَرْفَعُ قبلكُمْ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فَتِلْكَ بِتِلْكَ» قَالَ: «وَإِذَا قَالَ سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ فَقُولُوا اللَّهُمَّ رَبَّنَا لَكَ الْحَمْدُ يسمع الله لكم» . رَوَاهُ مُسلم

826. अबू मूसा अशअरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम नमाज़ पढ़ने का इरादा करे तो सफे दुरुस्त करो, फिर तुम में से तुम्हें कोई नमाज़ पढ़ाए, पस जब वह (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहे तो तुम (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहो और जब वह (غَيْرِ الْمَغْضُوبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّالّين) कहे तो तुम आमीन कहो, अल्लाह तुम्हारी दुआ कबूल फरमाएगा जब वह (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहे और रुकू करे तो तुम (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहो और रुकू करो क्योंकि इमाम तुम से पहले रुकू करता है और तुम से पहले (रुकूअ से) उठता है” रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये पहले सर उठाना उस के पहले रुकू जाने का बदला है और जब वह कहे سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ (समिअल्लाहू लीमन हमीदह) “अल्लाह ने सुन लिया जिस ने उसकी तारीफ़ की”, तो तुम कहो ऐ अल्लाह! हर किस्म की हम्द तेरे ही लिए है, अल्लाह तुम्हारी दुआ सुनता और कबूल फरमाता है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (62 / 404)، (904)

٨٢٧ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ عَنْ أَبِي هُرَيْرَة وَقَتَادَةَ: «وَإِذا قَرَأَ فأنصتوا»

827. और मुस्लिम की अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु और अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस में है: “और जब वह किराअत करे तो तुम ख़ामोश रहो| (मुस्लिम)

رواه مسلم (62 / 404)، (905)

٨٢٨ - (مُتَّفقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي قَتَادَةَ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يقْرَأ فِي الظُّهْرِ فِي الْأُولَيَيْنِ بِأُمِّ الْكِتَابِ وَسُورَتَيْنِ وَفِي الرَّكْعَتَيْنِ الْأُخْرَيَيْنِ بِأُمِّ الْكِتَابِ وَيُسْمِعُنَا الْآيَةَ أَحْيَانًا وَيطول فِي الرَّكْعَة الأولى مَا لَا يطول فِي الرَّكْعَةِ الثَّانِيَةِ وَهَكَذَا فِي الْعَصْرِ وَهَكَذَا فِي الصُّبْح

828. अबू क़तादा बयान करते हैं, नबी ﷺ ज़ुहर की पहली दो रक्अतो में सुरह फातिहा और दो सूरते जबकि दूसरी दो रक्अतो में सुरह फातिहा पढ़ा करते थे और कभी कभार आप हमें कोई आयत सुना दिया करते थे, आप जिस क़दर पहली रक्अत में किराअत लम्बी किया करते थे, इस क़दर दूसरी में लम्बी नहीं किया करते थे, और आप इसी तरह असर में और इसी तरह फज्र में किया करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (776) و مسلم (154 / 451)، (1012)

٨٢٩ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: كُنَّا نَحْزُرُ قِيَامَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الظُّهْرِ وَالْعَصْرِ فَحَزَرْنَا قِيَامَهُ فِي الرَّكْعَتَيْنِ الْأُولَيَيْنِ مِنَ الظُّهْرِ قَدْرَ قِرَاءَةِ (الم تَنْزِيلُ)»» السَّجْدَةِ - وَفِي رِوَايَةٍ: فِي كُلِّ رَكْعَةٍ قَدْرَ ثَلَاثِينَ آيَةً - وَحَزَرْنَا قِيَامَهُ فِي الْأُخْرَيَيْنِ قَدْرَ النّصْف من ذَلِك وحزرنا قِيَامَهُ فِي الرَّكْعَتَيْنِ الْأُولَيَيْنِ مِنَ الْعَصْرِ عَلَى قَدْرِ قِيَامِهِ فِي الْأُخْرَيَيْنِ مِنَ الظُّهْرِ وَفِي الْأُخْرَيَيْنِ مِنَ الْعَصْرِ عَلَى النِّصْفِ مِنْ ذَلِكَ. رَوَاهُ مُسلم

829. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम नमाज़ ए ज़ुहर व असर मैं रसूलुल्लाह ﷺ के कयाम का अंदाज़ा लगाया करते थे, पस हमने ज़ुहर की पहली दो रक्अतो में आप ﷺ के कयाम का अंदाज़ा सुरह सजदाह की किराअत के बराबर लगाया और एक दूसरी रिवायत में है हर रक्अत में तीस आयात के बराबर था और हमने आखिरी दो रक्अतो में आप ﷺ के कयाम का अंदाज़ा लगाया तो वह उस से आधा था, हमने असर की पहली दो रक्अतो का अंदाज़ा लगाया तो वह ज़ुहर की आखिरी दो रक्अतो के कयाम के बराबर था, जबकि असर की आखिरी दो रकते उसकी पहली दो रक्तो से आधी थी| (मुस्लिम)

رواه مسلم (156 / 452)، (1014)

٨٣٠ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقْرَأُ فِي الظُّهْرِ ب (اللَّيْلِ إِذا يغشى)»» وَفِي رِوَايَةٍ بِ (سَبِّحِ اسْمَ رَبِّكَ الْأَعْلَى)»» وَفِي الْعَصْرِ نَحْوَ ذَلِكَ وَفِي الصُّبْحِ أَطْوَلَ من ذَلِك. رَوَاهُ مُسلم

830. जाबिर बिन समुराह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ नमाज़ ए ज़ुहर में (،،،، والليل اذا يغشیٰ) और एक दूसरी रिवायत में है (،،،، سبح اسم ربک الاعلیٰ) और असर में इसी तरह जबकि नमाज़ ए फजर में उस से ज़्यादा लम्बी किराअत किया करते थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (170 / 459)، (1029)

٨٣١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جُبَيْرِ بْنِ مُطْعِمٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقْرَأُ فِي الْمَغْرِبِ بِ «الطُّورِ»

831. जुबेर बिन मुतअम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को नमाज़ ए मग़रिब में सुरह तौर पढ़ते हुए सुना| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (765) و مسلم (174 / 463)، (1035)

961. सौबान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ से फारिग़ होते तो आप ﷺ तीन मर्तबा “ اسْتَغْفَرَ اللَّهَ (अस्तगफिरुल्लाह)” कहते और फिर यह कलिमात पढ़ते “ अल्लाह तू सलामती वाला है और तेरे ही तरफ से सलामती है, ए शान व इकराम वाले तू बड़ा ही बा बरकत है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (135 / 591)، (1334)

٩٦٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ الْمُغِيرَةِ بْنِ شُعْبَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: كَانَ يَقُولُ فِي دُبُرِ كُلِّ صَلَاةٍ ص: ٣٠ مَكْتُوبَةٍ: «لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ اللَّهُمَّ لَا مَانِعَ لِمَا أَعْطَيْتَ وَلَا مُعْطِيَ لِمَا مَنَعْتَ وَلَا يَنْفَعُ ذَا الْجَدِّ مِنْك الْجد»

962. मुगिरा बिन शैबा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ हर फ़र्ज़ नमाज़ के बाद यह पढ़ा करते थे: “अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं वह यकता है, उस का कोई शरीक नहीं, इसी के लिए बादशाहत और इसी के लिए हम्द है और वह हर चीज़ पर कादिर है, अल्लाह जब तू अता करना चाहे, इसे कोई रोक नहीं सकता और जब तू रोक ले, इसे कोई अता नहीं कर सकता और दौलतमंद को (इस की) दौलत तेरे अज़ाब से नहीं बचा सकती”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (844) و مسلم (137 / 593)، (1338)

٩٦٣ - (صَحِيح) وَعَن عبد الله بن الزبير قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا سَلَّمَ مِنْ صَلَاتِهِ يَقُولُ بِصَوْتِهِ الْأَعْلَى: «لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ لَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ لَا إِلَه إِلَّا الله لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَلَا نَعْبُدُ إِلَّا إِيَّاهُ لَهُ النِّعْمَةُ وَلَهُ الْفَضْلُ وَلَهُ الثَّنَاءُ الْحَسَنُ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ مُخْلِصِينَ لَهُ الدّين وَلَو كره الْكَافِرُونَ» . رَوَاهُ مُسلم

963. अब्दुल्लाह बिन जुबैर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ से सलाम फेरते तो बुलंद आवाज़ से यह दुआ पढ़ते: “अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं वह यकता है, उस का कोई शरीक नहीं, इसी के लिए बादशाहत और इसी के लिए तारीफ़ है और वह हर चीज़ पर कादिर है, गुनाह से बचना और नेकी करना महज़ अल्लाह की तौफिक से ही मुमकिन है, अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, हम सिर्फ इसी की इबादत करते हैं इसी के लिए नेअमत व फ़ज़ल और इसी के लिए बेहतरीन तारीफ़ है, अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, हम इसी के लिए इताअत को खालिस करते हैं ख्वाह काफ़िर इसे ना पसंद करे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (139 / 594)، (1343) * قوله ‘‘ بصوته الاعلى ‘‘ هكذا فى مصابيح السنة للبغوى (684) وهو وهم ، لم نجده فى صحيح مسلم و سنن ابی داود (1507) و سنن النسائی (3 / 70 ح 1341)

٩٦٤ - (صَحِيح) وَعَن سعد أَن كَانَ يُعَلِّمُ بَنِيهِ هَؤُلَاءِ الْكَلِمَاتِ وَيَقُولُ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَتَعَوَّذُ بِهِنَّ دُبُرَ الصَّلَاةِ: «اللَّهُمَّ إِنِّي أَعُوذُ بِكَ مِنَ الْجُبْنِ وَأَعُوذُ بِكَ مِنَ الْبُخْلِ وَأَعُوذُ بِكَ مِنْ أَرْذَلِ الْعُمُرِ وَأَعُوذُ بِكَ مِنْ فِتْنَةِ الدُّنْيَا وَعَذَابِ الْقَبْرِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

964. साअद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह अपने औलाद को यह कलिमात सिखाया करते थे, और वह कहते थे के रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ के बाद उन के ज़रिए तअव्वुज़ पनाह हासिल किया करते थे: “अल्लाह मैं बुज़दिली और कंजूसी से तेरी पनाह चाहता हूँ, और इस बात से भी तेरी पनाह चाहता हूँ कि मुझे नक्मी (यानी बुढ़ापे की) उमर की तरफ फेर दिया जाए और इसी तरह में दुनियावी फ़ितनो और अज़ाब ए कब्र से भी तेरी

पनाह चाहता हूँ”| (बुखारी)

رواه البخارى (2822)

٩٦٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: (إِنَّ فُقَرَاءَ الْمُهَاجِرِينَ أَتَوْا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالُوا: قَدْ ذَهَبَ أَهْلُ الدُّثُورِ بِالدَّرَجَاتِ الْعُلَى وَالنَّعِيمِ الْمُقِيمِ فَقَالَ وَمَا ذَاكَ قَالُوا يُصَلُّونَ كَمَا نُصَلِّي وَيَصُومُونَ كَمَا نَصُومُ وَيَتَصَدَّقُونَ وَلَا نَتَصَدَّقُ وَيُعْتِقُونَ وَلَا نُعْتِقُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَفَلَا أُعَلِّمُكُمْ شَيْئًا تُدْرِكُونَ بِهِ مَنْ سَبَقَكُمْ وَتَسْبِقُونَ بِهِ مَنْ بَعْدَكُمْ وَلَا يَكُونُ أَحَدٌ أَفْضَلَ مِنْكُمْ إِلَّا مَنْ صَنَعَ مِثْلَ مَا صَنَعْتُمْ» قَالُوا بَلَى يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «تُسَبِّحُونَ وَتُكَبِّرُونَ وَتَحْمَدُونَ دُبُرَ كُلِّ صَلَاةٍ ثَلَاثًا وَثَلَاثِينَ مَرَّةً» . قَالَ أَبُو صَالِحٍ: فَرَجَعَ فُقَرَاءُ الْمُهَاجِرِينَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالُوا سَمِعَ إِخْوَانُنَا ص: ٣٠ أَهْلُ الْأَمْوَالِ بِمَا فَعَلْنَا فَفَعَلُوا مِثْلَهُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «ذَلِكَ فضل الله يؤته من يَشَاء» . وَلَيْسَ قَوْلُ أَبِي صَالِحٍ إِلَى آخِرِهِ إِلَّا عِنْدَ مُسْلِمٍ وَفِي رِوَايَةٍ لِلْبُخَارِيِّ: «تُسَبِّحُونَ فِي دُبُرِ كُلِّ صَلَاةٍ عَشْرًا وَتَحْمَدُونَ عَشْرًا وَتُكَبِّرُونَ عشرا» . بدل ثَلَاثًا وَثَلَاثِينَ

965. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि कुछ मुहाजिर फुकराअ रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो उन्होंने अर्ज़ किया, माल दार दाइमी नेअमतें और बुलंद दरजात पा गए आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो कैसे ?” उन्होंने अर्ज़ किया, जैसे हम नमाज़ पढ़ते है वैसे वह नमाज़ पढ़ते है, जैसे हम रोज़े रखते है वैसे वह रोज़े रखते है, लेकिन वह सदका करते हैं और हम सदका नहीं करते, वह गुलाम आज़ाद करते हैं हम गुलाम आज़ाद नहीं करते, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या मैं तुम्हें कोई ऐसी चीज़ न सिखाऊ जिसके ज़रिए तुम अपने से सबकत ले जाने वालो को पा लोगे और अपने बाद वालो से सबकत पा जाओगे और तुम से सिर्फ वही मालदार शख़्स बेहतर होगा, जो तुम्हारे जैसे अमल करेगा, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल, क्यों नहीं? ज़रूर बताइए आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम हर नमाज़ के बाद तेंतीस तेंतीस बार (((سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह)) (((اللّهُ أَكْبَرُ)अल्लाहुअकबर)) और (((اَلْحَمْدُلِلهِ) अल्हम्दुलिल्लाह)) पढ़ लिया करो”, अबू स्वालेह बयान करते हैं, मुहाजिर फुकराअ दोबाराह रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में आए और अर्ज़ किया, हमारे माल दार भाइयो को हमारे अमल का पता चल गया है और उन्होंने भी वही अमल शुरू कर दिया है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये अल्लाह का फ़ज़्ल है, वह जिसे चाहता है अता करता है बुखारी, मुस्लिम, लेकिन अबू स्वालेह का कौल सिर्फ सहीह मुस्लिम में है सहीह बुखारी की रिवायत में है: “तुम हर फ़र्ज़ नमाज़ के बाद दस मर्तबा (((سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह)) दस मर्तबा (((اَلْحَمْدُلِلهِ) अल्हम्दुलिल्लाह)) और दस मर्तबा (((اللّهُ أَكْبَرُ)अल्लाहुअकबर)) पढ़ा करो यह अल्फाज़: “तेतीस के मुतबादिल फरमाए”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (843) و مسلم (142 / 595)، (1347)

٩٦٦ - (صَحِيح) وَعَنْ كَعْبِ بْنِ عُجْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مُعَقِّبَاتٌ لَا يَخِيبُ قَائِلُهُنَّ أَوْ فَاعِلُهُنَّ دُبُرَ كُلِّ صَلَاةٍ مَكْتُوبَة: ثَلَاث وَثَلَاثُونَ تَسْبِيحَة ثَلَاث وَثَلَاثُونَ تَحْمِيدَةً وَأَرْبَعٌ وَثَلَاثُونَ تَكْبِيرَةً ". رَوَاهُ مُسْلِمٌ

966. काब बिन उजरत रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर फ़र्ज़ नमाज़ के बाद

चंद कलिमात कहे जाते हैं, उनका कहने वाला नाकाम और नामुराद नहीं होगा, तेंतीस मर्तबा (((سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह)) तेंतीस मर्तबा (((اَلْحَمْدُلِلهِ) अल्हम्दुलिल्लाह)) और चोंतिस मर्तबा (((اللَّهُ أَكْبَرُ)अल्लाहुअकबर)) कहना :"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (144 / 596)، (1349)

٩٦٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ سَبَّحَ اللَّهَ فِي دُبُرِ كُلِّ صَلَاةٍ ثَلَاثًا وَثَلَاثِينَ وَحَمِدَ اللَّهَ ثَلَاثًا وَثَلَاثِينَ وَكَبَّرَ اللَّهَ ثَلَاثًا وَثَلَاثِينَ فَتِلْكَ تِسْعَةٌ وَتِسْعُونَ وَقَالَ تَمَامَ الْمِائَةِ: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ غُفِرَتْ خَطَايَاهُ وَإِنْ كَانَتْ مِثْلَ زَبَدِ الْبَحْرِ ". رَوَاهُ مُسلم

967. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने हर नमाज़ के बाद तेंतीस मर्तबा (((سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह)) तेंतीस मर्तबा (((اَلْحَمْدُلِلهِ) अल्हम्दुलिल्लाह)) और तेंतीस मर्तबा (((اللَّهُ أَكْبَرُ)अल्लाहुअकबर)) कहा पस यह निन्यानवेहुए और: “अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं वह यकता है, उस का कोई शरीक नहीं, इसी के लिए बादशाहत है, इसी के लिए हम्द है और वह हर चीज़ पर कादिर है, उसे सौ पूरा कर लिया तो उस के गुनाह ख्वाह समुन्दर की झाग के बराबर हो तो भी मुआफ़ कर दिए जाते हैं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (146 / 597)، (1352)

तशहहुद की दुआओं का बयान • بَاب الدُّعَاء فِي التَّشَهُّد

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٩٦٨ - (حسن) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ قَالَ: قِيلَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَيُّ الدُّعَاءِ أَسْمَعُ؟ قَالَ: «جَوْفُ اللَّيْلِ الْآخر ودبر الصَّلَوَات الْمَكْتُوبَات» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

968. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल! कौन सी दुआ ज़्यादा कबूल होती है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “आखरी आधी रात में और फ़र्ज़ नमाज़ो के बाद की गई दुआ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3499 وقال : حسن) [و سياتى (1231)] * عبد الرحمن بن سابط عن ابى امامة رضى الله عنه منقطع ، لم يسمع منه

٩٦٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: أَمَرَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ أَقْرَأَ بِالْمُعَوِّذَاتِ فِي دُبُرِ كُلِّ صَلَاةٍ. رَوَاهُ احْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي الدَّعَوَاتِ الْكَبِيرِ

969. उक़्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे हुक्म फ़रमाया की मैं हर फ़र्ज़ नमाज़ के बाद मुअव्वीज़ात (सुरह इखलास, अल फलक और अल नास) की तिलावत किया करू| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (4 / 155 ح 17553) و ابوداؤد (1523) و النسائی (3 / 68 ح 1337) و البیهقی فی الدعوات الکبیر (1 / 81 ح 105) [و الترمذی (2903 و حسنه) و صححه ابن خزیمة (755) و ابن حبان (2347) و الحاکم علی شرط مسلم (1 / 253) و وافقه الذهبی]

٩٧٠ - (حسن) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَأَنْ أَقْعُدَ مَعَ قَوْمٍ يَذْكُرُونَ اللَّهَ مِنْ صَلَاةِ الْغَدَاةِ حَتَّى تَطْلُعَ الشَّمْسُ أَحَبُّ إِلَيَّ مِنْ أَنْ أُعْتِقَ أَرْبَعَةً مِنْ وَلَدِ إِسْمَاعِيلَ وَلَأَنْ أَقْعُدَ مَعَ قَوْمٍ يَذْكُرُونَ اللَّهَ مِنْ صَلَاةِ الْعَصْرِ إِلَى أَنْ تَغْرُبَ الشَّمْسُ أَحَبُّ إِلَيَّ مِنْ أَنْ أُعْتِقَ أَرْبَعَةً» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

970. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुझे नमाज़ ए फजर से तुलुअ ए आफ़ताब तक अल्लाह का ज़िक्र करने वाली जमाअत के साथ बेठना, औलाद ए इस्माइल अलैहिस्सलाम से ताल्लुक रखने वाले चार गुलाम आज़ाद करने से ज़्यादा पसंद है, जबकि मुझे नमाज़ ए असर से गुरूब ए आफ़ताब तक अल्लाह का ज़िक्र करने वाली जमाअत के साथ बेठना चार गुलाम आज़ाद करने से ज़्यादा पसंद है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3667) * قتادة مدلس و عنعن و للحدیث شواهد ضعیفة

٩٧١ - (حسن) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ صَلَّى الْفَجْرَ فِي جَمَاعَةٍ ثُمَّ قَعَدَ يَذْكُرُ اللَّهَ حَتَّى تَطْلُعَ الشَّمْسُ ثُمَّ صَلَّى رَكْعَتَيْنِ كَانَتْ لَهُ كَأَجْرِ حَجَّةٍ وَعُمْرَةٍ» . قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَامَّةٍ تَامَّةٍ تَامَّةٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

971. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स नमाज़ ए फजर बा जमाअत अदा करता है, फिर इसी जगह बैठ कर तुलुअ ए आफ़ताब तक अल्लाह का ज़िक्र करता रहता है, फिर दो रकते पढ़ता है तो उस के लिए मुकम्मल हज उमरा का सवाब है” आप ने यह तीन मर्तबा फ़रमाया| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (586 وقال : حسن غریب) * ابو ظلال ضعیف و للحدیث شواهد ضعیفة

نमाज़ के बाद ज़िक्र करने का बयान • بَاب الذّكر بعد الصَّلَاة

तीसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّالِث

٩٧٢ - (ضَعِيف) عَنِ الْأَزْرَقِ بْنِ قَيْسٍ قَالَ: صَلَّى بِنَا إِمَامٌ لَنَا يُكْنَى أَبَا رِمْثَةَ قَالَ صَلَّيْتُ هَذِهِ الصَّلَاةَ أَوْ مِثْلَ هَذِهِ الصَّلَاةِ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: وَكَانَ أَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ يَقُومَانِ فِي الصَّفِّ الْمُقَدَّمِ عَنْ يَمِينِهِ وَكَانَ رَجُلٌ قَدْ شَهِدَ التَّكْبِيرَةَ ص:٣٠ الْأُولَى مِنَ الصَّلَاةِ فَصَلَّى نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ سَلَّمَ عَنْ يَمِينِهِ وَعَنْ يَسَارِهِ حَتَّى رَأَيْنَا بَيَاضَ خَدَّيْهِ ثُمَّ انْفَتَلَ كَانْفِتَالِ أَبِي رِمْثَةَ يَعْنِي نَفْسَهُ فَقَامَ الرَّجُلُ الَّذِي أَدْرَكَ مَعَهُ التَّكْبِيرَةَ الْأُولَى مِنَ الصَّلَاةِ يَشْفَعُ فَوَثَبَ إِلَيْهِ عُمَرُ فَأَخَذَ

بمنكبه فَهَزَّهُ ثُمَّ قَالَ اجْلِسْ فَإِنَّهُ لَمْ يُهْلِكْ أَهْلَ الْكِتَابِ إِلَّا أَنَّهُ لَمْ يَكُنْ بَيْنَ صلواتهم فَصْلٌ. فَرَفَعَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَصَره فَقَالَ: «أَصَاب الله بك يَا ابْن الْخطاب» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

972. अज़रक बिन कैस रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, हमारे इमाम अबू रम्स ने हमें नमाज़ पढ़ाइ तो उन्होंने कहा, मैंने यह नमाज़ या उसकी मिस्ल नमाज़, रसूलुल्लाह ﷺ के साथ पढ़ी थी, उन्होंने कहा: अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु उमर रदियल्लाहु अन्हु पहली सफ में आप ﷺ की दाएँ जानिब खड़े हुआ करते थे, एक आदमी जो तकबीर उला में आकर शामिल हुआ, नबी ﷺ ने नमाज़ पढ़ी, फिर अपने दाएँ बाएँ सलाम फेरा, हत्ता कि हमने आप के रुखसारो की सफेदी देखी, फिर आप ﷺ मेरे जैसे अबू रम्स यानी वह खुद मेरे, पस वह आदमी जो तकबीर उला में आप के साथ शरीक हुआ था वह खड़ा हुआ और फिर नमाज़ शुरू कर दी तो उमर रदियल्लाहु अन्हु जल्दी से खड़े हुए और इसे उस के कंधो से पकड़ कर खूब हिलाया, फिर फ़रमाया बैठ जाओ क्योंकि अहले किताब इसीलिए हलाक हुए थे, की उनकी फ़र्ज़ व नफ्ल नमाज़ो में कोई वक्फा नहीं होता था, पस नबी ﷺ ने अपने नज़र उठाई तो फ़रमाया: “इब्ने खत्ताब अल्लाह ने तेरी वजह से हक़ कायम कर दिया”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (1007) * وقال الذھبی فی تلخیص المستدرک (1 / 270) :’’ المنھال (بن خلیفة) ضعفه ابن معین و اشعث (بن شعبة) لین و الحدیث منکر‘‘

٩٧٣ - (صَحِيح) وَعَن زيد بن ثَابت قَالَ: أُمِرْنَا أَنْ نُسَبِّحَ فِي دُبُرِ كُلِّ صَلَاةٍ ثَلَاثًا وَثَلَاثِينَ وَنَحْمَدَ ثَلَاثًا وَثَلَاثِينَ وَنُكَبِّرَ أَرْبَعًا وَثَلَاثِينَ فَأُتِيَ رَجُلٌ فِي الْمَنَامِ مِنَ الْأَنْصَارِ فَقِيلَ لَهُ أَمَرَكُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم أَن تسبحوا فِي دبر كُلِّ صَلَاةٍ كَذَا وَكَذَا قَالَ الْأَنْصَارِيُّ فِي مَنَامِهِ نَعَمْ قَالَ فَاجْعَلُوهَا خَمْسًا وَعِشْرِينَ خَمْسًا وَعِشْرِينَ وَاجْعَلُوا فِيهَا التَّهْلِيلَ فَلَمَّا أَصْبَحَ غَدَا عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرَهُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فافعلوا» . رَوَاهُ أَحْمد وَالنَّسَائِيّ والدارمي

973. ज़ैद बिन साबित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमें हुक्म दिया गया के हम हर नमाज़ के बाद तेंतीस दफा (((سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह)) तेंतीस दफा (((اَلْحَمْدُلِلّٰهِ) अल्हम्दुलिल्लाह)) और चोंतिस मर्तबा (((اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहुअकबर)) कहे, अंसार के एक आदमी ने ख्वाब में किसी आदमी को देखा तो उस ने इस अंसारी आदमी इसे कहा, रसूलुल्लाह ﷺ ने तुम्हें हुक्म दिया है के तुम हर नमाज़ के बाद इस क़दर तस्बीह करो, अंसारी शख़्स ने अपने ख्वाब में कहा, वहां इस शख़्स ने कहा: इसे पच्चीस पच्चीस मर्तबा कर लो और उस में (لا اله الا الله) शामिल कर लो, जब सुबह हुई तो वह अंसारी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने आप को ख्वाब का वाकिए बयान किया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ऐसे ही कर लिया करो”| (सहीह)

صحیح ، رواہ احمد (5 / 184 ح 21936) و النسائی (3 / 76 ح 1351) و الدارمی (1 / 312 ح 1361)

٩٧٤ - (مَوْضُوع) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى أَعْوَاد الْمِنْبَرِ يَقُولُ: «مَنْ قَرَأَ آيَةَ الْكُرْسِيِّ فِي دبر كل صَلَاة لم يمنعهُ من دُخُولَ الْجَنَّةِ إِلَّا الْمَوْتُ وَمَنْ قَرَأَهَا حِينَ يَأْخُذُ مَضْجَعَهُ آمَنَهُ اللَّهُ عَلَى دَارِهِ وَدَارِ جَارِهِ وَأَهْلِ دُوَيْرَاتٍ حَوْلَهُ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شعب الْإِيمَان وَقَالَ إِسْنَاده ضَعِيف

974. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को मिम्बर की सीढ़ियों पर फरमाते हुए सुना:

“जो शख़्स हर नमाज़ के बाद आयतुल कुर्सी पढ़ता है तो उस को द्खुले जन्नत से सिर्फ मौत रोके हुए हैं और जो शख़्स सोने के लिए अपने बिस्तर पर लेटते वक़्त इसे पढ़ता है तो अल्लाह उस के घर को, उस के पड़ोसी के घर और उस के आस पास के घरवालो को अमन अता कर देता है”| बयहकी की शौबुल ईमान और उन्होंने कहा: उसकी सनद जईफ है| (मौज़ू)

اسناده موضوع ، رواه البيهقی فی شعب الایمان (2395) * فیه نهشل بن سعید : کذاب ، و فیه علل أخری ولآیة الکرسی حدیث حسن عند النسائی فی الکبریٰ (9928) و عمل الیوم و اللیلة (100)

٩٧٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ غَنْمٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَالَ: «مَنْ قَالَ قَبْلَ أَنْ يَنْصَرِفَ وَيَثْنِيَ رِجْلَيْهِ مِنْ صَلَاةِ الْمَغْرِبِ وَالصُّبْحِ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ بِيَدِهِ الْخَيْرُ يُحْيِي وَيُمِيتُ وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ عَشْرَ مَرَّاتٍ كُتِبَ لَهُ بِكُلِّ وَاحِدَةٍ عَشْرُ حَسَنَاتٍ وَمُحِيَتْ عَنْهُ عَشْرُ سَيِّئَاتٍ وَرُفِعَ لَهُ عَشْرُ دَرَجَاتٍ وَكَانَت حِرْزًا مِنْ كُلِّ مَكْرُوهٍ وَحِرْزًا مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيم وَلم يحل لذنب يُدْرِكَهُ إِلَّا الشِّرْكُ وَكَانَ مِنْ أَفْضَلِ النَّاسِ عَمَلًا إِلَّا رَجُلًا يَفْضُلُهُ يَقُولُ أَفْضَلَ مِمَّا قَالَ» . رَوَاهُ أَحْمد

975. अब्दुल रहमान बिन गन्मी नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स नमाज़ ए मग़रिब और नमाज़ ए फजर पढ़ने के बाद अपनी इसी जगह और इसी कैफियत तशहहुद मेंबैठे हुए यह दुआ: “अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं वह यकता है, उस का कोई शरीक नहीं, इसी के लिए बादशाहत और इसी के लिए हर किस्म की हम्द है और हर किस्म की खैर व भलाई इसी के हाथ में है, वही जिंदा करता है और मारता है और वही हर चीज़ पर कादिर है” दस मर्तबा पढ़ता है तो उस के हर मर्तबा पढ़ने पर उस के लिए दस नेकियाँ लिखी जाती है, उस के दस गुनाह मुआफ़ कर दिए जाते हैं, और उस के दस दरजात बुलंद कर दिए जाते हैं, और हर नागवार चीज़ से उस का बचाव हो जाता है, और मरदूद शैतान से उस का बचाव हो जाता है, शिर्क के अलावा कोई गुनाह इसे हलाक नहीं कर सकता और वह सबसे बेहतरीन अमल करने वाला होता है इल्ला यह कि कोई शख़्स उन से बेहतर कलाम से दुआ करे”| (हसन)

حسن ، رواہ احمد (4 / 227 ح 18153 ، و سندہ حسن) و نظر الحدیث الآتی

٩٧٦ - (ضَعِيف) وَرَوَى التِّرْمِذِيُّ نَحْوَهُ عَنْ أَبِي ذَرٍّ إِلَى قَوْلِهِ: «إِلَّا الشِّرْكَ» وَلَمْ يَذْكُرْ: ص:٣٠ «صَلَاةَ الْمَغْرِبِ وَلَا بِيَدِهِ الْخَيْرُ» وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيح غَرِيب

976. इमाम तिरमिज़ी रहिमहुल्लाह ने ((الا الشرک)) तक अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु से इसी तरह रिवायत किया है और उन्होंने नमाज़ ए मग़रिब और ((بِيَدِهِ الْخَيْر)) का ज़िक्र नहीं किया और उन्होंने कहा: यह हदीस हसन सहीह ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواہ الترمذی (3474) * شهر بن حوشب حسن الحدیث و ثقه الجمهور کما حققته فی تخریج النهایة فی الفتن و الملاحم (260)

٩٧٧ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَعَثَ بَعْثًا قِبَلَ نَجْدٍ فَغَنِمُوا غَنَائِمَ كَثِيرَةً وَأَسْرَعُوا الرَّجْعَةَ فَقَالَ رَجُلٌ مِنَّا لَمْ يَخْرُجْ مَا رَأَيْنَا بَعْثًا أَسْرَعَ رَجْعَةً وَلَا أَفْضَلَ غَنِيمَةً مِنْ هَذَا الْبَعْثِ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَلَا أَدُلُّكُمْ عَلَى قَوْمٍ أَفْضَلَ غَنِيمَةً وَأَفْضَلَ رَجْعَةً؟ قَوْمًا شَهِدُوا صَلَاةَ الصُّبْحِ ثُمَّ جَلَسُوا يذكرُونَ الله حَتَّى طلعت عَلَيْهِم الشَّمْس أُولَئِكَ أسْرع رَجْعَة وَأَفْضَلَ غَنِيمَةً» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ لَا نَعْرِفُهُ إِلَّا مِنْ هَذَا الْوَجْهِ وَحَمَّاد بن أبي حميد هُوَ الضَّعِيف فِي الحَدِيث

977. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने नज्द की तरफ एक लश्कर रवाना किया, उन्होंने बहोत सा माले गनीमत हासिल किया और बहोत जल्द मदीना वापस आ गए तो हम में से एक आदमी ने कहा, हम ने इस लश्कर से ज़्यादा माले गनीमत लेकर और इतनी जल्दी वापस आते हुए कोई लश्कर नहीं देखा, तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “क्या मैं तुम्हें ज़्यादा माले गनीमत के साथ ज़्यादा जल्दी वापस आने वाले लश्कर के बारे में बताऊँ, वह ऐसे लोग है जो बा जमाअत फज्र पढ़ने के बाद बैठ कर तुलुअ ए आफ़ताब तक अल्लाह का ज़िक्र करते रहते है, पस यह वह लोग है जो बेहतरीन माले गनीमत लेकर बहोत जल्द वापस आने वाले हैं”| तिरमिज़ी, और उन्होंने कहा: यह हदीस ग़रीब है, हम्माद बिन अबी हुमैद रावी हदीस के बारे में जईफ है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3561) [و للحديث شواهد ضعيفة]

بَابُ مَا لَا يَجُوزُ مِنَ الْعَمَلِ فِي الصَّلَاةِ وَمَا يُبَاحُ مِنْهُ • नमाज़ के दौरान नाजाइज़ और मुबाह आमाल का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٩٧٨ - (صَحِيح) عَن مُعَاوِيَة ابْن الْحَكَمِ قَالَ: بَيْنَا أَنَا أُصَلِّي مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذْ عَطَسَ رَجُلٌ مِنَ الْقَوْمِ فَقُلْتُ: يَرْحَمُكَ اللَّهُ. فَرَمَانِي الْقَوْمُ بِأَبْصَارِهِمْ. فَقلت: وَا ثكل أُمِّيَاهُ مَا شَأْنُكُمْ تَنْظُرُونَ إِلَيَّ فَجَعَلُوا يَضْرِبُونَ بِأَيْدِيهِمْ عَلَى أَفْخَاذِهِمْ فَلَمَّا رَأَيْتُهُمْ يُصَمِّتُونَنِي لَكِنِّي سَكَتُّ فَلَمَّا صَلَّى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَبِأَبِي هُوَ وَأُمِّي مَا رَأَيْتُ مُعَلِّمًا قَبْلَهُ وَلَا بَعْدَهُ أَحْسَنَ تَعْلِيمًا مِنْهُ فَوَاللَّهِ مَا كَهَرَنِي وَلَا ضَرَبَنِي وَلَا شَتَمَنِي قَالَ: «إِنَّ هَذِهِ الصَّلَاةَ لَا يَصْلُحُ فِيهَا شَيْءٌ من كَلَام النَّاس إِنَّمَا هُوَ التَّسْبِيحُ وَالتَّكْبِيرُ وَقِرَاءَةُ الْقُرْآنِ» أَوْ كَمَا قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. قلت: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي حَدِيثُ عَهْدٍ بِجَاهِلِيَّةٍ وَقد جَاءَ اللَّهُ بِالْإِسْلَامِ وَإِنَّ مِنَّا رِجَالًا يَأْتُونَ الْكُهَّانَ. قَالَ: «فَلَا تَأْتِهِمْ» . قُلْتُ: وَمِنَّا رِجَالٌ يَتَطَيَّرُونَ. قَالَ: «ذَاكَ شَيْءٌ يَجِدُونَهُ فِي صُدُورِهِمْ فَلَا يَصُدَّنَّهُمْ» . قَالَ قُلْتُ وَمِنَّا رِجَالٌ يَخُطُّونَ. ص:٣١ قَالَ: «كَانَ نَبِيٌّ مِنَ الْأَنْبِيَاءِ يَخُطُّ فَمَنْ وَافَقَ خَطَّهُ فَذَاكَ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ قَوْلُهُ: لَكِنِّي سَكَتُّ هَكَذَا وُجِدَتْ فِي صَحِيحِ مُسْلِمٍ وَكِتَابِ الْحُمَيْدِيِّ وَصُحِّحَ فِي «جَامِعِ الْأُصُولِ» بِلَفْظَةِ كَذَا فَوْقَ: لكني

978. मुआविया बिन हकम बयान करते हैं, मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ नमाज़ पढ़ रहा था के इस दौरान लोगों में से किसी आदमी ने छींक मार दी, तो मैंने दोरान नमाज़ कहा या अल्लाह तुम पर रहम करे, लोग मुझे आंखो के इशारे से रोकने लगे, मैंने कहा: मेरी माँ मुझे गम पाए, तुम्हें किया हुआ की तुम मुझे इस तरह देख रहे हो? उन्होंने अपने रानो पर अपने हाथ मारना शुरू कर दिए, चुनांचे जब मैंने उन्हें देखा के वह मुझे चुप करा रहे हैं तो मैं

ख़ामोश हो गया, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने नमाज़ पढ़ ली मेरे वालिदेन आप पर कुरबान हो मैंने आप जैसे बेहतरीन मुअल्लिम आप से पहले कोई देखा है के आप के बाद, अल्लाह की क़सम! आप ने ना मुझे डांटा न मारा और ना ही गाली दी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये जो नमाज़ है उस में लोगों का बाते करना दुरुस्त नहीं, यह तो सिर्फ तस्बीह व तकबीर और किराअत कुरान है, या उस से मीलते जुलते अल्फाज़ रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाए, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैं नया नया मुसलमान हुआ हूँ, अल्लाह ने हमें इस्लाम की दौलत से नवाज़ा है बेशक हम में कुछ ऐसे लोग है जो काहिनो के पास जाते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम उन के पास न जाना”, मैंने अर्ज़ किया: हम में से कुछ लोग फाल लेते है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये वह चीज़ है जो वह अपने सीनों में पाते है (इस की कोई दलील नहीं) पस यह चीज़ उन्हें रोकने न पाए”, मैंने अर्ज़ किया: हम में से कुछ लोग लकीरें खींचते है आप ﷺ ने फ़रमाया: “एक नबी भी ख़त खिचां करते थे, पस जिस का ख़त उन के मुवाफिक होगा तो वह दुरुस्त है”| मुअल्लिफ फरमाते हैं के रावी का यह कहना: “لكنى سكت” मैंने जुमला सहीह मुस्लिम और किताब हुमैदी में इसी तरह देखा है और जामेअ अल अस्वल में उस के साथ कज़ा का लफ्ज़ तसहिह के तौर पर लाया गया है? (मुस्लिम)

رواه مسلم (33 / 537)، (1199)

٩٧٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: كُنَّا نُسَلِّمُ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ فِي الصَّلَاةِ فَيَرُدُّ عَلَيْنَا فَلَمَّا رَجَعْنَا مِنْ عِنْدِ النَّجَاشِيِّ سَلَّمْنَا عَلَيْهِ فَلَمْ يَرُدَّ عَلَيْنَا فَقُلْنَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ كُنَّا نُسَلِّمُ عَلَيْكَ فِي الصَّلَاةِ فَتَرُدُّ عَلَيْنَا فَقَالَ: إِنَّ فِي الصَّلَاةِ لَشُغْلًا "

979. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम दौरान ए नमाज़ नबी ﷺ को सलाम किया करते थे और आप हमें जवाब दे दिया करते थे, पस जब हम नज्जाशी के पास से वापस आए तो हमने आप को सलाम अर्ज़ किया, लेकिन आप ने हमें जवाब दिया तो हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! ﷺ हम आप को दौरान ए नमाज़ सलाम अर्ज़ किया, करते थे और आप हमें जवाब दिया करते थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक नमाज़ एक तरह की मशगुलियत (लाताल्लुकी है”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخاری (1199) و مسلم (34 / 538)، (1201)

٩٨٠ - (مُتَّفَق عَلَيْهِ) وَعَنْ مُعَيْقِيبٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الرَّجُلِ يُسَوِّي التُّرَابَ حَيْثُ يَسْجُدُ؟ قَالَ: «إِنْ كُنْتَ فَاعِلًا فَوَاحِدَةً»

980. मुअयकिब रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से इस शख़्स के बारे में रिवायत करते हैं, जो सजदाह की जगह पर मिट्टी दुरुस्त करता है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुमने ज़रूर ही करना है तो फिर एक मर्तबा कर ले”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخاری (1207) و مسلم (47 / 546)، (1219)

٩٨١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَن الخصر فِي الصَّلَاة "

981. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने दौरान ए नमाज़ पहलु पर हाथ रखने से मना फ़रमाया| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (1220) و مسلم (46 / 545)، (1218)

٩٨٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: سَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ الِالْتِفَاتِ فِي الصَّلَاةِ فَقَالَ: «هُوَ اختلاس يختلسه الشَّيْطَان من صَلَاة العَبْد»

982. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने नमाज़ में इधर उधर देखने के बारे में रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो तो उचक लेना है, शैतान बंदे की नमाज़ से उचक लेता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (751) و مسلم (لم اجده)

٩٨٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَيَنْتَهِيَنَّ أَقْوَامٌ عَنْ رَفْعِهِمْ أَبْصَارَهُمْ عِنْدَ الدُّعَاءِ فِي الصَّلَاةِ إِلَى السَّمَاءِ أَوْ لَتُخْطَفَنَّ أَبْصَارهم» . رَوَاهُ مُسلم

983. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “लोगो को दौरान ए नमाज़ दुआ के वक़्त अपने आँखे आसमान की तरफ उठाने से बाज़ जाना चाहिए, या उनकी आँखे उचक ली जाएगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (118 / 429)، (967)

٩٨٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي قَتَادَة قَالَتْ: رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَؤُمُّ النَّاسَ وَأُمَامَةُ بِنْتُ أَبِي الْعَاصِ عَلَى عَاتِقِهِ فَإِذَا رَكَعَ وَضَعَهَا وَإِذَا رَفَعَ مِنَ السُّجُودِ أَعَادَهَا "

984. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को लोगों की इमामत कराते हुए देखा, जबकि आप की नवासी उमामा बिन्ते अबी अल आस आप के कंधे पर थी, जब आप रुकू करते तो उन्हें (कंधे से) उतार देते और जब सजदो से सर उठाते तो फिर उन्हें उठा लेते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (516) و مسلم (42 / 543)، (1213)

٩٨٥ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا تَثَاءَبَ أَحَدُكُمْ فَلْيَكْظِمْ مَا اسْتَطَاعَ فَإِنَّ الشَّيْطَانَ يَدْخُلُ» . رَوَاهُ مُسلم

985. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम में से किसी शख़्स को दौरान ए नमाज़ जिमाई आए तो जिस क़दर हो सके इसे रोके क्योंकि (मुंह खुला हो) तो शैतान दाखिल हो जाता है" इसे मुस्लिम ने रिवायत किया है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (59 / 2996)، (7493)

٩٨٦ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةِ الْبُخَارِيِّ عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: " إِذَا تَثَاءَبَ أَحَدُكُمْ فِي الصَّلَاةِ فَلْيَكْظِمْ مَا اسْتَطَاعَ وَلَا يَقُلْ: هَا فَإِنَّمَا ذَلِكُمْ مِنَ الشَّيْطَان يضْحك مِنْهُ "

986. और अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से मरवी सहीह बुखारी की रिवायत में है: "जब तुम में से किसी शख़्स को दौरान ए नमाज़ जिमाई आए तो जिस क़दर हो सके इसे रोके हा हा न करे यह तो महज़ शैतान की तरफ से है, वह उस पर हँसता है"| (बुखारी)

رواه البخارى (6226)

٩٨٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ عِفْرِيتًا مِنَ الْجِنِّ تَفَلَّتَ الْبَارِحَةَ لِيَقْطَعَ عَلَيَّ صَلَاتِي فَأَمْكَنَنِي اللَّهُ مِنْهُ فَأَخَذْتُهُ فَأَرَدْتُ أَنْ أَرْبِطَهُ عَلَى سَارِيَةٍ مِنْ سَوَارِي الْمَسْجِدِ حَتَّى تَنْظُرُوا إِلَيْهِ كُلُّكُمْ فَذَكَرْتُ دَعْوَةَ أَخِي سُلَيْمَانَ: (رَبِّ هَبْ لِي مُلْكًا لَا يَنْبَغِي لِأَحَدٍ مِنْ بَعْدِي) ص:٣١»» فَرَدَدْتُهُ خَاسِئًا "

987. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "गुज़िश्ता रात अचानक एक सरकश जिन्न आया ताकि मेरी नमाज़ ख़राब कर दे, लेकिन अल्लाह ने मुझे उस पर इख़्तियार अता फ़रमाया तो मैंने इसे मस्जिद के सुतून के साथ बांधने का इरादा किया हत्ता कि तुम सब इसे देख लेते, तो फिर मुझे मेरे भाई सुलेमान अलैहिस्सलाम की दुआ याद गई मेरे रब मुझे ऐसी बादशाहत अता फरमा जो मेरे बाद किसी और के लायक न हो, पस मैंने इसे ज़लील कर के भगा दिया "| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخارى (461) و مسلم (39 / 541)، (1209)

٩٨٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ «مَنْ نَابَهُ شَيْءٌ فِي صَلَاتِهِ فَلْيُسَبِّحْ فَإِنَّمَا التَّصْفِيقُ لِلنِّسَاءِ»»» وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: «التَّسْبِيحُ لِلرِّجَالِ والتصفيق للنِّسَاء»

988. सहल बिन साद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स को नमाज़ में कोई आरज़ी पेश जाए तो वह " सुबहानल्लाह" कहे हाथ पर हाथ मारना तो औरतों के लिए है"| और एक दूसरी रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: "सुबहानल्लाह कहना मर्दों के लिए है जबकि हाथ पर हाथ मारना औरतों के लिए है|'' (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخارى (684) [الرواية الاولىٰ] 1203) [الرواية الثانية] و مسلم (102 / 421)، (949)

بَابُ مَا لَا يَجُوزُ مِنَ الْعَمَلِ فِي الصَّلَاةِ وَمَا يُبَاحُ مِنْهُ • नमाज़ के दौरान नाजाइज़ और मुबाह आमाल का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٩٨٩ - (حسن) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: كُنَّا نُسَلِّمُ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ فِي الصَّلَاةِ قَبْلَ أَنْ نَأْتِيَ أَرْضَ الْحَبَشَةِ فَيَرُدُّ عَلَيْنَا فَلَمَّا رَجَعْنَا مِنْ أَرْضِ الْحَبَشَةِ أَتَيْتُهُ فَوَجَدْتُهُ يُصَلِّي فَسَلَّمْتُ عَلَيْهِ فَلَمْ يَرُدَّ عَلَيَّ حَتَّى إِذَا قَضَى صَلَاتَهُ قَالَ: «إِنَّ اللَّهَ يُحْدِثُ مِنْ أَمْرِهِ مَا يَشَاءُ ن وَإِن مِمَّا أحدث أَن لَا تتكلموا فِي الصَّلَاة» . فَرد عَلَيّ السَّلَام

989. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हिजरत हबशा से पहले हम नबी ﷺ को हालत नमाज़ में सलाम किया करते थे, और आप हमें सलाम का जवाब दिया करते थे, जब हमसर ज़मीन हबशा से वापस मक्के आए तो मैं आप की खिदमत में हाज़िर हुआ तो आप इस वक़्त नमाज़ पढ़ रहे थे, मैंने आप को सलाम किया लेकिन आप ने मुझे सलाम का जवाब न दिया, हत्ता कि जब आप ﷺ नमाज़ मुकम्मल कर चुके तो फ़रमाया: “अल्लाह जिस तरह चाहता है अपना हुक्म ज़ाहिर करता है, और अब जो नया हुक्म आया है के यह है कि तुम नमाज़ में बात न करो”, फिर आप ने मुझे सलाम का जवाब दिया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (924)

٩٩٠ - (حسن) وَقَالَ: «إِنَّمَا الصَّلَاةُ لِقِرَاءَةِ الْقُرْآنِ وَذِكْرِ اللَّهِ فَإِذا كنت فِيهَا ليكن ذَلِك شَأْنك» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

990. और फ़रमाया: “नमाज़ तो किराअत कुरान और अल्लाह के ज़िक्र के लिए है, पस जब तुम इस नमाज़ में हो तो तुम्हारे पेशे नज़र भी हमें कुछ होना चाहिए”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (931) بغير هذا اللفظ ، و البيهقى (2 / 356) و اللفظ نحوه]

٩٩١ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قُلْتُ لِبِلَالٍ: كَيْفَ كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَرُدُّ عَلَيْهِم حِين حانوا يُسَلِّمُونَ عَلَيْهِ وَهُوَ فِي الصَّلَاةِ؟ قَالَ: كَانَ يُشِيرُ بِيَدِه. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ ص:٣١ وَفِي رِوَايَةِ النَّسَائِيِّ نَحوه وَعوض بِلَال صُهَيْب

991. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने बिलाल रदियल्लाहु अन्हु से पूछा जब सहाबा किराम नबी ﷺ को हालत नमाज़ में सलाम किया करते थे तो आप उन्हें कैसे जवाब दिया करते थे उन्होंने ने फ़रमाया: आप अपने हाथ से इरशाद किया करते थे| तिरमिज़ी, नसई की रिवायत मैं भी इसी तरह है और बिलाल की जगह सहियब का ज़िक्र किया | (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (368 وقال :’’ حسن صحيح ‘‘ و سنده حسن) و النسائى (3 / 5 ح 1188 عن صهيب وهو حديث صحيح [و صححه ابن خزيمة (888) و ابن حبان (الاحسان : 2258) و الحاكم (3 / 12) و وافقه الذهبى]

٩٩٢ - (صَحِيح) وَعَن رِفَاعَة بن رَافع قَالَ: صليت خَلْفَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَعَطَسْتُ فَقلت الْحَمْدُ لِلَّهِ حَمْدًا كَثِيرًا طَيِّبًا مُبَارَكًا فِيهِ مُبَارَكًا عَلَيْهِ كَمَا يُحِبُّ رَبُّنَا وَيَرْضَى فَلَمَّا صَلَّى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ انْصَرَفَ فَقَالَ: «مَنِ الْمُتَكَلِّمُ فِي الصَّلَاةِ؟» فَلَمْ يَتَكَلَّمْ أَحَدٌ ثُمَّ قَالَهَا الثَّانِيَةَ فَلَمْ يَتَكَلَّمْ أَحَدٌ ثُمَّ قَالَهَا الثَّالِثَةَ فَقَالَ رِفَاعَةُ: أَنَا يَا رَسُولَ اللَّهِ. فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَقَدِ ابْتَدَرَهَا بِضْعَةٌ وَثَلَاثُونَ مَلَكًا أَيُّهُمْ يَصْعَدُ بِهَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

992. रफाअ बिन राफीअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के पीछे नमाज़ पढ़ी तो मुझे छींक गई तो मैंने कहा: हर किस्म की हम्द अल्लाह के लिए है, हम्द बहोत ज़्यादा खालिस और बा बरकत, जैसे हमारे रब को पसंद और महबूब है, चुनांचे जब रसूलुल्लाह ﷺ ने नमाज़ पढ़ कर हमारी तरफ रुख किया तो फ़रमाया: “नमाज़ में बोलने वाला कौन था ?” किसी ने जवाब न दिया, फिर आप ने दूसरी मर्तबा पूछा तो फिर किसी ने जवाब न दिया, फिर आप ने तीसरी मर्तबा पूछा तो रफाअ ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने बात की थी तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मेरी जान है! तीस से कुछ ज़्यादा फ़रिश्ते सबकत ले जाने की कोशिश कर रहे थे की उनमें से कौन उन्हें ऊपर लेकर चढ़ता है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (404 وقال : حدیث حسن) و ابوداؤد (773) و النسائی (2 / 145 ح 932)

٩٩٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «التَّثَاؤُبُ فِي الصَّلَاةِ مِنَ الشَّيْطَانِ فَإِذَا تَثَاءَبَ أَحَدُكُمْ فَلْيَكْظِمْ مَا اسْتَطَاعَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَفِي أُخْرَى لَهُ وَلِابْنِ مَاجَهْ: «فَلْيَضَعْ يَدَهُ على فِيهِ»

993. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दौरान ए नमाज़ जिमाई आना शैतान की तरफ से है, पस जब तुम में से किसी को जिमाई आए तो वह मक्दोर भर इसे रोकने की कोशिश करे”, तिरमिज़ी और इसी की दूसरी रिवायत और इब्ने माजा में है: “वो अपने मुंह पर हाथ रख ले” (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (370 وقال : حسن صحیح ، 1746) و ابن ماجہ (968) [و للحدیث شواھد عند البخاری (6223) وغیرہ]

٩٩٤ - (صَحِيح) وَعَنْ كَعْبِ بْنِ عُجْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا تَوَضَّأَ أَحَدُكُمْ فَأَحْسَنَ وُضُوءَهُ ثُمَّ خَرَجَ عَامِدًا إِلَى الْمَسْجِدِ فَلَا يُشَبِّكَنَّ بَيْنَ أَصَابِعِهِ فَإِنَّهُ فِي الصَّلَاة» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ والدارمي

994. काब बिन उजरत रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई शख़्स अच्छी तरह वुज़ू कर के मस्जिद के क़सद से रवाना हो, तो वह रास्ते में अपने एक हाथ की उंगलिया दूसरे हाथ में दाखिल न करे क्योंकि वह हुक्मन नमाज़ ही में है”| (हसन)

حسن ، رواہ احمد (4 / 241 ح 18282) و ابوداؤد (562) و الترمذی (386 واعله) و النسائی (لم اجده) و الدارمی (1 / 326 ، 327 ح 1411) [و صححه ابن خزيمة (441) و ابن حبان (316) و للحديث شواهد]

٩٩٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا يَزَالُ اللَّهُ عَزَّ وَجَلَّ مُقْبِلًا عَلَى الْعَبْدِ وَهُوَ فِي صَلَاتِهِ مَا لَمْ يَلْتَفِتْ فَإِذَا الْتَفَتَ انْصَرَفَ عَنْهُ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ

995. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब बंदा नमाज़ में होता है तो जब तक वह इधर उधर न देखे तो अल्लाह अज्ज़वजल उस पर अपने तवज्जो मरकुज़ रखता है, जब वह इधर उधर देखता है तो फिर वह उस से रुख मोड़ लेता है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (5 / 172 ح 21845) و ابوداؤد (909) و النسائی (3 / 8 ح 1196) و الدارمی (1 / 331 ح 1430) [و صححه ابن خزیمة (481 ، 482) و الحاکم (1 / 236) و وافقه الذهبی]

٩٩٦ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «يَا أَنَسُ اجْعَلْ بَصَرَكَ حَيْثُ تَسْجُدُ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي سُنَنِهِ الْكَبِيرِ مِنْ طَرِيقِ الْحسن عَن أنس يرفعهُ

996. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अनस अपने सजदाह की जगह पर नज़र रखो”, बयहकी ने हसन अन अनस रदियल्लाहु अन्हु की सनद से अपने सुनन अल कुबरा में मरफुअ रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جدا ، رواه البیهقی فی السنن الکبریٰ (2 / 284) * فیه علیلة بن بدر : متروک ، و علل أخری ولکن النظر الی السجود صحیح ، فیه حدیث عمر رضی الله عنه فی الخلافیات باللفظ :’’ ثم غض بصره ‘‘ (انظر شرح الترمذی لابن سید الناس (2 / 217)

٩٩٧ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا بُنَيَّ إِيَّاكَ وَالِالْتِفَاتَ فِي الصَّلَاةِ فَإِنَّ الِالْتِفَاتَ فِي الصَّلَاةِ هَلَكَةٌ. فَإِنْ كَانَ لابد فَفِي التَّطَوُّعِ لَا فِي الْفَرِيضَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

997. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “बेटा नमाज़ में इधर उधर देखने से एहतियात करो क्योंकि नमाज़ में इधर उधर देखना बाईस ए हलाकत है, पस अगर ज़रूर ही देखना हो तो फिर नफ्ल में है लेकिन फ़र्ज़ में नहीं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (589 وقال : حسن) * فیه علی بن زید بن جدعان وهو ضعیف و فیه علة أخری

٩٩٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَلْحَظُ فِي الصَّلَاةِ يَمِينًا وَشِمَالًا وَلَا يَلْوِي عُنُقَهُ خَلْفَ ظَهْرِهِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ

998. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, कि रसूलुल्लाह ﷺ दौरान ए नमाज़ गर्दन मोड़े बग़ैर दाएँ बाएँ देख लिया करते थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (587 وقال : غریب) و النسائی (3 / 9 ح 1202) [و صححه ابن خزیمة (485 ، 871) و ابن حبان (الاحسان : 2285) و الحاکم (1 / 236 ، 237 ، 256) علی شرط البخاری و وافقه الذهبی]

٩٩٩ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَدِيِّ بْنِ ثَابِتٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ رَفَعَهُ قَالَ: ص:٣١ «الْعُطَاسُ وَالنُّعَاسُ وَالتَّثَاؤُبُ فِي الصَّلَاةِ وَالْحَيْضُ وَالْقَيْءُ وَالرُّعَافُ مِنَ الشَّيْطَانِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

999. अदि बिन साबित अपने बाप से और वह अपने दादा से मरफ़ुअ रिवायत करते हैं, फ़रमाया: "दौरान ए नमाज़ छींके, ऊंघ, जिमाई, हैज़, कै का आना नैज़ नकसीर का फूटना शैतान की तरफ से है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (2748 وقال : غریب) [و ابن ماجه (969) * ابو الیقظان عثمان بن عمیر : ضعیف

١٠٠٠ - (صَحِيح) وَعَنْ مُطَرِّفِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ الشِّخِّيرِ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: أَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ يُصَلِّي وَلِجَوْفِهِ أَزِيزٌ كَأَزِيزِ الْمِرْجَلِ يَعْنِي: يَبْكِي»» وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي وَفِي صَدْرِهِ أَزِيزٌ كَأَزِيزِ الرَّحَا مِنَ الْبُكَاءِ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَرَوَى النَّسَائِيُّ الرِّوَايَةَ الْأُولَى وَأَبُو دَاوُدَ الثَّانِيَةَ

1000. मतरफ बिन अब्दुल्लाह बिन शखियर अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: में नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो आप नमाज़ पढ़ रहे थे, तो रोने की वजह से आप के पेट से हंडिया के उबाले कि सी आवाज़ आ रही थी, एक दूसरी रिवायत में है मैंने नबी ﷺ को नमाज़ पढ़ते हुए देखा तो रोने की वजह से आप के सीने में चुकी चलने कि सी आवाज़ आ रही थी| अहमद और इमाम नसई ने पहली रिवायत की और इमाम अबू दावुद ने दूसरी| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه احمد (4 / 25 ح 16421) و النسائی (3 / 13 ح 1215) و ابوداؤد (904) [و صححه النووی فی ریاض الصالحین (451) بتحقیقی]

١٠٠١ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا قَامَ أَحَدُكُمْ إِلَى الصَّلَاةِ فَلَا يَمْسَحِ الْحَصَى فَإِنَّ الرَّحْمَةَ تُوَاجِهُهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجه

1001. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम में से कोई नमाज़ के लिए खड़ा हो तो वह कंकरियो को हाथ न लगाए क्योंकि इस वक़्त इसे रहमत सामने का होता है"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (5 / 150 ح 21656 ، 21658) و الترمذی (379 وقال : حسن) و ابوداؤد (945) و النسائی (3 / 6 ح 1192) و ابن ماجه (10271)

١٠٠٢ - (ضَعِيف) وَعَن أم سَلمَة قَالَتْ: رَأَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ غُلَامًا لَنَا يُقَالُ لَهُ: أَفْلَحُ إِذَا سَجَدَ نَفَخَ فَقَالَ: «يَا أَفْلَحُ تَرِّبْ وَجْهَكَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1002. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ ने हमारे अफलह नामी गुलाम को देखा के जब

वह सजदाह करते तो फूंक मारता, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अफलह अपने चेहरे को मिट्टी लगने दो”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (381 وقال : اسناده لیس بذالک و میمون ابو حمزة قد ضعفه بعض اهل العلم) * قلت : میمون الاعور توبع و ابوصالح مولی طلحة : حسن الحدیث ، صحح له و الحاکم (1 / 271) و الذهبی

١٠٠٣ - (مُنكر) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ ص:٣١ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الِاخْتِصَارُ فِي الصَّلَاةِ رَاحَةُ أَهْلِ النَّارِ» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة

1003. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दौरान ए नमाज़ कमर कोख पर हाथ रखना जहन्नुमियो का अंदाज़ राहत है”| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواه البغوی فی شرح السنة (3 / 248 ح 730) بدون سند* و اسنده ابن خزیمة (2 / 57 ح 909) و ابن حبان (الموارد : 480) و البیهقی (2 / 287 ، 288) من حدیث ابی هریرة رضی الله عنه : و السند ضعیف ، هشام بن حسان مدلس و لم اجد تصریح سماعه

١٠٠٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اقْتُلُوا الْأَسْوَدَيْنِ فِي الصَّلَاةِ الْحَيَّةَ وَالْعَقْرَبَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَلِلنَّسَائِيِّ مَعْنَاهُ

1004. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दो सियाह चीजों सांप और बिच्छु को क़त्ल कर दो ख्वाह तुम नमाज़ में हो”, अहमद अबू दावुद तिरमिज़ी और नसई की रिवायत इसी मानी में है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه احمد (2 / 233 ح 7178) و ابوداؤد (921) و الترمذی (390 وقال : حسن صحیح) و النسائی (3 / 10 ح 1203 ، 1204) [و ابن ماجه (1245) و صححه ابن حبان (528) و ابن خزیمة (869) و الحاکم (1 / 256) و وافقه الذهبی]

١٠٠٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي تَطَوُّعًا وَالْبَابُ عَلَيْهِ مُغْلَقٌ فَجِئْتُ فَاسْتَفْتَحْتُ فَمَشَى فَفَتَحَ لِي ثُمَّ رَجَعَ إِلَى مُصَلَّاهُ وَذَكَرْتُ أَنَّ الْبَابَ كَانَ فِي الْقِبْلَةِ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ وروى النَّسَائِيّ نَحوه

1005. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ दरवाज़ा बंद कर के नफ्ल अदा कर रहे थे, मैं आइ तो मैंने दरवाज़ा खोलने की दरख्वास्त की आप चल कर आए और मेरे लिए दरवाज़ा खोल कर फिर अपने जाए नमाज़ पर वापस चले गए और आइशा रदियल्लाहु अन्हा ने ज़िक्र किया के दरवाज़ा किब्ले की सिम्त था| अहमद अबू दावुद, तिरमिज़ी, और नसई ने भी इसी तरह रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (6 / 31 ح 24528) و ابوداؤد (922) و الترمذی (601 وقال : حسن غریب) و النسائی (3 / 11 ح 1207) الزهری مدلس ولم اجد تصریح سماعه

١٠٠٦ - (ضَعِيف) وَعَنْ طَلْقِ بْنِ عَلِيٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: ص:٣١ «إِذَا فَسَا أَحَدُكُمْ فِي الصَّلَاةِ فَلْيَنْصَرِفْ فَلْيَتَوَضَّأْ وَلْيُعِدِ الصَّلَاةَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَرَوَى التِّرْمِذِيّ مَعَ زِيَادَة ونقصان

1006. तलक बिन अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से किसी की दौरान ए नमाज़ हवा ख़ारिज हो जाए तो वह जा कर वुज़ू करे और आकर नमाज़ दोहराए”| अबू दावुद, तिरमिज़ी ने अल्फाज़ की कमी बेशी के साथ रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (205) و الترمذی (1166 ، 1164) [و صححه ابن حبان (203 ، 204 ، 1301]

١٠٠٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا أَنَّهَا قَالَتْ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا أحدث أدكم فِي صَلَاتِهِ فَلْيَأْخُذْ بِأَنْفِهِ ثُمَّ لِيَنْصَرِفْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1007. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम में से किसी शख़्स का दौरान ए नमाज़ वुज़ू टूट जाए तो वह अपने नाक पकड़ कर वहां से बाहर निकल जाए”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (1114) و ابن ماجه (1222) و صححه ابن خزيمة (1019) و ابن حبان (205 ، 206) و الحاكم على شرط الشيخين (1 / 184 ، 260) و وافقه الذهبی]

١٠٠٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا أحدث أدكم وَقَدْ جَلَسَ فِي آخِرِ صَلَاتِهِ قَبْلَ أَنْ يُسَلِّمَ فَقَدْ جَازَتْ صَلَاتُهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ إِسْنَادُهُ لَيْسَ بِالْقَوِيِّ وَقَدِ اضْطَرَبُوا فِي إِسْنَاده

1008. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से किसी शख़्स का वुज़ू टूट जाए, जबकि वह सलाम फेरने से पहले नमाज़ के आख़िर में बैठा हो तो उसकी नमाज़ पूरी हो गई”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: इस हदीस की इसनाद क़वी नहीं, उन्होंने यानी मुहद्दीसिन ने उसकी इसनाद को मज्तुरब करार दिया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الرترمذی (408) * عبد الرحمن بن زياد الافريقى ضعيف

١٠٠٩ - (حسن) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَرَجَ إِلَى الصَّلَاةِ فَلَمَّا كَبَّرَ انْصَرَفَ وَأَوْمَأَ إِلَيْهِمْ أَنْ كَمَا كُنْتُمْ. ثُمَّ خَرَجَ فَاغْتَسَلَ ثُمَّ جَاءَ وَرَأْسُهُ يَقْطُرُ فَصَلَّى بِهِمْ. فَلَمَّا صَلَّى قَالَ: «إِنِّي كُنْتُ جُنُبًا فنسيت أَن أَغْتَسِل» . رَوَاهُ أَحْمد

1009. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ नमाज़ के लिए तशरीफ़ लाए, चुनांचे आप ने जब (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कही तो फिर वापस चले गए और उन्हें इरशाद किया के वह इसी हालत में रहे, फिर आप गए ग़ुस्ल किया फिर तशरीफ़ लाए तो आप के सर से पानी के कतरे गिर रहे थे, आप ﷺ ने उन्हें नमाज़

पढ़ाई जब नमाज़ पढ़ चुके तो फ़रमाया: “मैं जुनुबी था और मैं ग़ुस्ल करना भूल गया था”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (2 / 448 ح 9785) [و ابن ماجه (1220) و للحديث شواهد]

١٠١٠ - (صَحِيح مُرْسل) وروى مَالك عَن عَطاء بن يسَار نَحوه مُرْسلا

1010. और इमाम मालिक ने अता बिन यस्सार से मुरसल रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواه مالک (1 / 48 ح 108) [و الحديث السابق شاهد له]

١٠١١ - (حسن) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: كُنْتُ أَصَلِّي الظُّهْرَ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَآخذ قَبْضَة من الْحَصَى لتبرد فِي كفي ن أَضَعُهَا لِجَبْهَتِي أَسْجُدُ عَلَيْهَا لِشِدَّةِ الْحَرِّ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وروى النَّسَائِيّ نَحوه

1011. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ नमाज़ ए ज़ुहर अदा कर रहा था, मैंने कंकरियो की मुठ्ठी भरी ताकि वह मेरी मुठ्ठी में ठंडी हो जाए, मैं गर्मी की शिद्दत की वजह से इन पर सजदाह किया करता था| अबू दावुद, और इमाम नसई ने भी इसी की मिस्ल रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (399) و النسائی (2 / 204 ح 1082) [و ابن حبان : 267]

١٠١٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ قَالَ: قَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَسَمِعْنَاهُ يَقُولُ: «أَعُوذُ بِاللَّهِ مِنْكَ» ثُمَّ قَالَ: «أَلْعَنُكَ بِلَعْنَةِ اللَّهِ» ثَلَاثًا وَبَسَطَ يَدَهُ كَأَنَّهُ يَتَنَاوَلُ شَيْئًا فَلَمَّا فَرَغَ مِنَ الصَّلَاةِ قُلْنَا يَا رَسُولَ اللَّهِ قَدْ سَمِعْنَاكَ تَقُولُ فِي الصَّلَاةِ شَيْئًا لَمْ نَسْمَعْكَ تَقُولُهُ قَبْلَ ذَلِكَ وَرَأَيْنَاكَ بَسَطْتَ يَدَكَ قَالَ: " إِنَّ عَدُوَّ اللَّهِ إِبْلِيسَ جَاءَ بِشِهَابٍ مِنْ نَارٍ لِيَجْعَلَهُ فِي وَجْهِي فَقُلْتُ أَعُوذُ بِاللَّهِ مِنْكَ ثَلَاثَ مَرَّاتٍ. ثُمَّ قُلْتُ: أَلْعَنُكَ بِلَعْنَةِ اللَّهِ التَّامَّةِ فَلَمْ يَسْتَأْخِرْ ثَلَاثَ مَرَّاتٍ ثُمَّ أَرَدْتُ أَخْذَهُ وَاللَّهِ لَوْلَا دَعْوَةُ أَخِينَا سُلَيْمَانَ لَأَصْبَحَ مُوثَقًا يَلْعَبُ بِهِ وِلْدَانُ أَهْلِ الْمَدِينَة. رَوَاهُ مُسلم

1012. अबू दरदा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ हमें नमाज़ पढ़ा रहे थे, तो हमने आप को तीन मर्तबा यह कहते हुए सुना: “मैं तुझ से अल्लाह की पनाह चाहता हूँ” फिर फ़रमाया: “मैं तुझे अल्लाह की लानत के ज़रिए लानत भेजता हूँ” और आप ने अपना हाथ आगे बढ़ाया जैसे आप कोई चीज़ पकड़ रहे हो, पस जब आप नमाज़ से फारिग़ हुए तो हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल, हमने आप को नमाज़ में कुछ कहते हुए सुना जो हमने उस से पहले आप को कहते हुए नहीं सुना और हमने आप को हाथ बढ़ाते हुए भी देखा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह का दुश्मन इब्लीस आग का एक शअला लेकर आया, ताकि वह इसे मेरे चेहरे पर डाल दे तो मैंने तीन मर्तबा कहा में तुझ से अल्लाह की पनाह चाहता हूँ, फिर मैंने कहा: में अल्लाह की लानत कामिल(सर्वोत्तम) के ज़रिए तुझ पर लानत भेजता हूँ, लेकिन वह तीनो मर्तबा पीछे न हटा तो फिर मैंने इसे पकड़ने का इरादा किया, अल्लाह की क़सम! अगर हमारे भाई सुलेमान अलैहिस्सलाम की दुआ न होती तो वह सुबह के वक़्त यहाँ बंधा हुआ होता और अहले मदीना के बच्चे उस के साथ खेल रहे होते”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (40 / 542)، (1211)

١٠١٣ - (صَحِيح) وَعَنْ نَافِعٍ قَالَ: إِنَّ عَبْدَ اللَّهِ بْنَ عُمَرَ مَرَّ عَلَى رَجُلٍ وَهُوَ يُصَلِّي فَسَلَّمَ عَلَيْهِ فَرَدَّ الرَّجُلُ كَلَامًا فَرَجَعَ إِلَيْهِ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ عُمَرَ فَقَالَ لَهُ: إِذَا سُلِّمَ عَلَى أَحَدِكُمْ وَهُوَ يُصَلِّي فَلَا يَتَكَلَّمْ وَلْيُشِرْ بِيَدِهِ. رَوَاهُ مَالك

1013. नाफेअ बयान करते हैं, कि अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा एक आदमी के पास से गुज़रे जो नमाज़ पढ़ रहा था, उन्होंने इसे सलाम किया तो उस ने बोल कर जवाब दिया, अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा उस के पास वापस आए और इसे बताया जब तुम में से किसी शख़्स को हालत नमाज़ में सलाम किया जाए तो वह बोल कर जवाब न दे बल्कि अपने हाथ से इरशाद कर दे| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه مالک (1 / 168 ح 406)

بَاب السَّهْو • नमाज़ में भूल जाने का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

١٠١٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِن أحدكُم إِذا قَامَ يُصَلِّي جَاءَهُ الشَّيْطَان فلبس عَلَيْهِ حَتَّى لايدري كَمْ صَلَّى؟ فَإِذَا وَجَدَ ذَلِكَ أَحَدُكُمْ فَلْيَسْجُدْ سجدين وَهُوَ جَالس»

1014. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई नमाज़ पढ़ रहा होता है तो शैतान उस के पास आकर इसे मुगालते में मुब्तिला कर देता है, हत्ता कि वह नहीं जानता के उस ने कितनी नमाज़ पढ़ी है, जब तुम में से कोई ऐसी सूरत तद्दुद पाए तो वह बैठनेकी हालत ही में दो सजदे कर ले”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1232) و مسلم (82 / 389)، (1265)

١٠١٥ - (صَحِيح) وَعَنْ عَطاء بن يسَار وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا شَكَّ أَحَدُكُمْ فِي صَلَاتِهِ فَلَمْ يَدْرِكَمْ صَلَّى ثَلَاثًا أم أَرْبعا فليطرح الشَّك وليبن عَلَى مَا اسْتَيْقَنَ ثُمَّ يَسْجُدْ سَجْدَتَيْنِ قَبْلَ أَنْ يُسَلِّمَ فَإِنْ كَانَ صَلَّى خَمْسًا شَفَعْنَ لَهُ صَلَاتَهُ وَإِنْ كَانَ صَلَّى إِتْمَامًا لِأَرْبَعٍ كَانَتَا تَرْغِيمًا لِلشَّيْطَانِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَرَوَاهُ مَالِكٌ عَنْ عَطَاءٍ مُرْسَلًا. وَفِي رِوَايَتِهِ: «شَفَعَهَا بِهَاتَيْنِ السَّجْدَتَيْنِ»

1015. अता इब्ने यस्सार अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से किसी को अपने नमाज़ के बारे में शक हो और इसे पता न चले के उस ने कितनी रकते पढ़ी है, तिन या चार तो वह शक दूर करे और यकीन पर बुनियाद रखे, फिर सलाम फेरने से पहले दो सजदे करे, अगर उस ने पांच रक्अत पढ़ ली है, तो यह दो सजदे उसकी नमाज़ को जुफ्त बना देंगे और अगर उस ने यह रक्अत चार मुकम्मल करने के लिए पढ़ी है तो फिर वह दो सजदे शैतान की ताजल्लिल के लिए होंगे”, मुस्लिम,

इमाम मालिक ने अता से मुरसल रिवायत किया है और उनकी रिवायत में है: “उस ने इन दो सजदो से उस को जुफ्त बना दिया”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (88 / 571)، (1272) و مالک (1 / 95 ح 210)

١٠١٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَّى الظُّهْرَ خَمْسًا فَقِيلَ لَهُ: أَزِيدَ فِي الصَّلَاةِ؟ فَقَالَ: «وَمَا ذَاكَ؟» قَالُوا: صَلَّيْتَ خَمْسًا. فَسَجَدَ سَجْدَتَيْنِ بَعْدَمَا سَلَّمَ. وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: «إِنَّمَا أَنَا بَشَرٌ مِثْلُكُمْ أَنْسَى كَمَا تَنْسَوْنَ فَإِذَا نَسِيتُ فَذَكِّرُونِي وَإِذَا شَكَّ أَحَدُكُمْ فِي صَلَاتِهِ فَلْيَتَحَرَّ الصَّوَابَ فَلْيُتِمَّ عَلَيْهِ ثُمَّ لِيُسَلِّمْ ثمَّ يسْجد سَجْدَتَيْنِ»

1016. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने नमाज़ ए ज़ुहर पांच रकते पढ़ाइ, आप से अर्ज़ किया गया, क्या नमाज़ में इज़ाफा कर दिया गया है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो क्या” सहाबा ने अर्ज़ किया, आप ने पांच रकते पढ़ी हैं, तो आप ने सलाम फेरने के बाद दो सजदे किए और एक दूसरी रिवायत में है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं भी तुम जैसे इंसान हूँ जैसे तुम भूल जाते हो वैसे ही में भूल जाता हूँ , पस जब कभी में भूल जाऊं तो मुझे याद करा दिया करो और जब तुम में से किसी को अपने नमाज़ में शक गुज़रे तो वह दुरुस्त बात तलाश करने की पूरी कोशिश करे और इस बुनियाद पर नमाज़ मुकम्मल करे फिर सलाम फेरे और फिर दो सजदे करे”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

1072. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम जानते थे की बा जमाअत नमाज़ से सिर्फ वही मुनाफ़िक़ शख़्स पीछे रहता था, जिस का मुनाफ़िक़ होना मालुम था, या फिर कोई मरीज़ रह जाता था, अगर मरीज़ दो आदमियों के सहारे चल सकता तो वह बा जमाअत नमाज़ के लिए हाज़िर होता और उन्होंने बताया की रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें हिदायत की राहें सिखाईए और जिस मस्जिद में आज़ान दी जाती हो उस में नमाज़ पढ़ना हिदायत की राहों मे से है, और एक रिवायत में है फ़रमाया, जिस शख़्स को पसंद हो के वह कल मुसलमान की हैसियत से अल्लाह से मुलाकात करे तो फिर इसे पांचो नमाज़ो की बा जमाअत पाबन्दी करनी चाहिए, बेशक अल्लाह ने तुम्हारे नबी के लिए हिदायत की राहें मुकर्रर फरमा दिया है और बेशक वह (पांचो नमाज़े) हिदायत की सुनन में से है अगर तुमने नमाज़ से पीछे रह जाने वाले इस शख़्स की तरह अपने घरो में नमाज़ पढ़ी तो तुम अपने नबी की सुन्नत छोड़ दोगे और अगर तुमने अपने नबी की सुन्नत छोड़ दी तो तुम गुमराह हो जाओगे और जो शख़्स अच्छी तरह वुज़ू कर के किसी मस्जिद का क़सद करता है तो अल्लाह उस के हर कदम उठाने पर उस के लिए एक नेकी लिख देता है, उस के ज़रिए एक दर्जा बुलंद फरमा देता है, और उसकी वजह से एक गुनाह मुआफ़ फरमा देता है, और हम जानते थे की नमाज़ से सिर्फ वही मुनाफ़िक़ शख़्स पीछे रहता था जिसके निफ़ाक़ के बारे में मालुम होता था, और ऐसे भी होता था के किसी आदमी को दो आदमियों के सहारे ला कर सफ में खड़ा कर दिया जाता था| (मुस्लिम)

رواه مسلم (257 ، 256 / 654)، (1487 و 1488)

١٠٧٣ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَوْلَا مَا فِي الْبُيُوتِ مِنَ النِّسَاءِ وَالذُّرِّيَّةِ أَقَمْتُ صَلَاةَ الْعِشَاءِ وَأَمَرْتُ فِتْيَانِي يُحْرِقُونَ مَا فِي الْبُيُوتِ بِالنَّارِ» . رَوَاهُ أَحْمد

1073. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर घरो में औरतें और बच्चे न होते तो मैं नमाज़ ए ईशा कायम करने का हुक्म देता और अपने नौजवानों को हुक्म देता और वह घर में मौजूद नमाज़ से पीछे रह जाने वाले लोगों को आग से जला देते”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواہ احمد (2 / 367 ح 8782) * فیہ ابو معشر : ضعیف ، ولاصل الحدیث شواھد کثیرۃ دون قولہ :’’ ما فی البیوت ‘‘

١٠٧٤ - (حسن) وَعَنْهُ قَالَ: أَمَرَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا كُنْتُمْ فِي الْمَسْجِدِ فَنُودِيَ بِالصَّلَاةِ فَلَا يَخْرُجْ أَحَدُكُمْ حَتَّى يُصَلِّيَ. رَوَاهُ أَحْمد

1074. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें हुक्म फ़रमाया: “जब तुम मस्जिद में हो और आज़ान हो जाए तो फिर तुम में से कोई शख़्स नमाज़ पढ़े बगैर वहां से बाहर न जाए”| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ احمد (2 / 537 ح 10946) * المسعودی اختلط و شریک القاضی مدلس و عنعن

١٠٧٥ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي الشَّعْثَاءِ قَالَ: خَرَجَ رَجُلٌ مِنَ الْمَسْجِدِ بَعْدَمَا أُذِّنَ فِيهِ فَقَالَ أَبُو هُرَيْرَةَ: أَمَّا هَذَا فَقَدْ عَصَى أَبَا الْقَاسِمِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم. رَوَاهُ مُسلم

1075. अबू शअशाअ रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, एक आदमी आज़ान के बाद मस्जिद से बाहर निकल गया तो उसे अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: इस शख़्स ने अबुल कासिम ﷺ की नाफ़रमानी की| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (258 / 655)، (1489)

١٠٧٦ - (ضَعِيف جدا) وَعَنْ عُثْمَانَ بْنِ عَفَّانَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: ص:٣٣ «مَنْ أَدْرَكَهُ الْأَذَانُ فِي الْمَسْجِدِ ثُمَّ خَرَجَ لَمْ يَخْرُجْ لِحَاجَةٍ وَهُوَ لَا يُرِيدُ الرَّجْعَة فَهُوَ مُنَافِق» . رَوَاهُ ابْن مَاجه

1076. उस्मान बिन अफ्फान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स आज़ान के वक़्त मस्जिद में मौजूद हो और फिर वह बिला ज़रूरत मस्जिद से निकल जाए और उस का वापस आने का भी कोई इरादा न हो तो ऐसा शख़्स मुनाफ़िक़ है”| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواہ ابن ماجہ (734) و سندہ ضعیف جدًا و لبعض الحدیث شواھد عند الطبرانی فی الاوسط (3854) و البیھقی (3 / 56) و غیرھما* فیہ اسحاق بن ابی فروۃ متروک و عبد الجبار بن عمر ضعیف

١٠٧٧ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ سَمِعَ النِّدَاءَ فَلَمْ يُجِبْهُ فَلَا صَلَاةَ لَهُ إِلَّا مِنْ عُذْرٍ» . رَوَاهُ الدَّارَقُطْنِيّ

1077. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स आज़ान सुन कर बिला उज़्र मस्जिद में न आए तो उसकी मस्जिद के अलावा पढ़ी हुई नमाज़ दुरुस्त नहीं”| (सहीह)

صحيح ، رواه الدارقطنى (1 / 420 ح 1542) [و ابوداؤد (551 و سنده ضعيف) و ابن ماجه (793) من طريقين]

١٠٧٨ - (صَحِيح) وَعَن عبد الله بن أم مَكْتُوم قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ الْمَدِينَةَ كَثِيرَةُ الْهَوَامِّ وَالسِّبَاعِ وَأَنَا ضَرِيرُ الْبَصَرِ فَهَلْ تَجِدُ لِي مِنْ رُخْصَةٍ؟ قَالَ: «هَلْ تَسْمَعُ حَيَّ عَلَى الصَّلَاةِ حَيَّ عَلَى الْفَلَاحِ؟» قَالَ: نَعَمْ. قَالَ: «فَحَيَّهَلَا» . وَلَمْ يُرَخِّصْ لَهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

1078. अब्दुल्लाह बिन उम्म मक्तूम रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मदीना में बहोत ज़्यादा मुज़ी जानवर और दरिन्दे हैं, जबकि मैं एक नाबीना शख़्स हूँ क्या आप मेरे लिए कोई गुंजाईश पाते है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम आओ नमाज़ की तरफ आओ कामयाबी की तरफ यानी आज़ान सुनते हो?” उन्होंने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया, “ पस फिर जल्दी आओ”, और आप ने रुखसत न दि| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (553) و النسائى (2 / 110 ح 852) [و صححه ابن خزيمة (1478) و الحاكم (1 / 247) و وافقه الذهبى] * سفيان الثورى عنعن و حديث مسلم (653)، (1486) يغنى عنه

١٠٧٩ - (صَحِيح) وَعَن أم الدَّرْدَاء قَالَتْ: دَخَلَ عَلَيَّ أَبُو الدَّرْدَاءِ وَهُوَ مُغْضَبٌ فَقُلْتُ: مَا أَغْضَبَكَ؟ قَالَ: وَاللَّهِ مَا أَعْرِفُ مِنْ أَمْرِ أُمَّةِ مُحَمَّدٍ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ شَيْئًا إِلَّا أَنَّهُمْ يُصَلُّونَ جَمِيعًا. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1079. उम्मे दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु गुस्से की हालत में मेरे पास तशरीफ़ लाए तो मैंने पूछा आप किसी वजह से गुस्से में है उन्होंने फ़रमाया, अल्लाह की क़सम! मुहम्मद ﷺ की उम्मत का एक ही काम बाकी रह गया है के वह बा जमाअत नमाज़ अदा करते हैं| (बुखारी)

رواه البخارى (650)

١٠٨٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي بَكْرِ بْنِ سُلَيْمَانَ بْنِ أَبِي حَثْمَةَ قَالَ: إِنَّ عُمَرَ بْنَ الْخَطَّابِ فَقَدَ سُلَيْمَانَ بْنَ أَبِي حَثْمَةَ فِي صَلَاةِ الصُّبْحِ وَإِنَّ عُمَرَ غَدَا إِلَى السُّوقِ ص:٣٣ وَمَسْكَنُ سُلَيْمَانَ بَيْنَ الْمَسْجِدِ وَالسُّوقِ فَمَرَّ عَلَى الشِّفَاءِ أُمِّ سُلَيْمَانَ فَقَالَ لَهَا لَمْ أَرَ سُلَيْمَانَ فِي الصُّبْحِ فَقَالَتْ إِنَّهُ بَاتَ يُصَلِّي فَغَلَبَتْهُ عَيْنَاهُ فَقَالَ عُمَرُ لَأَنْ أَشْهَدَ صَلَاةَ الصُّبْحِ فِي الْجَمَاعَةِ أَحَبُّ إِلَيَّ مِنْ أَنْ أَقُومَ لَيْلَةً. رَوَاهُ مَالك

1080. अबू बक्र बिन सुलेमान बिन अबू हशमत बयान करते हैं, कि उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु ने सुलेमान बिन अबू हशमत को नमाज़ ए फजर में न पाया और उमर रदियल्लाहु अन्हु बाज़ार तशरीफ़ ले गए,

सुलेमान का घर मस्जिद और बाज़ार के दरमियान वाकेअ था तो आप सलीम उन की वालिद सिफ्फाअ के पास से गुज़रे तो आप ने उन से पूछा मैंने नमाज़ ए फजर में सुलेमान नहीं देखा तो उन्होंने अर्ज़ किया, वह रातभर नमाज़ पढ़ता रहा और फिर इसे नींद गई, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अगर में नमाज़ ए फजर बा जमाअत अदा कर लो तो यह मुझे रातभर कयाम करने से ज़्यादा महबूब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه مالک (1 / 131 ح 292) * ابوبکر بن سلیمان بن ابی حثمة لم یذکر من حدثه به

١٠٨١ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي مُوسَى الْأَشْعَرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اثْنَانِ فَمَا فَوْقهمَا جمَاعَة» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

1081. अबू मूसा अशअरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दो और दो से इज़ाफ़ी (ज़्यादा) एक जमाअत है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جدا ، رواه ابن ماجه (972) * الربیع [وھو علیلة] بن بدر : متروک [و للحدیث طرق ضعیفة]

١٠٨٢ - (صَحِيح) وَعَنْ بِلَالِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَمْنَعُوا النِّسَاءَ حُظُوظَهُنَّ مِنَ الْمَسَاجِدِ إِذَا اسْتَأْذَنَّكُمْ» . فَقَالَ بِلَالٌ: وَاللَّهِ لَنَمْنَعُهُنَّ. فَقَالَ لَهُ عَبْدُ اللَّهِ: أَقُولُ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَتقول أَنْت لنمنعهن

1082. बिलाल बिन अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब औरतें तुम से (मस्जिद जाने की) इजाज़त तलब करे तो तुम उन्हें मस्जिद के सवाब से महरूम न रखो (यह सुन कर) बिलाल रहिमहुल्लाह ने कहा: अल्लाह की क़सम! हम उन्हें ज़रूर रोकेंगे तो अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु ने उन्हें फ़रमाया में कहता हूँ रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया और तुम कहते हो हम उन्हें रोकेंगे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (140 / 442)، (995)

١٠٨٣ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةِ سَالِمٍ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: فَأَقْبَلَ عَلَيْهِ عَبْدُ اللَّهِ فَسَبَّهُ سَبًّا مَا سَمِعْتُ سَبَّهُ مِثْلَهُ قَطُّ وَقَالَ: أُخْبِرُكَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَتَقُولُ: وَاللَّهِ لنمنعهن. رَوَاهُ مُسلم

1083. सालिम रहिमहुल्लाह की अपने वालिद अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु से मरवी एक रिवायत में है उन्होंने कहा: अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु ने बिलाल रहिमहुल्लाह की तरफ मुतवज्जे हो कर, इसे बहोत ज़्यादा बुरा-भला कहा इस तरह बुरा-भला कहते हुए मैंने उन्हें कभी नहीं सुना और उन्होंने ने फ़रमाया: में तुम है रसूलुल्लाह ﷺ के हवाले से बयान कर रहा हूँ जबकि तुम कहते हो के अल्लाह की क़सम! हम उन्हें ज़रूर रोकेंगे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (135 / 442)، (989)

١٠٨٤ - (صَحِيح) وَعَنْ مُجَاهِدٍ عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَمْنَعَنَّ رَجُلٌ أَهْلَهُ أَنْ يَأْتُوا الْمَسَاجِدَ» . فَقَالَ ابْنٌ لِعَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ: فَإِنَّا نَمْنَعُهُنَّ. فَقَالَ عَبْدُ اللَّهِ: أُحَدِّثُكَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَتَقُولُ هَذَا؟ قَالَ: فَمَا كَلَّمَهُ عَبْدُ اللَّهِ حَتَّى مَاتَ. رَوَاهُ أَحْمد

1084. मुजाहिद रहिमहुल्लाह अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने फ़रमाया: “कोई शख़्स अपने अहले खाना को मस्जिद जाने से न रोके”, (ये सुन कर) अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा के एक बेटे ने कहा, हम उन्हें ज़रूर रोकेंगे, उस पर अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: में तुम है रसूलुल्लाह ﷺ की हदीस बयान करता हूँ और तुम यह कह रहे हो रावी बयान करते हैं, अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु ने जिंदगी भर उस से कलाम नहीं किया| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (2 / 36 ح 4933) * ابن ابی نجيح مدلس و عنعن

बَاب تَسْوِيَة الصَّفّ • सफें सीधी करने का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

١٠٨٥ - (صَحِيح) عَنِ النُّعْمَانِ بْنِ بَشِيرٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُسَوِّي صُفُوفَنَا حَتَّى كَأَنَّمَا يُسَوِّي بِهَا الْقِدَاحَ حَتَّى رَأَى أَنَّا قَدْ عَقَلْنَا عَنْهُ ثُمَّ خَرَجَ يَوْمًا فَقَامَ حَتَّى كَادَ أَنْ يُكَبِّرَ فَرَأَى رَجُلًا بَادِيًا صَدْرُهُ مِنَ الصَّفِّ فَقَالَ: «عِبَادَ اللَّهِ لَتُسَوُّنَّ صُفُوفَكُمْ أَوْ لَيُخَالِفَنَّ اللَّهُ بَيْنَ وُجُوهِكُمْ» . رَوَاهُ مُسلم

1085. नौमान बिन बशीर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ हमारी सफों को ऐसा बराबर किया करते थे, गोया उन के साथ तिरो को बराबर करते हो, हत्ता कि आप ने समझ लिया के हम आप से सिख चुके हैं, फिर एक रोज़ आप तशरीफ़ लाए तो खड़े हो गए करीब था के आप तकबीर कहते के आप ने एक आदमी को देखा उस का सीना सफ से बाहर निकला हुआ है, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह के बन्दों सफे बराबर किया करो वरना अल्लाह तुम्हारे अन्दर इख्तिलाफ पैदा फरमादेगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (128 / 436)، (979)

١٠٨٦ - (صَحِيح) وَعَن أنس قَالَ: أُقِيمَتِ الصَّلَاةُ فَأَقْبَلَ عَلَيْنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِوَجْهِهِ فَقَالَ: «أَقِيمُوا صُفُوفَكُمْ وَتَرَاصُّوا فَإِنِّي أَرَاكُمْ مِنْ وَرَاءِ ظَهْرِي» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ. وَفِي الْمُتَّفق عَلَيْهِ قَالَ: «أَتِمُّوا الصُّفُوف فَإِنِّي أَرَاكُم من وَرَاء ظَهْري»

1086. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नमाज़ के लिए इकामत कह दी गई तो रसूलुल्लाह ﷺ ने अपना चेहरा मुबारक हमारी तरफ करते हुए फ़रमाया: “सफे दुरुस्त रखो और बाहम मिल कर खड़े हुआ करो, क्योंकि मैं तुम्हें अपने पुश्त के पीछे से भी देखता हूँ”| बुखारी, सहीह बुखारी और सहीह मुस्लिम की रिवायत में है आप

ﷺ ने फ़रमाया: “सफे मुकम्मल करो क्योंकि मैं तुम्हें अपने पुश्त के पीछे से भी देखता हूँ”| (मुस्लिम)

رواه البخارى (719) 0 اتموا الصفوف ، رواه مسلم (434 ، ترقيم دار السلام : 976) و اللفظ له و رواه البخارى (718) بالفظ :’’ اقيموا الصفوف ‘‘

١٠٨٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «سَوُّوا صُفُوفَكُمْ فَإِنَّ تَسْوِيَةَ الصُّفُوفِ من إِقَامَة الصَّلَاة» . إِلَّا أَنَّ عِنْدَ مُسْلِمٍ: «مِنْ تَمَامِ الصَّلَاةِ»

1087. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने सफे बराबर करो बेशक सफों का बराबर करना नमाज़ कायम करने से है”| बुखारी, मुस्लिम, अलबत्ता सहीह मुस्लिम में: “नमाज़ मुकम्मल करने से है” के अल्फाज़ है| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (723) و مسلم (124 / 433)، (975)

١٠٨٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي مَسْعُودٍ الْأَنْصَارِيِّ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم يَمْسَحُ مَنَاكِبَنَا فِي الصَّلَاةِ وَيَقُولُ: «اسْتَوُوا وَلَا تَخْتَلِفُوا فَتَخْتَلِف قُلُوبكُمْ ليليني مِنْكُم أولُوا الْأَحْلَامِ وَالنُّهَى ثُمَّ الَّذِينَ يَلُونَهُمْ ثُمَّ الَّذِينَ يَلُونَهُمْ» . قَالَ أَبُو مَسْعُودٍ: فَأَنْتُمُ الْيَوْمَ أَشَدُّ اخْتِلَافا. رَوَاهُ مُسلم

1088. अबू मसउद अंसारी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ में अपने हाथ हमारे कंधो पर रखते और फरमाते: “बराबर हो जाओ, इख्तिलाफ न करो वरना तुम्हार दिल मुख्तलिफ हो जाएँगे, और तुम में से साहबे अक्ल व दानिश हज़रात मेरे करीब खड़े हुआ करो फिर जो उन के करीब है फिर जो उन के करीब है”, और अबू मसउद रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: और तुम आज सख्त इख्तिलाफ का शिकार हो| (मुस्लिम)

رواه مسلم (122 / 432)، (972)

١٠٨٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لِيَلِنِي مِنْكُمْ أَولُو الْأَحْلَامِ وَالنُّهَى ثُمَّ الَّذِينَ يَلُونَهُمْ» ثَلَاثًا وَإِيَّاكُم وهيشات الْأَسْوَاق ". رَوَاهُ مُسلم

1089. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से साहबे अक्ल व दानिश हज़रात मेरे करीब खड़े हुआ करे फिर जो उन से करीब हो, आप ﷺ ने तीन मर्तबा ऐसे फ़रमाया और बाज़ारों के शोर (मसाइल) से बचो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (123 / 432)، (974)

١٠٩٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: رَأَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي أَصْحَابِهِ تَأَخُّرًا فَقَالَ لَهُمْ: «تَقَدَّمُوا

وَأْتَمُّوا بِي وَلْيَأْتَمَّ بِكُمْ مَنْ بَعْدَكُمْ لَا يَزَالُ قَوْمٌ يَتَأَخَّرُونَ حَتَّى يؤخرهم الله» . رَوَاهُ مُسلم

1090. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने सहाबा का (पहली सफ से) पीछे हटा मुलाहेज़ा फ़रमाया: तो आप ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “आगे बढ़ो मेरी इक्तेदा करो और तुम्हारे बाद वाले तुम्हारी इक्तेदा करे लोग पीछे हटते रहेंगे हत्ता कि अल्लाह उन्हें अपनी रहमत में पीछे कर देगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (130 / 438)، (982)

١٠٩١ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: خَرَجَ عَلَيْنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَرَآنَا حلقا فَقَالَ: «مَالِي أَرَاكُمْ عِزِينَ؟» ثُمَّ خَرَجَ عَلَيْنَا فَقَالَ: «أَلَا تَصُفُّونَ كَمَا تَصُفُّ الْمَلَائِكَةُ عِنْدَ رَبِّهَا؟» فَقُلْنَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَكَيْفَ تَصُفُّ الْمَلَائِكَةُ عِنْدَ رَبِّهَا؟ قَالَ: «يُتِمُّونَ الصُّفُوفَ الْأُوَلَى وَيَتَرَاصُّونَ فِي الصَّفّ» . رَوَاهُ مُسلم

1091. जाबिर बिन समुराह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ हमारे पास तशरीफ़ लाए तो आप ने हमें मुख्तलिफ हलको में देख कर फ़रमाया: “क्या वजह है की में तुम्हें मूतफर्क देख रहा हूँ ?” फिर आप ﷺ हमारे पास तशरीफ़ लाए तो फ़रमाया: “तुम वैसे सफे क्यों नहीं बनाते जिस तरह फ़रिश्ते अपने रब के यहाँ सफे बनाते है?” हमने अर्ज़ किया: फ़रिश्ते अपने रब के यहाँ कैसे सफे बनाते है आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो पहली सफे मुकम्मल करते हैं और सफ में बाहम मिल कर खड़े होते हैं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (119 / 430)، (968)

١٠٩٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خَيْرُ صُفُوفِ الرِّجَالِ أَوَّلُهَا وَشَرُّهَا آخِرُهَا وَخَيْرُ صُفُوفِ النِّسَاءِ آخِرُهَا وشرها أولهَا» . رَوَاهُ مُسلم

1092. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मर्दों की सफों में से पहली सफ बेहतरीन सफ है और उनकी आखिरी सफ कमतर है, जबकि औरतो की आखिरी सफ उनकी बेहतरीन सफ है और उनकी पहली सफ बदतर है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (132 / 440)، (985)

सफें सीधी करने का बयान • بَاب تَسْوِيَة الصَّفّ

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

١٠٩٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «رُصُّوا صُفُوفَكُمْ وَقَارِبُوا بَيْنَهَا وَحَاذُوا بِالْأَعْنَاقِ فَوَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ إِنِّي لَأَرَى الشَّيْطَانَ يَدْخُلُ مِنْ خَلَلِ ص:٣٤ الصَّفِّ كَأَنَّهَا الْحَذَفُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1093. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने सफों को खूब मिलाओ और उन्हें बाहम करीब बनाओ गर्दनो को बराबर व मुकाबिल रखो, उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मेरी जान है, मैं शैतान को देखता हूँ कि वह बकरी के बच्चे की तरह सफों के शगाफ़ में दाखिल हो जाता है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (667) [و النسائی (2 / 92 ح 816) و صححه ابن خزيمة (1545) و ابن حبان (387 ، 391)]

١٠٩٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَتِمُّوا الصَّفَّ الْمُقَدَّمَ ثُمَّ الَّذِي يَلِيهِ فَمَا كَانَ مِنْ نَقْصٍ فَلْيَكُنْ فِي الصَّفّ الْمُؤخر» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1094. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगली सफ को पूरा करो फिर उस को जो उस के बाद है, पस जो कमी हो वह आखिरी सफ में होनी चाहिए”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (671) [و النسائی (2 / 93 ح 819) و صححه ابن خزيمة (1546) و ابن حبان (390)]

١٠٩٥ - (ضَعِيف) وَعَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ اللَّهَ وَمَلَائِكَتَهُ يُصَلُّونَ عَلَى الَّذِينَ يَلُونَ الصُّفُوفَ الْأُوَلَى وَمَا مِنْ خُطْوَةٍ أَحَبُّ إِلَى اللَّهِ من خطْوَة يمشيها يصل العَبْد بهَا صفا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1095. बराअ बिन आजीब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुलुल्लाह ﷺ फ़रमाया करते थे: “बेशक अल्लाह और उस के फ़रिश्ते उन लोगों पर रहमत नाज़िल फरमाते हैं जो पहली सफों को मिलाते है अल्लाह को वह कदम इन्तिहाई महबूब है जो सफ में मिलने के लिए उठाया जाता है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (543) * شيخ من اهل الكوفة لم اعرفه و حديث ابی داود (664) يغنی عنه

١٠٩٦ - (حَسَنٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِن اللَّهَ وَمَلَائِكَتَهُ يُصَلُّونَ عَلَى مَيَامِنِ الصُّفُوفِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1096. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक अल्लाह और उस के

फ़रिश्ते सफों की दाएँ जानिब वालो पर रहमत नाज़िल फरमाते हैं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (676) [و ابن ماجه (1005) و صححه ابن خزيمة (1550) و ابن حبان (393 ، 394) و الحاكم على شرط مسلم (1 / 214) و وافقه الذهبى] * سفيان الثورى مدلس و عنعن و حديث ابن خزيمة (بالفظ : ان الله و ملائكته يصلون على الصف الاول) سنده حسن وهو يغنى عنه

١٠٩٧ - (صَحِيح) وَعَنِ النُّعْمَانِ بْنِ بَشِيرٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُسَوِّي صُفُوفَنَا إِذَا قُمْنَا إِلَى الصَّلَاةِ فَإِذَا اسْتَوَيْنَا كَبَّرَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1097. नौमान बिन बशीर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब हम नमाज़ के लिए खड़े होते तो रसूलुल्लाह ﷺ हमारी सफे बराबर फरमाते जब हम बराबर हो जाते तो आप ﷺ (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (665) [و اصله متفق عليه ، رواه البخارى (717) و مسلم (436)، (978)]

١٠٩٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ عَنْ يَمِينِهِ: «اعْتَدِلُوا سَوُّوا صُفُوفَكُمْ» . وَعَنْ يَسَارِهِ: «اعْتَدِلُوا سَوُّوا صُفُوفَكُمْ» . رَوَاهُ ص:٣٤»» أَبُو دَاوُ

1098. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ अपने दाएं जानिब फरमाते: “बराबर हो जाओ सफे दुरुस्त करो”, और अपने बाएं जानिब भी फरमाते: “बराबर हो जाओ सफे दुरुस्त करो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (670) * مصعب بن ثابت ضعيف ، و محمد بن مسلم بن السائب : مجهول الحال لم يو ثقه غير ابن حبان

١٠٩٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خِيَارُكُمْ أَلْيَنُكُمْ مَنَاكِبَ فِي الصَّلَاة» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1099. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नमाज़ में कंधे नरम रखने वाला शख़्स तुम में सबसे बेहतर है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (672) [و صححه ابن خزيمة (1566) و ابن حبان (397)]

सफें सीधी करने का बयान • بَاب تَسْوِيَة الصَّفّ

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

١١٠٠ - (صَحِيح) عَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُول: «اسْتَوُوا اسْتَوُوا اسْتَوُوا فَوَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ إِنِّي لَأَرَاكُمْ من خَلْفي كَمَا أَرَاكُم من بَين يَدي» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1100. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ फ़रमाया करते थे: “बराबर हो जाओ, बराबर हो जाओ, बराबर हो जाओ, उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मेरी जान है! मैं अपने पुश्त से तुम्हें इसी तरह देखता हूं जैसे मैं तुम्हें अपने सामने देखता हूँ”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (667) بلفظ مختلف [و احمد (3 / 268) 286) و النسائى (2 / 91 ح 814)]

١١٠١ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ وَمَلَائِكَتَهُ يُصَلُّونَ عَلَى الصَّفِّ الْأَوَّلِ» قَالُوا يَا رَسُولَ اللَّهِ وَعَلَى الثَّانِي قَالَ: «إِنَّ اللَّهَ وَمَلَائِكَتَهُ يُصَلُّونَ عَلَى الصَّفِّ الْأَوَّلِ» قَالُوا يَا رَسُولَ اللَّهِ وَعَلَى الثَّانِي قَالَ: «إِنَّ اللَّهَ وَمَلَائِكَتَهُ يُصَلُّونَ عَلَى الصَّفِّ الْأَوَّلِ» قَالُوا يَا رَسُولَ الله وعَلى الثَّانِي؟ قَالَ: «وعَلى الثَّانِي» قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «سَوُّوا صُفُوفَكُمْ وَحَاذُوا بَيْنَ مَنَاكِبِكُمْ وَلِينُوا فِي أَيْدِي إِخْوَانِكُمْ وَسُدُّوا الْخَلَلَ فَإِنَّ الشَّيْطَانَ يَدْخُلُ بَيْنَكُمْ بِمَنْزِلَةِ الْحَذَفِ» يَعْنِي أَوْلَادَ الضَّأْنِ الصِّغَارَ. رَوَاهُ أَحْمد

1101. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक अल्लाह और उस के फ़रिश्ते पहली सफ पर रहमते नाज़िल फरमाते हैं”, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! दूसरी पर आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक अल्लाह और उस के फ़रिश्ते पहली सफ पर रहमते नाज़िल फरमाते हैं”, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! दूसरी पर आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक अल्लाह और उस के फ़रिश्ते पहली सफ पर रहमते नाज़िल फरमाते हैं”, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! दूसरी पर आप ﷺ ने फ़रमाया: “दूसरी पर”, और रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने सफे बराबर करो कंधे बराबर रखो अपने भाइयो के हाथो में नरम हो जाओ और शगाफ़ बंद करो, क्योंकि शैतान बकरी के बच्चे की तरह तुम्हारे दरमियानी शगाफ़ में दाखिल हो जाता है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (5 / 262 ح 22618) * سنده ضعيف من اجل ضعف فرج بن فضالة

١١٠٢ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَقِيمُوا الصُّفُوفَ وَحَاذُوا بَين المناكب وَسُدُّوا الْخَلَلَ وَلِينُوا بِأَيْدِي إِخْوَانِكُمْ وَلَا تَذَرُوا فرجات للشَّيْطَان وَمَنْ وَصَلَ صَفًّا وَصَلَهُ اللَّهُ وَمَنْ قَطَعَهُ قطعه الله» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ مِنْهُ قَوْلَهُ: «وَمَنْ وَصَلَ صَفًّا» . إِلَى آخِرِهِ

1102. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने सफे कायम करो, कंधे बराबर रखो, शगाफ़ बंद करो अपने भाइयो के हाथो के लिए नरम हो जाओ, शैतान के लिए शगाफ़ खाली जगह न छोड़ो और जो शख़्स सफ मिलाएगा, अल्लाह अपनी रहमत के साथ इसे मिलाएगा और जो इसे कतअ करेगा अल्लाह इसे अपनी (रहमत से) कतअ कर देगा”| अबू दावुद, और इमाम नसई रहिमहुल्लाह ने ((من وصل صفا)) से आख़िर तक उन से रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (666) و النسائی (2 / 93 ح 820) [و صححه ابن خزیمة (1549) و الحاکم علی شرط مسلم (1 / 213) و وافقه الذھبی]

١١٠٣ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَوَسَّطُوا الْإِمَامَ وَسُدُّوا الْخَلَلَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1103. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इमाम को बिच में जगह दो और शगाफ़ बंद करो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (681) [و البیھقی (3 / 104)] * امة الواحد : مجھولة ، و ابنھا یحیی بن بشیر : مستور

١١٠٤ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَزَالُ قَوْمٌ يَتَأَخَّرُونَ عَنِ الصَّفِّ الْأَوَّلِ حَتَّى يُؤَخِّرَهُمُ اللَّهُ فِي النَّارِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

1104. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “लोग पहली सफ से पीछे हटते रहेंगे हत्ता कि अल्लाह उन्हें जहन्नुम में सबसे आखिरी तबके में डाल देगा”| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواه ابوداؤد (679) * عکرمة بن عمار : لم یصرح بالسماع من یحیی بن ابی کثیر و تکلم الجمھور فی روایته عنه

١١٠٥ - (صَحِيح) وَعَنْ وَابِصَةَ بِنِ مَعْبَدٍ قَالَ: رَأَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَجُلًا يُصَلِّي خَلْفَ الصَّفِّ وَحْدَهُ فَأَمَرَهُ أَنْ يُعِيدَ الصَّلَاةَ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ

1105. वाबिसत बिन मअबद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने सफ के पीछे एक आदमी को अकेले नमाज़ पढ़ते हुए देखा तो आप ﷺ ने इसे नमाज़ लौटाने का हुक्म फ़रमाया| अहमद तिरमिज़ी, अबू दावुद, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه احمد (4 / 228 ح 18170) و الترمذی (230) و ابوداؤد (682) [و صححه ابن خزیمة (1569) و ابن حبان (401 ، 403)]

नमाज़ में खड़े होने की जगह का बयान • بَاب الْموقف

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

١١٠٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: بِتُّ فِي بَيت خَالَتِي مَيْمُونَةَ فَقَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي فَقُمْتُ عَنْ يَسَارِهِ فَأَخَذَ بِيَدِي مِنْ وَرَاءِ ظَهْرِهِ فَعَدَلَنِي كَذَلِكَ مِنْ وَرَاءِ ظَهره إِلَى الشق الْأَيمن

1106. अब्दुल्लाह बिन अब्बास रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अपनी खाला मैमुना रदियल्लाहु अन्हा के घर रात बसर की रसूलुल्लाह ﷺ खड़े हो कर नमाज़ पढ़ने लगे तो मैं भी उन के बाएँ जानिब खड़ा हो गया, तो आप ﷺ ने अपने पुश्त के पीछे से मुझे बाज़ू से पकड़ कर इसी तरह अपने पुश्त के पीछे से मुझे अपने दाएँ जानिब खड़ा कर लिया| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواہ البخاری (699) و مسلم (181 / 763)، (1788)

١١٠٧ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِيُصَلِّيَ فَجِئْتُ حَتَّى قُمْتُ عَنْ يَسَارِهِ فَأَخَذَ بِيَدِي فَأَدَارَنِي حَتَّى أَقَامَنِي عَن يَمِينه ثُمَّ جَاءَ جَبَّارُ بْنُ صَخْرٍ فَقَامَ عَنْ يَسَارِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخَذَ بيدينا جَمِيعًا فدفعنا حَتَّى أَقَمْنَا خَلفه. رَوَاهُ مُسلم

1107. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ खड़े नमाज़ पढ़ रहे थे, मैं आया तो आप ﷺ के बाएँ तरफ खड़ा हो गया, आप ने मेरा हाथ पकड़ कर मुझे फेर कर अपने दाएँ जानिब खड़ा कर लिया, फिर जब्बार बिन सखर आए तो वह भी रसूलुल्लाह ﷺ की बाएँ जानिब खड़े हो गए, आप ﷺ ने हमें हमारे हाथो से पकड़ कर पीछे हटाया हत्ता कि आप ने हमें अपने पीछे खड़ा कर दिया| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (3010)، (7516)

١١٠٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: صَلَّيْتُ أَنَا وَيَتِيمٌ فِي بَيْتِنَا خَلْفَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأم سليم خلفنا. رَوَاهُ مُسلم

1108. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं और एक यतीम ने हमारे घर में नबी ﷺ के पीछे नमाज़ पढ़ी और उम्मे सुलैम रदियल्लाहु अन्हा उम्म अनस रदियल्लाहु अन्हु ने हमारे पीछे| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (لم اجدہ) * و رواہ البخاری (727 ، 380) و مسلم (266 / 658)، (1499) من طریق آخر مطولاً

١١٠٩ - (صَحِيح) وَعَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَّى بِهِ وَبِأُمِّهِ أَوْ خَالَتِهِ قَالَ: فَأَقَامَنِي عَنْ يَمِينِهِ وَأَقَامَ الْمَرْأَةَ خَلْفَنَا. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

1109. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने मुझे और मेरी वालिदा या मेरी खाला को नमाज़ पढ़ाई, वह बयान करते हैं, आप ﷺ ने मुझे अपने दाएँ जानिब और औरत को अपने पीछे खड़ा किया| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (269 / 660)، (1502)

١١١٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي بَكْرَةَ أَنَّهُ انْتَهَى إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ رَاكِعٌ فَرَكَعَ قَبْلَ أَنْ يَصِلَ إِلَى الصَّفِّ ثُمَّ مَشَى إِلَى الصَّفِّ. فَذَكَرَ ذَلِكَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «زَادَكَ اللَّهُ حِرْصًا وَلَا تعد» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1110. अबू बकरह रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह नबी ﷺ तक पहुंचे तो आप रुकू फरमा रहे थे, उन्होंने सफ तक पहुँचने से पहले ही रुकू कर लिया, फिर चल कर सफ तक पहुँच गए, नबी ﷺ से इस का ज़िक्र किया, यह तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह तुम्हारी हरस में इज़ाफा फरमाए आइन्दा ऐसे न करना"| (बुखारी)

رواہ البخاری (783)

بَاب الْموقف • नमाज़ में खड़े होने की जगह का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

١١١١ - (ضَعِيف) عَن سَمُرَة بن جُنْدُب قَالَ: أَمَرَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذا كُنَّا ثَلَاثَةً أَنْ يَتَقَدَّمَنَا أَحَدُنَا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1111. समुरह बिन जुन्दुब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें हुक्म फ़रमाया की जब हम तीन हो तो हम में से एक हमारी इमामत कराए| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ الترمذی (233 وقال : غریب) * اسماعیل بن مسلم ضعیف

١١١٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَمَّارِ بْنِ يَاسِرٍ: أَنَّهُ أَمَّ النَّاس بِالْمَدَائِنِ وَقَامَ عَلَى دُكَّانٍ يُصَلِّي وَالنَّاسُ أَسْفَلَ مِنْهُ فَتَقَدَّمَ حُذَيْفَةُ فَأَخَذَ عَلَى يَدَيْهِ فَاتَّبَعَهُ عَمَّارٌ حَتَّى أَنْزَلَهُ حُذَيْفَةُ فَلَمَّا فَرَغَ عَمَّارٌ مِنْ صَلَاتِهِ قَالَ لَهُ حُذَيْفَةُ: أَلَمْ تَسْمَعْ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِذَا أَمَّ الرَّجُلُ الْقَوْمَ فَلَا يَقُمْ فِي مَقَامٍ أَرْفَعَ مِنْ مَقَامِهِمْ أَوْ نَحْوَ ذَلِكَ؟» فَقَالَ عَمَّارٌ: لِذَلِكَ اتَّبَعْتُكَ حِينَ أَخَذْتَ عَلَى يَدي. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1112. अम्मार रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने मदाइन में लोगों को इमामत कराइ तो वह चबूतरे पर खड़े हुए, जबकि लोग उन से नीचे खड़े थे, हुज़ैफ़ा रदियल्लाहु अन्हु ने आगे बढ़कर उन्हें हाथो से पकड़ लिया तो अम्मार रदियल्लाहु अन्हु उन के पीछे पीछे चलते गए, हत्ता कि हुज़ैफ़ा रदियल्लाहु अन्हु ने उन्हें नीचे उतार

दिया, जब अम्मार रदियल्लाहु अन्हु नमाज़ से फारिग़ हुए तो हुज़ैफ़ा रदियल्लाहु अन्हु ने उन्हें फ़रमाया, क्या आप ने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए नहीं सुना ?" जब आदमी लोगों की इमामत कराए तो वह उन से बुलंद जगह पर खड़ा न हो या आप ने इस तरह की बात फरमाई तो अम्मार रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: इसीलिए तो मैं आप के पकड़ने पर आप के पीछे चल दिया था| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (598) * فيه رجل : مجهول ، و ابو خالد : مثله

١١١٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ السَّاعِدِيِّ أَنَّهُ سُئِلَ: مِنْ أَيِّ شَيْءٍ الْمِنْبَرُ؟ فَقَالَ: هُوَ مِنْ أَثْلِ الْغَابَةِ عَمِلَهُ فُلَانٌ مَوْلَى فُلَانَةَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَامَ عَلَيْهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حِينَ عُمِلَ وَوُضِعَ فَاسْتَقْبَلَ الْقِبْلَةَ وَكَبَّرَ وَقَامَ النَّاسُ خَلْفَهُ فَقَرَأَ وَرَكَعَ وَرَكَعَ النَّاسُ خَلْفَهُ ثُمَّ رَفَعَ رَأْسَهُ ثُمَّ رَجَعَ الْقَهْقَرَى فَسَجَدَ عَلَى الْأَرْضِ ثُمَّ عَادَ إِلَى الْمِنْبَرِ ثُمَّ قَرَأَ ثُمَّ رَكَعَ ثُمَّ رَفَعَ رَأْسَهُ ثُمَّ رَجَعَ الْقَهْقَرِي ص:٣٤ حَتَّى سجد بِالْأَرْضِ. هَذَا لفظ الْبُخَارِيّ وَفِي الْمُتَّفَقِ عَلَيْهِ نَحْوُهُ وَقَالَ فِي آخِرِهِ: فَلَمَّا فَرَغَ أَقْبَلَ عَلَى النَّاسِ فَقَالَ: «أَيُّهَا النَّاسُ إِنَّمَا صَنَعْتُ هَذَا لِتَأْتَمُّوا بِي وَلِتَعْلَمُوا صَلَاتِي»

1113. सहल बिन साद साअदि रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन से दरियाफ्त किया गया के मिम्बर किस चीज़ से बनाया गया था तो उन्होंने ने फ़रमाया: घाबा की लकड़ी का बना हुआ था और फलां औरत आइशा रदियल्लाहु अन्हु की आज़ाद करदा गुलाम ने इसे रसूलुल्लाह ﷺ के लिए बनाया था, जब इसे बना कर रख दिया गया तो, रसूलुल्लाह ﷺ ने उस पर किबले रुख खड़े हो कर (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहा और लोग आप के पीछे खड़े हो गए, आप ने किराअत की रुकू किया और लोगों ने भी आप के पीछे रुकू किया, फिर आप ने सर उठाया फिर उल्टे पाँव वापस आए और ज़मीन पर सजदाह किया, फिर मिम्बर पर तशरीफ़ लाए फिर किराअत की फिर रुकू किया फिर सर उठाया फिर उल्टे पाँव वापस आए, हत्ता कि ज़मीन पर सजदाह किया| यह सहीह बुखारी के अल्फ़ाज़ हैं जबकि सहीह बुखारी और सहीह मुस्लिम की रिवायत में भी इसी तरह है और इस रिवायत के आख़िर में है जब आप ﷺ फारिग़ हुए तो लोगों की तरफ मुतवज्जे हो कर फ़रमाया: "लोगो! मैंने यह इसलिए किया है ताकि तुम मेरी इक्तेदा करो और तुम मेरी नमाज़ सिख लो"| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (917) و مسلم (544)، (1216)

١١١٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رِضَى اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: صَلَّى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حُجْرَتِهِ وَالنَّاسُ يَأْتَمُّونَ بِهِ مِنْ وَرَاءِ الْحُجْرَةِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1114. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हुजरे में नमाज़ पढ़ी जबकि लोग हुजरे के बाहर से आप की इक्तेदा कर रहे थे | (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (1126) [و البيهقى (3 / 110) و رواه البخارى (729) و مسلم (761)، (1783) به مطولاً]

بَاب الْموقف • नमाज़ में खड़े होने की जगह का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

١١١٥ - (ضَعِيف) عَنْ أَبِي مَالِكٍ الْأَشْعَرِيِّ قَالَ: أَلَا أُحَدِّثُكُمْ بِصَلَاةِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: أَقَامَ الصَّلَاةَ وَصَفَّ الرِّجَالَ وَصَفَّ خَلْفَهُمُ الْغِلْمَانَ ثُمَّ صَلَّى بِهِمْ فَذَكَرَ صَلَاتَهُ ثُمَّ قَالَ: «هَكَذَا صَلَاة» قَالَ عبد العلى: لَا أَحْسَبُهُ إِلَّا قَالَ: أُمَّتِي ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1115. अबू मालिक अशअरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, क्या मैं तुम है रसूलुल्लाह ﷺ की नमाज़ के मुतल्लिक बताऊँ? आप ने नमाज़ के लिए इकामत कही और मर्दों ने सफ बनाई और उन के पीछे बच्चो ने सफ बनाई, फिर आप ने उन्हें नमाज़ पढ़ाई और आप ﷺ की नमाज़ का तज़किरह करते हुए फ़रमाया इस तरह नमाज़ है, अब्दुल अअला ने कहा: मेरा ख्याल है के आप ने फ़रमाया: “मेरी उम्मत की नमाज़ इस तरह है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (677) [و حسنه ابن الملقن فی تحفة المحتاج (548)]

١١١٦ - (صَحِيح) وَعَنْ قَيْسِ بْنِ عُبَادٍ قَالَ: بَيْنَا أَنَا فِي الْمَسْجِدِ فِي الصَّفِّ الْمُقَدَّمِ فَجَبَذَنِي رَجُلٌ مِنْ خَلْفِي جَبْذَةً فَنَحَّانِي وَقَامَ مَقَامِي فَوَاللَّهِ مَا عَقَلْتُ صَلَاتِي. فَلَمَّا انْصَرَفَ إِذَا هُوَ أُبَيُّ بْنُ كَعْبٍ فَقَالَ: يَا فَتَى لَا يَسُوءُكَ اللَّهُ إِنَّ هَذَا عُهِدَ مِنَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَيْنَا أَنْ نَلِيَهُ ثُمَّ اسْتَقْبَلَ الْقِبْلَةَ فَقَالَ: هَلَكَ أَهْلُ الْعُقَدِ وَرَبِّ الْكَعْبَةِ ثَلَاثًا ثُمَّ قَالَ: وَاللَّهِ مَا عَلَيْهِمْ آسَى وَلَكِنْ آسَى عَلَى مَنْ أَضَلُّوا. قُلْتُ يَا أَبَا يَعْقُوبَ مَا تَعْنِي بِأَهْلِ العقد؟ قَالَ: الْأُمَرَاء. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

1116. कैस बिन उब्बाद बयान करते हैं, इसी असना में की मैं मस्जिद में पहली सफ मैं था के किसी आदमी ने मुझे ज़ोर से पीछे खिचां, वह मुझे वहां से हटा कर खुद वहां खड़ा हो गया अल्लाह की क़सम! मुझे अपने नमाज़ के बारे में कुछ याद न रहा, जब नमाज़ से फारिग़ हुए तो वह उबई बिन काब रदियल्लाहु अन्हु थे उन्होंने ने फ़रमाया: नोजवान अल्लाह तुम्हें किसी तकलीफ से दो चार न करे, बेशक यह नबी ﷺ की तरफ से हमारे लिए हुक्म है के हम इमाम के पास खड़े हो, फिर उन्होंने किबले रुख खड़े हो कर फ़रमाया: “अहल ए अकद” हलाक हो गए रब्बे काबा की क़सम मुझे इन पर कोई अफ़सोस नहीं, लेकिन मुझे अफ़सोस तो उन पर है जिन्होंने गुमराह किया मैंने कहा: अबू याकूब “ अहल ए अकद” से कौन मुराद है उन्होंने ने फ़रमाया: हुक्मरान| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه النسائی (2 / 88 ح 809) [و صححه ابن خزيمة (1573) و ابن حبان (398) وله طريق آخر عند الحاكم (4 / 527) و صححه و وافقه الذهبی]

इमामत का बयान	بَاب الْإِمَامَة •
पहली फस्ल	الْفَصْل الأول •

١١١٧ - (صَحِيح) عَن أَبِي مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَؤُمُّ الْقَوْمَ أَقْرَؤُهُمْ لِكِتَابِ اللَّهِ فَإِنْ كَانُوا فِي الْقِرَاءَةِ سَوَاءً فَأَعْلَمُهُمْ بِالسُّنَّةِ فَإِنْ كَانُوا فِي السُّنَّةِ سَوَاءً فَأَقْدَمُهُمْ هِجْرَةً فَإِنْ كَانُوا فِي الْهِجْرَةِ سَوَاءً فَأَقْدَمُهُمْ سِنًّا وَلَا يَؤُمَّنَّ الرَّجُلُ الرَّجُلَ فِي سُلْطَانِهِ وَلَا يَقْعُدْ فِي بَيْتِهِ عَلَى تَكْرِمَتِهِ إِلَّا بِإِذْنِهِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ. وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ: «وَلَا يَؤُمَّنَّ الرجل الرجل فِي أَهله»

1117. अबू मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “लोगो की इमामत वह शख़्स कराए जो उनमें से किताबुल्लाह को ज़्यादा पढ़ने जानने समझने वाला हो, पस अगर वह किराअत में सब बराबर हो तो फिर उनमें से जो सुन्नत को ज़्यादा जानने वाला हो, अगर वह सुन्नत में बराबर हो तो फिर उनमें से जिस ने हिजरत पहले की हो और अगर वह हिजरत करने में बराबर हो तो फिर उनमें से जो उमर में बड़ा हो, और कोई शख़्स किसी की जगह (बिला इजाज़त) इमामत कराए न बिला इजाज़त उस के घर में उसकी इज्ज़त की जगह बेठे”, मुस्लिम, और मुस्लिम ही की रिवायत में है: “कोई आदमी किसी आदमी की उस के घर में इमामत न कराए”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (290 / 673)، (1532)

١١١٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا كَانُوا ثَلَاثَةً فليؤمهم أحدهم وأحقهم بِالْإِمَامِ أَقْرَؤُهُمْ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَذَكَرَ حَدِيثَ مَالِكِ بْنِ الْحُوَيْرِثِ فِي بَابٍ بَعْدَ بَابِ «فَضْلِ الْأَذَانِ»

1118. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तीन लोग हो तो उनमें से एक उनकी इमामत कराए और उनमें से जो ज़्यादा कुरान पढ़ने वाला है के इमामत का ज़्यादा हक़दार है”| मुस्लिम, और मालिक बिन हुवैरिस रदियल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस बाब फ़ज़ल अल आज़ान के बाद वाले बाब में बयान हो चुकी है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (289 / 672)، (1529) 0 حديث مالک بن الحويرث تقدم (683)

इमामत का बयान • بَاب الْإِمَامَة

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

١١١٩ - (ضَعِيف) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لِيُؤَذِّنْ لَكُمْ خِيَارُكُمْ وليؤمكم قراؤكم» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1119. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से बेहतर शख़्स आज़ान कहे और तुम में से बेहतर कारी तुम्हें नमाज़ पढ़ाए”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (590) * حسين بن عيسى الحنفى : ضعيف ، ضعفه الجمهور

١١٢٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي عَطِيَّةَ الْعُقَيْلِيِّ قَالَ: كَانَ مَالِكُ بن الْحُوَيْرِث يَأْتِينَا إِلَى مُصَلَّانَا يَتَحَدَّثُ فَحَضَرَتِ الصَّلَاةُ يَوْمًا قَالَ أَبُو عَطِيَّةَ: فَقُلْنَا لَهُ: تَقَدَّمَ فَصَلِّهْ. قَالَ لَنَا قَدِّمُوا رَجُلًا مِنْكُمْ يُصَلِّي بِكُمْ وَسَأُحَدِّثُكُمْ لِمَ لَا أُصَلِّي بِكُمْ؟ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ زار قوما فَلَا يؤمهم وليؤمهم رجل مِنْهُم» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ إِلَّا أَنَّهُ اقْتَصَرَ عَلَى لَفْظِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم

1120. अबू अतिय्या उकय्ली बयान करते हैं, मालिक बिन हुवैरिस रदियल्लाहु अन्हु हमारी नमाज़ की जगह पर हमारे पास तशरीफ़ लाया करते और बाते किया करते थे, एक रोज़ नमाज़ का वक़्त हो गया अबू अतिय्या ने कहा: हमने उन से दरख्वास्त की के वह आगे बढ़े और नमाज़ पढ़ाए उन्होंने हमें फ़रमाया अपने किसी आदमी को आगे करो वह तुम्हें नमाज़ पढ़ाएगा: “मैं अनकरीब तुम्हें बताऊंगा की मैं तुम्हें नमाज़ क्यों नहीं पढ़ाता, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स किसी कौम के पास जाए तो वह उनकी इमामत न कराए बल्कि उन्हीं में से कोई शख़्स उनकी इमामत कराए”| अबू दावुद, तिरमिज़ी, नसई, अलबत्ता उन्होंने नबी ﷺ के अल्फाज़ तक इकट्ठा किया है| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (596) و الترمذى (356 وقال : حسن صحيح) و النسائى (2 / 80 ح 788)

١١٢١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: اسْتَخْلَفَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ابْنَ أُمِّ مَكْتُومٍ يَؤُمُّ النَّاس وَهُوَ أعمى. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1121. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने इब्ने मक्तूम रदियल्लाहु अन्हु को खलीफा मुकर्रर फ़रमाया वह लोगों की इमामत कराते थे, हालाँकि वह नाबीना थे| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (595) [وله شواهد عند ابن حبان (370) وغيره]

١١٢٢ - (حسن) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " ثَلَاثَةٌ لَا تُجَاوِزُ صَلَاتُهُمْ آذَانَهُمْ: الْعَبْدُ الْآبِقُ حَتَّى يَرْجِعَ وَامْرَأَةٌ بَاتَتْ وَزَوْجُهَا عَلَيْهَا سَاخِطٌ وَإِمَامُ قَوْمٍ وَهُمْ لَهُ كَارِهُونَ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

1122. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन किस्म के लोगों की नमाज़ उन के कानों से आगे नहीं जाती, मफरुर गुलाम हत्ता कि वह वापस जाए, वह औरत जो इस हाल में रात बसर करे के उस का खाविंद उस पर नाराज़ हो और लोगों का इमाम जबकि वह इसे ना पसंद करते हो”| तिरमिज़ी और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (360)

١١٢٣ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " ثَلَاثَةٌ لَا تُقْبَلُ مِنْهُمْ صَلَاتُهُمْ: مَنْ تَقَدَّمَ قَوْمًا وَهُمْ لَهُ كَارِهُونَ وَرَجُلٌ أَتَى الصَّلَاةَ دِبَارًا وَالدِّبَارُ: أَنْ يَأْتِيَهَا بَعْدَ أَنْ تَفُوتَهُ وَرَجُلٌ اعْتَبَدَ مُحَرَّرَةً ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

1123. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन किस्म के लोगों की नमाज़ कबूल नहीं होती वह इमाम जिसे मुक्तदी ना पसंद करते हो, एक वह शख़्स जो नमाज़ का वक़्त गुज़र जाने के बाद नमाज़ पढ़ता है, और एक वह आदमी जो किसी आज़ाद शख़्स को गुलाम बना ले”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (593) و ابن ماجه (970) * عبد الرحمن بن زياد الافريقى ضعيف (تقدم : 239) و عمران المعافرى : ضعيف

١١٢٤ - (ضَعِيف) وَعَن سَلامَة بنت الْحر قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ مِنْ أَشْرَاطِ السَّاعَةِ أَنْ يَتَدَافَعَ أَهْلُ الْمَسْجِدِ لَا يَجِدُونَ إِمَامًا يُصَلِّي بِهِمْ» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

1124. सुलामाह बिन्ते हुर्र रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कियामत की एक निशानिया यह भी है के मस्जिद वाले नमाज़ पढ़ाने से जान छुडाएंगे वह नमाज़ पढ़ाने के लिए कोई इमाम नहीं पाएँगे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (581) و ابن ماجه (982) * ام غراب و عقيلة لا يغرف يعرف حالهما

١١٢٥ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «الْجِهَادُ وَاجِبٌ عَلَيْكُمْ مَعَ كُلِّ أَمِيرٍ بَرًّا كَانَ أَوْ فَاجِرًا وَإِنْ عَمِلَ الْكَبَائِرَ. وَالصَّلَاةُ وَاجِبَةٌ عَلَيْكُمْ خَلْفَ كُلِّ مُسْلِمٍ بَرًّا كَانَ أَوْ فَاجِرًا وَإِنْ عَمِلَ الْكَبَائِرَ. وَالصَّلَاةُ وَاجِبَةٌ عَلَى كُلِّ مُسْلِمٍ بَرًّا كَانَ أَوْ فَاجِرًا وَإِنْ عَمِلَ الْكَبَائِرَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1125. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर अमीर की साथ में जिहाद करना तुम पर फ़र्ज़ है, ख्वाह वह नेक हो या फ़ाजिर अगरचे वह कबिराह गुनाहों का मुर्तकिब हो और हर मुसलमान के पीछे नमाज़ पढ़ना तुम पर वाजिब है ख्वाँ वह नेक हो या फ़ाजिर अगरचे वह कबिराह गुनाहों का

मुर्तकिब हो और हर मुसलमान पर नमाज़ पढ़ना वाजिब है ख्वाँ वह नेक हो या फ़ाजिर अगरचे वह कबिराह गुनाहों का मुर्तकिब हो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (594 ، 2533) * مكحول التابعى لم يدرک اباهريرة رضى الله عنه فالسند منقطع

بَاب مَا على الإمَام • इमामत का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

١١٢٦ - (صَحِيح) عَن عَمْرو بن سَلمَة قَالَ: كُنَّا بِمَاء ممر النَّاس وَكَانَ يَمُرُّ بِنَا الرُّكْبَانُ نَسْأَلُهُمْ مَا لِلنَّاسِ مَا لِلنَّاسِ؟ مَا هَذَا الرَّجُلُ فَيَقُولُونَ يَزْعُمُ أَنَّ الله أرْسلهُ أوحى إِلَيْهِ أَو أوحى الله كَذَا. فَكُنْتُ أَحْفَظُ ذَلِكَ الْكَلَامَ فَكَأَنَّمَا يُغْرَى فِي صَدْرِي وَكَانَتِ الْعَرَبُ تَلَوَّمُ بِإِسْلَامِهِمُ الْفَتْحَ فَيَقُولُونَ اتْرُكُوهُ وَقَوْمَهُ فَإِنَّهُ إِنْ ظَهَرَ عَلَيْهِمْ فَهُوَ نَبِيٌّ صَادِقٌ فَلَمَّا كَانَتْ وَقْعَةُ الْفَتْحِ بَادَرَ كُلُّ قَوْمٍ بِإِسْلَامِهِمْ وَبَدَرَ أَبِي قَوْمِي بِإِسْلَامِهِمْ فَلَمَّا قَدِمَ قَالَ جِئْتُكُمْ وَاللَّهِ مِنْ عِنْدِ النَّبِيِّ حَقًّا فَقَالَ: «صَلُّوا صَلَاةَ كَذَا فِي حِين كَذَا وصلوا صَلَاة كَذَا فِي حِينِ كَذَا فَإِذَا حَضَرَتِ الصَّلَاةُ فليؤذن أحدكُم وليؤمكم أَكْثَرُكُمْ قُرْآنًا» فَنَظَرُوا فَلَمْ يَكُنْ أَحَدٌ أَكْثَرَ قُرْآنًا مِنِّي لَمَّا كُنْتُ أَتَلَقَّى مِنَ الرُّكْبَانِ فَقَدَّمُونِي بَيْنَ أَيْدِيهِمْ وَأَنَا ابْنُ سِتٍّ أَوْ سَبْعِ سِنِينَ وَكَانَتْ عَلَيَّ بُرْدَةٌ كُنْتُ إِذَا سَجَدْتُ تَقَلَّصَتْ عَنِّي فَقَالَتِ امْرَأَةٌ مِنَ الْحَيِّ ص:٣٥ أَلَا تُغَطُّونَ عَنَّا اسْتَ قَارِئِكُمْ فَاشْتَرَوْا فَقَطَعُوا لِي قَمِيصًا فَمَا فَرِحْتُ بِشَيْءٍ فَرَحِي بِذَلِكَ الْقَمِيص. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1126. अमर बिन सलमा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम एक चश्मे पर रिहाइश पज़ीर थे जो लोगों के लिए आम गुज़र गाह था काफले हमारे पास से गुज़रते तो हम उन से पूछते रहते के अब लोगों का क्या हाल है और इस शख़्स की क्या कैफियत है? तो वह कहते इस शख़्स का ख्याल है के अल्लाह ने इसे रसूल बना कर भेजा है? उसकी तरफ यह यह वही की गई है में उन से यह बाते याद कर लेता गोया वह मेरा दिल में घर कर गई है और अरब इस्लाम कबूल करने के बारे में फतह मक्का के मुन्तज़र थे वह कहते थे इसे और उसकी कौम को इस के हाल पर छोड़ दो अगर वह इन पर ग़ालिब गया तो वह सच्चा नबी है, जब मक्का फतह हुआ तो हर कौम ने इस्लाम कबूल करने में जल्दी की और मेरे वालिद ने भी इस्लाम कबूल करने में अपने कौम से जल्दी की जब वह वापस पहुंचे तो उन्होंने ने फ़रमाया: अल्लाह की क़सम! मैं सच्चे नबी के पास से तुम्हारे पास आया हो उन्होंने ने फ़रमाया: “ये नमाज़ इस वक़्त पढो और यह नमाज़ इस वक़्त पढो तुम में से कोई एक शख़्स आज़ान कह दे और तुम में से ज़्यादा कुरान पढ़ने वाला तुम्हारी इमामत कराए”, उन्होंने जाइज़ा लिया तो मुझ से ज़्यादा कुरान जानने वाला कोई नहीं था क्योंकि मैं काफलो से सुन कर कुरान का इल्म हासिल कर चूका था उन्होंने मुझे अपना इमाम बना लिया में इस वक़्त छह या सात बरस का था मेरे ऊपर एक चादर ही थी जब में सजदाह करता तो वह सुकड़ जाती (और मेरा सतर खुल जाता यह देख कर) कबिले की एक औरत ने कहा: तुम अपने इमाम का सुरिन हम से क्यों नहीं छुपाते हो उन्होंने (कपड़ा) खरीदा और मेरे लिए कमीज़ बनाई, मैं जितना इस कमीज़ से खुश हुआ इतना किसी और चीज़ से खुश नहीं हुवा| (बुखारी)

رواه البخاری (4302)

١١٢٧ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: لَمَّا قَدِمَ الْمُهَاجِرُونَ الْأَوَّلُونَ الْمَدِينَةَ كَانَ يَؤُمُّهُمْ سَالِمٌ مَوْلَى أَبِي حُذَيْفَةَ وَفِيهِمْ عُمَرُ وَأَبُو سَلَمَةَ بْنُ عَبْدِ الْأَسد. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1127. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब अव्वल मुहाजरिन मदीना तशरीफ़ लाए तो अबू हुज़ैफ़ा रदियल्लाहु अन्हु के आज़ाद करदा गुलाम सालिम उनकी इमामत कराया करते थे, जबकि उमर रदियल्लाहु अन्हु और अबू सलमा बिन अब्दुल असद रदियल्लाहु अन्हु उनमें मौजूद थे| (बुखारी)

رواه البخارى (692)

١١٢٨ - (حسن) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " ثَلَاثَةٌ لَا تُرْفَعُ لَهُم صلَاتهم فَوق رؤوسهم شِبْرًا: رَجُلٌ أَمَّ قَوْمًا وَهُمْ لَهُ كَارِهُونَ وَامْرَأَةٌ بَاتَتْ وَزَوْجُهَا عَلَيْهَا سَاخِطٌ وَأَخَوَانِ مُتَصَارِمَانِ ". رَوَاهُ ابْن مَاجَه

1128. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन किस्म के लोग हैं, जिन की नमाज़े उन के सर से एक बालिश्त भी ऊपर नहीं जाती, वह इमाम जिसके मुक्तदी उस से नाराज़ हो वह औरत जो इस हाल में रात बसर करे के उस का खाविंद उस से नाराज़ हो और बाहम कतअ ताल्लुक कर लेने वाले दो भाई”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابن ماجه (971) [و لبعض الحديث شاهد تقدم : 1122] * عبيدة بن الاسود مدلس و عنعن

इमाम की ज़िम्मेदारी का बयान • بَاب مَا على الإِمَام

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

١١٢٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَنَسٍ قَالَ: مَا صَلَّيْتُ وَرَاءَ إِمَامٍ قَطُّ أَخَفَّ صَلَاةً وَلَا أَتَمَّ صَلَاةً مِنَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَإِنْ كَانَ لَيَسْمَعُ بُكَاءَ الصَّبِيِّ فَيُخَفِّفُ مَخَافَةَ أَنْ تُفْتَنَ أمه

1129. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ कि सी बहोत हल्की और बहोत कामिल(सर्वोत्तम) नमाज़ किसी इमाम के पीछे नहीं पढ़ी जब आप किसी बच्चे के रोने की आवाज़ सुनते तो इस अंदेशे के पेशे नज़र के उसकी वालिद किसी आज़माइश से दो चार हो जाएगी नमाज़ हल्की कर दिया करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (708) و مسلم (190 / 469)، (1054)

١١٣٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي قَتَادَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنِّي لَأَدْخُلُ فِي الصَّلَاةِ وَأَنَا أُرِيدُ إِطَالَتَهَا فَأَسْمَعُ بُكَاءَ الصَّبِيِّ فَأَتَجَوَّزُ فِي صَلَاتِي مِمَّا أَعْلَمُ مِنْ شِدَّةِ وجد أمه من بكائه» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1130. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं लम्बी नमाज़ पढ़ने के इरादे से नमाज़ शुरू करता हूँ, लेकिन फिर मैं बच्चे के रोने की आवाज़ सुनता हूँ तो अपने नमाज़ में तखफिफ कर देता हूँ इसलिए की मैं जानता हूँ कि उस के रोने की वजह से उसकी वालिद ग़मगीन होती है”| (बुखारी)

رواه البخاری (707)

١١٣١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِذا صلى أحدكُم النَّاس فَلْيُخَفِّفْ فَإِنَّ فِيهِمُ السَّقِيمَ وَالضَّعِيفَ وَالْكَبِيرَ. وَإِذَا صَلَّى أَحَدُكُمْ لِنَفْسِهِ فَلْيُطَوِّلْ مَا شَاءَ»

1131. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई लोगों को नमाज़ पढ़ाए तो वह तखफिफ करे, क्योंकि उनमें बीमार जईफ और बूढ़े होते हैं और जब तुम में से कोई शख़्स अकेला नमाज़ पढ़े तो फिर जिस क़दर चाहे लम्बी पढ़े”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (703) و مسلم (183 / 467)، (1046)

١١٣٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ قَيْسِ بْنِ أَبِي حَازِمٍ قَالَ: أَخْبَرَنِي أَبُو مَسْعُودٍ أَنَّ رَجُلًا قَالَ: وَاللَّهِ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي لَأَتَأَخَّرُ عَنْ صَلَاةِ الْغَدَاةِ مِنْ أَجْلِ فُلَانٍ مِمَّا يُطِيلُ بِنَا فَمَا رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي مَوْعِظَةٍ أَشَدَّ غَضَبًا مِنْهُ يَوْمَئِذٍ ثُمَّ قَالَ: " إِنَّ مِنْكُمْ مُنَفِّرِينَ فَأَيُّكُمْ مَا صَلَّى بِالنَّاسِ فَلْيَتَجَوَّزْ: فَإِنَّ فِيهِمُ الضَّعِيفَ وَالْكَبِيرِ وَذَا الْحَاجة "

1132. कैस बिन अबी हाज़िम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अबू मसउद रदियल्लाहु अन्हु ने मुझे बताया की एक आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! ﷺ अल्लाह की क़सम! मैं फलां शख़्स की वजह से नमाज़ ए फजर देर से पढ़ता हूँ, क्योंकि वह हमें बहोत लम्बी नमाज़ पढ़ाता है, चुनांचे मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को वाज़ नसीहत करते वक़्त इस दिन से ज़्यादा नाराज़ कभी नहीं देखा, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक तुम में कुछ नफरत दिलाने वाले भी है, पस तुम में से जो शख़्स लोगों को नमाज़ पढ़ाए तो वह इख्तिसार से काम ले क्योंकि उनमें जईफ बूढ़े और हाजत मंद भी होते हैं”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (702) و مسلم (182 / 466)، (1044)

١١٣٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يُصَلُّونَ لَكُمْ فَإِنْ أَصَابُوا فَلَكُمْ وَإِنْ أَخْطَئُوا فَلَكُمْ وَعَلَيْهِمْ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ»»

1133. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “वो (इमाम) तुम्हें नमाज़ पढ़ाएंगे

चुनांचे अगर उन्होंने दुरुस्त पढ़ाइ तो तुम्हारे लिए अज़र है और अगर उन्होंने गलती की तो तुम्हारे लिए अज़र है और इन पर गुनाह है| (बुखारी)

رواه البخارى (694)

وَهَذَا الْبَابُ خَالٍ عَنِ الْفَصْلِ الثَّانِي
यह बाब दूसरी फस्ल से खाली है

بَاب مَا على الإمَام • इमाम की ज़िम्मेदारी का बयान
الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

١١٣٤ - (صَحِيح) عَنْ عُثْمَانَ بْنِ أَبِي الْعَاصِ قَالَ: آخِرُ مَا عَهِدَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا أَمَمْتَ قَوْمًا فَأَخِفَّ بِهِمُ الصَّلَاةَ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ لَهُ: «أُمَّ قَوْمَكَ» . قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أَجِدُ فِي نَفْسِي شَيْئًا. قَالَ: «ادْنُهْ» . فَأَجْلَسَنِي بَيْنَ يَدَيْهِ ثُمَّ وَضَعَ كَفَّهُ فِي صَدْرِي بَيْنَ ثَدْيَيَّ ثُمَّ قَالَ: «تَحَوَّلْ» . فَوَضَعَهَا فِي ظَهْرِي بَيْنَ كَتِفَيَّ ثُمَّ قَالَ: «أُمَّ قَوْمَكَ فَمَنْ أَمَّ قَوْمًا فَلْيُخَفِّفْ فَإِنَّ فيهم الْكَبِير وَإِن فيهم الْمَرِيض وَإِن فيهم الضَّعِيف وَإِن فهيم ذاالحاجة فَإِذَا صَلَّى أَحَدُكُمْ وَحْدَهُ فَلْيُصَلِّ كَيْفَ شَاءَ»

1134. उस्मान बिन अबिल आस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ की मुझे आखिरी वसीयत यह थी: “जब तुम लोगों की इमामत करो तो उन्हें हलकी नमाज़ पढ़ाओ”, मुस्लिम, इन्ही से मरवी एक रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “अपने कौम की इमामत कराओ”, वह बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैं अपने दिल में कुछ वसवसे पाता हूँ आप ﷺ ने फ़रमाया: “करीब हो जाओ”, आप ने मुझे अपने सामने बैठा लिया, फिर आप ने अपना हाथ मेरी छाती पर रख दिया, फिर फ़रमाया: “पहलु बदलो”, फिर आप ﷺ ने अपना हाथ मेरे कंधो के दरमियान मेरी पुश्त पर रखा, फिर फ़रमाया: “अपने कौम की इमामत कराओ जो शख़्स किसी कौम की इमामत कराए तो वह हलकी नमाज़ पढ़ाए, क्योंकि उनमें बूढ़े होते हैं, उनमें मरीज़ होते हैं, उनमें जईफ होते हैं और उनमें कोई हाजत मंद होते हैं जब तुम में से कोई अकेला नमाज़ पढ़े तो फिर जैसे चाहे पढ़े”| (मुस्लिम)

١٣٠٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن أم هَانِئ قَالَتْ: إِنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَخَلَ بَيْتَهَا يَوْمَ فَتْحِ مَكَّةَ فَاغْتَسَلَ وَصَلَّى ثَمَانِيَ رَكَعَاتٍ فَلَمْ أَرَ صَلَاةً قَطُّ أَخَفَّ مِنْهَا غَيْرَ أَنَّهُ يُتِمُّ الرُّكُوعَ وَالسُّجُودَ. وَقَالَتْ فِي رِوَايَةٍ أُخْرَى: وَذَلِكَ ضحى

1309. उम्म हानी रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, कि नबी ﷺ फतह मक्का के रोज़ उन के घर तशरीफ़ लाए तो आप ने ग़ुस्ल किया और आठ रकते पढ़ी, मैंने उस से हल्की नमाज़ कभी नहीं देखि, अलबत्ता आप ﷺ रुकू व सुजूद मुकम्मल फरमाते थे, और उन्होंने एक दूसरी रिवायत में फ़रमाया और वह नमाज़ चाश्त थी| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (357) و مسلم (71 / 336)، (765)

١٣١٠ - (صَحِيح) وَعَن معَاذَة قَالَتْ: سَأَلْتُ عَائِشَةَ: كَمْ كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي صَلَاةَ الضُّحَى؟ قَالَتْ:

أَرْبَعَ رَكَعَاتٍ وَيَزِيدُ مَا شَاءَ اللَّهُ. رَوَاهُ مُسلم

1310. मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैंने आइशा रदियल्लाहु अन्हा से दरियाफ्त किया रसूलुल्लाह ﷺ चाश्त की कितनी रकते पढ़ा करते थे? उन्होंने ने फ़रमाया: चार रकते और जिस क़दर अल्लाह चाहता पढ़ा देते थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (78 / 719)، (1663)

١٣١١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يُصْبِحُ عَلَى كُلِّ سُلَامَى مِنْ أَحَدِكُمْ صَدَقَةٌ فَكُلُّ تَسْبِيحَةٍ صَدَقَةٌ وَكُلُّ تَحْمِيدَةٍ صَدَقَةٌ وَكُلُّ تَهْلِيلَةٍ صَدَقَةٌ وَكُلُّ تَكْبِيرَةٍ صَدَقَةٌ وَأَمْرٌ بِالْمَعْرُوفِ صَدَقَةٌ وَنَهْيٌ عَنِ الْمُنْكَرِ صَدَقَةٌ وَيُجْزِئُ مِنْ ذَلِكَ رَكْعَتَانِ يَرْكَعُهُمَا من الضُّحَى» . رَوَاهُ مُسلم

1311. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से हर एक पर उस के तमाम जोड़ो का सदका करना ज़रूरी है, हर किस्म की तस्बीह ((سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह) कहना सदका है, हर किस्म की हम्द सदका है, हर मर्तबा لا اله الا الله कहना सदका है, नेकी का हुक्म करना सदका है, बुराई से रोकना सदका है और जो शख़्स चाश्त की दो रकते पढ़ लेता है तो वह उस के लिए काफी हो जाती है”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

رواه مسلم (84 / 720)، (1671)

١٣١٢ - (صَحِيح) وَعَنْ زَيْدِ بْنِ أَرْقَمَ أَنَّهُ رَأَى قَوْمًا يُصَلُّونَ مِنَ الضُّحَى فَقَالَ: لَقَدْ عَلِمُوا أَنَّ الصَّلَاةَ فِي غَيْرِ هَذِهِ السَّاعَةِ أَفْضَلُ إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «صَلَاةُ الْأَوَّابِينَ حِينَ تَرْمَضُ الْفِصَالُ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

1312. ज़ैद बिन अरक़म रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने कुछ लोगों को नमाज़ चाश्त पढ़ते हुए देखा तो उन्होंने ने फ़रमाया: उन्हें इल्म है के इस वक़्त के अलावा नमाज़ चाश्त पढ़ना अफज़ल है, क्योंकि रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नमाज़ अव्वाबिन का वक़्त वह है जब ऊंट के बच्चे के पाँव (शिद्दत हरारत से रेत गरम हो जाने की वजह से) गर्मी महसूस करे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (143 / 748)، (1746)

चाश्त की नमाज़ का बयान • بَاب صَلَاة الضُّحَى

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

١٣١٣ - (صَحِيح) وَعَن أَبِي الدَّرْدَاءِ وَأَبِي ذَرٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " عَنِ اللَّهِ تَبَارَكَ وَتَعَالَى أَنَّهُ قَالَ: يَا ابْن آدم اركع لِي أَرْبَعَ رَكَعَاتٍ مِنْ أَوَّلِ النَّهَارِ: أَكْفِكَ آخِرَهُ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1313. अबू दरदा और अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने अल्लाह तबारक व तआला से रिवायत किया के इस ने फ़रमाया: इब्ने आदम! दिन के अव्वल वक़्त मेरे लिए चार रकते पढ़े तो में तुझे दिन के आखिरी वक़्त तक काफी हो जाऊँगा| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (475 وقال : غریب) ولہ شواھد

١٣١٤ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ عَنْ نُعَيْمِ بْنِ همار الْغَطَفَانِي وَأحمد عَنْهُم

1314. इमाम तिरमिज़ी ने इसे रिवायत किया है जबकि इमाम अबू दावुद और इमाम दारमी ने नुअयम बिन हम्माज़ गत्फानी से रिवायत किया है, और इमाम अहमद ने उन तीनो (सहाबा किराम) से रिवायत किया है| (सहीह)

صحیح ، رواہ ابوداؤد (1289) و الدارمی (1 / 338 ح 1459) و احمد (5 / 286) [و صححہ ابن حبان (634)]

١٣١٥ - (صَحِيح) وَعَن بُرَيْدَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «فِي الْإِنْسَانِ ثَلَاثُمِائَةٍ وَسِتُّونَ مَفْصِلًا فَعَلَيْهِ أَنْ يَتَصَدَّقَ عَنْ كُلِّ مَفْصِلٍ مِنْهُ بِصَدَقَةٍ» قَالُوا: وَمَنْ يُطِيقُ ذَلِكَ يَا نَبِيَّ اللَّهِ؟ قَالَ: «النُّخَاعَةُ فِي الْمَسْجِدِ تَدْفِنُهَا وَالشَّيْءُ تُنَحِّيهِ عَنِ الطَّرِيقِ فَإِنْ لَمْ تَجِدْ فَرَكْعَتَا الضُّحَى تُجْزِئُكَ» . رَوَاهُ ص:٤١ أَبُو دَاوُدَ

1315. बुरैदाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “इंसान में तीनसो साठ जोड़ है और हर जोड़ के बदले सदका करना उस पर लाज़िम है”| सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के नबी! इतनी ताकत कौन रखता है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मस्जिद से बलगम को साफ़ कर देना रास्ता से किसी तकलीफ को दूर कर देना सदका, पस अगर तो न पाए तो चाश्त की दो रकते तेरे लिए काफी है”| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ ابوداؤد (5242) [و صححہ ابن خزیمۃ (1226) و ابن حبان (633 ، 811)]

١٣١٦ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ صَلَّى الضُّحَى ثِنْتَيْ عَشْرَةَ رَكْعَةً بَنَى اللَّهُ لَهُ

قَصْرًا مَنْ ذَهَبٍ فِي الْجَنَّةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ لَا نَعْرِفُهُ إِلَّا مِنْ هَذَا الْوَجْهِ

1316. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स चाश्त की बारह रकते पढ़ता है तो अल्लाह उस के लिए जन्नत में सोने का एक महल तैयार कर देता है"| तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है और हम इसे सिर्फ इसी तरीक से जानते हैं| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (473) و ابن ماجه (1380) * موسى بن فلان بن انس : مجهول الحال و الحديث ضعفه الحافظ ابن حجر فى التلخيص الحبير (2 / 20 ح 536) وله شواهد ضعيفة

١٣١٧ - (ضَعِيف) وَعَن معَاذ بن أنس الْجُهَنِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ قَعَدَ فِي مُصَلَّاهُ حِينَ يَنْصَرِفُ مِنْ صَلَاةِ الصُّبْحِ حَتَّى يُسَبِّحَ رَكْعَتَيِ الضُّحَى لَا يَقُولُ إِلَّا خَيْرًا غُفِرَ لَهُ خَطَايَاهُ وَإِنْ كَانَتْ أَكْثَرَ مِنْ زَبَدِ الْبَحْرِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1317. मुआज़ बिन अनस जुह्नी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स नमाज़ ए फजर पढ़ने के बाद चाश्त की दो रकते पढ़ता है और वह इस दौरान खैर के सिवा कोई बात नहीं करता तो उस के गुनाह ख्वाह समुन्दर की झाग के भी बराबर हो तब भी वह मुआफ़ कर दिए जाते हैं"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1287) * زبان بن فائد : ضعفه الجمهور و للحديث شواهد ضعيفة

بَاب صَلَاة الضُّحَى • चाश्त की नमाज़ का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

١٣١٨ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ حَافَظَ عَلَى شُفْعَةِ الضُّحَى غُفِرَتْ لَهُ ذنُوبه وَإِن كَانَت مثلا زَبَدِ الْبَحْرِ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

1318. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स चाश्त की दो रक्अतो की पाबन्दी करता है तो उस के गुनाह ख्वाह समुन्दर की झाग के बराबर हो तब भी वह मुआफ़ कर दिए जाते हैं"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (2 / 499 ح 10485) و الترمذى (476 وقال : لا نعرفه الا من حديث نهاس بن قهم) و ابن ماجه (1382) * النهاس بن قهم : ضعيف

١٣١٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ أَنَّهَا كَانَتْ تُصَلِّي الضُّحَى ثَمَانِي رَكَعَاتٍ ثُمَّ تَقُولُ: «لَوْ نُشِرَ لِي أَبَوَايَ مَا تركتهَا» . رَوَاهُ مَالك

1319. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के वह चाश्त की आठ रकते पढ़ा करती थी फिर वह फरमाती हैं अगर मेरे वालिदेन भी जिंदा कर दिए जाए तो मैं उन की खातिर इस नमाज़ चाश्त को तर्क नहीं करुँगी| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه مالك (1 / 153 ح 358) * اشار على بن الحسين بن الجنيد بان زيد بن اسلم لم يسمع من عائشة (انظر المراسيل لابن ابى حاتم ص (64)

١٣٢٠ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي ص:٤١ الضُّحَى حَتَّى نَقُولَ: لَا يَدَعُهَا وَيَدَعُهَا حَتَّى نَقُولَ: لَا يُصليهَا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1320. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ चाश्त पढ़ा करते थे, हत्ता कि हम कहते अब आप इसे नहीं छोड़ेंगे और कभी इसे छोड़ देते तो हम कहते अब आप इसे नहीं पढ़ेंगे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (477 وقال : حسن غريب) * فيه عطية العوفى ضعيف مدلس

١٣٢١ - (صَحِيح) وَعَنْ مُوَرِّقٍ الْعِجْلِيِّ قَالَ: قُلْتُ لِابْنِ عُمَرَ: تُصَلِّي الضُّحَى؟ قَالَ: لَا. قُلْتُ: فَعُمَرُ؟ قَالَ: لَا. قُلْتُ: فَأَبُو بَكْرٍ؟ قَالَ: لَا. قُلْتُ: فَالنَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: لَا إخاله. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1321. मुवर्रिक अजलीय रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से दरियाफ्त किया आप नमाज़ चाश्त पढ़ते है? उन्होंने ने फ़रमाया: नहीं, मैंने पूछा उमर रदियल्लाहु अन्हु पढ़ते थे? उन्होंने ने फ़रमाया: नहीं, मैंने पूछा अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु पढ़ते थे उन्होंने ने फ़रमाया: नहीं, मैंने पूछा नबी ﷺ पढ़ते थे? उन्होंने ने फ़रमाया: मेरा ख्याल है नहीं पढ़ते थे| (बुखारी)

رواه البخارى (1175)

نفل نماز का बयान — بَاب التَّطَوُّع

पहली फस्ल — الْفَصْل الأول

١٣٢٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِبِلَالٍ عِنْدَ صَلَاةِ الْفَجْرِ: «يَا بِلَالُ حَدِّثْنِي بِأَرْجَى عمل عملته فِي الْإِسْلَام فَإِنِّي سَمِعت دق نعليك بَين يَدي الْجنَّة» . قَالَ: مَا عَمِلْتُ عَمَلًا أَرْجَى عِنْدِي أَنِّي لم أتطهر طُهُورا مِنْ سَاعَةٍ مِنْ لَيْلٍ وَلَا نَهَارٍ إِلَّا صَلَّيْتُ بِذَلِكَ الطُّهُورِ مَا كُتِبَ لِي أَنْ أُصَلِّيَ

1322. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने नमाज़ ए फजर के वक़्त बिलाल रदियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “बिलाल मुझे इस अमल के बारे में बताओ जो तुमने हालत इस्लाम में किया तो और जिस पर

तुम्हें सवाब की बहोत ज़्यादा उम्मीद हो, क्योंकि मैंने जन्नत में अपने आगे तेरे जूतो की आवाज़ सुनी है”| उन्होंने अर्ज़ किया, मुझे अपने जिस अमल पर सवाब की बहोत ज़्यादा उम्मीद है वह यह है कि मैं रात या दिन में जिस वक़्त भी वुज़ू करता हूँ तो मैं इस वुज़ू के बाद जिस क़दर मुकद्दर हो नफ्ल नमाज़ पढ़ता हूँ| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1149) و مسلم (108 / 2458)، (6324)

١٣٢٣ - (صَحِيحٌ) عَنْ جَابِرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُعَلِّمُنَا الِاسْتِخَارَةَ فِي الْأُمُورِ كَمَا يُعَلِّمُنَا السُّورَةَ مِنَ الْقُرْآنِ يَقُولُ: " إِذَا هَمَّ أَحَدُكُمْ بِالْأَمْرِ فَلْيَرْكَعْ رَكْعَتَيْنِ مِنْ غَيْرِ الْفَرِيضَةِ ثُمَّ لْيَقُلْ: اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْتَخِيرُكَ بِعِلْمِكَ وَأَسْتَقْدِرُكَ بِقُدْرَتِكَ وَأَسْأَلُكَ مِنْ فَضْلِكَ الْعَظِيمِ فَإِنَّك تَقْدِرُ وَلَا أَقدر وَتعلم وَلَا أعلم وَأَنت علام الغيوب اللَّهُمَّ إِنَّ كُنْتَ تَعْلَمُ أَنَّ هَذَا الْأَمْرَ خَيْرٌ لِي فِي دِينِي وَمَعَاشِي وَعَاقِبَةِ أَمْرِي - أوقال فِي عَاجِلِ أَمْرِي وَآجِلِهِ - فَاقْدُرْهُ لِي وَيَسِّرْهُ لِي ثُمَّ بَارِكْ لِي فِيهِ وَإِنْ كُنْتَ تَعْلَمُ أَنَّ هَذَا الْأَمْرَ شَرٌّ لِي فِي دِينِي وَمَعَاشِي وَعَاقِبَةِ أَمْرِي - أَوْ قَالَ فِي عَاجِلِ أَمْرِي وَآجِلِهِ - فَاصْرِفْهُ عَنِّي وَاصْرِفْنِي ص:٤١ عَنْهُ وَاقدُرْ لِيَ الْخَيْرَ حَيْثُ كَانَ ثُمَّ أَرْضِنِي بِهِ ". قَالَ: «ويسمي حَاجته» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

1323. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ मुआमलात के बारे में हमें इस इहतेमाम के साथ इस्तिखारा सिखाते थे, जिस तरह आप हमें कुरान की सूरत सिखाते थे, आप ﷺ फरमाते: “जब तुम में से कोई किसी काम का इरादा करे तो वह फ़र्ज़ नमाज़ के अलावा दो रकते नमाज़ पढ़े, फिर यह दुआ पढ़े, “ए अल्लाह! बेशक में इस काम में तुझ से तेरे इल्म की मदद से खैर मांगता हूँ, और इस के हुसूल के लिए तुझ से तेरी कुदरत के ज़रिए कुदरत मांगता हूँ, और मैं तुझ से तेरा फ़ज़ल अज़ीम मांगता हूँ, बेशक तू हर चीज़ पर कादिर है, और मैं किसी चीज़ पर कादिर नहीं, तू जानता है जबकि में कुछ भी नहीं जानता और तो तमाम पोशीदा चीजों का जानने वाला है, अल्लाह अगर तू जानता है के यह काम मेरे लिए मेरे दीन मेरी जिंदगी और मेरे अंजाम कार या फ़रमाया: “मेरी दुनिया और मेरी आखिरत के लिए बेहतर है तो इसे मेरे लिए मुकद्दर कर आसान कर और फिर उस में मेरे लिए बरकत पैदा फरमा और अगर तेरे इल्म में यह काम मेरे लिए मेरे दीन मेरी जिंदगी और मेरे अंजाम कार या फ़रमाया: “मेरी दुनिया और मेरी आखिरत के लिहाज़ से बुरा है तो इसे मुझ से और मुझे उस से फेरा दे और मेरे लिए खैर व भलाई मुकद्दर फरमा, वह जहाँ कहीं भी हो फिर मुझे उस के साथ राज़ी कर दे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “और वह अपने हाजत का नाम ले| (बुखारी)

رواه البخارى (1162)

नफ्ल नमाज़ का बयान • بَاب التَّطَوُّع

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

١٣٢٤ - (حَسَنٌ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: حَدَّثَنِي أَبُو بَكْرٍ وَصَدَقَ أَبُو بَكْرٍ. قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " مَا مِنْ رَجُلٍ يُذْنِبُ ذَنْبًا ثُمَّ يَقُومُ فَيَتَطَهَّرُ ثُمَّ يُصَلِّي ثُمَّ يَسْتَغْفِرُ اللَّهَ إِلَّا غَفَرَ الله لَهُ ثُمَّ قَرَأَ هَذِه الاية: (وَالَّذِينَ إِذَا فَعَلُوا فَاحِشَةً أَوْ ظَلَمُوا أَنْفُسَهُمْ ذكرُوا الله فاستغفروا لذنوبهم)»» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ إِلَّا أَنَّ ابْنَ مَاجَه لم يذكر الْآيَة

1324. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने मुझे हदीस बयान की और अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने सच फ़रमाया उन्होंने बयान किया, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जब कोई शख़्स किसी गुनाह का इर्तिकाब करता है, फिर वुज़ू कर के नमाज़ पढ़ कर अल्लाह से मगफिरत तलब करता है तो अल्लाह इसे मुआफ़ कर देता है”, फिर आप ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई (والذين اذا فعلوا ،،،، فاستغفروا لذنوبهمبهم) “ और वह लोग जब कोई बुरा काम कर गुज़रते है या अपने जान पर ज़ुल्म कर बैठते है तो अल्लाह को याद करते हैं, फिर उस से अपने गुनाहों की मगफिरत तलब करते हैं”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा अलबत्ता इब्ने माजा ने आयत ज़िक्र नहीं की| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3006 وقال : حسن و 406) و ابن ماجه (1395) [و ابوداؤد (1521) و صححه ابن حبان (2454)]

١٣٢٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ حُذَيْفَةَ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا حَزَبَهُ أَمْرٌ صَلَّى. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1325. हुज़ैफ़ा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ को कोई हम मसअले दरपेश होता तो आप ﷺ फ़ौरन नफ्ल नमाज़ का इह्तेमाम फरमाते| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (1319) * محمد بن عبدالله الدولی : مجهول الحال و لحدیثه شاهد ضعیف

١٣٢٦ - (صَحِيح) وَعَنْ بُرَيْدَةَ قَالَ: أَصْبَحَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَدَعَا بِلَالًا فَقَالَ: «بِمَ سَبَقْتَنِي إِلَى الْجَنَّةِ مَا دَخَلْتُ الْجَنَّةَ قَطُّ إِلَّا سَمِعْتُ خَشْخَشَتَكَ أَمَامِي» . قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا أَذَّنْتُ قَطُّ إِلَّا صَلَّيْتُ رَكْعَتَيْنِ وَمَا أَصَابَنِي حَدَثٌ قَطُّ إِلَّا تَوَضَّأْتُ عِنْدَهُ وَرَأَيْتُ أَنَّ لِلَّهِ عَلَيَّ رَكْعَتَيْنِ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: ص:٤١ «بِهِمَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1326. बुरैदाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ ने सुबह के वक़्त बिलाल रदियल्लाहु अन्हु से पूछा: “किसी अमल की वजह तुम मुझ से पहले जन्नत में चले गए, मैं जब भी जन्नत में गया तो मैंने तुम्हारे जूतो की आवाज़ अपने आगे सुनी”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैं जब भी आज़ान कहता हो तो दो रकते पढ़ता हूँ और जब मेरा वुज़ू टूट जाता है, तो में फ़ौरन वुज़ू करता हूँ और मैं समझता हूँ कि अल्लाह का शुक्र

अदा करने के लिए दो रकते पढ़ना मुझ पर लाज़िम है, लिहाज़ा में दो रकते पढ़ता हु, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इन्ही दो की वजह से (तुम इस मक़ाम को पहुंचे हो)”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (3689 وقال : حسن صحيح غريب) [و صححه ابن خزيمة (1209) و ابن حبان (الاحسان : 7044 ، 7045) و الحاكم (1 / 313) و وافقه الذهبى]

١٣٢٧ - (مَوْضُوع) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ أَبِي أَوْفَى قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ كَانَتْ لَهُ حَاجَةٌ إِلَى اللَّهِ أَوْ إِلَى أحد من بني آدم فَلْيَتَوَضَّأْ فليحسن الْوُضُوء ثُمَّ لْيُصَلِّ رَكْعَتَيْنِ ثُمَّ لْيُثْنِ عَلَى اللَّهِ تَعَالَى وَلْيُصَلِّ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ لْيَقُلْ: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ الْحَلِيمُ الْكَرِيمُ سُبْحَانَ اللَّهِ رَبِّ الْعَرْشِ الْعَظِيمِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ رَبِّ الْعَالَمِينَ أَسْأَلُكَ مُوجِبَاتِ رَحْمَتِكَ وَعَزَائِمَ مَغْفِرَتِكَ وَالْغَنِيمَةَ مِنْ كُلِّ بِرٍّ وَالسَّلَامَةَ مِنْ كُلِّ إِثْمٍ لَا تَدَعْ لِي ذَنْبًا إِلَّا غَفَرْتَهُ وَلَا هَمًّا إِلَّا فَرَّجْتَهُ وَلَا حَاجَةً هِيَ لَكَ رِضًى إِلَّا قَضَيْتَهَا يَا أَرْحَمَ الرَّاحِمِينَ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

1327. अब्दुल्लाह बिन अबी अव्फी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स को अल्लाह से कोई हाजत व ज़रूरत हो या किसी इंसान से कोई काम हो तो वह अच्छी तरह वुज़ू कर के दो रकते पढ़े, फिर अल्लाह तआला की सना बयान करे और नबी ﷺ पर स्वलवात पढ़े, फिर यूँ दुआ करे: “अल्लाह हलिम करीम के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, अर्श ए अज़ीम का रब पाक है, हर किस्म की हम्द अल्लाह के लिए है जो तमाम जहानों का रब है, मैं तुझ से उन आमल व असबाब की दरख्वास्त करता हूँ जो तेरी रहमत और तेरी मगफिरत को वाजिब व मुअक्कद कर दे में हर नेकी को गनीमत जानने और हर गुनाह से बचने की तुझ से दरख्वास्त करता हूँ, सबसे ज़्यादा रहम फरमाने वाले मेरे तमाम गुनाह मुआफ़ फरमादे, मेरे तमाम गम दूर कर दे और हर ज़रूरत जो तेरी रज़ा का बाईस बने इसे पूरा फरमादे”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الترمذى (479) و ابن ماجه (1384) * فائد : منكر الحديث ، قاله البخارى ، يعنى لا تحل الرواية عنه

बَاب صَلَاة التَّسْبِيح • नमाज़ की तस्बीह का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

١٣٢٨ - (ضَعِيف) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: لِلْعَبَّاسِ بْنِ عَبْدِ الْمُطَّلِبِ: " يَا عَبَّاسُ يَا عَمَّاهُ أَلَا أُعْطِيكَ؟ أَلَا أَمْنَحُكَ؟ أَلا أحبوك؟ أَلَا أَفْعَلُ بِكَ عَشْرَ خِصَالٍ إِذَا أَنْتَ فَعَلْتَ ذَلِكَ غَفَرَ اللَّهُ لَكَ ذَنْبَكَ أَوَّلَهُ وَآخِرَهُ قَدِيمَهُ وَحَدِيثَهُ خَطَأَهُ وَعَمْدَهُ صَغِيرَهُ وَكَبِيرَهُ سِرَّهُ وَعَلَانِيَتَهُ: أَنْ تُصَلِّيَ أَرْبَعَ رَكَعَاتٍ تَقْرَأُ فِي كُلِّ رَكْعَةٍ فَاتِحَةَ الْكِتَابِ وَسُورَةً. فَإِذَا فَرَغْتَ مِنَ الْقِرَاءَةِ فِي أَوَّلِ رَكْعَةٍ وَأَنْتَ قَائِمٌ قُلْتَ سُبْحَانَ اللَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ وَلَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَاللَّهُ أَكْبَرُ خَمْسَ عَشْرَةَ مَرَّةً ثُمَّ تَرْكَعُ فَتَقُولُهَا وَأَنْتَ رَاكِعٌ عَشْرًا ثُمَّ تَرْفَعُ رَأْسَكَ مِنَ الرُّكُوعِ فَتَقُولُهَا عَشْرًا ثُمَّ تَهْوِي سَاجِدًا فَتَقُولُهَا وَأَنْتَ سَاجِدٌ عَشْرًا ثُمَّ تَرْفَعُ رَأْسَكَ مِنَ السُّجُودِ فَتَقُولُهَا عَشْرًا ثُمَّ تَسْجُدُ فَتَقُولُهَا عَشْرًا ثُمَّ تَرْفَعُ رَأْسَكَ فَتَقُولُهَا عَشْرًا فَذَلِكَ خَمْسٌ وَسَبْعُونَ فِي كُلِّ رَكْعَةٍ تَفْعَلُ ذَلِكَ فِي أَرْبَعِ رَكَعَاتٍ إِنِ اسْتَطَعْتَ أَن تصليها فِي كل يَوْم فافعلْ فَإِنْ لَمْ تَفْعَلْ فَفِي كُلِّ جُمْعَةٍ مَرَّةً فَإِنْ لَمْ

تَفْعَلْ فَفِي كُلِّ شَهْرٍ مَرَّةً فَإِنْ لَمْ تَفْعَلْ ص:٤١ فَفِي كُلِّ سَنَةٍ مَرَّةً فَإِنْ لَمْ تَفْعَلْ فَفِي عُمْرِكَ مَرَّةً ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي الدَّعْوَاتِ الْكَبِيرِ

1328. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने अब्बास बिन अब्दुल मुत्तलिब रदियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “ए चचा जान अब्बास क्या मैं आप को कुछ अता न करू? क्या मैं आप को कुछ इनायत न करू? क्या मैं आप को कोई खबर न दू? क्या मैं आप को दस खसलते अता न करू? की जब आप इन पर अमल करे तो अल्लाह आप के अगले पिछले कदीम व जदीद सहवन किए गए या जान बुझकर छोटे बड़े पोशीदा और ज़ाहिर तमाम गुनाह मुआफ़ फरमादे, वह यह कि आप चार रक्अत नमाज़ पढ़े, हर रक्अत में सुरह फातिहा और कोई दूसरी सूरत पढ़े, जब आप पहली रक्अत में किराअत से फारिग़ हो जाए और अभी कयाम में हो तो आप पन्द्रह मर्तबा “ سُبْحَانَ اللَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ وَلَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَاللَّهُ أَكْبَرُ ” पढ़े फिर आप रुकू करे और रुकू में यही तस्बीह दस मर्तबा पढ़े, फिर रुकू से सर उठाए और दस मर्तबा यही कलिमात पढ़े, फिर सजदाह करे और सजदाह में दस मर्तबा यही कलिमात पढ़े, फिर सजदे से सर उठाए और दस मर्तबा यही कलिमात पढ़े, फिर सजदाह करे और दस मर्तबा यही कलिमात पढ़े और फिर सजदे से सर उठाए और दस मर्तबा यही कलिमात पढ़े इस तरह हर रक्अत में पचत्तर मर्तबा कलिमात होंगे, आप यह अमल चार रक्अतो में दोहराए अगर आप हर रोज़ इसे पढ़ सको तो पढ़े, अगर ऐसे न हो सके तो फिर हर जुमा (यानी हफ्ते में एक बार) पढ़े, अगर ऐसे न कर सके तो फिर साल में एक मर्तबा पढ़े अगर ऐसे भी न कर सके तो फिर अपने जिंदगी में एक बार ही पढ़ो लें”| (हसन)

حسن ، رواہ ابوداؤد (1297) و ابن ماجه (1387) و البیهقی فی الدعوات الکبیر (2 / 159 ح 393)

١٣٢٩ - (ضَعِيف) وروى التِّرْمِذِيّ عَن أبي رَافع نَحوه

1329. इमाम तिरमिज़ी ने अबी राफीअ से इसी तरह रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواہ الترمذی (482 وقال : غریب) [سندہ ضعیف و للحدیث شواھد منھا الحدیث السابق : 1328]

١٣٣٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " إِنَّ أَوَّلَ مَا يُحَاسَبُ بِهِ الْعَبْدُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ مِنْ عمله صلَاته فَإِن صلحت فقد أَفْلح وأنجح وَإِنْ فَسَدَتْ فَقَدْ خَابَ وَخَسِرَ فَإِنِ انْتَقَصَ مِنْ فَرِيضَتِهِ شَيْءٌ قَالَ الرَّبُّ تَبَارَكَ وَتَعَالَى: نظرُوا هَلْ لِعَبْدِي مِنْ تَطَوُّعٍ؟ فَيُكَمَّلُ بِهَا مَا انْتَقَصَ مِنَ الْفَرِيضَةِ ثُمَّ يَكُونُ سَائِرُ عَمَلِهِ عَلَى ذَلِكَ ". وَفِي رِوَايَةٍ: «ثُمَّ الزَّكَاةُ مِثْلَ ذَلِك ثمَّ تُؤْخَذ الْأَعْمَال حسب ذَلِك» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1330. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “बन्दे से रोज़ ए कियामत उस के आमाल में से सबसे पहले नमाज़ का हिसाब लिया जाएगा, अगर वह सहीह व दुरुस्त हुई तो वह फलाह व निजात पा गया और अगर वह सहीह व दुरुस्त न हुई तो फिर वह नाकाम व नामुराद होगा, अगर उस के फ़राइज़ में कोई कमी हुई तो रब तबारक व तआला फरमाएगा देखो क्या मेरे बंदे के कुछ नवाफिल है तो इस तरह फ़राइज़ की कमी को उन नफ्ल से पूरा कर दिया जाएगा फिर बाकी आमाल का हिसाब इसी तरह

होगा”, और एक दूसरी रिवायत में है: “फिर ज़कात का हिसाब भी इसी तरह होगा और फिर बाकी आमाल का हिसाब भी इसी (मजकूर मिसाल की) तरह होगा”| (हसन)

حسن و اللفظ مركب ، رواه ابوداؤد (864) و سنده ضعيف وهو بغير هذا اللفظ ، 866 و سنده صحيح و هى الرواية الثانية عند صاحب المشكوة) [و رواه ابن ماجه (1425 و سنده ضعيف) و صححه الحاكم (1 / 262) و وافقه الذهبى]

١٣٣١ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ أَحْمد عَن رجل

1331. इमाम अहमद ने (नबी ﷺ के असहाब में से किसी एक से) रिवायत किया है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (5 / 72 ح 20968 ، 5 / 377 ح 23590 ، 4 / 65 ح 16731 ، 4 / 103 ح 17073) [و الحاکم (1 / 263)]

١٣٣٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا أَذِنَ اللَّهُ لِعَبْدٍ فِي شَيْءٍ أَفْضَلَ مِنَ الرَّكْعَتَيْنِ يُصَلِّيهِمَا وَإِنَّ الْبِرَّ لَيُذَرُّ عَلَى رَأْسِ الْعَبْدِ مَا دَامَ فِي صَلَاتِهِ وَمَا تَقَرَّبَ الْعِبَادُ إِلَى اللَّهِ بِمِثْلِ مَا خَرَجَ مِنْهُ» يَعْنِي الْقُرْآنَ. رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ

1332. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बंदा जब दो रकते पढ़ता है तो अल्लाह इस तरफ खुसूसी तवज्जो फरमाता है और जब तक बंदा नमाज़ पढ़ता रहता है तो नेकी (रहमत) इस बंदे के सर पर साया करती रहती है और बंदा अल्लाह के कलाम यानी कुरान के ज़रिए जिस क़दर अल्लाह का कुर्ब हासिल कर सकता है वैसा किसी और चीज़ के ज़रिए हासिल नहीं कर सकता”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (5 / 268 ح 22662) و الترمذى (2911 وقال : غريب) * ليث بن ابى سليم ضعيف

सफ़र में नमाज़ का बयान • بَاب صَلَاة السّفر

पहली फस्ल • الْفَصْلُ الأول

١٣٣٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَنَسٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَّى الظُّهْرَ بِالْمَدِينَةِ أَرْبَعًا وَصَلَّى الْعَصْرَ بِذِي الحليفة رَكْعَتَيْنِ

1333. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने मदीना में ज़ुहर चार रक्अत पूरी नमाज़ अदा की और ज़ुल हलिफा में असर दो रक्अत कसर नमाज़ अदा की| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1089) و مسلم (10 / 690)، (1581)

١٣٣٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ حَارِثَةَ بْنِ وَهْبٍ الْخُزَاعِيِّ قَالَ: صَلَّى بِنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَنَحْنُ أَكْثَرُ مَا كُنَّا قَطُّ وآمنه بمنا رَكْعَتَيْنِ

1334. हारिस बिन वहब खुजाई रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें मीना में दो रकते पढ़ाइ हालाँकि उस से पहले हम कभी न तो इतनी कसीर तादाद में थे और न कभी इस क़दर पुर अमन थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (1083) و مسلم (20 / 696)، (1598)

١٣٣٥ - (صَحِيح) وَعَن يعلى بن أُمَيَّة قَالَ: قلت لعمر بن الْخطاب: إِنَّمَا قَالَ اللَّهُ تَعَالَى (أَنْ تَقْصُرُوا مِنَ الصَّلَاةِ إِنْ خِفْتُمْ أَنْ يَفْتِنَكُمُ الَّذِينَ كَفَرُوا)»» فَقَدْ أَمِنَ النَّاسُ. قَالَ عُمَرُ: عَجِبْتُ مِمَّا عَجِبْتَ مِنْهُ فَسَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. فَقَالَ: «صَدَقَةٌ تَصَدَّقَ اللَّهُ بِهَا عَلَيْكُمْ فَاقْبَلُوا صدقته» رَوَاهُ مُسلم

1335. यअली बिन उमय्य रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु से कहा: अल्लाह तआला ने तो फ़रमाया: “(انتقصروا ,,,, الذين كفروا) अगर तुम्हें अंदेशा हो के काफ़िर तुम्हें किसी मुसीबत में डाल देंगे तो तुम नमाज़ में कुछ कमी कर लो, अब तो लोग पुर अमन है (किसी किस्म का कोई अंदेशा नहीं), उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: जैसे आप को ताज्जुब हुआ है वैसे मुझे भी ताज्जुब हुआ था, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया था तो आप ﷺ ने फ़रमाया था: “एक किस्म का सदका है जो अल्लाह ने तुम पर किया है, तुम उसकी तरफ से सदका कबूल करो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (4 / 686)، (1573)

١٣٣٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: خَرَجْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ من الْمَدِينَةِ إِلَى مَكَّةَ فَكَانَ يُصَلِّي رَكْعَتَيْنِ رَكْعَتَيْنِ حَتَّى رَجَعْنَا إِلَى الْمَدِينَةِ قِيلَ لَهُ: أَقَمْتُمْ بِمَكَّة شَيْئا قَالَ: «أَقَمْنَا بهَا عشرا»

1336. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ की साथ में मदीना से मक्का के लिए रवाना हुए तो आप हमारे मदीना वापस पहुँचने तक दो दो रकते नमाज़े कसर पढ़ाते रहे, उन से पूछा गया के तुमने मक्का में कुछ कयाम भी किया था उन्होंने ने फ़रमाया: हमने वहां दस रोज़ कयाम किया| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (1081) و مسلم (15 / 693)، (1586)

١٣٣٧ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: سَافَرَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَفَرًا فَأَقَامَ تِسْعَةَ عَشَرَ ص:٤٢ يَوْمًا يُصَلِّي رَكْعَتَيْنِ رَكْعَتَيْنِ قَالَ ابْنُ عَبَّاسٍ: فَنَحْنُ نُصَلِّي فِيمَا بَيْنَنَا وَبَيْنَ مَكَّةَ تِسْعَةَ عَشَرَ رَكْعَتَيْنِ رَكْعَتَيْنِ فَإِذَا أَقَمْنَا أَكْثَرَ مِنْ ذَلِك صلينَا أَرْبعا. رَوَاهُ البُخَارِيّ

1337. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ ने एक सफ़र किया फतह मक्का का सफ़र आप ﷺ ने उन्नीस दिन कयाम किया और आप दो दो रकते पढ़ाते रहे, इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: हम मदीना और मक्का के दरमियानी फासले पर उन्नीस दिन तक दो दो रकते पढ़ते है, जब हम उस से ज़्यादा कयाम करते हैं, तो हम चार रकते पूरी नमाज़ पढ़ते है| (बुखारी)

رواه البخاری (1080)

١٣٣٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ حَفْصِ بْنِ عَاصِمٍ قَالَ: صَحِبْتُ ابْنَ عُمَرَ فِي طَرِيقِ مَكَّةَ فَصَلَّى لَنَا الظُّهْرَ رَكْعَتَيْنِ ثُمَّ جَاءَ رَحْلَهُ وَجَلَسَ فَرَأَى نَاسًا قِيَامًا فَقَالَ: مَا يَصْنَعُ هَؤُلَاءِ؟ قُلْتُ: يُسَبِّحُونَ. قَالَ: لَوْ كُنْتُ مُسَبِّحًا أَتْمَمْتُ صَلَاتِي. صَحِبْتُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَكَانَ لَا يَزِيدُ فِي السَّفَرِ عَلَى رَكْعَتَيْنِ وَأَبَا بكر وَعمر وَعُثْمَان كَذَلِك

1338. हफ्स बिन आसिम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं तरीक ए मक्का में इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा के साथ था आप रदियल्लाहु अन्हु ने हमें ज़ुहर की दो रक्अत पढ़ाई, फिर अपने कयाम गाह में आकर बैठ गए, आप ने कुछ लोगों को कयाम करते (नमाज़ पढ़ते) हुए देखा तो फ़रमाया यह लोग क्या कर रहे हैं? मैंने कहा: नफ्ल पढ़ रहे हैं उन्होंने ने फ़रमाया: अगर मैंने नफ्ल पढ़ने होते तो मैं अपने नमाज़ पूरी पढ़ता, मैं रसूलुल्लाह ﷺ और अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु उमर रदियल्लाहु अन्हु और उस्मान रदियल्लाहु अन्हु के साथ रहा हूँ वह सफ़र में दो रक्अतो से ज़्यादा नहीं पढ़ा करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (1101 ، 1102) و مسلم (8 / 689)، (1579)

١٣٣٩ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَجْمَعُ بَين الظُّهْرِ وَالْعَصْر إِذا كَانَ عَلَى ظَهْرِ سَيْرٍ وَيجمع بَين الْمغرب وَالْعشَاء. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1339. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ सफ़र करते तो ज़ुहर व असर को और मगरिब व ईशा को मिला कर पढ़ते थे| (बुखारी)

رواه البخاری (1107)

١٣٤٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي فِي السَّفَرِ عَلَى رَاحِلَتِهِ حَيْثُ تَوَجَّهَتْ بِهِ يُومِئُ إِيمَاءً صَلَاةَ اللَّيْلِ إِلَّا الْفَرَائِضَ وَيُوتِرُ على رَاحِلَته

1340. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ दौरान ए सफ़र अपने सवारी पर जिस तरफ वह रुख करती नमाज़ पढ़ा करते थे, और आप रुकू व सुजूद के लिए सर का इरशाद फरमाते थे, आप फ़राइज़ के अलावा नमाज़ ए तहज्जुद और नमाज़ वित्र अपने सवारी पर अदा करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (1000) و مسلم (38 ، 37 / 700)، (1616 و 1617)

باب صَلَاة السّفر • सफ़र में नमाज़ का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

١٣٤١- (ضَعِيفٌ)وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ ذَلِكَ قَدْ فَعَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَصَرَ الصَّلَاةَ وَأَتَمَّ. رَوَاهُ فِي شرح السّنة

1341. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने दौरान ए सफ़र हर तरह की नमाज़ पढ़ी आप ने कसर भी पढ़ी और पूरी भी| (सहीह)

صحيح ، رواه البغوى فى شرح السنة (4 / 166 ح 1023) [و الدارقطنى (2 / 189 ح 2274 وقال :'' طلحة ضعيف '') و البيهقى (3 / 142)]
* طلحة بن عمرو متروك و للحديث شواهد صحيحة عند النسائى (3 / 122 ح 1457) و الدارقطنى (2 / 189 ح 2275) و من ضعف الحديث فلا حجة عنده ، قلت : شعيد بن محمد بن ثواب ثقه روى عنه جماعة و وثقه ابن حبان و الدارقطنى و لم يضعفه احد

١٣٤٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ قَالَ: غَزَوْتُ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَشَهِدْتُ مَعَهُ الْفَتْحَ فَأَقَامَ بِمَكَّةَ ثَمَانِيَ عَشْرَةَ لَيْلَةً لَا يُصَلِّي إِلَّا رَكْعَتَيْنِ يَقُولُ: «يَا أَهْلَ الْبَلَدِ صَلُّوا أَرْبَعًا فَإِنَّا سَفْرٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

1342. इमरान बिन हुसैन रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं गज़वात में नबी ﷺ के साथ शरीक रहा, और फतह मक्का के मौके पर भी में आप के साथ मौजूद था, आप ने मक्का में अठारह रोज़ कयाम फ़रमाया, आप दो रकते पढ़ कर फरमाते: “अहले मक्का तुम चार रकते पढ़ो क्योंकि हम तो मुसाफ़िर है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1229) * على بن زيد بن جدعان ضعيف ولاصل الحديث شواهد كثيرة

١٣٤٣ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: صَلَّيْتُ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الظُّهْرَ فِي السَّفَرِ رَكْعَتَيْنِ وَبَعْدَهَا رَكْعَتَيْنِ وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: صَلَّيْتُ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْحَضَرِ وَالسَّفَرِ فَصَلَّيْتُ مَعَهُ فِي الْحَضَرِ الظُّهْرَ أَرْبَعًا وَبَعْدَهَا رَكْعَتَيْنِ وَصَلَّيْتُ مَعَهُ فِي السَّفَرِ الظُّهْرَ رَكْعَتَيْنِ وَبَعْدَهَا رَكْعَتَيْنِ وَالْعَصْرَ رَكْعَتَيْنِ وَلَمْ يُصَلِّ بَعْدَهَا شَيْئًا وَالْمَغْرِبُ فِي الْحَضَرِ وَالسَّفَرِ سَوَاءٌ ثَلَاثُ رَكَعَاتٍ وَلَا يَنْقُصُ فِي حَضَرٍ وَلَا سَفَرٍ وَهِيَ وِتْرُ النَّهَارِ وَبَعْدَهَا رَكْعَتَيْنِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1343. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने दौरान ए सफ़र नबी ﷺ के साथ ज़ुहर दो रक्अत पढ़ी और उस के बाद दो रकते पढ़ी एक दूसरी रिवायत में है मैंने सफ़र व हज़र में नबी ﷺ के साथ नमाज़ पढ़ी है, मैंने हज़र में आप के साथ ज़ुहर चार रकते पढ़ी और उस के बाद दो रकते पढ़ी और मैंने दौरान ए सफ़र आप के साथ ज़ुहर दो रक्अत पढ़ी और दो रकते उस के बाद पढ़ी और असर दो रक्अत पढ़ी और उस के बाद कुछ न पढ़ा जबकि मग़रिब सफ़र व हज़र दोनों हालातो में तीन रक्अत पढ़ी, सफ़र हो या हज़र उनमें कमी नहीं की जाती और यह दिन के वित्र है और उस के बाद दो रकते पढ़ी| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (552 وقال : حسن) * محمد بن عبد الرحمن بن ابى ليلى ضعيف ضعفه الجمهور

١٣٤٤ - (صَحِيح) وَعَنْ مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي غَزْوَةِ تَبُوكَ: إِذَا زَاغَتِ الشَّمْسُ قَبْلَ أَنْ يَرْتَحِلَ جَمَعَ بَيْنَ الظُّهْرِ وَالْعَصْرِ وَإِنِ ارْتَحَلَ قَبْلَ أَنْ تَزِيغَ الشَّمْسُ أَخَّرَ الظُّهْرَ حَتَّى يَنْزِلَ لِلْعَصْرِ وَفِي الْمَغْرِبِ مِثْلَ ذَلِكَ إِذَا غَابَتِ الشَّمْسُ قَبْلَ أَنْ يَرْتَحِلَ جَمَعَ بَيْنَ الْمَغْرِبِ وَالْعِشَاءِ وَإِنِ ارْتَحَلَ قَبْلَ أَنْ تَغِيبَ الشَّمْسُ أَخَّرَ الْمَغْرِبَ حَتَّى يَنْزِلَ لِلْعِشَاءِ ثُمَّ يَجْمَعُ بَيْنَهُمَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ

1344. मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ गज़वा ए तबुक (के सफ़र) में जब आप के कुच करने से पहले सूरज ढल जाता तो आप ज़ुहर व असर को जमा कर लेते और अगर सूरज ढलने से पहले कुच करते तो ज़ुहर को मोअख़्ख़र करते हत्ता कि असर के लिए पड़ाव डालते, इसी तरह मग़रिब में करते की जब कुच करने से पहले सूरज गुरूब हो जाता तो आप मग़रिब और ईशा इकट्ठी पढ़ लेते और अगर गुरूब ए आफ़ताब से पहले कुच कर लेते तो आप ﷺ मग़रिब को मोअख़्ख़र फरमाते हत्ता कि नमाज़ ए ईशा के लिए पड़ाव डालते फिर उन्हें जमा फरमा लेते| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (1220) و الترمذى (553 وقال : حسن غريب تفرد به قتيبة) * قتيبة ثقة حافظ ولا يضر تفرده

١٣٤٥ - (حسن) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا سَافَرَ وَأَرَادَ أَنْ يَتَطَوَّعَ اسْتَقْبَلَ الْقِبْلَةَ بِنَاقَتِهِ فَكَبَّرَ ثُمَّ صَلَّى حَيْثُ وَجهه ركابه. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1345. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ दौरान ए सफ़र नफ्ल पढ़ने का इरादा फरमाते, तो आप अपने सवारी पर किबले रुख हो कर तकबीर कह कर नमाज़ पढ़ते और सवारी जिस रुख चाहती चलती जाती| (सहीह)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1225)

١٣٤٦ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: بَعَثَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَاجَةٍ فَجِئْتُ وَهُوَ يُصَلِّي عَلَى رَاحِلَتِهِ نَحْوَ الْمَشْرِقِ وَيَجْعَلُ السُّجُودَ أَخفض من الرُّكُوع. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1346. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने किसी काम के लिए मुझे भेजा जब में आया तो आप अपने सवारी पर मशरिक की सिम्त नमाज़ पढ़ रहे थे और आप रुकू की निस्बत सुजूद के लिए ज़्यादा झुक कर इरशाद करते थे| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (1227) [و البيهقى (2 / 5) و مسلم (540)]

सफ़र में नमाज़ का बयान • بَاب صَلَاة السّفر

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

١٣٤٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: صَلَّى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بمنى رَكْعَتَيْنِ وَأَبُو بَكْرٍ بَعْدَهُ وَعُمَرُ بَعْدَ أَبِي بَكْرٍ وَعُثْمَانُ صَدرًا مِنْ خِلَافَتِهِ ثُمَّ إِنَّ عُثْمَانَ صَلَّى بَعْدُ أَرْبَعًا فَكَانَ ابْنُ عُمَرَ إِذَا صَلَّى مَعَ الْإِمَامِ صَلَّى أَرْبَعًا وَإِذَا صلاهَا وَحده صلى رَكْعَتَيْنِ

1347. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मीना में दो रकते यानी नमाज़े कसर पढ़ी, आप ﷺ के बाद अबू बक्र (र), अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु के बाद उमर रदियल्लाहु अन्हु और उस्मान रदियल्लाहु अन्हु ने अपने खिलाफत के इब्तिदाई सालों में दो रकात ही पढ़ी, फिर उस के बाद उस्मान रदियल्लाहु अन्हु ने चार रकते पढ़ी, जब इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा इमाम के साथ नमाज़ पढ़ते तो आप चार रकते मुकम्मल नमाज़ पढ़ते और जब अकेले पढ़ते तो फिर दो रकते पढ़ते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (1082) و مسلم (16 / 694)، (1590)

١٣٤٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: فُرِضَتِ الصَّلَاةُ رَكْعَتَيْنِ ثُمَّ هَاجَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَفُرِضَتْ أَرْبَعًا وَتُرِكَتْ صَلَاةُ السَّفَرِ عَلَى الْفَرِيضَةِ الْأُولَى. قَالَ الزُّهْرِيُّ: قُلْتُ لِعُرْوَةَ: مَا بَال عَائِشَة تتمّ؟ قَالَ: تأولت كَمَا تَأَول عُثْمَان

1348. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, शुरू में नमाज़ दो रकते फ़र्ज़ की गई थी, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने हिजरत की तो दो से चार रकते फ़र्ज़ कर दी गई और नमाज़ ए सफ़र को पहली हालत ए फर्ज़ियत पर बरक़रार रखा गया, ज़ुहरी रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने उरवा से कहा: आइशा रदियल्लाहु अन्हा को क्या हुआ की वह पूरी पढ़ती है? उन्होंने बताया की उन्होंने भी उस्मान रदियल्लाहु अन्हु की तरह तावील की है| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (350) و مسلم (1 / 685)، (1570)

١٣٤٩ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: فَرَضَ اللَّهُ الصَّلَاةَ عَلَى لِسَانِ نَبِيِّكُمْ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْحَضَرِ أَرْبَعًا وَفِي السَّفَرِ رَكْعَتَيْنِ وَفِي الْخَوْف رَكْعَة. رَوَاهُ مُسلم

1349. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, अल्लाह ने तुम्हारे नबी ﷺ की ज़ुबान पर हज़र में चार रकते, सफ़र में दो रकते और हालत खौफ में एक रक्अत फ़र्ज़ की| (मुस्लिम)

رواه مسلم (6 / 687)، (1576)

١٣٥٠ - (ضَعِيف جدا) وَعَن ابْن عَبَّاس وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَا: سَنَّ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَاةَ السَّفَرِ رَكْعَتَيْنِ وَهُمَا تَمَامٌ غَيْرُ قَصْرٍ وَالْوِتْرُ فِي السَّفَرِ سنة. رَوَاهُ ابْن مَاجَه

1350. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा और इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने नमाज़ ए सफ़र दो रक्अत मशरुअ फरमाई और वह दो रक्अत (सवाब के लिहाज़ से) पूरी है कम नहीं, बाकी दौरान ए सफ़र वित्र पढ़ना सुन्नत है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه ابن ماجه (1194) * فيه جابر الجعفى وهو ضعيف جدًا

١٣٥١ - (ضَعِيف) وَعَن مَالك بَلَغَهُ أَنَّ ابْنَ عَبَّاسٍ كَانَ يَقْصُرُ فِي الصَّلَاة فِي مثل ص:٤٢ مَا يكون بَين مَكَّة والطائف وَفِي مثل مَا يكون بَيْنَ مَكَّةَ وَعُسْفَانَ وَفِى مِثْلِ مَا بَيْنَ مَكَّةَ وَجُدَّةَ قَالَ مَالِكٌ: وَذَلِكَ أَرْبَعَةُ بُرُدٍ. رَوَاهُ فِي الْمُوَطَّأ

1351. इमाम मालिक रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मुझे यह हदीस पहुंची है के इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा मक्का और ताईफ, मक्का और उस्फान और मक्का और जदह के दरमियान मुसाफ़त जितने फासले पर कसर पढ़ा करते थे और इमाम मालिक ने फ़रमाया: और यह चार बुरुद मुसाफ़त है| (सहीह)

صحيح ، رواه مالک (1 / 148 ح 341) * السند منقطع وله شواهد عند ابن ابی شيبة (2 / 443 ، 446 ح 8119 ، 8133 ، 8135 ، 8128 ، 8140 ، 8142 ، 8147) و عبدالرزاق (4296) و غيرهما

١٣٥٢ - (ضَعِيف) وَعَن الْبَراء قَالَ: صَحِبْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثَمَانِيَةَ عَشَرَ سَفَرًا فَمَا رَأَيْتُهُ تَرَكَ رَكْعَتَيْنِ إِذَا زَاغَتِ الشَّمْسُ قَبْلَ الظُّهْرِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

1352. बराअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ अठारह मर्तबा शरीक ए सफ़र रहा, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को सूरज ढलने के बाद नमाज़ ए ज़ुहर से पहले दो रकते छोड़ते हुए कभी नहीं देखा| अबू दावुद, तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1222) و الترمذی (550) [و صححه الحاکم علی شرط الشيخين (1 / 315) و وافقه الذهبی]

١٣٥٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ نَافِعٍ قَالَ: إِنَّ عَبْدَ اللَّهِ بْنَ عُمَرَ كَانَ يَرَى ابْنَهُ عُبَيْدَ اللَّهِ يَتَنَفَّلُ فِي السَّفَرِ فَلَا يُنْكِرُ عَلَيْهِ. رَوَاهُ مَالِكٌ

1353. नाफेअ रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा अपने बेटे उबैदुल्लाह को दौरान ए सफ़र नफ्ल पढ़ते हुए देखते तो आप उस पर रोक टोक नहीं करते थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه مالک (/ 150 ح 351) * هزا منقطع ، من البلاغات

जुमा का बयान • بَاب الْجُمُعَة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

١٣٥٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نَحْنُ الْآخِرُونَ السَّابِقُونَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ بَيْدَ أَنَّهُمْ أُوتُوا الْكِتَّابَ مِنْ قَبْلِنَا وَأُوتِينَاهُ من بعدهمْ ثمَّ هَذَا يومهم الَّذِي فرض عَلَيْهِم يَعْنِي يَوْمَ الْجُمُعَةَ فَاخْتَلَفُوا فِيهِ فَهَدَانَا اللَّهُ لَهُ وَالنَّاسُ لَنَا فِيهِ تَبَعٌ الْيَهُودُ غَدًا وَالنَّصَارَى بَعْدَ غد»»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ قَالَ: «نَحْنُ الْآخِرُونَ الْأَوَّلُونَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَنَحْنُ أَوَّلُ مَنْ يَدْخُلُ الْجَنَّةَ بيد أَنهم» . وَذكر نَحوه إِلَى آخِره

1354. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हम दुनिया में सबसे आख़िर पर आए है, लेकिन कियामत के रोज़ सबसे आगे होंगे ताहम उन्हें हम से पहले किताब दी गई और हमें उन के बाद दी गई, फिर यही यानी जुमा का दिन इन पर फ़र्ज़ किया गया था मगर उन्होंने उस में इख्तिलाफ किया और अल्लाह ने हमें उसकी रहनुमाई फरमा दी, इसीलिए बाकी लोग हम से पीछे हो गए, यहूद कल (हफ्ते के रोज़) और इसाई उस से अगले रोज़ इतवार के रोज़ इबादत करते हैं”, और मुस्लिम की एक रिवायत में है फ़रमाया (हम दुनिया में) सबसे आख़िर पर है लेकिन रोज़ ए कियामत सबसे पहले होंगे और सबसे पहले हम जन्नत में जाएँगे”, बाकी रिवायत उन्होंने आख़िर तक हदीस पिछले की तरह बयान की| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (876) و مسلم (19 / 855)، (1978 و 1979) [و 20 / 855 ، الرواية الثانية]

١٣٥٥ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَة لمُسلم عَن أبي هُرَيْرَة وَعَنْ حُذَيْفَةَ قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي آخِرِ الْحَدِيثِ: «نَحْنُ الْآخِرُونَ مِنْ أَهْلِ الدُّنْيَا وَالْأَوَّلُونَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ الْمَقْضِي لَهُم قبل الْخَلَائق»

1355. सहीह मुस्लिम ही की अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु और हुज़ैफ़ा रदियल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस में है उन्होंने बयान क्या रसूलुल्लाह ﷺ ने हदीस के आख़िर पर फ़रमाया: “हम दुनिया वालो में सबसे आख़िर पर आए लेकिन रोज़ ए कियामत मुकद्दम होंगे और सारी मखलूक से पहले हमारे मुतल्लिक फैसला किया जाएगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (22 / 856)، (1982)

١٣٥٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خَيْرُ يَوْمٍ طَلَعَتْ عَلَيْهِ الشَّمْسُ يَوْمُ الْجُمُعَةِ فِيهِ خُلِقَ آدَمُ وَفِيهِ أُدْخِلَ الْجَنَّةَ وَفِيه أخرج مِنْهَا وَلَا تقوم السَّاعَة لَا فِي يَوْم الْجُمُعَة» رَوَاهُ مُسلم .

1356. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तमाम अय्याम से बेहतरीन

दिन जुमा का दिन है, इसी दिन आदम अलैहिस्सलाम पैदा किए गए इसी रोज़ जन्नत में दाखिल किए गए इसी रोज़ उस से निकाले गए और कियामत भी जुमा ही के रोज़ कायम होगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (17 / 854)، (1976)

١٣٥٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ فِي الْجُمُعَةِ لَسَاعَةً لَا يُوَافِقُهَا عَبْدٌ مُسْلِمٌ يَسْأَلُ اللَّهَ فِيهَا خَيْرًا إِلَّا أعطَاهُ إِيَّاه. وَزَادَ مُسلم: ص:٤٢ «وَهِيَ سَاعَةٌ خَفِيفَةٌ» . وَفِي رِوَايَةٍ لَهُمَا قَالَ: «إِنَّ فِي الْجُمُعَةِ لَسَاعَةً لَا يُوَافِقُهَا مُسْلِمٌ قَائِم يُصَلِّي يسْأَل لاله يخرا إِلَّا أعطَاهُ إِيَّاه»

1357. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जुमा के दिन एक ऐसी घड़ी है की जब कोई मुसलमान बंदा इस घड़ी में अल्लाह से कोई खैर तलब करता है तो अल्लाह इसे वही चीज़ अता फरमा देता है”| इमाम मुस्लिम रहिमहुल्लाह ने इज़ाफा नकल किया है, फ़रमाया: “वो मुख़्तसर घड़ी है” सहीहैन की रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: “जुमा में एक ऐसी घड़ी है की जब मुसलमान ठीक इस घड़ी में नमाज़ के दौरान या नमाज़ की जगह नमाज़ के इंतज़ार में बैठ कर अल्लाह से कोई खैर तलब करता है तो अल्लाह इसे वही चीज़ अता कर देता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (925) و مسلم (15 / 852)، (1973)

١٣٥٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي بُرْدَةَ بْنِ أَبِي مُوسَى قَالَ: سَمِعْتُ أَبِي يَقُولُ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ فِي شَأْنِ سَاعَةِ الْجُمُعَةِ: «هِيَ مَا بَيْنَ أَنْ يَجْلِسَ الْإِمَامُ إِلَى أَن تقضى الصَّلَاة» . رَوَاهُ مُسلم

1358. अबू बुरदह बिन अबू मूसा रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने अपने वालिद को बयान करते हुए सुना, उन्होंने कहा: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को: “जुमा की इस घड़ी का वक़्त बयान करते सुना के वह इमाम के खुत्बा के लिए बैठनेसे लेकर नमाज़ से फारिग़ होने तक है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (16 / 853)، (1975)

بَاب الْجُمُعَة • जुमा का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

١٣٥٩ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: خَرَجْتُ إِلَى الطُّورِ فَلَقِيتُ كَعْبَ الْأَحْبَارِ فَجَلَسْتُ مَعَهُ فَحَدَّثَنِي عَنِ التَّوْرَاةِ وَحَدَّثْتُهُ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَكَانَ فِيمَا حَدَّثْتُهُ أَنْ قُلْتُ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " خَيْرُ يَوْمٍ طَلَعَتْ عَلَيْهِ الشَّمْسُ يَوْمُ الْجُمُعَةِ فِيهِ خُلِقَ آدَمُ وَفِيهِ أُهْبِطَ وَفِيهِ تِيبَ عَلَيْهِ وَفِيهِ مَاتَ وَفِيهِ تَقُومُ السَّاعَةُ وَمَا من دَابَّة إِلَّا وَهِي

مسيخة يَوْمَ الْجُمُعَةِ مِنْ حِينِ تُصْبِحُ حَتَّى تَطْلُعَ الشَّمْسُ شَفَقًا مِنَ السَّاعَةِ إِلَّا الْجِنَّ وَالْإِنْس وفيهَا سَاعَةٌ لَا يُصَادِفُهَا عَبْدٌ مُسْلِمٌ وَهُوَ يُصَلِّي يسْأَل الله شَيْئا إِلَّا أعطَاهُ إِيَّاهَا. قَالَ كَعْبٌ: ذَلِكَ فِي كُلِّ سَنَةٍ يَوْمٌ. فَقلت: بل فِي كل جُمُعَة قَالَ فَقَرَأَ كَعْبٌ التَّوْرَاةَ. فَقَالَ: صَدَقَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى ص:٤٢ اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. قَالَ أَبُو هُرَيْرَةَ: لَقِيتُ عَبْدَ اللَّهِ بْنَ سَلَامٍ فَحَدَّثْتُهُ بِمَجْلِسِي مَعَ كَعْب وَمَا حَدَّثْتُهُ فِي يَوْمِ الْجُمُعَةِ فَقُلْتُ لَهُ: قَالَ كَعْب: ذَلِك كُلِّ سَنَةٍ يَوْمٌ؟ قَالَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ سَلَامٍ: كَذَبَ كَعْبٌ. فَقُلْتُ لَهُ ثُمَّ قَرَأَ كَعْبٌ التَّوْرَاةَ. فَقَالَ: بَلْ هِيَ فِي كُلِّ جُمُعَةٍ. فَقَالَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ سَلَامٍ: صَدَقَ كَعْبٌ ثُمَّ قَالَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ سَلَامٍ: قَدْ عَلِمْتُ أَيَّةَ سَاعَةٍ هِيَ. قَالَ أَبُو هُرَيْرَة فقلت لَهُ: فَأَخْبرنِي بهَا. فَقَالَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ سَلَامٍ: هِيَ آخِرُ سَاعَةٍ فِي يَوْمِ الْجُمُعَةِ. قَالَ أَبُو هُرَيْرَةَ: فَقُلْتُ: وَكَيْفَ تَكُونُ آخِرَ سَاعَةٍ فِي يَوْمِ الْجُمُعَةِ وَقَدْ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يُصَادِفُهَا عَبْدٌ مُسْلِمٌ وَهُوَ يُصَلِّي وتلك السَّاعَة لَا يُصَلِّي فِيهَا؟» فَقَالَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ سَلَامٍ: أَلَمْ يَقُلْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ جَلَسَ مَجْلِسًا يَنْتَظِرُ الصَّلَاةَ فَهُوَ فِي صَلَاةٍ حَتَّى يُصَلِّيَ؟» قَالَ أَبُو هُرَيْرَةَ: فَقلت: بلَى. قَالَ: فَهُوَ ذَاك. رَوَاهُ مَالِكٌ وَأَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَرَوَى أَحْمد إِلَى قَوْله: صدق كَعْب

1359. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं तुर की तरफ गया तो मैं काब अह्बार से मिला में उस के साथ बैठ गया उस ने मुझे तौरात के बारे में बताया और मैंने इसे रसूलुल्लाह ﷺ की अहादीस सुनाइए मैंने इसे जो कुछ बताया वह वही कुछ था जो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तमाम अय्याम से बेहतर दिन जुमा का दिन है, उस में आदम अलैहिस्सलाम की तखलीक हुई इसी रोज़ ज़मीन पर उतारे गए, इसी रोज़ उनकी तौबा कबूल की गई इसी रोज़ फौत हुए, इसी रोज़ ए कियामत कायम होगी, जिन्न व इन्स के सिवा तमाम जानवर जुमा के दिन तुलुअ ए फज्र से तुलुअ ए आफ़ताब तक कियामत कायम होने के खौफ से चींखते रहते है, उस में एक घड़ी है की जब मुसलमान बंदा ऐन इस घड़ी में दौरान ए नमाज़ अल्लाह से जो मांगता है तो अल्लाह इसे वही चीज़ अता कर देता है”| काब ने कहा: पुरे साल में एक दिन ऐसा होता है, मैंने कहा: नहीं बल्कि हर जुमा के रोज़ होता है, काब ने तौरात पढ़ी तो उस ने कहा, रसूलुल्लाह ﷺ ने सच फ़रमाया, अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं अब्दुल्लाह बिन सलाम रदियल्लाहु अन्हु से मिला तो मैंने काब अह्बार के साथ अपने मजलिस के बारे में और मैंने जुमा के मुतल्लिक जो इसे बताया था उस के मुतल्लिक उन्हें बताया के काब ने कहा: वह पुरे साल में एक दिन होता है, अब्दुल्लाह बिन सलाम रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया काब ने झूठ बोला, मैंने उन्हें बताया की काब ने फिर तौरात पढ़ी तो उस ने कहा: बल्कि वह हर जुमा के रोज़ होता है, फिर अब्दुल्लाह बिन सलाम रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: काब ने सच कहा, फिर अब्दुल्लाह बिन सलाम रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया, मुझे मालुम है के वह कौन सी घड़ी है, अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया मैंने कहा: मुझे उस के मुतल्लिक खबर देने में बुखल न करे, अब्दुल्लाह बिन सलाम रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया वह जुमा के दिन की आखिरी घड़ी है, अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया मैंने कहा: वह जुमा के दिन की आखिरी घड़ी कैसे हो सकती है? जबकि रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया है “ कोई मुसलमान बंदा नमाज़ में उसे पाता है, तो अब्दुल्लाह बिन सलाम रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया क्या रसूलुल्लाह ﷺ ने यह नहीं फरमाया: “जो शख़्स किसी जगह बैठ कर नमाज़ का इंतज़ार करता है तो वह नमाज़ पढ़ने तक हुक्मन नमाज़ ही में होता है”, अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने कहा: क्यों नहीं, उन्होंने फ़रमाया पस यह वही है| मालिक, अबू दावुद, तिरमिज़ी, नसई, और इमाम अहमद ने “ काब ने सच कहा” तक रिवायत किया है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه مالك (1 / 108 ، 110 ح 239) و ابوداؤد (1046) و الترمذی (491 وقال : صحیح) و النسائی (3 / 114 ، 115 ح 1431) و احمد (2 / 486 ح 10308) * و صححه ابن خزیمة (1738) و ابن حبان (1024) و الحاکم علی شرط الشیخین (1 / 278 ، 279) و وافقه الذهبی

١٣٦٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْتَمِسُوا السَّاعَةَ الَّتِي تُرْجَى فِي وَيَوْم الْجُمُعَةِ بَعْدَ الْعَصْرِ إِلَى غَيْبُوبَةِ الشَّمْسِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1360. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इस घड़ी को तलाश करे जिसके बारे में उम्मीद की जाती है के वह जुमा के रोज़ बाद नमाज़ ए असर से गुरूब ए आफ़ताब तक होती है”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (489 وقال : غريب و محمد بن ابی حميد يضعف من قبل حفظه) * محمد بن ابی حميد لم ينفرد به و للحديث شواهد عند الترمذی (490) و ابی داود (1048) و غيرهما

١٣٦١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَوْسِ بْنِ أَوْسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ مِنْ أَفْضَلِ أَيَّامِكُمْ يَوْمُ الْجُمُعَةِ فِيهِ خُلِقَ آدَمُ وَفِيهِ قُبِضَ وَفِيهِ النَّفْخَةُ فأكثرا عَلَيَّ مِنَ الصَّلَاةِ فِيهِ فَإِنَّ صَلَاتَكُمْ مَعْرُوضَةٌ عَلَيّ» فَقَالُوا: ص:٤٣ يَا رَسُول الله وَكَيف تعرض صَلَاتنَا عَلَيْك وَقَدْ أَرَمْتَ؟ قَالَ: يَقُولُونَ: بَلِيتَ قَالَ: «إِنَّ اللَّهَ حَرَّمَ عَلَى الْأَرْضِ أَجْسَادَ الْأَنْبِيَاءِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي الدَّعْوَات الْكَبِير

1361. औस बिन अवसी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक जुमा का दिन तुम्हारे अय्याम में से अफज़ल दिन है, इस रोज़ आदम अलैहिस्सलाम की तखलीक हुई, इसी मैं इन की रूह कब्ज़ की गई, पहली बार सुर फूंका जाना, दूसरी बार सुर फूंका जाना होगा, इस रोज़ मुझ पर कसरत से दुरुद पढ़ो, क्योंकि तुम्हारा दुरुद मुझ पर पेश किया जाता है”, सहाबा रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हमारा दुरुद आप पर कैसे पेश किया जाता है, जबकि आप तो (मिट्टी में) पोशीदा हो चुके होंगे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक अल्लाह ने अंबिया अलैहिस्सलाम के अज्साद को ज़मीन यानी मिट्टी पर हराम कर दिया है| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه ابوداؤد (1047) و النسائی (3 / 91 ، 92 ح 1375 ، و السنن الکبریٰ 3 / 248 ، 249) و ابن ماجه (1636) و الدارمی (1 / 369 ح 158) و البيهقی فی الدعوات الکبير (لم اجده فی المطبوع) * صححه جماعة و فيه علة قادحة ، عبد الرحمن بن يزيد هو ابن تميم کما حققه البخاری و ابوداؤد و غيرهما وهو ضعيف جدًا و اخطا من قال انه ابن جابر : الثقة ، راجع نيل المقصود (1 / 320) و لبعضه شاهد ياتی (1366)

١٣٦٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْيَوْمُ الْمَوْعُودُ يَوْمُ الْقِيَامَةِ وَالْيَوْمُ الْمَشْهُودُ يَوْمُ عَرَفَةَ وَالشَّاهِدُ يَوْمُ الْجُمُعَةِ وَمَا طَلَعَتِ الشَّمْسُ وَلَا غَرَبَتْ عَلَى يَوْمٍ أَفْضَلَ مِنْهُ فِيهِ سَاعَةٌ لَا يُوَافِقُهَا عَبْدٌ مُؤْمِنٌ يَدْعُو اللَّهَ بِخَيْرٍ إِلَّا اسْتَجَابَ اللَّهُ لَهُ وَلَا يَسْتَعِيذُ مِنْ شَيْءٍ إِلَّا أَعَاذَهُ مِنْهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ لَا يُعْرَفُ إِلَّا مِنْ حَدِيثِ مُوسَى بْنِ عُبَيْدَةَ وَهُوَ يضعف

1362. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “यौम ए मवउद से यौम ए कियामत, यौम ए मशहूद से यौम ए अरफा और शाहिद से जुमा का दिन मुराद है, वह तमाम अय्याम से अफज़ल है, उस में अल्लाह से कोई खैर तलब करता है तो अल्लाह उसकी दुआ को कबूल फरमाता है, और वह बंदा मुअमिन जिस चीज़ से पनाह तलब करता है तो वह इसे उस से पनाह दे देता है”| अहमद तिरमिज़ी और इमाम

तिरमिज़ी ने कहा: यह हदीस ग़रीब है और यह सिर्फ मूसा बिन उबैदाह के वास्ते से मारुफ़ है, जबकि वह जईफ है| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه احمد (2 / 298، 299 ح 7959 ، 7960) و الترمذی (2 / 519) * فیه موسی بن عبیدة ضعیف و للحدیث شواهد منها الشاهد الموقوف عند الحاکم (2 / 519) و صححه علی شرط الشیخین و وافقه الذهبی و سنده ضعیف ، فیه یونس بن عبید مدلس و عنعن]

بَاب الْجُمُعَة • जुमा का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

١٣٦٣ - (حسن) عَنْ أَبِي لُبَابَةَ بْنِ عَبْدِ الْمُنْذِرِ قَالَ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ يَوْمَ الْجُمُعَةِ سَيِّدُ الْأَيَّامِ وَأَعْظَمُهَا عِنْدَ اللَّهِ وَهُوَ أَعْظَمُ عِنْدَ اللَّهِ مِنْ يَوْمِ الْأَضْحَى وَيَوْمِ الْفِطْرِ فِيهِ خَمْسُ خِلَالٍ: خَلَقَ اللَّهُ فِيهِ آدَمَ وَأَهْبَطَ اللَّهُ فِيهِ آدَمُ إِلَى الْأَرْضِ وَفِيهِ تَوَفَّى اللَّهُ آدَمَ وَفِيهِ سَاعَةٌ لَا يَسْأَلُ الْعَبْدُ فِيهَا شَيْئًا إِلَّا أَعْطَاهُ مَا لَمْ يَسْأَلْ حَرَامًا وَفِيهِ تَقُومُ السَّاعَةُ مَا مِنْ مَلَكٍ مُقَرَّبٍ وَلَا سَمَاءٍ وَلَا أَرْضٍ وَلَا رِيَاحٍ وَلَا جِبَالٍ وَلَا بَحْرٍ إِلَّا هُوَ مُشْفِقٌ مِنْ يَوْمِ الْجُمُعَةِ ". رَوَاهُ ابْن مَاجه

1363. अबू लुबाब बिन अब्दुल मिन रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक जुमा के दिन अल्लाह के यहाँ सय्यदुल अय्याम और बाकी अय्याम से अज़ीम तर है, वह अल्लाह के यहाँ यौम ए अदहा और यौम ए अल फ़ित्र से भी अज़ीम तर है, उस को पांच खुसुसियात हासिल है, अल्लाह ने आदम अलैहिस्सलाम को इसी रोज़ तखलीक फ़रमाया, अल्लाह ने इसी रोज़ आदम अलैहिस्सलाम को ज़मीन पर उतारा, अल्लाह ने इसी रोज़ आदम अलैहिस्सलाम को वफ़ात दी, उस में एक ऐसी घड़ी है के उस में बंदा जो भी हलाल चीज़ तलब करता है, वह इसे मिल जाती है और इसी रोज़ ए कियामत कायम होगी, मुकर्रब फ़रिश्ते आसमान व ज़मीन हवा पहाड़ और समुन्दर जुमा के दिन से ख़ाइफ़ रहते है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابن ماجه (1084) * فیه عبدالله بن محمد بن عقیل : ضعیف

١٣٦٤ - (حسن) وَرَوَى أَحْمَدُ عَنْ سَعْدِ بْنِ عُبَادَةَ: أَنَّ رَجُلًا مِنَ الْأَنْصَارِ أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: أَخْبِرْنَا عَنْ يَوْمِ الْجُمُعَةِ مَاذَا فِيهِ مِنَ الْخَيْرِ؟ قَالَ: «فِيهِ خَمْسُ خلال» وسَاق الحَدِيث

1364. इमाम अहमद ने सईद बिन मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है की एक अंसारी शख़्स नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, हमें जुमा के दिन के मुतल्लिक बताइए के उस में क्या खैर है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस में पांच खुसुसियात हैं -‘‘‘‘‘ और बाकी हदीस आख़िर तक इसी तरह बयान की| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (5 / 284 ح 22824) [و عبد بن حمید (309)] * ابن عقیل : ضعیف

١٣٦٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قِيلَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: لِأَيِّ شَيْءٍ سُمِّيَ يَوْمَ الْجُمُعَةِ؟ قَالَ: «لِأَنَّ فِيهَا طُبِعَتْ طِينَةُ أَبِيكَ آدَمَ وَفِيهَا الصَّعْقَةُ وَالْبَعْثَةُ وَفِيهَا الْبَطْشَةُ وَفِي آخِرِ ثَلَاثِ سَاعَاتٍ مِنْهَا سَاعَةٌ مَنْ دَعَا الله فِيهَا اسْتُجِيبَ لَهُ» . رَوَاهُ أَحْمد

1365. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ से अर्ज़ किया गया, जुमा के दिन के नाम की वजह से तस्मिया किया है आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्योंकि इस रोज़ आप के बाप आदम के खमीर को तैयार किया गया, इसी में नुफ्खा उला पहली बार सुर फूंका जाना और नुफ्खा दूसरा है, इसी में हशर का मैदान सजेगा और उसकी आखिरी तीन घड़ियों में एक ऐसी घड़ी है के जो शख़्स उस में दुआ करता है तो उसकी दुआ कबूल की जाती है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (2 / 311 ح 8088) * فیه فرج بن فضالة ضعیف و علی بن ابی طلحة : لم یسمع من ابی ھریرة

١٣٦٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَكْثِرُوا الصَّلَاةَ عَلَيَّ يَوْمَ الْجُمُعَةِ فَإِنَّهُ مَشْهُودٌ تَشْهَدُهُ الْمَلَائِكَةُ وَإِنَّ أحدا لن يُصَلِّي عَلَيَّ إِلَّا عُرِضَتْ عَلَيَّ صَلَاتُهُ حَتَّى يَفْرُغَ مِنْهَا» قَالَ: قُلْتُ: وَبَعْدَ الْمَوْتِ؟ قَالَ: «إِنَّ اللَّهَ حَرَّمَ عَلَى الْأَرْضِ أَنْ تَأْكُلَ أَجْسَادَ الْأَنْبِيَاءِ فَنَبِيُّ اللَّهِ حَيٌّ يُرْزَقُ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَه

1366. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: जुमा के रोज़ मुझ पर कसरत से दुरुद भेजा करो, क्योंकि वह मशहूद है, उस पर फ़रिश्ते हाज़िर होते हैं, जब तुम में से कोई शख़्स मुझ पर दुरुद पढ़ता है तो उस का दुरुद मुझ पर पेश किया जाता है, हत्ता कि वह उस से फारिग़ हो जाए”, रावी बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: और वफात के बाद आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह ने अंबिया अलैहिस्सलाम के अज्साद को खाना, ज़मीन (मिट्टी) पर हराम कर दिया है, अल्लाह के नबी ﷺ जिंदा होते हैं और उन्हें रिज़क़ दिया जाता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابن ماجه (1637) * السند منقطع ، زید بن ایمن عن عبادة بن نسی : مرسل

١٣٦٧ - (حسن) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ ص:٤٣ مُسْلِمٍ يَمُوتُ يَوْمَ الْجُمُعَةِ أَوْ لَيْلَةَ الْجُمُعَةِ إِلَّا وَقَاهُ اللَّهُ فِتْنَةَ الْقَبْرِ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ وَلَيْسَ إِسْنَاده بِمُتَّصِل

1367. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो मुसलमान जुमा के दिन या जुमा की रात फौत हो जाता है तो अल्लाह इसे फितने कब्र से बचा लेता है”| अहमद तिरमिज़ी, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है और उसकी सनद मुतस्सिल नहीं| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه احمد (2 / 169 ح 5682) و الترمذی (1074) ربیعة بن سیف لم یسمع من عبدالله بن عمرو رضی الله عنه فالسند منقطع و للحدیث شواھد ضعیفة عند البیھقی (اثبات عذاب القبر بتحقیقی : 152153) وغیره

١٣٦٨ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّهُ قَرَأَ: (الْيَوْمَ أَكْمَلْتُ لكم دينكمْ)»» الْآيَةَ وَعِنْدَهُ يَهُودِيٌّ فَقَالَ: لَوْ نَزَلَتْ هَذِهِ الْآيَةُ عَلَيْنَا لَاتَّخَذْنَاهَا عِيدًا فَقَالَ ابْنُ عَبَّاسٍ: فَإِنَّهَا نزلت فِي يَوْم عيدين فِي وَيَوْم جُمُعَةٍ وَيَوْمِ عَرَفَةَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

1368. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है कि उन्होंने यह आयत तिलावत की: “आज के दिन मैंने तुम्हारे लिए तुम्हारा दीन मुकम्मल कर दिया है”| तो इस वक़्त उन के पास एक यहूदी था उस ने कहा: अगर यह आयत हम पर नाज़िल होती तो हम इस यौम ए नुज़ूल को ईद बना लेते इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: यह तो इदैन के रोज़ नाज़िल हुई है, जुमा के दिन और अरफा के दिन| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (3044)

١٣٦٩ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا دَخَلَ رَجَبٌ قَالَ: «اللَّهُمَّ بَارِكْ لَنَا فِي رَجَبٍ وَشَعْبَانَ وَبَلِّغْنَا رَمَضَانَ» قَالَ: وَكَانَ يَقُولُ: «لَيْلَةُ الْجُمُعَةِ لَيْلَةٌ أَغَرُّ وَيَوْمُ الْجُمُعَةِ يَوْمٌ أَزْهَرُ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي الدَّعَوَاتِ الْكَبِيرِ

1369. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब माह रजब शुरू होता तो रसूलुल्लाह ﷺ दुआ फरमाते: “अल्लाह हमारे लिए रजब व शाबान में बरकत फरमा और हमें रमज़ान तक पहुंचा”, और आप ﷺ फ़रमाया करते थे: “जुमा की रात चमक दार रात है और जुमा का दिन व ताज़ा दिन है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه البيهقى فى الدعوات الكبير ([لم اجده] و شعب الايمان [3815] و فضائل الاوقات [14] كلاهما له) [و عبدالله بن احمد (1 / 259 ح 2346] * رواه زائدة بن ابى الرقاد عن زياد النميرى : الاول منكر الحديث و الثانى ضعيف

جुमे के वाजिब होने का बयान • بَاب وُجُوبهَا

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

١٣٧٠ - (صَحِيح) عَنِ ابْنِ عُمَرَ وَأَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّهُمَا قَالَا: سَمِعْنَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ عَلَى أَعْوَادِ مِنْبَرِهِ: «لِيَنْتَهِيَنَّ أَقْوَامٌ عَنْ وَدْعِهِمُ الْجُمُعَاتِ أَوْ لَيَخْتِمَنَّ اللَّهُ عَلَى قُلُوبِهِمْ ثُمَّ لَيَكُونُنَّ مِنَ الْغَافِلِينَ» . رَوَاهُ مُسلم

1370. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा और अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमने रसूलुल्लाह ﷺ को मिम्बर की सीढ़ियों पर फरमाते हुए सुना: “लोग जुमे छोड़ने से बाज़ आजाए वरना अल्लाह उन के दिलों पर मुहर लगा देगा और फिर वह गाफिलिन में से हो जाएँगे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (40 / 865)، (2002)

जुमे के वाजिब होने का बयान • بَاب وُجُوبهَا

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

١٣٧١ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي الْجَعْدِ الضُّمَيْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ تَرَكَ ثَلَاثَ جُمَعٍ تَهَاوُنًا بِهَا طَبَعَ اللَّهُ عَلَى قَلْبِهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ والدارمي

1371. अबू जअद ज़ुमरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स अदम ए तवज्जो की बिना पर तीन जुमे छोड़े तो अल्लाह तआला उस का दिल पर मुहर लगा देता है"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1052) و الترمذی (500 وقال : حسن) و النسائی (3 / 88 ح 11370) و ابن ماجه (1125) و الدارمی (1 / 379 ح 1579) [و صححه ابن خزیمة (1857) و ابن حبان (65 ، 553 ، 554) و الحاکم علی شرط مسلم (1 / 280) و وافقه الذهبی وهو حدیث صحیح]

١٣٧٢ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ مَالك عَن صَفْوَان بن سليم

1372. इमाम मालिक ने इसे सफवान बिन सलीम रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

صحیح ، رواه مالک (1 / 111 ح 244) * السند مرسل و الحدیث السابق (1371) شاهد له

١٣٧٣ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ أَحْمد عَن أبي قَتَادَة

1373. इमाम अहमद ने अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

صحیح ، رواه احمد (/ 300 ح 22925) [و انظر الحدیثین السابقین : 1371 ، 1372]

١٣٧٤ - (ضَعِيف) وَعَن سَمُرَةَ بْنِ جُنْدُبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ تَرَكَ الْجُمُعَةَ مِنْ غَيْرِ عُذْرٍ فَلْيَتَصَدَّقْ بِدِينَارٍ فَإِنْ لَمْ يَجِدْ فَبِنِصْفِ دِينَارٍ» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

1374. समुरह बिन जुन्दुब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स बिला उज़्र जुमा छोड़ दे तो वह एक दीनार सदका करे अगर वह न पाए तो आधा दीनार"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (5 / 14 ح 2042) و ابوداؤد (1053) و ابن ماجه (1128) * قدامة : لم یصح سماعه من سمرة ، قاله البخاری و قتادة مدلس و عنعن

١٣٧٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو عَنِ النَّبِيِّ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «الْجُمُعَةُ عَلَى مَنْ سَمِعَ النِّدَاءَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1375. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से बयान करते हैं, आप ने फ़रमाया: “जो शख़्स आज़ान सुने उस पर जुमा फ़र्ज़ है”| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواہ ابوداؤد (1056) * ابو سلمة بن تبیه و عبدالله بن هارون : مجهولان

١٣٧٦-(ضَعِيف جدا)وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْجُمُعَةُ عَلَى مَنْ آوَاهُ اللَّيْلُ إِلَى أَهْلِهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث إِسْنَاده ضَعِيف

1376. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स रात अपने अहल व अयाल के पास वापस जा सकता हो उस पर जुमा फ़र्ज़ है”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: इस हदीस की इसनाद जईफ है| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف جدا ، رواہ الترمذی (502) * حجاج بن نصیر و شیخه : ضعیفان ، و عبدالله بن سعید : متروک

١٣٧٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ طَارِقِ بْنِ شِهَابٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " الْجُمُعَةُ حَقٌّ وَاجِبٌ عَلَى كُلِّ مُسْلِمٍ فِي جَمَاعَةٍ إِلَّا عَلَى أَرْبَعَةٍ: عَبْدٍ مَمْلُوكٍ أَوِ امْرَأَةٍ أَوْ صَبِيٍّ أَوْ مَرِيضٍ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَفِي شَرْحِ السُّنَّةِ بِلَفْظِ الْمَصَابِيحِ عَنْ رَجُلٍ مِنْ بني وَائِل

1377. तारिक बिन शिहाब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर मुसलमान पर बा जमाअत जुमा अदा करना फ़र्ज़ है, सिवाय चार के, अब्दी ममलुक, औरत, बच्चे या मरीज़ के”, अबू दावुद और शरह सुन्ना में मसाबिह के अल्फाज़ से बनू वाइल के एक शख़्स की सनद से मरवी है| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ ابوداؤد (1067) و البغوی فی شرح السنة (4 / 225 ح 1056) [و رواہ الحاکم (1 / 288) عن طارق بن شھاب عن ابی موسی الاشعری بہ] * طارق بن شھاب : صحابی رضی اللہ عنه و روایته من باب مراسیل الصحابة و مراسیل الصحابة مقبولة علی الراجح

जुमे के वाजिब होने का बयान • بَاب وُجُوبهَا

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

١٣٧٨ - (صَحِيح) عَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ لِقَوْمٍ يَتَخَلَّفُونَ عَنِ الْجُمُعَةِ: «لَقَدْ هَمَمْتُ أَنْ آمُرَ رَجُلًا يُصَلِّي بِالنَّاسِ ثُمَّ أُحرق عَلَى رِجَالٍ يَتَخَلَّفُونَ عَنِ الْجُمُعَةِ بُيُوتهم» . رَوَاهُ مُسلم

1378. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने जुमा से पीछे रह जाने वाले लोगों के बारे में फ़रमाया: “मैंने इरादा किया की मैं किसी आदमी को हुक्म दू, वह लोगों को नमाज़ पढ़ाए फिर मैं जुमा से पीछे रह जाने वाले लोगों को घरो समेत आग लगा दू”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (254 / 652)، (1485)

١٣٧٩ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ تَرَكَ الْجُمُعَةُ مِنْ غَيْرِ ضَرُورَةٍ كُتِبَ مُنَافِقًا فِي كِتَابٍ لَا يُمْحَى وَلَا يُبَدَّلُ» . وَفِي بَعْضِ الرِّوَايَاتِ ثَلَاثًا. رَوَاهُ الشَّافِعِي

1379. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स बिला उज़्र जुमा छोड़ दे तो उसे ऐसी किताब में मुनाफ़िक़ लिख दिया जाता है, जो ना मिटाई जा सकती है न के तब्दील की जा सकती है”| और बाज़ रिवायत में तीन जुमो का ज़िक्र है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الشافعی فی الام (1 / 208) و المسند (ص 70 ح 303) * فيه ابراهيم بن محمد الاسلمی متروک

١٣٨٠ - (ضَعِيف) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ كَانَ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ فَعَلَيْهِ الْجُمُعَةُ يَوْمَ الْجُمُعَةِ إِلَّا مَرِيض أَو مُسَافر أَوْ صَبِيٌّ أَوْ مَمْلُوكٌ فَمَنِ اسْتَغْنَى بِلَهْوٍ أَوْ تِجَارَةٍ اسْتَغْنَى اللَّهُ عَنْهُ وَاللَّهُ غَنِيٌّ حميد» . رَوَاهُ الدراقطني

1380. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखता हो जबकि मरीज़ या मुसाफिर या औरत या बच्चे या ममलुक न हो, उस पर जुमा के रोज़ जुमा पढ़ना फ़र्ज़ है, और जो शख़्स खेल या तिजारत की वजह से बे एअतनाई बरते तो अल्लाह उस से बेनियाज़ हो जाता है, जबकि अल्लाह तआला बेनियाज़ काबिल तारीफ़ है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارقطنی (2 / 3 ح 1560) * ابن لهيعة ضعيف بعد اختلاطه و معاذ بن محمد الانصاری : مجهول الحال ، و ابو الزبير مدلس و عنعن

जुमा के दिन पाकी सफाई और मस्जिद जाने का बयान	بَاب التَّنْظِيف و التبكير •
पहली फस्ल	الْفَصْلُ الأول •

١٣٨١ - (صَحِيح) عَنْ سَلْمَانَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَغْتَسِلُ رَجُلٌ يَوْمَ الْجُمُعَةِ وَيَتَطَهَّرُ مَا اسْتَطَاعَ مِنْ طُهْرٍ وَيَدَّهِنُ مِنْ دُهْنِهِ أَوْ يَمَسُّ مِنْ طِيبِ بَيْتِهِ ثُمَّ يَخْرُجُ فَلَا يُفَرِّقُ بَيْنَ اثْنَيْنِ ثُمَّ يُصَلِّي مَا كُتِبَ لَهُ ثُمَّ يُنْصِتُ إِذَا تَكَلَّمَ الْإِمَامُ إِلَّا غُفِرَ لَهُ مَا بَيْنَهُ وَبين الْجُمُعَة الْأُخْرَى» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

1381. सलमान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स जुमा के दिन ग़ुस्ल करे और खूब अच्छी तरह मक्दोर भर सफाई करे और तेल लगाए और अपने घर में मौजूद खुशबू लगाए, फिर अपने घर से जुमा के लिए रवाना हो और मस्जिद में आकर दोबैठे हुए आदमियों को (उन की जगह से) न हटाए, फिर जिस क़दर मुकद्दर हो नमाज़ पढ़े और जब इमाम खुत्बा शुरू कर दे, तो फिर ख़ामोश हो जाए, तो उस के इस हाज़िर और दूसरे जुमा के दरमियान वाले गुनाह बख्श दिए जाते हैं| (बुखारी)

رواہ البخاری (883)

١٣٨٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ. عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنِ اغْتَسَلَ ثُمَّ أَتَى الْجُمُعَةَ فَصَلَّى مَا قُدِّرَ لَهُ ثُمَّ أَنْصَتَ حَتَّى يَفْرُغَ مِنْ خُطْبَتِهِ ثُمَّ يُصَلِّيَ مَعَهُ غُفِرَ لَهُ مَا بَيْنَهُ وَبَيْنَ الْجُمُعَةِ الْأُخْرَى وَفَضْلُ ثَلَاثَةِ أَيَّام» . رَوَاهُ مُسلم

1382. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स ग़ुस्ल कर के जुमा के लिए आए और जितनी मुकद्दर में हो नमाज़ पढ़े, फिर खुत्बा मुकम्मल होने तक ख़ामोश रहे और फिर इमाम के साथ नमाज़ पढ़े तो उस के इस और दूसरे जुमा के दरमियान वाले और मज़ीद तीन दिन के गुनाह बख्श दिए जाते हैं”| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (26 / 857)، (1987)

١٣٨٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ تَوَضَّأَ فَأَحْسَنَ الْوُضُوءَ ثُمَّ أَتَى الْجُمُعَةَ فَاسْتَمَعَ وَأَنْصَتَ غُفِرَ لَهُ مَا بَيْنَهُ وَبَيْنَ الْجُمُعَةِ وَزِيَادَةُ ثَلَاثَةِ أَيَّامٍ وَمَنْ مَسَّ الْحَصَى فقد لَغَا» . رَوَاهُ مُسلم

1383. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स वुज़ू करे और अच्छी तरह वुज़ू कर के जुमा के लिए आए और ख़ामोशी से गौर के साथ खुत्बा सुने तो उस के इस और दूसरे जुमा के दरमियान वाले और मज़ीद तीन दिन के गुनाह बख्श दिए जाते हैं और जो कंकरियो से खेलता रहे तो उस ने लग्व काम किया”| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (27 / 857)، (1988)

١٣٨٤ - (مُتَّفقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا كَانَ يَوْمُ الْجُمُعَةِ وَقَفَتِ الْمَلَائِكَةُ عَلَى بَابِ الْمَسْجِدِ يَكْتُبُونَ الْأَوَّلَ فَالْأَوَّلَ وَمَثَلُ الْمُهَجِّرِ كَمَثَلِ الَّذِي ص:٤٣ يُهْدِي بَدَنَةً ثُمَّ كَالَّذِي يُهْدِي بَقَرَةً ثُمَّ كَبْشًا ثُمَّ دَجَاجَةً ثُمَّ بَيْضَةً فَإِذَا خَرَجَ الْإِمَامُ طَوَوْا صُحُفَهُمْ ويستمعون الذّكر»

1384. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब जुमा का दिन होता है तो फ़रिश्ते मस्जिद के दरवाज़े पर खड़े हो जाते हैं और आने वालो को तरतीब वार लिखते जाते हैं और सबसे पहले आने वाला इस शख़्स की तरह अज़्र व सवाब पाता है, जो ऊंट की कुर्बानी करता है, फिर उस के बाद वाला इस शख़्स की तरह है जो गाय की कुर्बानी करता है, फिर उस के बाद वाला भेड़ की कुर्बानी करने वाले की तरह, फिर मुर्गी और फिर उस के बाद आने वाला ऐसे जैसे कोई अंडा सदका करे, जब इमाम मिम्बर पर जाता है तो वह अपने रजिस्टर बंद कर देते हैं और गौर से खुत्बा सुनते है”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (929) و مسلم (24 / 850)، (1984)

١٣٨٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا قُلْتَ لِصَاحِبِكَ يَوْمَ الْجُمُعَةِ أنصت وَالْإِمَام يخْطب فقد لغوت)

1385. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम ने दौराने खुत्बा किसी साथ वाले शख़्स से (बस इतना) कह दिया के ख़ामोश हो जाओ तो तुमने लग्व काम किया”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (934) و مسلم (11 / 851)، (1965)

١٣٨٦ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا يُقِيمَنَّ أَحَدُكُمْ أَخَاهُ يَوْمَ الْجُمُعَةِ ثُمَّ يُخَالِفُ إِلَى مَقْعَدِهِ فَيَقْعُدَ فِيهِ وَلَكِن يَقُول: افسحوا ". رَوَاهُ مُسلم

1386. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से कोई शख़्स जुमा के रोज़ अपने किसी भाई को उसकी जगह से इस मकसद से न उठाए के खुद उसकी जगह पर बैठ जाए बल्कि वह यूँ कहे वुसअत पैदा करो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (30 / 2178)، (5688)

जुमा के दिन पाकी सफाई और मस्जिद जाने का बयान • بَاب التَّنْظِيف و التبكير

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

١٣٨٧ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي سَعِيدٍ وَأَبِي هُرَيْرَةَ قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «من اغْتَسَلَ يَوْمَ الْجُمُعَةِ وَلَبِسَ مِنْ أَحْسَنِ ثِيَابِهِ وَمَسَّ مِنْ طِيبٍ إِنْ كَانَ عِنْدَهُ ثُمَّ أَتَى الْجُمُعَةَ فَلَمْ يَتَخَطَّ أَعْنَاقَ النَّاسِ ثُمَّ صَلَّى مَا كَتَبَ اللَّهُ لَهُ ثُمَّ أَنْصَتَ إِذا خرج إِمَام حَتَّى يَفْرُغَ مِنْ صَلَاتِهِ كَانَتْ كَفَّارَةً لِمَا بَيْنَهَا وَبَيْنَ جُمُعَتِهِ الَّتِي قَبْلَهَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1387. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु और अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स जुमा के दिन ग़ुस्ल कर के अच्छा लिबास पहन कर और अगर खुशबू हो तो इसे लगा कर जुमा के लिए आए और लोगों की गरदने न फलांगे फिर जिस क़दर अल्लाह ने उस के मुकद्दर में किया है नमाज़ पढ़े और फिर जब इमाम मिम्बर पर आजाए तो नमाज़ मुकम्मल हो जाने तक ख़ामोशी इख़्तियार करे तो यह सारा इहतिमाम उस के इस और पिछले जुमा के बिच में होने वाले गुनाहों का कफ्फारा होगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (343) [و احمد (3 / 81) و صححه ابن خزيمة (1762) و ابن حبان (562) و الحاكم (1 / 283) و وافقه الذهبى]

١٣٨٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَوْسِ بْنِ أَوْسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ غَسَّلَ يَوْمَ الْجُمُعَةِ وَاغْتَسَلَ وَبَكَّرَ وَابْتَكَرَ وَمَشَى وَلَمْ يَرْكَبْ ص:٤٣ وَدَنَا مِنَ الْإِمَامِ وَاسْتَمَعَ وَلَمْ يَلْغُ كَانَ لَهُ بِكُلِّ خُطْوَةٍ عَمَلُ سَنَةٍ: أَجْرُ صِيَامِهَا وَقِيَامِهَا ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

1388. औस बिन अवसी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स जुमा के रोज़ खूब अच्छी तरह ग़ुस्ल करे पैदल चल कर अव्वल वक़्त मस्जिद में जा कर इमाम के करीब बैठ कर खूब गौर से खुत्बा सुने और इस दौरान कोई लग्व काम न करे तो उसे हर कदम के बदले एक साल के रोज़े और एक साल के कयाम का सवाब मिलता है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (496 وقال : حسن) و ابوداؤد (345) و النسائى (3 / 97 ح 1385) و ابن ماجه (1087) [و صححه ابن خزيمة (1767) و ابن حبان (559) و الحاكم على شرط الشيخين (2 / 381 382) و وافقه الذهبى]

١٣٨٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ سَلَامٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وسلم: «مَا عَلَى أَحَدِكُمْ إِنْ وَجَدَ أَنْ يَتَّخِذَ ثَوْبَيْنِ لِيَوْمِ الْجُمُعَةِ سِوَى ثَوْبَيْ مَهْنَتِهِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَه

1389. अब्दुल्लाह बिन सलाम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर तुम में से कोई शख़्स दौराने काम पहनने वाले कपड़ो के अलावा जुमा के दिन के लिए एक अलग जोड़ा बना सकता हो तो वह बना ले उस पर कोई हरज नहीं”| (हसन)

حسن ، رواه ابن ماجه (1095) [و ابوداؤد : 1078]

١٣٩٠ - (ضَعِيف) وَرَوَاهُ مَالك عَن يحيى بن سعيد

1390. इमाम मालिक ने इसे याह्या बिन सईद से रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، مالک (1 / 110 ح 240) [هذا مرسل و الحديث السابق شاهد له]

١٣٩١ - (صَحِيح) وَعَن سَمُرَةَ بْنِ جُنْدُبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «احْضُرُوا الذِّكْرَ وَادْنُوا مِنَ الْإِمَامِ فَإِنَّ الرَّجُلَ لَا يَزَالُ يَتَبَاعَدُ حَتَّى يُؤَخَّرَ فِي الْجَنَّة وَإِن دَخلهَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1391. समुरह बिन जुन्दुब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ज़िक्र जुमे के लिए आओ, इमाम के करीब हो कर बेठो, क्योंकि आदमी दूर होता चला जाता है हत्ता कि उस का जन्नत में दाखिला मोअख़्ख़र कर दिया जाता है अगरचे के जन्नत में चला जाएगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1108) * قتادة مدلس ولم اجد تصريح سماعه

١٣٩٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ مُعَاذِ بْنِ أَنَسٍ الْجُهَنِيِّ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ تَخَطَّى رِقَابَ النَّاسِ يَوْمَ الْجُمُعَةِ اتَّخَذَ جِسْرًا إِلَى جَهَنَّمَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

1392. सहल बिन मुआज़ बिन अनस जुहनी रहिमहुल्लाह अपने वालिद से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स जुमा के रोज़ लोगों की गरदने फलांगता है तो वह जहन्नम की तरफ पुल बनाता है”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (513) * رشدين بن سعد و زبان بن فائد : ضعفان

١٣٩٣ - (حسن) وَعَنْ مُعَاذِ بْنِ أَنَسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنِ الْحُبْوَةِ يَوْمَ الْجُمُعَةِ وَالْإِمَامُ يَخْطُبُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ

1393. मुआज़ बिन अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने जुमा के रोज़ दौराने खुत्बा गोठ मार कर बैठने से मना फ़रमाया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (514 وقال : حسن) و ابوداؤد (1110)

١٣٩٤ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا نَعَسَ أَحَدُكُمْ يَوْمَ الْجُمُعَةِ فَلْيَتَحَوَّلْ مِنْ مَجْلِسِهِ ذَلِكَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1394. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से किसी शख़्स को जुमा के रोज़ दोरान खुतबे ऊंघ आए तो वह अपने जगह बदल ले”| (हसन)

سنده حسن ، رواه الترمذی (526 وقال : حسن صحيح) [و ابوداؤد (1119) و صححه ابن خزيمة (1819) و ابن حبان (571) و الحاكم على شرط مسلم (1 / 291) و وافقه الذهبی]

بَاب التَّنْظِيف و التبكير •	जुमा के दिन पाकी सफाई और मस्जिद जाने का बयान
الْفَصْل الثَّالِث •	तीसरी फस्ल

١٣٩٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ نَافِعٍ قَالَ: سَمِعْتُ ابْنَ عُمَرَ يَقُولُ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يُقِيمَ الرَّجُلُ الرَّجُلَ مِنْ مَقْعَدِهِ وَيَجْلِسَ فِيهِ. قِيلَ لِنَافِعٍ: فِي الْجُمُعَةِ قَالَ: فِي الْجُمُعَةِ وَغَيرهَا

1395. नाफेअ रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा को बयान करते हुए सुना के रसूलुल्लाह ﷺ ने इस बात से मना फ़रमाया है के कोई शख़्स किसी शख़्स को उसकी जगह से उठाकर खुद वहां बैठ जाए, नाफेअ से पूछा गया दौराने जुमा उन्होंने ने फ़रमाया: जुमा में और जुमा के अलावा भी| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخاری (627) و مسلم (28 / 2177)، (5684)

١٣٩٦ - (حسن) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَحْضُرُ الْجُمُعَةَ ثَلَاثَةُ نَفَرٍ: فَرَجُلٌ حَضَرَهَا بِلَغْوٍ فَذَلِكَ حَظُّهُ مِنْهَا. وَرَجُلٌ حَضَرَهَا بِدُعَاءٍ فَهُوَ رَجُلٌ دَعَا اللَّهَ إِنْ شَاءَ أَعْطَاهُ وَإِنْ شَاءَ مَنعه. وَرجل حَضَره بِإِنْصَاتٍ وَسُكُوتٍ وَلَمْ يَتَخَطَّ رَقَبَةَ مُسْلِمٍ وَلَمْ يُؤْذِ أَحَدًا فَهِيَ كَفَّارَةٌ إِلَى الْجُمُعَةِ الَّتِي تَلِيهَا وَزِيَادَةِ ثَلَاثَةِ أَيَّامٍ وَذَلِكَ بِأَنَّ اللَّهَ يَقُولُ: (مَنْ جَاءَ بِالْحَسَنَةِ فَلَهُ عَشْرُ ص:٤٤ أَمْثَالِهَا. ')»» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1396. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन किस्म के लोग जुमा के लिए आते है, एक तो वह जिस ने वहां पहुँच कर लग्व हरकत की, तो इसे उस से पस यही कुछ मिलता है, दूसरा शख़्स दुआ करने के लिए हाज़िर होता है, वह अल्लाह से दुआ करता है अगर वह चाहे तो इसे अता करे और अगर चाहे तो मना फरमादे, जबकि तीसरा शख़्स गौर से खुत्बा सुनता है और लग्व हरकात से बचता है ना किसी मुसलमान की गर्दन फलांगता है न किसी को तकलीफ पहुंचाता है, तो वह उस के लिए पिछले जुमा और मज़ीद तीन दिन (कुल दस दिन) के लिए कफ्फारा बन जाता है, और यह इसलिए के अल्लाह तआला फरमाता है “ जो शख़्स एक नेकी करता है तो उसे उस का दस गुना अज़र मिलता है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1113) [و صححه ابن خزيمة (1813)]

١٣٩٧ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ تَكَلَّمَ يَوْمَ الْجُمُعَةِ وَالْإِمَامُ يَخْطُبُ فَهُوَ كَمَثَلِ الْحِمَارِ يَحْمِلُ أَسْفَارًا وَالَّذِي يَقُولُ لَهُ أَنْصِتْ لَيْسَ لَهُ جُمُعَة» . رَوَاهُ أَحْمد

1397. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स दौराने खुत्बा बात करता है तो वह किताबे उठाए हुए गधे की तरह है और जो शख़्स इसे कहता है खामोश हो जाओ तो उस का जुमा नहीं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (1 / 230 ح 2033) * فيه مجالد بن سعيد : ضعيف

١٣٩٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عُبَيْدِ بْنِ السَّبَّاقِ مُرْسَلًا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم فِي جُمُعَةٍ مِنَ الْجُمَعِ: «يَا مَعْشَرَ الْمُسْلِمِينَ إِنَّ هَذَا يَوْمٌ جَعَلَهُ اللَّهُ عِيدًا فَاغْتَسِلُوا وَمَنْ كَانَ عِنْدَهُ طِيبٌ فَلَا يَضُرُّهُ أَنْ يَمَسَّ مِنْهُ وَعَلَيْكُمْ بِالسِّوَاكِ» . رَوَاهُ مَالِكٌ وَرَوَاهُ ابْنُ مَاجَه عَنهُ

1398. उबैद बिन सब्बाक रहिमहुल्लाह मुरसल रिवायत बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने किसी जुमा में फ़रमाया: “मुसलमानों अल्लाह ने इस दिन को ईद करार दिया, पस तुम अच्छी तरह ग़ुस्ल करो और जिस शख़्स के पास खुशबू हो तो वह इसे लगा ले उस के लिए कोई बुराई नहीं और मिस्वाक करो| (हसन)

حسن ، رواه مالک (1 / 65 ح 141) [و ابن ماجه (1098) انظر الحدیث الآتی] * رواه عبید بن السباق عن ابن عباس رضی الله عنه به ، انظر الحدیث الآتی (1399)

١٣٩٩ - (لم تتمّ دراسته) وَهُوَ عَن ابْن عَبَّاس مُتَّصِلا

1399. और यही हदीस इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से मुतस्सिल मरवी है| (हसन)

حسن ، رواه ابن ماجه (1098)

١٤٠٠ - (حَسَنٌ) وَعَنِ الْبَرَاءِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «حَقًّا عَلَى الْمُسْلِمِينَ أَنْ يَغْتَسِلُوا يَوْمَ الْجُمُعَةِ وَلْيَمَسَّ أَحَدُهُمْ مِنْ طِيبِ أَهْلِهِ فَإِنْ لَمْ يَجِدْ فَالْمَاءُ لَهُ طِيبٌ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ

1400. बराअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुसलमानों पर हक़ है के वह जुमा के रोज़ ग़ुस्ल करे और उनमें से हर कोई अपने अहले खाना की खुशबू इस्तेमाल करे और अगर वह खुशबू न पाए तो फिर उस के लिए पानी ही खुशबू है”| अहमद तिरमिज़ी और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (4 / 282 ح 18680) و الترمذی (528) * فيه يزيد بن ابی زیاد ضعيف مدلس

جुमा के दिन खुतबे और नमाज़ का बयान • بَاب الْخطْبَة وَالصَّلَاة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

١٤٠١ - (صَحِيح) عَنْ أَنَسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يُصَلِّي الْجُمُعَةَ حِينَ تَمِيلُ الشَّمْسُ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1401. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ज़वाल ए आफ़ताब के वक़्त जुमा पढ़ा करते थे| (बुखारी)

رواه البخارى (904)

١٤٠٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ قَالَ: مَا كُنَّا نُقِيلُ وَلَا نَتَغَدَّى إِلَّا بَعْدَ الْجُمُعَة

1402. सहल बिन साद बयान करते हैं, हम जुमा से पहले ना दोपहर का सोना करते थे न खाना खाते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (939) و مسلم (30 / 859)، (1991)

١٤٠٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا اشْتَدَّ الْبَرْدُ بَكَّرَ بِالصَّلَاةِ وَإِذَا اشْتَدَّ الْحَرُّ أَبْرَدَ بِالصَّلَاةِ. يَعْنِي الْجُمُعَةَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1403. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब शर्दी ज़्यादा होती तो नबी ﷺ नमाज़ ए जुमआ जल्दी पढ़ लेते और जब गर्मी ज़्यादा होती तो आप नमाज़ ए जुमआ ठंडे वक़्त में पढ़ते थे| (बुखारी)

رواه البخارى (906)

١٤٠٤ - (صَحِيح) وَعَنِ السَّائِبِ بْنِ يَزِيدَ قَالَ: كَانَ النِّدَاءُ يَوْمَ الْجُمُعَةِ أَوَّلُهُ إِذَا جَلَسَ الْإِمَامُ عَلَى الْمِنْبَرِ عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَبِي بَكْرٍ وَعُمَرَ فَلَمَّا كَانَ عُثْمَانُ وَكَثُرَ النَّاسُ زَادَ النِّدَاءَ الثَّالِثَ عَلَى الزَّوْرَاء. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1404. साइब बिन यज़ीद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ और अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु उमर रदियल्लाहु अन्हु के दौर में जुमा के रोज़ जब इमाम मिम्बर पर बैठ जाता तब पहली आज़ान कही जाती थी, पस जब उस्मान रदियल्लाहु अन्हु का दौर आया और लोग ज़्यादा हो गए तो उन्होंने मक़ाम ए जवरा पर तीसरी आज़ान का इज़ाफा फ़रमाया| (बुखारी)

رواه البخارى (912)

١٤٠٥ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: كَانَتْ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خُطْبَتَانِ يَجْلِسُ بَيْنَهُمَا يقْرَأ الْقُرْآن وَيذكر النَّاس فَكَانَت صلَاته قصدا وخطبته قصدا. رَوَاهُ مُسلم

1405. जाबिर बिन समुराह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ जुमा के दो खुत्बे दिया करते थे, आप ﷺ उन के दरमियान बैठते थे, आप कुरान पढ़ते और लोगों को वाज़ व नसीहत फरमाते थे, आप का खुत्बा और नमाज़ दरमियानी होती थी| (मुस्लिम)

رواه مسلم (41 / 866)، (2003)

١٤٠٦ - (صَحِيح) وَعَنْ عَمَّارٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ طُولَ صَلَاةِ الرَّجُلِ وَقِصَرَ خُطْبَتِهِ مَئِنَّةٌ مِنْ فِقْهِهِ فَأَطِيلُوا الصَّلَاة واقصروا الْخطْبَة وَإِن من الْبَيَان سحرًا» . رَوَاهُ مُسلم

1406. अम्मार रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “बेशक आदमी की नमाज़ का लम्बा होना और उस के खुत्बे का मुख़्तसर होना उस के फ़की होने की अलामत है, तुम नमाज़ लम्बी करो और खुत्बा मुख़्तसर करो और बेशक बाज़ बयान सहर अंगेज़ होते हैं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (47 / 869)، (2009)

١٤٠٧ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا خَطَبَ احْمَرَّتْ عَيْنَاهُ وَعَلَا صَوْتُهُ وَاشْتَدَّ غَضَبُهُ حَتَّى كَأَنَّهُ مُنْذِرُ جَيش يقولك: «صَبَّحَكُمْ وَمَسَّاكُمْ» وَيَقُولُ: «بُعِثْتُ أَنَا وَالسَّاعَةُ كَهَاتَيْنِ» . وَيَقْرُنُ بَيْنَ إِصْبَعَيْهِ السَّبَابَةِ وَالْوُسْطَى. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

1407. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ खुत्बा इरशाद फरमाते, तो आप की आँखे सुर्ख हो जाती आवाज़ बुलंद हो जाती और गुस्से शदीद हो जाता, हत्ता कि यह कैफियत हो जाती गोया आप किसी हमलावर लश्कर से आगाह करते हुए फरमा रहे हो: “वो सुबह या शाम तुम पर हमलावर होने वाला है” और आप ﷺ फरमाते: “मुझे ऐसे वक़्त में मबउस किया गया है की मैं और कियामत इस तरह है”, आप दरमियानी ऊँगली और अन्गुंश्ते शहादत को बाहम मिलाते| (मुस्लिम)

رواه مسلم (43 / 867)، (2005)

١٤٠٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ يَعْلَى بْنِ أَمَيَّةَ قَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقْرَأُ عَلَى الْمِنْبَرِ: (وَنَادَوْا يَا مَالك ليَقْضِ علينا رَبك)

1408. यअला बिन उमय्य रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को मिम्बर पर यह आयत पढ़ते

हुए सुना: “वो झहन्नमी कहेंगे ए मालिक, दरबाने दोज़ख तेरा रब हमें मौत ही देदे”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (4819) و مسلم (49 / 871)، (2011)

١٤٠٩ - (صَحِيح) وَعَنْ أُمِّ هِشَامٍ بِنْتِ حَارِثَةَ بْنِ النُّعْمَانِ قَالَتْ: مَا أَخَذْتُ (ق. وَالْقُرْآنِ الْمَجِيدِ)»» إِلَّا عَنْ لِسَانِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقْرَؤُهَا كُلَّ جُمُعَةٍ عَلَى الْمِنْبَرِ إِذَا خطب النَّاس. رَوَاهُ مُسلم

1409. उम्म शाम बिन हारिस बिन नुअमान रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैंने सुरह क़ाफ़ रसूलुल्लाह ﷺ से सुन सुन कर याद की आप हर जुमा जब मिम्बर पर लोगों से ख़िताब फरमाते तो उसे पढ़ा करते थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (52 / 873)، (2015)

١٤١٠ - (صَحِيح) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ حُرَيْثٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَطَبَ وَعَلَيْهِ عِمَامَةٌ سَوْدَاءُ قَدْ أَرْخَى طَرَفَيْهَا بَيْنَ كَتِفَيْهِ يَوْمَ الْجُمُعَةِ. رَوَاهُ مُسلم

1410. अमर बिन हुरैस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने जुमा के दिन ख़िताब फ़रमाया तो आप के सर पर सियाह इमामा था जबकि आप ने उस के दोनों किनारे पल्लू अपने कंधो के दरमियान लटकाए हुए थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (452 / 1359)، (3311)

١٤١١ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم وَهُوَ يخْطب: ص:٤٤ «إِذَا جَاءَ أَحَدُكُمْ يَوْمَ الْجُمُعَةِ وَالْإِمَامُ يَخْطُبُ فليركع رَكْعَتَيْنِ وليتجوز فيهمَا» . رَوَاهُ مُسلم

1411. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने खुत्बा के दौरान फ़रमाया: “जब तुम में से कोई शख़्स जुमा के दिन दौराने खुत्बा में मस्जिद में आए तो वह दो मुख़्तसर रकते पढ़े”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (59 / 875)، (2024)

١٤١٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: مَنْ أَدْرَكَ رَكْعَةً مِنَ الصَّلَاةِ مَعَ الْإِمَام فقد أدْرك الصَّلَاة كلهَا "

1412. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स नमाज़ ए जुमआ की एक रकअत पा ले तो उस ने नमाज़ पा ली”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (580) و مسلم (162 / 607)، (1372)

بَاب الْخطْبَة وَالصَّلَاة • जुमा के दिन खुतबे और नमाज़ का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

١٤١٣ - (ضَعِيف) عَن ابْنِ عُمَرَ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَخْطُبُ خُطْبَتَيْنِ كَانَ يَجْلِسُ إِذَا صَعِدَ الْمِنْبَرَ حَتَّى يَفْرُغَ أُرَاهُ الْمُؤَذِّنَ ثُمَّ يَقُومُ فَيَخْطُبُ ثُمَّ يَجْلِسُ وَلَا يَتَكَلَّمُ ثمَّ يقوم فيخطب. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1413. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ दो खुत्बे दिया करते थे, जब आप मिम्बर पर चढ़ते तो मुअज़्ज़िन के फारिग़ होने तक मिम्बर पर बैठते थे, फिर खड़े हो कर खुत्बा इरशाद फरमाते, फिर बैठ जाते इस दौरान आप कोई बात न करते, फिर खड़े हो कर खुत्बा इरशाद फरमाते जईफ| (बुखारी)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1092) [و البيهقى (3 / 205)] * عبدالوهاب بن عطا مدلس و عنعن و حديث البخارى (928) يغنى عنه

١٤١٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا اسْتَوَى عَلَى الْمِنْبَرِ اسْتَقْبَلْنَاهُ بِوُجُوهِنَا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ لَا نَعْرِفُهُ إِلَّا مِنْ حَدِيثِ مُحَمَّدِ بْنِ الْفَضْلِ وَهُوَ ضَعِيفٌ ذَاهِبُ الْحَدِيثِ

1414. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ मिम्बर पर चढ़ते तो हम आप की तरफ मुतवज्जे हो जाते थे| तिरमिज़ी और उन्होंने ने फ़रमाया: हम सिर्फ मुहम्मद बिन फ़ज़ल की सनद से इस हदीस को जानते हैं जबकि वह हदीस में जईफ| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الترمذى (509) * محمد بن الفضل بن عطية متروک مجروح كذبوه و لبعض الحديث شواهد عند و ابن ماجه (1136) ، و سنده ضعيف) و البخارى (921 موقوف) و غيرهما و موقوف البخارى يغنى عنه

بَاب الْخطْبَة وَالصَّلَاة • जुमा के दिन खुतबे और नमाज़ का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

١٤١٥ - (صَحِيح) عَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَخْطُبُ قَائِمًا ثُمَّ يَجْلِسُ ثُمَّ يَقُومُ فَيَخْطُبُ قَائِمًا فَمَنْ نَبَّأَكَ أَنَّهُ كَانَ يَخْطُبُ جَالِسًا فَقَدْ كَذَبَ فَقَدْ وَاللهِ صليت مَعَه أَكثر من أَلفي صَلَاة. رَوَاهُ مُسلم

1415. जाबिर बिन समुराह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ खड़े हो कर खुत्बा इरशाद फ़रमाया करते थे फिर आप बैठते फिर खड़े हो कर खुत्बा इरशाद फरमाते, अगर कोई शख़्स तुम्हें यह बताए के आप बैठ कर

खुत्बा इरशाद फ़रमाया करते थे, तो उस ने झूठ बयानी की, अल्लाह की क़सम, मैं आप ﷺ के साथ दो हज़ार से इज़ाफ़ी (ज़्यादा) नमाज़े पढ़ चूका हूँ| (मुस्लिम)

رواه مسلم (35 / 862)، (1996)

١٤١٦ - (صَحِيح) وَعَنْ كَعْبِ بْنِ عُجْرَةَ: أَنَّهُ دَخَلَ الْمَسْجِدَ وَعَبْدُ الرَّحْمَنِ بْنُ أُمِّ الْحَكَمِ يَخْطُبُ قَاعِدًا فَقَالَ: انْظُرُوا إِلَى هَذَا الْخَبِيثِ يَخْطُبُ قَاعِدًا وقد قَالَ الله تَعَالَى: (وَإِذَا رَأَوْا تِجَارَةً أَوْ لَهْوًا انْفَضُّوا إِلَيْهَا وَتَرَكُوك قَائِما)»» رَوَاهُ مُسلم

1416. काब बिन उजरत रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह मस्जिद में दाखिल हुए तो अब्दुल रहमान बिन उम्म अल हकम बैठ कर खुत्बा दे रहे थे, उन्होंने इसे बैठा हुआ देख कर कहा, इस खबीस शख़्स को देखो के वह बैठ कर खुत्बा दे रहा है, जबकि अल्लाह तआला ने फ़रमाया है, “ जब उन्होंने तिजारत और खेल देखा तो वह इस तरफ भाग गए और आप (ﷺ को खड़े हुए छोड़ गए”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (39 / 864)، (2001)

١٤١٧ - (صَحِيح) وَعَن عمَارَة بن رويبة: أَنَّهُ رَأَى بِشْرَ بْنَ مَرْوَانَ عَلَى الْمِنْبَرِ رَافِعًا يَدَيْهِ فَقَالَ: قَبَّحَ اللَّهُ هَاتَيْنِ الْيَدَيْنِ لَقَدْ رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَا يَزِيدُ عَلَى أَنْ يَقُولَ بِيَدِهِ هَكَذَا وَأَشَارَ بِأُصْبُعِهِ المسبحة. رَوَاهُ مُسلم

1417. उमारह बिन रुवय्बा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने बशीर बिन मरवान को मिम्बर पर अपने दोनों हाथ उठाए हुए देखा, तो उन्होंने ने फ़रमाया: अल्लाह इन दोनों हाथो को तबाह करे, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को देखा के आप सिर्फ अपने हाथ से इस तरह इरशाद किया करते थे और उन्होंने अपने अन्गुंश्ते शहादत से इरशाद किया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (53 / 874)، (2016)

١٤١٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: لَمَّا اسْتَوَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ الْجُمُعَةِ عَلَى الْمِنْبَرِ قَالَ: «اجْلِسُوا» فَسَمِعَ ذَلِكَ ابْنُ مَسْعُودٍ فَجَلَسَ عَلَى بَابِ الْمَسْجِدِ فَرَآهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «تَعَالَ يَا عَبْدَ اللَّهِ بْنَ مَسْعُودٍ» ص:٤٤ رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

1418. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ जुमा के रोज़ मिम्बर पर चढ़े तो फ़रमाया: “बैठ जाओ”, इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु ने यह बात सुनी तो बाब ए मस्जिद पर ही बैठ गए, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें देखा तो फ़रमाया: “अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु आगे आजाओ”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1091) [و صححه ابن خزيمة (1780) و الحاكم على شرط الشيخين (1 / 283 ، 284) و وافقه الذهبى ، و حديث ابن جريج عن عطاء قوى]

١٤١٩ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «من أدْرك من الْجُمُعَة رَكْعَة فليصل إِلَيْهَا أُخْرَى وَمَنْ فَاتَتْهُ الرَّكْعَتَانِ فَلْيُصَلِّ أَرْبَعًا» أَو قَالَ: «الظّهْر» . رَوَاهُ الدَّارَقُطْنِيّ

1419. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स जुमा की एक रकअत पा ले तो वह उस के साथ एक और रकात मिला ले और जिस की दोनों रकते फौत हो जाए तो वह चार रकते पढ़े या फ़रमाया: “ज़ुहर पढ़े”| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الدارقطنى (2 / 11 ح 1585) * ياسين بن معاذ ضعيف ، و رواه اسامة بن زيد عن الزهرى عن ابى سلمة عن ابى هريرة به (الدارقطنى و الهاكم 1 / 291) و للحديث طريق حسن لذاته عند الدارقطنى (2 / 12 ح 1592) بلفظ :'' من ادرک رکعة من يوم الجمعة فقد ادرکها و ليضف اليها أخرى '' وهو يغنى عنه

بَاب صَلَاة الْخَوْف • नमाज़ ए खौफ का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

١٤٢٠ - (صَحِيح) عَنْ سَالِمِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: غَزَوْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قِبَلَ نَجْدٍ فَوَازَيْنَا الْعَدُوَّ فَصَافَفْنَا لَهُمْ فَقَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي لَنَا فَقَامَتْ طَائِفَةٌ مَعَهُ وَأَقْبَلَتْ طَائِفَةٌ عَلَى الْعَدُوِّ وَرَكَعَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِمَنْ مَعَهُ وَسَجَدَ سَجْدَتَيْنِ ثُمَّ انْصَرَفُوا مَكَانَ الطَّائِفَةِ الَّتِي لم تصل فجاؤوا فَرَكَعَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بهم رَكْعَةً وَسَجَدَ سَجْدَتَيْنِ وَرَوَى نَافِعٌ نَحْوَهُ وَزَادَ: فَإِن كَانَ خوف هُوَ أَشَدُّ مِنْ ذَلِكَ صَلَّوْا رِجَالًا قِيَامًا عَلَى أَقْدَامِهِمْ أَوْ رُكْبَانًا مُسْتَقْبِلِي الْقِبْلَةِ أَوْ غَيْرَ مُسْتَقْبِلِيهَا قَالَ نَافِعٌ: لَا أُرَى ابْنَ عُمَرَ ذَكَرَ ذَلِكَ إِلَّا عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1420. सालिम बिन अब्दुल्लाह बिन उमर अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने ने फ़रमाया: में नज्द की तरफ रसूलुल्लाह ﷺ के साथ एक गज़वा में शरीक था, हम दुश्मन के मुकाबिल सफ आराअ हुए, तो रसूलुल्लाह ﷺ हमें नमाज़ पढ़ाने के लिए खड़े हुए, तो एक जमाअत आप के साथ खड़ी हो गई और एक जमाअत दुश्मन के सामने रही, रसूलुल्लाह ﷺ और आप के साथ शरीक लोगों ने एक रुकू किया और दो सजदे किए, फिर वह लोग उन लोगों की जगह चले गए जिन्होंने नमाज़ नहीं पढ़ी थी, वह आए तो रसूलुल्लाह ﷺ ने उन के साथ भी एक रुकू और दो सजदे किए, फिर आप ﷺ ने सलाम फेर दिया, उनमें से हर एक खड़ा हुआ तो उन्होंने अपने तौर पर एक एक रुकू किया और दो दो सजदे किए और नाफेअ रहिमहुल्लाह ने भी इसी तरह रिवायत किया है, और उन्होंने इज़ाफा नकल किया है जब खौफ उस से ज़्यादा हो तो फिर प्यादा या सवार किबले रुख हो या किबले रुख न हो जिस तरह मुमकिन होता नमाज़ पढ़ते, नाफेअ रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मेरा ख्याल है के इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा ने इसे रसूलुल्लाह ﷺ ही से रिवायत किया है| (बुखारी)

رواه البخارى (942) [و مسلم : 839، (1942)]

١٤٢١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ يَزِيدَ بْنِ رُومَانَ عَنْ صَالِحِ بْنِ خَوَّاتٍ عَمَّنْ صَلَّى مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ ذَاتِ الرِّقَاعِ صَلَاةَ الْخَوْفِ: أَنَّ طَائِفَةً صَفَّتْ مَعَهُ وَطَائِفَةً وِجَاهَ الْعَدُوِّ فَصَلَّى بِالَّتِي مَعَهُ رَكْعَةً ثُمَّ ثَبَتَ قَائِمًا وَأَتَمُّوا ص:٤٤ لِأَنْفُسِهِمْ ثُمَّ انْصَرَفُوا فَصَفُّوا وِجَاهَ الْعَدُوِّ وَجَاءَتِ الطَّائِفَةُ الْأُخْرَى فَصَلَّى بِهِمُ الرَّكْعَةَ الَّتِي بَقِيَتْ مِنْ صَلَاتِهِ ثُمَّ ثَبَتَ جَالِسًا وَأَتَمُّوا لأَنْفُسِهِمْ ثمَّ سلم بهم»» وَأَخْرَجَ الْبُخَارِيُّ بِطَرِيقٍ آخَرَ عَنِ الْقَاسِمِ عَنْ صَالِحِ بْنِ خَوَّاتٍ عَنْ سَهْلِ بْنِ أَبِي حَثْمَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ

1421. यज़ीद बिन रुमान रहिमहुल्लाह स्वालेह बिन खव्वात रहिमहुल्लाह से और वह इस शख़्स से रिवायत करते हैं, जिस ने गज़वा ए ज़ात अरकाअ मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ नमाज़ ए खौफ अदा की, एक जमाअत ने आप ﷺ के साथ सफ बनाई, जबकि दूसरी जमाअत दुश्मन के सामने थी, जो जमाअत आप के साथ थी इनको एक रक्अत पढ़ाई, फिर आप खड़े रहे और इस जमाअत ने अपने तौर पर नमाज़ पूरी की और जा कर दुश्मन के सामने सफ बना ली, फिर दूसरी जमाअत आइ तो आप ﷺ ने अपने नमाज़ की बाकी रक्अत उन्हें पढ़ाई, फिर आपबैठे रहे और उन्होंने अपने तौर पर नमाज़ मुकम्मल की, फिर आप ने उन के साथ सलाम फेरा| बुखारी, मुस्लिम, इमाम बुखारी रहिमहुल्लाह ने एक दूसरी सनद से कासिम अन स्वालेह बिन खव्वात अन सहल बिन अबी हशमत के वास्ते से नबी ﷺ से रिवायत किया है| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (4129 و 4131) و مسلم (310 / 842)، (1948)

١٤٢٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: أَقْبَلْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى إِذْ كُنَّا بِذَاتِ الرِّقَاعِ قَالَ: كُنَّا إِذَا أَتَيْنَا عَلَى شَجَرَةٍ ظَلِيلَةٍ تَرَكْنَاهَا لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: فَجَاءَ رَجُلٌ مِنَ المشركين وَسَيْفُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مُعَلَّقٌ بِشَجَرَةٍ فَأَخَذَ سَيْفَ نَبِيِّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَاخْتَرَطَهُ فَقَالَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَتَخَافُنِي؟ قَالَ: «لَا» . قَالَ: فَمَنْ يَمْنَعُكَ مِنِّي؟ قَالَ: «اللَّهُ يَمْنَعُنِي مِنْك» . قَالَ: فَتَهَدَّدَهُ أَصْحَابُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَغَمَدَ السَّيْفَ وَعَلَّقَهُ قَالَ: فَنُودِيَ بِالصَّلَاةِ فَصَلَّى بِطَائِفَةٍ رَكْعَتَيْنِ ثُمَّ تَأَخَّرُوا وَصَلَّى بِالطَّائِفَةِ الْأُخْرَى رَكْعَتَيْنِ قَالَ: فَكَانَتْ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَرْبَعُ رَكَعَاتٍ وَلِلْقَوْمِ رَكْعَتَانِ

1422. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ की साथ में रवाना हुए हत्ता कि हम ज़ात अरकाअ पहुंचे जाबिर रदियल्लाहु अन्हु का बयान है, जब हम कोई साया दार दरख्त पाते तो उसे रसूलुल्लाह ﷺ के लिए छोड़ दिया करते थे, वह बयान करते हैं, एक मुशरिक आदमी आया, जबकि रसूलुल्लाह ﷺ की तलवार दरख्त के साथ लटक रही थी, उस ने नबी ﷺ की तलवार पकड़ कर मियान से निकाली और रसूलुल्लाह ﷺ से कहने लगा, क्या आप मुझ से डरते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं” उस ने कहा: आप को मुझ से कौन बचाएगा? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह, मुझे तुम से बचाएगा”, रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा ने इसे डराया धमकाया तो उस ने तलवार मियान में डाल दी और इसे (दरख्त के साथ ही) लटका दी रावी बयान करते हैं, नमाज़ के लिए आज़ान दी गई तो आप ﷺ ने एक जमाअत को दो रकते पढ़ाइ, फिर वह जमाअत पीछे हट गई और आप ने दूसरी जमाअत को दो रकते पढ़ाइ, रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ की चार रकते हो गई और जिन्होंने आप ﷺ के साथ नमाज़ पढ़ी थी उनकी दो दो रकते हुई| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (4136) و مسلم (311 / 843)، (1949)

١٤٢٣ - (صَحِيح) وَعَن جَابر قَالَ: صَلَّى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم صَلَاةَ الْخَوْفِ فَصَفَفْنَا خَلْفَهُ صَفَّيْنِ وَالْعَدُوُّ بَيْنَنَا وَبَيْنَ الْقِبْلَةِ فَكَبَّرَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَكَبَّرْنَا جَمِيعًا ثُمَّ رَكَعَ وَرَكَعْنَا جميعا ثمَّ رفع رَأسه من الرُّكُوع ورفعنا جَمِيعًا ثُمَّ انْحَدَرَ بِالسُّجُودِ وَالصَّفُّ الَّذِي يَلِيهِ وَقَامَ الصَّفُّ الْمُؤَخَّرُ فِي نَحْرِ الْعَدُوِّ فَلَمَّا قَضَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ السُّجُودَ وَقَامَ الصَّفُّ الَّذِي يَلِيهِ انْحَدَرَ الصَّفُّ الْمُؤَخَّرُ بِالسُّجُودِ ثُمَّ قَامُوا ثُمَّ تَقَدَّمَ الصَّفُّ الْمُؤَخَّرُ وَتَأَخَّرَ الْمُقَدَّمُ ثُمَّ رَكَعَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَرَكَعْنَا جَمِيعًا ثُمَّ رَفَعَ رَأْسَهُ من الرُّكُوع ورفعنا جَمِيعًا ثمَّ انحدر بِالسُّجُود وَالصَّفُّ الَّذِي يَلِيهِ الَّذِي كَانَ مُؤَخَّرًا فِي الرَّكْعَةِ الْأُولَى وَقَامَ الصَّفُّ الْمُؤَخَّرُ فِي نَحْرِ الْعَدو فَلَمَّا قَضَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ السُّجُودَ وَالصَّفُّ الَّذِي يَلِيهِ انْحَدَرَ الصَّفُّ الْمُؤَخَّرُ بِالسُّجُودِ فَسَجَدُوا ثُمَّ سَلَّمَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَسَلَّمْنَا جَمِيعًا. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

1423. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें नमाज़ ए खौफ पढ़ाई, हमने आप के पीछे दो सफे बनाइए जबकि दुश्मन हमारे और किबले के दरमियान था, नबी ﷺ ने तकबीर कहे तो हम सब ने भी तकबीर कही, फिर आप ने रुकू किया, तो हम सब ने रुकू किया, फिर आप ने रुकू से सर उठाया तो हम सब ने भी रुकू से सर उठाया, फिर आप और आप के साथ वाली सफ सजदाह में चली गई और दूसरी सफ दुश्मन के सामने सीना सुपुर्द रही, जब नबी ﷺ सजदे कर चुके तो आप के साथ वाली सफ खड़ी हो गइ, तो पिछली सफ सजदाह के लिए झुकी फिर वह सजदाह कर के खड़े हो गइ, तो पिछली सफ आगे बढ़ी और अगली सफ पीछे गई, फिर नबी ﷺ ने रुकू किया और हम सब ने भी रुकू किया फिर आप ने रुकू से सर उठाया, तो हम सब ने भी रुकू से सर उठाया, फिर आप के साथ वाली सफ जो के पहली रक्अत में पीछे थी, सजदे में चले गए और पिछली सफ दुश्मन के सामने सीना सुपुर्द रही, जब नबी ﷺ और आप के साथ वाली सफ सजदे कर चुके तो पिछली सफ सजदे में चली गई, फिर नबी ﷺ ने सलाम फेरा और हम सब ने भी सलाम फेरा| (मुस्लिम)

رواه مسلم (307 / 840)، (1945)

بَاب صَلَاة الْخَوْف • नमाज़ ए खौफ का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

١٤٢٤ - (ضَعِيف) عَنْ جَابِرٌ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم كَانَ يُصَلِّي بِالنَّاسِ صَلَاةَ الظُّهْرِ فِي الْخَوْف بِبَطن نخل فَصَلَّى بِطَائِفَةٍ رَكْعَتَيْنِ ثُمَّ سَلَّمَ ثُمَّ جَاءَ طَائِفَةٌ أُخْرَى فَصَلَّى بِهِمْ رَكْعَتَيْنِ ثُمَّ سَلَّمَ. رَوَاهُ فِي «شرح السّنة»

1424. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत के नबी ﷺ ने मक़ाम बत्नी नखल में लोगों को हालत खौफ में नमाज़ ए ज़ुहर पढ़ी, तो आप ﷺ ने एक जमाअत को दो रकते पढ़ाइ फिर सलाम फेर दिया, फिर दूसरी जमाअत आए तो आप ﷺ ने उन्हें भी दो रकते पढ़ाइ और फिर सलाम फेर दिया| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (4 / 284 تحت ح 1094 بدون سند) [و النسائی (3 / 178 ح 1553) و ابن خزیمة (1353)] *
الحسن البصرى مدلس ولم اجد تصريح سماعه لاصل الهديث شواهد كثيرة جدًا

नमाज़ ए खौफ का बयान • بَاب صَلَاة الْخَوْف

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

١٤٢٥ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَزَلَ بَيْنَ ضَجْنَانَ وَعُسْفَانَ فَقَالَ الْمُشْرِكُونَ: لِهَؤُلَاءِ صَلَاةٌ هِيَ أَحَبُّ إِلَيْهِمْ مِنْ آبَائِهِمْ وَأَبْنَائِهِمْ وَهِيَ الْعَصْرُ فَأَجْمِعُوا أَمْرَكُمْ فَتَمِيلُوا عَلَيْهِمْ مَيْلَةً وَاحِدَةً وَإِنَّ جِبْرِيلَ أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَمَرَهُ أَنْ يَقْسِمَ أَصْحَابَهُ شَطْرَيْنِ فَيُصَلِّيَ بِهِمْ وَتَقُومَ طَائِفَةٌ أُخْرَى وَرَاءَهُمْ وَلْيَأْخُذُوا حِذْرَهُمْ وَأَسْلِحَتَهُمْ فَتَكُونَ لَهُمْ رَكْعَةٌ وَلِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَكْعَتَانِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

1425. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने ज़्वजनान और उस्फान के दरमियान पड़ाव डाला तो मुशरिकीन ने कहा: नमाज़ ए असर उन्हें अपने वालिदेन और अपने औलाद से भी ज़्यादा महबूब है, पस तुम पुख्ता अज़्म कर के एक ही बार इन पर हमला कर दो, इसी असना में जिब्राइल अलैहिस्सलाम नबी ﷺ के पास आए तो उन्होंने आप को हुक्म दिया के आप अपने सहाबा को दो हिस्सों में तकसीम कर दे, आप उन्हें इस तरह नमाज़ पढ़ाएंगे के एक जमाअत उन के पीछे खड़ी हो और वह उनका बचाव करे और उन के अस्लिहा का ख्याल रखे, पस उनकी तो एक रक्अत होगी और रसूलुल्लाह ﷺ की दो रकते होगी| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (3035 وقال : حسن صحيح غريب) و النسائى (3 / 174 ح 1545) [و صححه ابن حبان : 584]

नमाज़ ए ईदैन का बयान • بَاب صَلَاة الْعِيدَيْنِ

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

١٤٢٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يخرج يَوْم الْفطر وَالْأَضْحَى إِلَى الْمُصَلَّى فَأَوَّلُ شَيْءٍ يَبْدَأُ بِهِ الصَّلَاةُ ثُمَّ يَنْصَرِفُ فَيَقُومُ مُقَابِلَ النَّاسِ وَالنَّاسُ جُلُوسٌ عَلَى صُفُوفِهِمْ فَيَعِظُهُمْ وَيُوصِيهِمْ وَيَأْمُرُهُمْ وَإِنْ كَانَ يُرِيدُ أَنْ يَقْطَعَ بَعْثًا قَطَعَهُ أَوْ يَأْمر بِشَيْء أَمر بِهِ ثمَّ يَنْصَرِف

1426. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ईद उल फ़ित्र और ईद उल अदहा के लिए ईदगाह तशरीफ़ ले जाते तो आप सबसे पहले नमाज़ पढ़ते, फिर नमाज़ से फारिग़ हो क, र लोगों के सामने खड़े हो कर वाज़ व नसीहत फरमाते, लोग अपने सफों मेंबैठे रहते, आप ﷺ अहकाम जारी करते अगर कोई लश्कर रवाना करना होता तो उसे रवाना फरमाते, या किसी चीज़ के बारे में हुक्म फरमाना होता तो आप उस के मुतल्लिक हुक्म फरमाते फिर आप घर तशरीफ़ ले जाते| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (956) و مسلم (9 / 889)، (2053)

١٤٢٧ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: صَلَّيْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْعِيدَيْنِ غَيْرَ مَرَّةٍ وَلَا مَرَّتَيْنِ بِغَيْرِ أَذَانٍ وَلَا إِقَامَة. رَوَاهُ مُسلم

1427. जाबिर बिन समुराह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ इदैन की नमाज़ कई मर्तबा पढ़ी, जिन में आज़ान और इकामत नहीं थी| (मुस्लिम)

رواه مسلم (7 / 887)، (2051)

١٤٢٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ يُصَلُّونَ الْعِيدَيْنِ قَبْلَ الْخُطْبَةِ

1428. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ और अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु उमर रदियल्लाहु अन्हु इदैन की नमाज़ खुत्बा से पहले पढ़ा करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (963) و مسلم (8 / 888)،(2052)

١٤٢٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَسُئِلَ ابْنُ عَبَّاسٍ: أَشَهِدْتَ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْعِيدَ؟ قَالَ: نَعَمْ خَرَجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَصَلَّى ثُمَّ خَطَبَ وَلَمْ يَذْكُرْ أَذَانًا وَلَا إِقَامَةً ثُمَّ أَتَى النِّسَاءَ فَوَعَظَهُنَّ وَذَكَّرَهُنَّ وَأَمَرَهُنَّ بِالصَّدَقَةِ فَرَأَيْتُهُنَّ يُهْوِينَ إِلَى آذَانِهِنَّ وَحُلُوقِهِنَّ يَدْفَعْنَ إِلَى بِلَالٍ ثُمَّ ارْتَفَعَ هُوَ وَبِلَالٌ إِلَى بَيته

1429. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से दरियाफ्त किया गया, क्या आप ने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ नमाज़ ए ईद पढ़ी है? उन्होंने ने फ़रमाया: हां, रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ ए ईद के लिए तशरीफ़ लाए तो आप ने नमाज़ पढ़ाई, फिर खुत्बा इरशाद फ़रमाया और उन्होंने आज़ान व इकामत का ज़िक्र नहीं किया फिर आप औरतों के पास तशरीफ़ ले गए तो उन्हें वाज़ व नसीहत की और उन्हें सदका के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया मैंने उन्हें देखा के वह अपने कानों और अपने गर्दनो से ज़ेवर उतार कर बिलाल रदियल्लाहु अन्हु के हवाले कर रही हैं फिर नबी ﷺ और बिलाल रदियल्लाहु अन्हु आप ﷺ के घर की तरफ चले गए| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (5249) و مسلم (1 / 884)، (2044)

١٤٣٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَّى يَوْمَ الْفِطْرِ ص:٤٥ رَكْعَتَيْنِ لَمْ يُصَلِّ قَبْلَهُمَا وَلَا بَعْدَهُمَا

1430. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने ईद उल फ़ित्र की नमाज़ दो रकते पढ़ी आप ने इन दो रक्अतो से पहले कोई नमाज़ पढ़ी न उस के बाद| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

1552. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: जो शख़्स अच्छी तरह वुज़ू करके सवाब की नियत से अपने मुसलमान भाई की इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) करता है तो इसे सांठ साल के सफ़र के बराबर जहन्नम से दूर कर दिया जाता है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3097) * الفضل بن دلهم : ضعفه الجمهور

١٥٥٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَا مِنْ مُسْلِمٍ يَعُودُ مُسلِمًا فَيَقُولُ سَبْعَ مَرَّاتٍ: أَسْأَلُ اللَّهَ الْعَظِيمَ رَبَّ الْعَرْشِ الْعَظِيمِ أَنْ ص:٤٩ يَشْفِيَكَ إِلَّا شُفِيَ إِلَّا أَنْ يَكُونَ قَدْ حَضَرَ أَجَلُهُ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ

1553. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: जो मुसलमान किसी मुसलमान की इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) के वक़्त सात मरतबा यह दुआ पढ़े मैं अल्लाह अज़ीम रब अर्शे अज़ीम से दरख्वास्त करता हूँ की वह तुम्हें शिफा अता फरमाए तो अल्लाह तआला इसे शिफा अता फरमा देता है बशर्ते की इस की मौत का वक़्त न आचुका हो| (सहीह,हसन)

صحيح ، رواه ابوداؤد (3106) و الترمذى (3083 وقال : حسن غريب) [و صححه ابن حبان (714) و الحاكم (1 / 342 ، 343 ، 4 / 213) و وافقه الذهبى]

١٥٥٤ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: كَانَ يعلمهُمْ من الْحمى وم الأوجاع كلهَا أَن يَقُولُوا: «بِسم الله الْكَبِير أَعُوذُ بِاللَّهِ الْعَظِيمِ مِنْ شَرِّ كُلِّ عرق نعار وَمن شَرّ حر النَّارِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ لَا يُعْرَفُ إِلَّا مِنْ حَدِيثِ إِبْرَاهِيمَ بْنِ إِسْمَاعِيلَ وَهُوَ يضعف فِي الحَدِيث

1554. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है कि नबी ﷺ बुखार और हर किस्म की तकलीफ के मुतल्लिक उन्हें यह दुआ सिखाया करते थे: अल्लाह कबीर के नाम के साथ मैं हर जोश मारने वाली रग के सहर

और आग की हरारत के शर से अल्लाह अज़ीम की पनाह चाहता हूँ| तिरमिज़ी और इन्होंने फ़रमाया यह हदीस गरीब है यह सिर्फ इब्राहीम बिन इस्माइल की सनद से मारुफ़ है, जबकि इस हदिस में जईफ करार दिया गया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3075) * داود بن حصين عن عكرمة : منكر ، و ابراهيم بن اسماعيل بن ابی حبيبة : ضعيف

١٥٥٥ - (مُنكر) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " مَنِ اشْتَكَى مِنْكُمْ شَيْئًا أَوِ اشْتَكَاهُ أَخٌ لَهُ فَلْيَقُلْ: رَبُّنَا اللَّهُ الَّذِي فِي السَّمَاءِ تَقَدَّسَ اسْمُكَ أَمرك فِي السَّمَاء وَالْأَرْض كَمَا أَن رَحْمَتُكَ فِي السَّمَاءِ فَاجْعَلْ رَحْمَتَكَ فِي الْأَرْضِ اغْفِرْ لَنَا حُوبَنَا وَخَطَايَانَا أَنْتَ رَبُّ الطَّيِّبِينَ أَنْزِلْ رَحْمَةً مِنْ رَحْمَتِكَ وَشِفَاءً مِنْ شِفَائِكَ عَلَى هَذَا الْوَجَعِ. فَيَبْرَأُ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

1555. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैनें रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: तुम में से किसी शख़्स को कोई तकलीफ पहुंचे या इससे किसी भाई को कोई तकलीफ पहुंचे तो वह यह दुआ करे तो वह ठीक हो जाएगा: हमारा रब अल्लाह है जो की आसमानों में है तेरा नाम पाक है ज़मीन व आसमान पर तेरा आमिर एसा ही है जैसी तेरी रहमत आसमान में है पस ज़मीन पर भी अपनी रहमत फरमा हमारे कबीरा गुनाह और खताएं माफ़ फरमा तू (गुनाहों से) पाक लोगों का रब है अपनी रहमत से रहमत नाजिल फरमा और इस तकलीफ पर अपनी शिफा से शिफा नाजिल फरमा| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3892) * زياد بن محمد : منكر الحديث و اخطا الحاكم فذكره فی المستدرک (1 / 344 ، 4 / 218 ، 219) و رد عليه الذهبی

١٥٥٦ - (حسن) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا جَاءَ الرجل يعود مَرِيضا فَلْيقل اللَّهُمَّ اشْفِ عَبْدَكَ يَنْكَأُ لَكَ عَدُوًّا أَوْ يَمْشِي لَكَ إِلَى جِنَازَةٍ» رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

1556. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: जब आदमी किसी मरीज़ की इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) के लिए आए तो यूँ दुआ करे: ” ऐ अल्लाह अपने बंदे को शिफा अता फरमा, वह तेरी रिज़ा की खातिर दुश्मन से जिहाद करेगा या तेरी रिज़ा की खातिर जनाज़े के लिए जाएगा| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3107) [و صححه ابن حبان (715) و الحاكم (1 / 344 ، 549) و وافقه الذهبی]

١٥٥٧ - (ضَعِيف) عَن عَلِيِّ بْنِ زَيْدٍ عَنْ أُمَيَّةَ أَنَّهَا سَأَلَتْ عَائِشَةَ عَن قَول الله تبَارك وَتَعَالَى: (إِن تُبْدُوا مَا فِي أَنْفُسِكُمْ أَوْ تُخْفُوهُ يُحَاسِبْكُمْ بِهِ الله)»» وَعَنْ قَوْلِهِ: (مَنْ يَعْمَلْ سُوءًا يُجْزَ بِهِ)»» فَقَالَتْ: مَا سَأَلَنِي عَنْهَا أَحَدٌ مُنْذُ سَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «هَذِه معاتبة الله العَبْد فِيمَا يُصِيبُهُ مِنَ الْحُمَّى وَالنَّكْبَةِ حَتَّى الْبِضَاعَةِ يَضَعُهَا فِي يَدِ قَمِيصِهِ فَيَفْقِدُهَا فَيَفْزَعُ لَهَا حَتَّى إِنَّ الْعَبْدَ لَيَخْرُجُ مِنْ ذُنُوبِهِ كَمَا يَخْرُجُ التبر الْأَحْمَر من الْكِير» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1557. अली बिन ज़ैद रहिमहुल्लाह उम्म्या से रिवायत करते हैं की उन्होंने अल्लाह (अज) के इस फरमान: "ख्वाह तुम दिल की बातो को ज़ाहिर करो या पोशीदा रखो, अल्लाह तुम से ज़रूर इस का मुहासबा करेगा| निज और जो कोई बुरा काम करेगा तो इस का इसे बदला दिया जाएगा, " के मुत्ताल्लिक आइशा रदियल्लाहु अन्हा से दरयाफ्त किया तो उन्होंने फ़रमाया जब से मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से से दरयाफ्त किया, इस के मुत्ताल्लिक मुझ से किसी ने दरयाफ्त नहीं किया, आप ﷺ ने फ़रमाया बंदे को बुखार आता है तो यह अल्लाह की तरफ से मुवाखिज़ा है हत्ता कि अगर वह अपनी कमीज़ के जैब से कुछ रक़म रख कर इसे गुम कर बैठता है और इस पर वह परेशान होता है (तो यह भी इस के गुनाहों का कफ्फारा बन जाता है) हत्ता कि बंदा अपने गुनाहों से इस तरह साफ हो जाता है जिस तरह सुर्ख सोना भट्टी से साफ़ हो कर निकलता है| (ज़ईफ़,हसन)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2991 وقال : حسن غريب) * على بن زيد ضعيف و امية : مجهولة

١٥٥٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي مُوسَى أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " لَا يُصِيبُ عَبْدًا نَكْبَةٌ فَمَا فَوْقَهَا أَوْ دُونَهَا إِلَّا بِذَنْبٍ وَمَا يَعْفُو اللَّهُ عَنْهُ أَكْثَرُ وَقَرَأَ: (وَمَا أَصَابَكُمْ مِنْ مُصِيبَةٍ فَبِمَا كَسَبَتْ أَيْدِيكُمْ وَيَعْفُو عَن كثير)»» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1558. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: बंदे को छोटी बड़ी मुसीबत पहुंचे तो वह इस के गुनाहों की वजह से पहुँचती और जिन से अल्लाहतआला फर्गुज़र फरमाता है वह तुम्हारे अपने ही आमाल का नतीजा है वह तो कही ज़्यादा हैं| और आप ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: और तुम्हें जो मुसीबत पहुचती है वह तुम्हारे अपने ही आमलो का नतीजा होती है और वह अक्सर बरैया माफ़ कर देता है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3252 وقال : غريب) * عبيدالله بن الوازع و شيخه : مجهولان

١٥٥٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: " إِن الْعَبْدَ إِذَا كَانَ عَلَى طَرِيقَةٍ حَسَنَةٍ مِنَ الْعِبَادَةِ ثُمَّ مَرِضَ قِيلَ لِلْمَلَكِ الْمُوَكَّلِ بِهِ: اكْتُبْ لَهُ مِثْلَ عَمَلِهِ إِذَا كَانَ طَلِيقًا حَتَّى أطلقهُ أَو أكفته إِلَيّ "

1559. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: जब बंदा अच्छे अंदाज़ मैं इबादत करता है और फिर वह बीमार हो जाता है तो इस पर मुक़र्रर कीये हुए फरिश्तो से कहा जाता है इस के अमाल वैसे ही लिखते जाओ जैसे यह हालत ए सेहत में अमल किया करता था, हत्ता कि में इसे सेहतयाब कर दूँ या इस अपने पास बुला लूँ | (सहीह,हसन)

حسن ، رواه البغوى فى شرح السنة (5 / 240241 ح 1429) [و احمد (2 / 203 ح 6895) و سنده حسن و له طريق آخر عنده (2 / 194 ، 198) و صححه الحاكم (1 / 348) و وافقه الذهبى (!) و للحديث شواهد عند البخارى (2996) وغيره]

١٥٦٠ - (حسن) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِذَا ابْتُلِيَ ص:٤٩ الْمُسْلِمُ بِبَلَاءٍ فِي جَسَدِهِ

قِيلَ لِلْمَلَكِ: اكْتُبْ لَهُ صَالِحَ عَمَلِهِ الَّذِي كَانَ يَعْمَلُ فَإِنْ شَفَاهُ غَسَّلَهُ وَطَهَّرَهُ وَإِنْ قَبَضَهُ غَفَرَ لَهُ وَرَحِمَهُ ". رَوَاهُمَا فِي شرح السّنة

1560. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: जब मुसलमान किसी जिस्मानी आज़माइश से दो चार हो जाता है तो फ़रिश्तो से कह दिया जाता इस के वह सारे अमल लिखते चले जाओ जो वह पहले सेहत में किया करता था, अगर वह इसे शिफा बख्श दे तो वह इसे गुनाहों से पाक कर देता है और अगर इस की रूह कब्ज़ करली तो वह इसे मुआफ फरमा देता है और इस पर रहमत फरमाता है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه البغوی فی شرح السنة (5 / 241 ح 1430) [و احمد (3 / 148)]

١٥٦١ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ عَتِيكٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " الشَّهَادَةُ سَبْعٌ سِوَى الْقَتْلِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ: الْمَطْعُونُ شَهِيدٌ وَالْغَرِيقُ شَهِيدٌ وَصَاحِبُ ذَاتِ الْجَنْبِ شَهِيدٌ وَالْمَبْطُونُ شَهِيدٌ وَصَاحِبُ الْحَرِيقِ شَهِيدٌ وَالَّذِي يَمُوتُ تَحْتَ الْهَدْمِ شَهِيدٌ وَالْمَرْأَةُ تَمُوتُ بِجُمْعٍ شَهِيدٌ ". رَوَاهُ مَالك وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

1561. जाबिर बिन अतीक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: अल्लाह की राह में शहीद होने के अलावा शहादत की सात किसमे है, ताउन के मर्ज़ से, डूब जाने से, निमोनिया के मर्ज़ से, पेट के मर्ज़ से, जल कर वफात पाने वाले और किसी बोजे तले दब कर मरने वाले शहीद है और बच्चे की पैदाइश पर फौत हो जाने वाली औरत भी शहीद है| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه مالک (1 / 233234 ح 555) و ابوداؤد (3111) و النسائی (4 / 13 ، 14 ح 1847) [و ابن ماجه : 2803] * و صححه ابن حبان (1616) و الحاکم (1 / 352353) و وافقه الذهبی

١٥٦٢ - (حسن) وَعَنْ سَعْدٍ قَالَ: سُئِلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَيُّ النَّاسِ أَشَدُّ بَلَاءً؟ قَالَ: «الْأَنْبِيَاء ثمَّ الْمثل فَالْأَمْثَلُ يُبْتَلَى الرَّجُلُ عَلَى حَسَبِ دِينِهِ فَإِنْ كَانَ صلبا فِي دينه اشْتَدَّ بَلَاؤُهُ وَإِنْ كَانَ فِي دِينِهِ رِقَّةٌ هُوِّنَ عَلَيْهِ فَمَا زَالَ كَذَلِكَ حَتَّى يَمْشِيَ على الأَرْض مَال ذَنْبٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حسن صَحِيح

1562. साअद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ से दरयाफ्त किया गया किन लोगों पर सबसे ज्यादा मसाहिब आता है? आप ﷺ ने फ़रमाया: अंबिया (अ स) फिर जो उन के बाद अफजल है, फिर जो उन के बाद अफज़ल है, आदमी को इस के दीन के हिसाब ही से आजमाया जाता है, अगर तो वह अपने दीन में पुख्ता हो तो इस की आज़माइश भी शख्त होती है, और अगर वह दीन में नरम और कमज़ोर हो तो इस की आज़माइश भी सहल होती है, यह मुआमला इस तरह चलता रहता है हत्ता कि वह ज़मीन पर चलता है, की इस की जिम्मे कोई गुनाह नहीं होता| तिरमिज़ी, इब्ने माज़ा, दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया यह हदीस हसन सहीह है | (सहीह,हसन)

حسن ، رواه الترمذی (2398) و ابن ماجه (4023) و الدارمی (2 / 320 ح 2786) [و صححه ابن حبان : 700]

١٥٦٣ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: مَا أَغْبِطُ أَحَدًا بِهَوْنِ مَوْتٍ بَعْدَ الَّذِي رَأَيْتُ مِنْ شِدَّةِ مَوْتِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

1563. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ की मौत की सख्ती देखने के बाद किसी के आसान मरने पर में रश्क नहीं किया करती | (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (979) و النسائی (4 / 6 ، 7 ح 1831) [و للحديث شواهد]

١٥٦٤ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ بِالْمَوْتِ وَعِنْدَهُ قَدَحٌ ص:٤٩ فِيهِ مَاءٌ وَهُوَ يُدْخِلُ يَدَهُ فِي الْقَدَحِ ثُمَّ يَمْسَحُ وَجْهَهُ ثُمَّ يَقُولُ: «اللَّهُمَّ أَعِنِّي عَلَى مُنْكَرَاتِ الْمَوْتِ أَوْ سَكَرَاتِ الْمَوْتِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

1564. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने नबी ﷺ को निज़ा के आलम में देखा आप के पास पानी का एक प्याला था, आप ﷺ अपना हाथ प्याले में डालते, फिर अपने चेहरे पर हाथ फेरते और फरमाते : ऐ अल्लाह मौत की नागुवारियों और मौत की बेहोशियों पर मेरी मदद फरमा | (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (978 وقال : حسن غريب) و ابن ماجه (1623) [و صححه الحاکم (2 / 465 ، 3 / 5657) و وافقه الذهبی]

١٥٦٥ - (حسن) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا أَرَادَ اللَّهُ تَعَالَى بِعَبْدِهِ الْخَيْرَ عَجَّلَ لَهُ الْعُقُوبَةَ فِي الدُّنْيَا وَإِذَا أَرَادَ اللَّهُ بِعَبْدِهِ الشَّرَّ أَمْسَكَ عَنْهُ بِذَنْبِهِ حَتَّى يُوَافِيَهُ بِهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1565. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जब अल्लाह तआला अपने बन्दों से खैर व भलाई का इरादा फरमाता है तो उसे इस के गुनाहों की सजा दुनिया ही में दे देता है और जब अपने बंदे से शर का इरादा फरमाता है तो इस के गुन्हो के मुआमले को मोअख़्ख़र फरमा देता है हत्ता कि वह इस के बदले में रोज़े कियामत उसे पूरा पूरा बदला देगा | (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2396 وقال : حسن غريب) [و انظر الحديث الآتی : 1566]

١٥٦٦ - (حسن) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ عِظَمَ الْجَزَاءِ مَعَ عِظَمِ الْبَلَاءِ وَإِنَّ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ إِذَا أَحَبَّ قَوْمًا ابْتَلَاهُمْ فَمَنْ رَضِيَ فَلَهُ الرِّضَا وَمَنْ سَخِطَ فَلَهُ السَّخَطُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَه

1566. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : बेशक बड़ी जज़ा बड़ी आजमाईश के साथ है, क्यूंकि अल्लाह अज्जवजल जब किसी कौम से मुहब्बत करता है तो वह इन्हें आज़माता है जो शख़्स इस पर राज़ी हो तो इस रजामंदी हासिल हो जाती है और जो शख़्स नाराजी का इज़हार करे तो वह इस की

नाराजी का मुस्तहिक ठहर जाता है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2396 وقال : حسن غريب) و ابن ماجه (4031)

١٥٦٧ - (حَسَنٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَزَالُ الْبَلَاءُ بِالْمُؤْمِنِ أَوِ الْمُؤْمِنَةِ فِي نَفْسِهِ وَمَالِهِ وَوَلَدِهِ حَتَّى يَلْقَى اللَّهَ تَعَالَى وَمَا عَلَيْهِ مِنْ خَطِيئَةٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَرَوَى مَالِكٌ نَحْوَهُ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيح

1567. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : मोमिन पर इस की जान और माल और इस की औलाद के बारे में आज़माइश आती रहती है हत्ता कि वह अल्लाह तआला से मुलाक़ात करता है तो इस के जिम्मे कोई गलती नहीं होती| तिरमिज़ी इमाम मालिक ने भी इसी तरह रिवायत किया है और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया यह हदीस हसन सहीह है| (सहीह,हसन,मुस्लिम)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2399) و مالک (1 / 236 ح 559) [و صححه ابن حبان (697) و الحاکم علی شرط مسلم (4 / 314315 ، 1 / 346) و وافقه الذهبی

١٥٦٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ مُحَمَّدِ بْنِ خَالِدٍ السُّلَمِيِّ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الْعَبْدَ إِذَا سَبَقَتْ لَهُ مِنَ اللَّهِ مَنْزِلَةٌ لَمْ يَبْلُغْهَا بِعَمَلِهِ ابتلاه الله فِي جسده أَفِي مَالِهِ أَوْ فِي وَلَدِهِ ثُمَّ صَبَّرَهُ عَلَى ذَلِكَ يُبَلِّغُهُ الْمَنْزِلَةَ الَّتِي سَبَقَتْ لَهُ مِنَ الله» . رَوَاهُ ص:٤٩ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

1568. मुहम्मद खालिद सलमी अपने वालिद से और वह इस के दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : बेशक बंदे के लिए अल्लाह के यहाँ कोई मुकाम व मरतबा मुक़र्रर होता है जहाँ वह अपने अमल के ज़रिए नहीं पहुँच सकता तो अल्लाह इस के जिस्म या इस के माल या इस की औलाद के बारे में आजमाता है, फिर इस को इस पर सब्र करने की तौफिक अता फरमाता है हत्ता कि वह इसे इस मकाम व मरतबा तक पहुंचा देता है जो अल्लाह की तरफ से इस के लिए मुक़र्रर होता है | (ज़ईफ़,हसन)

حسن ، رواه احمد (5 / 272 ح 22694) و ابوداؤد (3090) [سنده ضعيف و للحديث شواهد عند ابن حبان (الموارد : 2908) وغيره]

١٥٦٩ - (حسن) وَعَن عبد الله بن شخير قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مُثِّلَ ابْنُ آدَمَ وَإِلَى جَنْبِهِ تِسْعٌ وَتِسْعُونَ مَنِيَّةً إِنْ أَخْطَأَتْهُ الْمَنَايَا وَقَعَ فِي الْهَرَمِ حَتَّى يَمُوتَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

1569. अब्दुल्लाह बिन शिख्खिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : इब्ने आदम को इस के हाल में तखलीक किया जाता है की इस के पहलु में निन्यानवे महलक बलाएँ होती है अगर वह इन से बच

भी जाता है तो वह बुढ़ापे में मुब्तिला हो जाता है हत्ता कि वह फौत हो जाता है | तिरमिज़ी और इन्होंने फ़रमाया यह हदीस गरीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2150) * قتادة مدلس و عنعن

١٥٧٠ - (حسن) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَوَدُّ أَهْلُ الْعَافِيَةِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ حِينَ يُعْطَى أَهْلُ الْبَلَاءِ الثَّوَابَ لَوْ أَنَّ جُلُودَهُمْ كَانَتْ قُرِضَتْ فِي الدُّنْيَا بِالْمَقَارِيضِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1570. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जब आज़माइश से दो चार लोगों को रोज़े कियामत सज़ा दी जाएगी तो अहले आफत ख्वाइश करेंगे की काश दुनिया में इन की जिल्दो को केंचियों से काट दिया जाता | तिरमिज़ी और इन्होंने फ़रमाया यह हदीस गरीब है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (2402) * سليمان الاعمش و ابو الزبير عنعنا و للحديث شواهد ضعيفة عند الطبرانى (الكبير 12 / 182 ح 12729) و غيره

١٥٧١ - (ضَعِيف) وَعَن عَامر الرام قَالَ: ذَكَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْأَسْقَامَ فَقَالَ: «إِنَّ الْمُؤْمِنَ إِذَا أَصَابَهُ السقم ثمَّ أَعْفَاهُ الله مِنْهُ كَانَ كَفَّارَةً لِمَا مَضَى مِنْ ذُنُوبِهِ وَمَوْعِظَةً لَهُ فِيمَا يَسْتَقْبِلُ. وَإِنَّ الْمُنَافِقَ إِذَا مرض ثمَّ أعفي كَانَ كالبعير عَقَلَهُ أَهْلُهُ ثُمَّ أَرْسَلُوهُ فَلَمْ يَدْرِ لِمَ عقلوه وَلم يدر لم أَرْسَلُوهُ» . فَقَالَ رَجُلٌ يَا رَسُولَ اللَّهِ وَمَا الْأَسْقَامُ؟ وَاللَّهِ مَا مَرِضْتُ قَطُّ فَقَالَ: «قُمْ عَنَّا فلست منا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1571. आमिर अर-राम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने अमराज़ और इन के सवाब का ज़िक्र किया तो फ़रमाया: जब मोमिन को कोई बीमारी लाहक़ होती है और फिर अल्लाह अज्ज़वजल इस से आफियत व सेहत अता फरमा देता है तो वह (मर्ज़) इस के सभी गुनाहों का कफ्फारा और मुस्तकबिल के बारे में वाज़ व नसीहत बन जाती है और जब मुनाफ़िक़ बीमार होता है, फिर इसे आफियत अता कर दी जाती है तो वह उस ऊंट की तरह होता है जिसे इस के गर्वालो ने बांध रखा हो, फिर इन्होंने इसे छोड़ दिया हो इसे पता नहीं होता के इन्होंने इसे क्यूँ बाँधा था और क्यूँ छोड़ दिया| किसी शख़्स ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! बीमारियां क्या होती है? अल्लाह की क़सम! मैं तो कभी बीमार नहीं हुआ, आप ﷺ ने फ़रमाया हमारे पास से चले जाओ तुम हम में से नहीं हो | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3089) * ابو منظور : مجهول و عمه : لم اعرفه

١٥٧٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا دَخَلْتُمْ عَلَى الْمَرِيضِ فَنَفِّسُوا لَهُ فِي أَجَلِهِ فَإِنَّ ذَلِكَ لَا يَرُدُّ شَيْئًا وَيُطَيِّبُ بِنَفْسِهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

1572. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जब तुम मरीज़ के पास जाओ

तो इस के दराज़ी ए उम्र की बात करो, बिलाशुबा यह तकदीर पर तो नहीं बदल सकता लेकिन इस का दिल खुश हो जाएगा| तिरमिज़ी इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया यह हदीस गरीब है | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2087) و ابن ماجه (1438) * موسى بن محمد: منكر الحديث

١٥٧٣ - (حسن) وَعَن سُلَيْمَان بن صرد قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «مَنْ قَتَلَهُ بَطْنُهُ لَمْ يُعَذَّبْ فِي قَبْرِهِ» رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

1573. सुलैमान बिन सर्द रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जिस शख़्स को इस का पेट (पेट की कोई बीमारी) हलाक कर दे उसे कब्र में अज़ाब नहीं दिया जाएगा| अहमद तिरमिज़ी और इन्होंने फ़रमाया यह हदीस गरीब है| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (4 / 262 ح 18501) و الترمذی (1064) [و النسائی (4 / 198 ح 2054) و للحديث شواهد]

• بَابُ عِيَادَةِ الْمَرِيضِ وَثَوَابِ الْمَرَضِ — मरीज़ की इयादत और मर्ज़ के सवाब का बयान

• الْفَصْلُ الثَّالِث — तीसरी फस्ल

١٥٧٤ - (صَحِيح) عَن أنس قَالَ: كَانَ غُلَامٌ يَهُودِيٌّ يَخْدُمُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَمَرِضَ فَأَتَاهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَعُودُهُ فَقَعَدَ عِنْدَ رَأْسِهِ فَقَالَ لَهُ: «أَسْلِمْ» . فَنَظَرَ إِلَى أَبِيهِ وَهُوَ عِنْدَهُ فَقَالَ: أَطِعْ أَبَا الْقَاسِمِ. فَأَسْلَمَ. فَخَرَجَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ يَقُولُ: «الْحَمْدُ لِلَّهِ الَّذِي أَنْقَذَهُ مِنَ النَّارِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1574. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक यहूदी लड़का नबी ﷺ की खिदमत किया करता था, वह बीमार हुआ तो नबी ﷺ इस की इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) के लिए तशरीफ़ लाए, आप ﷺ ने इस के सिरहाने बैठ कर इसे फ़रमाया: मुसलमान हो जा| इस ने अपने बैठें हुए अपने वालिद की तरफ देखा तो उस ने कहा अबुल कासिम ﷺ की बात मान ले पस वह मुसलमान हो गया तो नबी ﷺ ने यह फरमाते हुए वहाँ से तशरीफ़ लाए : हर किस्म की हम्द व तारीफ और शुक्र अल्लाह के लिए है जिस ने इस को जहन्नम से बचा लिया| (बुखारी .)

رواه البخاری (1356)

١٥٧٥ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ عَادَ مَرِيضًا نَادَى مُنَادٍ

فِي السَّمَاءِ: طِبْتَ وَطَابَ مَمْشَاكَ وَتَبَوَّأْتَ مِنَ الْجَنَّةِ مَنْزِلًا ". رَوَاهُ ابْن مَاجَه

1575. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जो शख़्स मरीज़ की इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) करता है तो आसमान से आवाज़ देने वाला एलान करता है, आप अच्छे रहे और आप का चलना भी अच्छा रहा और आप ने जन्नत में एक घर बना लिया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (1443) * فيه ابو سنان عيسى بن سنان : ضعيف و للحافظ ابن حبان (الاحسان : 296) وهم عجيب

١٥٧٦ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: إِنَّ عَلِيًّا خَرَجَ مِنْ عِنْدِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي وَجَعِهِ الَّذِي تُوُفِّيَ فِيهِ فَقَالَ النَّاسُ: يَا أَبَا الْحَسَنِ كَيْفَ أَصْبَحَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: أَصْبَحَ بِحَمْدِ الله بارئا. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1576. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, अली रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ के मर्ज़-उल-मौत में आप के पास से बहार तशरीफ़ लाए तो सहाबा ने पूछा: अबुल हसन रसूलुल्लाह ﷺ अब कैसे है? उन्होंने कहा: (اَلْحَمْدُلِلهِ) अल्हम्दुलिल्लाह बेहतर है | (बुखारी .)

رواه البخارى (6266)

١٥٧٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَطَاءِ بْنِ أَبِي رَبَاحٍ قَالَ: قَالَ لِي ابْن عَبَّاس رَضِي الله عَنهُ: أَلا أريك امْرَأَة من أهل الْجنَّة؟ فَقلت: بَلَى. قَالَ: هَذِهِ الْمَرْأَةُ السَّوْدَاءُ أَتَتِ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَتْ: إِنِّي أصرع وَإِنِّي أتكشف فَادع الله تَعَالَى لي. قَالَ: «إِنْ شِئْتِ صَبَرْتِ وَلَكِ الْجَنَّةُ وَإِنْ شِئْتِ دَعَوْت الله تَعَالَى أَنْ يُعَافِيَكِ» فَقَالَتْ: أَصْبِرُ فَقَالَتْ: إِنِّي أَتَكَشَّفُ فَادْعُ اللَّهَ أَنْ لَا أَتَكَشَّفَ فَدَعَا لَهَا

1577. अता बिन अबी रबाह बयान करते हैं, इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने मुझे फ़रमाया क्या मैं तुम्हें खातून ए जन्नत न दिखाऊ? मैंने कहा क्यों नहीं! ज़रूर दिखाइए उन्होंने फ़रमाया : यह सिया फाम खातून नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई तो इस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल, मुझे मिर्गी का दौरा पड़ता है तो मेरा सतर खुल जाता है| आप ﷺ ने फ़रमाया अगर तू चाहे तो सब्र कर और तेरे लिए जन्नत है और अगर तू जाहे तो में अल्लाह से दुआ करता हूँ की वह तुम्हें सेहत अता फरमाए | इस खातून ने अर्ज़ किया, मैं सब्र करुँगी फिर उस ने अर्ज़ किया, क्यूंकि मेरा सतर खुल जाता है लिहाज़ा आप अल्लाह से दुआ फरमाए की मेरा सतर न खुला करे, आप ﷺ ने उस के लिए दुआ फरमाई| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (5652) و مسلم (54 / 2576)، (6571)

١٥٧٨ - (صَحِيح) وَعَنْ يَحْيَى بْنِ سَعِيدٍ قَالَ: إِنَّ رَجُلًا جَاءَهُ الْمَوْتُ فِي زَمَنِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ رجل: هيئا لَهُ مَاتَ وَلَمْ يُبْتَلَ بِمَرَضٍ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَيْحَكَ وَمَا يُدْرِيكَ لَوْ أَنَّ اللَّهَ ابْتَلَاهُ بِمَرَضٍ فَكَفَّرَ عَنهُ من سيئاته» . رَوَاهُ مَالك مُرْسلا

1578. याह्या बिन सईद रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, किसी आदमी को रसूलुल्लाह ﷺ के दौर में मौत आई तो किसी आदमी ने कहा, इस की खुश नसीबी है की वह किसी मर्ज़ में मुब्तिलाह हुए बगैर फौत हो गया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: तुझ पर अफ़सोस है तुम्हें क्या मालुम? कि अगर अल्लाह इसे किसी मर्ज़ में मुब्तिलाह करता तो वह इस के गुनाह मिटा देता| इमाम मालिक रहिमहुल्लाह ने इसे मुरसल रिवायत कहा है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه مالک (2 / 942 ح 1817) * السند مرسل

١٥٧٩ - (حسن) وَعَن شَدَّاد بن أَوْس والصنابحي أَنَّهُمَا دَخَلَا عَلَى رَجُلٍ مَرِيضٍ يَعُودَانِهِ فَقَالَا لَهُ: كَيفَ أَصبَحت قَالَ أَصبَحت بِنِعْمَة. فَقَالَ لَهُ شَدَّادٌ: أَبْشِرْ بِكَفَّارَاتِ السَّيِّئَاتِ وَحَطِّ الْخَطَايَا فَإِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " إِنَّ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ يَقُولُ إِذَا أَنَا ابْتَلَيْتُ عَبْدًا مِنْ عِبَادِي مُؤْمِنًا فَحَمِدَنِي عَلَى مَا ابْتَلَيْتُهُ ص:٤٩ فَإِنَّهُ يَقُومُ مِنْ مَضْجَعِهِ ذَلِكَ كَيَوْمِ وَلَدَتْهُ أُمُّهُ مِنَ الْخَطَايَا. وَيَقُولُ الرَّبُّ تَبَارَكَ وَتَعَالَى: أَنَا قَيَّدْتُ عَبْدِي وَابْتَلَيْتُهُ فَأَجْرُوا لَهُ مَا كُنْتُمْ تُجْرُونَ لَهُ وَهُوَ صَحِيح ". رَوَاهُ احْمَد

1579. शद्दाद बिन औस रदियल्लाहु अन्हु और सनाबिः रहिमहुल्लाह से रिवायत है कि वह किसी मरीज़ की इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) के लिए गए तो इन्होंने इस से कहा तुम्हारा क्या हाल है? उस ने कहा मुझ पर नेअमत और फज़्ल है, इस पर शद्दाद रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया : गुनाहो और खताओ के माफ़ हो जाने पर खुश हो जाओ क्यूंकि मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना : बेशक अल्लाह अज्ज़वजल फरमाता है, जब मैं अपने किसी मोमिन बंदे को आजमाता हूँ, तो वह मेरी इस आजमाने पर मेरी हम्द और शुक्र बजा लाता है, तो वह अपने इस बिस्तर से उस रोज़ की तरह गुनाहों से पाक साफ उठता है जिस रोज़ इस की वालिदा ने इसे जन्म दिया था, और रब तबारक व त आला फरमाता है मैंने अपने बंदे को रोके रखा और इसे आज़माईश में डाला, तुम इसे वैसे ही अजर अता करदो जिस तरह तुम इस की सेहत मंद होने की सूरत में अजर दिया करते थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (4 / 123 ح 17248) [و ابن عساکر (28 / 121122) * و لبعض الحديث شواهد معنوية عند الحاکم (4 / 313) وغيره ، و انظر المسند الجامع (7 / 346 بتحقيقى) و الحمدلله

١٥٨٠ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا كَثُرَتْ ذُنُوبُ الْعَبْدِ وَلَمْ يَكُنْ لَهُ مَا يُكَفِّرُهَا مِنَ الْعَمَلِ ابْتَلَاهُ اللَّهُ بِالْحَزَنِ لِيُكَفِّرَهَا عَنهُ» . رَوَاهُ أَحْمد

1580. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जब बंदे के गुनाह बहुत ज़्यादा हो जाते हैं और इस का ऐसा कोई अमल नहीं होता, जो इन गुनाहों का कफ्फारा बन जाए तो अल्लाह इसे हुज्न व ग़म में मुब्तिलाह कर देता है, ताकी वह इस के गुनाहों का कफ्फारह बन जाए| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (6 / 157 ح 25750) * ليث بن ابی سليم : ضعيف

١٥٨١ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ عَادَ مَرِيضًا لَمْ يَزَلْ يَخُوضُ الرَّحْمَةَ حَتَّى يَجْلِسَ فَإِذَا جَلَسَ اغتمس فِيهَا» . رَوَاهُ مَالك وَأحمد

1581. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जो शक्स किसी मरीज़ की इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) करता है तो वह रहमत में दाखिल होता चला जाता है, हत्ता कि वह (इस के पास) बैठ जाता है पस जब वह बैठ जाता है तो वह इस (रहमत) में गोतज़न हो जाता है | (ज़ईफ़,मुस्लिम)

سنده ضعيف ، رواه مالک (2 / 946 ح 1826 بدون سند) و احمد (3 / 304) * هشيم مدلس و عنعن و لبعض الحديث شواهد عند مسلم 2568)، (6551) و البخاری فی الادب المفرد (522) و غيرهما و حديث مسلم يغنی عنه

١٥٨٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ ثَوْبَانَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِذَا أَصَابَ أَحَدَكُمُ الْحُمَّى فَإِنَّ الْحمى قِطْعَة من النَّار فليطفها عَنْهُ بِالْمَاءِ فَلْيَسْتَنْقِعْ فِي نَهْرٍ جَارٍ وَلْيَسْتَقْبِلْ جِرْيَتَهُ فَيَقُولُ: بِسْمِ اللَّهِ اللَّهُمَّ اشْفِ عَبْدَكَ وَصدق رَسُولك بعد صَلَاة الصُّبْح وَقبل طُلُوعِ الشَّمْسِ وَلْيَنْغَمِسْ فِيهِ ثَلَاثَ غَمْسَاتٍ ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ فَإِنْ لَمْ يَبْرَأْ فِي ثَلَاثٍ فَخَمْسٍ فَإِنْ لَمْ يَبْرَأْ فِي خَمْسٍ فَسَبْعٍ فَإِنْ لَمْ يَبْرَأْ فِي سَبْعٍ فَتِسْعٍ فَإِنَّهَا لَا تَكَادُ تُجَاوِزُ تِسْعًا بِإِذْنِ اللَّهِ عَزَّ وَجَلَّ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: ص:٤٩ هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

1582. सौबान रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जब तुम में से किसी को बुखार हो जाए क्यूंकि बुखार आग का एक टुकड़ा है तो इसे पानी के ज़रिए ठंडा करो, वह किसी नहरवान में दाखिल हो जाए और जिधर से पानी आरहा है, उस तरफ मूँ करे और यह दुआ पढ़े अल्लाह के नाम के साथ ऐ अल्लाह अपने बंदे को शिफा अता फरमा और अपने रसूल ﷺ की तस्दीक फरमा और यह अमल तुलुए सुबह के बाद से तुलु ए आफ़ताब से पहले पहले करे और तीन दीन इस में तीन गोते लगाए अगर तीन दीन में ठीक न होतो पांच दीन अगर पाच दीन में ठीक न होतो फिर सात दीन और अगर सात दीन में ठीक न हो तो फिर नौ दीन और अल्लाह अज्ज़वजल के हुक्म से नौ दीन से ज्यादह नहीं होगा |तिरमिज़ी और इन्होंने फ़रमाया यह हदीस गरीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2084) * سعيد بن زرعة الحمصی الشامی : مستور

١٥٨٣ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: ذُكِرَتِ الْحُمَّى عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَسَبَّهَا رَجُلٌ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَسُبَّهَا فَإِنَّهَا تَنْفِي الذُّنُوبَ كَمَا تَنْفِي النَّارُ خَبَثَ الْحَدِيدِ» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

1583. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के पास बुखार का ज़िक्र किया गया तो, किसी आदमी ने इसे बुरा भला कहा तो नबी ﷺ ने फ़रमाया : इसे बुरा भला ना कहो, क्यूंकि वह गुनाहों को ऐसे साफ कर देता है, जैसे आग लोहे के मैल कुचैल दूर कर देती है | (सहीह,ज़ईफ़,मुस्लिम)

صحيح ، رواه ابن ماجه (3469) * ابو الزبير عنعن فالسند ضعيف وله شواهد عند مسلم (2575) و غيره و انظر تنقيح الرواة (1 / 304)

١٥٨٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَادَ مَرِيضًا فَقَالَ: " أَبْشِرْ فَإِنَّ اللَّهَ تَعَالَى يَقُولُ: هِيَ نَارِي أُسَلِّطُهَا عَلَى عَبْدِي الْمُؤْمِنِ فِي الدُّنْيَا لِتَكُونَ حَظَّهُ مِنَ النَّارِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ ". رَوَاهُ أَحْمَدُ وَابْنُ مَاجَهْ والْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَان

1584. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि रसूलुल्लाह ﷺ ने किसी मरीज़ की इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) की तो फ़रमाया : खुश हो जाओ, क्यूंकि अल्लाह तआला फरमाता है, वह (बुखार) मेरी आग है, मैं इसे दुनिया में अपने मोमिन बंदे पर मुसल्लत करता हूँ, ताकी वह इस के लिए रोज़े कियामत की आग के हिस्से का (बदला) हो जाए | (सहीह,ज़ईफ़,हसन)

حسن ، رواه احمد (2 / 440 ح 9674) و ابن ماجه (3470) و البیھقی فی شعب الایمان (9844) [و صححه الحاکم (1 / 345) و وافقه الذھبی]
* السند ضعیف شواھد

١٥٨٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِنَّ الرَّبَّ سُبْحَانَهُ وَتَعَالَى يَقُولُ: وَعِزَّتِي وَجَلَالِي لَا أُخْرِجُ أَحَدًا مِنَ الدُّنْيَا أُرِيد أَغْفِرَ لَهُ حَتَّى أَسْتَوْفِيَ كُلَّ خَطِيئَةٍ فِي عُنُقِهِ بِسَقَمٍ فِي بَدَنِهِ وَإِقْتَارٍ فِي رِزْقِهِ ". رَوَاهُ رزين

1585. अनस रदियल्लाहु अन्हु रिवायत करते है की रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : ”रब सुब्हान व तआला फरमाते है मुझे मेरे गलबे व जलाल की क़सम मैं जिसे बख्शने का इरादा कर लु तो मैं इसे दुनिया से नहीं उठाता, हत्ता कि मैं इसे बीमार कर के या इस के रिज्क में तंगी करके इस के जिम्मे तमाम खताओं का पूरा पूरा हिसाब न करलू | ((इस की कोई असल नहीं, रवाह रजिन मुझे नहीं मीली))

لا اصل له ، رواه رزین (لم اجده)

١٥٨٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن شَقِيق قَالَ: مرض عبد الله بن مَسْعُود فَعُدْنَاهُ فَجَعَلَ يَبْكِي فَعُوتِبَ فَقَالَ: إِنِّي لَا أَبْكِي لِأَجْلِ الْمَرَضِ لِأَنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «الْمَرَضُ كَفَّارَةٌ» وَإِنَّمَا أبْكِي أَنه أَصَابَنِي عَلَى حَالِ فَتْرَةٍ وَلَمْ يُصِبْنِي فِي حَال اجْتِهَاد لِأَنَّهُ يكْتب للْعَبد من الْأَجْرِ إِذَا مَرِضَ مَا كَانَ يُكْتَبُ لَهُ قَبْلَ أَنْ يَمْرَضَ فَمَنَعَهُ مِنْهُ الْمَرَضُ. رَوَاهُ رَزِينٌ

1586. शकिक रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बीमार हो गए, तो हम इन की इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) के लिए गए तो वह रोने लगे पस इस पर इन को मलामत किया गया तो उन्होंने फारमाया मैं मर्ज् की वजह से नहीं रोता, क्यूंकि मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना : मर्ज़ (गुनाहों का) कफ्फारा होता है, मैं तो इसलिए रोता हूँ कि यह (मर्ज़) मुझे बुढ़ापे की उमर मे लाहक़ हुआ है और मख्त और मशक्कत करने के दौर में लाहक़ नहीं हुआ, क्यूंकि जब आदमी बीमार हो जाता है तो इस के लिए वही अज्र लिखा जाता है जो इस के बीमार होने से पहले लिखा जाता था और अब सिर्फ मर्ज़ ने इसे (वह आमाल

बजा लेने से) रोक रखा है | ((इस की कोई असल नहीं, रवाह रजिन मुझे नहीं मीली))

لا اصل له ، رواه رزين (لم اجده)

١٥٨٧ - (ضَعِيف جدا) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَا يَعُودُ مَرِيضًا إِلَّا بَعْدَ ص:٤٩ ثَلَاثٍ. رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

1587. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ तीन दिन के बाद इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) के लिए जाया करते थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه ابن ماجه (1437) و البيهقى فى شعب الايمان (9216)

١٥٨٨ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ ك قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا دَخَلْتَ عَلَى مَرِيضٍ فَمُرْهُ يَدْعُو لَكَ فَإِنَّ دُعَاءَهُ كَدُعَاءِ الْمَلَائِكَةِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ

1588. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जब तुम मरीज़ के पास जाओ तो इससे कहो की वह तुम्हारे हक में दुआ करे, क्यूंकि इस की दुआ फरिश्तो जैसी है | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (1441) * ميمون بن مهران : لم يسمع من عمر ، قاله المنذرى

١٥٨٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: مِنَ السُّنَّةِ تَخْفِيفُ الْجُلُوسِ وَقِلَّةُ الصَّخَبِ فِي الْعِيَادَةِ عِنْدَ الْمَرِيضِ قَالَ: وَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا كَثُرَ لَغَطُهُمْ وَاخْتِلَافُهُمْ: «قُومُوا عَنِّي» رَوَاهُ رزين

1589. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मरीज़ की इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) करते वक़्त इस के पास मुख्तसर वक़्त के लिए बैठना और शोर कम करना सुन्नत है | (ज़ईफ़)

لا اصل له ، رواه رزين (لم اجده) * و فى الباب حديث منقطع عن على رضى الله عنه ، البزار (كشف الاستار :777) و سنده ضعيف

١٥٩٠ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم: «العيادة فوَاق نَاقَة»

1590. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया : इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) (इतने वक़्त के लिए करनी चाहिए) जितना वक़्त दूध की धार निकालने के दरमियान होता है | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (9222) * سنده :’’ ايوب بن الوليد الضرير : ثنا شعيب بن حرب : نا ابو عبدالله (العرنى) : نا اسماعيل بن القاسم عن انس بن مالک ‘‘ و فيه جماعة لم اعرفهم

١٥٩١ - (ضَعِيف) وَفِي رِوَايَةِ سَعِيدِ بْنِ الْمُسَيَّبِ مُرْسَلًا: «أَفْضَلُ الْعِيَادَةِ سُرْعَةُ الْقِيَامِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَان

1591. और सईद बिन मुसय्यब रहिमहुल्लाह की मुरसल रिवायत में है बेहतरीन इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) वह जिस में (इयादत करके) जल्दी उठ जाए| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه البیهقی فی شعب الایمان (9221) * فیه شیخ من البصریین : مجھول

١٥٩٢ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَادَ رَجُلًا فَقَالَ لَهُ: «مَا تستهي؟» قَالَ: أشتهي خبز بر. قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ كَانَ عِنْدَهُ خُبْزُ بُرٍّ فَلْيَبْعَثْ إِلَى أَخِيهِ» . ثُمَّ قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا اشْتَهَى مَرِيضُ أحدكُم ص:٥٠ شَيْئا فليطعمه» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

1592. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है कि नबी ﷺ ने किसी आदमी की इयादत की तो फ़रमाया: किस चीज़ का दिल चाहता है? उस ने अर्ज़ किया, गंदुम की रोटी, नबी ﷺ ने फ़रमाया : जिस शख़्स के पास गंदुम की रोटी हो तो वह इसे अपने भाई के पास दे, फिर नबी ﷺ ने फारमाया : जब तुम्हारे किसी मरीज़ का किसी चीज़ को दिल चाहे तो वह खिला दिया करो| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابن ماجه (1439) * صفوان بن ھبیرة : لین الحدیث

١٥٩٣ - (حسن) وَعَن عبد الله بن عَمْرو قَالَ ك تُوُفِّيَ رَجُلٌ بِالْمَدِينَةِ مِمَّنْ وُلِدَ بِهَا فَصَلَّى عَلَيْهِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «يَا لَيْتَهُ مَاتَ بِغَيْرِ مَوْلِدِهِ» . قَالُوا وَلِمَ ذَاكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «إِنَّ الرَّجُلَ إِذَا مَاتَ بِغَيْرِ مَوْلِدِهِ قِيسَ لَهُ مِنْ مَوْلِدِهِ إِلَى مُنْقَطَعِ أَثَرِهِ فِي الْجَنَّةِ» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ وَابْن مَاجَه

1593. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मदीने में पैदा होने वाला एक शख़्स फौत हो गया तो नबी ﷺ ने इसकी नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ कर फ़रमाया: काश की यह अपनी पैदाइश की जगह के अलावा किसी और जगह फौत होता, सहाबी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्यूँ? आप ﷺ ने फ़रमाया : बेशक जब कोई आदमीं अपनी पैदाइश की जगह के अलावा किसी जगह फौत होता है तो इस की पैदाइश की जगह से वफात की जगह तक के फासले की बराबर से जन्नत अता कर दी जाती है| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه النسائی (4 / 78 ح 1833) و ابن ماجه (1614) [و صححه ابن حبان (729)]

١٥٩٤ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَوْتُ غُرْبَةٍ شَهَادَةٌ» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

1594. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया परदेस की मौत शहादत है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابن ماجه (1613) * فیه الھذیل بن الحکیم : لین الحدیث و للحدیث شواھد ضعیفة

١٥٩٥ - (مَوْضُوع) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ مَاتَ مَرِيضًا مَاتَ شَهِيدًا أَوْ وُقِيَ فِتْنَةَ الْقَبْرِ وَغُدِيَ وَرِيحَ عَلَيْهِ بِرِزْقِهِ مِنَ الْجَنَّةِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

1595. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: जो शख़्स बीमारी की हालत में फौत होता है तो वह शहादत की मौत मरता है उसे कब्र के फितने से बचा लिया जाता है, सुबह व शाम उसे जन्नत से रिज्क पहुंचा दिया जाता है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه ابن ماجه (1615) و البيهقى فى شعب الايمان (9897) * فيه ابراهيم بن محمد الاسلمى متروک متهم

١٥٩٦ - (صَحِيح) عَن الْعِرْبَاضِ بْنِ سَارِيَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " يَخْتَصِمُ الشُّهَدَاءُ وَالْمُتَوَفَّوْنَ على فرشهم إِلَى رَبنَا فِي الَّذِينَ يُتَوَفَّوْنَ مِنَ الطَّاعُونِ فَيَقُولُ الشُّهَدَاءُ: إِخْوَانَنَا قتلوا كَمَا قتلنَا وَيَقُول: المتوفون على فرشهم إِخْوَانُنَا مَاتُوا عَلَى فُرُشِهِمْ كَمَا مِتْنَا فَيَقُولُ رَبنَا: انْظُرُوا إِلَى جراحهم فَإِن أشبهت جراحهم ص:٥٠ جِرَاحَ الْمَقْتُولِينَ فَإِنَّهُمْ مِنْهُمْ وَمَعَهُمْ فَإِذَا جِرَاحُهُمْ قد أشبهت جراحهم ". رَوَاهُ أَحْمد وَالنَّسَائِيّ

1596. अरबाज़ बिन सारीय रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: शुहदा और अपने बिस्तरों पर वफात पाने वाले, ताउन की वजह से फौत होने वालो के बारे में हमारे रब अज्ज़वजल के सामने मुकदमा पेश करेंगे, तो शुहदा अर्ज़ करेगा हमारे भाई हैं वह वैसे ही शहीद किए गए जैसे हम शहीद किये गए, जबकि फौत होने वाले कहेंगे यह हमारे भाई हैं यह भी अपने बिस्तरों पर फौत हुए, जीस तरह हम फौत हुए हमारा रब फरमाएगा, इन के ज़ख़्म देखो अगर तो इन के ज़ख़्म मक्तुलिन (शुहदा) के ज़ख्मो की तरह है तो फिर यह इन में से है और इन के साथ है पास इन के ज़ख्म इन्ही के ज़ख्मो से मुशाबे थे| (हसन)

حسن ، رواه احمد (4 / 128129 ح 17291) و النسائى (6 / 3738 ح 3166)

١٥٩٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْفَارُّ مِنَ الطَّاعُونِ كَالْفَارِّ مِنَ الزَّحْفِ وَالصَّابِرُ فِيهِ لَهُ أَجْرُ شَهِيدٍ» . رَوَاهُ أَحْمد

1597. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: ताउन से फरार होने वाला, मैदान ए जिहाद से फरार होने वाले की तरह है और वहां सब्र करने (रुक जाने) वाले के लिए शहीद का सवाब है| (ज़ईफ़,हसन)

اسناده ضعيف جذا ، رواه احمد (3 / 353 ح 14853) * فيه عمرو بن جابر : ضعيف متهم ، و روى احمد (6 / 145 ، 255) بسند حسن عن عائشة رضى الله عنها عن رسول الله صلى الله عليه و آله وسلم قال :’’ الفار من الطاعون کالفار من الزحف‘‘

मौत की तमन्ना करने और उसे याद रखने का बयान • بَاب تمني الْمَوْت وَذكره

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

١٥٩٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَتَمَنَّى أَحَدُكُمُ الْمَوْتَ إِمَّا مُحْسِنًا فَلَعَلَّهُ أَنْ يَزْدَادَ خَيْرًا وَإِمَّا مُسِيئًا فَلَعَلَّهُ أَنْ يستعتب» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1598. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : तुम में से कोई मौत की तमन्ना न करे अगर तो वह नेकोकार है तो शायद नेकी में इजाफा कर ले और अगर वह खताकार है तो शायद वह तौबा कर ले | (बुखारी)

رواه البخاری (5673)

١٥٩٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَتَمَنَّى أَحَدُكُمُ الْمَوْتَ وَلَا يَدْعُ بِهِ مِنْ قَبْلِ أَنْ يَأْتِيَهُ إِنَّهُ إِذَا مَاتَ انْقَطَعَ أَمَلُهُ وَإِنَّهُ لَا يَزِيدُ الْمُؤْمِنَ عُمْرُهُ إِلَّا خيرا» . رَوَاهُ مُسلم

1599. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : तुम में से कोई न मौत की तमन्ना करे न इस के आने से पहले इस के लिए दुआ करे, क्यूंकि जब वह फौत हो जाता है तो इस की उम्मीद मुन्कता हो जाती है और मोमिन की उमर तो उस के लिए खैर व भलाई के इजाफे के बाईस है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (13 / 2682)، (6819)

١٦٠٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا يَتَمَنَّيَنَّ أَحَدُكُمُ الْمَوْتَ مِنْ ضُرٍّ أَصَابَهُ فَإِنْ كَانَ لابد فَاعِلًا فَلْيَقُلِ: اللَّهُمَّ أَحْيِنِي مَا كَانَتِ الْحَيَاةُ خَيْرًا لِي وَتَوَفَّنِي إِذَا كَانَتِ الْوَفَاةُ خَيْرًا لِي "

1600. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : ”तुम में से कोई शख़्स किसी तकलीफ पहुँचने पर मौत की तमन्ना न करे, अगर इस को ज़रूर कहना है तो वह यूँ कहे, “ ऐ अल्लाह! जब तक मेरा जिंदा रहना मेरे लिए बेहतर है तब तक मुझे जिंदा रखना और जब वफात मेरे लिए बेहतर हो तो मुझे (दुनिया से) उठा लेना | (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (5671) و مسلم (10 / 2680)، (6814)

١٦٠١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَحَبَّ لِقَاءَ اللَّهِ أَحَبَّ اللَّهُ

لِقَاءَهُ وَمَنْ كَرِهَ لِقَاءَ اللَّهِ كَرِهَ اللَّهُ لِقَاءَهُ» فَقَالَتْ عَائِشَةُ أَوْ بَعْضُ أَزْوَاجِهِ: إِنَّا لَنَكْرَهُ الْمَوْتَ قَالَ: «لَيْسَ ذَلِكَ وَلَكِنَّ الْمُؤْمِنَ إِذَا حَضَرَهُ الْمَوْتُ بُشِّرَ بِرِضْوَانِ اللَّهِ وَكَرَامَتِهِ فَلَيْسَ شَيْءٌ أَحَبَّ إِلَيْهِ مِمَّا أَمَامَهُ ص: ٥٠ فَأَحَبَّ لِقَاءَ اللَّهِ وَأَحَبَّ اللَّهُ لِقَاءَهُ وَإِنَّ الْكَافِرَ إِذَا حضر بشر بِعَذَاب الله وعقوبته فَلَيْسَ شَيْءٌ أكره إِلَيْهِ مِمَّا أَمَامَهُ فَكَرِهَ لِقَاءَ اللَّهِ وَكَرِهَ الله لقاءه»

1601. उबदाह बिन सामित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : जो शख़्स अल्लाह से मुलाकात करना पसंद करता है आइशा रदियल्लाहु अन्हा या आप की किसी और जौजा ए मुहतरम ने फ़रमाया बेशक हम तो मौत को नापसंद करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया : यह बात नहीं है बल्कि मोमिन को मौत आती है तो इसे अल्लाह की रजामंदी और इस की इज्ज़त अफ्जाई की बशारत दी जाती है, तो फिर जो इस के आगे होने वाला होता है, वह इस सब से ज़्यादा मेहबूब होता है, लिहाज़ा वह अल्लाह से मुलाक़ात करना पसंद करता है और अल्लाह इस से मुलाकात करना पसंद करता है, और जब काफ़िर को मौत आती है तो इसे अल्लाह अजाब और इस की सज़ा की बशारत दी जाती है, तो फिर इस को मुस्तकबिल से ज्यादह नागवार चीज़े नज़र नहीं आती, तो वह अल्लाह से मुलाक़ात करना नापसंद करता है और अल्लाह इस से मिलना नापसंद करता है| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (6507) و مسلم (14 / 2683)، (6820)

١٦٠٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَفِي رِوَايَةِ عَائِشَةَ: «وَالْمَوْتَ قَبْلَ لِقَاء الله»

1602. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से मरवी रिवायत में है : अल्लाह की मुलाक़ात से पहले मौत है | (मुस्लिम)

رواه مسلم (15 / 2684)، (6822)

١٦٠٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي قَتَادَةَ أَنَّهُ كَانَ يُحَدِّثُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مُرَّ عَلَيْهِ بِجِنَازَةٍ فَقَالَ: «مُسْتَرِيحٌ أَوْ مُسْتَرَاحٌ مِنْهُ» فَقَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا المستريح والمستراح مِنْهُ؟ فَقَالَ: «الْعَبْدُ الْمُؤْمِنُ يَسْتَرِيحُ مِنْ نَصَبِ الدُّنْيَا وَأَذَاهَا إِلَى رَحْمَةِ اللَّهِ وَالْعَبْدُ الْفَاجِرُ يستريح مِنْهُ الْعباد والبلاد وَالشَّجر وَالدَّوَاب»

1603. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु हदीस बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के पास से एक जनाज़ा गुजरा तो आप ﷺ ने फ़रमाया: यह राहत पा गया दूसरे इस से राहत पा गए, सहाबी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! यह राहत पा गया दूसरे इस से राहत पा गए इससे क्या मुराद है? तो आप ﷺ ने फ़रमाया : बंदा मोमिन दुनिया की मुश्किलात और तकलीफों से राहत पा कर अल्लाह की रहमत की तरफ जाता है जबकि फाजिर शख़्स से इबादी व बिलादी और दरख़्त और हैवानात राहत पा जाते हैं| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (6512) و مسلم (61 / 950)، (2202)

١٦٠٤ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: أَخَذَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِمَنْكِبِي فَقَالَ: «كُنْ فِي الدُّنْيَا كَأَنَّكَ

غَرِيبٌ أَوْ عَابِرُ سَبِيلٍ» . وَكَانَ ابْنُ عُمَرَ يَقُولُ: إِذَا أَمْسَيْتَ فَلَا تَنْتَظِرِ الصَّبَاحَ وَإِذَا أَصْبَحْتَ فَلَا تَنْتَظِرِ الْمَسَاءَ وَخُذْ مِنْ صِحَّتِكَ لِمَرَضِكَ وَمِنْ حياتك لموتك. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1604. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे कंधे से पकड़ कर फ़रमाया: “दुनिया में किसी अजनबी शख़्स या किसी राह गुज़र की तरह रहो”, और इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा फ़रमाया करते थे जब शाम हो जाए तो सुबह का इंतज़ार न करो और जब सुबह हो जाए तो फिर शाम का इंतज़ार न करो और सेहत में अपने बीमारी के लिए और अपने हयात से अपने मौत के लिए तोशा हासिल करो| (बुखारी)

رواه البخارى (6416)

١٦٠٥ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَبْلَ مَوْتِهِ بِثَلَاثَةِ أَيَّامٍ يَقُولُ: «لَا يَمُوتَنَّ أَحَدُكُمْ إِلَّا وَهُوَ يُحْسِنُ الظَّنَّ بِاللَّه» . رَوَاهُ مُسلم

1605. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को आप की वफात से तीन रोज़ कब्ल फरमाते हुए सुना। तुम्हें अल्लाह से हुस्नेज़न की सूरत में मौत आनी चाहिए | (मुस्लिम)

رواه مسلم (81 / 2877)، (7229)

बाب تمني الْمَوْت وَذكره — मौत की तमन्ना करने और उसे याद रखने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي — दूसरी फस्ल

١٦٠٦ - (ضَعِيف) عَنْ مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِن شِئْتُم أنبأتكم مَا أَوَّلُ مَا يَقُولُ اللَّهُ لِلْمُؤْمِنِينَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ؟ وَمَا أَوَّلُ مَا يَقُولُونَ لَهُ؟» قُلْنَا: نَعَمْ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: " إِنَّ اللَّهَ يَقُول لِلْمُؤْمِنين هَل أَحْبَبْتُم لقائي؟ فَيَقُولُونَ نَعَمْ يَا رَبَّنَا فَيَقُولُ: لِمَ؟ فَيَقُولُونَ: رَجَوْنَا عَفْوَكَ وَمَغْفِرَتَكَ. فَيَقُولُ: قَدْ وَجَبَتْ لَكُمْ مَغْفِرَتِي ". رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ وَأَبُو نُعَيْمٍ فِي الْحِلْيَة

1606. मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: अगर तुम चाहो तो मैं तुम्हें बता देता हूँ की रोज़ ए कियामत सब से पहले अल्लाह मोमिनो से क्या फरमाएगा और वह सब से पहले इस से क्या अर्ज़ करेगा? हम ने अर्ज़ किया, जी हाँ! अल्लाह के रसूल! आप ने फ़रमाया : अल्लाह मोमिनो से फरमायेगा क्या तुम मुझे मिलना पसंद करते थे? वह अर्ज़ करेगा, जी हाँ! हमारे परवरदिगार! वह पूछेगा किस लिए? वह अर्ज़ करेंगे हमें आप की दरगुज़र और मगफिरत की उम्मीद थी, वह फरमाएगा पस मेरी मगफिरत

तुम्हारे लिए वाजिब हो गई| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (5 / 268269 ح 1452) و ابونعيم فى حلية الاولياء (8 / 179) [و احمد (5 / 238] * فيه عبيد الله بن زخر ضعيف الجمهور

١٦٠٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَكْثِرُوا ذِكْرَ هَاذِمِ اللَّذَّاتِ الْمَوْتِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيّ وَابْن مَاجَه

1607. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : लज्ज़तो को काट देने वाली मौत को कसरत से याद किया करो | (सहीह,हसन,मुस्लिम)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (2307 وقال : حسن غريب) و النسائى (4 / 4 ح 1825) و ابن ماجه (4258) [و صححه ابن حبان (25592562) و الحاكم على شرط مسلم (4 / 321) و وافقه الذهبى]

١٦٠٨ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ أَنَّ نَبِيَّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ ذَاتَ يَوْمٍ لِأَصْحَابِهِ: «اسْتَحْيُوا مِنَ اللَّهِ حَقَّ الْحَيَاءِ» قَالُوا: إِنَّا نَسْتَحْيِي مِنَ اللَّهِ يَا نَبِيَّ اللَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ قَالَ: «لَيْسَ ذَلِكَ وَلَكِنَّ مَنِ اسْتَحْيَى مِنَ اللَّهِ حَقَّ الْحَيَاءِ فَلْيَحْفَظِ الرَّأْسَ وَمَا وَعَى وَلْيَحْفَظِ الْبَطْنَ وَمَا حَوَى وَلْيَذْكُرِ الْمَوْتَ وَالْبِلَى وَمَنْ أَرَادَ الْآخِرَةَ تَرَكَ زِينَةَ الدُّنْيَا فَمَنْ فَعَلَ ذَلِكَ فَقَدِ اسْتَحْيَى مِنَ اللَّهِ حَقَّ الْحَيَاءِ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ ص:٥٠ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

1608. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि नबी ﷺ ने एक रोज़ अपने सहाबी से फ़रमाया: अल्लाह से हया करो जिस तरह इस से हया करने का हक है| उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के नबी! (اَلْحَمْدُلِلِهِ) अल्हम्दुलिल्लाह हम अल्लाह से हया करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया यह बात नहीं है बल्कि जो शख़्स अल्लाह से ऐसी हया करता है जैसा हया करने का हक है, तो वह सर और वह चीजों की जो सर में है (आँख, कान, ज़बान) की हिफाज़त करे और वह पेट और इस के मुत्तल्लिकात (शर्मगाह, हाथ, पांव और दिल वगैरा) की हिफाज़त करे वह मौत और बोसीदा होने को याद रखे, और जो आखिरत चाहता है वह दुनिया तर्क कर दे, जो शख़्स इस तरह करे तो इस ने अल्लाह से ऐसी हया किया जैसे इस से हया करने का हक है| (सहीह,ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه احمد (1 / 387 ح 3671) و الترمذى (2458) [و صححه الحاكم (4 / 323) و وافقه الذهبى و للحديث شواهد] * صباح بن محمد ضعيف و للحديث شواهد ضعيفة

١٦٠٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبد الله بن عَمْرو قَالَ ك قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تُحْفَةُ الْمُؤْمِنِ الْمَوْتُ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَان

1609. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : मौत मोमिन के लिए तोहफा है | (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (9884) * فيه عبد الرحمن الافريقى ضعيف ولم اقف على سند الطبرانى فى الكبير وقول بعض

العلماء ’’ اسناده جيد ‘‘ و ’’ رجاله ثقات ‘‘ لا يفيد حتى نقف على سند الطبرانى لان يساهل هولاء الناقلين مشهور

١٦١٠ - (صَحِيح) وَعَنْ بُرَيْدَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْمُؤْمِنُ يَمُوتُ بِعَرَقِ الْجَبِينِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ وَابْن مَاجَه

1610. बुरैदाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : मोमिन मरता है तो इस की पेशानी पर पसीना आ जाता| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (982 وقال : حسن) و النسائى (4 / 56 ح 18291830) و ابن ماجه (1452) [و صححه ابن حبان (الاحسان : 3000) و الحاكم على شرط الشيخين (1 / 361) و وافقه الذهبى]

١٦١١ - (صَحِيح) وَعَنْ عُبَيْدِ اللَّهِ بْنِ خَالِدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَوْتُ الْفُجَاءَةِ أَخْذَةُ الْأَسَفِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَزَادَ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ وَرَزِينٌ فِي كِتَابِهِ: «أَخْذَةُ الأسف لِلْكَافِرِ وَرَحْمَة لِلْمُؤمنِ»

1611. अब्दुल्लाह बिन खालिद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया : अचानक मौत गज़ब की गिरफ्त है| अबू दावुद, इमाम बयहकी रहिमहुल्लाह ने शौबुल इमान में और रजिन ने अपनी किताब में यह इजाफा नक़ल किया है: गज़ब की पकड़ काफ़िर के लिए जबकि मोमिन के लिए रहमत है | (सहीह,ज़ईफ़,मुस्लिम)

صحيح ، رواه ابوداؤد (3110 و اسناده صحيح) و البيهقى فى شعب الايمان (10218 ، و السنن الكبرىٰ 3 / 379 و سند ه ضعيف ، فيه عبيدالله بن الوليد الوصا فى ضعيف) و رزين (لم اجده) * و للحديث طريق موقوف عند البيهقى فى سننه (3 / 379) و سنده ضعيف ، الاعمش مدلس و عنعن و حديث البخارى (6512) و مسلم (950) يغنى عنه ، و للحديث شاهد ضعيف) قلت : لفظه ’’ اخذة الاسف للكافر و رحمة للمومن ‘‘ ضعيف لم يصح

١٦١٢ - (حسن) وَعَن أنس قَالَ: دخل النَّبِي عَلَى شَابٍّ وَهُوَ فِي الْمَوْتِ فَقَالَ: «كَيْفَ تجدك؟» قَالَ: أرجوالله يَا رَسُولَ اللَّهِ وَإِنِّي أَخَافُ ذُنُوبِي فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَجْتَمِعَانِ فِي قَلْبِ عَبْدٍ فِي مِثْلِ هَذَا الْمَوْطِنِ إِلَّا أَعْطَاهُ اللَّهُ مَا يَرْجُو وَآمَنَهُ مِمَّا يَخَافُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ هَذَا حَدِيث غَرِيب

1612. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ एक नौजवान शख़्स के पास गए जबकि वह नजा की हालत में था, आप ने फ़रमाया: तुम कैसा महसूस करते हो? उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैं अल्लाह से उम्मीद रखता हूँ और अपने गुनाहों से डरता हूँ, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया इस मौके पर किसी बंदे के दील में वह चीज़े (उम्मीद और खौफ) इकट्ठी हो जाए, तो अल्लाह इसे वह चीज़ अता फरमा देता है जिस की वह उम्मीद करता है और जिस चीज़ से वह डरता रहा होता है इस से इसे बे खौफ कर देता है| (सहीह,हसन)

حسن ، رواه الترمذى (983) و ابن ماجه (4261) [و صححه ابن الملقن فى تحفة المحتاج (763)]

بَاب تمني الْمَوْت وَذكره •	मौत की तमन्ना करने और उसे याद रखने का बयान
الْفَصْل الثَّالِث •	तीसरी फस्ल

1773. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो सोने चाँदी का मालिक उस का हक़ अदा नहीं करता, तो जब कियामत का दिन होगा तो उस के लिए आग की तख्तिया बनाई जाएगी और उन्हें जहन्नम की आग में तपाया जाएगा, और फिर उन के साथ उस के पहलु उसकी पेशानी और उसकी पुश्त को दागा जाएगा जब वह तख्तिया ठंडी हो जाएगी तो उन्हें गरम करने के लिए दोबारा जहन्नम में लौटाया जाएगा, और यह अमल इस रोज़ मुसलसल जारी रहेगा जिस की मिकदार पचास हज़ार साल होगी, हत्ता कि बंदो के दरमियान फैसला कर दिया जाएगा पस वह अपना रास्ता जन्नत या जहन्नम की तरफ देख लेगा”, अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल! तो ऊंट, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ऊटों का जो मालिक उनकी ज़कात अदा नहीं करता और उनका एक हक़ यह भी है के पानी पिलाने की बारी वाले दिन उनका दूध पानी के घाट पर मौजूद ज़रूरत मंदों के लिए दोहा जाए (और वह यह भी न करे) तो जब कियामत का दिन होगा तो इस शख़्स को एक चटील मैदान मैं इन ऊटों के सामने चेहरे या पुश्त के बल गिरा दीया जाएगा, और यह ऊंट पहले से ज़्यादा मोटे ताज़े होंगे वह उनमें से एक बच्चे को भी गुम नहीं पाएगा, वह अपने खुड़ो से इसे रोंदेगे और अपने मुहों से इसे काटेंगे, जब उनका पहला ऊंट गुज़र जाएगा तो उस पर उनका आखिरी ऊंट फिर लौटा दीया जाएगा और यह सिलसिला इस दिन जिस की मिकदार पचास हज़ार साल होगी जारी रहेगा हत्ता कि बंदो के दरमियान फैसला कर दिया जाएगा, पस वह अपने राह देख लेगा जन्नत की तरफ या जहन्नम की तरफ”, अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल! तो गाय और बकरी आप ﷺ ने फ़रमाया: “गाय और बकरियों का जो मालिक उनका हक़ यानी ज़कात अदा नहीं करता, तो जब कियामत का दिन होगा तो इसे एक चटील मैदान में चेहरे के बल गिरा दीया जाएगा, वह उनमें से किसी एक को भी गुम नहीं पाएगा और उनमें से कोई मरी हुई सींगो वाली होगी न सींगो के बगैर और ना ही किसी के सिंग टूटे हुए होंगे यह अपने सींगो से इसे मारेंगी और अपने खुड़ो से इसे रोंदेगी जब उनमें से पहली उस पर गुज़र जाएगा तो उनकी आखिरी फिर उस पर लौटा दि जाएगी और यह सिलसिला इस दिन जिस की मिकदार पचास हज़ार साल होगी चलता रहेगा हत्ता कि बंदो के दरमियान फैसला कर दिया जाएगा वह अपना रास्ता जन्नत की तरफ या जहन्नम की तरफ देख लेगा”, आप से अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल! तो घोड़े, आप ﷺ ने फ़रमाया: “घोड़े तीन किस्म के है, एक वह जो आदमी के लिए बोझ है, एक वह जो आदमी के लिए परदा है, और एक वह जो आदमी के लिए बाईस ए अज़र है, रहा वह जो उस के लिए गुनाह है, वह आदमी जिस ने रिया फख्र और अहले इस्लाम की दुश्मनी की खातिर इसे बांधा तो इस किस्म का घोड़ा इस शख़्स के लिए गुनाह है, रहा वह जो उस के लिए परदा है, यह वह जिसे कोई आदमी अल्लाह की राह में नेक नियति के साथ बांधे फिर वह उनकी पुश्तो और उनकी गर्दनो के बारे में अल्लाह का हक़ न भूले तो यह उस के लिए परदा (सफ़ेद पोशी का बाईस) है, और रहा वह घोड़ा जो इस शख़्स के लिए बाईस ए अज़र है, तो यह वह है जिसे आदमी ने अल्लाह की राह में जिहाद करने के लिए अहले इस्लाम की खातिर किसी चराह गाह या किसी बाग़ में बांधा यह घोड़ा इस चराह गाह या इस बाग़ से जो कुछ खाएगा तो उसकी खाई गई चीज़ की मिकदार के बराबर उस के लिए नेकियाँ लिखी जाएगी, और अगर वह रस्सी तुड़ा कर एक या दो टीलो पर चढ़ता और कूदता है और वह इस दौरान जितने कदम चलता है और जिस क़दर लेंडी करता है तो उनकी तादाद के मुताबिक इस शख़्स के लिए

नेकियाँ लिखी जाती है, और अगर उस का मालिक इसे किसी नहर से लेकर गुज़रे और वह उस से पानी पि ले हालाँकि वह इसे पानी पिलाना नहीं चाहता था तो वह जिस क़दर पानी पिएंगे तो अल्लाह इसी क़दर उस के लिए नेकियाँ लिख लेगा,‘‘ अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल! तो गधे? आप ﷺ ने फ़रमाया: “गधो के बारे में इस इस एक और जामेअ आयत के अलावा मुझ पर और कुछ नाज़िल नहीं किया गया: “जो कोई ज़र्रा बराबर नेकी करेगा तो वह इसे देख लेगा और जो कोई ज़र्रा बराबर बुराई करेगा तो वह इसे देख लेगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (24 / 987)، (2290)

١٧٧٤ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ آتَاهُ اللَّهُ مَالًا فَلَمْ يُؤَدِّ زَكَاتَهُ مُثِّلَ لَهُ مَالُهُ شُجَاعًا أَقْرَعَ لَهُ زَبِيبَتَانِ يُطَوَّقُهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ يَأْخُذ بِلِهْزِمَتَيْهِ - يَعْنِي بشدقيه - يَقُولُ: أَنَا مَالُكَ أَنَا كَنْزُكَ ". ثُمَّ تَلَا هَذِه الْآيَة: (وَلَا يَحْسَبَنَّ الَّذِينَ يَبْخَلُونَ بِمَا آتَاهُمُ اللَّهُ من فَضله)»» إِلَى آخر الْآيَة. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1774. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह जिस शख़्स को माल अता फरमाए और फिर वह शख़्स उसकी ज़कात अदा न करे, तो रोज़ ए कियामत उस के माल को गंजे अज़दहा की सूरत में बना दीया जाएगा, उसकी आंखो पर दो नुक्ते होंगे, उस को उस के गले का हार बना दीया जाएगा, फिर वह इसे जबड़ो से पकड़ कर कहेगा में तेरा माल हूँ, मैं तेरा खज़ाना हूँ, फिर आप ने यह आयत तिलावत फरमाई: “जो लोग बुखल करते हैं वह यह ख़याल न करे ،،،،،‘‘| (बुखारी)

رواه البخارى (1403)

١٧٧٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي ذَرٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَا مِنْ رَجُلٍ يَكُونُ لَهُ إِبِلٌ أَوْ بَقَرٌ أَوْ غَنَمٌ لَا يُؤَدِّي حَقَّهَا إِلَّا أَتَى بِهَا يَوْمَ الْقِيَامَةِ أعظم مَا يكون وَأَسْمَنَهُ تَطَؤُهُ بِأَخْفَافِهَا وَتَنْطِحُهُ بِقُرُونِهَا كُلَّمَا جَازَتْ أُخْرَاهَا رُدَّتْ عَلَيْهِ أُولَاهَا حَتَّى يُقْضَى بَيْنَ النَّاس»

1775. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस शख़्स के पास ऊंट या गाय या बकरिया हो और वह उनकी ज़कात अदा न करता हो तो उन्हें रोज़ ए कियामत लाया जाएगा तो वह जिस क़दर दुनिया में थी, उस से कहीं बड़ी और ज़्यादा मोटी होगी वह अपने खुड़ो से इसे रोंदेगी और अपने सींगो के साथ इसे मारेंगी जब उनमें से आखिरी गुज़र जाएगी, तो फिर पहली को दोबारा लाया जाएगा और यह सिलसिला जारी रहेगा हत्ता कि लोगों के दरमियान फैसला कर दिया जाएगा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (1460) و مسلم (30 / 990)، (2300)

١٧٧٦ - (صَحِيح) وَعَنْ جَرِيرِ بْنِ عَبْدُ اللَّهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِذا أَتَاكُمُ الْمُصَدِّقُ فَلْيَصْدُرْ عَنْكُمْ وَهُوَ عَنْكُمْ رَاضٍ» . رَوَاهُ مُسلم

1776. जरीर बिन अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब कोई सदका वुसुल करने वाला तुम्हारे पास आए तो जब वह तुम से वापस जाए तो उसे तुम से राज़ी होना चाहिए”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (29 / 989)، (2298)

١٧٧٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدُ اللَّهِ بْنِ أَبِي أَوْفَى رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَتَاهُ قَوْمٌ بِصَدَقَتِهِمْ قَالَ: «اللَّهُمَّ صلى على آل فلَان» . فَأَتَاهُ ص:٥٥ أبي بِصَدَقَتِهِ فَقَالَ: «اللَّهُمَّ صلى الله على آل أبي أوفى»»» وَفِي رِوَايَة: " إِذا أَتَى الرجل النَّبِي بِصَدَقَتِهِ قَالَ: «اللَّهُمَّ صلي عَلَيْهِ»

1777. अब्दुल्लाह बिन अबी अव्फी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब कोई कौम नबी ﷺ के पास सदका लेकर आते तो आप दुआ फरमाते: “अल्लाह फलां की आल पर रहमत फरमा”, जब मेरे वालिद सदका लेकर आप की खिदमत में हाज़िर हुए तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह अबू अव्फा की आल पर रहमत फरमा”, बुखारी, मुस्लिम, एक रिवायत में है जब कोई आदमी अपना सदका लेकर नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर होता तो आप ﷺ फरमाते: “अल्लाह उस पर रहमत फरमा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1497) و مسلم (176 / 1078)، (2492)

١٧٧٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن أَبِي هُرَيْرَةَ. قَالَ: بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عُمَرَ عَلَى الصَّدَقَةِ. فَقِيلَ: مَنَعَ ابْنُ جَمِيلٍ وَخَالِدُ بْنُ الْوَلِيدِ وَالْعَبَّاسُ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا يَنْقِمُ ابْنُ جَمِيلٍ إِلَّا أَنَّهُ كَانَ فَقِيرًا فَأَغْنَاهُ اللَّهُ وَرَسُولُهُ. وَأَمَّا خَالِدٌ فَإِنَّكُمْ تَظْلِمُونَ خَالِدًا. قَدِ احْتَبَسَ أَدْرَاعَهُ وَأَعْتُدَهُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ. وَأَمَّا الْعَبَّاسُ فَهِيَ عَلَيَّ. وَمِثْلُهَا مَعَهَا» . ثُمَّ قَالَ: «يَا عُمَرُ أَمَا شَعَرْتَ أَن عَم الرجل صنوا أَبِيه؟»

1778. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने उमर को सदका वुसुल करने के लिए भेजा तो आप को बताया गया के इब्ने जमील रदियल्लाहु अन्हु खालिद बिन वलीद रदियल्लाहु अन्हु और अब्बास रदियल्लाहु अन्हु ने ज़कात रोक ली है, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इब्ने जमील तो इस वजह से इनकार करता है के वह तंग दस्त था और अल्लाह और उस के रसूल ने इसे माल दार कर दिया है, रहा खालिद, तो तुम खालिद पर ज़ुल्म करते हो इस ने तो अपने ज़िराहे और अलात जंग अल्लाह की राह में वक्फ़ कर रखे है और रहे अब्बास तो उनकी ज़कात और उस के बराबर वह मेरे ज़िम्मा है” फिर फ़रमाया: “उमर क्या आप को मालुम नहीं है आदमी का चचा उस के बाप की तरह होता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1468) و مسلم (11 / 983)، (2277)

١٧٧٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن أبي حميد السَّاعِدِيّ: اسْتَعْمَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَجُلًا مِنَ الأزد يُقَال لَهُ ابْن اللتبية الأتبية عَلَى الصَّدَقَةِ فَلَمَّا قَدِمَ قَالَ: هَذَا لَكُمْ وَهَذَا أُهْدِيَ لِي فَخَطَبَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَحَمِدَ اللَّهَ وَأَثْنَى عَلَيْهِ وَقَالَ: " أَمَّا بَعْدُ فَإِنِّي أَسْتَعْمِلُ رِجَالًا مِنْكُمْ عَلَى أُمُور مِمَّا ولاني الله فَيَأْتِي أحدكم فَيَقُول: هَذَا لكم وَهَذَا هَدِيَّةٌ أُهْدِيَتْ لِي

فَهَلَّا جَلَسَ فِي بَيْتِ أَبِيهِ أَوْ بَيْتِ أَمِّهِ فَيَنْظُرُ أَيُهْدَى لَهُ أَمْ لَا؟ وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَا يَأْخُذُ أَحَدٌ مِنْهُ شَيْئًا إِلَّا جَاءَ بِهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ يَحْمِلُهُ عَلَى رَقَبَتِهِ إِنْ كَانَ بَعِيرًا لَهُ رُغَاءٌ أَوْ بَقَرًا لَهُ خُوَارٌ أَوْ شَاة تَيْعر " ثمَّ رفع يَدَيْهِ حَتَّى رَأينا عفرتي إِبِطَيْهِ ثُمَّ قَالَ: «اللَّهُمَّ هَلْ بَلَّغْتُ اللَّهُمَّ هَل بلغت» . . قَالَ الْخَطَّابِيُّ: وَفِي قَوْلِهِ: «هَلَّا جَلَسَ فِي بَيْتِ أُمِّهِ أَوْ أَبِيهِ فَيَنْظُرُ أَيُهْدَى إِلَيْهِ أَمْ لَا؟» دَلِيلٌ عَلَى أَنَّ كُلَّ أَمْرٍ ص:٥٥ يُتَذَرَّعُ بِهِ إِلَى مَحْظُورٍ فَهُوَ مَحْظُورٌ وَكُلُّ دخل فِي الْعُقُودِ يُنْظَرُ هَلْ يَكُونُ حُكْمُهُ عِنْدَ الِانْفِرَادِ كَحُكْمِهِ عِنْدَ الِاقْتِرَانِ أَمْ لَا؟ هَكَذَا فِي شرح السّنة

1779. अबू हुमैद साअदि रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने अज़दी कबिले के इब्ने लुत्बिया नामी शख़्स को सदकात वुसुल करने पर मामूर फ़रमाया, जब वह वापस आया तो उस ने कहा यह माल तुम्हारे लिए है और यह मुझे हदिया(तोहफ़ा दिया गया है) (यह सुन कर) नबी ﷺ ने खुत्बा इरशाद फ़रमाया तो अल्लाह की हम्द व सना बयान की फिर फ़रमाया: “अम्मा बाद में तुम में से कुछ आदमियों को उन उमूर पर जो अल्लाह ने मेरे सुपुर्द किए है, मामूर करता हूँ तो उनमें से कोई कर कहता है, यह माल तुम्हारे लिए है और यह हदिया है, जो मुझे दिया गया है, वह अपने वालिदा या अपने वालिद के घर क्यों न बैठा रहा और वह देखता के आया इसे हदिया (तोहफ़ा) मिलता है या नहीं? उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मेरी जान है! तुम में से जो शख़्स इस माल सदकात में से जो कुछ लेगा वह रोज़ ए कियामत इसे अपने गर्दन पर उठाए हुए आएगा, अगर वह ऊंट हुआ तो वह आवाज़ कर रहा होगा, अगर गाय हुई तो वह आवाज़ कर रही होगी, और अगर वह बकरी हुई तो वह मिमिया रही होगी”, फिर आप ने अपने हाथ बुलंद किए हत्ता के हमने आप की बगलों की सफेदी देखी फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह क्या मैंने पहुंचा दिया, ऐ अल्लाह! क्या मैंने पहुंचा दिया ?” मुत्तफ़िक़ अलैह, इमाम खत्ताबी ने फ़रमाया: और आप ﷺ की रिवायत के अल्फाज़: “वो अपने माँ या अपने बाप के घर क्यों न बैठा रहा, पस वह यह देखता के आया इसे हदिया तोहफ़ा मिलता है या नहीं ?” में दलील है के हर वह काम जो किसी ममनूअ काम का वसिले बने तो वह भी ममनूअ है और अकद में दाखिल होने वाली हर चीज़ देखी जाएगी के आया जब वह चीज़ अकेली हो, तो इस का हुक्म इसी तरह होगा जिस तरह मिलाने से होगी या नहीं? शरह सुन्ना में इसी तरह है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2597) و مسلم (26 / 1832)، (4738) و البغوی فی شرح السنة (5 / 498 تحت ح 1568)

١٧٨٠ - (صَحِيح) وَعَنْ عَدِيِّ بْنِ عُمَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ اسْتَعْمَلْنَاهُ مِنْكُم على عمر فَكَتَمَنَا مِخْيَطًا فَمَا فَوْقَهُ كَانَ غُلُولًا يَأْتِي بِهِ يَوْم الْقِيَامَة» . رَوَاهُ مُسلم

1780. अदि बिन उमैर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हम तुम में से जिस शख़्स को किसी काम पर मामूर करे और अगर वह हम से एक सुई या उस से भी कोई छोटी चीज़ छिपा ले तो यह खयानत होगी जिसे वह रोज़ ए कियामत लेकर हाज़िर होगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (30 / 1833)، (4743)

ज़कात का बयान • كتاب الزَّكَاة

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

١٧٨١ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: لَمَّا نَزَلَتْ (وَالَّذِينَ يَكْنِزُونَ الذَّهَبَ وَالْفِضَّةَ)»» كَبُرَ ذَلِكَ عَلَى الْمُسْلِمِينَ. فَقَالَ عُمَرُ أَنَا أُفَرِّجُ عَنْكُمْ فَانْطَلَقَ. فَقَالَ: يَا نَبِيَّ اللَّهِ قد كبر على أَصْحَابك هَذِه الْآيَة. فَقَالَ نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ لم يفْرض الزَّكَاة إِلَّا ليطيب بهَا مَا بَقِيَ مِنْ أَمْوَالِكُمْ وَإِنَّمَا فَرَضَ الْمَوَارِيثَ وَذكر كلمة لتَكون لمن بعدكم» قَالَ فَكَبَّرَ عُمَرُ. ثُمَّ قَالَ لَهُ: «أَلَا أُخْبِرُكَ بِخَيْرِ مَا يَكْنِزُ الْمَرْءُ الْمَرْأَةُ الصَّالِحَةُ إِذَا نَظَرَ إِلَيْهَا سَرَّتْهُ وَإِذَا أَمَرَهَا أَطَاعَتْهُ وَإِذَا غَابَ عَنْهَا حفظته» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1781. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब यह आयत: "जो लोग सोना चाँदी ज़खीरा करते हैं ''''''" नाज़िल हुई तो यह मुसलमानों पर बहोत बड़ा गिराह गुज़री, तो उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: में तुम्हारी इस मुश्किल को हल करता हूँ वह गए और अर्ज़ किया, अल्लाह के नबी! यह आयत आप के सहाबा पर बहोत बड़ा गिराह गुज़री है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह ने ज़कात इसलिए फ़र्ज़ की है ताकि वह तुम्हारे बाकी अमवाल को पाक कर दे, और उस ने विरासत को इसलिए फ़र्ज़ किया" रावी कहते हैं आप ने एक कलिमा ज़िक्र किया " ताकि वह तुम्हारे बाद वालो के लिए हो जाए", रावी बयान करते हैं, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने (ख़ुशी के साथ) नारा ए तकबीर बुलंद किया, फिर आप ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: "क्या मैं तुम्हें आदमी के बेहतरीन खज़ाने के मुतल्लिक बताऊँ? वह स्वालेह बीवी है, जब वह उसकी तरफ देखे तो वह इसे खुश कर दे, जब वह इसे हुक्म दे तो वह उसकी इताअत करे और जब वह उस के पास न हो तो वह इस (के तमाम हुकुक) की हिफाज़त करे"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1664) * غيلان بن جامع : رواه عن عثمان بن عمير ابى اليقظان عن جعفر بن اياس عن مجاهد عن ابن عباس به (البيهقى (4 / 83) و ابو اليقظان ضعيف مدلس فالعلة مدمرة

١٧٨٢ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ جَابِرِ بْنِ عَتِيكٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «سَيَأْتِيكُمْ رُكَيْبٌ مُبَغَّضُونَ فَإِذا جاؤكم فَرَحِّبُوا بِهِمْ وَخَلُّوا بَيْنَهُمْ وَبَيْنَ مَا يَبْتَغُونَ فَإِنْ عَدَلُوا ص:٥٦ فَلِأَنْفُسِهِمْ وَإِنْ ظَلَمُوا فَعَلَيْهِمْ وَأَرْضُوهُمْ فَإِنَّ تَمَامَ زَكَاتِكُمْ رِضَاهُمْ وَلْيَدْعُوا لَكُمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1782. जाबिर बिन अतीक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अनकरीब कुछ सवार (छोटे काफला की सूरत में) तुम्हारे पास आएँगे, जिन को तुम ना पसंद करोगे, अगर वह तुम्हारे पास आए तो उन्हें खुशामदीद कहना और (ज़कात की मुद) में जो वह चाहे उन्हें लेने देना, अगर वह इंसाफ करेगा तो अपने फ़ायदा के लिए और अगर वह ज़ुल्म करेंगे तो वह उन की जान पर होगा और उन्हें खुश कर दो क्योंकि तुम्हारी ज़कात का इत्माम उन की रज़ामंदी है और उन्हें तुम्हारे हक़ में दुआ करनी चाहिए"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1588) * صخر بن اسحاق : لين ، و عبد الرحمن بن جابر : مجهول ، و حديث مسلم (989) يغنى عنه ، انظر الحديث الآتى (1783)

١٧٨٣ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ جَرِيرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ قَالَ: جَاءَ نَاسٌ يَعْنِي مِنَ الْأَعْرَابِ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالُوا: إِنَّ نَاسًا مِنَ المصدقين يَأْتُونَا فيظلمونا قَالَ: فَقَالَ: «أَرْضُوا مُصَدِّقِيكُمْ وَإِنْ ظُلِمْتُمْ» رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

1783. जरीर बिन अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कुछ आराबी रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो उन्होंने अर्ज़ किया, सदका वुसुल करने वाले कुछ लोग हमारे पास आते है तो वह हम पर ज़ुल्म करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने सदका वुसुल करने वालो को खुश करो”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! ख्वाह वह हम पर ज़ुल्म करे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने सदका वुसुल करने वालो को खुश करो ख्वाह तुम पर ज़ुल्म किया जाए”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (1589) [و مسلم : 29 / 989، (2298)]

١٧٨٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ بَشِيرِ بْنِ الْخَصَاصِيَّةِ قَالَ: قُلْنَا: أَنَّ أَهْلَ الصَّدَقَةِ يَعْتَدُونَ عَلَيْنَا أَفَنَكْتُمُ مِنْ أَمْوَالِنَا بِقَدْرِ مَا يَعْتَدُونَ؟ قَالَ: «لَا» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1784. बशीर बिन खसासी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमने अर्ज़ किया: के अहल ए सदका हम पर ज़्यादती करते हैं किया हम उनकी ज़्यादती के मुताबिक अपने अमवाल में से छिपा लिया करे फ़रमाया: “नहीं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1586) * ديسم : مستور لم يو ثقه غير ابن حبان

١٧٨٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن رَافع بن خديج قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْعَامِلُ عَلَى الصَّدَقَةِ بِالْحَقِّ كَالْغَازِي فِي سَبِيلِ اللَّهِ حَتَّى يَرْجِعَ إِلَى بَيْتِهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ

1785. राफीअ बिन ख़दीज रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हक सदाकत के साथ सदकात वुसुल करने वाला शख़्स अल्लाह की राह में जिहाद करने वाले शख़्स की तरह है, हत्ता कि वह सदका वुसुल करने वाला अपने घर वापस जाए”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2936) و الترمذى (645 وقال : حسن)

١٧٨٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا جَلَبَ وَلَا جَنَبَ وَلَا تُؤْخَذُ صَدَقَاتُهُمْ إِلَّا فِي دُورِهِمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

1786. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने नबी ﷺ से रिवायत किया आप ﷺ ने फ़रमाया: “ज़कात वुसुल करने वाला ज़कवत से दूर बैठ कर माल ए ज़कवत अपने पास ना

बुलाए न ज़कात देने वाले अपना माल अपने घरो से दूर ले जाए और सदकात उन के घरो में वुसुल किए जाए”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابواؤد (1591)

١٧٨٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ اسْتَفَادَ مَالًا فَلَا زَكَاةَ فِيهِ حَتَّى يحول عيه الْحَوْلُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَذَكَرَ جَمَاعَةٌ أَنَّهُمْ وَقَفُوهُ على ابْن عمر

1787. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स किसी माल से इस्तेफ़ादा करे तो साल गुज़रने से पहले उस पर कोई ज़कात नहीं होगी”| तिरमिज़ी, और उन्होंने एक जमाअत का ज़िक्र किया के उन्होंने इसे इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा पर मौकूफ करार दिया है| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواہ الترمذی (631) * عبد الرحمن بن زید بن اسلم ضعیف جدًا و للحدیث شواھد ضعفة و روی الترمذی (632) بسند صحیح عن ابن عمر رضی اللہ عنه قال :’’ من استفاد مالاً فلا زکوۃ فیه حتی یحول علیه الحول عند ربه ‘‘ و انظر الحدیث الآتی (1810)

١٧٨٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ: أَنَّ الْعَبَّاسَ سَأَلَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ص:٥٦ فِي تَعْجِيل صَدَقَة قَبْلَ أَنْ تَحِلَّ: فَرَخَّصَ لَهُ فِي ذَلِكَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

1788. अली रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के अब्बास रदियल्लाहु अन्हु ने रसूलुल्लाह ﷺ से साल गुज़रने से पहले ही अपने ज़कात जल्द अदा करने के बारे में मसअला दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने इस बारे में उन्हें इजाज़त मरहमत फरमाई| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (1624) و الترمذی (678) و ابن ماجه (1795) و الدارمی (1 / 385 ح 1643) * الحکیم بن عتیبة مدلس و عنعن

١٧٨٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَطَبَ النَّاسَ فَقَالَ: «أَلَا مَنْ وَلِيَ يَتِيمًا لَهُ مَالٌ فَلْيَتَّجِرْ فِيهِ وَلَا يَتْرُكْهُ حَتَّى تَأْكُلَهُ الصَّدَقَةُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: فِي إِسْنَادِهِ مقَال: لِأَن الْمثنى بن الصَّباح ضَعِيف

1789. उमर बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने लोगों को खुत्बा इरशाद फरमाते हुए फ़रमाया: “सुन लो! जो शख़्स किसी यतीम का सरपरस्त बने और यतीम का कुछ माल हो तो वह उस से तिजारत करे और इसे ऐसे ही पड़ा न रहने दे की ज़कात ही इसे ख़तम कर दे”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: उसकी सनद में कलाम है, क्योंकि मुषनि बिन सबाह जईफ है| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذی (641) * و للحدیث طرق کلھا ضعیفة

ज़कात का बयान • كتاب الزَّكَاة

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

١٧٩٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: لَمَّا تُوُفِّيَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَاسْتُخْلِفَ أَبُو بَكْرٍ وَكَفَرَ مَنْ كَفَرَ مِنَ الْعَرَبِ قَالَ عُمَرُ: يَا أَبَا بَكْرٍ كَيْفَ تُقَاتِلُ النَّاسَ وَقَدْ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " أُمِرْتُ أَنْ أُقَاتِلَ النَّاسَ حَتَّى يَقُولُوا: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ فَمَنْ قَالَ: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ عَصَمَ مِنِّي مَالَهُ وَنَفْسَهُ إِلَّا بِحَقِّهِ وَحِسَابُهُ على الله ". قَالَ أَبُو بَكْرٍ: وَاللَّهِ لَأُقَاتِلَنَّ مَنْ فَرَّقَ بَيْنَ الصَّلَاةِ وَالزَّكَاةِ فَإِنَّ الزَّكَاةَ حَقُّ الْمَالِ وَاللَّهِ لَوْ مَنَعُونِي عَنَاقًا كَانُوا يُؤَدُّونَهَا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَقَاتَلْتُهُمْ عَلَى مَنْعِهَا. قَالَ عُمَرُ: فَوَاللَّهِ مَا هُوَ إِلَّا أَن رَأَيْت أَن قد شرح الله صَدْرَ أَبِي بَكْرٍ لِلْقِتَالِ فَعَرَفْتُ أَنَّهُ الْحَقُّ

1790. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ ने वफात पाई, और उन के बाद अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु खलीफा बने तो कुछ अरब मुरतद हो गए, उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु ने अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु से कहा आप लोगों से कैसे किताल करेंगे, जबकि रसूलुल्लाह ﷺ फरमा चुके हैं: “मुझे लोगों से किताल करने का हुक्म दिया गया है हत्ता कि वह कहे के अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, जिस ने कह दिया अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नही, तो उस ने हक़ इस्लाम के अलावा अपने माल व जान को मुझ से महफ़ूज़ कर लिया, जबकि उस का हिसाब अल्लाह के जिम्मे है”, अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: “अल्लाह की क़सम! जो शख़्स नमाज़ और ज़कात में फर्क करेगा तो मैं उन से ज़रूर किताल करूँगा क्योंकि ज़कात माल का हक़ है, अल्लाह की क़सम! अगर उन्होंने भेड़ का बच्चा जो वह रसूलुल्लाह ﷺ को दिया करते थे, मुझे देने से इनकार किया तो में उस के इनकार पर भी उन से ज़रूर किताल करूँगा, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अल्लाह की क़सम! मुझे तो बस यही समझ आई के अल्लाह ने अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु के सीने को किताल के लिए खोल दिया, मैंने पहचान लिया के वह हक़ पर है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (13991400) و مسلم (32 / 20)، (124)

١٧٩١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَكُونُ كَنْزُ أَحَدِكُمْ يَوْمَ الْقِيَامَةِ شُجَاعًا أَقْرَعَ يَفِرُّ مِنْهُ صَاحِبُهُ وَهُوَ يَطْلُبُهُ حَتَّى يُلْقِمَهُ أَصَابِعه» . رَوَاهُ أَحْمد

1791. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से किसी एक का खज़ाना रोज़ ए कियामत गंजा अज़दहा बन जाएगा, इस खज़ाने का मालिक उस से फरार इख़्तियार करेगा, जबकि वह इसे छोड़ेगा नहीं हत्ता कि वह उसकी उंगलियों समेत इसे खा जाएगा”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه احمد (2 / 530 ح 10867) [و صحیح البخاری (4659) باختلاف یسیرا]

١٧٩٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَا مِنْ رَجُلٍ لَا يُؤَدِّي زَكَاةَ مَالِهِ إِلَّا جَعَلَ

اللَّهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ فِي عُنُقِهِ شُجَاعًا» ثُمَّ قَرَأَ عَلَيْنَا مِصْدَاقَهُ مِنْ كِتَابِ اللَّهِ: (وَلَا يَحْسَبَنَّ الَّذِينَ يبلخون بِمَا آتَاهُم الله من فَضله)»» الْآيَة. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ وَابْن مَاجَه

1792. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ने फ़रमाया: “जो शख़्स अपने माल की ज़कात अदा नहीं करता, तो अल्लाह रोज़ ए कियामत इसे उसकी गर्दन में अज़दहा बनादेगा, फिर आप ने उस के मिसदाक अल्लाह अज्ज़वजल की किताब से तिलावत फरमाई: “जो लोग अल्लाह के अता किए हुए माल में बुखल करते हैं वह गुमान न करे ‹‹‹‹‹‘ आख़िर तक| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (3012 وقال : حسن صحيح) و النسائى (5 / 11 ح 2443) و ابن ماجه (1784)

١٧٩٣ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَا خَالَطَتِ الزَّكَاةُ مَالًا قَطُّ إِلَّا أَهْلَكَتْهُ» . رَوَاهُ الشَّافِعِيُّ وَالْبُخَارِيُّ فِي تَارِيخِهِ وَالْحُمَيْدِيُّ وَزَادَ قَالَ: يَكُونُ قَدْ وَجَبَ عَلَيْكَ صَدَقَةٌ فَلَا تُخْرِجْهَا فَيُهْلِكُ الْحَرَامُ الْحَلَالَ. وَقَدِ احْتَجَّ بِهِ من يرى تعلق الزَّكَاةِ بِالْعَيْنِ هَكَذَا فِي الْمُنْتَقَى»» وَرَوَى الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ عَنْ أَحْمَدَ بْنِ حَنْبَلٍ بِإِسْنَادِهِ إِلَى عَائِشَةَ. وَقَالَ أَحْمَدُ فِي «خَالَطَتْ» : تَفْسِيرُهُ أَنَّ الرَّجُلَ يَأْخُذُ الزَّكَاةَ وَهُوَ مُوسِرٌ أَوْ غَنِي وَإِنَّمَا هِيَ لِلْفُقَرَاء

1793. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस माल में ज़कात खलत मलत हो जाए तो वह ज़कात उस को ख़तम कर देती है”| शाफ़ई इमाम बुखारी ने इसे अपने तारीख में रिवायत किया है और इमाम हुमैदी ने यह इज़ाफा नकल किया है, अगर तुम पर ज़कात वाजिब हो और फिर तुम उसे अदा न करे तो इस तरह हराम हलाल को तबाह कर देगा, उस से उन लोगों ने दलील ली है जो समझते है की ज़कात ऐन माल से अदा करना फ़र्ज़ है, मुन्तका में भी इसी तरह है, बयहकी ने इमाम अहमद बिन हंबल से अपने सनद से आइशा रदियल्लाहु अन्हा तक शौबुल ईमान में बयान किया है और इमाम अहमद ने “ ज़कात का माल मिलाने”, की तफसीर बयान करते हुए कहा उस से मुराद यह है कि कोई माल दार शख़्स ज़कात वुसुल करे जबकि यह फुकराअ का हक़ है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الشافعى فى الام (2 / 59) و البخارى فى التاريخ الكبير (1 / 18 ح 549) و الحميدى 239 بتحقيقى) و البيهقى فى شعب الايمان (3522) و انظر المنتقى (20162017) * فيه محمد بن عثمان الجمحى : ضعفه الجمهور

बَابُ مَا يَجِبُ فِيهِ الزَّكَاةُ • किन किन चीजों पर ज़कात फ़र्ज़ होता है

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

١٧٩٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَيْسَ فِيمَا دُونَ خَمْسَةِ أَوْسُقٍ مِنَ التَّمْرِ صَدَقَةٌ وَلَيْسَ فِيمَا دُونَ خَمْسِ أَوَاقٍ مِنَ الْوَرِقِ صَدَقَةٌ وَلَيْسَ فِيمَا دُونَ خَمْسِ ذَوْدٍ من الْإِبِل صَدَقَة»

1794. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “पांच वुसक से कम खजूर पर पांच उकिय्यह से कम चाँदी पर और पांच से कम ऊटों पर ज़कात नहीं”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1459) و مسلم (1 / 979)، (2263)

١٧٩٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَيْسَ عَلَى الْمُسْلِمِ صَدَقَةٌ فِي عَبْدِهِ وَلَا فِي فَرَسِهِ» . وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: «لَيْسَ فِي عَبْدِهِ صَدَقَةٌ إِلَّا صَدَقَةُ الْفِطْرِ»

1795. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुसलमान पर उस के गुलाम और उस के घोड़े पर ज़कात नहीं”| और एक रिवायत में है: “उस के गुलाम पर सदका ए फितर के सिवा कोई सदका वाजिब नहीं”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1464 ، 1263) و مسلم (8 / 982)، (2273)

١٧٩٦ - (صَحِيح) وَعَن أنس بن مَالك: أَن أَبَا بكر رَضِي الله عَنهُ كَتَبَ لَهُ هَذَا الْكِتَابَ لَمَّا وَجَّهَهُ إِلَى الْبَحْرِينِ: بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ هَذِهِ فَرِيضَةُ الصَّدَقَةِ الَّتِي فَرَضَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى الْمُسْلِمِينَ وَالَّتِي أَمَرَ اللَّهُ عز وَجل بهَا رَسُوله فَمن سَأَلَهَا مِنَ الْمُسْلِمِينَ عَلَى وَجْهِهَا فَلْيُعْطِهَا وَمَنْ سُئِلَ فَوْقَهَا فَلَا يُعْطِ: فِي أَرْبَعٍ وَعِشْرِينَ مِنَ الْإِبِلِ فَمَا دونهَا خَمْسٍ شَاةٌ. فَإِذَا بَلَغَتْ خَمْسًا وَعِشْرِينَ إِلَى خَمْسٍ وَثَلَاثِينَ فَفِيهَا بِنْتُ مَخَاضٍ أُنْثَى فَإِذَا بلغت سِتا وَثَلَاثِينَ فَفِيهَا بنت لبون أُنْثَى. فَإِذا بلغت سِتَّة وَأَرْبَعين إِلَى سِتِّينَ ص:٥٦ فَفِيهَا حِقَّةٌ طَرُوقَةُ الْجَمَلِ فَإِذَا بَلَغَتْ وَاحِدَةً وَسِتِّينَ فَفِيهَا جَذَعَة. فَإِذا بلغت سِتا وَسبعين فَفِيهَا بِنْتَا لَبُونٍ. فَإِذَا بَلَغَتْ إِحْدَى وَتِسْعِينَ إِلَى عِشْرِينَ وَمِائَةٍ فَفِيهَا حِقَّتَانِ طَرُوقَتَا الْجَمَلِ. فَإِذَا زَادَتْ عَلَى عِشْرِينَ وَمِائَةٍ فَفِي كُلِّ أَرْبَعِينَ بِنْتُ لَبُونٍ وَفِي كُلِّ خَمْسِينَ حِقَّةٌ. وَمَنْ لَمْ يَكُنْ مَعَهُ إِلَّا أَرْبَعٌ مِنَ الْإِبِلِ فَلَيْسَ فِيهَا صَدَقَةٌ إِلَّا أَنْ يَشَاءَ رَبُّهَا. فَإِذَا بَلَغَتْ خَمْسًا فَفِيهَا شَاةٌ وَمَنْ بَلَغَتْ عِنْدَهُ مِنَ الْإِبِلِ صَدَقَةَ الْجَذَعَةِ وَلَيْسَتْ عِنْده جَذَعَة وَعِنْده حقة فَإِنَّهَا تقبل مِنْهُ الْحِقَّةُ وَيُجْعَلُ مَعَهَا شَاتَيْنِ إِنِ اسْتَيْسَرَتَا لَهُ أَوْ عِشْرِينَ دِرْهَمًا. وَمَنْ بَلَغَتْ عِنْدَهُ صَدَقَةَ الْحِقَّةِ وَلَيْسَتْ عِنْدَهُ الْحِقَّةُ وَعِنْدَهُ الْجَذَعَةُ فَإِنَّهَا تُقْبَلُ مِنْهُ الْجَذَعَةُ وَيُعْطِيهِ الْمُصَدِّقُ عِشْرِينَ دِرْهَمًا أَوْ شَاتَيْنِ. وَمَنْ بَلَغَتْ عِنْدَهُ صَدَقَةَ الْحِقَّةِ وَلَيسَت إِلَّا عِنْده بِنْتُ لَبُونٍ فَإِنَّهَا تُقْبَلُ مِنْهُ بِنْتُ لَبُونٍ وَيُعْطِي معهَا شَاتَيْنِ أَوْ عِشْرِينَ دِرْهَمًا. وَمَنْ بَلَغَتْ صَدَقَتُهُ بنت لبون وَعِنْده حقة فَإِنَّهَا تقبل مِنْهُ الْحِقَّةُ وَيُعْطِيهِ الْمُصَدِّقُ عِشْرِينَ دِرْهَمًا أَوْ شَاتَيْنِ. وَمَنْ بَلَغَتْ صَدَقَتُهُ بِنْتَ لِبَوْنٍ وَلَيْسَتْ عِنْدَهُ وَعِنْدَهُ بِنْتُ مَخَاضٍ فَإِنَّهَا تُقْبَلُ مِنْهُ بِنْتُ مَخَاضٍ وَيُعْطَى مَعَهَا عِشْرِينَ دِرْهَمًا أَوْ شَاتَيْنِ. وَمَنْ بَلَغَتْ صَدَقَتُهُ بِنْتَ مَخَاضٍ وَلَيْسَتْ عِنْدَهُ وَعِنْدَهُ بِنْتُ لَبُونٍ فَإِنَّهَا تُقْبَلُ مِنْهُ وَيُعْطِيهِ الْمُصَدِّقُ عِشْرِينَ دِرْهَمًا أَوْ شَاتَيْنِ. فَإِنْ لَمْ تَكُنْ عِنْدَهُ بِنْتُ مَخَاضٍ عَلَى وَجْهِهَا وَعِنْدَهُ ابْن لَبُونٍ فَإِنَّهُ يُقْبَلُ مِنْهُ وَلَيْسَ مَعَهُ شَيْءٌ. وَفِي صَدَقَةِ الْغَنَمِ فِي سَائِمَتِهَا إِذَا كَانَتْ أَرْبَعِينَ فَفِيهَا شَاة إِلَى عشْرين وَمِائَة شَاة فَإِن زَادَتْ عَلَى عِشْرِينَ وَمِائَةٍ إِلَى مِائَتَيْنِ فَفِيهَا شَاتَان. فَإِن زَادَتْ عَلَى مِائَتَيْنِ إِلَى ثَلَاثِمِائَةٍ فَفِيهَا ثَلَاثُ شِيَاهٍ. فَإِذَا ص:٥٦ زَادَتْ عَلَى ثَلَاثِمِائَةٍ فَفِي كُلِّ مِائَةٍ شَاةٌ. فَإِذَا كَانَتْ سَائِمَةُ الرَّجُلِ نَاقِصَةً مِنْ أَرْبَعِينَ شَاةً وَاحِدَةً فَلَيْسَ فِيهَا صَدَقَةٌ إِلَّا أَنْ يَشَاءَ رَبُّهَا. وَلَا تُخْرَجَ فِي الصَّدَقَة هرمة وَلَا ذَات عور وَلَا تَيْسٌ إِلَّا مَا شَاءَ الْمُصَدِّقُ. وَلَا يجمع بَين متفرق وَلَا يفرق بَين مُجْتَمع خَشْيَةَ الصَّدَقَةِ وَمَا كَانَ مِنْ خَلِيطَيْنِ فَإِنَّهُمَا يَتَرَاجَعَانِ بَيْنَهُمَا بِالسَّوِيَّةِ. وَفِي الرِّقَةِ رُبُعُ الْعُشْرِ فَإِنْ لَمْ تَكُنْ إِلَّا تِسْعِينَ وَمِائَةً فَلَيْسَ فِيهَا شَيْءٌ إِلَّا أَنْ يَشَاءَ رَبُّهَا. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1796. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने उन्हें बहरीन की तरफ भेजा, तो उन्होंने मुझे यह तहरीर दी: “शुरू अल्लाह के नाम के साथ, जो बहोत मेहरबान और निहायत रहम करने

वाला है| यह फ़रीज़े ज़कात जिसे रसूलुल्लाह ﷺ ने मुसलमानों पर फ़र्ज़ करार दिया, जिसके मुतल्लिक अल्लाह ने अपने रसूल को हुक्म फ़रमाया, जिस मुसलमान से इस तरीके पर ज़कात का मुतालबा किया जाए तो वह इसे अदा करे और जिस से इस मशरुअ तरीके से ज़्यादा का मुतालबा किया जाए तो वह न दे चोबीस और उन से कम ऊंट पर ज़कात में बकरिया ली जाएगी, हर पांच ऊंट पर एक बकरी है, जब ऊंट पच्चीस से पेंतीस हो जाए तो फिर इन पर ऊंट का एक सालाह मुअन्नस बच्चा बतौर ज़कात लिया जाएगा, जब ऊंट छत्तीस से पेंतालिस तक पहुँच जाए तो इन पर दो बरस की ऊंटनी वाजिब है, जब छियालीस से साठ तक पहुँच जाए तो इन पर तीन बरस मुकम्मल होने के बाद चोथे साल वाली ऊंटनी वाजिब है, जो गाभिन होने के काबिल हो जब इकसठ से पचत्तर हो जाए तो इन पर चार बरस मुकम्मल होने के बाद पाँचवीं बरस वाली ऊंटनी वाजिब है, जब वह चोहत्तर से नववे हो जाए तो इन पर दो दो साल की दो ऊंटनिया वाजिब है और जब इकानवे से एक सौ बीस हो जाए तो फिर इन पर तीन बरस मुकम्मल कर के चोथे साल की दो ऊंटनिया वाजिब हैं, जो के गाभिन होने के काबिल हो और जब एक सौ बीस से इज़ाफ़ी (ज़्यादा) हो जाए तो फिर हर चालीस पर दो सालाह ऊंटनी और हर पचास पर एक तीन और चार साल के दरमियान वाली ऊंटनी वाजिब है और जिस शख़्स के पास सिर्फ चार ऊंट हो तो उस पर कोई ज़कात फ़र्ज़ नहीं होती, अलबत्ता अगर उनका मालिक चाहे तो (नफ्ली सदका कर सकता है) जब पांच हो जाए तो फिर इन पर एक बकरी वाजिब है, और जिस शख़्स पर सदके में चार और पांच बरस के दरमियान की ऊंटनी फ़र्ज़ हो, लेकिन उस के पास उस के बजाए तीन और चार साल के दरमियान की ऊंटनी हो तो उन से यह कबूल कर ली जाएगी, और अगर इसे मयस्सर हो तो वह उस के साथ दो बकरिया मिलाएगा, या फिर बीस दिरहम और जिस शख़्स पर सदके में तीन और चार साल के दरमियान की ऊंटनी फ़र्ज़ हो लेकिन उस के पास इस बजाए चार और पांच साल के दरमियान की ऊंटनी हो तो उन से यह वुसुल की जाएगी और सदका वुसुल करने वाला इसे बीस दिरहम या दो बकरिया देगा, और जिस शख़्स पर तीन और चार साल के दरमियान की ऊंटनी फ़र्ज़ होती हो उस के पास यह न हो बल्कि उस के पास दो साल की ऊंटनी हो तो उन से यह कबूल कर ली जाएगी और वह उस के साथ दो बकरिया या बीस दिरहम अदा करेगा और जिस शख़्स पर सदके में दो साल की ऊंटनी फ़र्ज़ हो लेकिन उस के पास तीन और चार साल के दरमियान की ऊंटनी हो तो उन से यही कबूल कर ली जाएगी लेकिन सदका वुसुल करने वाला इसे बीस दिरहम या दो बकरिया देगा और जिस शख़्स पर सदके में दो साल की ऊंटनी फ़र्ज़ हो लेकिन उस के पास यह न हो बल्कि उस के पास एक साल की ऊंटनी हो तो उन से यही एक साल की ऊंटनी कबूल की जाएगी और वह उस के साथ बीस दिरहम या दो बकरिया अदा करेगा, और इसी तरह जिस शख़्स पर सदके में एक साल की ऊंटनी हो तो उन से यही कबूल कर ली जाएगी लेकिन सदका वुसुल करने वाला इसे बीस दिरहम या दो बकरिया अता करेगा अगर फ़र्ज़ करे उस के पास एक साल की ऊंटनी नहीं बल्कि उस के पास एक साल का ऊंट हो तो उन से इसे वुसुल कर लिया जाएगा और उस के साथ कुछ और नहीं होगा और चरने वाली बकरियों के बारे में सदका की शरह इस तरह है के जब वह चालीस से एक सौ बीस तक हो तो इन पर एक बकरी सदका है और जब एक सौ इक्कीस से दो सौ तक हो तो इन पर दो बकरिया है और जब दो सौ से तीन सौ तक हो तो इन पर तीन बकरिया है और जब तीन सौ से इज़ाफ़ी (ज़्यादा) हो जाए तो फिर हर सौ पर एक बकरी है और अगर किसी चरवाहे की बकरिया चालीस से कम (उनतालीस भी) हो गई तो इन पर ज़कात नहीं हाँ अगर उनका मालिक अपने मरीज़ से चाहे तो नफ्ली सदका कर सकता है, सदके में बूढ़ी बकरी, ऐब दार और सांढ नहीं दीया जाएगा मगर जो सदका वुसुल करने वाला चाहे और सदका के अंदेशे के पेशे नज़र मूतफर्क माल को जमा किया जाए न इकठ्ठे माल को मूतफर्क किया जाए और जो माल दो

शरीको का इकट्ठा हो तो वह ज़कात बकदर हिस्सा बराबर अदा करे चाँदी में चालीसवा हिस्सा है और अगर चाँदी सिर्फ एक सौ नववे (190) दिरहम हो तो उस पर कोई ज़कात नहीं इल्ला के उस का मालिक अदा करना चाहे"| (बुखारी)

رواه البخارى (1454)

١٧٩٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «فِيمَا سَقَتِ السَّمَاءُ وَالْعُيُونُ أَوْ كَانَ عَثَرِيًّا الْعُشْرُ. وَمَا سقِيَ بالنضح نصف الْعشْر» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1797. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जिस खेती को बारिश या चश्मे सेराब करता है या वह खेती खुद खुद सेराब हो तो उस में दसवा हिस्सा है और जिसे कुंवो के पानी से सींचा जाए तो उस में बिसवा हिस्सा है"| (बुखारी)

رواه البخارى (1483)

١٧٩٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وسلم: «العجماء جرحها جَبَّار والبشر جَبَّار والمعدن جَبَّار وَفِي الرِّكَازِ الْخمس»

1798. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जानवर का जख्म मुआफ़ है (इस पर कोई दियत मुआवज़ा नहीं) , कुंवो में और कान में मौत वाकेअ हो जाए तो उस पर कोई मुआवज़ा नहीं, और दफिने पर पांचवा हिस्सा ज़कात है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1499) و مسلم (45 / 1710)، (4465)

بَابُ مَا يَجِبُ فِيهِ الزَّكَاةُ • किन किन चीजों पर ज़कात फ़र्ज़ होता है

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

١٧٩٩ - (ضَعِيف) عَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " قَدْ عَفَوْتُ عَنِ الْخَيْلِ وَالرَّقِيقِ فَهَاتُوا صَدَقَةَ الرِّقَةِ: مِنْ كُلِّ أَرْبَعِينَ دِرْهَمًا دِرْهَمٌ وَلَيْسَ فِي تِسْعِينَ وَمِائَةٍ شَيْءٌ فَإِذَا بَلَغَتْ مِائَتَيْنِ فَفِيهَا خَمْسَةُ دَرَاهِمَ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ ص:٥٦»» وَفِي رِوَايَةٍ لأبي دَاوُد عَن الْحَارِث عَنْ عَلِيٍّ قَالَ زُهَيْرٌ أَحْسَبُهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَالَ: " هَاتُوا رُبْعَ الْعُشْرِ مِنْ كُلِّ أَرْبَعِينَ دِرْهَمًا دِرْهَمٌ وَلَيْسَ عَلَيْكُمْ شَيْءٌ حَتَّى تَتِمَّ مِائَتَيْ دِرْهَمٍ. فَإِذَا كَانَتْ مِائَتَيْ دِرْهَمٍ فَفِيهَا خَمْسَةُ دَرَاهِمَ. فَمَا زَادَ فَعَلَى حِسَابِ ذَلِكَ. وَفِي الْغَنَمِ فِي كُلِّ أَرْبَعِينَ شَاةً شَاةٌ إِلَى عِشْرِينَ وَمِائَة ز فَإِن زَادَت وَاحِدَة فشاتان إِلَى مِائَتَيْنِ. فَإِن زَادَتْ فَثَلَاثُ شِيَاهٍ إِلَى ثَلَاثِمِائَةٍ فَإِذَا زَادَت على ثَلَاث مائَة فَفِي كُلِّ مِائَةٍ شَاةٌ. فَإِنْ لَمْ تَكُنْ

إِلَّا تِسْعٌ وَثَلَاثُونَ فَلَيْسَ عَلَيْكَ فِيهَا شَيْءٌ»» وَفِي الْبَقَرِ: فِي كُلِّ ثَلَاثِينَ تَبِيعٌ وَفِي الْأَرْبَعين مُسِنَّة وَلَيْسَ على العوامل شَيْء "

1799. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैंने घोड़े और गुलाम (की ज़कात) के बारे में दरगुज़र फ़रमाया, तुम हर चालीस दिरहम चाँदी पर एक दिरहम ज़कात दो, एक सौ नववे (190) दिरहम पर कोई ज़कात नहीं, जब दो सौ दिरहम हो जाए तो इन पर पांच दिरहम है”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, और हारिस अल औत्र अन अली की सनद से अबू दावुद की रिवायत है, ज़हीर बयान करते हैं, मेरा ख़याल है के यह हदीस नबी ﷺ से मरवी है के आप ﷺ ने फ़रमाया: “चालीसवा हिस्सा लाओ हर चालीस दिरहम पर एक दिरहम है और जब तक दो सौ दिरहम न हो जाए तुम पर कुछ भी फ़र्ज़ नहीं, जब दो सौ दिरहम हो जाए तो इन पर पांच दिरहम ज़कात है, जब दिरहम ज़्यादा होते जाए तो फिर इसी हिसाब से ज़कात होगी, बकरियों के बारे में है के हर चालीस बकरियों पर एक बकरी है और यह एक सौ बीस बकरियों तक एक ही है, और एक सौ इक्कीस से दो सौ तक दो बकरिया है, दो सौ एक से तीन सौ तक तीन बकरिया है, जब तीन सौ से इज़ाफ़ी (ज़्यादा) हो जाए तो फिर हर सौ पर एक बकरी है, अगर उनतालीस बकरिया हो तो इन पर तुम्हारे ज़िम्मा कोई ज़कात नहीं, और गाय के बारे में हर तीस गाय पर गाय का एक सालाह बच्चा है, और चालीस पर दो सालाह बच्चा है, जबकि खेती बाड़ी वगैरा का काम करने वाले जानवरों पर ज़कात वाजिब नहीं”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (620) و ابوداؤد (1574) [و ابن ماجه : 1790] * الحارث الاعور لم ينفرد به و ابو اسحاق مدلس و عنعن

١٨٠٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُعَاذٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم لَمَّا وَجَّهَهُ إِلَى الْيَمَنِ أَمَرَهُ أَنْ يَأْخُذَ مِنَ الْبَقَرَة: مِنْ كُلِّ ثَلَاثِينَ تَبِيعًا أَوْ تَبِيعَةً وَمِنْ كل أَرْبَعِينَ مُسِنَّةً. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ والدارمي

1800. मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब नबी ﷺ ने उन्हें यमन की तरफ भेजा तो आप ने उन्हें मुझे गाय के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया के हर तीस पर गाय का एक साला नर या मादा बच्चा वुसुल करे और हर चालीस पर दो सालाह बच्चा”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1578) و الترمذى (623 وقال : حسن) و النسائى (5 / 2526 ح 2452) و الدارمى (1 / 382 ح 19301932) [و ابن ماجه : 1803] * الاعمش مدلس و عنعن و فيه علة أخرى

١٨٠١ - (حسن) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْمُعْتَدِي فِي الصَّدَقَةِ كَمَانِعِهَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ

1801. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ज़कात वुसुल करने में ज़्यादती करने वाला ज़कात न देने वाले की तरह है”| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه ابوداؤد (1585) و الترمذى (646 وقال : غريب) [و ابن ماجه : 1808] * سعد بن سنان صدوق و لكن رواية يزيد بن ابى حبيب عن سعد بن سنان منكرة كما فى الضعفاء الكبير للعقيلى (2 / 119)

١٨٠٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَيْسَ فِي حَبٍّ وَلَا تَمْرٍ صَدَقَةٌ حَتَّى يَبْلُغَ خَمْسَةَ أَوْسُقٍ» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

1802. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “पांच वुसक से कम गल्ले और खजूर पर कोई ज़कात नहीं”| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائی (5 / 40 ح 2487) [و مسلم : 45 / 979، (2267)]

١٨٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُوسَى بْنِ طَلْحَةَ قَالَ: عِنْدَنَا كِتَابُ مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَالَ: إِنَّمَا أَمَرَهُ أَنْ يَأْخُذَ الصَّدَقَةَ مِنَ الْحِنْطَةِ وَالشَّعِيرِ وَالزَّبِيبِ وَالتَّمْرِ. مُرْسل رَوَاهُ فِي شرح السّنة

1803. मुसई बिन तल्हा रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, हमारे पास मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु की वह तहरीर है जो नबी ﷺ ने उन्हें अता की थी जिस में उन्होंने इनको हुक्म फ़रमाया था के गंदुम जो किशमिश और खजूर में से ज़कात ली जाए| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه البغوی فی شرح السنه (6 / 40 بعد ح 1579 بدون سند) [و الحاکم (1 / 401) و البیهقی (4 / 128) و احمد (5 / 228)]
* سفیان الثوری مدلس و عنعن و للحدیث طرق کلها ضعیفة

١٨٠٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَتَّابِ بْنِ أَسِيدٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ فِي زَكَاةِ الْكُرُومِ: «إِنَّهَا تُخْرَصُ كَمَا تُخْرَصُ النَّخْلُ ثُمَّ تُؤَدَّى زَكَاتُهُ زَبِيبًا كَمَا تُؤَدَّى زَكَاةُ النَّخْلِ تَمْرًا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

1804. अत्ताब बिन असिदी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने अंगूरों की ज़कात के मुतल्लिक फ़रमाया: “खजूरो की तरह उनका अंदाज़ा किया जाएगा फिर उनकी ज़कात किशमिश से अदा की जाएगी, जिस तरह खजूरो की ज़कात छुवारो से अदा की जाती है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (644 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (1603 وقال : سعید [بن المسیب] لم یسمع من عتاب شیئًا)

١٨٠٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ أَبِي حَثْمَةَ حَدَّثَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَقُولُ: «إِذَا خَرَصْتُمْ فَخُذُوا وَدَعُوا الثُّلُثَ فَإِنْ لَمْ تَدَعُوا الثُّلُثَ فَدَعُوا الرُّبُعَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

1805. सहल बिन अबी हशमत ने हदीस बयान की के रसूलुल्लाह ﷺ फ़रमाया करते थे: “जब तुम अंदाज़ा कर लो तो फिर ज़कात वुसुल करो तो तिहाई हिस्सा छोड़ दो, अगर तुम तिहाई हिस्सा न छोड़ो तो फिर चोथाई छोड़ दो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (643) و ابوداؤد (1605) و النسائی (5 / 42 ح 2493)

١٨٠٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يبْعَث عبد الله ابْن رَوَاحَةَ إِلَى يَهُودٍ فَيَخْرُصُ النَّخْلَ حِينَ يَطِيبُ قَبْلَ أَنْ يُؤْكَلَ مِنْهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

1806. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ अब्दुल्लाह बिन रवाहा रदियल्लाहु अन्हु को यहूदियों के पास भेजा करते थे जब खजूरो में मिठास जाती और वह अभी खाने के काबिल न होती तो वह उनका अंदाज़ा करते थे| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1606) * مخبر ابن جريج مجهول و للحديث شواهد مرسلة عند مالك (2 / 703704 ح 14491450) و غيره و حديث ابى داود (3415) يغنى عنه

١٨٠٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم فِي الْعَمَل: «فِي كُلِّ عَشْرَةِ أَزُقٍّ زِقٌّ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: فِي إِسْنَادِهِ مَقَالٌ وَلَا يَصِحُّ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي هَذَا الْبَاب كثير شَيْء

1807. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने शहद के बारे में फ़रमाया: “हर दस मश्किजो कनस्तर पर एक मश्किज़ा ज़कात है”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: उसकी सनद पर कलाम किया गया है और इस बारे में नबी ﷺ से कोई ज़्यादा सहीह चीज़ साबित नहीं| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (629) * السند ضعيف وله شواهد عند ابى داود (1600) و ابن ماجه (1824) و غيرهما

١٨٠٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ زَيْنَبَ امْرَأَةِ عَبْدِ اللَّهِ قَالَتْ: خَطَبَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «يَا مَعْشَرَ النِّسَاءِ تَصَدَّقْنَ وَلَوْ مِنْ حُلِيِّكُنَّ فَإِنَّكُنَّ أَكْثَرُ أَهْلِ جَهَنَّمَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1808. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु की अहलिया जैनब रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें खुत्बा इरशाद फ़रमाया तो फ़रमाया: “औरतों की जमाअत सदका करो ख्वाह अपने ज़ेवरात से करो, क्योंकि रोज़ ए कियामत जहन्नम में तुम ज़्यादा होगी”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (635) * و اصله عند البخارى (1466) و مسلم (1000)، (2318)

١٨٠٩ - (حسن) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ: أَنَّ امْرَأَتَيْنِ أَتَتَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَفِي أَيْدِيهِمَا سِوَارَانِ مِنْ ذَهَبٍ فَقَالَ لَهُمَا: «تُؤَدِّيَانِ زَكَاتَهُ؟» قَالَتَا: لَا. فَقَالَ لَهُمَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَتُحِبَّانِ أَنْ يُسَوِّرَكُمَا اللَّهُ بِسِوَارَيْنِ مِنْ نَارٍ؟» قَالَتَا: لَا. ص:٥٦ قَالَ: «فَأَدِّيَا زَكَاتَهُ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث قد رَوَاهُ الْمُثَنَّى بْنُ الصَّبَّاحِ عَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ نَحْوَ هَذَا وَالْمُثَنَّى بْنُ الصَّبَّاحِ وَابْنُ لَهِيعَةَ يُضَعَّفَانِ فِي الْحَدِيثِ وَلَا يَصِحُّ فِي هَذَا الْبَابِ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ شَيْء

1809. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की दो औरते रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई तो उन के हाथो में सोने के दो कंगन थी, आप ﷺ ने उन से पूछा: “क्या तुम इस सोने

की ज़कात अदा करती हो? ” उन्होंने अर्ज़ किया, जी नहीं, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “क्या तुम पसंद करती हो के अल्लाह तुम्हें आग के दो कंगन पहना दे? उन्होंने अर्ज़ किया, नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तो फिर इस सोने की ज़कात अदा करो”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: मुषनि बिन सबाह ने इस हदीस को अम्र बिन शुऐब से इसी तरह रिवायत किया है, जबकि मुषनि बिन सबाह और इब्ने लहीअ दोनों हदीस में जईफ है, इस बारे में नबी ﷺ से कोई चीज़ सहीह साबित नहीं| (हसन)

حسن ، رواہ الترمذی (637) * ولہ طریق آخر عند ابی داود (1563) و غیرہ و سند حسن

١٨١٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: كُنْتُ أَلْبَسُ أَوْضَاحًا مِنْ ذَهَبٍ فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَكَنْزٌ هُوَ؟ فَقَالَ: «مَا بلغ أَن يُؤدى زَكَاتُهُ فزُكِّيَ فَلَيْسَ بِكَنْزٍ» . رَوَاهُ مَالِكٌ وَأَبُو دَاوُد

1810. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैं सोने के पायजेब पहना करती थी, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल, क्या यह भी खज़ाना है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो माल निसाब ज़कात को पहुँच जाए और उसकी ज़कात अदा कर दी जाए तो फिर वह खज़ाना नहीं”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ مالک (لم اجدہ) و ابوداؤد (1564) * عطاء بن ابی رباح : لم یسمع من ام سلمۃ کما قال احمد وغیرہ** روی مالک (1 / 256 ح 599) بسند صحیح عن ابن عمر قال فی الکنز :’’ ھو المال الذی لا تؤدی منہ الزکاۃ ‘‘

١٨١١ - (ضَعِيف) وَعَنْ سَمُرَةَ بِنِ جُنْدُبٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَأْمُرُنَا أَنْ نُخْرِجَ الصَّدَقَةَ مِنَ الَّذِي نُعِدُّ لِلْبَيْعِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1811. समुरह बिन जुन्दुब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ हमें हुक्म दिया करते थे की हम तिजारत के लिए तैयार किए गए माल की ज़कात अदा करे| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (1562) * فیہ خبیب : مجھول و جعفر بن سعد : ضعفہ الجمھور ، و یویدہ حدیث الترمذی (616) و سندہ حسن

١٨١٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ رَبِيعَةَ بْنِ أَبِي عَبْدِ الرَّحْمَنِ عَنْ غَيْرِ وَاحِدٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَقْطَعَ لِبِلَالِ بْنِ الْحَارِثِ الْمُزَنِيِّ معادن الْقبلية وَهِيَ مِنْ نَاحِيَةِ الْفُرْعِ فَتِلْكَ الْمَعَادِنُ لَا تُؤْخَذُ مِنْهَا إِلَّا الزَّكَاةُ إِلَى الْيَوْمِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1812. रबीअ बिन अबी अब्दुल रहमान रहिमहुल्लाह बहोत से सहाबा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने बिलाल बिन हारिस अल मुज़नी रदियल्लाहु अन्हु को कबिले की खाने अता फरमाइ, और यह फरअ की तरफ है और उन से आज तक सिर्फ ज़कात ही वुसुल की जाती है| (हसन)

حسن ، رواہ ابوداؤد (3061) * السند ضعیف و للحدیث شواھد عند ابن الجارود (371 و سندہ حسن) و غیرہ وھوبھا حسن

किन किन चीजों पर ज़कात फ़र्ज़ होता है • بَابُ مَا يَجِبُ فِيهِ الزَّكَاةُ

तीसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّالِث

١٨١٣ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَلِيٍّ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَيْسَ فِي الْخَضْرَاوَاتِ صَدَقَةٌ ص:٥٦ وَلَا فِي الْعَرَايَا صَدَقَةٌ وَلَا فِي أَقَلَّ مِنْ خَمْسَةِ أَوْسُقٍ صَدَقَةٌ وَلَا فِي الْعَوَامِلِ صَدَقَةٌ وَلَا فِي الْجَبْهَةِ صَدَقَةٌ» . قَالَ الصَّقْرُ: الْجَبْهَةُ الْخَيل وَالْبِغَال وَالْعَبِيد. رَوَاهُ الدَّارَقُطْنِيّ

1813. अली रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “सब्ज़ियों, अतिय्या करदा फलदार दरख्तों, पांच वुसक से कम अनाज इस्तेमाल में आने वाले मवेशियों और “ जबहा” पर ज़कात नहीं” सकर रावी ने बताया: “जबहा” से घोड़े खच्चर और गुलाम मुराद हैं| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارقطنى (2 / 9495 ح 1890) * فيه الصقر بن حبيب و احمد بن الحارث البصرى : ضعيفان

١٨١٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ طَاوُسٍ أَنَّ مُعَاذَ بْنَ جَبَلٍ أَتَى بِوَقَصِ الْبَقَرِ فَقَالَ: لَمْ يَأْمُرْنِي فِيهِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِشَيْءٍ. رَوَاهُ الدَّارَقُطْنِيُّ وَالشَّافِعِيُّ وَقَالَ: الْوَقَصُ مَا لَمْ يَبْلُغِ الْفَرِيضَةَ

1814. ताउस से रिवायत है के मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु के पास निसाब से कम गाये लाइ गई तो उन्होंने ने फ़रमाया: नबी ﷺ ने इस बारे में मुझे कुछ नहीं फरमाया| दार कुतनी शाफ़ई और उन्होंने ने फ़रमाया: “وقص” से मुराद वह तादाद है जो निसाब तक न पहुंचे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارقطنى (/ 99 ح 1910) و الشافعى فى الام (2 / 8) * سفيان بن عيينة مدلس و عنعن و طاؤس عن معاذ : منقطع

सदक ए फ़ित्र • صَدَقَةُ الْفطر

पहली फस्ल • الْفَصْلُ الأول

١٨١٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: فَرَضَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ زَكَاةَ الْفِطْرِ صَاعًا مِنْ تَمْرٍ أَوْ صَاعًا مِنْ شَعِيرٍ عَلَى الْعَبْدِ وَالْحُرِّ وَالذَّكَرِ وَالْأُنْثَى وَالصَّغِيرِ وَالْكَبِيرِ مِنَ الْمُسْلِمِينَ وَأَمَرَ بِهَا أَنْ تُؤَدَّى قَبْلَ خُرُوجِ النَّاسِ إِلَى الصَّلَاة

1815. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुसलमानों के हर गुलाम व आज़ाद मर्द, औरत और छोटे बड़े पर एक साअ खजूर या एक साअ (तकरीबन अढ़ाई किलो) जो सदका ए फितर फ़र्ज़ फ़रमाया,

और उस के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया के इसे नमाज़ ए ईद के लिए रवाना होने से पहले अदा कर दिया जाए| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1503) و مسلم (212 / 984)، (2278)

١٨١٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: كُنَّا نُخْرِجُ زَكَاةَ الْفِطْرِ صَاعًا مِنْ طَعَامٍ أَو صَاعا من شعير أَو صَاعا من تَمْرٍ أَوْ صَاعًا مَنْ أَقِطٍ أَوْ صَاعًا من زبيب

1816. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम एक साअ अनाज या एक साअ जौ या एक साअ खजूर या एक साअ पनीर या एक साअ किशमिश सदका ए फितर अदा किया करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1506) و مسلم (17 / 985)، (2283)

सदक ए फ़ित्र • صَدَقَة الْفطر

दूसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّانِي

١٨١٧ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: فِي آخِرِ رَمَضَانَ أخرجُوا صَدَقَة صومكم. فرض رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ هَذِهِ الصَّدَقَةَ صَاعًا مِنْ تَمْرٍ أَوْ شَعِيرٍ أَوْ نِصْفَ صَاعٍ مِنْ قَمْحٍ عَلَى كُلِّ حُرٍّ أَوْ مَمْلُوكٍ ذَكَرٍ أَوْ أُنْثَى صَغِيرٍ أَوْ كَبِيرٍ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

1817. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने रमज़ान के आख़िर में फ़रमाया अपने रोज़ो का सदका निकालो, रसूलुल्लाह ﷺ ने इस सदका को एक साअ खजूर या एक साअ जौ या आधा साअ गंदुम पर आज़ाद गुलाम हर मर्द औरत और हर छोटे बड़े पर फ़र्ज़ फ़रमाया| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (1622) و النسائی (5 / 5051 ح 25102512) * وقال : النسائی :'' الحسن لم یسمع من ابن عباس '' رضی الله عنه

١٨١٨ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: فَرَضَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ زَكَاةَ الْفِطْرِ طُهْرَ الصِّيَامِ مِنَ اللَّغْوِ وَالرَّفَثِ وَطُعْمَةً لِلْمَسَاكِينِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1818. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने सदका ए फितर रोज़ो को लग्व फहश बातो से तहारत और मसाकिन के लिए खाने के तौर पर फ़र्ज़ फ़रमाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1609)

सदक ए फ़ित्र • صَدَقَة الْفطر

तीसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّالِث

١٨١٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَعَثَ مُنَادِيًا فِي فِجَاجِ مَكَّةَ: «أَلَا إِنَّ صَدَقَةَ الْفِطْرِ وَاجِبَةٌ عَلَى كُلِّ مُسْلِمٍ ذَكَرٍ أَوْ أُنْثَى حُرٍّ أَوْ عَبْدٍ صَغِيرٍ أَوْ كَبِيرٍ مُدَّانِ مِنْ قَمْحٍ أَوْ سِوَاهُ أَوْ صَاع من طَعَام» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1819. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और उन्होंने अपने दादा से रिवायत की के नबी ﷺ ने एक मुनादी (एलान) करने वाले को मक्का के बाज़ारों में भेजा के वह एलान करे: “सुन लो! सदका ए फितर दो मुद (तकरीबन सवा किलो) गंदुम या एक साअ दूसरा अनाज हर मुसलमान मर्द व ज़न आज़ाद गुलाम और छोटे बड़े पर वाजिब है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (674 وقال : غريب حسن) * ابن جريج مدلس و عنعن

١٨٢٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ ثَعْلَبَةَ أَوْ ثَعْلَبَةَ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ أَبِي صُعَيْرٍ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «صَاعٌ مِنْ بُرٍّ أَوْ قَمْحٍ عَنْ كُلِّ اثْنَيْنِ صَغِيرٍ أَوْ كَبِيرٍ حُرٍّ أَوْ عَبْدٍ ذَكَرٍ أَوْ أُنْثَى. أَمَّا غَنِيُّكُمْ فَيُزَكِّيهِ اللَّهُ. وَأَمَّا فَقِيرُكُمْ فَيَرُدُّ عَلَيْهِ أَكْثَرَ مَا أعطَاهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1820. अब्दुल्लाह बिन सअलबत या सअलबत बिन अब्दुल्लाह बिन अबी सुऐर अपने वालिद से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “एक साअ गंदुम हर दो पर वाजिब है, छोटा हो या बड़ा आज़ाद हो या गुलाम मर्द हो या औरत, रहा तुम्हारा माल दार शख़्स तो अल्लाह उस का तज़किरा फरमादेगा और रहा तुम्हारा मुहताज शख़्स तो उस को दिए हुए से ज़्यादा दीया जाएगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1619) * الزهری مدلس و عنعن

किसको सदका देना जाएज नहीं • بَاب مِمَّن لَا تحل لَهُ الصَّدَقَة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

١٨٢١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَنَسٍ قَالَ: مَرَّ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِتَمْرَةٍ فِي الطَّرِيقِ فَقَالَ: «لَوْلَا أَنِّي أَخَافُ أَنْ تَكُونَ مِنَ الصَّدَقَةِ لأكلتها»

1821. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने रास्ते में पड़ी हुई एक खजूर देखी तो फ़रमाया: “अगर मुझे उस के सदका के होने का अंदेशा न होता तो मैं उसे खा लेता”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (2055) و مسلم (164 / 1071)، (2478)

١٨٢٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: أَخَذَ الْحَسَنُ بْنُ عَلِيٍّ تَمْرَةً مِنْ تَمْرِ الصَّدَقَةِ فَجَعَلَهَا فِي فِيهِ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كِخْ كِخْ» لِيَطْرَحَهَا ثُمَّ قَالَ: «أما شَعرت أَنا لَا نَأْكُل الصَّدَقَة؟»

1822. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हसन बिन अली रदियल्लाहु अन्हु ने सदका की खजूरो में से एक खजूर ली और इसे मुंह में डाल लिया तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “ठहरो ठहरो”| ताकि वह इसे फेंक दें फिर फ़रमाया: “क्या तुम्हें मालुम नहीं के हम सदका नहीं खाते”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1491) و مسلم (161 / 1069)، (2473)

١٨٢٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ الْمُطَّلِبِ بْنِ رَبِيعَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِن هَذِهِ الصَّدَقَاتِ إِنَّمَا هِيَ أَوْسَاخُ النَّاسِ وَإِنَّهَا لَا تَحِلُّ لِمُحَمَّدٍ وَلَا لِآلِ مُحَمَّدٍ» . رَوَاهُ مُسلم

1823. अब्दुल मुत्तलिब बिन रबिआ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये सदका तो लोगों (के माल का) मेल कुचेल है और यह मुहम्मद ﷺ और आले मुहम्मद के लिए हलाल नहीं”| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (167 / 1072)، (2481)

١٨٢٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أُتِيَ بِطَعَامٍ سَأَلَ عَنْهُ: «أَهَدْيَةٌ أَمْ صَدَقَةٌ؟» فَإِنْ قِيلَ: صَدَقَةٌ: قَالَ لِأَصْحَابِهِ: «كُلُوا» وَلَمْ يَأْكُلْ وَإِنْ قِيلَ: هَدِيَّةٌ ضَرَبَ بِيَدِهِ فَأَكَلَ مَعَهم

1824. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में कोई खाने की चीज़ पेश की जाती तो आप ﷺ उस के मुतल्लिक दरियाफ्त फरमाते: “क्या यह हदिया है या सदका ?” अगर बताया जाता के सदका है तो आप ﷺ अपने सहाबा से फरमाते: “तुम खाओ”, और आप खुद न खाते और अगर बताया जाता

के हदिया है तो आप अपना हाथ बढ़ाते और उन के साथ खाते| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2576) و مسلم (175 / 1077)، (2491)

١٨٢٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ فِي بَرِيرَةَ ثَلَاثُ سُنَنٍ: إِحْدَى السُّنَنِ ص:٥٧ أَنَّهَا عُتِقَتْ فَخُيِّرَتْ فِي زَوْجِهَا وَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْوَلَاءُ لِمَنْ أَعْتَقَ» . وَدَخَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَالْبُرْمَةُ تَفُورُ بِلَحْمٍ فَقُرِّبَ إِلَيْهِ خُبْزٌ وَأُدْمٌ مِنْ أُدْمِ الْبَيْتِ فَقَالَ: «أَلَمْ أَرَ بُرْمَةً فِيهَا لَحْمٌ؟» قَالُوا: بَلَى وَلَكِنَّ ذَلِكَ لَحْمٌ تُصُدِّقَ بِهِ عَلَى بَرِيرَةَ وَأَنْتَ لَا تَأْكُلُ الصَّدَقَةَ قَالَ: «هُوَ عَلَيْهَا صَدَقَةٌ وَلنَا هَدِيَّة»

1825. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, बरिरा रदियल्लाहु अन्हु की वजह से तीन अहकाम ए शरियत का पता चला उन्हें आज़ाद किया गया तो उन्हें अपने खाविंद के मुतल्लिक इख़्तियार दिया गया और रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “विला हक़ रासित आज़ाद करने वाले को मिलेगा”, और रसूलुल्लाह ﷺ घर तशरीफ़ लाए तो हंडिया में गोश्त उबल रहा था, पस रोटी और घर का सालन आप की खिदमत में पेश किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या मैंने हंडिया में गोश्त नहीं देखा? अहले खाना ने अर्ज़ किया, क्यों नहीं ज़रूर देखा है? लेकिन वह गोश्त बरिरा को सदके में दिया गया है, जबकि आप सदका तनावुल नहीं फरमाते, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो उस के लिए सदका है जबकि हमारे लिए हदिया है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5279) و مسلم (14 / 1504)، (3786)

١٨٢٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَت: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُقَبِّلُ الْهَدِيَّة ويثيب عَلَيْهَا. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1826. आइशा (रजि) बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ हदिया कबूल किया करते थे और उस के बदले में हदिया दिया भी करते थे| (बुखारी)

رواه البخاری (2585)

١٨٢٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ دُعِيتُ إِلَى كُرَاعٍ لَأَجَبْتُ وَلَوْ أُهْدِيَ إِلَيَّ ذِرَاع لقبلت» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1827. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर मुझे दस्ती के गोश्त की दावत दि जाए तो मैं ज़रूर कबूल करूँगा और अगर मुझे दस्ती का गोश्त बतौर हदिया पेश किया जाए तो मैं कबूल करूँगा”| (बुखारी)

رواه البخاری (2568)

١٨٢٨ - (مُتَّفقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَيْسَ الْمِسْكِينُ الَّذِي يَطُوفُ عَلَى النَّاسِ تَرُدُّهُ اللُّقْمَةُ وَاللُّقْمَتَانِ وَالتَّمْرَةُ وَالتَّمْرَتَانِ وَلَكِنَّ الْمِسْكِينَ الَّذِي لَا يَجِدُ غِنًى يُغْنِيهِ وَلَا يُفْطَنُ بِهِ فَيُتَصَدَّقَ عَلَيْهِ وَلَا يَقُومُ فَيَسْأَلَ النَّاسَ»

1828. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मिस्किन वह नहीं जो एक या दो लुक्मो या एक दो खजूरो की खातिर लोगों से सवाल करता फिरे, लेकिन मिस्किन वह है जो इस क़दर खुशहाल नहीं के वह इसे बेनियाज़ कर दे और उस के मुतल्लिक पता भी न चले के उस पर सदका किया जा सके और वह लोगों से मांगे भी नहीं”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1479) و مسلم (101 / 1039)، (2393)

باب مِمَّن لَا تحل لَهُ الصَّدَقَة • किसको सदका देना जाएज नहीं

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

١٨٢٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي رَافِعٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَعَثَ رَجُلًا مِنْ بَنِي مَخْزُومٍ عَلَى الصَّدَقَةِ فَقَالَ لِأَبِي رَافِعٍ: اصْحَبْنِي كَيْمَا تُصِيبُ مِنْهَا. فَقَالَ: لَا حَتَّى آتِيَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَسْأَلَهُ. فَانْطَلَقَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَسَأَلَهُ فَقَالَ: «إِنَّ الصَّدَقَةَ لَا تَحِلُّ لَنَا وَإِنَّ مَوَالِيَ الْقَوْمِ مِنْ أَنْفُسِهِمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

1829. अबी राफीअ रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने बनू मख्ज़ुम कबिले के एक शख़्स को सदकात वुसुल करने के लिए भेजा, तो उस ने अबी राफीअ से कहा आप मेरे साथ चले ताकि आप भी उस में से हासिल करे तो उन्होंने कहा: नहीं? हत्ता कि मैं रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर होकर आप से दरियाफ्त कर लू, वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और आप से दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “हमारे लिए सदका हलाल नहीं, क्योंकि कौम के आज़ाद करदा गुलाम भी इन्ही कौम के ज़िमरे में आते हैं”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (657 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (1650) و النسائی (5 / 107 ح 2513)

١٨٣٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَحِلُّ الصَّدَقَةُ لِغَنِيٍّ وَلَا لِذِي مِرَّةٍ سَوِيٍّ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد والدارمي

1830. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “किसी माल दार शख़्स और ताकतवर सहिहुल खलकत शख़्स के लिए सदका लेना हलाल नहीं”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (652) و ابوداؤد (1634) و الدارمی (1 / 346 ح 1646)

١٨٣١ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَحْمَدُ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ عَنْ أَبِي هُرَيْرَة

1831. इमाम अहमद इमाम नसई और इमाम इब्ने माजा ने इसे अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (2 / 389 ح 9049 مختصرًا) و النسائی (5 / 99 ح 2598) و ابن ماجه (1839)

١٨٣٢ - (صَحِيح) وَعَنْ عُبَيْدِ اللَّهِ بْنِ عَدِيِّ بْنِ الْخِيَارِ قَالَ: أَخْبَرَنِي رَجُلَانِ أَنَّهُمَا أَتَيَا النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ وَهُوَ يُقَسِّمُ الصَّدَقَةَ فَسَأَلَاهُ مِنْهَا فَرَفَعَ فِينَا النَّظَرَ وَخَفَضَهُ فَرَآنَا جَلْدَيْنِ فَقَالَ: «إِنْ شِئْتُمَا أَعْطَيْتُكُمَا وَلَا حَظَّ فِيهَا لِغَنِيٍّ وَلَا لِقَوِيٍّ مكتسب» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

1832. अब्दुल्लाह बिन अदि बिन खियार बयान करते हैं, दो आदमियों ने मुझे बताया के वह हज्जतुल वदा के मौके पर नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए, आप इस वक़्त सदका तकसीम फरमा रहे थे, उन्होंने आप से सदका की दरख्वास्त की तो आप ने नज़र उठाकर हमें देखा तो आप ﷺ ने हमें ताकतवर देख कर फ़रमाया: “अगर तुम चाहो तो मैं तुम्हें दे देता हूँ लेकिन उस में किसी माल दार शख़्स और कमाई की ताकत रखने वाले शख़्स के लिए कोई हिस्सा नहीं”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (1633) و النسائی (5 / 99 ح 2599)

١٨٣٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَطَاءِ بْنِ يَسَارٍ مُرْسَلًا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: " لَا تَحِلُّ الصَّدَقَةُ لِغَنِيٍّ إِلَّا لِخَمْسَةٍ: لِغَازٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَوْ لِعَامِلٍ عَلَيْهَا أَوْ لِغَارِمٍ أَوْ لِرَجُلٍ اشْتَرَاهَا بِمَالِهِ أَوْ لِرَجُلٍ كَانَ لَهُ جَارٌ مِسْكِينٌ فَتَصَدَّقَ عَلَى الْمِسْكِينِ فَأَهْدَى الْمِسْكِين للغني ". رَوَاهُ مَالك وَأَبُو دَاوُد

1833. अता बिन यस्सार रहिमहुल्लाह मुरसल रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “पांच शख़्स के सिवा किसी माल दार शख़्स के लिए सदका हलाल नहीं, अल्लाह की राह में जिहाद करने वाला, सदकात वुसुल करने वाला, किसी शख़्स को तावुन देना पड़ जाए, वह शख़्स जो अपने माल के ज़रिए इस सदका की चीज़ को खरीद ले गया, वह शख़्स जिस का पड़ोसी मिस्किन हो और इसे सदका दिया जाए और वह मिस्किन शख़्स माल दार शख़्स को बतौर हदिया भेज दे”| (सहीह)

صحيح ، رواه مالک (26831 ح 608) و ابوداؤد (1635)

١٨٣٤ - (لم تتمّ دراسته) وَفِي رِوَايَةٍ لِأَبِي دَاوُدَ عَنْ أَبِي سَعِيدٍ: «أوابن السَّبِيل»

1834. और अबू दावुद की अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु से मरवी रिवायत में है : ’ या मुसाफ़िर”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1637) * عطية العوفی ضعيف و الزيادة صحيحة و لكن السياق ضعيف

١٨٣٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ زِيَادِ بْنِ الْحَارِثِ الصُّدَائِيِّ قَالَ: أَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَبَايَعْتُهُ فَذَكَرَ حَدِيثًا طَوِيلًا فَأَتَاهُ رَجُلٌ فَقَالَ: أَعْطِنِي مِنَ الصَّدَقَةِ. فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ لَمْ يَرْضَ بِحُكْمِ نَبِيٍّ وَلَا غَيْرِهِ فِي الصَّدَقَاتِ حَتَّى حَكَمَ فِيهَا هُوَ فَجَزَّأَهَا ثَمَانِيَةَ أَجْزَاءٍ فَإِنْ كُنْتَ مِنْ تِلْكَ الْأَجْزَاءِ أَعطيتك» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1835. ज़ियाद बिन हारिस सुदाई रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो मैंने आप की बैत की, उन्होंने एक तवील हदीस बयान की एक आदमी आप की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, मुझे सदके में से कुछ दें, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: “सदकात के मुआमले में अल्लाह ने किसी नबी या उस के अलावा किसी शख़्स की तकसीम के हुक्म को पसंद नहीं फरमाया, बल्कि इस मुआमले में उस ने खुद हुक्म फ़रमाया तो उसे आठ अजज़ा में तकसीम फ़रमाया, अगर तो तुम भी उन आठ अजज़ा मसारिफ़ में से हो तो में तुम्हें दे देता हूँ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1630) * عبد الرحمن بن زياد الافريقى : ضعيف

किसको सदका देना जाएज नहीं • بَاب مِمَّن لَا تحل لَهُ الصَّدَقَة

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

١٨٣٦ - (ضَعِيف) عَنْ زَيْدِ بْنِ أَسْلَمَ قَالَ: شَرِبَ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ لَبَنًا فَأَعْجَبَهُ فَسَأَلَ الَّذِي سَقَاهُ: مِنْ أَيْنَ هَذَا اللَّبَنُ؟ فَأَخْبَرَهُ أَنَّهُ وَرَدَ عَلَى مَاءٍ قَدْ سَمَّاهُ فَإِذَا نَعَمٌ مِنْ نَعَمِ الصَّدَقَةِ وَهُمْ يَسْقُونَ فَحَلَبُوا مِنْ أَلْبَانِهَا فَجَعَلْتُهُ فِي سِقَائِي فَهُوَ هَذَا: فَأَدْخل عمر يَده فاستقاءه. رَوَاهُ مَالِكٌ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

1836. ज़ैद बिन असलम बयान करते हैं, उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु ने दूध पिया तो वह उन्हें पसंद आया उन्होंने इस दूध पिलाने वाले शख़्स से पूछा यह दूध कहाँ से हासिल किया है? उस ने बताया के वह फलां घाट पर गया था वहां सदका के कुछ ऊंट थे और वह चरवाहे उन्हें पानी पिला रहे थे, उन्होंने उनका दूध धोया तो मैंने इसे अपने बर्तन में डाल लिया यह वह है, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने अपना हाथ हलक में डाला और कै कर दी| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه مالك (1 / 269 ح 610) و البيهقى فى شعب الايمان (5771) * السند منقطع ، زيد بن اسلم لم يدرک عمر رضى الله عنه

• بَاب من لَا تحل لَهُ الْمَسْأَلَة وَمن تحل لَهُ — सवाल करना किसके लिए जाएज है और किसके लिए नाजाएज

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

١٨٣٧ - (صَحِيح) عَن قبيصَة بن مُخَارق الْهِلَالِي قَالَ: تَحَمَّلْتُ حَمَالَةً فَأَتَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَسْأَلُهُ فِيهَا. فَقَالَ: «أَقِمْ حَتَّى تَأْتِينَا الصَّدَقَة فنأمر لَك بهَا» . قَالَ ثُمَّ قَالَ: «يَا قَبِيصَةُ إِنَّ الْمَسْأَلَةَ لَا تَحِلُّ إِلَّا لِأَحَدِ ثَلَاثَةٍ رَجُلٍ تَحَمَّلَ حَمَالَةً فَحَلَّتْ لَهُ الْمَسْأَلَةُ حَتَّى يُصِيبَهَا ثُمَّ يُمْسِكُ وَرَجُلٍ أَصَابَتْهُ جَائِحَةٌ اجْتَاحَتْ مَالَهُ فَحَلَّتْ لَهُ الْمَسْأَلَةُ حَتَّى يُصِيبَ قِوَامًا مِنْ عَيْشٍ أَوْ قَالَ سِدَادًا مِنْ عَيْشٍ وَرَجُلٍ أَصَابَتْهُ فَاقَةٌ حَتَّى يقوم ثَلَاثَة من ذَوي الحجى مِنْ قَوْمِهِ. لَقَدْ أَصَابَتْ فُلَانًا فَاقَةٌ فَحَلَّتْ لَهُ الْمَسْأَلَةُ حَتَّى يُصِيبَ قِوَامًا مِنْ عَيْشٍ أَوْ قَالَ سِدَادًا مِنْ عَيْشٍ فَمَا سِوَاهُنَّ من الْمَسْأَلَة يَا قبيصَة سحتا يأكلها صَاحبهَا سحتا» . رَوَاهُ مُسلم

1837. कबिस बिन मुखारिक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने एक ज़मानत की ज़िम्मेदारी ले ली तो मैं रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ, ताकि उस के लिए में आप से सवाल करू, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम ठहरो हत्ता कि हमारे पास सदका आजाए, तो फिर हम तुम्हारी खातिर सदका का हुक्म देंगे,'' फिर फ़रमाया: “कबिस सिर्फ तीन शख़्स के लिए सवाल करना जाईज़ है, वह आदमी जिस ने ज़मानत की हामी भरी तो उस के लिए सवाल करना जाईज़ है, हत्ता कि वह इसे अदा कर दे और फिर सवाल न करे, एक वह आदमी जिस को ऐसी आफत आ जाए के वह उस के माल को तबाह कर दे तो उस के लिए सवाल करना जाईज़ है, हत्ता कि वह अपने गुजरान दुरुस्त कर ले, और एक इस आदमी के लिए सवाल करना जाईज़ है के वह फाका में मुब्तिला है, हत्ता कि उसकी कौम में से तीन दाना आदमी गवाही दे दे के फलां आदमी वाकिअतन फाका में मुब्तिला है तो उस के लिए सवाल करना जाईज़ है, हत्ता कि वह अपने गुजरान दुरुस्त कर सके और कबिस उन तीन सूरतो के अलावा सवाल करना हराम है और अगर कोई सवाल करता है तो वह हराम खाता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (109 / 1042)، (2404)

١٨٣٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ سَأَلَ النَّاسَ أَمْوَالَهُمْ تَكَثُّرًا فَإِنَّمَا يَسْأَلُ جمرا. فليستقل أَو ليستكثر» . رَوَاهُ مُسلم

1838. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स माल बढ़ाने की खातिर लोगों के माल में से सवाल करता है तो वह अंगारे मांग रहा है, वह कम मांगे या ज्यादा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (105 / 1041)، (2399)

١٨٣٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: ص:٥٧ «مَا يَزَالُ الرَّجُلُ يَسْأَلُ

النَّاسَ حَتَّى يَأْتِيَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ لَيْسَ فِي وَجْهِهِ مُزْعَةُ لحم»

1839. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आदमी लोगों से मांगता रहता है हत्ता कि जब वह रोज़ ए कियामत पेश होगा तो उस के चेहरे पर कोई गोश्त नहीं होगा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (174) و مسلم (104 / 1040)، (2398)

١٨٤٠ - (صَحِيح) وَعَنْ مُعَاوِيَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُلْحِفُوا فِي الْمَسْأَلَةِ فَوَاللَّهِ لَا يسألني أحدق مِنْكُمْ شَيْئًا فَتُخْرِجَ لَهُ مَسْأَلَتُهُ مِنِّي شَيْئًا وَأَنَا لَهُ كَارِهٌ فَيُبَارَكَ لَهُ فِيمَا أَعْطَيْتُهُ» . رَوَاهُ مُسلم

1840. मुआविया रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सवाल करने में पीछे न पड़ जाया करो अल्लाह की क़सम! जब तुम में से कोई शख़्स सवाल कर के मुझ से कोई चीज़ हासिल कर लेता है, जबकि मैं उस ना पसंद करता हूँ तो फिर मैं वह चीज़ इसे दे भी दो तो उस में बरकत नहीं होती”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (99 / 1038)، (2390)

١٨٤١ - (صَحِيح) وَعَنِ الزُّبَيْرِ بْنِ الْعَوَّامِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَأَنْ يَأْخُذَ أَحَدُكُمْ حَبْلَهُ فَيَأْتِيَ بِحُزْمَةِ حَطَبٍ عَلَى ظَهْرِهِ فَيَبِيعَهَا فَيَكُفَّ اللَّهُ بِهَا وَجْهَهُ خَيْرٌ لَهُ مِنْ أَنْ يَسْأَلَ النَّاسَ أَعْطَوْهُ أَوْ مَنَعُوهُ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1841. जुबैर बिन अव्वाम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर तुम में से कोई शख़्स अपने रस्सी लेकर जंगल में जाए अपने पुश्त पर लकड़ियों का गठ्ठा ला कर फरोख्त करे और इस तरह अल्लाह उस के चेहरे को सवाल करने से बचा ले तो यह उस के लिए सवाल करने से बेहतर है? मुमकिन है के वह इसे कुछ दे या न दें”| (बुखारी)

رواه البخارى (1471)

١٨٤٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ حَكِيمِ بْنِ حِزَامٍ قَالَ: سَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَعْطَانِي ثُمَّ سَأَلْتُهُ فَأَعْطَانِي ثُمَّ قَالَ لِي: «يَا حَكِيمُ إِنَّ هَذَا الْمَالَ خَضِرٌ حُلْوٌ فَمَنْ أَخَذَهُ بِسَخَاوَةِ نَفْسٍ بُورِكَ لَهُ فِيهِ وَمَنْ أَخَذَهُ بِإِشْرَافِ نَفْسٍ لَمْ يُبَارَكْ لَهُ فِيهِ. وَكَانَ كَالَّذِي يَأْكُلُ وَلَا يَشْبَعُ وَالْيَدُ الْعُلْيَا خَيْرٌ مِنَ الْيَدِ السُّفْلَى» . قَالَ حَكِيمٌ: فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَالَّذِي بَعَثَكَ بِالْحَقِّ لَا أَرْزَأُ أَحَدًا بَعْدَكَ شَيْئًا حَتَّى أُفَارِقَ الدُّنْيَا "

1842. हकिम बिन हिज़ाम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से सवाल किया तो आप ने मुझे अता कर दिया फिर मैंने आप से सवाल किया तो आप ने मुझे अता कर दिया, फिर आप ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “हकिम यह माल सर सब्ज़ो शिरी है, जिस ने सखावत नफ्स के साथ इसे हासिल किया तो उस के लिए उस में

बरकत दी जाती है, और जिस ने हरस व ताअम के साथ इसे हासिल किया तो उस के लिए उस में बरकत नहीं की जाती, और वह इस शख़्स की तरह है जो खाता है लेकिन सैर नहीं होता और ऊपर वाला हाथ निचले वाले हाथ से बेहतर है" हकिम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! उस ज़ात की क़सम जिस ने आप को हक़ के साथ मबउस फ़रमाया में आप के बाद जिंदगी भर किसी से कोई चीज़ नहीं मांगूंगा"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1472) و مسلم (96 / 1035)، (2387)

١٨٤٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ وَهُوَ عَلَى الْمِنْبَرِ وَهُوَ يَذْكُرُ الصَّدَقَةَ وَالتَّعَفُّفَ عَنِ الْمَسْأَلَةِ: «الْيَدُ الْعُلْيَا خَيْرٌ مِنَ الْيَدِ السُّفْلَى وَالْيَد الْعليا هِيَ المنفقة وَالْيَد السُّفْلى هِيَ السائلة»

1843. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ मिम्बर पर तशरीफ़ फरमा थे और आप ने सदका करने और सवाल करने से बचने के लिए फ़ज़ाइल बयान करते हुए फ़रमाया: "ऊपर वाला हाथ निचले हाथ से बेहतर है, और ऊपर वाला हाथ खर्च करने वाला है जबकि निचला हाथ सवाल करने वाला है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1429) و مسلم (94 / 1033)، (2385)

١٨٤٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: إِنَّ أَنَاسًا مِنَ الْأَنْصَارِ سَأَلُوا ص:٥٧ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَعْطَاهُمْ ثُمَّ سَأَلُوهُ فَأَعْطَاهُمْ حَتَّى نَفِدَ مَا عِنْدَهُ. فَقَالَ: «مَا يَكُونُ عِنْدِي مِنْ خَيْرٍ فَلَنْ أَدَّخِرَهُ عَنْكُمْ وَمَنْ يَسْتَعِفَّ يُعِفَّهُ اللَّهُ وَمَنْ يَسْتَغْنِ يُغْنِهِ اللَّهُ وَمَنْ يَتَصَبَّرْ يُصَبِّرْهُ اللَّهُ وَمَا أُعْطِيَ أَحَدٌ عَطَاءً هُوَ خَيْرٌ وَأَوْسَعُ مِنَ الصَّبْرِ»

1844. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अंसार के कुछ लोगों ने रसूलुल्लाह ﷺ से सवाल किया तो आप ने उन्हें अता कर दिया हत्ता कि आप के पास जो कुछ था वह ख़तम हो गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "मेरे पास जो माल होता है में उसे तुम से बचाकर नहीं रखता, और जो शख़्स सवाल करने से बचता है तो अल्लाह इसे बचा लेता है, और जो शख़्स बेनियाज़ रहना चाहे तो अल्लाह इसे बेनियाज़ कर देता है, जो शख़्स सब्र करता है तो अल्लाह इसे साबिर बना देता है, और किसी शख़्स को सब्र से बेहतर और वसीअ तर कोई चीज़ अता नहीं की गई"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1469) و مسلم (124 / 1053)، (2424)

١٨٤٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُعْطِينِي الْعَطَاءَ فَأَقُولُ: أَعْطِهِ أَفْقَرَ إِلَيْهِ

مِنِّي. فَقَالَ: «خُذْهُ فَتَمَوَّلْهُ وَتَصَدَّقْ بِهِ فَمَا جَاءَكَ مِنْ هَذَا الْمَالِ وَأَنْتَ غَيْرُ مُشْرِفٍ وَلَا سَائِلٍ فَخذه. ومالا فَلَا تتبعه نفسك»

1845. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ मुझे कोई माल अता करते तो मैं अर्ज़ करता आप इसे मुझ से ज़्यादा ज़रूरत मंद को अता कर दे तो आप ﷺ फरमाते: “इसे ले लो और इसे अपने माल में शामिल कर लो और इसे सदका करो और अगर बिन मांगे और बगैर इंतज़ार किए तुम्हारे पास माल जाए तो उसे ले लिया करो और जो ऐसा न हो उस के पीछे न पड़ो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1473) و مسلم (110 / 1045)، (2405)

بَاب من لَا تحل لَهُ الْمَسْأَلَة وَمن تحل لَهُ — सवाल करना किसके लिए जाएज है और किसके लिए नाजाएज

الْفَصْل الثَّانِي — दूसरी फस्ल

١٨٤٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ سَمُرَةَ بْنِ جُنْدُبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْمَسَائِلُ كُدُوحٌ يَكْدَحُ بِهَا الرَّجُلُ وَجْهَهُ فَمَنْ شَاءَ أَبْقَى عَلَى وَجْهِهِ وَمَنْ شَاءَ تَرَكَهُ إِلَّا أَنْ يَسْأَلَ الرَّجُلُ ذَا سُلْطَانٍ أَوْ فِي أَمْرٍ لَا يَجِدُ مِنْهُ بُدًّا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

1846. समुरह बिन जुन्दुब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सवाल करना खराश है, आदमी उनकी वजह से अपने चेहरे पर खराशे डालता है, जो चाहे उन्हें अपने चेहरे पर बाकी रखे और जो चाहे उन्हें छोड़ दे, अलबत्ता आदमी बादशाह से सवाल करे या किसी ऐसी चीज़ के बारे में सवाल करे जिसके बगैर कोई चाराह न हो तो फिर सवाल करना जाईज़ है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (1639) و الترمذی (681 وقال : حسن صحیح) و النسائی (5 / 100 ح 2600)

١٨٤٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وسلم: «من سَأَلَ النَّاسَ وَلَهُ مَا يُغْنِيهِ جَاءَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَمَسْأَلَتُهُ فِي وَجْهِهِ خُمُوشٌ أَوْ خُدُوشٌ أَوْ كُدُوحٌ» . قِيلَ يَا رَسُولَ اللَّهِ وَمَا يُغْنِيهِ؟ قَالَ: «خَمْسُونَ دِرْهَمًا أَوْ قِيمَتُهَا مِنَ الذَّهَبِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ والدارمي

1847. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स इस क़दर मिलकियत रखने के बावजूद लोगों से सवाल करे जो इसे सवाल करने से बेनियाज़ कर दे तो वह रोज़ ए कियामत आएगा तो वह सवाल उस के चेहरे पर खराश की तरह होगा,‘‘ सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वह कितनी मिकदार है जो इसे सवाल करने से बेनियाज़ कर सकती है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “पचास दिरहम

या उस के मसावी सोना”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1626) و الترمذی (650 وقال : حسن) و النسائی(5 / 97 ح 2593) و ابن ماجه (1820) و الدارمی (1 / 386 ح 1647) * حکیم بن جبیر : ضعیف ، و للثوری تدلیس عجیب لانه حدث به عن زبید عن محمد بن عبد الرحمن بن یزید : ولم یجاوزه ، ای مقطوعًا او مرسلاً !

١٨٤٨ - (صَحِيح) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ الْحَنْظَلِيَّةِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ سَأَلَ وَعِنْدَهُ مَا يُغْنِيهِ فَإِنَّمَا يَسْتَكْثِرُ مِنَ النَّارِ» . قَالَ النُّفَيْلِيُّ. وَهُوَ أَحَدُ رُوَاتِهِ فِي مَوْضِعٍ آخر: وَمَا الْغنى الَّذِي لَا يَنْبَغِي مَعَهُ الْمَسْأَلَةُ؟ قَالَ: «قَدْرُ مَا يُغَدِّيهِ وَيُعَشِّيهِ» . وَقَالَ فِي مَوْضِعٍ آخَرَ: «أَنْ يَكُونَ لَهُ شِبَعُ يَوْمٍ أَوْ لَيْلَةٍ وَيَوْمٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1848. सहल बिन हंजलीय्या रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स इस क़दर मिलकियत रखने के बावजूद सवाल करे जो इसे सवाल करने से बेनियाज़ कर सकती हो तो फिर वह आग में इज़ाफा कर रहा है” और नफ्ली जो इस रिवायत के रावी है उन्होंने दूसरे मक़ाम पर फ़रमाया वह माल की कितनी मिकदार है जिसके होते हुए सवाल करना मुनासिब नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो सुबह व शाम खाने की मिकदार”, और एक दूसरे मक़ाम पर फ़रमाया: “जिस के पास इतना माल हो जो उसकी सुबह व शाम की शक्म सीरी के लिए काफी हो”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (1629)

١٨٤٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَطَاءِ بْنِ يَسَارٍ عَنْ رَجُلٍ مِنْ بَنِي أَسَدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ سَأَلَ مِنْكُمْ وَلَهُ أُوقِيَّةٌ أَوْ عَدْلُهَا فَقَدْ سَأَلَ إِلْحَافًا» . رَوَاهُ مَالك وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

1849. अता बिन यस्सार रहिमहुल्लाह बनू असद कबिले के एक आदमी से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से जो शख़्स अवका या उस के मसावी चाँदी की मिलकियत रखने के बावजूद सवाल करता है तो वह चिमट कर सवाल करने वालो के ज़िमरे में आता है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه مالک (2 / 999 ح 1949) و ابوداؤد (1627) و النسائی (5 / 9899 ح 2597)

١٨٥٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ حُبْشِيِّ بْنِ جُنَادَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ الْمَسْأَلَةَ لَا تَحِلُّ لِغَنِيٍّ وَلَا لِذِي مِرَّةٍ سَوِيٍّ إِلَّا لِذِي فَقْرٍ مُدْقِعٍ أَوْ غُرْمٍ مُفْظِعٍ وَمَنْ سَأَلَ النَّاس لِيُثْرِيَ بِهِ مَالَهُ: كَانَ خُمُوشًا فِي وَجْهِهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَرَضْفًا يَأْكُلُهُ مِنْ جَهَنَّمَ فَمَنْ شَاءَ فَلْيَقُلْ وَمَنْ شَاءَ فليكثر ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1850. हुब्शी बिन जनादह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “माल दार शख़्स के लिए सवाल करना जाईज़ है के काम करने की ताकत रखने वाले सहिहुल खलकत शख़्स के लिए, अलबत्ता इस शख़्स के लिए सवाल करना जाईज़ है जो इन्तिहाई मुहताज हो या तावुन तले दब गया हो, और जो शख़्स अपना माल बढ़ाने की खातिर लोगों से सवाल करता है तो रोज़ ए कियामत उस के चेहरे पर खराश होगी और वह

जहन्नम में गरम पत्थर खाएगा, जो चाहे कम करे जो चाहे ज़्यादा करे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (653) * مجالد بن سعيد : ضعيف من جهة سوء حفظه

١٨٥١ - (ضَعِيف) وَعَن أنس بن مَالك: أَنَّ رَجُلًا مِنَ الْأَنْصَارِ أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَسْأَلُهُ فَقَالَ: «أَمَا فِي بَيْتك شَيْء؟» قَالَ بَلَى حِلْسٌ نَلْبَسُ بَعْضَهُ وَنَبْسُطُ بَعْضَهُ وَقَعْبٌ نَشْرَبُ فِيهِ مِنَ الْمَاءِ. قَالَ: «ائْتِنِي بِهِمَا» قَالَ فَأَتَاهُ بِهِمَا فَأَخَذَهُمَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِيَدِهِ ص:٥٨ وَقَالَ: «مَنْ يَشْتَرِي هَذَيْنِ؟» قَالَ رَجُلٌ أَنَا آخُذُهُمَا بِدِرْهَمٍ قَالَ: «مَنْ يَزِيدُ عَلَى دِرْهَمٍ؟» مَرَّتَيْنِ أَوْ ثَلَاثًا قَالَ رجل أَنا آخذهما بِدِرْهَمَيْنِ فَأَعْطَاهُمَا إِيَّاه وَأخذ الدِّرْهَمَيْنِ فَأَعْطَاهُمَا الْأَنْصَارِيُّ وَقَالَ: «اشْتَرِ بِأَحَدِهِمَا طَعَامًا فانبذه إِلَى أهلك واشتر بِالْآخرِ قدومًا فأتني بِهِ» . فَأَتَاهُ بِهِ فَشَدَّ فِيهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عُودًا بِيَدِهِ ثُمَّ قَالَ لَهُ اذْهَبْ فَاحْتَطِبْ وَبِعْ وَلَا أَرَيَنَّكَ خَمْسَةَ عَشَرَ يَوْمًا ". فَذهب الرجل يحتطب وَيبِيع فجَاء وَقَدْ أَصَابَ عَشَرَةَ دَرَاهِمَ فَاشْتَرَى بِبَعْضِهَا ثَوْبًا وَبِبَعْضِهَا طَعَامًا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَذَا خَيْرٌ لَكَ مِنْ أَنْ تَجِيءَ الْمَسْأَلَةُ نُكْتَةً فِي وَجْهِكَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ إِنَّ الْمَسْأَلَةَ لَا تَصْلُحُ إِلَّا لِثَلَاثَةٍ لِذِي فَقْرٍ مُدْقِعٍ أَوْ لِذِي غُرْمٍ مُفْظِعٍ أَوْ لِذِي دَمٍ مُوجِعٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَرَوَى ابْن مَاجَه إِلَى قَوْله: «يَوْم الْقِيَامَة»

1851. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के अंसार में से एक आदमी सवाल करने की गर्ज़ से नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम्हारे घर में कोई चीज़ नहीं? उस ने अर्ज़ किया, क्यों नहीं एक टाट है जो हमारा ओढ़ना बिछोना है और एक प्याला है जिस में हम पानी पीते हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन्हें मेरे पास लाओ”, वह उन्हें आप के पास लाए तो रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें अपने हाथ में लेकर फ़रमाया: “उन्हें कौन खरीदता है” एक आदमी ने अर्ज़ किया, मैं उन्हें एक दिरहम में खरीदता हूँ आप ﷺ ने दस या तीन मर्तबा फ़रमाया: “दिरहम से ज़्यादा कौन बढ़ता है” फिर किसी और आदमी ने कहा में उन्हें दो दिरहम में खरीदता हूँ, आप ने वह दोनों चीज़े इसे दे दी और दो दिरहम लेकर इस अंसारी को दिए और फ़रमाया: “उन में से एक का खाना लेकर अपने घरवालो के सुपुर्द करो और दूसरे से एक कुल्हाड़ा लेकर मेरे पास आओ,‘‘ पस वह इसे लेकर आप की खिदमत में हाज़िर हुआ तो रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने दस्ते मुबारक से उस में दस्ता लगाया फिर फ़रमाया: “जा और लकड़िया इकट्ठी कर और फरोख्त कर और मैं पन्द्रह रोज़ तक तुम्हें न देखूं,‘‘ वह आदमी गया और लकड़िया इकट्ठी कर के फरोख्त करता रहा, वह आप की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस के पास दस दिरहम हो चुके थे उस ने कुछ रकम के कपड़े ख़रीदे और कुछ से गल्ला ख़रीदा तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया:” यह तुम्हारे लिए उस से बेहतर है के तुम सवाल करो और रोज़ ए कियामत तुम्हारे चेहरे पर नाकित हो, क्योंकि सिर्फ तीन शख़्स इन्तिहाई मुहताज शख्स, तावुन तले दबे हुए शख़्स और दियत की तकलीफ से दो चार शख़्स के लिए सवाल करना जाईज़ है”| अबू दावुद, और इब्ने माजा ने “ रोज़ ए कियामत” के अल्फाज़ तक बयान किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1641) و ابن ماجه (2198)

١٨٥٢ - (حسن) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَصَابَتْهُ فَاقَةٌ فَأَنْزَلَهَا بِالنَّاسِ لَمْ تُسَدَّ

فَاقَتُهُ. وَمَنْ أَنْزَلَهَا بِاللَّه أوشك الله لَهُ بالغنى إِمَّا بِمَوْتٍ عَاجِلٍ أَوْ غِنًى آجِلٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ

1852. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स फाके में मुब्तिला हो जाए और वह इसे लोगों पर पेश करे तो उस का फाका दूर नहीं होगा और जो शख़्स उस के मुतल्लिक अल्लाह से अर्ज़ करे तो करीब है के अल्लाह जल्द मौत दे कर या बदिर दौलत मंदी दे कर इसे गनी अता फरमादे”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1645) و الترمذی (2326 وقال : حسن صحیح غریب)

• بَاب من لَا تحل لَهُ الْمَسْأَلَة وَمن تحل لَهُ — सवाल करना किसके लिए जाएज है और किसके लिए नाजाएज

• الْفَصْل الثَّالِث — तीसरी फस्ल

١٨٥٣ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ الْفِرَاسِيِّ أَنَّ الْفِرَاسِيَّ قَالَ: قُلْتُ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ص:٥٨ أَسْأَلُ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا وَإِن كنت لابد فسل الصَّالِحين» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

1853. इब्ने फिरासी अपने बाप से रिवायत बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! में सवाल कर लिया करू, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं? अगर तुमने ज़रूर ही माँगना हो तो फिर स्वालेह लोगों से सवाल किया कर”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (1646) و النسائی (5 / 95 ح 2588) * ابن الفراسی : لم اجد من و ثقه ، و مسلم بن مخشی و ثقه ابن حبان وحده

١٨٥٤ - (صَحِيح) وَعَن ابْن السَّاعِدِيّ الْمَالِكِي أنه قَالَ: استعملني عمر بن الْخطاب رَضِي الله عَنْهُم عَلَى الصَّدَقَة فَلَمَّا فَرَغْتُ مِنْهَا وَأَدَّيْتُهَا إِلَيْهِ أَمَرَ لِي بِعُمَالَةٍ فَقُلْتُ إِنَّمَا عَمِلْتُ لِلَّهِ وَأجْرِي على الله فَقَالَ خُذْ مَا أُعْطِيتَ فَإِنِّي قَدْ عَمِلْتُ عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَعَمَّلَنِي فَقُلْتُ مِثْلَ قَوْلِكَ فَقَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا أُعْطِيتَ شَيْئا من غير أَن تسْأَل فَكل وَتصدق» . رَوَاهُ مُسلم وَأَبُو دَاوُد

1854. इब्ने साअदि रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने मुझे सदकात वुसुल करने पर मामूर फ़रमाया जब में इस काम से फारिग़ हुआ और वह उन के सुपुर्द कर दिएतो उन्होंने तनख्वाह लेने के लिए मुझे हुक्म फ़रमाया तो मैंने अर्ज़ किया: मैंने तो महज़ अल्लाह की खातिर यह काम किया था, और मेरा अज़र अल्लाह के जिम्मे है, उन्होंने फ़रमाया जो दिया जाए इसे कबूल कर, क्योंकि मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के अहद में यह काम किया था तो आप ने भी मुझे तनख्वाह पेश की तो मैंने भी तुम्हारी तरफ ही अर्ज़ किया, था, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया था: “जब बिन मांगे कोई चीज़ तुम्हें दी जाए तो उसे खाओ और सदका करो”| (सहीह)

صحیح ، رواه ابوداؤد (1647) [و البخاری (7163 مطولاً) و مسلم (112 / 1045)، (2408)]

١٨٥٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّهُ سَمِعَ يَوْمَ عَرَفَةَ رَجُلًا يَسْأَلُ النَّاس فَقَالَ: أَفِي هَذَا الْيَوْمِ: وَفِي هَذَا الْمَكَانِ تسْأَل من يغر الله؟ فخفقه بِالدرةِ. رَوَاهُ رزين

1855. अली रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने अरफा के रोज़ एक आदमी को लोगों से सवाल करते हुए सूना तो उन्होंने ने फ़रमाया: क्या तुम इस रोज़ इस जगह अल्लाह को छोड़ कर किसी और से मांग रहे हो, उन्होंने दुर्रे के साथ उसकी पिटाई की इसका कोई असल नहीं| (रवाह रजिन मझे नहीं मिली.)

لا اصل له ، رواه رزين (لم اجده)

١٨٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عمر رَضِي الله عَنهُ قَالَ: تَعْلَمُنَّ أَيُّهَا النَّاسُ أَنَّ الطَّمَعَ فَقْرٌ وَأَنَّ الْإِيَاس غِنًى وَأَنَّ الْمَرْءَ إِذَا يَئِسَ عَن شَيْء اسْتغنى عَنهُ. رَوَاهُ رزين

1856. उमर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने ने फ़रमाया: लोगो! तुम जान लो के ताअम फकीरी है, जबकि लोगों से ना उम्मीदी गनी है, क्योंकि जब आदमी किसी चीज़ से ना उम्मीद हो जाता है तो वह उस से बेनियाज़ हो जाता है, इसका कोई असल नहीं| (रवाह रजिन मझे नहीं मिली.)

لا اصل له ، رواه رزين (لم اجده)

١٨٥٧ - (صَحِيح) وَعَنْ ثَوْبَانَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ يَكْفُلُ لِي أَنْ لَا يَسْأَلَ النَّاسَ شَيْئًا فَأَتَكَفَّلَ لَهُ بِالْجَنَّةِ؟» فَقَالَ ثَوْبَانُ: أَنَا فَكَانَ لَا يَسْأَلُ أَحَدًا شَيْئا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

1857. सौबान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स मुझे ज़मानत दे के वह लोगों से कोई चीज़ नहीं मांगेगा तो में उसे जन्नत की ज़मानत देता हूँ”, सौबान रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, मैं ज़मानत देता हूँ और आप किसी से कोई चीज़ नहीं मांगते थे| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (1643) و النسائى (5 / 96 ح 2591)

١٨٥٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: دَعَانِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ يَشْتَرِطُ عَلَيَّ: «أَنْ لَا تَسْأَلَ النَّاسَ شَيْئًا» قُلْتُ: نَعَمْ. قَالَ: «وَلَا سَوْطَكَ إِنْ سَقَطَ مِنْكَ حَتَّى تنزل إِلَيْهِ فتأخذه» . رَوَاهُ أَحْمَدُ

1858. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे बुलाया जबकि आप मुझ से शर्त काइम कर रहे थे के तुमने लोगों से किसी चीज़ के बारे में सवाल नहीं करना,‘‘ मैंने अर्ज़ किया: जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम्हारा कोड़ा गिर जाए तो उस का सवाल भी नहीं करना हत्ता कि तुम नीचे उतर कर खुद इसे पकड़ो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (5 / 181 ح [21573] * ابن لهيعة ضعيف و للحديث شاهد ضعيف عند احمد (5 / 172) و حديث مسلم (1043)، (2403) يغنى عنه

بَاب الْإِنْفَاق وكراهية الْإِمْسَاك	सखावत की फ़ज़ीलत और बखील की मज़म्मत का बयान
الْفَصْل الأول	पहली फस्ल

١٨٥٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ كَانَ لِي مِثْلُ أُحُدٍ ذَهَبًا لَسَرَّنِي أَنْ لَا يَمُرَّ عَلَيَّ ثَلَاثُ لَيَالٍ وَعِنْدِي مِنْهُ شَيْءٌ إِلَّا شَيْءٌ أَرْصُدُهُ لِدَيْنٍ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

1859. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर ओहद पहाड़ जितना सोना मेरे पास हो तो मुझे ख़ुशी होगी के तीन दिन के बाद उस में से कुछ भी मेरे पास बाकी न बचे बजुज़ उस के जिसे में क़र्ज़ की अदाइगी के लिए रखलूँ”| (बुखारी)

رواه البخارى (2389)

١٨٦٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَا مِنْ يَوْمٍ يُصْبِحُ الْعِبَادُ فِيهِ إِلَّا مَلَكَانِ يَنْزِلَانِ فَيَقُولُ أَحَدُهُمَا: اللَّهُمَّ أطع مُنْفِقًا خَلَفًا وَيَقُولُ الْآخَرُ: اللَّهُمَّ أَعْطِ مُمْسِكًا تلفا "

1860. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर रोज़ सुबह के वक़्त दो फ़रिश्ते आसमान से नाज़िल होते हैं तो उनमें से एक कहता है, अल्लाह खर्च करने वाले को बदला अता फरमा जबकि दूसरा कहता है, अल्लाह बखील को तबाही से दो चार कर”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1442) و مسلم (57 / 1010)، (2336)

١٨٦١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَسْمَاءَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنْفِقِي وَلَا تُحْصِي فَيُحْصِيَ اللَّهُ عَلَيْكِ وَلَا تُوعِي فَيُوعِيَ اللَّهُ عَلَيْكِ ارْضَخِي مَا اسْتَطَعْتِ»

1861. अस्मा रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “खर्च कर लेकिन शुमार न कर वरना अल्लाह तुझे भी गिन गिन कर देगा (माल को) रोक कर न रख वरना अल्लाह तुझ से रोक लेगा और जितना हो सके अता करती रहो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2591) و مسلم (88 / 1029)، (2375)

١٨٦٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " قَالَ اللَّهُ تَعَالَى: أَنْفِقْ يَا ابْن آدم أنْفق عَلَيْك "

1862. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह तआला फरमाता है, इब्ने आदम खर्च कर में तुझ पर खर्च करूँगा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5352) و مسلم (36 / 993)، (2308)

١٨٦٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا ابْنَ آدَمَ إِنْ تَبْذُلِ ص:٥٨ الْفَضْلَ خَيْرٌ لَكَ وَإِنْ تُمْسِكْهُ شَرٌّ لَكَ وَلَا تُلَامُ عَلَى كَفَافٍ وَابْدَأْ بِمن تعول» . رَوَاهُ مُسلم

1863. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इब्ने आदम अगर तो ज़ईदाज़ ज़ुरुरियात खर्च कर दे तो वह तेरे लिए बेहतर है और अगर तो उसे रोक रखे तो वह तेरे लिए बुरा है, लेकिन ज़रूरत के मुताबिक रख लेने पर तुझ पर कोई मलामत नहीं, और अपने ज़ेरे किफ़ालत लोगों पर पहले खर्च कर”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (97 / 1036)، (2388)

١٨٦٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَثَلُ الْبَخِيلِ وَالْمُتَصَدِّقِ كَمَثَلِ رَجُلَيْنِ عَلَيْهِمَا جُنَّتَانِ مِنْ حَدِيدٍ قَدِ اضْطُرَّتْ أَيْدِيهِمَا إِلَى ثُدُيِّهِمَا وَتَرَاقِيهِمَا فَجَعَلَ الْمُتَصَدِّقُ كُلَّمَا تَصَدَّقَ بِصَدقَة انبسطت عَنهُ الْبَخِيلُ كُلَّمَا هَمَّ بِصَدَقَةٍ قَلَصَتْ وَأَخَذَتْ كُلُّ حَلقَة بمكانها»

1864. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बखील और सदका करने वाले की मिसाल इन दो आदमियों कि सी मिसाल है, जिन पर लोहे की ज़िराहे है और उन के हाथ उन के सीने और पसली तक बंधे हुए है, जब सदका करने वाला सदका करता है तो वह ज़िराह कुशादा होती चली जाती है और जब बखील सदका करने का इरादा करता है तो वह तंगी व जाती है और हर कड़ी अपने जगह पर जाती है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1443) و مسلم (75 / 1021)، (2359)

١٨٦٥ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " اتَّقُوا الظُّلْمَ فَإِنَّ الظُّلْمَ ظُلُمَاتٌ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَاتَّقُوا الشُّحَّ فَإِنَّ الشُّحَّ أَهْلَكَ مَنْ كَانَ قَبْلَكُمْ: حَمَلَهُمْ عَلَى أَنْ سَفَكُوا دِمَاءَهُمْ وَاسْتَحَلُّوا مَحَارِمَهُمْ ". رَوَاهُ مُسلم

1865. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ज़ुल्म से बचो क्योंकि ज़ुल्म रोज़ ए कियामत अंधेरो का बाईस होगा और मज़ीद की हरस बुखल से बचो, क्योंकि उस ने तुम से पहले लोगों को हलाक किया और बाहम क़त्ल गारत करने और महारिम को हलाल करने पर उन्हें अमादा किया”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (56 / 2578)، (6576)

١٨٦٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ حَارِثَةَ بْنِ وَهْبٌ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " تصدقوا فَإِنَّهُ يَأْتِي عَلَيْكُمْ زَمَانٌ يَمْشِي الرَّجُلُ بِصَدَقَتِهِ فَلَا يَجِدُ مَنْ يَقْبَلُهَا يَقُولُ الرَّجُلُ: لَوْ جِئْت بهَا بِالْأَمْسِ لَقَبِلْتُهَا فَأَمَّا الْيَوْمَ فَلَا حَاجَةَ لِي بهَا "

1866. हारिस बिन वहब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सदका किया करो क्योंकि तुम पर ऐसा वक़्त भी आएगा के आदमी अपना सदका लिए फिरेगा, लेकिन वह ऐसा शख़्स नहीं पाएगा जो इसे कबूल कर ले, आदमी जिसके पास वह जाएगा कहेगा अगर तुम कल इसे ले आते तो में उसे कबूल कर लेता, जबकि आज मुझे उसकी कोई ज़रूरत नहीं”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1411) و مسلم (58 / 1011)، (2337)

١٨٦٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَيُّ الصَّدَقَةِ أَعْظَمُ أَجْرًا؟ قَالَ: " أَنْ تَصَدَّقَ وَأَنْتَ صَحِيحٌ شَحِيحٌ تَخْشَى الْفَقْرَ وَتَأْمُلُ الْغِنَى وَلَا تُمْهِلَ حَتَّى إِذَا بَلَغَتِ الْحُلْقُومَ قُلْتَ: لِفُلَانٍ كَذَا وَلِفُلَانٍ كَذَا وَقَدْ كَانَ لِفُلَانٍ "

1867. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अज्र व सवाब के लिहाज़ से कौन सा सदका सबसे बेहतर है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो सदका जब तू तंदुरस्ती में करे जबकि माल की हरस तुम पर ग़ालिब हो और तुझे फकीरी का अंदेशा भी हो और तवंगरी का ताअम भी और सदका करने में देर न कर हत्ता कि जब सांस हलक तक पहुँच जाए और तो कहे इतना माल फलां के लिए और इतना फलां के लिए जबकि वह तो (खुद) फलां का हो चूका”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1419) و مسلم (92 / 1032)، (2382)

١٨٦٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: انْتَهَيْتُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ جَالِسٌ فِي ظِلِّ الْكَعْبَةِ فَلَمَّا رَآنِي قَالَ: «هُمُ الْأَخْسَرُونَ وَرَبِّ الْكَعْبَةِ» فَقُلْتُ: فَدَاكَ أَبِي وَأُمِّي مَنْ هُمْ؟ قَالَ: " هُمُ الْأَكْثَرُونَ أَمْوَالًا إِلَّا مَنْ قَالَ: هَكَذَا وَهَكَذَا وَهَكَذَا مِنْ بَين يَدَيْهِ وَمن خَلفه وعني مينه وَعَن شِمَاله وَقَلِيل مَا هم "

1868. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ, जबकि आप काबा के साए तले तशरीफ़ फरमा थे, जब आप ने मुझे देखा तो फ़रमाया: “रब काबा की क़सम वह नुकसान उठाने वाले हैं,‘‘ मैंने अर्ज़ किया: मेरे वालिदेन आप पर कुरबान हो, वह कौन है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो ज़्यादा माल वाले लेकिन वह लोग जिन्हों ने कहा इस तरफ भी इस तरफ भी और इस तरफ भी अपने आगे अपने पीछे और अपने दाएँ अपने बाएँ जबकि ऐसे लोग कम है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (6638) و مسلم (30 / 990)، (2300)

بَاب الْإِنْفَاق وكراهية الْإِمْسَاك • सखावत की फ़ज़ीलत और बखील की मज़म्मत का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

١٨٦٩ - (ضَعِيف جدا) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «السَّخِيُّ قَرِيبٌ مِنَ اللَّهِ قَرِيبٌ مِنَ الْجَنَّةِ قَرِيبٌ مِنَ النَّاسِ بَعِيدٌ مِنَ النَّارِ. وَالْبَخِيلُ بَعِيدٌ مِنَ اللَّهِ بَعِيدٌ مِنَ الْجَنَّةِ بَعِيدٌ مِنَ النَّاسِ قَرِيبٌ مِنَ النَّارِ. وَلَجَاهِلٌ سَخِيٌّ أَحَبُّ إِلَى اللَّهِ مِنْ عَابِدٍ بَخِيلٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1869. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सखी शख़्स अल्लाह के करीब है, जन्नत के करीब और लोगों के करीब है और जहन्नम से दूर है, जबकि बखील शख़्स अल्लाह से दूर जन्नत से दूर लोगों से दूर और जहन्नम के करीब है और जाहिल सखी अल्लाह को आबिद बखील से ज़्यादा पसंद है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (1961 وقال : غریب) * فیه سعید بن محمد الوراق ؛ ضعیف و للحدیث شواھد ضعیفة جداً

١٨٧٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَأَنْ يَتَصَدَّقَ الْمَرْءُ فِي حَيَاتِهِ بِدِرْهَمٍ خَيْرٌ لَهُ مِنْ أَنْ يَتَصَدَّقَ بِمِائَةٍ عِنْدَ مَوته» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

1870. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर कोई शख़्स अपनी जिंदगी में एक दिरहम सदका करता है तो यह उस के लिए करीब अल मर्ग सौ दिरहम सदका करने से बेहतर है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2866) * شرجیل بن سعد : ضعیف ، ضعفه الجمهور و اختلط ایضًا

١٨٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَثَلُ الَّذِي يَتَصَدَّقُ عِنْدَ مَوْتِهِ أَوْ يُعْتِقُ كَالَّذِي يُهْدِي إِذَا شَبِعَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالنَّسَائِيُّ والدارمي وَالتِّرْمِذِيّ وَصحح

1871. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “वो शख़्स जो अपने मौत के करीब सदका करता है, या गुलाम आज़ाद करता है, तो वह इस शख़्स की तरह है जो शक्म सैर होने के बाद हदिया करे”, अहमद नसई, दारमी और उन्होंने इसे सहीह करार दिया है| (हसन)

حسن ، رواه احمد (6 / 448 ح 28083) و النسائی (6 / 238 ح 3644) و الدارمی (2 / 413 ح 3229) و الترمذی (2123)

١٨٧٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: " خصلتان لَا تجتمعان فِي مُؤْمِنٍ:

الْبُخْلُ وَسُوءُ الْخُلُقِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

1872. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बुखल और बद इखलाकी जैसी खसलते किसी मोमिन में जमा नहीं हो सकती”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذی (1962 وقال : غریب) * صدقة بن موسی : ضعیف ، ضعفه الجمهور

١٨٧٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي بَكْرٍ الصِّدِّيقِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ خِبٌّ وَلَا بَخِيلٌ وَلَا منان» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

1873. अबू बक्र सिद्दीक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “फसाद लड़ाई पैदा कर ने वाला बखील और इहसान जतलाने वाला शख़्स जन्नत में दाखिल नहीं होगा”| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ الترمذی (1963 وقال : حسن غریب) * صدقة بن موسی و فرقد بن یعقوب السبخی ضعیفان

١٨٧٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «شَرُّ مَا فِي الرَّجُلِ شُحٌّ هَالِعٌ وَجُبْنٌ خَالِعٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ»» وَسَنَذْكُرُ حَدِيثَ أَبِي هُرَيْرَةَ: «لَا يَجْتَمِعُ الشُّحُّ وَالْإِيمَانُ» فِي كِتَابِ الْجِهَاد إِن شَاءَ الله تَعَالَى

1874. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आदमी में इन्तिहाई हरस और इन्तिहाई बुज़दिली जैसी खसलते बुरी है”| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ ابوداؤد (2511) 0 حدیث ’’ لا یجتمع الشح و الایمان ‘‘ یاتی (3828)

بَاب الْإِنْفَاق وكراهية الْإِمْسَاك • सखावत की फ़ज़ीलत और बखील की मज़म्मत का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

١٨٧٥ - (صَحِيح) عَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا أَنَّ بَعْضُ أَزْوَاجِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم قُلْنَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَيُّنَا أَسْرَعُ بِكَ لُحوقًا؟ قَالَ: " أَطْوَلُكُنَّ يَدًا فَأَخَذُوا قَصَبَةً يَذْرَعُونَهَا فَكَانَت سَوْدَة أَطْوَلهنَّ يدا فَعلمنَا بعد أنما كَانَت طُول يَدِهَا الصَّدَقَةَ وَكَانَتْ أَسْرَعَنَا لُحوقًا بِهِ زَيْنَبُ وَكَانَتْ تُحِبُّ الصَّدَقَةَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ. وَفِي رِوَايَةِ مُسْلِمٍ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «أَسْرَعكُنَّ لُحوقا بِي أَطْوَلكُنَّ يَدًا» . قَالَتْ: فَكَانَتْ أَطْوَلَنَا يَدًا زَيْنَبُ؟ لِأَنَّهَا كَانَت تعْمل بِيَدِهَا وَتَتَصَدَّقُ

1875. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ की बाज़ अज़वाज ए मूतहरात ने नबी ﷺ से अर्ज़ किया, हम में से सबसे पहले आप से कौन मिलेगी? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम में से जिसके हाथ ज़्यादा दराज़ है,‘‘ वह लकड़ी लेकर अपने बाज़ जिन अपने लगी तो सवदा रदियल्लाहु अन्हा के हाथ उनमें से ज़्यादा दराज़ थे, फिर हमें बाद में पता चला के उन के हाथ लम्बी होने से मुराद सदका था और हम में से जैनब रदियल्लाहु अन्हु सबसे पहले आप से जा मिली और वह सदका करना पसंद किया करती थी| बुखारी और सहीह मुस्लिम की रिवायत में है आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में लम्बी हाथ वाली मुझे सबसे पहले मिलेगी,‘‘ वह बयान करती हैं, वह यह जानने के लिए उनमें से किसी के हाथ दराज़ है वह बाहम हाथ नापा करती थी, पस जैनब रदियल्लाहु अन्हु के हम में से हाथ ज़्यादा लम्बे थे क्योंकि वह अपने हाथ से काम किया करती थी| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1420) و مسلم (101 / 2452)، (6316)

١٨٧٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " قَالَ رَجُلٌ: لَأَتَصَدَّقَنَّ بِصَدَقَةٍ فَخَرَجَ بِصَدَقَتِهِ فَوَضَعَهَا فِي يَدِ سَارِقٍ فَأَصْبَحُوا يَتَحَدَّثُونَ تصدق عَلَى سَارِقٍ فَقَالَ اللَّهُمَّ لَكَ الْحَمْدُ عَلَى سَارِقٍ لَأَتَصَدَّقَنَّ بِصَدَقَةٍ فَخَرَجَ بِصَدَقَتِهِ فَوَضَعَهَا فِي يَدي زَانِيَةٍ فَأَصْبَحُوا يَتَحَدَّثُونَ تُصُدِّقَ اللَّيْلَةَ عَلَى زَانِيَةٍ فَقَالَ اللَّهُمَّ لَكَ الْحَمْدُ عَلَى زَانِيَةٍ لَأَتَصَدَّقَنَّ بِصَدقَة فَخرج بِصَدَقَتِهِ فوضعها فِي ص:٥٨ يَدي غَنِي فَأَصْبحُوا يتحدثون تصدق عَلَى غَنِيٍّ فَقَالَ اللَّهُمَّ لَكَ الْحَمْدُ عَلَى سَارِق وعَلى زَانِيَة وعَلى غَنِي فَأُتِيَ فَقِيلَ لَهُ أَمَّا صَدَقَتُكَ عَلَى سَارِقٍ فَلَعَلَّهُ أَنْ يَسْتَعِفَّ عَنْ سَرِقَتِهِ وَأَمَّا الزَّانِيَةُ فَلَعَلَّهَا أَنْ تَسْتَعِفَّ عَنْ زِنَاهَا وَأَمَّا الْغَنِيُّ فَلَعَلَّهُ يَعْتَبِرُ فَيُنْفِقَ مِمَّا أَعْطَاهُ اللَّهُ ". مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ وَلَفظه للْبُخَارِيّ

1876. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “किसी आदमी ने कहा में सदका करूँगा, वह अपना सदका लेकर बाहर निकला तो उस ने इसे किसी चोर के हाथ में थमा दिया, सुबह हुई तो बातें होने लगी के रात किसी चोर पर सदका कर दिया गया, तो इस आदमी ने कहा ऐ अल्लाह! हर किस्म की हम्द तेरे ही लिए है, किसी चोर पर (सदका कर दिया गया) , मैं ज़रूर सदका करूँगा वह सदका लेकर निकला और इसे किसी ज़ानिया के हाथ पर रख दिया सुबह हुई तो बाते होने लगी के रात किसी ज़ानिया पर सदका कर दिया गया फिर इस आदमी ने कहा ऐ अल्लाह! हर किस्म की हम्द तेरे ही लिए है, (मैंने) किसी ज़ानिया पर (सदका कर दिया) , मैं ज़रूर सदका करूँगा वह सदका लेकर निकला और और किसी माल दार शख़्स के हाथ में दे दिया, सुबह हुई तो लोग बड़े ताज्जुब से बाते करने लगे के रात किसी माल दार पर सदका कर दिया गया, उस ने कहा ऐ अल्लाह! हर किस्म की हम्द तेरे ही लिए है, (मैंने) चोरी ज़ानिया और माल दार शख़्स पर (सदका कर दिया), इसे ख्वाब में बताया गया तुमने जो चोर पर सदका किया तो मुमकिन है के वह चोरी करने से बाज़ आ जाए, रही ज़ानिया तो मुमकिन है के वह ज़िनाकारी से बाज़ आ जाए और रहा माल दार शख़्स तो शायद के वह इबरत हासिल करे और अल्लाह के अता करदा माल में से खर्च करे”, बुखारी, मुस्लिम, और अल्फाज़ हदीस इमाम बुखारी के है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1421) و مسلم (78 / 1022)، (2362)

١٨٧٧ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «بَيْنَا رَجُلٌ بِفَلَاةٍ مِنَ الْأَرْضِ فَسَمِعَ صَوْتًا فِي سَحَابَةٍ اسْقِ حَدِيقَةَ فُلَانٍ فَتَنَحَّى ذَلِكَ السَّحَابُ فَأَفْرَغَ مَاءَهُ فِي حَرَّةٍ فَإِذَا شَرْجَةٌ مِنْ تِلْكَ الشِّرَاجِ قَدِ اسْتَوْعَبَتْ ذَلِكَ الْمَاءَ كُلَّهُ فَتَتَبَّعَ الْمَاءَ فَإِذَا رَجُلٌ قَائِمٌ فِي حَدِيقَتِهِ يُحَوِّلُ الْمَاءَ بِمِسْحَاتِهِ فَقَالَ لَهُ يَا عَبْدَ اللَّهِ مَا اسْمُكَ فَقَالَ لَهُ يَا عَبْدَ اللَّهِ لِمَ تَسْأَلُنِي عَنِ اسْمِي فَقَالَ إِنِّي سَمِعْتُ صَوْتًا فِي السَّحَابِ الَّذِي هَذَا مَاؤُهُ يَقُول اسْقِ حَدِيقَةَ فُلَانٍ لِاسْمِكَ فَمَا تَصْنَعُ فِيهَا قَالَ أما إِذْ قُلْتَ هَذَا فَإِنِّي أَنْظُرُ إِلَى مَا يَخْرُجُ مِنْهَا فَأَتَصَدَّقُ بِثُلُثِهِ وَآكُلُ أَنَا وَعِيَالِي ثُلُثًا وأرد فِيهَا ثلثه» . رَوَاهُ مُسلم

1877. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इस असना में एक आदमी सहरा मैं था के उस ने बादलो में एक आवाज़ सुनी के फलां शख़्स के बाग़ को सेराब करो, वह बादल (वहां से) अलग हुआ और उस ने अपना पानी संगरेज़ो वाली ज़मीन पर बरसाया तो उन नालियों में से एक नाली ने वह सारा पानी समेट लिया, फिर वह आदमी पानी के पीछे पीछे गया तो देखा के एक आदमी अपने बाग़ में खड़ा अपने किस्सी के ज़रिए पानी के (बहाव के) रुख बदल रहा है, इस आदमी ने उस से दरियाफ्त किया, अल्लाह के बंदे तुम्हारा नाम किया है, उस ने कहा फलां उस ने बिलकुल वही नाम बताया जो उस ने बादलो में सुना था, इस आदमी ने कहा अल्लाह के बंदे तुमने मेरा नाम क्यों पूछा है? उस ने कहा मैंने इस बादल में जिस का यह पानी है, एक आवाज़ सुनी के वह तुम्हारा नाम लेकर कह रहा था, फलां शख़्स के बाग़ को सेराब करो, तुम उस में क्या करते हो? उस ने कहा: जो तुमने यह कह दिया, तो अब सुनो में उसकी पैदावार का तिहाई हिस्सा सदका करता हूँ, तिहाई हिस्सा में और मेरे अहल व अयाल खाते है और उस का तिहाई हिस्सा इस बाग़ पर खर्च कर देता हूँ”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (45 / 2984)، (7473)

2058. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ हर माह के शुरू में तीन रोज़े रखा करते थे और आप कम ही जुमा के दिन रोज़ा छोड़ा करते थे| तिरमिज़ी, नसई और अबू दावुद ने तीन दिन तक रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (742 وقال : حسن غریب) و النسائی (4 / 204 ح 2370) و ابوداؤد (2450) [و صححه ابن خزیمة (2129) و ابن حبان (الاحسان : 3637)]

٢٠٥٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَصُومُ مِنَ الشَّهْرِ السَّبْتَ وَالْأَحَدَ وَالِاثْنَيْنِ وَمِنَ الشَّهْرِ الآخر الثُّلَاثَاء وَالْأَرْبِعَاء وَالْخَمِيس. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2059. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ किसी माह हफ्ते इतवार और पीर का रोज़ा रखते तो दूसरे माह मंगल बुध और जुमेरात का रोज़ा रखते थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (746 وقال : حسن) * خیثمة بن عبد الرحمن لم یسمع من عائشة (نیل المقصود : 2128) و سفیان الثوری مدلس و عنعن

٢٠٦٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَأْمُرُنِي أَنْ أَصُومَ ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ مِنْ كُلِّ شَهْرٍ أَوَّلُهَا الِاثْنَيْنِ وَالْخَمِيس. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

2060. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ मुझे हुक्म फ़रमाया करते थे की में हर माह तीन रोज़े रखु, उनकी इब्तिदा पीर से हो या जुमेरात से"| (सहीह)

صحیح ، رواه ابوداؤد (2452) و النسائی (4 / 221 ح 2421)

٢٠٦١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن مُسلم الْقرشِي قَالَ: سَأَلت أَوْ سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَن صِيَام الدَّهْر فَقَالَ: «إِنَّ لِأَهْلِكَ عَلَيْكَ حَقًّا صُمْ رَمَضَانَ وَالَّذِي يَلِيهِ وَكُلَّ ص:٦٣ أَرْبِعَاءَ وَخَمِيسٍ فَإِذًا أَنْت قَدْ صُمْتَ الدَّهْرَ كُلَّهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ

2061. मुस्लिम रश रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया या आप से हमेशा रोज़ा रखने के मुतल्लिक मसअला दरियाफ्त किया गया, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "बेशक तेरे घरवालो का तुझ पर हक़ है, रमज़ान और उस के साथ वाले माह और हर बुध जुमेरात का रोज़ा रखा कर (अगर तुमने ऐसे

कर लिया) तो तुमने (हुक्मन) ज़माने भर के रोज़े रखे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2432) و الترمذی (748 وقال : غريب) * عبيدالله القرشی : لم اعرفه بحرح ولا تعديل

٢٠٦٢ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: نَهَى عَنْ صَوْمِ يَوْمِ عَرَفَةَ بِعَرَفَةَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2062. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने “अरफा (नौ ज़िल हिज्जा) के दिन मैदान ए अरफात में रोज़ा रखने से मना फ़रमाया”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد 2440) [ابن ماجه : 1732]

٢٠٦٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ بُسْرٍ عَنْ أُخْتِهِ الصَّمَّاءِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تَصُومُوا يَوْمَ السَّبْتِ إِلَّا فِيمَا افْتُرِضَ عَلَيْكُمْ فَإِنْ لَمْ يَجِدْ أَحَدُكُمْ إِلَّا لِحَاءَ عِنَبَةٍ أَوْ عُودَ شَجَرَةٍ فَلْيَمْضُغْهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ والدارمي

2063. अब्दुल्लाह बिन बूसर अपने बहन सम्माअ से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हफ्ते के दिन रोज़ा न रखो, इल्ला यह कि इस रोज़ और कोई ऐसा रोज़ा आ जाए जो तुम पर फ़र्ज़ किया गया है, अगर तुम में से कोई अंगूर का छिलका या किसी दरख्त की लकड़ी के मा सिवा कुछ न पाए तो उसे ही चबा ले”, (ताकि सिर्फ हफ्ते का रोज़ा साबित न हो) | (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (6 / 368 ح 27651) و ابوداؤد (2421) و الترمذی (744 وقال : حسن) و ابن ماجه (1726) و الدارمی (2 / 19 ح 1756) [و صححه ابن خزيمه : 2163]

٢٠٦٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ صَامَ يَوْمًا فِي سَبِيلِ اللَّهِ جَعَلَ اللَّهُ بَيْنَهُ وَبَيْنَ النَّارِ خَنْدَقًا كَمَا بَيْنَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2064. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स राह जिहाद में एक रोज़ा रखता है तो अल्लाह उस के और जहन्नम के बिच में ज़मीन व आसमान की मुसाफ़त जितनी एक खंदक बना देता है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1624 وقال : غريب) [و للحديث شواهد]

٢٠٦٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَامِرِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْغَنِيمَةُ الْبَارِدَةُ الشِّتَاءِ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ مُرْسل

2065. आमिर बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “शर्दी में रोज़ा ठंडी गनीमत है”| अहमद तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस मुरसल है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (4 / 335 ح 19167) و الترمذی (797) * السند مرسل و ابو اسحاق عنعن وله شواھد ضعیفة و روی البیھقی (4 / 297) بسند صحیح عن ابی ھریرة قال :’’ الغنیمة الباردة الصوم فی الشتاء ‘‘

٢٠٦٦ - (لم تتمّ دراسته) وَذَكَرَ حَدِيثَ أَبِي هُرَيْرَةَ: «مَا مِنْ أَيَّامٍ أحب إِلَى الله» فِي بَاب الْأُضْحِيَة

2066. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस ((ما من ايام احب الی الله)) बाब अल दहियत में ज़िक्र की गई है| (ज़ईफ़)

ضعیف ، تقدم (1471)

باب صيام التطوع • नफ्ल रोज़ो का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٠٦٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَدِمَ الْمَدِينَةِ فَوَجَدَ الْيَهُودَ صِيَامًا يَوْمَ عَاشُورَاءَ فَقَالَ لَهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا هَذَا الْيَوْمُ ص:٦٣ الَّذِي تَصُومُونَهُ؟» فَقَالُوا: هَذَا يَوْمٌ عَظِيمٌ: أَنْجَى اللَّهُ فِيهِ مُوسَى وَقَوْمَهُ وَغَرَّقَ فِرْعَوْنَ وَقَوْمَهُ فَصَامَهُ مُوسَى شُكْرًا فَنَحْنُ نَصُومُهُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فَنَحْنُ أَحَقُّ وَأَوْلَى بِمُوسَى مِنْكُمْ» فَصَامَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَمَرَ بصيامه

2067. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ मदीना तशरीफ़ लाए तो आप ने यहूदियों को यौम ए आशुरा का रोज़ा रखते हुए पाया, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने उन से दरियाफ्त किया: “ये कौन सा दिन है जिस का तुम रोज़ा रखते हो?” उन्होंने अर्ज़ किया, यह एक अज़ीम दिन है, अल्लाह ने इस रोज़ मुसा अलैहिस्सलाम और उनकी कौम को निजात दी जबकि फिरोन और उसकी कौम को गर्क किया, तो मुसा अलैहिस्सलाम ने शुक्र के तौर पर इस दिन का रोज़ा रखा, तो हम भी इस रोज़ का रोज़ा रखते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हम तुम्हारी निस्बत मुसा अलैहिस्सलाम के ज़्यादा हक़दार हैं”, रसूलुल्लाह ﷺ ने इस रोज़ का रोज़ा रखा और उस का रोज़ा रखने का हुक्म फ़रमाया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (2004) و مسلم (127 / 1130)، (2656)

٢٠٦٨ - وَعَنْ أَمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَصُومُ يَوْمَ السَّبْتِ وَيَوْمَ الْأَحَدِ أَكْثَرَ مَا يَصُومُ مِنَ الْأَيَّامِ وَيَقُولُ: «إِنَّهُمَا يَوْمَا عِيدٍ لِلْمُشْرِكِينَ فَأَنَا أُحِبُّ أَن أخالفهم» . رَوَاهُ أَحْمد

2068. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ज़्यादातर हफ्ते और इतवार के दिन रोज़ा रखा करते थे और आप ﷺ फ़रमाया करते थे: “ये दोनों मुशरिकीन के अय्याम ए ईद है लिहाज़ा मैं इन की मुखालिफत करना पसंद करता हूँ”| (हसन)

اسناده حسن لذاته ، رواه احمد (6 / 324 ح 27286) [و صححه ابن خزيمة (3 / 318 ح 2167) و ابن حبان (الموارد : 941942) و الحاكم (1 / 436) و وافقه الذهبى] * عبدالله بن محمد بن عمر بن على ثقه و ثقه الذهبى فى الكاشف و ابن خزيمة و غيرهما

٢٠٦٩ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَأْمُرُ بِصِيَامِ يَوْمِ عَاشُورَاءَ وَيَحُثُّنَا عَلَيْهِ وَيَتَعَاهَدُنَا عِنْدَهُ فَلَمَّا فُرِضَ رَمَضَانُ لَمْ يَأْمُرْنَا وَلَمْ يَنْهَنَا عَنْهُ وَلم يتعاهدنا عِنْده. رَوَاهُ مُسلم

2069. जाबिर बिन समुराह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ यौम ए आशुरा का रोज़ा रखने का हमें हुक्म फ़रमाया करते थे, उसकी हमें तरगीब दिया करते थे और उस के मुतल्लिक हमें नसीहत फ़रमाया करते थे, जब रमज़ान फ़र्ज़ किया गया तो आप ने उस के मुतल्लिक हमें हुक्म फ़रमाया न मना किया और ना ही हमें उस के मुतल्लिक नसीहत फरमाई| (मुस्लिम)

رواه مسلم (125 / 1128)، (2652)

٢٠٧٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ حَفْصَةَ قَالَتْ: أَرْبَعٌ لَمْ يَكُنْ يَدَعُهُنَّ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «صِيَامُ عَاشُورَاءَ وَالْعَشْرِ وَثَلَاثَةُ أَيَّامٍ مِنْ كُلِّ شَهْرٍ وَرَكْعَتَانِ قبل الْفجْر» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

2070. हफ्सा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, चार उमूर है जिन्हें नबी ﷺ तर्क नहीं किया करते थे, यौम ए आशुरा का रोज़ा ज़ुलहिज्जा के दस रोज़े हर माह तीन रोज़े और फज्र से पहले दो रकते| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه النسائى (4 / 220 ح 2418) * ابواسحاق الاشجعى لم اجد من و ثقه و حديث النسائى (2419) يغنى عنه عن حديثه

٢٠٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَا يُفْطِرُ أَيَّامَ الْبيض فِي حضر وَلَا فِي سفر. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

2071. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ हज़र व सफ़र में अय्यामे बिज तेरह चौदाह और पन्द्रह तारीख का रोज़ा नहीं छोड़ते थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه النسائى (4 / 198199 ح 2347)

٢٠٧٢ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لِكُلِّ شَيْءٍ زَكَاةٌ وَزَكَاةُ الْجَسَدِ الصَّوْمُ» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

2072. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर चीज़ की ज़कात है जबकि जिस्म की ज़कात रोज़ा है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (1745) * موسى بن عبيدة : ضعيف و جمهان : مجهول و للحديث طرق لا يصح منهاشى

٢٠٧٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: كَانَ يَصُومُ يَوْمَ الِاثْنَيْنِ وَالْخَمِيسِ. فَقِيلَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّكَ تَصُومُ يَوْمَ الِاثْنَيْنِ وَالْخَمِيسِ. فَقَالَ: " إِنَّ يَوْمَ الِاثْنَيْنِ وَالْخَمِيسِ يَغْفِرُ اللَّهُ فِيهِمَا لِكُلِّ مُسْلِمٍ إِلَّا ذَا هَاجِرَيْنِ يَقُولُ: دَعْهُمَا حَتَّى يصطلحا ". رَوَاهُ أَحْمد وَابْن مَاجَه

2073. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ पिर और जुमेरात का रोज़ा रखा करते थे, आप से अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल, आप पिर और जुमेरात का रोज़ा रखते हैं, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक पिर और जुमेरात के रोज़ अल्लाह बाहम कतअ ताल्लुक करने वाले दो आदमियों के सिवा हर मुसलमान को बख्श देता है और वह फरमाता है, इन दोनों को छोड़ दो हत्ता कि वह दोनों सुलह कर ले”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (2 / 329 ح 8343) و ابن ماجه (1740)

٢٠٧٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ صَامَ يَوْمًا ابْتِغَاءَ وَجْهِ اللَّهِ بَعَّدَهُ اللَّهُ مِنْ جَهَنَّمَ كَبُعْدِ غُرَابٍ طَائِرٍ وَهُوَ فرخ حَتَّى مَاتَ هرما» . رَوَاهُ أَحْمد

2074. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अल्लाह की रज़ा की खातिर एक रोज़ा रखता है, तो अल्लाह इसे जहन्नम से इस क़दर दूर फरमा देता है, जैसे एक उड़ने वाला कव्वा बचपन की उमर से उड़ना शुरू करे और बुढा होने तक उड़ता रहे, हत्ता कि वह फौत हो जाए”, वह सारी जिंदगी में जितना फासला तेअ करता है अल्लाह इस शख़्स को इतनी मुसाफ़त जहन्नम से दूर कर देता है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (2 / 526 ح 10820) * فيه رجل هو عمرو بن ربيعة مجهول الحال و لهيعة ابو عبدالله مستور و ابن لهيعة عنعن و حديث الترمذى (1622) يغنى عنه

٢٠٧٥ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَى الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ عَنْ سَلَمَةَ بن قيس

2075. इमाम बय्हकी ने इसे सलमा बिन कैस से शौबुल ईमान में रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (3590) [و البزار (كشف الاستار : 1037)] * زبان بن فائد ضعيف ، و لهيعة و ابو الشعثاء عمرو بن ربيعة مجهولان و ابن لهيعة عنعن و انظر الحديث السابق (2074)

नफ्ली रोज़े और इफ्तार का बयान • بَاب فِي الافطار من التَّطَوُّع

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٠٧٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: دَخَلَ عَلَيَّ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ذَاتَ يَوْمٍ فَقَالَ: «هَلْ عِنْدَكُمْ شَيْءٌ؟» فَقُلْنَا: لَا قَالَ: «فَإِنِّي إِذًا صَائِمٌ» . ثُمَّ أَتَانَا يَوْمًا آخَرَ فَقُلْنَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ أُهْدِيَ لَنَا حَيْسٌ فَقَالَ: «أَرِينِيهِ فَلَقَدْ أَصْبَحْتُ صَائِمًا» فَأَكَلَ. رَوَاهُ مُسلم

2076. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ एक रोज़ मेरे पास तशरीफ़ लाए तो फ़रमाया: “क्या तुम्हारे पास खाने के लिए कोई चीज़ है” हमने अर्ज़ किया: नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं फिर रोज़े से हूँ” फिर आप किसी रोज़ हमारे पास तशरीफ़ लाए तो हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! हमें हईस खजूर घी और पनीर से तैयार करदा हलवा हदिया किया गया है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुझे दिखाओ मैंने सुबह रोज़ा रखा हुआ था’’ आप ने इसे खा लिया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (170 / 1154)، (2715)

٢٠٧٧ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: دَخَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى أُمِّ سُلَيْمٍ فَأَتَتْهُ بِتَمْرٍ وَسَمْنٍ فَقَالَ: «أَعِيدُوا سَمْنَكُمْ فِي سِقَائِهِ وَتَمْرَكُمْ فِي وِعَائِهِ فَإِنِّي صَائِمٌ» . ثُمَّ قَامَ إِلَى نَاحِيَةٍ مِنَ الْبَيْتِ فَصَلَّى غَيْرَ الْمَكْتُوبَةِ فَدَعَا لأم سليم وَأهل بَيتهَا. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2077. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ उम्मे सुलैम रदियल्लाहु अन्हा के यहाँ तशरीफ़ लाए तो उन्होंने खजूर और घी आप की खिदमत में पेश किया, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “घी और खजूरे वापस उन के बर्तन में डाल दो क्योंकि मैं रोज़े से हूँ”, फिर आप खड़े हुए और घर के एक कोने में नफ्ल नमाज़ अदा की और उम्मे सुलैम रदियल्लाहु अन्हा और उन के अहले खाना के लिए दुआ फरमाई| (बुखारी)

رواه البخارى (1982)

٢٠٧٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا دُعِيَ أَحَدُكُمْ إِلَى طَعَامٍ وَهُوَ صَائِمٌ فَلْيَقُلْ: إِنِّي صَائِمٌ ". وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: «إِذَا دُعِيَ أَحَدُكُمْ فَلْيُجِبْ فَإِنْ كَانَ صَائِمًا فَلْيُصَلِّ وَإِنْ كَانَ مُفطرا فيطعم» . رَوَاهُ مُسلم

2078. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से किसी को खाने की दावत दिया जाए जबकि वह रोज़े से हो तो वह कहे: “मैं रोज़े से हूँ” और एक रिवायत में है: “जब तुम में से किसी को दावत दि जाए तो वह कबूल करे अगर वह रोज़े से हो तो वह दुआ करे और अगर रोज़े से न हो तो खाना खा ले”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (159 / 1150)، (2702)

बَاب فِي الافطار من التَّطَوُّع • नफ्ली रोज़े और इफ्तार का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٠٧٩ - (صَحِيح) عَنْ أُمِّ هَانِئٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: لَمَّا كَانَ يَوْمُ الْفَتْحِ فَتْحِ مَكَّةَ جَاءَتْ فَاطِمَةُ فَجَلَسَتْ عَلَى يَسَارِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأُمُّ هَانِئٍ عَنْ يَمِينِهِ فَجَاءَتِ الْوَلِيدَةُ بِإِنَاءٍ فِيهِ شَرَابٌ فَنَاوَلَتْهُ فَشَرِبَ مِنْهُ ثُمَّ نَاوَلَهُ أُمَّ هَانِئٍ فَشَرِبَتْ مِنْهُ فَقَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ لَقَدْ أَفْطَرْتُ وَكُنْتُ صَائِمَةً فَقَالَ لَهَا: «أَكُنْتِ تَقْضِينَ شَيْئًا؟» قَالَتْ: لَا. قَالَ: «فَلَا يَضُرُّكِ إِنْ كَانَ تَطَوُّعًا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَفِي رِوَايَةٍ لِأَحْمَدَ وَالتِّرْمِذِيِّ نَحْوُهُ وَفِيهِ فَقَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَمَا إِنِّي كُنْتُ صَائِمَةً فَقَالَ: «الصَّائِم أَمِيرُ نَفْسِهِ إِنْ شَاءَ صَامَ وَإِنْ شَاءَ أفطر»

2079. उम्म हानी रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, जब फतह मक्का का दिन था तो फ़ातिमा रदियल्लाहु अन्हा आए और रसूलुल्लाह ﷺ की बाएँ जानिब बैठ गई, जबकि उम्म हानी रदियल्लाहु अन्हु आप के दाएँ जानिब थी, पस लौंडी बर्तन में मशरुब लाइ और इसे आप की खिदमत में पेश किया, आप ने उस से नोश फ़रमाया बाद में आप ने बर्तन उम्म हानी को दिया तो उन्होंने उस से पिया, फिर उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने तो रोज़ा तोड़ लिया है में तो रोज़े से थी, आप ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “क्या तुम कोई कज़ा दे रही थी ?” उन्होंने कहा: नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर नफ्ली था तो फिर तुम्हारे लिए मुज़िर नहीं”| अबू दावुद, तिरमिज़ी, दारमी अहमद और तिरमिज़ी की एक रिवायत इसी तरह है और इस में है उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! में तो रोज़े से थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “नफ्ली रोज़दार अपने नफ्स का अमीर है, वह अगर चाहे तो रखे यानी पूरा करे और अगर चाहे तो इफ्तार कर ले”| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواہ ابوداؤد (2456) و الترمذی (731732) و الدارمی (2 / 16 ح 17430) و احمد (6 / 341 ح 2743 ، 2 / 343 ح 27448) *
یزید بن ابی زیاد ضعیف و للحدیث شواھد ضعیفة

٢٠٨٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الزُّهْرِيِّ عَنْ عُرْوَةَ عَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كُنْتُ أَنَا وَحَفْصَةُ صَائِمَتَيْنِ فَعَرَضَ لَنَا طَعَامٌ اشْتَهَيْنَاهُ فَأَكَلْنَا مِنْهُ فَقَالَتْ حَفْصَةُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ ص:٦٤ إِنَّا كُنَّا صَائِمَتَيْنِ فَعُرِضَ لَنَا طَعَامٌ اشْتَهَيْنَاهُ فَأَكَلْنَا مِنْهُ. قَالَ: «اقْضِيَا يَوْمًا آخَرَ مَكَانَهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَذَكَرَ جَمَاعَةً مِنَ الْحُفَّاظِ رَوَوْا عَنِ الزُّهْرِيِّ عَنْ عَائِشَةَ مُرْسَلًا وَلَمْ يذكرُوا فِيهِ عَن عُرْوَة وَهَذَا أصح»» وَرَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ عَنْ زُمَيْلٍ مَوْلَى عُرْوَةَ عَن عُرْوَة عَن عَائِشَة

2080. इमाम ज़ुहरी उरवा से और वह आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत करते हैं, उन्होंने ने फ़रमाया: में और हफ्सा रदियल्लाहु अन्हा रोज़े से थी हमें खाना पेश किया गया तो हमें उसकी ख्वाहिश हुई तो हमने उस में से खा लिया, हफ्सा रदियल्लाहु अन्हा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम दोनों रोज़े से थी, हमें खाना पेश किया गया तो हमें उसकी ख्वाहिश हुई तो हमने उस में से खा लिया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस की जगह किसी और दिन से कज़ा करो”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذی (735) و ابوداؤد (2457) * جعفر : صدوق یھم فی حدیث الزھری و الزھری مدلس و عنعن

٢٠٨١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أم عمَارَة بنت كَعْب إِنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَخَلَ عَلَيْهَا فَدَعَتْ لَهُ بِطَعَامٍ فَقَالَ لَهَا: «كُلِي» . فَقَالَتْ: إِنِّي صَائِمَةٌ. فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الصَّائِمَ إِذَا أُكِلَ عِنْدَهُ صَلَّتْ عَلَيْهِ الْمَلَائِكَةُ حَتَّى يَفْرَغُوا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه والدارمي

2081. उम्म उमारह बिन्ते काब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ उन के वहां तशरीफ़ लाए तो उन्होंने आप के लिए खाना मंगवा ६, तो आप ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “खाओ”, उन्होंने अर्ज़ किया, मैं रोज़े से हूँ नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जब रोज़दार के पास खाया जाए तो फ़रिश्ते उस के लिए मगफिरत तलब करते रहते है यहाँ तक के खाने वाले खाने से) फारिग़ हो जाते हैं”| (सहीह)

صحیح ، رواہ احمد (6 / 365 ح 27599) و الترمذی (785 وقال : حسن صحیح) و ابن ماجه (1748) و الدارمی (2 / 17 ح 1745)

بَاب فِي الافطار من التَّطَوُّع • नफ्ली रोज़े और इफ्तार का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٠٨٢ - عَن بُرَيْدَة قَالَ: دَخَلَ بِلَالٌ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ يَتَغَدَّى فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْغَدَاءَ يَا بِلَالُ» . قَالَ: إِنِّي صَائِمٌ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نَأْكُلُ رِزْقَنَا وَفَضْلُ رِزْقِ بِلَالٍ فِي الْجَنَّةِ أشعرت يَا بِلَال أَن الصَّائِم تُسَبِّح عِظَامه وَتَسْتَغْفِر لَهُ الْمَلَائِكَةُ مَا أُكِلَ عِنْدَهُ؟» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شعب الْإِيمَان

2082. बुरैदाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, बिलाल रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो आप नाश्ता कर रहे थे, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बिलाल नाश्ता कर लो”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! में रोज़े से हूँ, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हम अपना रीज़्क खा रहे हैं जबकि बिलाल का उम्दा रीज़्क जन्नत में है, बिलाल क्या तुम्हें मालुम है की जब रोज़दार के पास खाया जाए तो उसकी हड्डिया तस्बीह बयान करती हैं, और फ़रिश्ते उस के लिए मगफिरत तलब करते हैं”| (मौज़ू)

اسنادہ موضوع ، رواہ البیھقی فی شعب الایمان (3586) [و ابن ماجه : 1749] * فیه محمد بن عبد الرحمن من شیوخ بقیة : کذبوہ

कद्र की रात का बयान • بَاب لَيْلَة الْقدر

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٠٨٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَحَرَّوْا لَيْلَةَ الْقَدْرِ فِي الْوِتْرِ مِنَ الْعَشْرِ الْأَوَاخِرِ من رَمَضَان» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2083. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “रमज़ान के आखिरी अशरे की ताक रातो में शबे कद्र तलाश करो”| (बुखारी)

رواه البخاری (2017)

٢٠٨٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن ابْن عمر قَالَ: أَنَّ رَجُلًا مِنْ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أُرُوا لَيْلَةَ الْقَدْرِ فِي الْمَنَامِ فِي السَّبْعِ الْأَوَاخِرِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَرَى رُؤْيَاكُمْ قَدْ تَوَاطَأَتْ فِي السَّبْعِ الْأَوَاخِرِ فَمَنْ كَانَ مُتَحَرِّيهَا فَلْيَتَحَرَّهَا فِي السَّبْعِ الْأَوَاخِرِ»

2084. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, कि नबी ﷺ के चंद सहाबा को शबे कद्र हालत ए ख्वाब रमज़ान के आखिरी हफ्ते (सात अय्याम) में दिखाई गई तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं देखता हूँ कि तुम्हारे ख्वाब आखिरी हफ्ते में मुत्तफिक मुवाफिक है, पस जो शख़्स इसे तलाश करना चाहे तो वह इसे आखिरी हफ्ते है तलाश करे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (2015) و مسلم (205 / 1165)، (2761)

٢٠٨٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: الْتَمِسُوهَا فِي الْعَشْرِ الْأَوَاخِرِ مِنْ رَمَضَانَ لَيْلَةَ الْقَدْرِ: فِي تَاسِعَةٍ تَبْقَى فِي سَابِعَةٍ تَبْقَى فِي خَامِسَةٍ تَبْقَى. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2085. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “इस शबे कद्र को रमज़ान के आखिरी अशरे में तलाश करो शबे कद्र बाकी रहने वाली नौवीं रात सातवीं रात पाँचवीं रात (यानी इक्कीसवीं तेईसवीं और पच्चीसवीं रात) में है”| (बुखारी)

رواه البخاری (2021)

٢٠٨٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمْ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ اعْتَكَفَ الْعَشْرَ الْأَوَّلَ مِنْ رَمَضَانَ ثُمَّ اعْتَكَفَ ص:٦٤ الْعَشْرَ الْأَوْسَطَ فِي قُبَّةٍ تُرْكِيَّةٍ ثُمَّ أَطْلَعَ رَأسه. فَقَالَ: «إِنِّي اعتكفت الْعشْر الأول ألتمس

هَذِه اللَّيْلَة ثمَّ اعتكفت الْعَشْرَ الْأَوْسَطَ ثُمَّ أَتِيتُ فَقِيلَ لِي إِنَّهَا فِي الْعشْر الْأَوَاخِر فَمن اعْتَكَفَ مَعِي فَلْيَعْتَكِفِ الْعَشْرَ الْأَوَاخِرَ فَقَدْ أُرِيتُ هَذِهِ اللَّيْلَةَ ثُمَّ أُنْسِيتُهَا وَقَدْ رَأَيْتُنِي أَسْجُدُ فِي مَاءٍ وَطِينٍ مِنْ صَبِيحَتِهَا فَالْتَمِسُوهَا فِي الْعَشْرِ الْأَوَاخِرِ وَالْتَمِسُوهَا فِي كُلِّ وِتْرٍ» . قَالَ: فَمَطَرَتِ السَّمَاءُ تِلْكَ اللَّيْلَةَ وَكَانَ الْمَسْجِدُ عَلَى عَرِيشٍ فَوَكَفَ الْمَسْجِدُ فَبَصُرَتْ عَيْنَايَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَعَلَى جَبْهَتِهِ أَثَرُ المَاء والطين وَالْمَاء مِنْ صَبِيحَةِ إِحْدَى وَعِشْرِينَ. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ فِي الْمَعْنَى وَاللَّفْظُ لِمُسْلِمٍ إِلَى قَوْلِهِ: " فَقِيلَ لِي: إِنَّهَا فِي الْعشْر الْأَوَاخِر ". وَالْبَاقِي لِلْبُخَارِيِّ

2086. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने रमज़ान के पहले अशरे में एअतेकाफ़ किया, फिर आप ने दरमियाने अशरे में एक छोटे से खैमे में एअतेकाफ़ किया, फिर आप ने अपना सर बाहर निकाल कर फ़रमाया: “मैंने पहला अशरा एअतेकाफ़ किया में इस रात को तलाश करना चाहता था, फिर मैंने दरमियाने अशरे का एअतेकाफ़ किया, फिर मेरे पास फ़रिश्ता आया तो मुझे कहा गया के वह आखिरी अशरे में है, जो शख़्स मेरे साथ एअतेकाफ़ करना चाहे तो वह आखिरी अशरा एअतेकाफ़ करे, मुझे यह रात दिखाई गई थी फिर मुझे भुला दी गई, मैंने उसकी सुबह खुद को कीचड़ में सजदाह करते हुए देखा है, इसे आखिरी अशरे में तलाश करो और इसे हर ताक रात में तलाश करो”, रावी बयान करते हैं, इस रात बारिश हुई मस्जिद की छत शाखों से बनी हुई थी वह टपकने लगी, मेरी आंखो ने रसूलुल्लाह ﷺ को देखा के आप की पेशानी पर कीचड़ का निशान था और यह इक्कीसवीं की रात यानी इक्कीसवीं तारीख थी| मानी के लिहाज़ से बुखारी, मुस्लिम, उस पर मुत्तफिक और ((فقيل لى انها فى العشر الا واخر)) तक मुस्लिम के अल्फाज़ है, जब के बाकी सहीह बुखारी के अल्फाज़ है. (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2016) و مسلم (213 / 1167)، (2769)

٢٠٨٧ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ أُنَيْسٍ قَالَ: «لَيْلَة ثَلَاث وَعشْرين» . رَوَاهُ مُسلم

2087. अब्दुल्लाह बिन उनैस की रिवायत में है फ़रमाया तेईसवीं रात| (मुस्लिम)

رواه مسلم (218 / 1168)، (2775)

٢٠٨٨ - (صَحِيح) وَعَنْ زِرِّ بْنِ حُبَيْشٍ قَالَ: سَأَلْتُ أُبَيَّ بْنَ كَعْبٍ فَقُلْتُ إِنَّ أَخَاكَ ابْنَ مَسْعُودٍ يَقُولُ: مَنْ يَقُمِ الْحَوْلَ يُصِبْ لَيْلَةَ الْقَدْرِ. فَقَالَ C أَرَادَ أَنْ لَا يَتَّكِلَ النَّاسُ أَمَا إِنَّهُ قَدْ عَلِمَ أَنَّهَا فِي رَمَضَانَ وَأَنَّهَا فِي الْعَشْرِ الْأَوَاخِرِ وَأَنَّهَا لَيْلَةُ سَبْعٍ وَعِشْرِينَ ثُمَّ حَلَفَ لَا يَسْتَثْنِي أَنَّهَا لَيْلَةُ سَبْعٍ وَعِشْرِينَ. فَقُلْتُ: بِأَيِّ شَيْءٍ تَقُولُ ذَلِكَ يَا أَبَا الْمُنْذِرِ؟ قَالَ: بِالْعَلَامَةِ أَوْ بِالْآيَةِ الَّتِي أَخْبَرَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِنَّهَا تَطْلُعُ يَوْمَئِذٍ لَا شُعَاعَ لَهَا. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2088. ज़र्र बिन हुबैश बयान करते हैं, मैंने उबई बिन काब रदियल्लाहु अन्हु से दरियाफ्त किया आप के भाई इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु फरमाते हैं की जो शख़्स पूरा साल तहज्जुद पढ़ेगा वह शबे कद्र पा लेगा, तो उन्होंने ने फ़रमाया: अल्लाह उस पर रहम फरमाए उन्होंने यह इरादा किया के लोग उस पर ही एतमाद न कर ले, हालाँकि उन्हें मालुम है के वह शबे कद्र रमज़ान में है और आखिरी अशरे में है और वह सत्ताईसवी रात है, फिर उन्होंने इंशाअल्लाह कहे बगैर क़सम उठाकर कहा वह सत्ताईसवी शब् है, मैंने कहा अबू मुन्ज़र आप यह कैसे कहते हैं

उन्होंने ने फ़रमाया: उसकी अलामत या निशानिया की बिना पर जो रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें बताई थी के इस रोज़ सूरज तुलुअ होगा तो उसकी शिआइ नहीं हुई| (मुस्लिम)

رواه مسلم (179 / 762)، (1785)

٢٠٨٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَجْتَهِدُ فِي الْعَشْرِ الْأَوَاخِرِ مَا لَا يَجْتَهِدُ فِي غَيره. رَوَاهُ مُسلم

2089. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ जिस क़दर आखिरी अशरे में (इबादत सखावत करने की) कोशिश करते थे वह उस के अलावा किसी और वक़्त नहीं करते थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (8 / 1175)، (2788)

٢٠٩٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا دَخَلَ الْعَشْرُ شَدَّ مِئْزَرَهُ وَأَحْيَا ليله وَأَيْقَظَ أَهله

2090. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब आखिरी अशरा शुरू हो जाता तो रसूलुल्लाह ﷺ इबादत के लिए कमर बस्ता हो जाते, शब् बेदारी फरमाते और अपने अहले खाना को भी बेदार रखते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2024) و مسلم (7 / 1174)، (2787)

بَاب لَيْلَة الْقدر • कद्र की रात का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٠٩١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ إِنْ عَلِمْتُ أَيُّ لَيْلَةٍ لَيْلَةُ الْقَدْرِ مَا أَقُولُ فِيهَا؟ قَالَ: " قُولِي: اللَّهُمَّ إِنَّكَ عَفُوٌّ تُحِبُّ الْعَفْوَ فَاعَفُ عَنِّي ". رَوَاهُ أَحْمد وَابْن مَاجَه وَالتِّرْمِذِيّ وَصَححهُ

2091. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मुझे बताइए अगर में जानलूँ के कौन सी रात शबे कद्र है तो में उस में क्या दुआ करू, आप ﷺ ने फ़रमाया: “कहो ऐ अल्लाह! बेशक तू दरगुज़र फरमाने वाला है, दरगुज़र को पसंद फरमाता है, पस मुझ से भी दरगुज़र फरमा”, अहमद इब्ने माजा तिरमिज़ी, और उन्होंने इसे सहीह करार दिया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (6 / 151 ح 25898) و ابن ماجه (3850) و الترمذى (3513) * عبدالله بن بريدة لم يسمع من عائشة رضى الله عنها كما قال الدارقطنى (السنن 3 / 233 ح 3517) و البيهقى (1187) / و دفاع ابن التركمانى باطل لان الخاص مقدم على العام و للحديث شواهد ضعيفة

٢٠٩٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي بَكْرَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «الْتَمِسُوهَا يَعْنَى لَيْلَةَ الْقدر فِي تسع بَقين أَو فِي سبع بَقينَ أَو فِي خمس بَقينَ أَوْ ثَلَاثٍ أَوْ آخِرِ لَيْلَةٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

2092. अबू बकरह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “शबे कद्र को इक्कीसवीं या तेईसवीं या पच्चीसवीं या सत्ताईसवीं या उनतीसवीं रात में तलाश करो”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (794 وقال : حسن صحیح) [و صححه ابن خزیمة (2175) و ابن حبان (الاحسان : 3678) و الحاکم (1 / 438) و وافقه الذھبی]

٢٠٩٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ لَيْلَةِ الْقَدْرِ فَقَالَ: «هِيَ فِي كُلِّ رَمَضَانَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَقَالَ: رَوَاهُ سُفْيَان وَشعْبَة عَن أبي إِسْحَق مَوْقُوفا على ابْن عمر

2093. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ से शबे कद्र के बारे में दरियाफ्त किया गया, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो पुरे रमज़ान में है”| अबू दावुद, और उन्होंने ने फ़रमाया: सुफियान और शुअबा ने अबू इसहाक की सनद से इब्ने उमर से मौकूफ रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (1387) * ابو اسحاق عنعن و للحدیث شواھد ضعیفة

٢٠٩٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ أُنَيْسٍ قَالَ: قُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ لِي بَادِيَةً أَكُونُ فِيهَا وَأَنا أُصَلِّي فِيهَا بِحَمْد الله فَمُرْنِي بِلَيْلَةٍ أَنْزِلُهَا إِلَى هَذَا الْمَسْجِدِ فَقَالَ: «انْزِلْ لَيْلَة ثَلَاث وَعشْرين» . قيل لِابْنِهِ: كَيْفَ كَانَ أَبُوكَ يَصْنَعُ؟ قَالَ: كَانَ يَدْخُلُ الْمَسْجِدَ إِذَا صَلَّى الْعَصْرَ فَلَا يَخْرُجُ مِنْهُ لِحَاجَةٍ حَتَّى يُصَلِّيَ الصُّبْحَ فَإِذَا صَلَّى الصُّبْحَ وَجَدَ دَابَّتَهُ عَلَى بَابِ الْمَسْجِدِ فَجَلَسَ عَلَيْهَا وَلحق بباديته. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2094. अब्दुल्लाह बिन उन्नीस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! में अपने जंगल में रहता हूँ और मैं अलहम्दु लिल्ला वही नमाज़ पढ़ता हूँ, आप मुझे एक रात के मुतल्लिक हुक्म फरमाइए की मैं इस रात इस मस्जिद में कयाम करू, आप ने फ़रमाया: “तेईसवी रात को कयाम कर”, उन के बेटे से पूछा गया आप के वालिद कैसे किया करते थे, उन्होंने बताया जब आप असर पढ़ लेते तो मस्जिद में दाखिल हो जाते और फिर आप किसी हाजत के लिए वहां से न निकलते हत्ता कि नमाज़ ए फजर पढ़ लेते, जब फज्र पढ़ लेते तो वह मस्जिद के दरवाज़े पर अपने सवारी पाते और उस पर सवार हो कर अपने जंगल में जाते| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ ابوداؤد (1380) [و صححه ابن خزیمة (2200) و اصله عند مسلم (1168)، (2775)]

कद्र की रात का बयान • بَاب لَيْلَة الْقدر

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٠٩٥ -(صَحِيح) عَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ قَالَ: خَرَجَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِيُخْبِرَنَا بِلَيْلَةِ الْقَدْرِ فَتَلَاحَى رَجُلَانِ مِنَ الْمُسْلِمِينَ فَقَالَ: «خَرَجْتُ لِأُخْبِرَكُمْ بِلَيْلَةِ الْقَدْرِ فَتَلَاحَى فُلَانٌ وَفُلَانٌ فَرُفِعَتْ وَعَسَى أَنْ يَكُونَ خَيْرًا لَكُمْ فَالْتَمِسُوهَا فِي التَّاسِعَةِ وَالسَّابِعَةِ وَالْخَامِسَةِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2095. उबादा बिन सामित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ शबे कद्र के मुतल्लिक हमें बताने के लिए तशरीफ़ लाए, तो दो मुसलमान बाहम झगड़ रहे थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं तुम्हें शबे कद्र के मुतल्लिक बताने के लिए आया था, लेकिन फलां और फलां बाहम झगड़ पड़े तो वह मुझ से उठा ली गई और मुमकिन है के तुम्हारे लिए बेहतर हो, लिहाज़ा तुम उसे इक्कीसवी, तेईसवीं और पच्चीसवीं रात में तलाश करो”| (बुखारी)

رواہ البخاری (2023)

٢٠٩٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا كَانَ لَيْلَةُ الْقَدْرِ نزل جِبْرِيل عَلَيْهِ السَّلَام فِي كَبْكَبَةٍ مِنَ الْمَلَائِكَةِ يُصَلُّونَ عَلَى كُلِّ عَبْدٍ قَائِمٍ أَوْ قَاعِدٍ يَذْكُرُ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ فَإِذَا كَانَ يَوْمُ عِيدِهِمْ يَعْنِي يَوْمَ فِطْرِهِمْ بَاهَى بِهِمْ مَلَائِكَتَهُ فَقَالَ: يَا مَلَائِكَتِي مَا جَزَاءُ أَجِيرٍ وَفَّى عَمَلَهُ؟ قَالُوا: رَبَّنَا جَزَاؤُهُ أَنْ يُوَفَّى أَجْرَهُ. قَالَ: مَلَائِكَتِي عَبِيدِي وَإِمَائِي قَضَوْا فَرِيضَتِي عَلَيْهِمْ ثُمَّ خَرَجُوا يَعُجُّونَ إِلَى الدُّعَاءِ وَعِزَّتِي وَجَلَالِي وَكَرَمِي وَعُلُوِّي وَارْتِفَاعِ مَكَانِي لأجيبنهم. فَيَقُول: ارْجعُوا فقد غَفَرْتُ لَكُمْ وَبَدَّلْتُ سَيِّئَاتِكُمْ حَسَنَاتٍ. قَالَ: فَيَرْجِعُونَ مَغْفُورًا لَهُمْ ". رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

2096. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब शबे कद्र होती है तो जिब्राइल अलैहिस्सलाम फरिश्तो की जमाअत में तशरीफ़ लाते है, तो वह अल्लाह अज्ज़वजल के ज़िक्र में मसरूफ हर खड़े बैठें शख़्स पर रहमत भेजते है, जब उनकी ईद का दिन होता है तो अल्लाह तआला उनकी वजह से अपने फरिश्तो पर फख्र करते हुए फरमाता है, मेरे फरिश्तो इस मज़दूर की क्या जज़ा होनी चाहिए जो अपना काम पूरा करता है वह अर्ज़ करते हैं, परवरदिगार उसकी जज़ा यह है कि इसे पूरा पूरा बदला दिया जाए, अल्लाह तआला फरमाता है, मेरे फरिश्तो मेरे बंदो और मेरी लोंदियो ने मेरी तरफ से इन पर लगाया फ़रीज़े को पूरा कर दिया, फिर वह दुआए पुकारते हुए निकले है, मुझे मेरी इज्ज़त व जलाल, मेरे करम अलवा और अपने बुलंद मक़ाम की क़सम मैं इन की दुआए कबूल करूँगा, वह फरमाता है, वापस चले जाओ मैंने तुम्हें बख्श दिया और तुम्हारी खताओं को नेकियो में बदल दिया आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो इस हाल में वापस आते है की उनकी मगफिरत हो चुकी होती है”| (मौज़ू)

اسنادہ موضوع ، رواہ البیھقی فی شعب الایمان (3717) * فیہ اصرم بن حوشب : کذاب

एतेकाफ़ का बयान • بَاب الِاعْتِكَاف

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٠٩٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَعْتَكِفُ الْعَشْرَ الْأَوَاخِرَ مِنْ رَمَضَانَ حَتَّى تَوَفَّاهُ اللَّهُ ثُمَّ اعْتَكَفَ أَزْوَاجُهُ مِنْ بعده

2097. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ रमज़ान के आखिरी अशरे में एअतेकाफ़ करते रहे, हत्ता कि अल्लाह ने उन्हें फौत कर लिया, फिर आप की वफात के बाद अज़वाज ए मूतहरात ने एअतेकाफ़ किया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (2026) و مسلم (5 / 1172)، (2784)

٢٠٩٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَجْوَدَ النَّاسِ بِالْخَيْرِ وَكَانَ أَجْوَدَ مَا يَكُونُ فِي رَمَضَانَ وَكَانَ جِبْرِيلُ يَلْقَاهُ كُلَّ لَيْلَةٍ فِي رَمَضَانَ يَعْرِضُ عَلَيْهِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْقُرْآنَ فَإِذَا لَقِيَهُ جِبْرِيلُ كَانَ أَجْوَدُ بِالْخَيْرِ مِنَ الرّيح الْمُرْسلَة

2098. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ खैर व भलाई में सबसे ज़्यादा सखी थे, और जब रमज़ान में जिब्राइल अलैहिस्सलाम आप ﷺ से मुलाकात करते, तो आप ﷺ की सखावत बढ़ जाती, वह रमज़ान की हर रात आप से मुलाकात करते, तो नबी ﷺ उन्हें कुरान सुनाया करते थे, जब जिब्राइल आप से मुलाकात करते तो आप खैर व भलाई और सखावत करने में खुली हवा (तेज़ रफ़्तार आंधी) से भी बढ़कर होते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (6 ، 1902) و مسلم (50 / 2308)، (6009)

٢٠٩٩ - (صَحِيح) وَعَن أبي هُرَيْرَة قَالَ: كَانَ يعرض على النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْقُرْآنَ كُلَّ عَامٍ مَرَّةً فَعرض عَلَيْهِ مَرَّتَيْنِ فِي الْعَامِ الَّذِي قُبِضَ وَكَانَ يَعْتَكِفُ كُلَّ عَامٍ عَشْرًا فاعْتَكَفَ عِشْرِينَ فِي الْعَامِ الَّذِي قُبِضَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2099. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ को हर साल एक मर्तबा कुरान सुनाया जाता था और जिस साल आप की जान कब्ज़ की गई, इस साल दो मर्तबा सुनाया गया और आप हर साल दस दिन एअतेकाफ़ किया करते थे, लेकिन जिस साल आप की जान कब्ज़ की गई इस साल आप ने बीस रोज़ एअतेकाफ़ फ़रमाया| (बुखारी)

رواہ البخاری (4998)

٢١٠٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا اعْتَكَفَ أَدْنَى إِلَيَّ رَأْسَهِ وَهُوَ فِي الْمَسْجِدِ فَأُرَجِّلُهُ وَكَانَ لَا يَدْخُلُ الْبَيْتَ إِلَّا لحَاجَة الْإِنْسَان "

2100. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ एअतेकाफ़ फ़रमाया करते तो आप अपना सर मुबारक मेरे करीब कर देते, जबकि आप मस्जिद में होते थे मैं आप के कंघी कर देती और आप सिर्फ इंसानी हाजत के तहत ही घर में तशरीफ़ लाया करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2029) و مسلم (6 / 297)، (684)

٢١٠١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ عُمَرَ سَأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " كُنْتُ نَذَرْتُ فِي الْجَاهِلِيَّةِ أَنْ أَعْتَكِفَ لَيْلَةً فِي الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ؟ قَالَ: «فأوف بِنَذْرِك»

2101. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उमर रदियल्लाहु अन्हु ने नबी ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया, मैंने दौरे जाहिलियत में नज़र मानी थी की मैं मस्जिद ए हराम में एक रात एअतेकाफ़ करूँगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने नज़र पूरी करो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2032) و مسلم (27 / 1656)، (4292)

بَاب اِلْاِعْتِكَاف • एतेकाफ़ का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢١٠٢ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَعْتَكِفُ فِي الْعَشْرِ الْأَوَاخِرِ مِنْ رَمَضَانَ فَلَمْ يَعْتَكِفْ عَامًا. فَلَمَّا كَانَ الْعَامُ الْمقبل اعْتكف عشْرين. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2102. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ रमज़ान के आखिरी दस दिन में एअतेकाफ़ किया करते थे, लेकिन आप ने एक साल एअतेकाफ़ न किया तो फिर आइन्दा साल आप ने बीस रोज़ का एअतेकाफ़ किया| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (803 وقال : حسن غریب صحیح) [و ابوداؤد (2463) و ابن ماجه (1770)] * و صححه ابن خزيمة (2226) و للحديث شواهد كثير

٢١٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ عَنْ أَبِي بن كَعْب

2103. इमाम अबू दावुद और इब्ने माजा ने इसे उबई बिन काब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2463) و ابن ماجه (1770) [و صححه ابن خزيمة (2225) و ابن حبان (الموارد : 917) و الحاكم (1 / 439) و وافقه الذهبى]

٢١٠٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَرَادَ أَنْ يَعْتَكِفَ صَلَّى الْفَجْرَ ثُمَّ دَخَلَ فِي مُعْتَكَفِهِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

2104. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ एअतेकाफ़ करने का इरादा फरमाते, तो आप ﷺ नमाज़ ए फजर अदा करते और फिर अपने एअतेकाफ़ की जगह में तशरीफ़ ले जाते| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2464) و ابن ماجه (1771) [و الترمذى (791) و البخارى (2033) و مسلم (1173)، (2785)]

٢١٠٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَعُودُ الْمَرِيضَ وَهُوَ مُعْتَكِفٌ فَيَمُرُّ كَمَا هُوَ فَلَا يُعَرِّجُ يَسْأَلُ عَنْهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

2105. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ हालत ए एअतेकाफ़ में मरीज़ की इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) कर लिया करते थे, आप ﷺ अपने हाल में चलते जाते और रुके बगैर उस का हाल दरियाफ्त कर लेते| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2472) و ابن ماجه (لم اجده) و جاء فى هامش الهندية :’’ قوله و ابن ماجه لا يوحد هذا فى اكثر النسخ المصححة ، و يوجد فى نسخة واحدة و كذاما و جدته فى سنن ابن ماجه فى ابواب الاعتكاف ، ص (183 حاشيه : 8) * فيه ليث بن ابى سليم ضعيف

٢١٠٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عَائِشَة رَضِي الله عَنْهَا قَالَتْ: السُّنَّةُ عَلَى الْمُعْتَكِفِ أَنْ لَا يَعُودَ مَرِيضًا وَلَا يَشْهَدُ جِنَازَةً وَلَا يَمَسُّ الْمَرْأَةَ وَلَا يُبَاشِرُهَا وَلَا يَخْرُجُ لِحَاجَةٍ إِلَّا لِمَا لابد مِنْهُ وَلَا اعْتِكَافَ إِلَّا بِصَوْمٍ وَلَا اعْتِكَافَ إِلَّا فِي مَسْجِدٍ جَامِعٍ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

2106. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, एअतेकाफ़ करने वाले के लिए मस्नुन यही है के वह ना किसी मरीज़ की मिलने जाए न जनाज़े में शिरकत करे, ना औरत से जिमाअ करे न इसे गले लगाए और किसी बहोत ही ज़रूरी काम के अलावा एअतेकाफ़ की जगह से बाहर न निकले, ना रोज़े के बगैर एअतेकाफ़ है न जामेअ मस्जिद के बगैर”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2473) * الزهرى مدلس و عنعن

एतेकाफ़ का बयान • بَاب الِاعْتِكَاف

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢١٠٧ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عُمَرَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ كَانَ إِذَا اعْتَكَفَ طُرِحَ لَهُ فِرَاشُهُ أَوْ يُوضَعُ لَهُ سَرِيرُهُ وَرَاءَ أسطوانه التَّوْبَة. رَوَاهُ ابْن مَاجَه

2107. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, जब आप एअतेकाफ़ फरमाते, तो तौबा के सुतून के पीछे आप ﷺ के लिए बिस्तर बिछा दिया जाता या चार पाई लगा दि जाती| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (1774)

٢١٠٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ فِي الْمُعْتَكَفِ: «هُوَ يَعْتَكِفُ الذُّنُوبَ وَيُجْرَى لَهُ مِنَ الْحَسَنَاتِ كَعَامِلِ الْحَسَنَاتِ كلهَا» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

2108. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने एअतेकाफ़ करने वाले के बारे में फ़रमाया: “वो गुनाहों से रुका रहता है और तमाम नेकियाँ करने वाले की तरह इसे नेकियो का सवाब मिलता रहता है”, जिन को वह पहले किया करता था| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (1781) * عبيدة بن بلال : مجهول الحال و فرقد بن يعقوب السبخى : ضعيف

فَضَائِل الْقُرْآن كتاب • फ़ज़ाइल ए कुरान का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٢١٠٩ - (صَحِيح) عَنْ عُثْمَانَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خَيْرُكُمْ من تعلم الْقُرْآن وَعلمه» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

2109. उस्मान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से बेहतरीन शख़्स वह है जिस ने कुरान सिखा और (दुसरो को) सिखाया”| (बुखारी)

رواه البخاری (5027)

٢١١٠ - (صَحِيح) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: خَرَجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَنَحْنُ فِي الصُّفَّةِ فَقَالَ: «أَيُّكُمْ يُحِبُّ أَنْ يَغْدُوَ كُلَّ يَوْمٍ إِلَى بطحان أَو إِلَى العقيق فَيَأْتِي مِنْهُ بِنَاقَتَيْنِ كَوْمَاوَيْنِ فِي غَيْرِ إِثْمٍ وَلَا قَطْعِ رحم» فَقُلْنَا يَا رَسُول الله نُحِبُّ ذَلِكَ قَالَ: «أَفَلَا يَغْدُو أَحَدُكُمْ إِلَى الْمَسْجِدِ فَيَعْلَمُ أَوْ يَقْرَأُ آيَتَيْنِ مِنْ كِتَابِ الله عز وَجل خير لَهُ من نَاقَة أَو نَاقَتَيْنِ وَثَلَاثٍ خَيْرٌ لَهُ مِنْ ثَلَاثٍ وَأَرْبَعٍ خَيْرٌ لَهُ مِنْ أَرْبَعٍ وَمِنْ أَعْدَادِهِنَّ مِنَ الْإِبِلِ» . رَوَاهُ مُسلم

2110. उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ तशरीफ़ लाए जबकि हम सफ में थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम में से कौन पसंद करता है के वह हर रोज़ सुबह के वक़्त वादी बूटहान या वादी ए अकिक जाए और किसी गुनाह और कतअ रहमी का इर्तिकाब किए बगैर वहां से बड़ी कोहान वाली दो ऊंटनिया ले आए ?” हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! हम सब इसे पसंद करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम में से कोई सुबह के वक़्त मस्जिद क्यों नहीं आता के वह अल्लाह तआला की किताब से दो आयते सिखा दे या पढ़े तो यह उस के लिए दो ऊंटनियो से बेहतर है, और तीन आयते उस के लिए तीन ऊंटनियो से और चार चार से बेहतर है और वह जितनी ज़्यादा होगी वह उतनी ही ऊंटनियो से बेहतर होगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (251 / 803)، (1873)

٢١١١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيُحِبُّ أَحَدُكُمْ إِذَا رَجَعَ إِلَى أَهْلِهِ أَنْ يَجِدَ فِيهِ ثَلَاثَ خَلِفَاتٍ عِظَامٍ سِمَانٍ» . قُلْنَا: نَعَمْ. قَالَ [ص:٦٥]: «فَثَلَاثُ آيَاتٍ يَقْرَأُ بِهِنَّ أَحَدُكُمْ فِي صلَاته خَيْرٌ لَهُ مِنْ ثَلَاثِ خَلِفَاتٍ عِظَامٍ سِمَانٍ» . رَوَاهُ مُسلم

2111. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या तुम में से कोई पसंद करता है की जब वह अपने घर जाए तो वहां तीन बड़ी मोटी ताज़ी हामिला ऊंटनिया पाए ?” हमने अर्ज़ किया: जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम में से कोई शख़्स अपने नमाज़ में तीन आयात पढ़ता है तो वह तीन आयात उस के

लिए तीन मोटी ताज़ी हामिला ऊंटनियो से बेहतर है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (250 / 802)، (1872)

٢١١٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْمَاهِرُ بِالْقُرْآنِ مَعَ السَّفَرَةِ الْكِرَامِ الْبَرَرَةِ وَالَّذِي يَقْرَأُ الْقُرْآنَ وَيَتَتَعْتَعُ فِيهِ وَهُوَ عَلَيْهِ شاق لَهُ أَجْرَانِ»

2112. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “माहिर ए कुरान, इताअत गुज़ार मुअज्ज़ज़ लिखने वाले फरिश्तो के साथ होगा और जो शख़्स अटक अटक कर कुरान पढ़ता है और वह उस पर दुश्वार होता है तो उस के लिए दोहरा अज़्र होगा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4937) و مسلم (244 / 798)، (1862)

٢١١٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا حَسَدَ إِلَّا على اثْنَيْنِ: رَجُلٌ آتَاهُ اللَّهُ الْقُرْآنَ فَهُوَ يَقُومُ بِهِ آنَاءَ اللَّيْلِ وَآنَاءَ النَّهَارِ وَرَجُلٌ آتَاهُ اللَّهُ مَالًا فَهُوَ يُنْفِقُ مِنْهُ آنَاءَ اللَّيْلِ وَآنَاءَ النَّهَار "

2113. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सिर्फ दो आदमियों पर रश्क करना जाईज़ है, एक वह आदमी जिसे अल्लाह ने कुरान (का इल्म) अता किया हो और वह दिन-रात इस (की तिलावत व अमल) का इहतेमाम करता हो और एक वह आदमी जिसे अल्लाह ने माल अता किया हो और वह दिन-रात उस में से खर्च करता हो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5025) و مسلم (266 / 815)، (1894)

٢١١٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى الْأَشْعَرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مثل الْمُؤمن الَّذِي يقْرَأ الْقُرْآن كمثل الْأُتْرُجَّةِ رِيحُهَا طِيبٌ وَطَعْمُهَا طَيِّبٌ وَمَثَلُ الْمُؤْمِنِ الَّذِي لَا يقْرَأ الْقُرْآن كمثل التمرة لَا ريح لَهَا وطعمها حلوومثل الْمُنَافِقِ الَّذِي لَا يَقْرَأُ الْقُرْآنَ كَمَثَلِ الْحَنْظَلَةِ لَيْسَ لَهَا رِيحٌ وَطَعْمُهَا مُرٌّ وَمَثَلُ الْمُنَافِقِ الَّذِي يقْرَأ الْقُرْآن مثل الريحانة رِيحهَا طيب وَطَعْمُهَا مَرٌّ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ: «الْمُؤْمِنُ الَّذِي يَقْرَأُ الْقُرْآنَ وَيَعْمَلُ بِهِ كَالْأُتْرُجَّةِ وَالْمُؤْمِنُ الَّذِي لَا يَقْرَأُ الْقُرْآنَ وَيَعْمَلُ بِهِ كَالتَّمْرَةِ»

2114. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कुरान की तिलावत करने वाला मोमिन नारंगी की तरह है उसकी खुशबू भी अच्छी है और वह खुश ज़ाइका भी है, और कुरान की तिलावत न करने वाला मोमिन खजूर की तरह है, जिस की खुशबू नहीं, लेकिन उस का ज़ाइका शीरीन है, और कुरान न पढ़ने वाले मुनाफ़िक़ की मिसाल इन्द्राइन (बूटी) की तरह है जिस की खुशबू नहीं और उस का ज़ाइका कड़वा है, जबकि कुरान पढ़ने वाला मुनाफ़िक़ तुलसी की तरह है जिस की खुशबू अच्छी है और ज़ाइका कड़वा है”| और एक

रिवायत में है: "कुरान पढ़ने और उस पर अमल करने वाला मोमिन तरंजिन की मिस्ल है जबकि कुरान न पढ़ने वाला लेकिन उस पर अमल करने वाला मोमिन खजूर की तरह है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5437) و مسلم 243 / 797)، (1860)

٢١١٥ - (صَحِيح) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِن الله يَرْفَعُ بِهَذَا الْكِتَابِ أَقْوَامًا وَيَضَعُ بِهِ آخَرِينَ» . رَوَاهُ مُسلم

2115. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "बेशक अल्लाह इस किताब के ज़रिए कुछ लोगों को बड़ा दर्जा अता फरमाता है और कुछ लोगों को पस्ती का शिकार कर देता है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (269 / 817)، (1897)

٢١١٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ أَنَّ أَسَيْدَ بن حُضَيْرٍ قَالَ: بَيْنَمَا هُوَ يَقْرَأُ مِنَ اللَّيْلِ سُورَةَ الْبَقَرَةِ وَفَرَسُهُ مَرْبُوطَةٌ عِنْدَهُ إِذْ جَالَتِ الْفرس فَسكت فَسَكَتَتْ فَقَرَأَ فجالت الْفرس فَسكت [ص:٦٥ فَسَكَتَتْ الْفرس ثُمَّ قَرَأَ فَجَالَتِ الْفَرَسُ فَانْصَرَفَ وَكَانَ ابْنُهُ يحيى قَرِيبا مِنْهَا فأشفق أَن تصيبه فَلَمَّا أَخَّرَهُ رَفَعَ رَأْسَهُ إِلَى السَّمَاءِ فَإِذَا مِثْلُ الظُّلَّةِ فِيهَا أَمْثَالُ الْمَصَابِيحِ فَلَمَّا أَصْبَحَ حَدَّثَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «اقْرَأْ يَا ابْنَ حُضَيْرٍ اقْرَأْ يَا ابْنَ حُضَيْرٍ» . قَالَ فَأَشْفَقْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ أَنْ تَطَأَ يحيى وَكَانَ مِنْهَا قَرِيبا فَرفعت رَأْسِي فَانْصَرَفْتُ إِلَيْهِ وَرَفَعْتُ رَأْسِي إِلَى السَّمَاءِ فَإِذَا مِثْلُ الظُّلَّةِ فِيهَا أَمْثَالُ الْمَصَابِيحِ فَخَرَجَتْ حَتَّى لَا أَرَاهَا قَالَ: «وَتَدْرِي مَا ذَاكَ؟» قَالَ لَا قَالَ: «تِلْكَ الْمَلَائِكَةُ دَنَتْ لِصَوْتِكَ وَلَوْ قَرَأْتَ لَأَصْبَحَتْ يَنْظُرُ النَّاسُ إِلَيْهَا لَا تَتَوَارَى مِنْهُمْ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَاللَّفْظُ لِلْبُخَارِيِّ وَفِي مُسْلِمٍ: «عرجت فِي الجو» بدل: «خرجت على صِيغَة الْمُتَكَلّم»

2116. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उसैद बिन हज़िर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि एक दफा वह रात के वक़्त सुरह बकरह तिलावत कर रहे थे और उनका घोड़ा उन के पास बंधा हुआ था, के घोड़ा अचानक उछलने लगा वह ख़ामोश हो गए तो वह (घोड़ा) भी ठहर गया, उन्होंने फिर पढ़ी तो घोड़ा फिर उछलने लगा वह ख़ामोश हो गए तो वह (घोड़ा) भी ठहर गया, उन्होंने फिर पढ़ी तो घोड़ा फिर उछलने लगा, वह फारिग़ हुए और उनका बेटा याह्या इस घोड़े के करीब ही था, लिहाज़ा उन्हें अंदेशा हुआ की वह इसे नुकसान न पहुंचाए और जब उन्होंने इसे दूर किया और आसमान की तरफ सर उठाया तो साइबान सा दिखाई दिया जिस में चिरागो की तरह रोशनी थी, जब सुबह हुई तो उन्होंने नबी ﷺ को बताया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "इब्ने हज़िर पढ़, इब्ने हज़िर तुम पढ़ते रहते", उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे अंदेशा हुआ की (अगर में पढ़ता रहता तो) वह याह्या को रोंद डालता, क्योंकि वह उस के करीब था, लिहाज़ा में उसकी तरफ मुतवज्जे हो गया, मैंने अपना सर आसमान की तरफ उठाया तो (ऊपर) साइबान की तरह कोई चीज़ थी और उस में चिरागो जैसी कोई चीज़ थी, मैं बाहर निकला हत्ता कि मैंने इस (रोशनी) को न देखा, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम जानते हो वह क्या था ?" उन्होंने अर्ज़ किया, नहीं, फ़रमाया: "वो फ़रिश्ते थे जो तुम्हारी आवाज़ के करीब हो गए थे, अगर तुम पढ़ते रहते तो वह वहीँ रहते और लोग उन्हें देख लेते और वह उन से छुपा न रहते"| मुत्तफ़िक़ अलैह

और यह अल्फ़ाज़ हदीस बुखारी के हैं और सहीह मुस्लिम में है: “में बाहर निकला” सीगा मुतकल्लम के बदल लफ्ज़: “वो फिज़ा में बुलंद हो गए” इस्तेमाल हुआ है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5018) و مسلم (242 / 796)، (1859)

٢١١٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ قَالَ: كَانَ رَجُلٌ يَقْرَأُ سُورَةَ الْكَهْفِ وَإِلَى جَانِبِهِ حِصَانٌ مَرْبُوطٌ بِشَطَنَيْنِ فَتَغَشَّتْهُ سَحَابَةٌ فَجَعَلَتْ تَدْنُو وَتَدْنُو وَجَعَلَ فَرَسُهُ يَنْفِرُ فَلَمَّا أَصْبَحَ أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرَ ذَلِكَ لَهُ فَقَالَ: «تِلْكَ السكينَة تنزلت بِالْقُرْآنِ»

2117. बराअ बिन आजीब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी सुरह काह्फ़ पढ़ रहा था और उस के एक जानिब एक घोड़ा दो मज़बूत रस्सियों से बंधा हुआ था, पस बादल के टुकड़े ने इस आदमी को ढांप लिया और वह उस के करीब से करीब तर होने लगा, जबकि उस का घोड़ा बिदकने लगा, जब सुबह हुई तो वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और आप से उस का तज़किरह किया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो सकिनत थी जो कुरान की वजह से नाज़िल हुई थी”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5011) و مسلم (240 / 795)، (1856)

٢١١٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدِ بْنِ الْمُعَلَّى قَالَ: كُنْتُ أُصَلِّي فِي الْمَسْجِدِ فَدَعَانِي النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم فَلم أجبه حَتَّى صليت ثُمَّ أَتَيْتُهُ. فَقُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي كنت أُصَلِّي فَقَالَ أَلَمْ يَقُلِ اللَّهُ (اسْتَجِيبُوا لِلَّهِ وَلِلرَّسُولِ إِذَا دعَاكُمْ)»» ثُمَّ قَالَ لِي: «أَلَا أُعَلِّمُكَ أَعْظَمَ سُورَةٍ فِي الْقُرْآنِ قَبْلَ أَنْ تَخْرُجَ مِنَ الْمَسْجِدِ» . فَأَخَذَ بِيَدِي فَلَمَّا أَرَادَ أَن يخرج قلت لَهُ أَلم تقل لأعلمنك سُورَة هِيَ أعظم سُورَةً مِنَ الْقُرْآنِ [ص:٦٥ قَالَ: (الْحَمْدُ لِلَّهِ رَبِّ الْعَالَمِينَ)»» هِيَ السَّبْعُ الْمَثَانِي وَالْقُرْآنُ الْعَظِيمُ الَّذِي أُوتِيتهُ ". رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2118. अबू सईद बिन मअला रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं मस्जिद में नमाज़ पढ़ रहा था तो नबी ﷺ ने मुझे बुलाया मैंने आप की आवाज़ पर लब्बैक न कही, फिर मैं आप की खिदमत में हाज़िर हुआ तो मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! में नमाज़ पढ़ रहा था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या अल्लाह ने नहीं फरमाया जब अल्लाह और उस का रसूल तुम्हें बुलाए तो तुम उनकी इताअत करो”, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या मैं उस से पहले की तुम मस्जिद से बाहर निकलो, तुम्हें कुरान की अज़ीम सूरत न सिखाऊ”, आप ने मुझे हाथ से पकड़ लिया जब हमने मस्जिद से बाहर निकलने का इरादा किया तो मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! आप ने फ़रमाया था की मैं तुम्हें कुरान की अज़ीम तर सूरत सिखाऊंगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “(الحمد لله رب العالمين) ” सुरह फातिहा” वह सबअ मसानी और कुरान अज़ीम है जो मुझे दिया गया है”| (बुखारी)

رواه البخارى (4474)

٢١١٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَجْعَلُوا بِيُوتَكُمْ مَقَابِرَ إِنَّ

الشَّيْطَانَ يَنْفِرُ من الْبَيْت الَّذِي يقْرَأ فِيهِ سُورَة الْبَقَرَة» . رَوَاهُ مُسلم

2119. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान फरमाते हैं रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने घरो को कब्रिस्तान न बनाओ क्योंकि जिस घर में सूरह बकरह की तिलावत की जाए वहां से शैतान भाग जाता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (212 / 780)، (1824)

٢١٢٠ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي أُمَامَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: «اقْرَءُوا الْقُرْآنَ فَإِنَّهُ يَأْتِي يَوْمَ الْقِيَامَةِ شَفِيعًا لِأَصْحَابِهِ اقْرَءُوا الزَّهْرَاوَيْنِ الْبَقَرَةَ وَسُورَةَ آلِ عِمْرَانَ فَإِنَّهُمَا تَأْتِيَانِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ كَأَنَّهُمَا غَمَامَتَانِ أَوْ كَأَنَّهُمَا غَيَايَتَانِ أَوْ فِرْقَانِ مِنْ طَيْرٍ صَوَافَّ تُحَاجَّانِ عَنْ أَصْحَابِهِمَا اقْرَءُوا سُورَةَ الْبَقَرَةِ فَإِنَّ أَخْذَهَا بَرَكَةٌ وَتَرْكَهَا حَسْرَةٌ وَلَا تستطيعها البطلة» . رَوَاهُ مُسلم

